YouTube
Rojgar with Ankit

SSC-GD

सामान्य ज्ञान

SSF NIA CISF
SSB CRPF ITBP
BSF AR

SSC GD की 2025, 2024, 2023, 2021 व 2019 की परीक्षाओं के प्रश्नों की व्याख्या सहित

लेखक
RWA TEAM



These ebooks are free of cost, Join our telegram channel: @apna_pdf

रोजगार पब्लिकेशन

अंकित भाटी सर

प्रकाशक:
Rojgar Publication
(A Unit of Rojgar Coaching Center)
(प्रकाशक एवं वितरक)
Bilaspur, Greater Noida
Gautam Buddh Nagar
UP. 203202
Email: rojgarwithankit@gmail.com
Mobile : 9818489147

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
भारतीय कॉपीराइट के अंतर्गत इस पुस्तक में समाहित समस्त सामग्री (टाईटल-डिजाइन, अन्दर का मैटर आदि) के सर्वाधिकार 'Rojgar Publication' के पास सुरक्षित हैं, इसके लिए कोई व्यक्ति/संस्था/समूह इस पुस्तक की पाठ्य सामग्री को आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़-मरोड़कर या किसी अन्य भाषा में प्रकाशित नहीं कर सकता। उल्लंघन करने वाले कानूनी तौर पर हर्जे-खर्चे व हानि के जिम्मेदार स्वयं होंगे। न्यायिक क्षेत्र ग्रेटर नोएडा होगा।

Distributor :
Rohit General Store
Bilaspur, Greater Noida
Mobile : 9557571762, 9266311040

Join Telegram: @apna_library

अंकित भाटी सर की कलम से ....

प्रिय बालकों/बालिकाओं

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि SSC GD की नौकरी का आकर्षण पिछले कई वर्षों में बहुत ज्यादा बढ़ा है। इसके पीछे का मुख्य कारण रोजगार के साथ-साथ देश सेवा का भाव भी है। यह नौकरी आपको सही मायनों में देश सेवा के भाव से ओत-प्रोत कराती है। पिछले वर्ष SSC GD में सबसे ज्यादा सिलेक्शन आपकी अपनी संस्था (Rojgar With Ankit) से हुए। जिन साथियों का चयन SSC GD में हुआ, उनके लिए हम एक सम्मान समारोह का आयोजन करते हैं, जिससे हम उनकी Selection की Journey को करीब से आप लोगों को दिखा सकें एवं इस नौकरी की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी उनसे प्रोत्साहित हो सकें। आपकी संस्था RWA वैसे तो अपने प्रत्येक बैच में "सबसे सस्ता, सबसे अच्छा" टैगलाइन को चरितार्थ करती है, लेकिन जब हम SSC GD की बात करते हैं तो सबसे ज्यादा उम्मीद RWA से की जाती है, इसलिए मैं हमेशा आपकी इच्छानुसार सबसे अच्छा कंटेंट चाहे वह किसी कोर्स, बुक्स, मॉकटेस्ट व यूट्यूब पर फ्री प्रैक्टिस सेट्स हो, सभी रूपों में आपको उपलब्ध कराता हूँ, लेकिन इसके बदले में आपसे भी मेहनत, सतत् प्रयास तथा स्वयं व परिवार के प्रति मेहनत की प्रतिबद्धता की अपेक्षा रखता हूँ।

मैं बस एक बात SSC GD की नौकरी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से कहना चाहूँगा-

रिकॉर्ड वही तोड़ता है
जिसकी रगों में खून नहीं
जुनून दौड़ता है

मेरा यह मानना है कि SSC GD की तैयारी अगर सटीक रणनीति से की जाए तो लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसी कड़ी में RWA SSC GD के लिए विशेष तौर पर चार बुक्स का COMBO निकालता है, जिसमें SSC GD में पूछे जाने वाले चारों विषयों:- हिन्दी, जी.एस., मैथ्स और रीजनिंग की बुक्स अलग-अलग प्रकाशित करता है, जिसके कंटेंट को पिछले वर्षों के टॉपर्स द्वारा भी बहुत सराहा गया है। चार किताबों के इस COMBO में दूसरी किताब GS आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ। इस पुस्तक में वर्ष 2019, 2021, 2023, 2024 व 2025 के प्रश्नों को चैप्टरवाइज संकलित किया गया है तथा थ्योरी में भी गत वर्षों के प्रश्नों के नीचे व्याख्यात्मक हल दिये गये हैं, जिससे एक व्याख्या से बहुत सारे बनने वाले संभावित प्रश्नों को कवर किया जा सके। इस किताब में कंटेंट को परीक्षानुसार संक्षिप्त तथा सारगर्भित करने की एक ईमानदार कोशिश की गई है।

वैसे तो इस बुक को कई चरणों में सूक्ष्मता से जाँचा गया है, लेकिन फिर भी यह दावा करना कि पुस्तक त्रुटिरहित है, अव्यावहारिक ही होगा। आप हमें अपने सुझाव हमारे IVR नंबर 9311737467 पर के माध्यम से दे सकते हैं। आपके सुझावों पर हम निश्चित रूप से काम करेंगे।

मेरा सपना पंक्ति में खड़े अंतिम विद्यार्थी तक रोजगार की पहुँच सुनिश्चित करना है। मैं आप सभी अभ्यर्थियों को एक प्रेरणात्मक पंक्ति से अपनी भावनाएँ व्यक्त करना चाहूँगा -

सीमा नहीं गहराइयों को देख जरा ए समुन्दर
कुछ खूबी तुझमें भी है झाँक जरा खुद के अंदर
लक्ष्य अपने जीवन का बस तू रोजगार पर मोड़ दे
करना है तो दिल से कर नहीं तो छोड़ दे
कर बस वही तू जिसमें नैया तेरी पार लगे
मत कर वो जो तुझे बेकार लगे
जो ना आए पंसद तुझे उससे नाता तोड़ दे
करना है तो दिल से कर नहीं तो छोड़ दे
सांझ सवेरे दिन या रात न देख किस्मत का क्या भरोसा कब साथ दे
अरे छोड़ किस्मत को तू खुद को तू Rojgar with Ankit से जोड़ दे
करना है तो दिल से कर नहीं तो छोड़ दे।

— अंकित भाटी

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

विषय सूची

Click Here To Join our Telegram Channel

सामान्य ज्ञान

1. इतिहास 5 – 33
2. भूगोल 34 – 65
3. भारतीय राजव्यवस्था 66 – 96
4. भारतीय अर्थव्यवस्था 97 – 134

सामान्य विज्ञान

- भौतिक विज्ञान 135 – 141
- रसायन विज्ञान 142 – 157
- जीव विज्ञान 158 – 171

स्टेटिक जीके 172 – 235

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

1 इतिहास

1. 'भारतीय पुरातत्व का जनक' किसे कहा जाता है?
(a) अलेक्जेंडर कनिंघम
(b) जेम्स प्रिंसेप
(c) जॉन मार्शल
(d) मार्टिमर व्हीलर

Ans. (a) अलेक्जेंडर कनिंघम

❒ अलेक्जेंडर कनिंघम को 'भारतीय पुरातत्व का जनक' कहा जाता है।
❒ अलेक्जेंडर कनिंघम ने भारत में वर्ष 1861 ई. में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) की स्थापना की और इसके पहले महानिदेशक भी बने।

2. निम्नलिखित में से कौन भारत में पुरातात्विक महत्त्व का एक पुरापाषाण स्थल है?
(a) चिराँद (b) बुर्जहोम
(c) हुनसागी (d) मेहरगढ़

Ans. (c) हुनसागी

❒ पुरापाषाण कालीन स्थल 'हुनसागी' कर्नाटक राज्य में स्थित है।
❒ चिराँद, बुर्जहोम तथा मेहरगढ़ नवपाषाण कालीन स्थल हैं।

3. प्राचीन काल में 'कम्मकार' शब्द का संबंध .... से था।
(a) कर संग्रह अधिकारी
(b) भूमिहीन खेतिहर मजदूरों
(c) कारीगरों
(d) सुनार

Ans. (b) भूमिहीन खेतिहर मजदूरों

❒ 'कम्मकार' एक तमिल शब्द है जिसका संबंध भूमिहीन खेतिहर मजदूरों से था। ये लोग जमींदारों के खेतों में कार्य करते थे और इन लोगों को नकद या किसी वस्तु के रूप में भुगतान किया जाता था।

4. लौह युग को यह नाम इसलिए दिया गया है, क्योंकि इस समय के दौरान मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में औजारों एवं हथियारों में मुख्य रूप से .... की जगह लोहे का इस्तेमाल होने लगा था।
(a) पीतल (b) पत्थर
(c) लकड़ी (d) काँसे

Ans. (d) काँसे

❒ काँस्य युग के पतन ने लौह युग का मार्ग प्रशस्त किया था। लौह युग के दौरान मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में औजारों एवं हथियारों में काँसे की जगह लोहे का उपयोग होने लगा था।

5. भारत में लौह युग निम्नलिखित में से किस कालखंड में आता है?
SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-II
(a) 1000 ई.पू. - 100 ई.
(b) 1500 ई.पू. - 200 ई.पू.
(c) 200 ई.पू. - 400 ई.
(d) 500 ई.पू. - 300 ई.

Ans. (b) 1500 ई.पू. - 200 ई.पू.

भारत में लौह युग की अवधि:- (1500 ई.पू. - 200 ई.पू.)
✦ प्रारंभिक लौह युग की अवधि:- (1500 ई.पू. - 1000 ई.पू.)
✦ मध्य लौह युग की अवधि:- (1000 ई.पू. - 600 ई.पू.)
✦ उत्तर लौह युग की अवधि:- (600 ई.पू. - 200 ई.पू.)

6. सिंधु सभ्यता के लोग .... बनाने के लिए ताँबे और टिन को मिश्रित करते थे।
(a) सीसा (b) काँस्य
(c) लोहा (d) सोना

Ans. (b) काँस्य

❒ सिंधु घाटी सभ्यता के लोग काँस्य बनाने के लिए ताँबे और टिन को मिश्रित करते थे। सिंधु घाटी सभ्यता का प्रमुख केंद्र हड़प्पा होने के कारण इसे **'हड़प्पा सभ्यता'** भी कहते हैं।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल भारत में मध्य लौह युग के दौरान आरंभिक शहरी नियोजन का साक्ष्य प्रदान करता है?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III
(a) मोहनजोदड़ो (b) लोथल
(c) हड़प्पा (d) कौशांबी

Ans. (d) कौशांबी

✦ भारत में मध्य लौह युग की अवधि:- (लगभग 1000 ई.पू. से 600 ई.पू.)
✦ कौशांबी (प्रयागराज के समीप) एवं उज्जैन जैसे स्थलों पर खुदाई से सड़कों, जल निकासी प्रणालियों तथा सार्वजनिक भवनों के साथ आरंभिक शहरी नियोजन का पता चलता है।

8. किस विशिष्ट मिट्टी के बर्तन, उत्तर भारत में प्रारंभिक लौह युग की बस्तियों की पहचान बन गए?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-I
(a) उत्तरी काले पॉलिश किए हुए बर्तन
(b) लाल पॉलिश किए हुए बर्तन
(c) काले और लाल बर्तन
(d) चित्रित धूसर बर्तन

Ans. (d) चित्रित धूसर बर्तन

✦ मूल रूप में चित्रित धूसित मृद्भांड प्रारंभिक लौह युग की ग्रामीण बस्तियों का प्रतीक है।
✦ चित्रित धूसित मृद्भांड से संबंधित लौह युग के सबसे प्रारंभिक प्रमाण पूर्वी पाकिस्तान में घग्गर/हाकरा नदी एवं उत्तरी राजस्थान से गंगा-यमुना विभाजन तक प्राप्त होते हैं।

9. 'माइक्रोलिथ' .... का इस्तेमाल शुरुआती इंसानों द्वारा किया जाता था।
(a) सिक्के
(b) छोटे पत्थर के औजार
(c) कपड़े
(d) मिट्टी के बर्तन

Ans. (b) छोटे पत्थर के औजार

❒ माइक्रोलिथ छोटे पत्थर के औजार होते थे, इनकी आकृति ब्लेड के समान होती थी। ये उपकरण वास्तव में छोटे एवं नुकीले होते थे जिनका प्रयोग शुरुआती मनुष्यों द्वारा शिकार करने में किया जाता था।

10. प्रागैतिहासिक कालों के वर्गीकरण के लिए तीन-काल प्रणाली की शुरुआत किसके द्वारा की गई थी?
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-I
(a) वॉरेन हेस्लर
(b) जॉन मोरे
(c) क्रिश्चियन जुर्गेन्सन थॉमसन
(d) रॉबर्ट थॉमसन

Ans. (c) क्रिश्चियन जुर्गेन्सन थॉमसन

✦ 1820 के दशक में क्रिश्चियन जुर्गेन्सन थॉमसन को पुरातत्व संग्रह का प्रमुख नियुक्त किया गया था, जो बाद में कोपेनहेगन में डेनमार्क के राष्ट्रीय संग्रहालय के रूप में विकसित हुआ। प्रदर्शनी हेतु पुरावशेषों को व्यवस्थित एवं वर्गीकृत करते समय, इन्होंने उन्हें तीन-काल प्रणाली के अनुसार कालानुक्रमिक रूप से प्रस्तुत करने का निर्णय लिया था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

11. वह अवधि जब हम लगभग 12,000 वर्ष पूर्व से लेकर लगभग 10,000 वर्ष पूर्व तक पर्यावरणीय परिवर्तन पाते हैं, उसको क्या कहते हैं?
SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-III
(a) मध्यपाषाण (b) लघुपाषाण
(c) नवपाषाण (d) पुरापाषाण
Ans. (a) मध्यपाषाण

✦ भारत में मध्यपाषाण काल का प्रारंभ होलोसीन युग के साथ हुआ था।
✦ मध्यपाषाण काल के उपकरण अत्यंत छोटे होते थे, जिसके कारण इन्हें 'माइक्रोलिथ' कहा जाता था।
नोट:- प्रागैतिहासिक काल का सही क्रम निम्नलिखित हैं- **पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल।**

12. भारत में शुतुरमुर्ग किस काल में पाए जाते थे?
SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-III
(a) पुरापाषाण (b) अनुपुरापाषाण
(c) ताम्रपाषाण (d) नवपाषाण
Ans. (a) पुरापाषाण

✦ भारत में पुरापाषाण काल के दौरान शुतुरमुर्ग पाए जाते थे।
✦ महाराष्ट्र के पाटन पुरास्थल से शुतुरमुर्ग के अंडे के छिलके उत्कीर्णन के साथ प्राप्त हुए हैं।

13. 'मोहनजोदड़ो' नाम का अर्थ .... भाषा में 'मुर्दों का टीला' है।
(a) फारसी (b) उर्दू
(c) हिंदी (d) सिंधी
Ans. (d) सिंधी

❒ सिंधी भाषा में मोहनजोदड़ो का अर्थ 'मृतकों का टीला' है।
❒ सैंधव स्थल मोहनजोदड़ो की खोज वर्ष 1922 में राखालदास बनर्जी ने की थी।
❒ मोहनजोदड़ो, पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित है।

14. निम्नलिखित में से प्राचीन भारत की कौन-सी लिपि दाईं से बाईं ओर लिखी जाती थी?
(a) ब्राह्मी (b) शारदा
(c) खरोष्ठी (d) नंदनागरी
Ans. (c) खरोष्ठी

❒ प्राचीन भारत में खरोष्ठी लिपि दाएँ से बाएँ लिखी जाती थी। इस लिपि को पढ़ने का श्रेय 'जेम्स प्रिंसेप' को जाता है।

15. निम्नलिखित में से कौन-सी सभ्यता अपने नगर नियोजन के लिए प्रसिद्ध है?
(a) सिंधु घाटी सभ्यता
(b) मेसोपोटामियाई सभ्यता
(c) मिस्र सभ्यता
(d) इनमें से कोई नहीं
Ans. (a) सिंधु घाटी सभ्यता

❒ हड़प्पा या सिंधु घाटी सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी। नगर नियोजन की व्यवस्था सिंधु घाटी सभ्यता की एक प्रमुख विशेषता थी। सिंधु घाटी सभ्यता के दो प्रमुख नगर हड़प्पा और मोहनजोदड़ो थे।

16. किस स्थान से हड़प्पाकालीन रथ की एक प्रतिमा प्राप्त हुई थी?
(a) लोथल (b) बनावली
(c) दैमाबाद (d) कालीबंगा
Ans. (c) दैमाबाद

❒ दैमाबाद (महाराष्ट्र) हड़प्पा सभ्यता का दक्षिणतम स्थल है यहाँ से रथ की मूर्ति प्राप्त हुई थी।

17. ऋग्वैदिक काल में रावी नदी को क्या कहा जाता था?
(a) अस्किनी (b) विपासा
(c) परुष्णी (d) वितस्ता
Ans. (c) परुष्णी

प्राचीन नाम	आधुनिक नाम
अस्किनी	चिनाब
विपासा	व्यास
वितस्ता	झेलम
सदानीरा	गंडक
गोमती	गोमल

18. सतलज नदी का वैदिक नाम क्या है, जो ऋग्वेद में वर्णित सप्त सिंधु नदियों का एक हिस्सा है?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-III
(a) शतुद्रि (b) वितस्ता
(c) अस्किनी (d) परुष्णी
Ans. (a) शतुद्रि

प्रमुख ऋग्वैदिककालीन नदियाँ

प्राचीन नाम	आधुनिक नाम
वितस्ता	झेलम
अस्किनी	चिनाब
परुष्णी	रावी
विपासा	व्यास
सदानीरा	गंडक
गोमती	गोमल

19. उपनिषदों का केंद्रीय विषय क्या था?
(a) ईश्वर एवं इसके अवतार
(b) ईश्वर की चमत्कारिक कथा
(c) सदाचार एवं जीवन पद्धति
(d) दर्शन एवं ज्ञान
Ans. (d) दर्शन एवं ज्ञान

❒ उपनिषद दर्शन पर आधारित पुस्तकें हैं, इन्हें 'वेदांत' भी कहा जाता है। उपनिषदों की कुल संख्या 108 है।

20. चार वेदों में से किसमें बुरी आत्माओं और बीमारियों से बचने के लिए जादू-टोना और तंत्र-मंत्र का संग्रह है?
(a) ऋग्वेद (b) यजुर्वेद
(c) अथर्ववेद (d) सामवेद
Ans. (c) अथर्ववेद

❒ अथर्ववेद का एकमात्र ब्राह्मण ग्रंथ **'गोपथ'** है।
❒ अथर्ववेद में ब्रह्म ज्ञान, धर्म, समाजनिष्ठा, रोग निवारण, बुरी आत्माओं और बीमारियों से बचने के लिए जादू-टोना और तंत्र-मंत्र आदि का वर्णन हैं।

21. बौद्ध धर्म में भिक्षुणी बनने वाली प्रथम महिला थी।
(a) महाप्रजापति गौतमी
(b) सुजाता
(c) संघमित्रा
(d) इनमें से कोई नहीं
Ans. (a) महाप्रजापति गौतमी

❒ गौतम बुद्ध के बचपन का नाम 'सिद्धार्थ' था। इनकी माता महामाया की, इनके जन्म के सातवें दिन ही मृत्यु हो गई थी तत्पश्चात् इनका लालन-पालन इनकी मौसी प्रजापति गौतमी ने किया था जोकि बौद्ध धर्म में भिक्षुणी बनने वाली प्रथम महिला थी।

22. बुद्धचरित, सौंदरानंद, सारिपुत्र प्रकरण के रचनाकार कौन थे?
(a) नागसेन (b) अश्वघोष
(c) नागार्जुन (d) वसुबंधु
Ans. (b) अश्वघोष

प्रमुख ग्रंथ	मुख्य रचनाकार
मिलिंदपन्हो	नागसेन
माध्यमिक सूत्र	नागार्जुन
अभिधर्मकोश	वसुबंधु
विसुद्धिमग्ग	बुद्धघोष

23. महाबोधि मंदिर परिसर का .... के जीवन से सीधा संबंध है।
(a) मुगल शासक (b) सिख शासक
(c) भगवान बुद्ध (d) जैन तीर्थंकर
Ans. (c) भगवान बुद्ध

❒ 'महाबोधि मंदिर' बोधगया (बिहार) में स्थित है। इस मंदिर को वर्ष 2002 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था।

24. किस शासक ने अंतिम समय में जैन धर्म अपनाकर जैन धर्म अनुसार अपने प्राण त्यागे थे?
(a) अजातशत्रु (b) बिंबिसार
(c) चंद्रगुप्त मौर्य (d) कालाशोक
Ans. (c) चंद्रगुप्त मौर्य

❒ चंद्रगुप्त मौर्य एक जैन मतानुयायी था। चंद्रगुप्त मौर्य ने जैन आचार्य 'भद्रबाहु' से जैन धर्म की दीक्षा ली थी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❒ चंद्रगुप्त मौर्य ने श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) में उपवास करके अपने प्राण त्याग दिए थे। जैन धर्म में इस प्रक्रिया को 'सल्लेखना या संथारा' कहा गया है।

25. कौटिल्य किस शासक के प्रधानमंत्री थे?
(a) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के
(b) अशोक के
(c) चंद्रगुप्त मौर्य के
(d) राजा जनक के

Ans. (c) चंद्रगुप्त मौर्य के

❒ चंद्रगुप्त मौर्य, मौर्य वंश का प्रथम राजा और संस्थापक था तथा कौटिल्य (चाणक्य) इसके प्रधानमंत्री थे।

26. अशोक के निम्नलिखित अभिलेखों में से किसमें दक्षिण भारतीय राज्यों का उल्लेख हुआ है?
(a) प्रथम स्तंभ अभिलेख
(b) द्वितीय मुख्य शिलालेख
(c) तृतीय मुख्य शिलालेख
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (b) द्वितीय मुख्य शिलालेख

❒ अशोक के अभिलेखों को तीन भागों में बाँटा गया है–
1. गुहालेख **2.** स्तंभलेख **3.** शिलालेख
❒ अशोक के द्वितीय मुख्य शिलालेख में दक्षिण भारत के राज्यों सत्तियपुत्त, केरलपुत्त (चेर), चोल और पांड्य का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त इस शिलालेख में मनुष्य एवं पशुओं की चिकित्सा तथा लोक-कल्याणकारी कार्यों का भी उल्लेख है।

27. निम्नलिखित में से कौन सबसे प्रसिद्ध शक शासक था, जिसने काठियावाड़ में सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार करवाया था?
(a) चश्ताना (b) मौस
(c) रूद्रदामन प्रथम (d) रूद्रसिम्हा तृतीय

Ans. (c) रूद्रदामन प्रथम

❒ शकों के सर्वाधिक प्रसिद्ध राजा रूद्रदामन प्रथम के विषय में जूनागढ़ अभिलेख से जानकारी मिलती है।
❒ सुदर्शन झील का निर्माण मौर्य काल में हुआ था। रूद्रदामन प्रथम ने गुजरात के काठियावाड़ में स्थित इस झील का जीर्णोद्धार करवाया था।

28. दिल्ली के प्रसिद्ध लौह स्तंभ का निर्माण किस वंश के शासक ने करवाया था?
(a) गुप्त (b) पल्लव
(c) मौर्य (d) पुष्यभूति

Ans. (a) गुप्त

❒ गुप्त वंश के महान शासक चंद्रगुप्त द्वितीय ने महरौली (दिल्ली) में स्थित 'लौह स्तंभ' का निर्माण करवाया था।

29. निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय की स्थापना पाल शासकों ने की थी?
(a) नालंदा (b) विक्रमशिला
(c) तक्षशिला (d) वल्लभी

Ans. (b) विक्रमशिला

❒ विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना पाल वंश के शासक धर्मपाल ने की थी। यह विश्वविद्यालय बिहार के भागलपुर में स्थापित किया गया था।

30. प्राचीन हड़प्पा शहर किस नदी के वर्तमान में सूखे मार्ग के तट पर बसाया गया था?
SSC GD 22 Feb. 2024 Shift I
(a) कोसी (b) यमुना
(c) रावी (d) गंडक

Ans. (c) रावी

अन्य प्रमुख सैंधव स्थल एवं इनके समीप स्थित नदी:

❒ मोहनजोदड़ो	–	सिंधु
❒ आलमगीरपुर	–	हिंडन
❒ कालीबंगा	–	घग्घर
❒ लोथल	–	भोगवा
❒ चन्हूदड़ों	–	सिंधु
❒ रोपड़	–	सतलज
❒ सुत्कागेंडोर	–	दाश्क

31. पुरापाषाण काल का विस्तार 2 मिलियन वर्ष पूर्व से लेकर लगभग 12,000 वर्ष पूर्व तक है। समय की इस लंबी अवधि को आरंभिक, मध्य और उत्तर पुरापाषाण काल में विभाजित किया गया है। समय की यह लंबी अवधि, मानव इतिहास का .... प्रतिशत कवर करती है।
(a) 89 (b) 99
(c) 79 (d) 59

Ans. (b) 99

❒ इतिहासकारों ने भारतीय पाषाणकालीन संस्कृति को तीन कालों में विभक्त किया है–
1. पुरापाषाण काल
2. मध्यपाषाण काल
3. नवपाषाण काल

32. नवपाषाण और महापाषाण चरणों के बीच अतिव्यापन में भारत के किस भाग में प्रारंभिक लौह वस्तुएं देखी गई?
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-III
(a) उत्तर भारत
(b) दक्षिण भारत
(c) दक्षिण-पश्चिम भारत
(d) उत्तर-पूर्व भारत

Ans. (b) दक्षिण भारत

✦ नवपाषाण युग की समाप्ति के पश्चात् दक्षिण में जिस संस्कृति का उदय हुआ, उसे '**महापाषाण काल**' कहा जाता था।

33. हड़प्पावासियों को तांबा संभवतः वर्तमान समय के .... से प्राप्त होता था।
SSC GD 24 Feb. 2024 Shift III
(a) राजस्थान (b) तमिलनाडु
(c) केरल (d) ओडिशा

Ans. (a) राजस्थान

34. लौह युग का सबसे आम उपकरण .... था, जिसका उपयोग पेड़ों को काटने, लकड़ी काटने और एक हथियार के रूप में किया जाता था।
SSC GD 1 Mar. 2024 Shift IV
(a) कुल्हाड़ी (b) आरा मशीन
(c) छेदक (d) तलवार

Ans. (a) कुल्हाड़ी

35. निम्नलिखित में से किस नदी का नाम ऋग्वेद में केवल एक बार आया है?
SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III
(a) गंगा (b) सिंधु
(c) झेलम (d) सरस्वती

Ans. (a) गंगा

❒ ऋग्वेद में गंगा नदी का एक बार तथा यमुना नदी का तीन बार उल्लेख है।
❒ ऋग्वैदिक काल की सर्वाधिक पवित्र नदी 'सरस्वती' तथा सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण नदी 'सिंधु' मानी गई है।

36. ऋग्वेद में गंगा नदी का उल्लेख कितनी बार हुआ है?
SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III
(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

Ans. (d) 1

✦ ऋग्वेद में गंगा नदी का उल्लेख एक बार तथा यमुना नदी का उल्लेख तीन बार हुआ है।

37. .... वेद; चारों वेदों में सबसे छोटा है, यह हिंदू परंपरा में एक दिव्य स्थिति रखता है और धुनों और मंत्रों का संग्रह है।
SSC GD 24 Jan. 2023 Shift IV
(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) अथर्ववेद (d) यजुर्वेद

Ans. (b) सामवेद

वेदों से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
❒ ऋग्वेद के तीसरे मंडल में 'गायत्री मंत्र' उल्लेखित है।
❒ सामवेद में यज्ञों के अवसर पर गाए जाने वाले मंत्रों का संग्रह है।
❒ अथर्ववेद में जादू-टोना, तंत्र-मंत्र संबंधित जानकारी उल्लेखित है।
❒ यजुर्वेद कर्मकांडीय वेद है।

38. निम्नलिखित में से किस वेद में नृत्य (नर्ति) और नृत्यकला (नर्तु) का उल्लेख है?
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) अथर्ववेद (b) ऋग्वेद
(c) यजुर्वेद (d) सामवेद

Ans. (b) ऋग्वेद

ऋग्वेद से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:-
- प्राचीनतम वेद।
- ऋचाओं में बद्ध एकमात्र वेद।
- रचनाकाल:- लगभग 1500 ई.पू. से 1000 ई.पू. के मध्य।
- कुल मंडल- 10
- कुल सूक्त- 1028
- कुल ऋचाएँ- लगभग 10,600

39. निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे पुराना वेद है?
SSC GD 17 Jan. 2023 Shift IV
(a) सामवेद (b) यजुर्वेद
(c) अथर्ववेद (d) ऋग्वेद

Ans. (d) ऋग्वेद

- सबसे नवीन वेद: अथर्ववेद
- गद्य एवं पद्य में लिखित वेद: यजुर्वेद
- भारतीय संगीत का जनक: सामवेद
- ऋग्वेद, सामवेद तथा यजुर्वेद को 'वेदत्रयी' भी कहा जाता है।

40. गोपथ ब्राह्मण निम्नलिखित में से किस वेद से संबंधित है?
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-I
(a) यजुर्वेद (b) सामवेद
(c) अथर्ववेद (d) ऋग्वेद

Ans. (c) अथर्ववेद

प्रमुख वेद	ब्राह्मण ग्रंथ
ऋग्वेद	ऐतरेय ब्राह्मण, कौषितकी ब्राह्मण
यजुर्वेद	शतपथ ब्राह्मण, तैत्तिरीय ब्राह्मण
सामवेद	पंचविश ब्राह्मण, षडविश ब्राह्मण
अथर्ववेद	गोपथ ब्राह्मण

41. ऋग्वेद में लिखी प्रार्थनाओं को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-II
(a) ऋचा (b) श्लोक
(c) काव्य (d) सूक्त

Ans. (d) सूक्त

- सर्वाधिक सूक्त ऋग्वेद के 10वें मंडल में है।
- ऋग्वेद के 250 सूक्त सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण देवता 'इंद्र' को समर्पित हैं।
- 200 सूक्त दूसरे महत्त्वपूर्ण देवता 'अग्नि' को समर्पित हैं।
- 30 सूक्त तीसरे महत्त्वपूर्ण देवता 'वरुण' को समर्पित हैं।

42. निम्नलिखित में से कौन-सा पुरातात्विक स्थल वर्तमान भारत में स्थित नहीं है?
SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III
(a) हल्लुर (b) महागढ़ा
(c) मेहरगढ़ (d) चिराँद

Ans. (c) मेहरगढ़

- मेहरगढ़ की वर्तमान स्थिति बलूचिस्तान (पाकिस्तान) में है।
- नवपाषाण कालीन स्थल हल्लुर कर्नाटक में, चिराँद सारण (बिहार) में तथा महागढ़ा उत्तर प्रदेश में स्थित हैं।

43. वेदों में सबसे पुराना वेद ऋग्वेद है, जिसकी रचना लगभग .... वर्ष पहले हुई थी।
SSC GD 23 Feb. 2024 Shift I
(a) 2500 (b) 3500
(c) 2000 (d) 5000

Ans. (b) 3500

- ऋग्वेद के अंतर्गत 10 मंडल, 1028 सूक्त तथा लगभग 10,580 ऋचाएँ हैं।
- ऋग्वेद पढ़ने वाला ऋषि 'होतृ' कहलाता है।
- ऋग्वेद के दो ब्राह्मण ग्रंथ हैं।

44. .... शहर कच्छ के रण में खादिर बेत (जिसे बेट भी कहा जाता है) पर स्थित था, जहाँ ताजा पानी और उपजाऊ मिट्टी थी।
SSC GD 22 Feb. 2024 Shift III
(a) हड़प्पा (b) लोथल
(c) मोहनजोदड़ो (d) धौलावीरा

Ans. (d) धौलावीरा

धौलावीरा से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- धौलावीरा अवस्थिति: कच्छ (गुजरात)
- खोजकर्त्ता: जे.पी. जोशी
- इसे सफेद कुआँ, आयताकार नगर भी कहते थे।
- हड़प्पाकालीन नगर धौलावीरा तीन भागों में विभाजित था।
- धौलावीरा से जल प्रबंधन के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

45. सिंधु घाटी सभ्यता के निम्नलिखित में से किस स्थल पर 'महास्नानागार' की खोज की गई थी?
SSC GD 6 Dec. 2021 Shift I
(a) बनावली (b) मोहनजोदड़ो
(c) लोथल (d) कालीबंगा

Ans. (b) मोहनजोदड़ो

- **मोहनजोदड़ो:** नर्तकी की कांस्य मूर्ति, तीन मुख वाले देवता (पशुपति नाथ) की मूर्ति, मातृदेवी की मूर्ति आदि।
- **कालीबंगा:** जुते हुए खेत, अग्नि पूजा के साक्ष्य आदि।
- **लोथल:** बंदरगाह, धान (चावल), तीन युगल समाधियों के साक्ष्य आदि।
- **बनावली:** मिट्टी से बना हल

46. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित है?
SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-III
(a) मोहनजोदड़ो (b) अजंता
(c) सांची (d) भीमबेटका

Ans. (a) मोहनजोदड़ो

- मोहनजोदड़ो का सिंधी भाषा में अर्थ 'मृतकों का टीला' होता है।
- मोहनजोदड़ो सिंधु नदी के तट पर पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित है।
- सर्वप्रथम मोहनजोदड़ो की खोज राखालदास बनर्जी ने 1922 ई. में की थी।
- मोहनजोदड़ो की शासन-व्यवस्था जनतंत्रात्मक थी।
- वृहद् स्नानागार, मोहनजोदड़ो का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल है।

47. हड़प्पाकालीन स्थल रंगपुर भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है?
SSC GD 7 Dec. 2021 Shift I
(a) राजस्थान (b) गुजरात
(c) हिमाचल प्रदेश (d) हरियाणा

Ans. (b) गुजरात

- हड़प्पाकालीन स्थल रंगपुर भारत के गुजरात राज्य में स्थित है।
- कालीबंगा राजस्थान में, बनावली हरियाणा में तथा धौलावीरा गुजरात में स्थित है।

48. वेद ऋषि कपिल का संबंध भारतीय दर्शन के .... संप्रदाय से था।
SSC GD 7 Dec. 2021 Shift III
(a) न्याय (b) वैशेषिक
(c) सांख्य (d) मीमांसा

Ans. (c) सांख्य

प्रमुख दर्शन	प्रवर्तक
न्याय	गौतम
पूर्व मीमांसा	जैमिनी
उत्तर मीमांसा	बादरायण
योग	पतंजलि
वैशेषिक	कणाद/उलूक
चार्वाक	चार्वाक

49. प्राचीन शहर 'लोथल' जो अब एक प्रमुख पुरातात्विक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है, भारत के किस राज्य में स्थित है?
SSC GD 22 Feb. 2019 Shift I
(a) राजस्थान (b) महाराष्ट्र
(c) पंजाब (d) गुजरात

Ans. (d) गुजरात

- **लोथल** भारत के गुजरात राज्य में स्थित एक पुरातात्विक स्थल तथा प्राचीन बंदरगाह है। यह **भोगवा नदी** के तट पर स्थित है तथा इसकी खोज **डॉ. एस.आर. राव** ने की थी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

50. ऋग्वेद .... सूक्तों का संग्रह है।

SSC GD 12 Jan. 2023 Shift II

(a) 1076 (b) 1028
(c) 1152 (d) 1124

Ans. (b) 1028

51. निम्नलिखित में से किसे 'नाट्यशास्त्र' का रचयिता माना जाता है?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift II

(a) शंकर (b) विष्णु
(c) राघव (d) भरतमुनि

Ans. (d) भरतमुनि

❒ भरतमुनि का 'नाट्यशास्त्र' सबसे प्राचीन ग्रंथ है जो अपने विचारों के साथ-साथ व्यापक विषयगत समग्रता से परिपूर्ण है।

52. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन ग्रंथ, जिसका श्रेय ऋषि व्यास को जाता है, प्राचीन भारत का एक प्रमुख महाकाव्य है और इसमें 18 पर्वों (पुस्तकों) में 1,00,000 छंद हैं?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift II

(a) ऋग्वेद (b) रामायण
(c) अर्थशास्त्र (d) महाभारत

Ans. (d) महाभारत

53. ऋग्वेद के मंत्रों के समूह .... कहलाते हैं।

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift IV

(a) सूक्त (b) सूत्र
(c) यामी (d) अध्याय

Ans. (a) सूक्त

❒ ऋग्वेद के मंत्रों के समूह **'सूक्त'** कहलाते हैं। ऋग्वेद के अंतर्गत 1028 सूक्त हैं।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा वेद मुख्य रूप से बुरी आत्माओं और बीमारियों को दूर करने के लिए जादुई मंत्रों एवं आकर्षण का संग्रह है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II

(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) अथर्ववेद (d) यजुर्वेद

Ans. (c) अथर्ववेद

- ऋग्वेद एक ऐसा वेद है, जो ऋचाओं में बद्ध है।
- यजुर्वेद में यज्ञों के नियमों अथवा विधानों का संकलन मिलता है। इस वेद को कर्मकांडीय वेद भी कहा जाता है।
- सामवेद में यज्ञों के अवसर पर गाए जाने वाले मंत्रों का संग्रह है। इस वेद को भारतीय संगीत का जनक भी कहा जाता है।
- अथर्ववेद में ब्रह्म ज्ञान, धर्म, समाजनिष्ठा, औषधि उपयोग, रोग निवारण, जादू व टोना, तंत्र व मंत्र इत्यादि अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों का वर्णन है।

55. प्रसिद्ध कृति 'अर्थशास्त्र' का श्रेय निम्नलिखित में से किस प्राचीन भारतीय विद्वान और रणनीतिकार को जाता है?

SSC GD 30 Mar. 2024 Shift I

(a) वाल्मीकि (b) चाणक्य
(c) पाणिनि (d) कालिदास

Ans. (b) चाणक्य

प्रमुख रचना	मुख्य रचनाकार
रामायण	महर्षि वाल्मीकि
अष्टाध्यायी	पाणिनी
मालविकाग्निमित्रम्	कालिदास

56. एक प्रसिद्ध नाटक, 'अभिज्ञान शाकुंतलम' निम्नलिखित में से किस शख्सियत द्वारा लिखा गया था?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift IV

(a) अश्वघोष (b) विशाखदत्त
(c) कल्हण (d) कालिदास

Ans. (d) कालिदास

प्रमुख रचना	लेखक
मुद्राराक्षस	विशाखदत्त
देवीचंद्रगुप्तम्	विशाखदत्त
ऋतुसंहार	कालिदास
कुमारसम्भवम्	कालिदास
मेघदूत	कालिदास
रघुवंश	कालिदास
विक्रमोर्वशीयम्	कालिदास

नोट:- ● अश्वघोष **'बुद्धचरित'** के लेखक है।
● कल्हण **'राजतरंगिणी'** के लेखक है।

57. कौटिल्य ने निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक लिखी थी?

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift II

(a) अर्थशास्त्र (b) सूक्तावली
(c) मुद्राराक्षस (d) इंडिका

Ans. (a) अर्थशास्त्र

❒ अर्थशास्त्र की रचना चंद्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री कौटिल्य ने की थी। इसमें चंद्रगुप्त मौर्य की शासन-व्यवस्था पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है।

58. वराहमिहिर की रचना पंचसिद्धांतिका .... खगोलीय सिद्धांतों से संबंधित है।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift I

(a) पाँच (b) दो
(c) तीन (d) चार

Ans. (a) पाँच

❒ **वराहमिहिर की अन्य रचनाएँ:** लघुजातक, बृहत्संहिता, बृहत्जातक।

59. महाजनपद काल में सामान्यत: फसल का कितना भाग राज्य द्वारा कर के रूप में वसूला जाता था?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-I

(a) 1/5वां (b) 1/6वां
(c) 1/8वां (d) 1/4वां

Ans. (b) 1/6वां

- महाजनपदों की कुल संख्या 16 थी, जिनका उल्लेख बौद्ध ग्रंथ 'अंगुत्तर निकाय', 'महावस्तु' एवं जैन ग्रंथ 'भगवती सूत्र' में भी मिलता है।

60. बौद्ध ग्रंथ के अनुसार, छठी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के दौरान कितने कुलीन गणराज्यों या साम्राज्यों, जिन्हें महाजनपद कहा जाता था, ने प्राचीन भारत पर शासन किया था?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II

(a) 21 (b) 16
(c) 8 (d) 11

Ans. (b) 16

सोलह महाजनपद	
✦ काशी	✦ पांचाल
✦ कोसल/कोशल	✦ चेति/चेदि
✦ कंबोज	✦ अश्मक
✦ कुरु	✦ अवंति
✦ मल्ल	✦ अंग
✦ मत्स्य	✦ वज्जि
✦ मगध	✦ वत्स
✦ शूरसेन/सूरसेन	✦ गांधार

61. सिकंदर ने किस वर्ष भारत पर आक्रमण किया?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) 400 ई.पू. (b) 126 ई.पू.
(c) 326 ई.पू. (d) 550 ई.पू.

Ans. (c) 326 ई.पू.

सिकंदर से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:

❒ यूनानी शासक सिकंदर का भारत पर आक्रमण 326 ई.पू. में हुआ था।
❒ सिकंदर के पिता का नाम फिलिप द्वितीय था।
❒ सिकंदर के गुरु अरस्तू थे।
❒ सिकंदर के भारत पर आक्रमण के समय मगध साम्राज्य (उत्तर भारत) पर नंद वंश का शासन था।
❒ सिकंदर की मृत्यु 323 ई.पू. में बेबीलोन नामक स्थान पर हुई थी।

62. हर्यक वंश के उस शासक का नाम बताइए जो अजातशत्रु का पुत्र था और जिसने पाटलिपुत्र की नींव रखी।

SSC GD 3 Mar. 2019 Shift III

(a) महानंदिन (b) प्रद्योत
(c) उदायिन (d) नंदीवर्धन

Ans. (c) उदायिन

❒ हर्यक वंश का संस्थापक बिंबिसार था। अजातशत्रु के पुत्र उदायिन ने गंगा तथा सोन नदियों के संगम तट पर पाटलिपुत्र (कुसुमपुरा) नामक नगर की स्थापना की थी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

63. राजगृह कई वर्षों तक मगध की राजधानी रहा। बाद में राजधानी को .... में स्थानांतरित कर दिया गया।

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift I

(a) उज्जैन (b) पाटलिपुत्र
(c) काँचीपुरम (d) तक्षशिला

Ans. (b) पाटलिपुत्र

❒ मगध प्राचीन भारत के सोलह महाजनपदों में से एक था। इसकी मूल स्थिति मूलत: दक्षिण बिहार के क्षेत्र में थी। प्रारंभ में इसकी राजधानी गिरिब्रज/राजगृह थीं तत्पश्चात् पाटलिपुत्र बनी।

64. निम्नलिखित में से कौन वज्जि महाजनपद की राजधानी थी?

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift III

(a) गया (b) वैशाली
(c) पाटलिपुत्र (d) अंग

Ans. (b) वैशाली

प्रमुख महाजनपद	राजधानी
शूरसेन	मथुरा
वत्स	कौशांबी
कुरु	इंद्रप्रस्थ
कोसल	श्रावस्ती/अयोध्या
मगध	गिरिब्रज/राजगृह
मत्स्य	विराट नगर

65. निम्नलिखित में से कौन-सा, 16 महाजनपदों में से एक नहीं था?

SSC GD 4 Dec. 2021 Shift III

(a) कुरु (b) कामरूप
(c) कोसल (d) अंग

Ans. (b) कामरूप

❒ महाजनपदों की कुल संख्या 16 थी। इन महाजनपदों का उल्लेख बौद्ध ग्रंथ 'अंगुत्तर निकाय' तथा जैन ग्रंथ 'भगवती सूत्र' में वर्णित है।
❒ **16 महाजनपद:** अंग, मगध, काशी, वत्स, वज्जि, कोसल, अवंति, मल्ल, पांचाल, चेदि, कुरु, मत्स्य, कंबोज, शूरसेन, अश्मक, गांधार।

66. वर्धमान महावीर जैन धर्म के अंतिम और ..... तीर्थंकर थे।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift IV

(a) 21वें (b) 22वें
(c) 23वें (d) 24वें

Ans. (d) 24वें

❒ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर: ऋषभदेव
❒ जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर: अरिष्टनेमि
❒ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर: पार्श्वनाथ

67. गौतम बुद्ध ने बोध के लिए अपना रास्ता खोजने का फैसला किया और बिहार के बोधगया में .... के पेड़ के नीचे कई दिनों तक ध्यान किया।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift I

(a) पीपल (b) साल
(c) टीक (d) नीम

Ans. (a) पीपल

प्रमुख घटना	संबंधित प्रतीक चिह्न
जन्म	कमल एवं सांड
ज्ञान	पीपल (बोधिवृक्ष)
गृहत्याग	घोड़ा
निर्वाण	पद चिह्न
मृत्यु/महापरिनिर्वाण	स्तूप

नोट:- गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के लिए गया (बिहार) नामक स्थान पर 'निरंजना नदी' के तट पर 'पीपल (बोधिवृक्ष)' के नीचे समाधि लगाई थी।

68. गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षा सामान्य लोगों की .... भाषा में दी।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift II

(a) पालि (b) तमिल
(c) हिंदी (d) उड़िया

Ans. (a) पालि

❒ गौतम बुद्ध ने आम जनता की भाषा **'पालि'** में अपने उपदेश दिए थे। गौतम बुद्ध ने सर्वाधिक उपदेश **कोसल राज्य की राजधानी श्रावस्ती** में दिए थे।

69. निम्नलिखित में से किस बौद्ध ग्रंथ में बौद्ध भिक्षुओं और मठवासिनियों के लिए नियमों का उल्लेख किया गया है?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-I

(a) धम्मपद (b) सुत्तपिटक
(c) विनयपिटक (d) अभिधम्मपिटक

Ans. (a) धम्मपद

✦ **सुत्तपिटक:-** इसमें बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का उल्लेख वर्णित हैं।
✦ **विनयपिटक:-** इसमें बौद्ध मठों में रहने वाले भिक्षु-भिक्षुणियों हेतु अनुशासन संबंधित नियम वर्णित हैं।
✦ **अभिधम्मपिटक:-** इसमें बौद्ध मतों की दार्शनिक व्याख्या, महात्मा बुद्ध के उपदेशों तथा सिद्धांतों से संबंधित नियम वर्णित हैं।

70. जैन धर्म के नियमों का पालन करना निम्नलिखित में से किसके लिए अधिक कठिन था?

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift IV

(a) कारीगरों (b) व्यापारियों
(c) किसानों (d) महाजनों

Ans. (c) किसानों

❒ पंच महाव्रत/अणुव्रत (**अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय, ब्रह्मचर्य**) तथा त्रिरत्न (**सम्यक् ज्ञान, सम्यक् दर्शन, सम्यक् आचरण**) भी जैन धर्म से संबंधित है।

❒ जैन धर्म में दस लक्षण तथा सात शील व्रतों का भी उल्लेख है।

71. निम्नलिखित में से जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर कौन थे?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-III

(a) नेमिनाथ (b) महावीर
(c) पार्श्वनाथ (d) अजितनाथ

Ans. (b) महावीर

✦ जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी थे।
✦ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ थे।
✦ जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर आरिष्टनेमि थे।
✦ जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर नेमिनाथ थे।
✦ जैन धर्म के द्वितीय तीर्थंकर अजितनाथ थे।
✦ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) थे।

72. बुद्ध शाक्य गण नामक एक छोटे गण से संबंधित थे और एक .... थे।

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift II

(a) ब्राह्मण (b) वैश्य
(c) क्षत्रिय (d) शूद्र

Ans. (c) क्षत्रिय

❒ बुद्ध शाक्य गण से संबंधित एवं एक क्षत्रिय थे। इनके पिता शुद्धोधन कपिलवस्तु के शाक्यों के गणराजा थे।

73. भगवान महावीर ने .... वर्ष की आयु में घर छोड़ दिया और ज्ञान की तलाश में वे एक वन में रहने चले गए।

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift IV

(a) तीस (b) उन्तीस
(c) बत्तीस (d) अट्ठाइस

Ans. (a) तीस

भगवान महावीर से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
❒ **जन्म:** कुण्डग्राम (वैशाली), बिहार
❒ **पिता का नाम:** सिद्धार्थ
❒ **माता का नाम:** त्रिशला
❒ **पत्नी का नाम:** यशोदा
❒ **पुत्री का नाम:** प्रियदर्शना
❒ **दामाद का नाम:** जामालि
❒ **मृत्यु:** पावापुरी (राजगीर), बिहार
❒ **गृहत्याग:** 30 वर्ष की आयु में बड़े भाई नंदिवर्द्धन की आज्ञा से।
❒ **ज्ञान प्राप्ति (कैवल्य):** 30 वर्ष की अवस्था में गृहत्याग के पश्चात् 12 वर्ष कठोर तपस्या के बाद 42 वर्ष की अवस्था में ऋजुपालिका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे जृंभिक ग्राम में।

74. बोधगया, एक महत्त्वपूर्ण बौद्ध तीर्थस्थल क्यों हैं?

SSC GD 30 Nov. 2021 Shift I

(a) यहाँ गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था।
(b) यहाँ गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(c) गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त करने के बाद यहाँ अपना प्रथम उपदेश दिया था।
(d) यहाँ गौतम बुद्ध को महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ था।

Ans. (b) यहाँ गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था।

❐ बोधगया में गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इनका जन्म 563 ई.पू. इक्ष्वांकु वंशीय क्षत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर पर हुआ था। इनकी माँ का नाम महामाया था, जिनका निधन इनके जन्म के सातवें दिन ही हो गया था।

75. निम्नलिखित में से किसने वज्जि पर प्रस्तावित हमले के बारे में सलाह लेने के लिए बुद्ध से मुलाकात की?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift IV

(a) राधागुप्त (b) वस्सकार
(c) अशोक (d) यश

Ans. (b) वस्सकार

❐ हर्यक वंश के प्रमुख शासक अजातशत्रु ने अपने मंत्री वस्सकार को गौतम बुद्ध के पास भेजा था। वस्सकार की गौतम बुद्ध से भेंट राजगृह के समीप गृहकूट नामक पर्वत पर हुई थी।

76. निम्नलिखित में से कौन मगध के सिंहासन के लिए राजा बिंबिसार का उत्तराधिकारी था?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-II

(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) अजातशत्रु
(c) उदायिन (d) अशोक

Ans. (b) अजातशत्रु

✦ बिंबिसार को मगध साम्राज्य की सत्ता का वास्तविक संस्थापक भी माना जाता है।
✦ बिंबिसार की हत्या इसके पुत्र अजातशत्रु ने कर दी थी और वह 492 ई.पू. में मगध की राजगद्दी पर बैठा था।
✦ अजातशत्रु के समय में ही राजगृह की सप्तपर्णि गुफा में प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन हुआ था।

77. हर्यक राजवंश के किस शासक ने इसके आस-पास के कई महत्त्वपूर्ण और शक्तिशाली राज्यों जैसे- कोसल, काशी और वज्जि पर कब्जा कर लिया था?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III

(a) शिशुनाग (b) नागदशक
(c) उदयभद्र (d) अजातशत्रु

Ans. (d) अजातशत्रु

✦ हर्यक वंश के तीन महत्त्वपूर्ण शासक 'बिंबिसार', 'अजातशत्रु' एवं 'उदायिन' थे।
✦ बिंबिसार हर्यक वंश का प्रथम शक्तिशाली शासक था।
✦ जैन साहित्य में बिंबिसार को 'श्रेणिक' कहा गया है।
✦ अजातशत्रु का उपनाम कुणिक था। इसे पितृहंता शासक कहा गया है।
✦ अजातशत्रु जैन मतानुयायी था।
✦ हर्यक वंश के अंतिम शासक उदायिन का पुत्र नागदशक था।

78. जैनियों के दिगंबर संप्रदाय द्वारा पर्युषण पर्व का आयोजन .... दिनों के लिए किया जाता है।

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift II

(a) 12 (b) 16
(c) 14 (d) 10

Ans. (d) 10

❐ जैन धर्म दो संप्रदायों में विभक्त था-
1. श्वेतांबर (सफेद वस्त्र पहनने वाले)
2. दिगंबर (नग्न अवस्था में रहने वाले)

79. प्रसिद्ध पुस्तक अर्थशास्त्र हमें बताती है कि मौर्य काल के दौरान उत्तर-पश्चिम कंबलों और .... अपने सोने एवं कीमती पत्थरों के लिए महत्त्वपूर्ण था।

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift II

(a) दक्षिण भारत (b) पश्चिम भारत
(c) पूर्वी भारत (d) उत्तर भारत

Ans. (a) दक्षिण भारत

❐ 'अर्थशास्त्र' के लेखक: कौटिल्य (चाणक्य)
❐ 'अर्थशास्त्र' प्राचीन भारतीय राजनीति का एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है।
❐ 'अर्थशास्त्र' में मौर्य प्रशासन संबंधित विभिन्न जानकारियों पर प्रकाश डाला गया है।

80. निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्यकालीन शिलालेख वर्तमान भारत में स्थित नहीं है?

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift IV

(a) कंधार (b) कलसी
(c) गिरनार (d) मस्की

Ans. (a) कंधार

❐ मौर्य सम्राट अशोक के वृहद शिलालेखों की संख्या 14 है।
❐ कलसी शिलालेख देहरादून (उत्तराखंड), गिरनार शिलालेख जूनागढ़ (गुजरात) एवं मस्की शिलालेख रायचूर (कर्नाटक) से प्राप्त हुआ है।

81. मौर्य साम्राज्य की राजधानी .... थी।

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift II

(a) उज्जयिनी (b) तक्षशिला
(c) सुवर्णगिरि (d) पाटलिपुत्र

Ans. (d) पाटलिपुत्र

❐ मौर्य साम्राज्य के संस्थापक: चंद्रगुप्त मौर्य
❐ मौर्य साम्राज्य की राजधानी: पाटलिपुत्र
❐ मौर्य साम्राज्य के शासनकाल की अवधि: (322-185 ई.पू.)

82. विष्णु पुराण के अनुसार, चंद्रगुप्त मौर्य की माता कौन थी?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-II

(a) नंद राजा की पत्नी
(b) मूर, एक शिकारी की पुत्री
(c) एक यूनानी कुलीन महिला
(d) सुभद्रांगी, एक ब्राह्मण की पुत्री

Ans. (b) मूर, एक शिकारी की पुत्री

✦ विष्णु पुराण के अनुसार, चंद्रगुप्त मौर्य की माता का नाम 'मूर' था जिसका संस्कृत में अर्थ-'मौर्य' होता है।
✦ चंद्रगुप्त मौर्य, मौर्य वंश का प्रथम राजा एवं संस्थापक था।
✦ चंद्रगुप्त मौर्य ने 322 ई.पू. से 298 ई.पू. तक शासन किया था।
✦ यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर की पुत्री हेलेना का विवाह चंद्रगुप्त मौर्य से हुआ था।

83. निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्यकालीन पुरातात्विक स्थल, लकड़ी के कटघरा के अवशेषों से संबंधित है?

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-I

(a) मथुरा (b) तक्षशिला
(c) भीटा (d) बुलंदीबाग

Ans. (d) बुलंदीबाग

✦ बुलंदीबाग, पाटलिपुत्र के पुरातात्विक स्थल का एक क्षेत्र है।
✦ पटना के समीप बुलंदीबाग एवं कुम्हरार में की गई खुदाई में लकड़ी के विशाल भवनों के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
✦ बुलंदीबाग में मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के लकड़ी से निर्मित भव्य महल के भग्नावशेष खुदाई में प्राप्त हुए हैं।

84. मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक निम्नलिखित में से कौन था?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift II

(a) बृहद्रथ (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) अशोक (d) बिंदुसार

Ans. (a) बृहद्रथ

❐ वर्ष 185 ई.पू. में **अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ** की हत्या उसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने की, जिसके बाद 'शुंग वंश' की स्थापना हुई थी।

85. निम्नलिखित में से कौन, मौर्य साम्राज्य का दूसरा शासक था?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift III

(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) अशोक

Ans. (b) बिंदुसार

❐ मौर्य साम्राज्य के शासनकाल की अवधि: **(322-185 ई.पू.)**
❐ चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल की अवधि: **(322-298 ई.पू.)**
❐ बिंदुसार के शासनकाल की अवधि: **(298-273 ई.पू.)**

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❑ अशोक के शासनकाल की अवधि: (273-232 ई.पू.)
नोटः- अशोक का वास्तविक राज्याभिषेक 269 ई.पू. में हुआ था।

86. अशोक के धम्म में भगवान की पूजा या बलिदान का प्रदर्शन ....।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift II

(a) शामिल नहीं था।
(b) मुख्य रूप से शामिल है।
(c) जैसे एक निश्चित रूप का समर्थन किया जाता है।
(d) के एक भाग के रूप में शामिल है।

Ans. (a) शामिल नहीं था।

❑ मौर्य सम्राट अशोक ने अपनी प्रजा के नैतिक उत्थान हेतु जिन नियमों की संहिता प्रस्तुत की, उसको अशोक के अभिलेख में **'धम्म'** कहा गया है।
❑ अशोक की धम्म नीति का मूल सिद्धांत **'स्वनियंत्रण'** था।

87. निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्य शासक चंद्रगुप्त मौर्य का पोता था?

SSC GD 01 Mar. 2024 Shift I

(a) बृहद्रथ (b) अशोक
(c) पुष्यमित्र शुंग (d) बिंदुसार

Ans. (b) अशोक

❑ अशोक बिंदुसार का पुत्र एवं चंद्रगुप्त मौर्य का पोता था तथा अशोक की माता का नाम सुभद्रांगी था।

88. .... साम्राज्य की स्थापना, 322/321 ईसा पूर्व में महान सम्राट चंद्रगुप्त द्वारा की गई थी।

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift II

(a) नंद (b) मौर्य
(c) पाल (d) मुगल

Ans. (b) मौर्य

प्रमुख वंश	संस्थापक
नंद	महापद्मनंद
पाल	गोपाल
मुगल	बाबर

89. अशोक के अधिकांश शिलालेख .... भाषा में थे और .... लिपि में लिखे गए।

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift III

(a) संस्कृत, खरोष्ठी (b) प्राकृत, ब्राह्मी
(c) पाली, खरोष्ठी (d) संस्कृत, ब्राह्मी

Ans. (b) प्राकृत, ब्राह्मी

❑ अशोक ने भारत में सर्वप्रथम शिलालेख का प्रचलन किया था।
❑ अशोक के समस्त अभिलेखों का विषय प्रशासनिक था (**रुम्मिनदेई अभिलेख को छोड़कर**)।
❑ अशोक के केवल दो अभिलेखों शाहबाजगढ़ी एवं मानसेहरा की लिपि खरोष्ठी है।

90. अशोक के शिलालेखों में मुख्यतः किस भाषा और लिपि का प्रयोग किया गया था?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-I

(a) संस्कृत और देवनागरी
(b) पाली और खरोष्ठी
(c) ग्रीक और लैटिन
(d) प्राकृत और ब्राह्मी

Ans. (d) प्राकृत और ब्राह्मी

✦ सम्राट अशोक के लघु शिलालेख, स्तंभ लेख (दीर्घ और लघु) तथा गुहालेखों की लिपि ब्राह्मी है।
✦ सम्राट अशोक के केवल दो अभिलेखों-शाहबाज़गढ़ी एवं मानसेहरा की लिपि खरोष्ठी है।
✦ वर्ष 1750 में टीफेंथैलर ने सर्वप्रथम दिल्ली में सम्राट अशोक के स्तंभ का पता लगाया था।
✦ वर्ष 1837 में सम्राट अशोक के अभिलेखों को सर्वप्रथम जेम्स प्रिंसेप ने पढ़ा था।

91. कौन-सा मौर्य भारतीय सम्राट अपने शिलालेखों और स्तंभों के लिए प्रसिद्ध है?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift I

(a) समुद्रगुप्त (b) कनिष्क
(c) हर्ष (d) अशोक

Ans. (d) अशोक

❑ मौर्य सम्राट अशोक के वृहद् शिलालेखों की संख्या 14 एवं दीर्घ स्तंभ लेखों की संख्या 7 है।

92. अशोक के अभिलेखों में कितने शिलालेख शामिल हैं?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-II

(a) 33 (b) 34
(c) 25 (d) 36

Ans. (a) 33

✦ भारत में शिलालेख का प्रचलन सर्वप्रथम सम्राट अशोक ने किया था।
✦ सम्राट अशोक के अभिलेख राज्यादेश के रूप में जारी किए गए थे।
✦ सम्राट अशोक प्रथम शासक था जिसने अभिलेखों के माध्यम से जनता को संबोधित किया था।
नोटः- सम्राट अशोक के वृहद् शिलालेखों की संख्या 14 है।

93. मौर्य साम्राज्य के चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु कौन थे?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift II

(a) मेगस्थनीज (b) कौटिल्य
(c) कनिष्क (d) हर्षवर्द्धन

Ans. (b) कौटिल्य

❑ मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु कौटिल्य थे। इनका अन्य नाम चाणक्य/विष्णुगुप्त भी था।

94. मौर्य साम्राज्य के सम्राट अशोक .... के अनुयायी थे।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift III

(a) जैन धर्म (b) इस्लाम धर्म
(c) सिख धर्म (d) बौद्ध धर्म

Ans. (d) बौद्ध धर्म

मौर्य सम्राट अशोक से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
❑ अशोक का राज्याभिषेक **वर्ष 269 ई.पू.** में हुआ था।
❑ अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 8वें वर्ष (**261 ई.पू.**) में कलिंग पर आक्रमण किया था।
❑ अशोक को **'देवानांपिय पियदस्सी (देवताओं का प्रिय)'** उपनाम से भी जाना जाता है।
❑ अशोक को बौद्ध धर्म की दीक्षा **'उपगुप्त'** नामक बौद्ध भिक्षु ने दी थी।

95. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना 322 ईसा पूर्व में हुई थी और इसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी जिसे अब .... के नाम से जाना जाता है।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift III

(a) दिल्ली (b) पटियाला
(c) पणजी (d) पटना

Ans. (d) पटना

96. वह अंतिम मौर्य राजा कौन था, जिसकी हत्या उसके प्रधान सेनापति ने की थी, जिसके परिणामस्वरूप शुंग वंश की स्थापना हुई?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-II

(a) दशरथ (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) संप्रति

Ans. (c) बृहद्रथ

✦ पुष्यमित्र शुंग मौर्य वंश के अंतिम राजा बृहद्रथ का सेनापति था।
✦ पुष्यमित्र शुंग ने 185 ई.पू. में अंतिम मौर्य राजा बृहद्रथ की हत्या करके 'शुंग वंश' की स्थापना की थी।

97. निम्नलिखित में से किस मौर्य शासक ने बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार का बीड़ा उठाया था?

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift II

(a) बिंदुसार (b) अशोक
(c) देववर्मन (d) संप्रति

Ans. (b) अशोक

❑ अशोक बौद्ध धर्म का अनुयायी था। बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए अशोक ने धर्म प्रचारक अन्य स्थानों पर भेजे थे।

अशोक द्वारा भेजे गए प्रमुख धर्म प्रचारक:

धर्म प्रचारक/नाम	स्थान
महाधर्मरक्षित	महाराष्ट्र
महेंद्र एवं संघमित्रा	श्रीलंका
महारक्षित	यवन देश
सोना एवं उत्तरा	सुवर्ण भूमि
मज्झिम	हिमालयवर्ती देश

98. अशोक ने अपने शिलालेख में उल्लेख किया है कि उसने राजा बनने के .... बाद कलिंग पर विजय प्राप्त की थी।

SearchOnTG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift II

(a) सात वर्ष (b) दस वर्ष
(c) नौ वर्ष (d) आठ वर्ष

Ans. (d) आठ वर्ष

❒ अशोक के 13वें शिलालेख से कलिंग युद्ध के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 8वें वर्ष लगभग 261 ई.पू. में कलिंग पर आक्रमण करके विजय प्राप्त की थी।

99. निम्नलिखित मौर्य सम्राटों में से किसे 'पियदस्सी' के नाम से जाना जाता था?

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift II

(a) दशरथ (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) अशोक

Ans. (d) अशोक

❒ अशोक को सामान्यत: उसके अभिलेखों में **'देवानांपिय पियदस्सी'** के नाम से जाना जाता था।

100. निम्नलिखित में से किस राजा के शासनकाल में सांची का महान स्तूप बनाया गया था?

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift III

(a) अशोक (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) चंद्रगुप्त

Ans. (a) अशोक

❒ सांची का स्तूप रायसेन (मध्य प्रदेश) में स्थित है।
❒ वर्ष 1989 में सांची के स्तूप को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

101. मौर्य शासक अशोक की मृत्यु कब हुई थी?

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift I

(a) 250 ई.पू. (b) 249 ई.पू.
(c) 245 ई.पू. (d) 232 ई.पू.

Ans. (d) 232 ई.पू.

❒ मौर्य शासक अशोक की मृत्यु वर्ष 232 ई.पू. में हुई थी।

102. मौर्य साम्राज्य के किस सम्राट ने युद्ध जीतने के बाद विजय का त्याग कर दिया था?

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift IV

(a) अशोक (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) बिंदुसार (d) दशरथ

Ans. (a) अशोक

❒ अशोक ने कलिंग युद्ध में हुए नरसंहार से विचलित होकर युद्ध की नीति का त्याग कर दिया था।

103. निम्नलिखित यूनानी शासकों में से किसने मेगस्थनीज को चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था?

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift I

(a) अमीनटास तृतीय
(b) फिलिप द्वितीय
(c) सेल्यूकस निकेटर
(d) अमीनटास द्वितीय

Ans. (c) सेल्यूकस निकेटर

❒ मेगस्थनीज ने 'इंडिका' लिखी जिससे मौर्य इतिहास की जानकारी प्राप्त होती है।
❒ चंद्रगुप्त मौर्य ने सेल्यूकस निकेटर (यूनानी शासक) को पराजित किया था।
❒ सेल्यूकस निकेटर ने अपने राजदूत मेगस्थनीज को चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था।

104. मौर्य राजधानी पाटलिपुत्र की यात्रा करने वाला यूनानी दूत निम्नलिखित में से कौन था, जिसका वृत्तांत मौर्य काल का एक प्रमुख स्रोत है?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III

(a) प्लिनी (b) हेरोडोटस
(c) मेगस्थनीज (d) एरियन

Ans. (c) मेगस्थनीज

✦ मेगस्थनीज ने अपने भारत प्रवास के दौरान 'इंडिका' नामक ग्रंथ लिखा था।
✦ मेगस्थनीज ने भारतीय समाज को सात जातियों में विभाजित किया था– **1.** दार्शनिक **2.** किसान **3.** अहीर **4.** शिल्पीकार एवं कारीगर **5.** सैनिक (योद्धा) **6.** निरीक्षक **7.** सभासद

105. किस यूनानी राजदूत ने चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार की अपनी यात्रा के दौरान अपने अवलोकनों को लिपिबद्ध किया?

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-II

(a) प्लिनी द एल्डर (b) हेरोडोटस
(c) मेगस्थनीज (d) टॉलेमी

Ans. (c) मेगस्थनीज

✦ यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर ने अपने राजदूत मेगस्थनीज को मौर्य शासक चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था। मेगस्थनीज ने मौर्य दरबार में काफी समय व्यतीत किया था।

106. भारत में शुंग वंश के संस्थापक कौन थे?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift II

(a) देवभूति (b) पुष्यमित्र
(c) कण्व (d) वसुमित्र

Ans. (b) पुष्यमित्र

शुंग वंश से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
❒ शुंग वंश का संस्थापक: पुष्यमित्र शुंग
❒ शुंग वंश का अंतिम शासक: देवभूति
❒ शुंग वंश के शासनकाल की अवधि: (वर्ष 185–75 ई.पू.)

107. अंतिम शुंग शासक की हत्या उसके मंत्री ने किस शताब्दी में की थी?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I

(a) तीसरी शताब्दी ई.पू.
(b) दूसरी शताब्दी ई.पू.
(c) पहली शताब्दी ई.
(d) पहली शताब्दी ई.पू.

Ans. (d) पहली शताब्दी ई.पू.

✦ शुंग वंश का अंतिम शासक देवभूति था। इसकी हत्या लगभग 75 ई.पू. (पहली शताब्दी ई.पू.) में इसके मंत्री वासुदेव ने कर दी और मगध पर एक नए राजवंश कण्व वंश की स्थापना की थी।
✦ शुंग वंश का संस्थापक पुष्यमित्र शुंग था।

108. कौन-सा राजवंश मौर्य साम्राज्य का उत्तराधिकारी बना?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-III

(a) शुंग (b) कुषाण
(c) गुप्त (d) कण्व

Ans. (a) शुंग

✦ पुष्यमित्र शुंग ने 185 ई.पू. में अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या करके शुंग वंश की स्थापना की थी।
✦ शुंग वंश ने लगभग 110 वर्षों तक शासन किया था।

109. अंतिम शुंग शासक की मृत्यु के बाद कण्व वंश की स्थापना किसने की?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II

(a) मिनांडर (b) पुष्यमित्र
(c) वासुदेव (d) डेमेट्रियस

Ans. (c) वासुदेव

✦ शुंग वंश के अंतिम शासक देवभूति की हत्या लगभग 75 ई.पू. में इसके मंत्री वासुदेव ने करके कण्व वंश की नींव डाली थी।
✦ कण्वों ने लगभग 45 वर्षों तक शासन किया था।
✦ कण्व वंश के अंतर्गत केवल 4 शासक हुए:– **1.** वासुदेव **2.** भूमिमित्र **3.** नारायण **4.** सुशर्मन

110. निम्नलिखित में से किसने 322 ईसा पूर्व में मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-II

(a) संप्रति मौर्य (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) दशरथ मौर्य (d) शालिसुक मौर्य

Ans. (b) चंद्रगुप्त मौर्य

✦ मौर्य साम्राज्य की स्थापना 322 ई.पू. में चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य की सहायता से नंद वंश के अंतिम शासक धनानंद को पराजित करके की थी।

111. भारत में सातवाहन वंश का संस्थापक निम्नलिखित में से कौन-था?

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift III

(a) पुष्यमित्र शुंग (b) सिमुक
(c) मिनाण्डर (d) चंद्रगुप्त द्वितीय

Ans. (b) सिमुक

सातवाहन वंश से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
❒ सातवाहन वंश का संस्थापक सिमुक था।
❒ सातवाहन वंश की राजधानी पैठान/प्रतिष्ठान थी।
❒ सातवाहन वंश की राजकीय भाषा प्राकृत थी।

112. सातवाहन .... भारत में एक शक्तिशाली राजवंश था।

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift IV

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) पूर्वी (b) पश्चिम
(c) उत्तरी (d) दक्षिण

Ans. (d) दक्षिण

सातवाहन वंश से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- संस्थापक: सिमुक
- सातवाहन वंश का प्रथम यशस्वी शासक: शातकर्णी प्रथम
- सातवाहन वंश का सबसे महान शासक: गौतमीपुत्र शातकर्णी
- सातवाहन वंश शासित मुख्य क्षेत्र: महाराष्ट्र, आंध्र एवं कर्नाटक (दक्षिण भारत के क्षेत्र)

113. भारतीय स्रोतों में किस ईरानी मूल के समूह को शक-पहलव के नाम से जाना जाता था?

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-I

(a) पार्थियन (b) इंडो-यूनानी
(c) कुषाण (d) शक

Ans. (a) पार्थियन
- पार्थियन लोगों का मूल निवास स्थान ईरान था।
- पश्चिमोत्तर भारत में शकों के आधिपत्य के बाद पार्थियन लोगों का आधिपत्य हुआ।
- भारत में पार्थियन साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक मिथ्रेडेट्स प्रथम (171-130 ई.पू.) था।

114. पहली शताब्दी ईसा पूर्व में उत्तर-पश्चिमी भारत में तक्षशिला के आस-पास किस समूह के लोग बस गए?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-I

(a) शक (b) कुषाण
(c) पार्थियन (d) इंडो-यूनानी

Ans. (b) कुषाण
- भारत में कुषाण वंश का संस्थापक कुजुल कडफिसस था।
- कनिष्क कुषाण वंश का महानतम शासक था।
- विम कडफिसस को भारत में कुषाण शक्ति का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। इसने सिंधु नदी पार करके तक्षशिला एवं पंजाब पर अपना अधिकार कर लिया था।

115. प्रसिद्ध शासक कनिष्क .... वंश के थे।

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift II

(a) हूण (b) कुषाण
(c) शुंग (d) शक

Ans. (b) कुषाण
- **कुषाण वंश के अन्य प्रमुख शासक:** विम कडफिसस, कुजुल कडफिसस, वासिष्क, हुविष्क, वासुदेव।

116. प्राचीन काल में, निम्नलिखित में से किसने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि 'मनुष्य के शरीर में 360 हड्डियाँ होती हैं?'

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II

(a) चरक (b) चाणक्य
(c) शूद्रक (d) पतंजलि

Ans. (a) चरक
- प्राचीन काल में, प्रसिद्ध चिकित्सक चरक ने अपनी पुस्तक 'चरक संहिता' में मनुष्य के शरीर में 360 हड्डियों का उल्लेख किया हैं।
- आयुर्वेद के आचार्य चरक, कुषाण वंश के महानतम शासक कनिष्क के दरबार में राजवैद्य थे।

117. मौर्यों के पतन से लेकर गुप्तों के उत्थान (दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से तीसरी शताब्दी ईस्वी) तक की अवधि को भारतीय इतिहास में .... के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift III

(a) उत्तर-मौर्य काल
(b) पूर्व ब्रिटिश काल
(c) पूर्व-मौर्य काल
(d) औद्योगीकरण

Ans. (a) उत्तर-मौर्य काल

118. वह सबसे प्रसिद्ध शक शासक कौन था जो गिरनार में अपने शिलालेख के लिए जाना जाता है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-III

(a) मिनांडर (b) डेमेट्रियस
(c) रूद्रदामन (d) रूद्रभूति

Ans. (c) रूद्रदामन
- शकों के सर्वाधिक प्रसिद्ध शासक रूद्रदामन प्रथम के विषय में गिरनार/जूनागढ़ अभिलेख से जानकारी प्राप्त होती है।
- रूद्रदामन प्रथम संस्कृत का बड़ा प्रेमी था। इसने ही विशुद्ध संस्कृत भाषा में गिरनार/जूनागढ़ अभिलेख जारी किया था।
- रूद्रदामन प्रथम ने सुदर्शन झील (गुजरात) का जीर्णोद्धार किया था।
- सुदर्शन झील का निर्माण मौर्य काल में हुआ था।

119. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने मौर्योत्तर काल में रेशम मार्ग को नियंत्रित किया था?

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift III

(a) शुंग (b) सातवाहन
(c) चेर (d) कुषाण

Ans. (d) कुषाण

कुषाण वंश से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- कुषाण वंश के संस्थापक: कुजुल कडफिसस
- कुषाण वंश का महानतम शासक: कनिष्क
- मूर्तिकला की मथुरा तथा गांधार शैली का जन्म कनिष्क के समय में हुआ था।
- कनिष्क ने सिल्क मार्ग (चीन से रोम जाने वाले) पर नियंत्रण किया था।

120. मौर्योत्तर काल में, ... वे पुरुष और महिलाएँ थे, जिनके पास जमीनें नहीं थी।

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift I

(a) गृहपति (b) ग्राम भोजक
(c) भूमिहार (d) दास कर्मकार

Ans. (d) दास कर्मकार

121. निम्नलिखित में से किस शासक ने शुंग वंश की स्थापना की थी?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift II

(a) वज्रमित्र (b) अग्निमित्र
(c) पुष्यमित्र (d) वसुमित्र

Ans. (c) पुष्यमित्र

शुंग वंश से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- संस्थापक: पुष्यमित्र शुंग
- स्थापना वर्ष: 185 ई.पू.
- अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ की हत्या करके पुष्यमित्र शुंग ने 'शुंग वंश' की स्थापना की थी।
- **शुंग वंश के अन्य प्रमुख शासक:** अग्निमित्र, वसुमित्र, वज्रमित्र तथा देवभूति आदि।

122. ....; जो कनिष्क के दरबार में रहते थे, ने बुद्ध की जीवनी, 'बुद्धचरित' की रचना की।

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift I

(a) मथार (b) संघरक्ष
(c) अश्वघोष (d) नागार्जुन

Ans. (c) अश्वघोष
- कनिष्क को 'द्वितीय अशोक' के नाम से भी जाना जाता है।
- कनिष्क के दरबार में अश्वघोष, नागार्जुन, वसुमित्र, चरक तथा पार्श्व जैसे विद्वान रहते थे।

123. गांधार कला शैली (स्कूल ऑफ आर्ट) किस राजवंश के तहत विकसित हुई।

SSC GD 18 Feb. 2019 Shift II

(a) कुषाण (b) मौर्य
(c) चोल (d) नंद

Ans. (a) कुषाण
- कुषाण वंश के महानतम शासक कनिष्क के शासनकाल में कला से संबंधित दो स्वतंत्र शैलियों का विकास हुआ था जोकि निम्नलिखित है-
  1. गांधार कला शैली
  2. मथुरा कला शैली

124. निम्नलिखित में से कौन चंद्रगुप्त प्रथम की पत्नी है?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift IV

(a) कुमारीकान्या (b) कन्याकुमारी
(c) कुमारदेवी (d) कन्यादेवी

Ans. (c) कुमारदेवी

चंद्रगुप्त प्रथम से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- गुप्त वंश का शक्तिशाली शासक।
- गुप्त वंश का वास्तविक संस्थापक।
- 'महाराजाधिराज' की उपाधि से विभूषित।
- 'गुप्त संवत्' का प्रारंभकर्ता।
- लिच्छवी राज्य की राजकुमारी कुमारदेवी के साथ विवाहित।

125. निम्नलिखित में से किस गुप्त शासक ने पश्चिमी क्षेत्रों में शकों को पराजित करके 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की थी?

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 01 Mar. 2024 Shift II

- नवाब सलीमुल्लाह खान अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के संस्थापक अध्यक्ष एवं आगा खान प्रथम स्थायी अध्यक्ष थे।

नोट:- वर्ष 1908 में मुस्लिम लीग ने अमृतसर अधिवेशन में मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचक मंडल की माँग की, जोकि 1909 के मार्ले-मिंटो सुधारों के द्वारा प्रदान की गई।

249. बंगाल का विभाजन किस ब्रिटिश अधिकारी द्वारा लागू किया गया था?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-I

(a) लॉर्ड माउंटबेटन (b) लॉर्ड मिंटो
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड कर्जन

Ans. (d) लॉर्ड कर्जन

- भारत के तत्कालीन वायसराय, लॉर्ड कर्जन ने 20 जुलाई, 1905 को बंगाल विभाजन की घोषणा की और यह घोषणा 16 अक्टूबर, 1905 से प्रभावी हुई थी।
- 16 अक्टूबर, 1905 को लोगों ने बंगाल विभाजन के विरोध में 'शोक दिवस' मनाया था।

नोट:- कुछ स्रोतों में बंगाल विभाजन की घोषणा की तिथि **19 जुलाई, 1905** दी गई है।

250. 1905 में बंगाल विभाजन के लिए कौन-सा ब्रिटिश अधिकारी उत्तरदायी था?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड मिंटो
(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड लिटन

Ans. (c) लॉर्ड कर्जन

लॉर्ड कर्जन से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:-
- भारत का सबसे अलोकप्रिय वायसराय।
- विश्वविद्यालय आयोग की स्थापना हुई।
- विश्वविद्यालय सुधार अधिनियम (1904) पारित हुआ।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम (1904) से संबंधित।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की स्थापना हुई।
- पूसा में एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट की स्थापना हुई।
- सिंचाई आयोग की नियुक्ति से संबंधित।
- पुलिस आयोग के गठन से संबंधित।

251. किस घटना के फलस्वरूप, 1906 में मुस्लिम लीग का गठन किया गया?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-II

(a) शिमला प्रतिनिधि-मंडल
(b) मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार
(c) बंगाल का विभाजन
(d) भारतीय परिषद् अधिनियम

Ans. (c) बंगाल का विभाजन

- बंगाल विभाजन (1905) के फलस्वरूप, अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन 30 दिसंबर, 1906 को ढाका में किया गया था।

252. केंद्र में अंतरिम सरकार का गठन निम्नलिखित में से किस वर्ष में हुआ था?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift III

(a) 1936 (b) 1926
(c) 1946 (d) 1916

Ans. (c) 1946

❒ लॉर्ड वेवेल ने पं. जवाहरलाल नेहरू को 24 अगस्त, 1946 को अंतरिम सरकार के गठन के लिये निमंत्रण दिया था। 2 सितंबर, 1946 को पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में अंतरिम सरकार ने शपथ ली थी।

253. .... ने 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

(a) डॉ. आत्माराम पांडुरंग
(b) ज्योतिराव फुले
(c) देवेंद्रनाथ टैगोर
(d) महादेव गोविंद रानाडे

Ans. (b) ज्योतिराव फुले

सभा/संस्था/संगठन	संस्थापक	स्थापना वर्ष/स्थान
प्रार्थना समाज	डॉ. आत्माराम पांडुरंग	1867/ महाराष्ट्र
पूना सार्वजनिक सभा	महादेव गोविंद रानाडे	1870/ महाराष्ट्र
तत्वबोधिनी सभा	देवेंद्रनाथ टैगोर	1839/ कलकत्ता

नोट:-
- केशव चंद्र सेन 'प्रार्थना समाज' की स्थापना के प्रेरणास्रोत थे।
- 'प्रार्थना समाज' को प्रसिद्धि दिलाने का श्रेय महादेव गोविंद रानाडे को जाता है।

254. महाराष्ट्र में सामाजिक सुधार को प्रेरित करने वाले प्रार्थना समाज के संस्थापक कौन थे?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II

(a) दादाभाई नौरोजी (b) आत्माराम पांडुरंग
(c) केशव चंद्र सेन (d) गोपालकृष्ण गोखले

Ans. (b) आत्माराम पांडुरंग

- रहनुमाई मजदयास्नन सभा (1851):- दादाभाई नौरोजी
- भारतवर्षीय ब्रह्म समाज/नव विधान ब्रह्म समाज (1866):- केशव चंद्र सेन
- द सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी (1905):- गोपालकृष्ण गोखले

255. बंगाल में सुधारवादी आंदोलन, तत्वबोधिनी सभा के संस्थापक कौन थे?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-III

(a) देवेंद्रनाथ टैगोर
(b) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(c) केशव चंद्र सेन
(d) स्वामी विवेकानंद

Ans. (a) देवेंद्रनाथ टैगोर

- तत्वबोधिनी सभा की स्थापना वर्ष 1839 में **'देवेंद्रनाथ टैगोर'** द्वारा कलकत्ता में की गई थी।
- तत्वबोधिनी सभा का मुख्य पत्र **'तत्वबोधिनी पत्रिका'** था।

256. वेद समाज की स्थापना .... में हुई थी।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift I

(a) मद्रास (b) पंजाब
(c) बंबई (d) कलकत्ता

Ans. (a) मद्रास

❒ वेद समाज ब्रह्म समाज से प्रेरित था। इसकी स्थापना वर्ष 1864 में मद्रास में हुई थी।

257. निम्नलिखित में से किस संगठन की शुरुआत पंडिता रमाबाई सरस्वती द्वारा 1882 में की गई?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-II

(a) आर्य महिला समाज
(b) महिला आत्मरक्षा समिति
(c) भारतीय महिला संघ
(d) तत्वबोधिनी सभा

Ans. (a) आर्य महिला समाज

- तत्वबोधिनी सभा (1839):- देवेंद्रनाथ टैगोर
- आर्य महिला समाज (1882):- पंडिता रमाबाई सरस्वती

258. 1876 में स्थापित इंडियन एसोसिएशन की स्थापना किसने की थी?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-III

(a) लाला लाजपत राय और चितरंजन दास
(b) बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल
(c) सुरेंद्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस
(d) महात्मा गाँधी और जवाहरलाल नेहरू

Ans. (c) सुरेंद्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस

इंडियन एसोसिएशन (भारत संघ):-
- इंडियन लीग के स्थान पर स्थापित।
- स्थापना वर्ष:- 1876
- स्थान:- अल्बर्ट हॉल (कलकत्ता)
- संस्थापक:- सुरेंद्रनाथ बनर्जी
- सचिव:- आनंद मोहन बोस

259. महालवाड़ी बंदोबस्त की व्यवस्था .... द्वारा तैयार की गई थी।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift II

(a) रिचर्ड वेलेस्ली (b) थॉमस मुनरो
(c) हॉल्ट मैकेंजी (d) अलेक्जेंडर रीड

Ans. (c) हॉल्ट मैकेंजी

महालवाड़ी बंदोबस्त से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
❒ 'महाल' से आशय 'गाँव' से है।
❒ महालवाड़ी बंदोबस्त के अंतर्गत गाँव के मुखिया से सरकार का लगान वसूली का समझौता होता था।
❒ हॉल्ट मैकेंजी ने महालवाड़ी बंदोबस्त का सूत्रपात किया था।
❒ महालवाड़ी व्यवस्था के अंतर्गत ब्रिटिश भारत की भूमि का 30 प्रतिशत भाग सम्मिलित था।
❒ थॉमस मुनरो एवं कैप्टन अलेक्जेंडर रीड का संबंध रैयतवाड़ी व्यवस्था से है।

260. भारत में स्थायी बंदोबस्त की नीति .... में शुरू की गई थी।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift III

(a) 1793 (b) 1773
(c) 1763 (d) 1783

Ans. (a) 1793

❒ भारत में सर्वप्रथम बंगाल प्रांत में स्थायी बंदोबस्त की नीति वर्ष 1793 में लॉर्ड कॉर्नवालिस ने लागू की थी।

261. कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच लखनऊ समझौते पर हस्ताक्षर किस वर्ष किए गए थे?

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift IV

(a) 1916 (b) 1926
(c) 1936 (d) 1906

Ans. (a) 1916

❒ लखनऊ समझौता (1916) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग के मध्य हुआ था।
❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्ष 1916 के लखनऊ अधिवेशन की अध्यक्षता अंबिका चरण मजूमदार ने की थी।
❒ वर्ष 1916 के लखनऊ अधिवेशन में उग्रवादियों की पुन: 9 वर्ष पश्चात् भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में वापसी हुई थी।

262. भारत में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम निम्नलिखित में से किस वर्ष में हुआ था?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift II

(a) 1657 (b) 1557
(c) 1757 (d) 1857

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (d) 1857

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- वर्ष 1857 की क्रांति के प्रमुख राजनीतिक कारण लॉर्ड वेलेजली की 'सहायक संधि' एवं लॉर्ड डलहौजी का 'व्यपगत सिद्धांत/राज्य हड़प नीति' थे।
- वर्ष 1857 की क्रांति की शुरुआत 10 मई, 1857 को मेरठ से हुई थी।

263. सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष .... में कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift III

(a) 1931 (b) 1935
(c) 1925 (d) 1921

Ans. (a) 1931

सरदार वल्लभभाई पटेल से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री।
- भारत के प्रथम गृह मंत्री।
- बारदोली सत्याग्रह (1928) के नेतृत्वकर्ता।
- 'भारत के लौह पुरुष' उपनाम से प्रसिद्ध।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्ष 1931 के कराची अधिवेशन के अध्यक्ष।
- वर्ष 1991 में मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित।

264. स्वामी दयानंद सरस्वती निम्नलिखित में से किस सुधार संघ के संस्थापक थे?

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift I

(a) आर्य समाज (b) ब्रह्म समाज
(c) प्रार्थना समाज (d) वेद समाज

Ans. (a) आर्य समाज

आर्य समाज से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- वर्ष 1875 में बंबई में स्थापित।
- वर्ष 1877 में मुख्यालय लाहौर में स्थापित।
- स्वामी दयानंद सरस्वती ने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया था।

265. स्वामी दयानंद सरस्वती के नेतृत्व में किस आंदोलन ने वेदों की शिक्षाओं की ओर लौटने का पक्ष-समर्थन किया?

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-II

(a) अलीगढ़ आंदोलन
(b) आर्य समाज
(c) प्रार्थना समाज
(d) ब्रह्म समाज

Ans. (b) आर्य समाज

- वर्ष 1875 में स्वामी दयानंद सरस्वती ने बंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी।
- वर्ष 1877 में आर्य समाज का मुख्यालय लाहौर में स्थापित किया गया था।
- स्वामी दयानंद सरस्वती ने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा देते हुए, वेदों को भारत का आधार स्तंभ बताया था।

266. बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार सोनार बांग्ला' निम्नलिखित में से किसने लिखा था?

SSC GD 28 Mar. 2024 Shift I

(a) स्वामी योगानंद परमहंस
(b) श्यामलाल गुप्ता
(c) रवींद्रनाथ टैगोर
(d) हसरत मोहानी

Ans. (c) रवींद्रनाथ टैगोर

प्रसिद्ध प्रमुख नारा	संबंधित व्यक्ति/नेता
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा	श्यामलाल गुप्ता 'पार्षद'
जन-गण-मन अधिनायक जय हे	रवींद्रनाथ टैगोर

नोट:- 'इंकलाब जिंदाबाद' नारे का प्रयोग/प्रचलन व्यापक रूप से सरदार भगत सिंह द्वारा किया गया था, लेकिन इसके मूल रचनाकार हसरत मोहानी थे।

267. औपनिवेशिक भारत में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुई थी?

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift IV

(a) लखनऊ (b) कलकत्ता
(c) सूरत (d) पूना

Ans. (b) कलकत्ता

- इंडियन एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1876 में सुरेंद्रनाथ बनर्जी एवं आनंद मोहन बोस ने अल्बर्ट हॉल (कलकत्ता) में की थी। **(संस्थापक: सुरेंद्रनाथ बनर्जी तथा सचिव: आनंद मोहन बोस)**

268. जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए कौन जिम्मेदार था?

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift III

(a) सत्यपाल (b) जनरल हंटर्स
(c) जनरल डायर (d) जनरल पैंटर्स

Ans. (c) जनरल डायर

269. 1885 में आयोजित कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift IV

(a) दिनशॉ वाचा
(b) एलन ऑक्टेवियन ह्यूम
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) व्योमेश चंद्र बनर्जी

Ans. (d) व्योमेश चंद्र बनर्जी

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष :बदरूद्दीन तैयबजी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम यूरोपीय अध्यक्ष :जॉर्ज यूले
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम पारसी अध्यक्ष :दादाभाई नौरोजी

270. ऊधम सिंह ने किसकी हत्या की थी?

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift IV

(a) जॉन साइमन (b) माइकल ओ डायर
(c) सिडनी रौलेट (d) रेजिनाल्ड डायर

Ans. (b) माइकल ओ डायर

- सरदार ऊधम सिंह ने वर्ष 1940 में माइकल ओ डायर की कैक्स्टन हॉल (लंदन) में गोली मारकर हत्या कर दी थी।
- सरदार ऊधम सिंह को 31 जुलाई, 1940 को पेंटनविले जेल (लंदन) में फाँसी दे दी गई थी।

271. 'वंदे मातरम्' गीत निम्नलिखित में से किस लेखक ने अपने एक उपन्यास में उद्धृत किया है?

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift I

(a) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
(b) वीर सिंह सलगांवकर
(c) मुरुगम पेरियार
(d) लाल माखन सिंह

Ans. (a) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

- आनन्द मठ (उपन्यास) बांग्ला भाषा में रचित है। इस उपन्यास की पृष्ठभूमि संन्यासी विद्रोह पर आधारित है।

272. दिसंबर 1929 में; .... की अध्यक्षता में, लाहौर में 'पूर्ण स्वराज' की माँग को औपचारिक रूप दिया।

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift IV

(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) आसफ अली
(c) जगजीवन राम
(d) बलदेव सिंह

Ans. (a) जवाहरलाल नेहरू

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्ष 1929 के अधिवेशन से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन (1929) के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू थे। इस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित हुआ था।
- 31 दिसंबर, 1929 की मध्य रात्रि को जवाहरलाल नेहरू ने रावी नदी के तट पर तिरंगा फहराया था।

273. बक्सर का युद्ध .... में लड़ा गया था।

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift II

(a) 1757 (b) 1755
(c) 1760 (d) 1764

Ans. (d) 1764

बक्सर के युद्ध से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- **बक्सर का युद्ध:** अक्टूबर 1764 में अंग्रेजों की सेना एवं मीर कासिम के मध्य।
- बक्सर के युद्ध में अंग्रेजों की सेना के नेतृत्वकर्ता हेक्टर मुनरो थे।
- बक्सर के युद्ध में मीर कासिम, शुजाउद्दौला एवं

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

शाहआलम द्वितीय के नेतृत्व वाली संयुक्त सेना की पराजय हुई थी।
- बक्सर के युद्ध में विजय के पश्चात् बंगाल में अंग्रेजी सत्ता के प्रभुत्व की स्थापना हुई थी।

274. वे 1893 में शिकागो में हुई विश्व धर्म संसद में दिए गए उनके भाषण के लिए लोकप्रिय हैं। यहाँ 'वे' किसे कहा जा रहा है?
SSC GD 7 Feb. 2023 Shift I
(a) केशव चंद्र सेन
(b) स्वामी दयानंद सरस्वती
(c) महात्मा गाँधी
(d) स्वामी विवेकानंद
Ans. (d) स्वामी विवेकानंद

275. असहयोग आंदोलन के प्रस्ताव की पुष्टि दिसंबर 1920 में .... में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में की गई थी।
SSC GD 6 Feb. 2023 Shift IV
(a) भोपाल (b) नागपुर
(c) सूरत (d) मद्रास
Ans. (b) नागपुर
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता विजय राघवाचारी ने की थी।

276. डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा दलित वर्ग संघ की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
SSC GD 5 Feb. 2023 Shift I
(a) 1932 (b) 1926
(c) 1928 (d) 1930
Ans. (d) 1930

डॉ. बी.आर. अंबेडकर से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने वर्ष 1930 में अखिल भारतीय दलित वर्ग संघ की स्थापना की थी।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने बहिष्कृत भारत समाचार पत्र का प्रारंभ किया था।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने वर्ष 1936 में दलित वर्गों के हितों की रक्षा हेतु इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी का गठन किया था।

277. 1919 में, गाँधी जी ने .... के विरोध में सत्याग्रह का आह्वान किया था।
SSC GD 2 Feb. 2023 Shift II
(a) भारतीय परिषद् अधिनियम
(b) पिट्स इंडिया एक्ट
(c) रौलेट एक्ट
(d) रेग्युलेटिंग एक्ट
Ans. (c) रौलेट एक्ट

278. सितंबर 1948 में, भारतीय सेना ने अपने हस्तक्षेप द्वारा किस रियासत पर अधिकार स्थापित कर लिया था?
SSC GD 1 Feb. 2023 Shift IV
(a) त्रिपुरा (b) असम
(c) हैदराबाद (d) उत्तर प्रदेश
Ans. (c) हैदराबाद
- हैदराबाद भारत की सबसे बड़ी रियासत थी। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन पोलो' या 'कैटरपिलर' के माध्यम से हैदराबाद रियासत का भारत में विलय किया था।

279. 1866 में, लंदन ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?
SSC GD 1 Feb. 2023 Shift II
(a) राजा राममोहन राय
(b) सत्येंद्र नाथ टैगोर
(c) सैयद अहमद खान
(d) दादाभाई नौरोजी
Ans. (d) दादाभाई नौरोजी

280. इस्लामी संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए गए देवबंद आंदोलन का प्रमुख नेता कौन था?
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-III
(a) मोहम्मद कासिम नानौतवी
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) शाह वलीउल्लाह
(d) सैय्यद अहमद खान
Ans. (a) मोहम्मद कासिम नानौतवी
- वर्ष 1866 में मोहम्मद कासिम नानौतवी एवं रशीद अहमद गंगोही ने उत्तर प्रदेश के देवबंद (सहारनपुर) में इस्लामी मदरसे की स्थापना की थी।
- देवबंद आंदोलन एक पुनरुद्धार आंदोलन था।
- देवबंद आंदोलन अलीगढ़ आंदोलन के विपरीत विचारधारा का था।

281. भारत में मुसलमानों के लिए शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए अलीगढ़ आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?
SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II
(a) मोहम्मद अली जिन्ना
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) शौकत अली
(d) सैय्यद अहमद खान
Ans. (d) सैय्यद अहमद खान
- अलीगढ़ आंदोलन के संस्थापक:- सर सैय्यद अहमद खान
- अलीगढ़ आंदोलन भारत में मुसलमानों के पुनरूत्थान हेतु उत्तरदायी आंदोलन था।
- इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश सरकार से संबंध सुधारना तथा मुसलमानों में आधुनिक शिक्षा का प्रचार करना था।

282. 1919 में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख घटना घटी थी?
SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III
(a) बंगाल विभाजन
(b) जलियांवाला बाग हत्याकांड
(c) चंपारण आंदोलन
(d) असहयोग आंदोलन
Ans. (b) जलियांवाला बाग हत्याकांड

महत्त्वपूर्ण घटनाएँ	घटित अवधि
बंगाल विभाजन	वर्ष 1905
चंपारण आंदोलन	वर्ष 1917
जलियांवाला बाग हत्याकांड	वर्ष 1919
असहयोग आंदोलन	वर्ष 1920-22

283. .... और .... ने काउंसिल राजनीति को वापस लेने के लिए कांग्रेस के तहत स्वराज पार्टी का गठन किया।
SSC GD 31 Jan. 2023 Shift II
(a) चितरंजन दास और मोतीलाल नेहरू
(b) चितरंजन दास और जवाहरलाल नेहरू
(c) लोकमान्य तिलक और मोतीलाल नेहरू
(d) लोकमान्य तिलक और जवाहरलाल नेहरू
Ans. (a) चितरंजन दास और मोतीलाल नेहरू

स्वराज पार्टी से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- स्थापना: वर्ष 1923 में इलाहाबाद में।
- अन्य नाम: कांग्रेस खिलाफत स्वराज पार्टी
- अध्यक्ष: चितरंजन दास
- महासचिव: मोतीलाल नेहरू

284. प्रार्थना समाज की स्थापना .... में बंबई में हुई थी।
SSC GD 30 Jan. 2023 Shift II
(a) 1865 (b) 1867
(c) 1871 (d) 1869
Ans. (b) 1867

285. निम्नलिखित में से किसने अभिनव भारत मंदिर (यंग इंडिया सोसायटी) की स्थापना की?
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-I
(a) बी.आर. अंबेडकर और सी. राजगोपालाचारी
(b) विनायक दामोदर सावरकर और गणेश दामोदर सावरकर
(c) अरबिंदो घोष और दादाभाई नौरोजी
(d) मोतीलाल नेहरू और सी.आर. दास
Ans. (b) विनायक दामोदर सावरकर और गणेश दामोदर सावरकर
- मित्र मेला, क्रांतिकारियों का एक महत्त्वपूर्ण गुप्त संगठन था, जिसकी स्थापना विनायक दामोदर सावरकर और गणेश दामोदर सावरकर ने वर्ष 1899 में नासिक (महाराष्ट्र) में की थी।
- कालांतर में वर्ष 1904 में इस संगठन का नाम परिवर्तित करके अभिनव भारत मंदिर (यंग इंडिया सोसायटी) कर दिया गया था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

286. महात्मा गाँधी जनवरी .... में भारत लौटे।
SSC GD 30 Jan. 2023 Shift II
(a) 1919 (b) 1915
(c) 1911 (d) 1917
Ans. (b) 1915

महात्मा गाँधी से संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- जन्म: 2 अक्टूबर, 1869 को पोरबंदर (गुजरात) में।
- फीनिक्स आश्रम की स्थापना की।
- 'हिंद स्वराज' पुस्तक के लेखक।
- महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे।

287. किसने इस बात की वकालत की थी कि भारत वास्तव में तभी स्वतंत्र होगा जब इसके सबसे गरीब लोग मानवीय पीड़ा से मुक्त होंगे?
SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-I
(a) महात्मा गाँधी
(b) इंदिरा गाँधी
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) सुभाष चंद्र बोस
Ans. (a) महात्मा गाँधी

- **महात्मा गाँधी** का मानना था कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं है और भारत की सच्ची स्वतंत्रता गरीबी उन्मूलन एवं समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के उत्थान में निहित है। इन्होंने सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए सामाजिक तथा आर्थिक असमानताओं को दूर करने के महत्त्व पर जोर दिया था।

288. .... में; ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ प्रथम से एक चार्टर प्राप्त किया, जिससे इसे पूरब के साथ व्यापार करने का एकाधिकार मिल गया।
SSC GD 30 Jan. 2023 Shift I
(a) 1615 (b) 1610
(c) 1624 (d) 1600
Ans. (d) 1600

- 31 दिसंबर, 1600 को महारानी एलिजाबेथ प्रथम ने एक शाही फरमान जारी किया, जिससे कंपनी कंपनी को प्रारंभ में 15 वर्ष के लिए पूर्वी देशों से व्यापार करने का एकाधिकार पत्र प्राप्त हुआ।

289. कुख्यात जलियांवाला बाग की घटना कब हुई थी?
SSC GD 27 Jan. 2023 Shift IV
(a) 13 अप्रैल, 1919
(b) 13 अप्रैल, 1920
(c) 13 अप्रैल, 1918
(d) 11 अप्रैल, 1919
Ans. (a) 13 अप्रैल, 1919

290. मोहम्मद अली जिन्ना, मदन मोहन मालवीय और मजहर उल हक ने शाही विधान परिषद् से त्यागपत्र क्यों दिया?
SSC GD 27 Jan. 2023 Shift III
(a) रौलेट एक्ट के खिलाफ विरोध करने के लिए
(b) साइमन कमीशन का समर्थन करने के लिए
(c) साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध करने के लिए
(d) रौलेट एक्ट का समर्थन करने के लिए
Ans. (a) रौलेट एक्ट के खिलाफ विरोध करने के लिए

291. उन्होंने मातृभूमि के लिए 'वंदे मातरम्' गीत की रचना की थी। यहाँ 'उन्होंने' किसे कहा जा रहा है?
SSC GD 27 Jan. 2023 Shift II
(a) अरबिंदो घोष
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
(d) रवींद्रनाथ टैगोर
Ans. (c) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

- 'वंदे मातरम्' भारत का राष्ट्रीय गीत है।
- प्रथम बार 'वंदे मातरम्' गीत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्ष 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता रहीमतुल्ला एम. सयानी ने की थी।

292. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा लिखी गई थी?
SSC GD 27 Jan. 2023 Shift I
(a) काबुलीवाला (b) स्ट्रे बर्ड्स
(c) सत्यार्थ प्रकाश (d) गीतांजलि
Ans. (c) सत्यार्थ प्रकाश

प्रमुख पुस्तक	लेखक
काबुलीवाला	रवींद्रनाथ टैगोर
गीतांजलि	रवींद्रनाथ टैगोर
स्ट्रे बर्ड्स	रवींद्रनाथ टैगोर

293. निम्नलिखित में से कौन-से सत्याग्रह का डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने नेतृत्व किया था?
SSC GD 25 Jan. 2023 Shift IV
(a) व्यक्तिगत सत्याग्रह
(b) कानपुर सत्याग्रह
(c) महाड़ सत्याग्रह
(d) खेड़ा सत्याग्रह
Ans. (c) महाड़ सत्याग्रह

294. चौरी-चौरा की घटना किस आंदोलन के दौरान हुई थी?
SSC GD 25 Jan. 2023 Shift III
(a) चंपारण आंदोलन
(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(c) असहयोग आंदोलन
(d) भारत छोड़ो आंदोलन
Ans. (c) असहयोग आंदोलन

महत्त्वपूर्ण घटनाएँ	घटित अवधि
चंपारण आंदोलन	वर्ष 1917
असहयोग आंदोलन	वर्ष 1920-22
सविनय अवज्ञा आंदोलन	वर्ष 1930
भारत छोड़ो आंदोलन	वर्ष 1942

नोट:- चौरी-चौरा कांड फरवरी 1922 को गोरखपुर (संयुक्त प्रांत) में हुआ था। चौरी-चौरा कांड के फलस्वरूप 12 फरवरी, 1922 को असहयोग आंदोलन समाप्त हो गया था।

295. भीमराव रामजी अंबेडकर ने किस वर्ष महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया था?
SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I
(a) 1925 (b) 1927
(c) 1923 (d) 1918
Ans. (b) 1927

- वर्ष 1927 में भारत के महाराष्ट्र राज्य के महाड़ कस्बे में हुआ महाड़ सत्याग्रह भारतीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण क्षण है।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर के नेतृत्व में इस अहिंसक विरोध ने भारत में दलित समुदाय हेतु सामाजिक न्याय, समानता एवं नागरिक अधिकार प्राप्त करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया था।

296. बहिष्कृत हितकारिणी सभा (बहिष्कृतों के कल्याण हेतु संस्था) का संस्थापक निम्नलिखित में से कौन था?
SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-I
(a) डॉ. बी.आर. अंबेडकर
(b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(c) आत्माराम पांडुरंग
(d) रवींद्रनाथ टैगोर
Ans. (a) डॉ. बी.आर. अंबेडकर

प्रमुख संस्था/संगठन	संस्थापक/संबंधित व्यक्ति
प्रार्थना समाज (1867)	आत्माराम पांडुरंग
विश्व भारती (1921)	रवींद्रनाथ टैगोर
बहिष्कृत हितकारिणी सभा (1924)	डॉ. बी.आर. अंबेडकर

297. 1930 में दांडी नमक मार्च का नेतृत्व किसने किया?
SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III
(a) महात्मा गाँधी
(b) सरदार वल्लभभाई पटेल
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) राजेंद्र प्रसाद
Ans. (a) महात्मा गाँधी

- दांडी मार्च (1930) को नमक मार्च और दांडी सत्याग्रह के रूप में भी जाना जाता है।
- सुभाष चंद्र बोस ने दांडी मार्च की तुलना नेपोलियन के 'एल्बा से पेरिस की ओर किए

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

जाने वाले मार्च' एवं राजनीतिक सत्ता प्राप्ति हेतु मुसोलिनी के 'रोम मार्च' से की थी।
- 12 मार्च, 1930 को महात्मा गाँधी साबरमती आश्रम (अहमदाबाद) से अपने अनुयायियों के साथ निकलकर लगभग 240 मील लंबी पदयात्रा के पश्चात् 5 अप्रैल, 1930 को दांडी नामक स्थान पर पहुँचे थे; जहाँ इन्होंने 6 अप्रैल, 1930 को मुट्ठी भर नमक बनाकर नमक कानून को तोड़ा था।

298. पूना पैक्ट के परिणामस्वरूप हरिजन सेवक संघ की स्थापना कब हुई थी?

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift II

(a) 1938 (b) 1932
(c) 1936 (d) 1940

Ans. (b) 1932

पूना पैक्ट से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- **पूना पैक्ट:** सितंबर, 1932 (महात्मा गाँधी एवं डॉ. बी.आर. अंबेडकर के मध्य)
- पूना पैक्ट पर दलित प्रतिनिधि के रूप में डॉ. बी. आर. अंबेडकर ने और महात्मा गाँधी की तरफ से मदनमोहन मालवीय ने अपने हस्ताक्षर किए थे।
- महात्मा गाँधी ने 'हरिजन सेवक संघ' की स्थापना की थी।
- महात्मा गाँधी ने वर्ष 1932 में हरिजनों के कल्याण हेतु 'अखिल भारतीय छुआछूत विरोधी लीग' की स्थापना एवं 'हरिजन' साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन भी किया था।

299. 1930 के दशक के दौरान, लॉर्ड जेटलैंड ने भारत के संवैधानिक सुधारों से संबंधित निम्नलिखित में से किस घटना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III

(a) कैबिनेट मिशन योजना
(b) गोलमेज सम्मेलन
(c) भारत छोड़ो आंदोलन
(d) साइमन कमीशन

Ans. (b) गोलमेज सम्मेलन

प्रथम गोलमेज सम्मेलन:-
- आयोजन तिथि:- 12 नवंबर, 1930 से 19 जनवरी, 1931
- प्रथम गोलमेज सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भाग नहीं लिया था।
- इस सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रैम्से मैकडोनाल्ड थे।

द्वितीय गोलमेज सम्मेलन:-
- आयोजन तिथि:- 7 सितंबर, 1931 से 1 दिसंबर, 1931
- महात्मा गाँधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में इस सम्मेलन में भाग लिया था।

तृतीय गोलमेज सम्मेलन:-
- आयोजन तिथि:- 17 नवंबर, 1932 से 24 दिसंबर, 1932

300. ब्रिटिश सरकार ने तीसरे गोलमेज सम्मेलन की संस्तुतियों के आधार पर श्वेत-पत्र निम्नलिखित में से किस वर्ष प्रकाशित किया था?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-III

(a) 1931 (b) 1933
(c) 1934 (d) 1932

Ans. (b) 1933

तीसरा गोलमेज सम्मेलन:-
- आयोजन की तिथि:- 17 नवंबर, 1932 से 24 दिसंबर, 1932 **(लंदन में आयोजित)**
- तीसरे गोलमेज सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भाग नहीं लिया था।
- श्वेत-पत्र पर विचार हेतु लॉर्ड लिनलिथगो की अध्यक्षता में ब्रिटिश संसद की एक संयुक्त समिति गठित की गई थी।
- तीसरे गोलमेज सम्मेलन की समाप्ति के पश्चात् एक श्वेत-पत्र जारी किया गया था।
- तीसरे गोलमेज सम्मेलन में हुए वाद-विवाद के आधार पर मार्च 1933 में ब्रिटिश सरकार ने एक श्वेत-पत्र जारी किया था।

301. 1932 का 'पूना पैक्ट' किन दो नेताओं के बीच हुआ समझौता था?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-II

(a) गाँधी और जिन्ना
(b) नेहरू और जिन्ना
(c) गाँधी और अंबेडकर
(d) नेहरू और अंबेडकर

Ans. (c) गाँधी और अंबेडकर

- पूना पैक्ट:- सितंबर 1932
- पूना पैक्ट महात्मा गाँधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के मध्य हुआ था।
- पूना पैक्ट के अनुसार, दलितों हेतु पृथक् निर्वाचन व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया था।
- दलित वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में इस पैक्ट पर डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गाँधी की तरफ से मदनमोहन मालवीय ने हस्ताक्षर किए थे।

302. 1877 में, वायसराय लिटन ने .... को भारत की साम्राज्ञी के रूप में स्वीकार करने के लिए एक दरबार का आयोजन किया?

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift IV

(a) महारानी एलिजाबेथ
(b) महारानी एंजेलिया
(c) महारानी विक्टोरिया
(d) महारानी एलिजाबेथ II

Ans. (c) महारानी विक्टोरिया

- वर्ष 1877 में प्रथम दिल्ली दरबार का आयोजन लॉर्ड लिटन के समय हुआ था जिसमें ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया को **'कैसर-ए-हिंद'** की उपाधि प्रदान की गई थी।

303. निम्नलिखित में से कौन ब्रिटिश भारत में भारतीय सिविल सेवा में भर्ती होने वाले भारतीय थे?

SSC GD 10 Jan. 2023 Shift II

(a) सुरेंद्रनाथ बनर्जी
(b) रवींद्रनाथ टैगोर
(c) सत्येंद्रनाथ टैगोर
(d) रहीमतुल्ला एम. सयानी

Ans. (c) सत्येंद्रनाथ टैगोर

- सत्येंद्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1863-64 में ब्रिटिश भारत में भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

304. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift IV

(a) 1875 (b) 1865
(c) 1885 (d) 1895

Ans. (c) 1885

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक: एलन ऑक्टेवियन ह्यूम
- स्थापना तिथि/वर्ष: 28 दिसंबर, 1885
- प्रथम अधिवेशन (आयोजन स्थल): गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज, ग्वालिया टैंक (बंबई)
- प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष: डब्ल्यू.सी. बनर्जी
- प्रथम अधिवेशन में भाग लेने वाले सदस्यों की संख्या: 72
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय वायसराय लॉर्ड डफरिन था।

305. स्वामी दयानंद सरस्वती ने एक संगठन .... जिसने हिंदू धर्म में सुधार का प्रयास किया, की स्थापना की।

SSC GD 10 Jan. 2023 Shift III

(a) आदि हिंदू समाज
(b) वेदांत समाज
(c) आदि धर्म समाज
(d) आर्य समाज

Ans. (d) आर्य समाज

306. विधवा पुनर्विवाह का समर्थन करने वाले बंगाली समाज सुधारक और लेखक का नाम बताइए।

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift I

(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(c) बिपिन चंद्र पाल
(d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (b) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

307. जनरल डायर ने किस वर्ष में मार्शल लॉ के दौरान कमान संभाली थी?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III

(a) 1819 (b) 1945
(c) 1929 (d) 1919

Ans. (d) 1919

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❒ जनरल डायर जलियांवाला बाग हत्याकांड (1919) से संबंधित था। इसकी मृत्यु वर्ष 1927 में हुई थी।

308. किसने स्वतंत्रता-पूर्व भारत में गरीबी रेखा की अवधारणा प्रस्तुत की?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift I

(a) दादाभाई नौरोजी
(b) अमर्त्य सेन
(c) एम.एन. रॉय
(d) मैसूर नरसिम्हाचर श्रीनिवास

Ans. (a) दादाभाई नौरोजी

दादाभाई नौरोजी से संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य:

❒ 'पॉवर्टी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया' पुस्तक के लेखक।

❒ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तीन (वर्ष 1886, वर्ष 1893 एवं वर्ष 1906) अधिवेशनों की अध्यक्षता की।

309. आत्माराम पांडुरंग ने 1867 में बंबई में किस संस्था की स्थापना की?

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift II

(a) प्रार्थना समाज
(b) थियोसोफिकल सोसाइटी
(c) युवा बंगाल आंदोलन
(d) रामकृष्ण मिशन

Ans. (a) प्रार्थना समाज

❒ रामकृष्ण मिशन की स्थापना वर्ष 1897 में कलकत्ता में स्वामी विवेकानंद ने की थी।

310. जलियांवाला बाग हत्याकांड 1919 में हुआ था। जलियांवाला बाग कहाँ स्थित है?

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift I

(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (b) पंजाब

311. निम्नलिखित में से तीन का नाम अक्सर समूह के रूप में एक साथ प्रयोग किया जाता है। निम्न में से विषम व्यक्तित्व का चयन कीजिए।

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift IV

(a) लाला लाजपत राय
(b) बाल गंगाधर तिलक
(c) बिपिन चंद्र पाल
(d) दादाभाई नौरोजी

Ans. (d) दादाभाई नौरोजी

❒ राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान दादाभाई नौरोजी को भारतीय राजनीति का 'द ग्रैंड ओल्ड मैन' कहा जाता था।

❒ लाला लाजपत राय (लाल), बाल गंगाधर तिलक (बाल), बिपिन चंद्र पाल (पाल) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उग्रवादी (गरमदल) के प्रमुख नेताओं में से थे।

312. अंग्रेजों द्वारा पारित निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने भारतीयों को हथियार रखने की अनुमति नहीं दी?

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift II

(a) आर्म्स एक्ट 1888
(b) आर्म्स एक्ट 1850
(c) आर्म्स एक्ट 1878
(d) आर्म्स एक्ट 1868

Ans. (c) आर्म्स एक्ट 1878

❒ भारतीय शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) वर्ष 1878 में लॉर्ड लिटन के कार्यकाल में पारित हुआ था। इस अधिनियम के अनुसार, शस्त्र रखने तथा इसके व्यापार हेतु लाइसेंस अनिवार्य कर दिया गया था।

313. मध्य भारत में बस्तर विद्रोह .... हुआ था।

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift I

(a) 1905 (b) 1910
(c) 1918 (d) 1915

Ans. (b) 1910

प्रमुख भारतीय विद्रोह:

❒ मोपला विद्रोह (वर्ष 1921)
❒ नील विद्रोह (वर्ष 1859-60)
❒ पाबना विद्रोह (वर्ष 1873-76)
❒ संथाल विद्रोह (वर्ष 1855-56)

314. निम्नलिखित में से कौन 'खुदाई खिदमतगारों' के अहिंसक आंदोलन के संस्थापक थे?

SSC GD 12 Jan. 2023 Shift IV

(a) अबुल कलाम आजाद
(b) सैयद अहमद खान
(c) खान अब्दुल गफ्फार खां
(d) मोहम्मद अली जिन्ना

Ans. (c) खान अब्दुल गफ्फार खां

315. अंग्रेजों ने अवध पर कब कब्जा कर लिया था?

SSC GD 12 Jan. 2023 Shift II

(a) 1856 (b) 1845
(c) 1838 (d) 1859

Ans. (a) 1856

लॉर्ड डलहौजी का व्यपगत सिद्धांत/राज्य हड़प नीति:

❒ इसके तहत लॉर्ड डलहौजी ने गोद लेने की प्रथा को अमान्य कर निम्नलिखित राज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में विलीन कर लिया–

- सतारा **(1848)**, जैतपुर एवं संबलपुर **(1849)**, बघाट **(1850)**, उदयपुर **(1852)**, झाँसी **(1853)**, नागपुर **(1854)** तथा अवध **(1856)**

316. स्वदेशी आंदोलन का लोगों पर सबसे अधिक प्रभाव किस क्षेत्र में पड़ा?

SSC GD 12 Jan. 2023 Shift I

(a) संयुक्त प्रांत (b) बरार
(c) बंगाल (d) कश्मीर

Ans. (c) बंगाल

स्वदेशी आंदोलन से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:

❒ बंगाल विभाजन के विरोध में स्वदेशी आंदोलन की घोषणा 7 अगस्त, 1905 को टाउन हॉल (कलकत्ता) में संपन्न एक बैठक के दौरान हुई थी।

❒ स्वदेशी आंदोलन के दौरान ही रवींद्रनाथ टैगोर ने 'आमार सोनार बांग्ला' गीत लिखा था।

317. 1857 में किस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी?

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift III

(a) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(b) बंबई विश्वविद्यालय
(c) बुंदेलखंड विश्वविद्यालय
(d) पंजाब विश्वविद्यालय

Ans. (b) बंबई विश्वविद्यालय

❒ वर्ष 1857 में भारत में तीन (बंबई, कलकत्ता एवं मद्रास) विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे।

❒ इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1887 में की गई थी।

318. निम्नलिखित में से किसने अवध को अशांत क्षेत्र घोषित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे इसे ब्रिटिश नियंत्रण में लाना आवश्यक हो गया था?

SSC GD 1 Dec. 2021 Shift II

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड वेलेजली

Ans. (c) लॉर्ड डलहौजी

महत्त्वपूर्ण बिंदु:

❒ लॉर्ड डलहौजी के शासनकाल में ही भारत में प्रथम बार रेलगाड़ी चली।

❒ लॉर्ड रिपन के शासनकाल में प्रथम कारखाना अधिनियम, स्थानीय स्वशासन को प्रोत्साहन, शिक्षा संबंधी सुधार तथा नियमित जनगणना जैसी योजनाओं को बढ़ावा मिला।

❒ लॉर्ड कैनिंग के शासनकाल में भारत में वर्ष 1857 की महत्त्वपूर्ण क्रांति हुई थी।

319. 1857 तक .... भारत के मुगल सम्राटों का लगभग 200 वर्षों तक निवास स्थान रह चुका था।

SSC GD 1 Dec. 2021 Shift III

(a) परी महल (b) आगरा का किला
(c) जहाँगीर महल (d) लाल किला

Ans. (d) लाल किला

❒ 1857 की क्रांति से अंग्रेजों का आधिपत्य लाल किले पर स्थापित हुआ था। लाल किले का निर्माण 17वीं शताब्दी में हुआ था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

महत्त्वपूर्ण बिंदु:
- ❒ प्रथम मुगल सम्राट: बाबर
- ❒ अंतिम मुगल सम्राट: बहादुरशाह जफर II
- ❒ चित्रकला का स्वर्णिम काल: जहाँगीर का शासनकाल
- ❒ निरक्षर मुगल सम्राट: अकबर

320. किस अधिनियम ने ईस्ट इंडिया कंपनी के सिविल सेवक की भर्ती के लिए आधार के रूप में खुली प्रतियोगिता की व्यवस्था लागू की, जिसका अर्थ था कि भारतीय सिविल सेवा उनके लिए खुल गई है।

SSC GD 3 Mar. 2019 Shift II

(a) 1853 का चार्टर एक्ट
(b) 1858 का भारत सरकार अधिनियम
(c) पिट्स इंडिया एक्ट
(d) रेग्युलेटिंग एक्ट 1773

Ans. (a) 1853 का चार्टर एक्ट

1853 के चार्टर एक्ट की प्रमुख विशेषाएँ:
- ❒ 1853 के चार्टर एक्ट के अनुसार, सरकारी नियुक्तियों हेतु प्रतियोगी परीक्षा का विधान किया गया तथा सिविल सेवा हेतु भी प्रतियोगी परीक्षा को सिद्धांतत: स्वीकार किया गया।
- ❒ 1853 के चार्टर एक्ट की एक अन्य विशेषता यह भी थी कि यदि ब्रिटिश संसद चाहे तो वह कंपनी से प्रशासन अपने हाथ में ले सकती थी।

321. 1861 में प्रस्तुत किए गए किस अधिनियम ने ब्रिटिश भारत के शासन के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित किया?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-II

(a) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम
(b) भारतीय परिषद् अधिनियम
(c) भारत सरकार अधिनियम
(d) रॉलेट अधिनियम

Ans. (b) भारतीय परिषद् अधिनियम

भारतीय परिषद् अधिनियम 1861 की प्रमुख विशेषताएँ:-
- ✦ इसके तहत वायसराय की कार्यकारिणी परिषद् का विस्तार किया गया था।
- ✦ इसके तहत आपातकालीन स्थिति में गवर्नर जनरल को विधानपरिषद् की अनुमति के बिना ही अध्यादेश जारी करने की अनुमति दी गई थी।
- ✦ इसके तहत बंबई तथा मद्रास प्रांतों को कानून निर्माण एवं उनमें संशोधन का अधिकार पुन: दे दिया गया था।

नोट:- इस अधिनियम के तहत लॉर्ड कैनिंग ने विभागीय प्रणाली की शुरुआत की थी।

322. निम्नलिखित में से कौन-सा समाचार पत्र राजा राममोहन राय द्वारा शुरू किया गया था?

SSC GD 2 Dec. 2021 Shift II

(a) संवाद कौमुदी
(b) आनंद बाजार पत्रिका
(c) अमृत बाजार पत्रिका
(d) कर्मयोगी

Ans. (a) संवाद कौमुदी
- ❒ संवाद कौमुदी वर्ष 1821 में कलकत्ता से बंगाली भाषा में प्रकाशित हुआ था। **(संपादक/संस्थापक-राजा राममोहन राय)**
- ❒ अमृत बाजार पत्रिका वर्ष 1868 में कलकत्ता से बंगाली भाषा में प्रकाशित हुई थी। **(संपादक/संस्थापक-मोतीलाल घोष एवं शिशिर कुमार घोष)**

323. वर्ष .... में अपनाए गए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तिरंगे झंडे के केंद्र में एक 'चरखा' रखा गया था।

SSC GD 2 Dec. 2021 Shift I

(a) 1926 (b) 1938
(c) 1931 (d) 1929

Ans. (c) 1931
- ❒ वर्ष 1931 में अपनाए गए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तिरंगे झंडे के केंद्र में एक 'चरखा' रखा गया था। भारतीय तिरंगे की लंबाई व चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। भारतीय संविधान सभा द्वारा तिरंगे झंडे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में 22 जुलाई, 1947 को अपनाया गया था।

324. सैयद अहमद खान द्वारा अलीगढ़ आंदोलन की शुरुआत निम्न में से किस वर्ष में की गई?

SSC GD 4 Dec. 2021 Shift III

(a) 1890 (b) 1875
(c) 1789 (d) 1909

Ans. (b) 1875
- ❒ अलीगढ़ आंदोलन अंग्रेजी शिक्षा एवं ब्रिटिश सरकार के साथ सहयोग के पक्ष में था। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य इस्लामी समाज के आधुनिकीकरण से था।

325. खान अब्दुल गफ्फार खां निम्न में से किस क्षेत्र में पश्तून (पठान) नेता थे?

SSC GD 4 Dec. 2021 Shift III

(a) संयुक्त प्रांत
(b) उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत
(c) कुर्ग
(d) मध्य प्रांत

Ans. (b) उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत

326. निम्नलिखित में से किस भारतीय नेता को 'फ्रंटियर गाँधी' के नाम से जाना जाता है?

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-I

(a) खान अब्दुल गफ्फार खां
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) शौकत अली
(d) लियाकत अली खान

Ans. (a) खान अब्दुल गफ्फार खां
- ✦ 'फ्रंटियर गाँधी' के नाम से खान अब्दुल गफ्फार खां को जाना जाता है।
- ✦ खान अब्दुल गफ्फार खां को बादशाह खान भी कहा जाता है।
- ✦ खान अब्दुल गफ्फार खां 'खुदाई खिदमतगार' अथवा 'लाल कुर्ती संगठन' से संबंधित थे।

327. मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय ने ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल प्रांत का दीवान किस वर्ष नियुक्त किया था?

SSC GD 6 Dec. 2021 Shift I

(a) 1865 (b) 1765
(c) 1735 (d) 1665

Ans. (b) 1765
- ❒ वर्ष 1765 में मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय तथा अंग्रेज गवर्नर रॉबर्ट क्लाइव के मध्य सम्पन्न इलाहाबाद की प्रथम संधि के फलस्वरूप कंपनी को मुगल सम्राट से स्थायी रूप से बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी प्राप्त हुई थी।

328. लॉर्ड रिपन द्वारा हंटर कमीशन की नियुक्ति किस वर्ष में की गई थी?

SSC GD 8 Dec. 2021 Shift I

(a) 1883 (b) 1881
(c) 1880 (d) 1882

Ans. (d) 1882
- ❒ लॉर्ड रिपन द्वारा हंटर कमीशन की नियुक्ति वर्ष 1882 में की गई थी। इस कमीशन का वास्तविक नाम 'भारतीय शिक्षा आयोग' था।
- ❒ हंटर कमीशन की नियुक्ति वर्ष 1854 के पश्चात् देश में शिक्षा की दिशा में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर किए गए सुधार/प्रयास की समीक्षा के लिए की गई थी।

329. 'स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा', यह नारा किसने दिया था?

SSC GD 8 Dec. 2021 Shift II

(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) लाला लाजपत राय
(c) बिपिन चंद्र पाल
(d) महात्मा गाँधी

Ans. (a) बाल गंगाधर तिलक

अन्य प्रमुख नारे एवं उनसे संबंधित व्यक्ति:
- ❒ जय हिंद: सुभाष चंद्र बोस
- ❒ दिल्ली चलो: सुभाष चंद्र बोस
- ❒ करो या मरो: महात्मा गाँधी
- ❒ सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है: रामप्रसाद बिस्मिल

330. आजाद हिंद फौज (भारतीय राष्ट्रीय सेना) को सुभाष चंद्र बोस ने किस देश में पुनर्गठित किया था?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-II

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) बर्मा (b) सिंगापुर
(c) जर्मनी (d) जापान

Ans. (b) सिंगापुर

- 'टाइगर लीजन' या 'फ्री इंडिया लीजन' के संस्थापक:- सुभाष चंद्र बोस
- अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना (1939):- सुभाष चंद्र बोस
- सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया:- अप्रैल 1939 में।
- सुभाष चंद्र बोस के इस्तीफा देने के पश्चात् कांग्रेस के अध्यक्ष:- डॉ. राजेंद्र प्रसाद

331. 1940 का 'अगस्त ऑफर' किस ब्रिटिश सरकारी अधिकारी द्वारा दिया गया था?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-II

(a) नेविल चेम्बरलेन (b) लॉर्ड लिनलिथगो
(c) क्लीमेंट एटली (d) विंस्टन चर्चिल

Ans. (b) लॉर्ड लिनलिथगो

लॉर्ड लिनलिथगो से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:-
- द्वितीय विश्वयुद्ध का प्रारंभ (1939)।
- फॉरवर्ड ब्लॉक का गठन (1939)।
- अगस्त प्रस्ताव (1940)।
- व्यक्तिगत सत्याग्रह प्रारंभ (1940)।
- क्रिप्स मिशन का भारत आगमन (1942)।
- भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ (1942)।

332. भारत में क्रिप्स मिशन किस वर्ष भेजा गया था?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-III

(a) 1942 (b) 1940
(c) 1939 (d) 1935

Ans. (a) 1942

- क्रिप्स मिशन की घोषणा 11 मार्च, 1942 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल द्वारा की गई थी।
- क्रिप्स मिशन 23 मार्च, 1942 को भारत पहुँचा था।

क्रिप्स मिशन (1942) की प्रमुख विशेषताएँ:-
- द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् भारत को 'डोमिनियन स्टेट्स' का दर्जा दिया जाएगा।
- द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् एक संविधान निर्मात्री सभा का गठन किया जाएगा।
- क्रिप्स प्रस्तावों को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग ने अस्वीकार कर दिया था।
- क्रिप्स प्रस्तावों को महात्मा गाँधी ने 'उत्तर दिनांकित चेक' की संज्ञा दी थी।

333. 1942 में 'करो या मरो' के आह्वान के साथ कौन-सा आंदोलन शुरू किया गया था?

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-II

(a) असहयोग आंदोलन
(b) स्वदेशी आंदोलन
(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(d) भारत छोड़ो आंदोलन

Ans. (d) भारत छोड़ो आंदोलन

- अगस्त 1942 में प्रारंभ 'भारत छोड़ो आंदोलन' के लिए महात्मा गाँधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था।
- महात्मा गाँधी के द्वारा 1 अगस्त, 1920 को 'असहयोग आंदोलन' प्रारंभ किया गया था।

334. .... में मुस्लिम लीग ने देश के पश्चिमोत्तर तथा पूर्वी क्षेत्रों में मुसलमानों के लिए 'स्वतंत्र राज्यों' की माँग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift II

(a) 1942 (b) 1940
(c) 1938 (d) 1943

Ans. (b) 1940

❒ मुस्लिम लीग का लाहौर वार्षिक अधिवेशन 23 मार्च, 1940 को संपन्न हुआ था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता मोहम्मद अली जिन्ना ने की थी। इस अधिवेशन में पाकिस्तान का प्रस्ताव औपचारिक रूप से पारित किया गया था।

335. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन के दौरान भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया गया था?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-II

(a) कलकत्ता अधिवेशन
(b) कराची अधिवेशन
(c) लाहौर अधिवेशन
(d) बंबई अधिवेशन

Ans. (d) बंबई अधिवेशन

- भारत छोड़ो आंदोलन का अन्य नाम:- अगस्त क्रांति
- भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ:- अगस्त 1942
- भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान प्रसिद्ध 'करो या मरो' का नारा महात्मा गाँधी ने दिया था।
- भारत छोड़ो आंदोलन को प्रारंभ करने का प्रस्ताव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कार्यसमिति ने वर्धा में 14 जुलाई, 1942 को रखा था।

336. 1947 में जब भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, तब ब्रिटिश प्रधानमंत्री कौन थे?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II

(a) एंथनी ईडन (b) विंस्टन चर्चिल
(c) क्लीमेंट एटली (d) रैम्से मैकडोनाल्ड

Ans. (c) क्लीमेंट एटली

- ब्रिटेन में श्रमिक दल के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने 20 फरवरी, 1947 को हाउस ऑफ कॉमन्स में घोषणा की कि वे जून 1948 से पहले भारतीयों को सत्ता सौंप देंगे।
- क्लीमेंट एटली ने लॉर्ड वेवेल के स्थान पर लॉर्ड माउंटबेटन को भारत का वायसराय नियुक्त किया था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

2 भूगोल

महत्त्वपूर्ण तथ्य:-

- भूगोल का जनक इरेटोस्थनीज को माना जाता है।
- सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले विभिन्न ग्रहों, क्षुद्र ग्रहों, धूमकेतुओं, उल्काओं तथा अन्य आकाशीय पिण्डों के समूह को सौरमण्डल कहते हैं।
- सौरमण्डल की खोज कॉपरनिकस ने की थी।
- सूर्य सौरमण्डल का प्रधान है।
- सूर्य के केन्द्र का तापमान 15 मिलियन डिग्री सेल्सियस है।
- सूर्य अपने अक्ष पर पूर्व से पश्चिम की ओर घूमता है।
- सूर्य की ऊर्जा का स्रोत नाभिकीय संलयन है।
- सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग 8 मिनट 20 सेकंड का समय लगता हैं।
- सूर्य हमारी पृथ्वी से 109 गुना बड़ा है।
- सूर्य के बाद पृथ्वी का सबसे निकट का तारा प्रॉक्सिमा सेन्चुरी है।
- पुच्छल तारे की पूँछ हमेशा सूर्य के विपरीत दिशा में होती है।
- हैली नामक पुच्छल तारा 76 वर्षों बाद दिखाई देता है, यह अन्तिम बार वर्ष 1986 में दिखाई दिया था, अगली बार यह वर्ष 2062 में दिखाई देगा
- क्षुद्र ग्रह, मंगल व बृहस्पति की कक्षाओं के बीच कुछ छोटे-छोटे आकाशीय पिण्ड होते हैं।
- पार्थिव या आन्तरिक ग्रह बुध, शुक्र, पृथ्वी तथा मंगल बाहरी या जोवियन ग्रह- बृहस्पति, शनि, अरूण तथा वरूण
- बुद्ध सूर्य के सबसे नजदीक स्थित सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह है।
- यह सूर्य की परिक्रमा सबसे कम समय (88 दिन) में पूरी करता है।
- बुद्ध तथा शुक्र ऐसे ग्रह हैं, जिनका कोई उपग्रह नहीं है।
- शुक्र ग्रह सबसे चमकीला तथा सबसे गर्म ग्रह है।
- इसे 'सांझ का तारा' व 'भोर का तारा' कहा जाता है।
- इसे पृथ्वी की बहन तथा जुड़वा ग्रह भी कहते हैं, क्योंकि यह घनत्व, आकार एवं व्यास में पृथ्वी के समान है।
- पृथ्वी आकार में पाँचवाँ सबसे बड़ा ग्रह है तथा पार्थिव ग्रहों में सबसे बड़ा है। वहीं सूर्य से दूरी के क्रम में तीसरे स्थान पर है।
- पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चन्द्रमा है।
- पृथ्वी को सूर्य का एक चक्कर लगाने में लगे समय को सौर वर्ष कहते हैं।
- वार्षिक गति के कारण ही पृथ्वी पर ऋतु परिवर्तन होती है तथा दिन-रात का छोटा बड़ा होने का यही कारण है।
- जल की उपस्थिति के कारण पृथ्वी को 'नीला ग्रह' भी कहा जाता है।
- चन्द्रमा को जीवाश्म ग्रह भी कहते हैं।
- पृथ्वी से चन्द्रमा के 59% भाग को देख सकते हैं।
- चन्द्रप्रकाश पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग 1.3 सेकंड का समय लेता है।
- चन्द्रमा की परिभ्रमण तथा परिक्रमण अवधि लगभग 27 दिन, 8 घंटे है।
- चन्द्रमा का गुरुत्वीय क्षेत्र पृथ्वी के गुरुत्वीय क्षेत्र का 1/6 भाग है।
- मंगल ग्रह को लाल ग्रह कहा जाता है। इसका रंग लाल 'आयरन आक्साइड' की अधिकता के कारण दिखाई देता है।
- मंगल आंतरिक ग्रहों में सबसे बाहरी ग्रह है।
- फोबोस तथा डिमोस मंगल के दो उपग्रह हैं ,तथा डिमोस सौरमंडल का सबसे छोटा उपग्रह है।
- बृहस्पति सौरमण्डल का सबसे बड़ा और भारी ग्रह है।
- यह अपने अक्ष पर लगभग 9 घंटे 56 मिनट में एक चक्कर लगाता है।
- बृहस्पति दूसरा सर्वाधिक उपग्रहों वाला ग्रह है, इसके कुल उपग्रहों की संख्या 95 है।
- बृहस्पति का पलायन वेग (59.6 किमी/सेकंड) जो सभी ग्रहों में सर्वाधिक है।
- बृहस्पति तारा एवं ग्रह दोनों के गुणों से युक्त है इसलिए इसे 'लघु सौरतंत्र' भी कहते हैं।
- बृहस्पति का उपग्रह गनीमेड सौरमंडल का सबसे बड़ा उपग्रह है।
- शनि ग्रह के चारों ओर वलय (मोटी प्रकाश वाली कुण्डली) है, जिनकी संख्या 7 है।
- टाइटन शनि का उपग्रह है, जो सौरमण्डल का दूसरा सबसे बड़ा उपग्रह है।
- टाईटन उपग्रह पर पृथ्वी के समान वायुमण्डल है।
- शनि का घनत्व 0.7 ग्राम प्रति घन सेमी. है, जो सभी ग्रहों में सबसे कम है।
- शनि ग्रह के उपग्रहों की संख्या 146 हैं।
- अरुण ग्रह आकार में तीसरा सबसे बड़ा ग्रह है। तथा सूर्य से दूरी के अनुसार 7वाँ स्थान हैं।
- यह अपने अक्ष पर 'पूर्व से पश्चिम' की ओर घूमता है।
- अक्षीय झुकाव अधिक होने के कारण इसे 'लेटा हुआ ग्रह' भी कहते हैं
- वरूण ग्रह आकार में चौथा तथा सूर्य से दूरी के क्रम में 8वें स्थान पर है
- इस ग्रह के चारों ओर मीथेन गैस के बादल छाए हुए है।
- इसे सूर्य की परिक्रमा करने में लगभग 165 वर्ष लगते है।
- यह सर्वाधिक ठण्डा ग्रह है।
- जब पृथ्वी सूर्य के सबसे पास होती है उसे उपसौर कहते हैं ऐसा 3 जनवरी को होता है।
- जब पृथ्वी सूर्य से अधिकतम दूरी पर होती है उसे अपसौर कहते हैं ऐसी स्थिती 4 जुलाई को होती है,

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- भूमध्य रेखा के उत्तर में 23½° अक्षांश को कर्क रेखा कहते हैं।
- भूमध्य रेखा के दक्षिण में 23½° अक्षांश को मकर रेखा कहते हैं।
- लिम्पोपो नदी मकर रेखा को दो बार काटती है
- कांगो नदी भूमध्य रेखा को दो बार काटती है
- माही नदी कर्क रेखा को दो बार काटती है
- अमूर नदी रूस तथा चीन के बीच में सीमा बनाती है।
- विक्टोरिया जल प्रपात तथा करीबा बांध जाम्बेजी नदी पर स्थित है।
- मिसीसिपी नदी द्वारा बनाया गया डेल्टा पक्षी के पंजे जैसा है।
- विक्टोरिया झील से निकलने वाली नील नदी विश्व की सबसे लम्बी नदी है।
- अमेजन नदी आयतन की दृष्टि से विश्व की सबसे बड़ी एवं लंबाई में विश्व की दूसरी सबसे लम्बी नदी है।
- राइन नदी को 'कोयला नदी' भी कहा जाता है।
- गिनी की खाड़ी में गिरने वाली राइन नदी तेल नदी के नाम से भी प्रसिद्ध है।
- वोल्गा नदी कैस्पियन सागर में गिरती है। यह यूरोप की सबसे लंबी नदी है।
- मर्रे डार्लिंग नदी ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी नदी है।
- धरातल का वह भाग जो अपने आस-पास के स्थल से ऊँचा तथा उसका शीर्ष भाग चौड़ा व सपाट होता है, वह पठार कहलाता है।
- विश्व का सबसे अधिक ऊँचा पठार तिब्बत का पठार है, इसकी औसत ऊँचाई 4,500 मी. है।
- विश्व का दूसरा सबसे ऊँचा पठार बोलीविया का पठार हैं।
- चेरापूंजी या मेघालय पठार जल द्वारा निर्मित पठार हैं।
- भारत में छोटा नागपुर का पठार तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में ओजार्क का पठार गुम्बदाकार पठार है।
- दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत माउंट एवरेस्ट है, जो हिमालय पर्वतमाला में स्थित है।
- दुनिया की सबसे लंबी पर्वत शृंखला एंडीज पर्वत शृंखला, है जो दक्षिण अमेरिका में स्थित है।
- यूराल पर्वत शृंखला यूरोप और एशिया को अलग करती है?
- माउंट किलिमंजारो अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी है।
- माउंट फूजी जापान की सबसे ऊंची चोटी है।
- एशिया महाद्वीप से होकर विषुवत रेखा, कर्क रेखा तथा आर्कटिक रेखा गुजरती हैं।
- लाल सागर व स्वेज नहर एशिया महाद्वीप को अफ्रीका महाद्वीप से अलग करते है।
- बेरिंग जलसंधि एशिया महाद्वीप को उत्तरी अमेरिका महाद्वीप से अलग करती है।
- बेरिंग जलसंधि अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के समान्तर स्थित है।
- एशिया महाद्वीप में विश्व की लगभग 60% जनसंख्या निवास करती है। इसलिए यह विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला महाद्वीप है।
- विश्व में सिंचाई नहरों का सबसे बड़ा जाल पाकिस्तान में है, इसलिए पाकिस्तान को 'नहरों का देश' कहा जाता है।
- विश्व में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाला देश इण्डोनेशिया है।
- श्रीलंका की सबसे लम्बी नदी महावैली गंगा है।
- एशिया में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश चीन तथा सबसे छोटा देश मालदीव है।
- विश्व की सबसे गहरी झील बैकाल साइबेरिया क्षेत्र में स्थित है।
- एशिया का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश मकाउ है।
- स्वेज नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है।
- विश्व की सर्वाधिक लवणता वाली झील वान झील (तुर्किये)है
- विश्व का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान मॉसिनराम (मेघालय, भारत) है।
- यूरोप को एशिया से यूराल पर्वतमाला, यूराल नदी, कॉकेशस पर्वत श्रेणी तथा कैस्पियन सागर अलग करते हैं।
- यूरोप महाद्वीप की सबसे महत्वपूर्ण नदी डेन्यूब है, यह काला सागर में गिरती है।
- यूरोप की सबसे लम्बी नदी वोल्गा नदी है।
- पो नदी को इटली की गंगा भी कहते हैं।
- इंग्लिश चैनल फ्रांस को इंग्लैंड से अलग करता है, तथा यह अटलांटिक महासागर का एक हिस्सा है।
- यूरोप महाद्वीप का सबसे बड़ा नगर लंदन है, जो टेम्स नदी के तट पर स्थित है।
- उत्तरी अमेरिका महाद्वीप क्षेत्रफल की दृष्टि से तीसरा तथा जनसंख्या की दृष्टि से चौथा बड़ा महाद्वीप है।
- उत्तर अमेरिका एक मात्र महाद्वीप है, जिसमें एक भी स्थलरूद्ध देश नहीं है।
- इस महाद्वीप का सबसे बड़ा द्वीप ग्रीनलैंड है, जो प्राकृतिक रूप से उत्तरी अमेरिका के अंतर्गत व राजनीतिक रूप से यूरोप के डेनमार्क के अंतर्गत आता है।
- दक्षिण अमेरिका का अधिकांश विस्तार दक्षिणी गोलार्द्ध में है।
- दक्षिणी अमेरिका का सर्वाधिक नगरीकृत देश उरूग्वे है।
- दक्षिणी अमेरिका का सबसे बड़ा स्थलबद्ध देश बोलिविया है।
- ब्राजील का सैंटोस बन्दरगाह कॉफी बन्दरगाह के नाम से जाना जाता है।
- ब्राजील विश्व में सबसे अधिक कॉफी उत्पादन करने वाला देश है।
- ब्राजील का साओ पाउलो विश्व की कॉफी मण्डी के नाम से जाना जाता है।
- ब्राजील में कहवा (कॉफी) के बागों को फैजेंडा कहते हैं।
- विश्व का सबसे ऊँचा झरना एन्जिल (वेनेजुएला) चुरून नदी पर स्थित है जो कैरोनी नदी की सहायक नदी है।
- दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप उत्तरी अमेरिका से पनामा जलसंधि द्वारा अलग हुआ है।
- अफ्रीका महाद्वीप क्षेत्रफल व जनसंख्या दोनों ही दृष्टि से एशिया के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
- अफ्रीका महाद्वीप जिब्राल्टर जलसंधि द्वारा यूरोप से अलग होता है।
- अफ्रीका महाद्वीप के पूर्व मे हिन्द महासागर और पश्चिम में अटलांटिक महासागर स्थित है।
- अफ्रीका एकमात्र ऐसा महाद्वीप है जिससे होकर विषुवत रेखा, कर्क रेखा तथा मकर रेखा गुजरती हैं।
- हॉर्न ऑफ अफ्रीका, अफ्रीका के पूर्वी भाग को कहा जाता है। इसके अन्तर्गत इथियोपिया, जिबूती, सोमालिया तथा इरीट्रिया देश आते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया सबसे छोटा महाद्वीप है।
- ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों को एबोर्जिन्स कहते हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तट पर विश्व प्रसिद्ध ग्रेट बेरियर रीफ का विकास हुआ यह संसार की सबसे लम्बी प्रवाल भित्ति है, इसकी कुल लम्बाई लगभग 2,000 किमी. है। इसे 'अंडर वाटर गार्डन' भी कहते है।
- ऑस्ट्रेलिया विश्व प्रसिद्ध मेरिनो ऊन का प्रमुख उत्पादक देश है।
- सिंधु नदी का उद्गम मानसरोवर झील के निकट बोखर-चू ग्लेशियर से होता है। इसकी सहायक नदियाँ सतलज, चिनाव, रावी, व्यास, झेलम आदि हैं।
- झेलम नदी का उद्गम वेरीनाग के समीप शेषनाग झील से होता है।
- चिनाव नदी का उद्गम चंद्रा तथा भागा नदियों के संगम से होता है ये सिंधु की सबसे बड़ी सहायक नदी है
- सतलज नदी, चिनाब की सहायक नदी है इसका उद्गम मानसरोवर झील के समीप राकसताल झील से होता है
- भाखड़ा नागल बाँध सतलज नदी पर बनाया गया है।
- गंगा नदी का उद्गम भागीरथी और अलकनंदा नदियों का सम्मिलित रूप है, जो देवप्रयाग के निकट मिलकर गंगा कहलाती हैं। यमुना इसकी सबसे बड़ी सहायक नदी है। गंगा की लंबाई 2,525 किमी. है,
- बांग्लादेश में गंगा नदी को पद्मा के नाम से जाना जाता है।
- गंगा ब्रह्मपुत्र का डेल्टा विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा माना जाता है।
- गंगा की सहायक नदियाँ रामगंगा, गोमती, घाघरा, गंडक, कोशी, बूढ़ी गंडक, महानंदा आदि हैं।
- गंगा नदी की सर्वाधिक लंबाई उत्तर प्रदेश में है
- यमुना नदी का उद्गम बन्दरपूँछ के पश्चिमी ढाल पर स्थित यमुनोत्री हिमनद से निकलती है यह प्रयागराज में गंगा में मिल जाती है
- यमुना की सहायक नदियाँ चंबल, सिंध, बेतवा, केन आदि हैं।
- ब्रह्मपुत्र नदी का उद्गम मानसरोवर झील के निकट कैलाश श्रेणी के 'चेमायुंगडुंग हिमानी' से होता हैं।
- ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बत में नाम 'सांगपो' है
- लोहित तथा दिबांग के मिलने के बाद इस नदी का नाम ब्रह्मपुत्र पड़ा।
- ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में 'जमुना' के नाम से जाना जाता है।
- ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियाँ दिबांग, लोहित, सुबनसिरी, कामेंग, मानस, तीस्ता, धुबरी आदि हैं।
- नर्मदा नदी का उद्गम मैकाल पर्वत श्रेणी के अमरकंटक पहाड़ी (मध्य प्रदेश) से होता है।
- नर्मदा नदी की सहायक नदियाँ हिरन, शक्कर, तवा, दूधी, गंजाल आदि हैं।
- ताप्ती नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई से होता है ।
- महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में अमरकंटक पठार (सिहावा पहाड़ी) से होता है, यह नदी बंगाल की खाड़ी में डेल्टा का निर्माण करती है।
- गोदावरी नदी का उद्गम महाराष्ट्र के नासिक जिले से त्रयम्बकेश्वर पहाड़ी से होता है।
- गोदावरी नदी प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी है।
- गोदावरी नदी को दक्षिणी गंगा के नाम से भी जाना जाता है।
- कृष्णा नदी का उद्गम महाराष्ट्र में स्थित महाबलेश्वर की पहाड़ियों से होता है
- कृष्णा नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ कोयना, पंचगंगा, दूधगंगा, घाटप्रभा, मालाप्रभा, तुंगभद्रा, भीमा तथा मुसी।
- कावेरी नदी का उद्गम कर्नाटक के ब्रह्मगिरी पहाड़ी से होता है।
- कावेरी नदी की प्रमुख सहायक नदियां हेमावती, लोकापावनी, शिमसा व अर्कावती आदि है।

भारत का भूगोल

1. उस प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है. जिसके द्वारा महासागरों, झीलों और नदियों का पानी वाष्प में परिवर्तित हो जाता है और वायुमंडल में ऊपर उठता है?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II

(a) वर्षण (b) संघनन
(c) परासरण (d) वाष्पीकरण

Ans. (d) वाष्पीकरण

- वर्षण-बादलों में संघनित जल जब वर्षा या हिमपात या अन्य रूपों में पृथ्वी पर आता है, तब उसे वर्षण कहते हैं।
- परासरण का अर्थ है, जल के अणुओं का एक अर्द्ध-पारगम्य झिल्ली से होकर गुजरना।
- संघनन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा गैस (जल वाष्प) अपने कणों की ऊर्जा में कमी के कारण वापस तरल में बदल जाती है।

2. तूरा (Tura) किस पहाड़ी पर स्थित है, जो हल्के अत्यंत आर्द्र कृषि जलवायु क्षेत्र के अंतर्गत आता है-

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-II

(a) खासी पहाड़ी (b) जयंतिया पहाड़ी
(c) लौर पहाड़ी (d) गारो पहाड़ी

Ans. (d) गारो पहाड़ी

- तुरा भारतीय राज्य मेघालय के पश्चिमी गारो हिल्स जिले में एक नगर पालिका है।
- मेघालय के सबसे बड़े शहरों में से एक, तुरा गारो हिल्स की नोकरेक श्रेणी की तलहटी में स्थित है।
- मेघालय की तीन प्रमुख पहाड़ियां गारो, खासी और जयंतिया हैं जहाँ गारो, खासी और जयंतियाँ नामक जनजातीयाँ निवास करती हैं।

3. उत्तरी मैदानों से निकलने वाली नदियों का जल अपवाह प्रतिरूप (drainage pattern) क्या है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-II

(a) अभिकेन्द्री (b) जालायित
(c) अरीय (d) द्रुमाकृतिक

Ans. (d)द्रुमाकृतिक

- द्रुमाकृतिक अपवाह प्रतिरूप, एक तरह का जल निकासी पैटर्न है। यह पृथ्वी की सतह पर पाया जाने वाला सबसे आम और व्यापक पैटर्न है।
- यह पैटर्न, तब बनता है, जब नदी धारा उस क्षेत्र की ढलान का अनुसरण करती है।
- इस पैटर्न में, नदी की मुख्य धारा में उसकी शाखायें इस तरह से आकर जुड़ती हैं कि उनसे बनने वाला ज्यामितीय प्रतिरूप किसी पेड़ की शाखाओं जैसा होता है।
- इस पैटर्न में, सहायक नदियाँ मुख्य नदियों से तीव्र कोण पर मिलती हैं- सिंधु, गोदावरी, महानदी, कावेरी तथा कृष्णा नदियाँ द्रुमाकृतिक अपवाह प्रतिरूप का उदाहरण हैं।

4. ताम्रपाषाण काल की मालवा बस्तियों की अत्यधिक समानता निम्नलिखित में से किस स्थान पर पाई गई?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-I

(a) महानदी बेसिन (b) मध्य नर्मदा बेसिन
(c) सिंधु बेसिन (d) गंगा बेसिन

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (b) मध्य नर्मदा बेसिन

- सबसे बड़ी ताम्र पाषाण बस्तियां नर्मदा तथा उसकी सहायक नदियों के क्षेत्र नवदाटोली, एरन, नागदा आदि में पाई जाती हैं।
- नर्मदा नदी मध्य प्रदेश में अमरकंटक पहाड़ियों से निकलती है।
- यह एक दरार घाटी से होकर बहती है।

5. भारत में वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय जलसंभर विकास परियोजना की शुरुआत कब की गई थी?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II

(a) 1990-91 (b) 1980-81
(c) 2000-01 (d) 1970-7

Ans. (a) 1990-91

- जल संभर प्रबंधन पानी की उपलब्धता को बढ़ाता है, भूमिगत जल स्तर को नीचा होने से रोकता है, मृदा अपरदन और बाढ़ को रोकता है।
- भारत में 1970 के दशक में जल संभरण प्रबंधन से संबंधित अनेक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई परंतु 1990 के दशक में व्यापक स्तर पर प्रयास किय गए।

6. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी प्रायद्वीपीय पठार से नहीं निकलती है?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-III

(a) महानदी (b) गंडक
(c) सोन (d) चम्बल

Ans. (b) गंडक

- प्रायद्वीपीय पठार से निकलने वाली प्रमुख नदियाँ, जो पूर्व की ओर बहती हैं, वे हैं: गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और महानदी
- प्रायद्वीपीय पठार से पश्चिम की ओर बहने वाली नदियाँ नर्मदा और ताप्ती हैं।
- गंडक नदी तिब्बत-नेपाल सीमा के पास से निकलकर, नेपाल और बिहार से होते हुए गंगा नदी में मिल जाती है। इसे काली गंडकी या नारायणी के नाम से भी जाना जाता है।

7. भारत के इनमें से किस पड़ोसी देश में मिलियन शहरों की संख्या सबसे अधिक है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I

(a) श्रीलंका (b) पाकिस्तान
(c) नेपाल (d) बांग्लादेश

Ans. (b) पाकिस्तान

- पाकिस्तान में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले प्रमुख नगरों में कराची, लाहौर, फैसलाबाद, रावलपिंडी और गुजरानवाला शामिल हैं।
- बांग्लादेश में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले प्रमुख नगरों में ढाका (राजधानी), चटगांव, और खुलना हैं।
- नेपाल में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाला एकमात्र शहर काठमांडू है।
- श्रीलंका में कोई भी शहर वन मिलियन तक नहीं पहुंच पाया है।

8. पश्चिमी जेट स्ट्रीम किस क्षेत्र से पश्चिमी विक्षोभ को भारतीय उपमहाद्वीप में लाने के लिए उत्तरदाई है?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-III

(a) पूर्वी साइबेरियाई सागर (b) भूमध्य सागर
(c) कैस्पियन सागर (d) अरब सागर

Ans. (b) भूमध्य सागर

- पश्चिमी विक्षोभ, जिसे "Western Disturbance" भी कहा जाता है।
- सर्दियों में भूमध्य सागर और अटलांटिक महासागर से नमी लेकर भारत के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में आते हैं, जिससे बारिश और बर्फबारी होती है।
- यह उत्तर भारत, पाकिस्तान और नेपाल में वर्षा और हिमपात लाते हैं।
- यह सर्दियों में रबी फसलों के लिए महत्वपूर्ण वर्षा प्रदान करते हैं। कभी-कभी, यह शीत लहर और घना कोहरा भी ला सकता है।

9. ब्रह्मपुत्र नदी हिमालय के किस क्षेत्र से निकलती है?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III

(a) पश्चिमी (b) दक्षिणीं
(c) उत्तरी (d) पूर्वी

Ans. (c) उत्तरी

- ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलुंग त्संगपो के नाम से जाना जाता है।
- भारत में, यह नदी अरुणाचल प्रदेश में दिहांग और असम में ब्रह्मपुत्र के नाम से जानी जाती है।
- बांग्लादेश में, यह नदी जमुना के नाम से जानी जाती है।
- ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के मानसरोवर झील के पास चेमायुंगडुंग ग्लेशियर (कैलाश पर्वतमाला)से निकलती है।
- ब्रह्मपुत्र नदी की कुल लंबाई लगभग 2900 किलोमीटर है।

10. हिमाचल प्रदेश में केलोंग के निकट तांदी में कौन-सी दो जलधाराएँ मिलती हैं?

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-III

(a) बिन्दुसार और सबरी (b) पंजारा और वाघुर
(c) चंद्र और भागा (d) पेगांगा और वर्धा

Ans. (c) चंद्र और भाग

- हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले में, तांडी नामक स्थान पर चंद्र और भागा नदियाँ मिलती हैं, जहाँ वे मिलकर चंद्रभागा नदी (जिसे चिनाब नदी भी कहा जाता है) का रूप ले लेती हैं

  संगम स्थल: तांडी

  नदियाँ: चंद्र और भागा

  नई नदी: चंद्रभागा (चिनाब)

  स्थान: हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले

11. सिन्धु नदी भारत में कहाँ से प्रवेश करती है?

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-I

(a) लद्दाख
(b) गिलगित
(c) यह भारत में नहीं बहती है
(d) कश्मीर घाटी

Ans. (a) लद्दाख

- सिंधु नदी, जिसे इंडस नदी के नाम से भी जाना जाता है, का उद्गम तिब्बत के मानसरोवर झील के पास सिन-का-बाब नामक जलधारा से माना जाता है।
- सिंधु नदी की कुल लंबाई लगभग 2880 किलोमीटर है, जबकि भारत में इसकी लंबाई 1114 किलोमीटर है।
- सिंधु नदी की प्रमुख सहायक नदियों में झेलम, चेनाब, रावी, ब्यास और सतलज शामिल हैं।
- भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था, जो सिंधु नदी के जल के बंटवारे से संबंधित था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

12. ब्रह्मपुत्र नदी निम्नलिखित में से किस देश में नहीं बहती है?
SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III
(a) चीन (b) नेपाल
(c) भारत (d) बांग्लादेश

Ans. (b) नेपाल

- ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत, भारत तथा बांग्लादेश में बहती है।
- यह नदी नामचा बरवा पर्वत के पूर्वी किनारे के सहारे अरूणाचल प्रदेश (भारत) में प्रवेश करती है।
- असम में यह नदी गुंफित जल मार्ग बनाती है, इसी के चलते यह नदी असम में विश्व के सबसे बड़े नदी द्वीप 'माजुली' का निर्माण करती है।
- इसके पश्चात यह नदी बांग्लादेश में प्रवेश करती है।
- बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी को 'जमुना' और गंगा नदी को पद्मा के नाम से जाना जाता है।
- जमुना नदी, पद्मा नदी में मिलती है और पद्मा मेघना से मिलकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

13. कौन-सी पर्वतमाला त्रिभुजाकार है, जिसका शीर्ष रत्नापुरी पर है, तथा अन्य दो भुजाएँ (sides) ताप्ती और पवित्र नर्मदा नदी के समानांतर है?
SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III
(a) अरावली पर्वतमाला
(b) पीर पंजाल पर्वतमाला
(c) पूर्वांचल पर्वतमाला
(d) सतपुड़ा पर्वतमाला

Ans. (d) सतपुड़ा पर्वतमाला

- सतपुड़ा शृंखला गुजरात,महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की सीमा से होकर पूर्व में छत्तीसगढ़ तक फैली हुई हैं।
- यह शृंखला उत्तर में विंध्य शृंखला के समानान्तर है, और ये दो पूर्व-पश्चिम पर्वतमालाएँ भारतीय उपमहाद्वीप को उत्तर भारत के इंडो-गंगा के मैदान और दक्षिण के दक्कन के पठार में विभाजित करती हैं।
- नर्मदा नदी अमरकंटक में सतपुड़ा के उत्तर-पूर्वी छोर से निकलती है, और सतपुड़ा और विंध्य पर्वतमाला के बीच से गुजराती है।
- नर्मदा नदी सतपुड़ा शृंखला के उत्तरी ढलान से होती हुई, अरब सागर मैं मिल जाती है।

14. किस राज्य के गंगा डेल्टा और तटीय मैदान जुलाई और अगस्त में लगभग हर तीसरे या पांचवें दिन भारी बारिश के साथ तुफान से प्रभावित होते हैं?
SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-II
(a) तमिलनाडु (b) ओडिशा
(c) महाराष्ट्र (d) गुजरात

Ans. (b) ओडिशा

- ओडिशा ऐसी जगह पर है, जहां भारत की कोस्टल लाइन यानी तटरेखा मुड़ती है, इसलिए इसका किनारा तूफानों से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है।
- ओडिशा में चक्रवात आने का मुख्य कारण बंगाल की खाड़ी का गर्म पानी और ओडिशा की भौगोलिक स्थिति है, जो चक्रवातों के लिए एक संवेदनशील क्षेत्र बनाती है।

15. उत्तराखंड का कौन-सा भू-आकृतिक क्षेत्र हिमाद्रि के नाम से जाना जाता है? इस क्षेत्र में जास्कर और महान हिमालय पर्वतमाला के खंड शामिल है।
SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-I
(a) उत्तरी (b) पूर्वी
(c) दक्षिणी (d) पश्चिमी

Ans. (a) उत्तरी

- उत्तर से दक्षिण की ओर हिमालय को महान हिमालय (हिमाद्रि), मध्य हिमालय (हिमाचल) और शिवालिक में विभाजित किया जा सकता है.
- हिमाद्रि के नाम से हिमालय की महान हिमालय (Great Himalayas) श्रेणी जानी जाती है, जो कि हिमालय की सबसे ऊँची श्रेणी है.
- हिमाद्रि (महान हिमालय) में माउंट एवरेस्ट, कंचनजंगा, मकालू, धौलागिरी, अन्नपूर्णा, नंगा पर्वत, नंदा देवी और कामेट पर्वत शामिल हैं।

16. नीलगिरि सबसे पुरानी पर्वत शृंखलाओं में से एक है. यह किन तीन राज्यों के त्रि-सीमा पर स्थित है?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II
(a) गुजरात, राजस्थान, हरियाणा
(b) तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक
(c) उत्तरी यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश
(d) असम, नगालैंड, त्रिपुरा

Ans. (b) तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक

- नीलगिरि पर्वत शृंखला दक्षिण भारत में, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक राज्यों के मिलन स्थल पर स्थित है।
- नीलगिरि पर्वत शृंखला की सबसे ऊंची चोटी डोड्डाबेट्टा है, जो 2637 मीटर ऊँची है।
- नीलगिरि एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जिसमें ऊटी (उधगमंडलम) और अन्य हिल स्टेशन है/नीलगिरी में सदाबहार वन, शोला घास के मैदान और कंटीली झाड़ियाँ पाई जाती हैं।
- टोडा, कुरुंब, पनिया और आदियन यहाँ रहने वाली प्रमुख जनजातियाँ हैं

17. सर्दियों में भारत के उत्तरी मैदानों में तापमान जल के हिमांक से अधिक नहीं गिरता क्योंकि ....।
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III
(a) ठंडी सर्दियों के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ उत्पन्न होता है
(b) हिमालय शीत साइबेरियाई पवनों को भारत में प्रवेश करने से रोकता है
(c) यह जम्मू और कश्मीर से बहुत दूर है।
(d) यहाँ समुद्र का मध्यम प्रभाव पड़ता है।

Ans. (b) हिमालय शीत साइबेरियाई पवनों को भारत में प्रवेश करने से रोकता है।

- हिमालय पर्वतमाला, अपनी ऊँचाई और दिशा के कारण, साइबेरिया से आने वाली ठंडी हवाओं को भारत में प्रवेश करने से रोकती है
- हिमालय की वजह से, भारत में अपेक्षाकृत हल्की सर्दी पड़ती है, जबकि मध्य एशिया में तापमान काफी कम रहता है।
- हिमालय की ऊँचाई और दिशा मानसून की हवाओं को भी प्रभावित करती है, जिससे भारत में अच्छी बारिश होती है।

18. पृथ्वी पर दो सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान कौन-से हैं जहाँ एक वर्ष में 1080 cm से अधिक वर्षा होती है?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-I
(a) पासीघाट और अगुम्बे
(b) चेरापूंजी और मौसिनराम
(c) गंगटोक और अंबोली
(d) महाबलेश्वर और नेरियामंगलम

Ans. (b) चेरापूंजी और मौसिनराम

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- ✦ चेरापूंजी और मौसिनराम, मेघालय के पूर्वी खासी पहाड़ियों में स्थित हैं।
- ✦ खासी पहाड़ियाँ बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं को रोकती हैं. यहाँ की ऊँचाई और ढाल भी वर्षा को प्रभावित करते हैं।
- ✦ यहाँ दक्षिण-पश्चिम और पूर्वोत्तर मानसून की हवाएं आती हैं, जो नमी से भरी होती हैं।
- ✦ ये हवाएं खासी पहाड़ियों से टकराकर ऊपर उठती हैं, जिससे वे ठंडी होकर संघनित हो जाती हैं और भारी बारिश करती हैं।
- ✦ खासी पहाड़ियों के पवनमुखी (windward) ढाल पर होने के कारण, मौसिनराम में सबसे अधिक वर्षा होती है।

19. निम्नलिखित में से कौन-सा देश पश्चिम में भारत का पड़ोसी है, जो एक महत्त्वपूर्ण सीमा साझा करता है, और अक्सर भू-राजनीतिक महत्त्व का विषय बना रहता है?

SSC GD 24 Feb. 2025, Shift-II

(a) श्रीलंका (b) भूटान
(c) पाकिस्तान (d) नेपाल

Ans. (c) पाकिस्तान

- ✦ भारत तथा पाकिस्तान को रेडक्लिफ रेखा अलग करती है।
- ✦ रेडक्लिफ रेखा की लम्बाई 3323 कि.मी. है।
- ✦ भारत के पाँच राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों की सीमा पाकिस्तान से लगती है। (गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख)

20. समुद्र पार भारत के दक्षिणी पड़ोसियों में .... द्वीप देश शामिल हैं।

SSC GD 24 Feb. 2025, Shift-III

(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) पांच

Ans. (b) दो

- ✦ मालदीव और श्रीलंका

21. श्रीलंका भारत से पाक जलडमरूमध्य और .... द्वारा निर्मित समुद्र के एक संकीर्ण चैनल द्वारा अलग होता है।

SSC GD 24 Feb. 2025, Shift-IV

(a) खंभात की खाड़ी
(b) कच्छ की खाड़ी
(c) जलडमरूमध्य की खाड़ी
(d) मन्नार की खाड़ी

Ans. (d) मन्नार की खाड़ी

- ✦ आदम ब्रिज के उत्तर में पाक की खाड़ी तथा दक्षिण में मन्नार की खाड़ी स्थित है।

22. भारत अपनी लगभग .... भूमि सीमा अफगानिस्तान के साथ साझा करता है।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift IV

(a) 106 कि.मी. (b) 306 कि.मी.
(c) 506 कि.मी. (d) 706 कि.मी.

Ans. (a) 106 कि.मी.

- ✦ भारत और अफगानिस्तान के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय सीमा को डूरण्ड रेखा कहते हैं।
- ✦ डूरण्ड रेखा से भारत के केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख की सीमा लगती है।

23. विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व के देशों में कौन-सा स्थान है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift I

(a) 8 वां (b) 5 वां
(c) 6 वां (d) 7 वां

Ans. (d) 7 वां

- ✦ क्षेत्रफल की दृष्टिकोण से भारत का रूस, कनाडा, यू.एस.ए., चीन, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया के बाद सातवां स्थान है।
- ✦ भारत के नौ राज्यों की तटीय सीमा है।
- ✦ सबसे लम्बी तटीय सीमा गुजरात राज्य की है तथा उसके बाद आन्ध्र प्रदेश राज्य की है।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ सबसे लंबी भूमि सीमा साझा करता है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift IV

(a) पाकिस्तान (b) चीन
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल

Ans. (c) बांग्लादेश

- ✦ बांग्लादेश की सीमा सर्वाधिक पं. बंगाल से लगती है।
- ✦ बांग्लादेश की मुद्रा का नाम टका है।

25. भारत और श्रीलंका के बीच कौन-सा द्वीप स्थित है?

SSC GD 5 March 2024 Shift I

(a) लातूर (b) कच्छतीवु
(c) जांगन (d) दिवर

Ans. (b) कच्छतीवु

- ✦ श्रीलंका की सबसे ऊँची चोटी पिदुरुतालागाला है।
- ✦ श्रीलंका के अन्य नाम- रत्नद्वीप, सिंहल द्वीप और तपोवन

26. भूटान भारत का पड़ोसी देश है। भारत के किस राज्य की सीमा भूटान से लगती है?

SSC GD 6 March 2024 Shift III

(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) पश्चिम बंगाल (d) जम्मू और कश्मीर

Ans. (c) पश्चिम बंगाल

- ✦ भारत तथा भूटान के मध्य सीमा की लम्बाई 699 कि.मी. है।
- ✦ भूटान की सीमा चार भारतीय राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम से लगती है।

27. भारत अपनी भूमि सीमा कितने देशों के साथ साझा करता है?

SSC GD 6 March 2024 Shift IV

(a) छः (b) पांच
(c) आठ (d) सात

Ans. (d) सात

- ✦ पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान तथा म्यांमार।

28. भारत .... के साथ सबसे लंबी भूमि सीमा साझा करता है।

SSC GD 7 March 2024 Shift I

(a) श्रीलंका (b) बांग्लादेश
(c) पाकिस्तान (d) नेपाल

Ans. (b) बांग्लादेश

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

29. भारत के उत्तर-पश्चिम में निम्नलिखित में से किस देश की सीमा लगती है?

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift IV

(a) अफगानिस्तान और पाकिस्तान
(b) म्यांमार और नेपाल
(c) बांग्लादेश और म्यांमार
(d) चीन, भूटान और नेपाल

Ans. (a) अफगानिस्तान और पाकिस्तान

- भारत तथा पाकिस्तान के मध्य सीमा की लम्बाई 3323 कि.मी. है।
- भारत और पाकिस्तान के मध्य सीमा का निर्धारण 1947 में रैडक्लिफ पंचाट द्वारा किया गया था।

30. भारत की .... km. लंबी भूमि सीमा और द्वीप प्रदेशों सहित 7,516.6 km लंबी तटरेखा है।

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift III

(a) 15,106,.7 (b) 5,106.7
(c) 9,106.7 (d) 25,106.7

Ans. (a) 15,106,.7

- कुछ स्रोतों में 15,200 कि.मी.

31. भारत अपनी भूमि सीमाएं .... देशों के साथ साझा करता है।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift IV

(a) सात (b) पाँच
(c) छः (d) आठ

Ans. (a) सात

- भारत अपनी स्थलीय सीमा 7 देशों (पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार तथा बांग्लादेश) के साथ साँझा करता है।

32. भारत की निम्नलिखित में से किस देश के साथ खुली सीमा है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift I

(a) म्यांमार (b) चीन
(c) नेपाल (d) पाकिस्तान

Ans. (c) नेपाल

- भारत के साथ नेपाल की 1751 कि.मी. की सीमा लगती है।
- नेपाल से बिहार की सीमा सर्वाधिक लगती है।

33. भारत में मेघालय राज्य के निम्नलिखित में से किस शहर में सबसे अधिक वर्षा होती है?

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift III

(a) जोवाई (b) शिलांग
(c) बाघमारा (d) मॉसिनराम

Ans. (d) मॉसिनराम

- मेघालय के पठार में गारो, खासी, जयंतिया तथा मिकिर पहाड़ियाँ स्थित है।
- मॉसिनराम तथा चेरापूँजी, खासी पहाड़ी में स्थित है।

34. गंगोत्री हिमनद किस राज्य में स्थित है?

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift I

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) उत्तराखंड
(c) सिक्किम (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (b) उत्तराखंड

- गंगा नदी का उद्गम उत्तरकाशी जिले में गोमुख के निकट गंगोत्री हिमनद से होता है।
- गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी यमुना है, जो यमुनोत्री हिमनद से निकलती है।
- गंगा नदी (पद्मा नदी) बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र (जमुना) से मिलने के बाद मेघना के नाम से बहती है।
- राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1, जो प्रयागराज से हल्दिया तक है, गंगा नदी पर ही स्थित है।
- 2008 में गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी तथा 2017 में यमुना नदी के साथ जीवित मानव का दर्जा मिला।
- गंगा नदी की लम्बाई 2525 कि.मी. है।
- गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ:- गोमती, रामगंगा, घाघरा, गंडक, बागमती, महानंदा, कोसी, यमुना (सबसे बड़ी सहायक नदी) तथा सोन।

35. भारत में अंत:स्थलीय नौसंचालन जलमार्ग ...... कि.मी. लंबा है।

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift IV

(a) 13, 600 (b) 12,500
(c) 11,000 (d) 14,500

Ans. (d) 14,500 कि.मी.

- 1 समुद्री मील = 1.824 कि.मी.
- वर्तमान में, देश में राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या 111 है।
- भारत की स्थिति 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश के मध्य तथा 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक विस्तृत है।

36. विशाखापत्तनम .... स्थलरुद्ध और अच्छी तरह से संरक्षित बंदरगाह है।

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift III

(a) गहरा (b) सबसे लंबा
(c) छिछला (d) सबसे छोटा

Ans. (a) गहरा

- भारत का सबसे बड़ा प्राकृतिक बन्दरगाह मुम्बई है।
- काण्डला एक ज्वारीय बन्दरगाह है।
- काण्डला बंदरगाह का नया नाम प.दीनदयाल पोर्ट है।
- स्वतन्त्रता के बाद विकसित किया गया पहला बन्दरगाह कांडला था।
- भारत के पश्चिमी तट के महत्त्वपूर्ण बन्दरगाह: काण्डला, मुम्बई, न्हावाशेवा पत्तन, मोरमुगाओ, न्यू मंगलौर तथा कोचीन
- पूर्वी तट के महत्त्वपूर्ण बन्दरगाह: तूतीकोरिन, चेन्नई, एन्नोर, विशाखापट्टनम, पारादीप, हल्दिया तथा पोर्ट ब्लेयर
- पारादीप गहरा तथा लैगून सदृश बंदरगाह है।
- कोलकाता-हल्दिया (श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट) एक नद-मुख बंदरगाह है।

37. निम्नलिखित में से कौन-सी, भारतीय रेलवे ट्रैक की एक श्रेणी नहीं है?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift II

(a) ब्रॉड गेज (b) फुट गेज
(c) मीटर गेज (d) नैरो गेज

Ans. (b) फुट गेज

- रेल गेज को चार वर्गों में बाँटा गया है:
  1. ब्रॉड गेज – 1.676 मीटर
  2. मीटर गेज – 1 मीटर
  3. नेरो गेज – 0.610 मीटर और 0.762 मी.

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

4. स्टैंडर्ड गेज - 1.435 मीटर
- ✦ देश की सबसे लम्बी रेलगाड़ी (मालगाड़ी) सुपर वासुकी है।
- ✦ भारत की सबसे लम्बी दूरी तय करने वाली ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है (डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी तक)
- ✦ भारत का सबसे ऊँचा रेलवे पुल, जम्मू-कश्मीर में चिनाब ब्रिज है।
- ✦ चिनाब ब्रिज की ऊँचाई नदी तल से 359 मीटर है।
- ✦ भारतीय रेलवे 18 मण्डलों में बँटा हुआ है।
- ✦ कर्नाटक का हुबली रेलवे प्लेटफॉर्म दुनिया का सबसे लम्बा प्लेटफॉर्म है।
- ✦ रेलवे बोर्ड की स्थापना 1905 में हुई थी।

38. भारत में पहला सीमेंट संयंत्र किस वर्ष में स्थापित किया गया था?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift IV

(a) 1974 (b) 2014
(c) 2004 (d) 1904

Ans. (d) 1904

- ✦ सीमेंट का आविष्कार वर्ष 1824 में इंग्लैण्ड के पोर्टलैण्ड में हुआ था।
- ✦ भारत में पहला सीमेंट संयंत्र लगाने का प्रयास 1904 में चेन्नई में किया गया था परन्तु यह असफल रहा।
- ✦ पहला सफल संयन्त्र 1914 में इण्डियन सीमेन्ट कम्पनी के द्वारा पोरबन्दर में स्थापित किया गया था।

39. केरल के सबसे बड़े जलप्रपात का क्या नाम है?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift I

(a) वाझाचल जलप्रपात
(b) दूधसागर जलप्रपात
(c) अथिरापिल्ली जलप्रपात
(d) कुंचिकल जलप्रपात

Ans. (c) अथिरापिल्ली जलप्रपात

- ✦ भारत का सबसे ऊँचा जलप्रपात - कुँचीकल (455 मी.) जलप्रपात, वराही नदी, (कर्नाटक)
- ✦ जोग/गरसोप्पा/महात्मा गांधी जलप्रपात (253 मी.) शरावती नदी पर है।
- ✦ नर्मदा नदी पर बनने वाले जलप्रपात - धुआँधार, दुग्धधारा और कपिलधारा

जलप्रपात	नदी	राज्य
चूलिया जलप्रपात	चंबल नदी	राजस्थान
चित्रकूट जलप्रपात	इन्द्रावती नदी	छत्तीसगढ़
दूध सागर जलप्रपात	मांडवी नदी	गोवा
शिवसमुद्रम जलप्रपात	कावेरी नदी	कर्नाटक

40. भारत की पहली जूट मिल किस राज्य में स्थापित की गई थी?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift III

(a) पश्चिम बंगाल (b) ओडिशा
(c) बिहार (d) असम

Ans. (a) पश्चिम बंगाल

- ✦ जूट उत्पादन में भारत का विश्व में पहला स्थान तथा निर्यात में दूसरा स्थान है।
- ✦ भारत में पहली जूट मिल सन् 1855 में रिशरा (कोलकाता के निकट) में स्थापित की गई थी।
- ✦ जूट के उत्पादन में पहला तथा दूसरा स्थान क्रमश: पश्चिम बंगाल तथा बिहार का है।

41. भारत में मानसून की अवधि जून के आरंभ से सितंबर के मध्य तक .... दिनों के बीच होती है।

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift IV

(a) 200–240 (b) 100–120
(c) 60–80 (d) 260–280

Ans. (b) 100–120

- ✦ मानसूनी पवने सर्वप्रथम केरल राज्य के तट से टकराती है।
- ✦ वर्षा ऋतु का समयकाल - 15 जून से 15 सितम्बर
- ✦ तमिलनाडु में अधिकतम वर्षा उत्तर-पूर्वी मानसून से होती है।
- ✦ भारतीय मानसून को दक्षिण-पश्चिम मानसून भी कहा जाता है।
- ✦ भारत की जलवायु मौसमी जलवायु है।

42. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत में मीठे पानी की झील नहीं है?

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift I

(a) लोकटक (b) सांभर
(c) बडापानी (d) भीमताल

Ans. (b) सांभर

- ✦ लोकटक झील मणिपुर में है यहाँ विश्व का एकमात्र तैरता हुआ उद्यान केबुल-लामजाओ नेशनल पार्क स्थित है।
- ✦ वेम्बनाड झील (केरल) भारत की सबसे लम्बी झील है (96 कि.मी.)
- ✦ श्रीहरिकोटा द्वीप पुलिकट झील को बंगाल की खाड़ी से अलग करता है। इसी द्वीप पर सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र अवस्थित है।
- ✦ वुलर झील (जम्मू-कश्मीर) भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।

43. कौन-सी अक्षांश रेखा भारत के मध्य से होकर गुजरती है जो देश की जलवायु को प्रभावित करती है?

SSC GD 10 Jan. 2023 Shift I

(a) मकर रेखा (b) भूमध्य रेखा
(c) अंटार्कटिका वृत्त (d) कर्क रेखा

Ans. (d) कर्क रेखा

- ✦ कर्क रेखा (23°30', उत्तरी अक्षांश) भारत के 8 राज्यों (गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा तथा मिजोरम) से होकर गुजरती है।
- ✦ कर्क रेखा तथा भारतीय मानक समय रेखा एक-दूसरे को छत्तीसगढ़ में काटती है।
- ✦ भारत के सुदूर पूर्वी तथा सुदूर पश्चिमी भागों में लगभग 2 घण्टे का अंतराल है।

44. ग्रीष्म ऋतु स्थानीय तूफानों का मौसम होता है, जिनमें तीव्र हवाओं के साथ गरज वाली मूसलाधार वर्षा भी होती है, इसके साथ प्राय: हिम वृष्टि होती है। पश्चिम बंगाल में, इन तूफानों को .... के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift III

(a) काल बैशाखी (b) ताहिती
(c) लू (d) महावट

Ans. (a) काल बैशाखी

- ✦ ग्रीष्म ऋतु में पश्चिम बंगाल तथा असम राज्यों में तेज आर्द्र हवाएँ चलती है जिनसे गरज के साथ वर्षा होती है इन हवाओं के नाम:-

पूर्वी भारत - नार्वेस्टर

बंगाल - काल बैशाखी

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

कर्नाटक - चेरी ब्लास्म तथा कॉफी वर्षा
केरल - आम्र वर्षा

✦ उत्तरी भारत के शुष्क भागों में ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली हवाओं को 'लू' कहते है।
✦ शीतकालीन वर्षा को भारत में स्थानीय तौर पर महावट के नाम से जाना जाता है।
✦ तेज गड़गड़ाहट और बिजली के साथ अचानक और लगातार होने वाली वर्षा को वर्षा ऋतु का प्रस्फोट कहा जाता है।

45. निम्न में से कौन-सा तिलहन रबी फसल और खरीफ फसल दोनों के रूप में उगाया जाता है?

SSC GD 12 Jan. 2023 Shift II

(a) अलसी के बीज (b) अरंडी के बीज
(c) मूँगफली (d) सरसों

Ans. (b) अरंडी के बीज

✦ ऋतुओं के आधार पर फसलों का वर्गीकरण:-
1. रबी की फसल: अक्टूबर-नवम्बर में बोयी तथा मार्च-अप्रैल में काटी जाती है।
फसलें: गेहूँ, जौ, सरसों, मटर, राई, अलसी आदि।
2. खरीफ: जून-जुलाई में बोयी तथा सितम्बर-अक्टूबर में काट ली जाती है।
फसलें: गन्ना, तिलहन, धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, अरहर, कपास, सोयाबीन, तिल आदि।
3. जायद: मार्च-अप्रैल में बोयी तथा जून-जुलाई में काटी जाती है।
फसलें: ककड़ी, खीरा, तरबूज, करेला आदि।

46. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अरब सागर में गिरती है?

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift I

(a) गंगा (b) कृष्णा
(c) नर्मदा (d) महानदी

Ans. (c) नर्मदा

✦ नर्मदा नदी अमरकंटक की पहाड़ी से निकलती है।
✦ अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ नर्मदा, ताप्ती, साबरमती, शरावती, मांडवी, पेरियार
✦ माही, तापी, नर्मदा मांडवी नदिया ज्वारनदमुख (एश्चुरी) बनाती है।

47. उस स्थान को पहचानिए जहाँ उष्णकटिबंधीय तूफान उत्पन्न होते हैं?

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift IV

(a) प्रशांत महासागर
(b) आर्कटिक महासागर
(c) अरब सागर और प्रशांत महासागर
(d) बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर

Ans. (d) बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर

✦ उष्णकटिबंधीय चक्रवात 30° उत्तर से 30° दक्षिणी अक्षांश के मध्य (विषुवत रेखा के 5° उत्तर से 5° दक्षिणी अक्षांश को छोड़कर) उत्पन्न होते हैं।
उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के नाम तथा उनके प्रमुख क्षेत्र
हरिकेन - कैरोबियन सागर
टाइफून - चीन सागर
विली-विलीज - उत्तरी आस्ट्रेलिया तट हिन्दमहासागर में इन्हें चक्रवात कहा जाता है।

48. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी सिंधु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी है?

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift II

(a) सतलुज नदी (b) चिनाब नदी
(c) रावी नदी (d) श्योक नदी

Ans. (b) चिनाब नदी

✦ सिंधु नदी अरब सागर में गिरती है।
✦ सिंधु नदी की सहायक नदियाँ:- श्योक गिलगित, शिगर, काबुल, जास्कर, झेलम, चेनाब, रावी, ब्यास, सतलुज
✦ सिंधु नदी दमचौक के पास भारत में प्रवेश करती है।

49. सतलुज नदी घाटी में जल विद्युत उत्पादन और सिंचाई के लिए कौन-सी परियोजना बनाई गई है?

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift II

(a) नागार्जुन परियोजना
(b) हीराकुंड परियोजना
(c) भाखड़ा नांगल परियोजना
(d) सरदार सरोवर बाँध

Ans. (c) भाखड़ा नांगल परियोजना

✦ दामोदर घाटी परियोजना स्वतन्त्र भारत की पहली परियोजना है।
✦ भारत का सबसे ऊँचा बाँध भागीरथी नदी पर स्थित टिहरी बाँध है।
✦ इन्दिरा गांधी नहर भारत की सबसे बड़ी सिंचाई नहर है। यह नहर हरिके बैराज से निकाली गई है।
✦ भारत का सबसे लम्बा बाँध हीराकुण्ड बाँध है जो महानदी पर निर्मित है।

भारत की प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजनाएँ

परियोजना का नाम	नदी
तुलबुल परियोजना	झेलम
उरी परियोजना	झेलम
किशनगंगा परियोजना	किशनगंगा नदी
दुलहस्ती परियोजना	चेनाब नदी
पोंग बाँध परियोजना	व्यास नदी
नाथपा-झाकरी परियोजना	सतलुज नदी

50. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है?

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift III

(a) लक्षद्वीप
(b) दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव
(c) अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह
(d) पुदुचेरी

Ans. (a) लक्षद्वीप

✦ लक्षद्वीप की राजधानी कवारत्ती है।
✦ 9° चैनल मिनीकॉय तथा लक्षद्वीप को अलग करता है।
✦ लक्षद्वीप में 36 द्वीप है तथा सबसे बड़ा द्वीप मिनीकॉय द्वीप है।
✦ लक्षद्वीप का क्षेत्रफल 32 वर्ग कि.मी क्षेत्र में फैला हुआ है।
✦ लक्षद्वीप अरब सागर में स्थित है।
✦ दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव की राजधानी 'दमन' है यह द्वीप समूह

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

अरब सागर में स्थित है।
- अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर है।
- 10° चैनल छोटा अण्डमान तथा कार निकोबार को अलग करता है।
- पुदुचेरी एकमात्र केन्द्रशासित प्रदेश है जो तीन राज्यों यमन, (आन्ध्र प्रदेश), कराईकल (तमिलनाडु) माहे (केरल) में फैला हुआ है।

51. कौन-सी पर्वत शृंखला शीत साइबेरियाई पवनों को भारत में प्रवेश करने से रोकती है?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift III

(a) पश्चिमी घाट
(b) अरावली पर्वत शृंखला
(c) सतपुड़ा पर्वत शृंखला
(d) हिमालय

Ans. (d) हिमालय

- हिमालय वलित पर्वत शृंखला का उदाहरण है।
- हिमालय पर्वत शृंखला विश्व की सबसे नवीनतम पर्वत शृंखला है।
- सतपुड़ा की पहाड़ियाँ मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है।
- सतपुड़ा पहाड़ी की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़ है।
- पश्चिमी घाट को सहयाद्रि भी कहा जाता है।
- विश्व की सबसे पुरानी पर्वत शृंखला अरावली है।
- अरावली पर्वत शृंखला की सबसे ऊँची चोटी गुरु शिखर है।

52. 1962 में, मैकमोहन रेखा के क्षेत्र में भारत का युद्ध किस देश के साथ हुआ था?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift III

(a) भूटान (b) नेपाल
(c) पाकिस्तान (d) चीन

Ans. (d) चीन

- भारत तथा भूटान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का नाम गेलेफू है।
- भारत-चीन की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का नाम मैकमोहन है।
- भारत तथा पाकिस्तान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा को रेडक्लिफ कहते है।

53. भारत के सबसे दक्षिणी सिरे का क्या नाम है?

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift I

(a) काराकोरम (b) इंदिरा पॉइंट
(c) कैलीमेयर पॉइंट (d) इंदिरा कोल

Ans. (b) इंदिरा पॉइंट

- इंदिरा पॉइंट अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप पर स्थित है।
- इंदिरा पॉइंट का पुराना नाम पिगमिलियन पॉइंट था।
- भारत का सबसे उत्तरी बिन्दु इंदिरा कॉल है जो लद्दाख में स्थित है।
- कैलीमेयर पॉइंट तमिलनाडु राज्य में स्थित है।

54. उकाई बाँध किस नदी पर स्थित है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) ताप्ती (b) माही
(c) कर्जन (d) नर्मदा

Ans. (a) ताप्ती

- उकाई बाँध को वल्लभ सागर बाँध के नाम से भी जाना जाता है। यह ताप्ती नदी पर स्थित है।
- सरदार सरोवर के बाद यह गुजरात राज्य का दूसरा सबसे बड़ा बाँध है।
- उकाई बाँध का उपयोग तापी जिले के उकाई शहर में बिजली उत्पादन, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के लिए किया जाता है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

बाँध	राज्य	नदी
सोमासिला बाँध	आंध्र प्रदेश	पेन्ना नदी
टिहरी बाँध	उत्तराखंड	भागीरथी नदी
हीराकुण्ड बाँध	उड़ीसा	महानदी
फरक्का बाँध	प. बंगाल	हुगली नदी
सलाल बाँध परियोजना	जम्मू-कश्मीर	चिनाब नदी
उरी बाँध	जम्मू-कश्मीर	झेलम नदी
रिहंद बाँध	उत्तर प्रदेश	रिहंद नदी
मैथन बाँध	झारखंड	बराकर नदी
जवाहर सागर बाँध	राजस्थान	चंबल नदी
नागार्जुन बाँध	तेलंगाना	कृष्णा नदी
इडुक्की बाँध	केरल	पेरियार नदी

55. निम्नलिखित में से कृष्णा नदी की सहायक नदी कौन-सी है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) प्रणीता (b) पूर्णा
(c) मंजरा (d) घाटप्रभा

Ans. (d) घाटप्रभा

महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ

- यमुना - चंबल, सिंध, केन, बेतवा, हिंडन, टोंस।
- कृष्णा- घाटप्रभा, तुगभद्रा, कोयना, मालप्रभा।
- कावेरी - हेमावती, भवानी, काबिनी, अक्रावती
- नर्मदा - ओससंग, गंजाल, तवा।
- दामोदर - बराकर, कोनार।
- चंबल - बनास, पार्वती।

56. भारत के कितने राज्यों की सीमा, सिक्किम से जुड़ी है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) एक (b) दो
(c) चार (d) तीन

Ans. (a) एक

- सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में 16 मई 1975 को भारत का राज्य बनाया गया था। भारत में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा और क्षेत्रफल की दृष्टि से गोवा के बाद दूसरा सबसे छोटा राज्य है। भारत में एकमात्र राज्य पश्चिम बंगाल (West Bengal) है, जिसकी सीमा सिक्किम से मिलती है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर स्थित भारतीय राज्यों की सूची
- भूटान - पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और असम।
- बांग्लादेश - पश्चिम बंगाल, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और असम।
- चीन - लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश।
- म्यांमार - अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- नेपाल – बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, सिक्किम और पश्चिम बंगाल।
- पाकिस्तान – लद्दाख, पंजाब, राजस्थान, गुजरात और जम्मू-कश्मीर।

57. छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस कब मनाया जाता है।

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) 15 जून (b) 23 अक्टूबर
(c) 1 नवंबर (d) 30 मई

Ans. (c) 1 नवंबर

- 1 नवंबर, 2000 को छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ देश के 26वें राज्य के रूप में दर्ज हो गया।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

प्रमुख राज्यों के स्थापना दिवस

- आंध्र प्रदेश – 1 नवंबर, 1956
- तेलंगाना – 2 जून, 2014
- अरुणाचल प्रदेश – 20 फरवरी, 1987
- गोवा – गोवा दिवस – 30 मई, 1987
- गुजरात – गुजरात दिवस – 1 मई, 1960
- हरियाणा – हरियाणा दिवस – 1 नवंबर, 1966
- झारखंड – झारखंड दिवस – 15 नवंबर, 2000
- महाराष्ट्र – महाराष्ट्र दिवस – 1 मई, 1960
- उत्तराखंड – उत्तराखंड दिवस – 9 नवंबर, 2000

58. हिंद महासागर में कौन-सा समुद्री बंदरगाह स्थित है?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) मनीला फिलीपींस
(b) कोच्चि पोर्ट-केरल
(c) कर्जन
(d) नर्मदा

Ans. (b) कोच्चि पोर्ट-केरल

- अरब सागर और बंगाल की खाड़ी हिंद महासागर का भाग हैं।
- हिंद महासागर में कई समुद्री बंदरगाह स्थित है। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, नवी मुंबई, कोच्चि पोर्ट, केरल आदि।
- मेडागास्कर द्वीप हिन्द महासागर में स्थित है।
- हिंद महासागर का मोती मालदीव को कहा जाता है।
- सशेल्स द्वीप हिन्द महासागर में स्थित है।

59. तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में पाई जाने वाली किस प्रकार की मिट्टी काजू जैसी फसलों के लिये सबसे उपयुक्त है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) लाल लैटेराइट मिट्टी
(b) जलोढ मिट्टी
(c) काली मिट्टी
(d) मरु मिट्टी

Ans. (a) लाल लैटेराइट मिट्टी

- काजू की फसल के लिये सबसे उपयुक्त मिट्टी लाल लैटेराइट मिट्टी है। इसकी खेती केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, आदि राज्यों में की जाती है।

भारत में पाई जाने वाली प्रमुख मृदाएँ-

- पर्वतीय मृदा
- जलोढ मृदा
- लाल और पीली मृदा
- काली मृदा
- लैटेराइट मृदा
- शुष्क मृदा

60. भारत का सबसे लंबा नदी पुल -ढोला-सादिया निम्नलिखित में से किस नदी पर बनाया जा रहा है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) गंगा (b) गोदावरी
(c) ब्रह्मपुत्र (d) यमुना

Ans. (c) ब्रह्मपुत्र

- भूपेन हजारिका सेतु या ढोला-सादिया पुल भारत का सबसे लम्बा पुल है जिसका उद्घाटन 26 मई 2017 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। यह 9.15 Km (5.69 मील) लम्बा सेतु लोहित नदी पर बना है जो ब्रह्मपुत्र नदी की एक मुख्य उपनदी है। इसका एक छोर अरुणाचल प्रदेश के ढोला कस्बे और दूसरा छोर असम के तिनसुकिया जिले के सदिया कस्बे में स्थित है।

भारत के सबसे लम्बे पुल

1. ढोला सदिया पुल – असम और अरुणाचल प्रदेश (लोहित नदी)
2. दिबांग नदी पुल – अरुणाचल प्रदेश (दिबांग नदी)
3. महात्मा गांधी सेतु – बिहार (गंगा)
4. बांद्रा वर्ली सी – बांद्रा से वर्ली दक्षिण मुंबई (महिम खाड़ी)
5. बोगीबील ब्रिज – धेमाजी से डिब्रुगढ़ (ब्रह्मपुत्र)

61. निम्नलिखित में से किस राज्य में एक आधिकारिक रामसर स्थल, लोनार झील स्थित है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) महाराष्ट्र (b) तमिलनाडु
(c) हरियाणा (d) पंजाब

Ans. (a) महाराष्ट्र

- रामसर सन्धि को 2 फरवरी 1971, में रामसर शहर (ईरान) में अपनाया गया था।
- भारत में यह सन्धि 1 फरवरी 1982 में लागू हुई।
- फरवरी 2025 तक, भारत में 89 रामसर साइटें हैं।
- भारत की पहली रामसर साइट चिल्का (ओड़िशा) झील है और सबसे छोटी साइट रेणुका वेटलैंड (हिमाचल प्रदेश) है।

62. बारालाचा दर्रे के दोनों किनारों से निकलने वाली दो जल धाराएं, चंद्र और भागा निम्न में से कौन सी नदी बनाती है?

(a) झेलम (b) चिनाब
(c) रावी (d) सिंधु

Ans. (b) चिनाब

- चिनाब को हिमाचल प्रदेश में चन्द्रभागा कहा जाता है।

चिनाब नदी पर परियोजनाएँ –

1. बगलिहार 2. सलाल 3. दुलहस्ती

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

63. प्रवद, मंजीरा और मनेर नदियाँ..... नदी की दाहिनी सहायक नदियाँ है।
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) गोदावरी (b) कृष्णा
(c) कावेरी (d) नर्मदा

Ans. (a) गोदावरी

- प्रवर, मंजीरा और मनेर, गोदावरी नदी की दाहिनी सहायक नदियाँ हैं।
- बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली प्रमुख नदियाँ:- कावेरी, महानदी, कृष्णा, गोदावरी, ब्राह्मणी, वैतरणी, स्वर्णरेखा आदि।

64. .... और ताप्ती नदियाँ एक दूसरे के लगभग समानांतर बहती है लेकिन विपरीत दिशाओं में खुद को खाली कर लेती है।
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) नर्मदा (b) कृष्णा
(c) ब्रह्मपुत्र (d) कावेरी

Ans. (a) नर्मदा

- नर्मदा और ताप्ती नदियाँ पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर बहती है। मध्य प्रदेश से निकलने वाली दोनों नदियाँ (अरब सागर) खम्भात की खाड़ी में गिरती है।
- नर्मदा नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ:- ओरसंग, शक्कर, हिरन, तवा, गंजाल, बंजार।
- नर्मदा नदी पर जबलपुर के भेड़ाघाट में धुआँधार जलप्रपात बनता है।

65. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी जास्कर (जंस्कार) और लद्दाख पर्वत-मालाओं के बीच बहती है।
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) यमुना (b) गंगा
(c) सिंधु (d) ब्रह्मपुत्र

Ans. (c) सिंधु

- जास्कर (जस्कार) और लद्दाख के बीच सिंधु नदी बहती है सिंधु नदी लद्दाख की जीवन रेखा है।
- सिंधु नदी अरब सागर में गिरती है।

66. दिलवाड़ा और जर्गा पर्वत चोटियाँ निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) राजस्थान (b) हरियाणा
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

Ans. (a) राजस्थान

- दिलवाड़ा पर्वत चोटी राजस्थान में स्थित है जिसकी ऊंचाई लगभग 1442 मी. है। जर्गा पर्वत चोटी राजस्थान के उदयपुर जिले में है, जिसकी ऊँचाई लगभग 1431 मी. है।
- अरावली पर्वत की सबसे ऊँचा शिखर गुरु शिखर है।
- लूनी नदी अरावली पर्वत से ही निकलती है।
- अरावली पर्वत का विस्तार दिल्ली रिज से आरम्भ होकर दक्षिण-पश्चिम में गुजरात तक है।

67. तिराप और नोआ नदियाँ किस भारतीय राज्य में बहती है?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) गोवा (b) सिक्किम
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (c) अरुणाचल प्रदेश

- तिराप नदी भारत के अरुणाचल प्रदेश में बहती है। और इसका विलय बूरही दिहांग नदी में हो जाता है और नोआ नदी भी अरुणाचल प्रदेश में बहती है।
- अरुणाचल प्रदेश की अन्य महत्त्वपूर्ण नदी ब्रह्मपुत्र है इस नदी के महत्त्वपूर्ण तथ्य -
- उद्गम - मानसरोवर झील के पास चेमायुंगडुंग हिमनद
- तिब्बत में इसे सांगपो कहा जाता है।
- अरुणाचल प्रदेश में यह यंग्याप दर्रे द्वारा प्रवेश करती है यहाँ इसे दिहांग कहते है।
- दिबांग तथा लोहित नदी के संगम के बाद यह नदी ब्रह्मपुत्र कहलाती है।

68. निम्नलिखित में से कौन सी पहाड़ियाँ आंध्र प्रदेश में स्थित हैं?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) पालकोड़ा की पहाड़ियाँ
(b) महाबलेश्वर की पहाड़ियाँ
(c) अन्नामलाई की पहाड़ियाँ
(d) नीलगिरि की पहाड़ियाँ

Ans. (a) पालकोड़ा की पहाड़ियाँ

- पालकोंड़ा पहाड़ियाँ भारत के दक्षिणी भाग में पूर्वीघाट का भाग हैं। ये आंध्र प्रदेश राज्य के अनंतपुर जिले और कुड़प्पा जिले में स्थित हैं।
- महाबलेश्वर की पहाड़ियाँ महाराष्ट्र में स्थित है।
- अनाईमुडी प्रायद्वीपीय पठार तथा दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी है तथा यह चोटी अन्नामलाई की पहाड़ियों पर स्थित है।
- नीलगिरि तथा अन्नामलाई के बीच 'पालघाट' दर्रा स्थित है।

69. छतों पर वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाने वाला भारत का पहला और एकमात्र राज्य निम्नलिखित में से कौन सा है?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) मिजोरम (b) मेघालय
(c) तमिलनाडु (d) आंध्र प्रदेश

Ans. (c) तमिलनाडु

- छतों पर वर्षा के जल संचयन को अनिवार्य बनाने वाला भारत का प्रथम राज्य तमिलनाडु है। इस योजना को 2001 में शुरू किया गया था।

70. किन्नौर में हंगरंग घाटी के शैलखार और चांगो के साथ स्पीति घाटी के अंतिम दक्षिण-पूर्वी छोर को निम्न में से कौन-सा दर्रा जोड़ता है?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) सिरमाला (b) लेपचा ला
(c) चक्षचनला (d) कुलीला

Ans. (b) लेपचा ला

- किन्नौर में हंगरंग घाटी के शैलखार और चांगों के साथ स्पीति घाटी के अंतिम दक्षिण-पूर्वी छोर को लेपचा ला दर्रा जोड़ता है। यह हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में है।

हिमाचल प्रदेश के प्रमुख दर्रे -

1. शिपकीला दर्रा (शिमला-तिब्बत)
2. रोहतांग दर्रा (मनाली-लेह)
3. बड़ालाचा दर्रा (लेह-मनाली)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

71. चावल की खेती की जाबो प्रणाली (Zabo System) भारत के किस राज्य में प्रचलित जल संचयन की एक स्वदेशी विधि है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) उत्तर प्रदेश (b) नागालैण्ड
(c) केरल (d) कर्नाटक

Ans. (b) नागालैण्ड

- चावल की खेती की जाबो प्रणाली भारत के नागालैण्ड राज्य में प्रचलित है। नागालैंड मूलतः कृषि प्रधान राज्य है। यहाँ की लगभग 70 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर है जाबो का मतलब पानी को तालाब में इकट्ठा करना है।
- भारत का सबसे बड़ा चावल उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल है।

72. मंदाकिनी नदी .... में अलकनंदा में मिलती है?

SSC GD 13 Dec. 2021

(a) विष्णु प्रयाग (b) कर्ण प्रयाग
(c) रूद्र प्रयाग (d) देव प्रयाग

Ans. (c) रूद्र प्रयाग

- रूद्रप्रयाग में अलकनंदा और मंदाकिनी का संगम होता है।
- अलकनंदा नदी का उद्गम सतोपंथ हिमानी से है।
- भागीरथी नदी का उद्गम गंगोत्री हिमनद से है।
- देवप्रयाग में अलकनंदा तथा भागीरथी नदी का संगम होता है तथा इसके बाद यह गंगा नदी कहलाती है।

73. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र कहाँ स्थापित किया गया है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु
(b) जलगाँव, महाराष्ट्र
(c) हाजीपुर, बिहार
(d) बेलगाम, कर्नाटक

Ans. (a) तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का राष्ट्रीय केला अनुसंधान केन्द्र तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु में 21 अगस्त 1993 को (ICAR) द्वारा स्थापना की गई थी।

कृषि से सम्बन्धित भारत की प्रमुख संस्थाएँ

संस्था	अवस्थिति
राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)	मुम्बई
राष्ट्रीय चावल शोध संस्थान	कटक
भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान	लखनऊ
केन्द्रीय तंबाकू अनुसंधान संस्थान	राजमुंद्री (आंध्र प्रदेश)

74. उमानंद असम में स्थित एक...... है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) घाटी (b) द्वीप
(c) नदी (d) झील

Ans. (b) द्वीप

- उमानंद द्वीप ब्रह्मपुत्र नदी के बीच में छोटा बसा हुआ नदी द्वीप है जो पूर्वोत्तर भारत के एक राज्य असम के गुवाहटी शहर से होकर बहती है। इसका नाम असमिया उमा से निकला है।
- भारत का सबसे बड़ा नदी द्वीप माजुली है।
- उमानंद को दुनिया का सबसे छोटा नदी द्वीप माना जाता है।
- इस द्वीप का निर्माण ब्रह्मपुत्र नदी तथा उसकी सहायक नदियों के मोड़ के कारण हुआ था।

75. थोसेघर जलप्रपात किस राज्य में स्थित है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) महाराष्ट्र (b) मध्यप्रदेश
(c) ओडिशा (d) कर्नाटक

Ans. (a) महाराष्ट्र

- थोसेघर जलप्रपात महाराष्ट्र में स्थित एक जलप्रपात है। पश्चिमी भारत में कोंकण क्षेत्र के किनारे सतारा शहर से 20 किलोमीटर दूर स्थित है।

भारत के महत्त्वपूर्ण जलप्रपात –

- जोगिनी जलप्रपात – हिमाचल प्रदेश
- बूढा घाघ जलप्रपात – झारखण्ड
- बरकाना जलप्रपात – कर्नाटक
- चचाई जलप्रपात – मध्य प्रदेश

76. निम्न में किस भारतीय राज्य को उसकी अनूठी स्थलाकृति के कारण लाल नदी और नीली पहाड़ियों की भूमि के नाम से जाना जाता है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) हिमाचल प्रदेश (b) असम
(c) कर्नाटक (d) केरल

Ans. (b) असम

- असम को अक्सर लाल नदी और नीले पहाड़ की धरती कहा जाता है। असम चाय के बागानों के लिए प्रसिद्ध शहर है।
- असम की ब्रह्मपुत्र नदी को लाल नदी तथा पहाड़ियों को नीली पहाड़ियाँ कहा जाता है।

77. निम्नलिखित में से किस राज्य में भारत की सबसे बड़ी खारी आर्द्रभूमि सांभर झील स्थित है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) तमिलनाडु (b) महाराष्ट्र
(c) राजस्थान (d) कर्नाटक

Ans. (c) राजस्थान

- भारत के राजस्थान राज्य में जयपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर पूर्व-मध्य राजस्थान में स्थित है। इसे वर्ष 1990 से रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की एक आर्द्रभूमि घोषित किया गया है।
- भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील चिल्का है।

भारत की प्रमुख झीलें

कोलेरू	आंध्र प्रदेश
हुसैन सागर	तेलंगाना
लोनार	महाराष्ट्र
हॉफ्लांग	असम
लोकटक	मणिपुर

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

78. निम्नलिखित में से कौन सी नदी घाघरा नदी की सहायक नदी है?
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) सरयू नदी (b) गोमती नदी
(c) सोन नदी (d) कोसी नदी
Ans. (a) सरयू नदी

✦ घाघरा नदी की लम्बाई लगभग 1080 कि.मी. है जो तिब्बत के मापचा चुंग हिमनद से निकलती है।

79. माउंट सिनिओल्चु भारत के किस राज्य में स्थित है?
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) आंध्र प्रदेश (b) सिक्किम
(c) हिमाचल प्रदेश (d) नागालैंड
Ans. (b) सिक्किम

✦ माउंट सिनिओल्चु सिक्किम के सबसे ऊँचे पर्वतों में से एक है। इस पर्वत की ऊँचाई लगभग 6888 मीटर है यह पर्वत माउंट कंचनजंगा के पास ग्रीन लेक क्षेत्र के निकट स्थित है।
✦ कंचनजंगा नेपाल-सिक्किम की सीमा पर स्थित है।
✦ भारत की सबसे ऊँची चोटी गॉडविन ऑस्टिन (K2) है।

80. निम्न में से कौन सा बाँध कावेरी नदी पर बना है।
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) मैथन
(b) हीराकुण्ड
(c) कृष्णराज सागर या मेट्टूर बाँध
(d) इनमें से कोई नहीं
Ans. (c) कृष्णराज सागर या मेट्टूर बाँध

✦ कावेरी नदी पर कई बाँध बने है जो इस प्रकार है - कर्नाटक राज्य में कृष्णराज सागर बाँध और तमिलनाडु में मेट्टूर बाँध बना हुआ है।

बाँध	नदी
हीराकुण्ड	महानदी (उड़ीसा)
मैथन	बराकर नदी (झारखण्ड)

81. निम्नलिखित में से कौन-सी गोदावरी नदी की एक सहायक नदी है?
SSC GD 02 Dec. 2021
(a) वेन गंगा (b) मुसी
(c) कोयना (d) तुंगभद्रा
Ans. (a) वेन गंगा

✦ गोदावरी नदी महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, आदि राज्यों में बहती है। नासिक शहर, गोदावरी नदी के तट पर स्थित है।
✦ गोदावरी को बूढ़ी गंगा या दक्षिण भारत की गंगा भी कहते है।
✦ यह नदी प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लम्बी नदी है।

82. निम्न में से किस भारतीय राज्य की सीमा नेपाल से नहीं लगती है?
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) असम (b) उत्तर प्रदेश
(c) पश्चिम बंगाल (d) उत्तराखंड
Ans. (a) असम

✦ भारतीय राज्य असम की सीमा नेपाल देश से नहीं लगती है।
✦ नेपाल से 5 राज्यों की सीमा लगती है (उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम)
✦ भारत की स्थलीय सीमा 7 देशों से मिलती है (पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार तथा बांग्लादेश)

83. निम्नलिखित में से किस शहर में भारत का पहला चंदन संग्रहालय स्थापित किया जा रहा है?
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) बैंगलुरु (b) हैदराबाद
(c) मैसूर (d) पटना
Ans. (c) मैसूर

✦ भारत का पहला चंदन संग्रहालय कर्नाटक में मैसूर के अशोक पुरम स्थित अरण्य भवन में स्थापित किया गया है। क्षेत्रीय वन विभाग द्वारा चंदन की खेती के महत्त्व के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिये संग्रहालय स्थापित किया गया है।

84. निम्नलिखित में कौन-सी पहाड़ियाँ मेघालय में स्थित नहीं है?
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) डाफला पहाड़ियाँ (b) जयंतियाँ पहाड़ियाँ
(c) गारों पहाड़ियाँ (d) खासी पहाड़ियाँ
Ans. (a) डाफला पहाड़ियाँ

✦ डाफला पहाड़ियाँ पूर्वोत्तर भारत में असम और अरुणाचल प्रदेश राज्यों की सीमा के पश्चिमी भाग में स्थित पहाड़ी शृंखला है। ये मेघालय में स्थित नहीं है।
✦ खासी, गारो, जयंतिया पहाड़ियाँ भारत के मेघालय राज्य में स्थित है।
✦ ये पहाड़ियाँ शिलांग पठार पर स्थित है।

85. सलाल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर स्टेशन निम्नलिखित में से किस नदी पर बनाया गया है?
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) कोसी (b) चिनाब
(c) झेलम (d) भागीरथी
Ans. (b) चिनाब

✦ सलाल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर स्टेशन भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य में चिनाब नदी पर स्थापित एक जल विद्युत परियोजना है।

जम्मू-कश्मीर की परियोजनाएँ	
परियोजना	**नदी**
उरी परियोजना	झेलम
बगलिहार परियोजना	चिनाब
तुलबुल परियोजना	झेलम
किशनगंगा परियोजना	किशनगंगा
दुलहस्ती परियोजना	चिनाब

86. निम्नलिखित में से कौन भारत का सर्वोच्च (सबसे ऊंचा) बाँध है।
SSC GD 03 Dec. 2021
(a) सरदार सरोवर बाँध - गुजरात
(b) हीराकुड बाँध- ओडिशा
(c) टिहरी बाँध - उत्तराखंड
(d) भाखड़ा नांगल बाँध - हिमाचल प्रदेश
Ans. (c) टिहरी बाँध - उत्तराखंड

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

✦ टिहरी बाँध (Tehri Dam) 261 मी. (लगभग) ऊँचा बाँध है जो उत्तराखंड राज्य में भागीरथी नदी पर बना है।
✦ सरदार सरोवर बाँध नर्मदा नदी पर बना है।
✦ हीराकुण्ड बाँध महानदी पर बना है।

87. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

(a) पंजाब (b) उत्तराखंड
(c) राजस्थान (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (b) उत्तराखंड

88. निम्नलिखित में से किस राज्य में अबोर पहाड़ियाँ स्थित है?

(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) पश्चिम बंगाल
(c) असम
(d) सिक्किम

Ans. (a) अरुणाचल प्रदेश

✦ अबोर पहाड़ी भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य में पाई जाती है। अबोर जनजाति का मुख्य निवास स्थान अरुणाचल प्रदेश एवं असम है।

89. सरयू नदी किस नदी की सहायक नदी है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) शारदा (b) पिंडर
(c) टोंस (d) भागीरथी

Ans. (a) शारदा

✦ सरयू नदी शारदा नदी की प्रमुख सहायक नदी के रूप में जानी जाती है।
✦ सरयू नदी को घाघरा तथा मानस नंदिनी के नाम से भी जाना जाता है।
✦ अयोध्या सरयू नदी के तट पर स्थित है।

90. भारत के पंजाब से निकलने वाली पांच नदियाँ पाकिस्तान में मिठन कोट में ..... नदी में मिल जाती है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) यमुना (b) सिंधु
(c) गंगा (d) ब्रह्मपुत्र

Ans. (b) सिंधु

पंजाब की प्रमुख 5 नदियाँ –
झेलम, चिनाब, राबी, व्यास, सतलुज
✦ ये पाँचों नदियाँ मिठनकोट के पास सिंधु नदी से मिल जाती हैं।

91. होगेनक्कल जलप्रपात (Hogenakkal Falls) किस राज्य में स्थित है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) महाराष्ट्र (b) केरल
(c) आंध्र प्रदेश (d) तमिलनाडु

Ans. (d) तमिलनाडु

✦ होगेनक्कल जलप्रपात (कावेरी नदी) भारत के तमिलनाडु राज्य के धर्मपुरी जिले और कर्नाटक के चामराज नगर जिले की सीमा पर स्थित है।

92. महानदी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) यह छत्तीसगढ़ के पहाड़ी इलाको से निकलती है।
(b) इस के जल ग्रहण क्षेत्र का कुछ हिस्सा महाराष्ट्र में स्थित है।
(c) यह लगभग 860 किलो लंबी है।
(d) यह अरब सागर में गिरती है।

Ans. (d) यह अरब सागर में गिरती है।

93. निम्नलिखित में से किस राज्य में यूथांग घाटी स्थित है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) नागालैण्ड (b) उत्तराखंड
(c) सिक्किम (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (c) सिक्किम

✦ यूथांग घाटी सिक्किम राज्य में हिमालय पर्वत से घिरी हुई है। यह गंगटोक से 148 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यूथांग घाटी को फूलों की घाटी भी कहा जाता है।
✦ **चुंबी घाटी:**– यह घाटी भारत, चीन तथा भूटान के मिलन बिन्दु पर स्थित है। डोकलाम क्षेत्र, इसी क्षेत्र का हिस्सा है।

94. कदम बाँध, कदम नदी और ..... नदी के संगम पर स्थित है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) शरावती (b) काबिनी
(c) गोदावरी (d) कावेरी

Ans. (c) गोदावरी

✦ कदम परियोजना, कदम नदी पर एक जलाशय है, कदम नदी, निर्मल जिला, तेलंगाना के पास गोदावरी की एक सहायक नदी है।
✦ गोदावरी नदी महाराष्ट्र के नासिक जिले के त्र्यंबकेश्वर नामक स्थान से निकलती है।
✦ गोदावरी नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ:– पूर्णा, वर्धा, मंजरा, इंद्रावती, सबरी, प्राणहिता आदि हैं।
✦ गोदावरी नदी की लम्बाई लगभग 1465 कि.मी. है।

95. थार के रेगिस्तान की सबसे लंबी नदी निम्न में कौन सी है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) झेलम (b) लूनी
(c) सोन (d) चबल

Ans. (b) लूनी

✦ लूनी उत्तर-पश्चिम भारत में थार रेगिस्तान में सबसे बड़ी नदी है। यह, अजमेर के पास अरावली रेंज की नाग पहाड़ी से निकलती है। लूनी नदी गुजरात के कच्छ के रण में विलुप्त हो जाती है।
✦ विश्व के मरुस्थलीय क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जनघनत्व थार मरुस्थल में ही पाया जाता है।
✦ कच्छ के रण को सफेद मरुस्थल कहा जाता है।

96. बेरीनाग का जल-स्रोत, उत्तर भारत की नदी .... का मुख्य स्रोत है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) झेलम (b) व्यास
(c) रावी (d) चिनाब (चेनाब)

Ans. (a) झेलम

✦ झेलम, सिंधु की सहायक नदी है जो कश्मीर घाटी के दक्षिण-पूर्वी भाग में पीर पंजाल पर्वत में स्थित बेरीनाग बिंदु (शेषनाग झील) से निकलती है।
✦ किशनगंगा नदी, झेलम नदी की सहायक नदी है जिसे पाकिस्तान में नीलम नदी के नाम से जाना जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

97. भारत में सक्रिय ज्वालामुखी कहां पाये जाते हैं?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) अंडमान और निकोबार
(b) लक्षद्वीप
(c) गोवा
(d) पुदुचेरी

Ans. (a) अंडमान और निकोबार

✦ बैरन द्वीप भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है यह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित है।

98. गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) पिंजौर (b) आगरा
(c) रामपुर (d) पुष्कर

Ans. (a) पिंजौर

✦ भारतीय गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र भारत के हरियाणा राज्य के पिंजौर शहर में बीर शिकारगाह वन्य जीव अभ्यारण्य के भीतर स्थित है।
✦ हाल ही मे वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व बिहार में 150 गिद्ध देखे गए हैं।

99. अरुणाचल प्रदेश राज्य की सबसे ऊँची चोटी .... है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) कामेट (Kamet)
(b) नुन-कुन (Nun-Kun)
(c) कंगतो (Kangito)
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) कंगतो (Kangito)

✦ कंगतो पूर्वी हिमालय में भारत व तिब्बत की सीमा पर स्थित है यह भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य का सबसे ऊँचा पहाड़ है।
✦ कामेट चोटी भारत के उत्तराखण्ड राज्य के चमोली जिले में स्थित है।
✦ नुन-कुन चोटी लद्दाख में स्थित है।

100. हुंडरू जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) सुवर्ण रेखा (b) तीस्ता
(c) सैंगपो (d) उमंगोट

Ans. (a) सुवर्ण रेखा

✦ हुंडरू जल प्रपात झारखंड के रांची में सुवर्ण रेखा नदी पर स्थित है। यहाँ जल 320 फीट की ऊँचाई से गिरता है। जो राज्यों के उच्चतम जल प्रपातों में से एक है।

झारखण्ड के प्रमुख प्रपात	
जलप्रपात	**नदी**
गौतम धारा / जोन्हा	रारू नदी
साडनी	शंख नदी
दसम	कांची नदी

101. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की नदियों को आपस में जोड़ने वाली प्रथम परियोजना है?

(a) वैगाई-नोटयाल (b) कोसी-गंडक
(c) केन-बेतवा (d) पलार-भवानी

Ans. (c) केन-बेतवा

✦ केन-बेतवा लिंक परियोजना मध्य प्रदेश की केन नदी से अतिरिक्त पानी को उत्तर प्रदेश की बेतवा नदी में पहुँचाने के लिए बनाई गई है।
✦ राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (एनपीपी) के तहत परिकल्पित केन-बेतवा लिंक परियोजना देश में कार्यान्वित होने वाली नदियों को जोड़ने की पहली परियोजना में से एक होगी।

102. निम्नलिखित देशों में से कौन से देश 1.8 किमी लम्बे फेनी पुल से जुड़े है?

(a) भारत और बांग्लादेश
(b) भारत और भूटान
(c) भारत और श्रीलंका
(d) भारत और नेपाल

Ans. (a) भारत और बांग्लादेश

✦ 1.8 Km लंबा पुल त्रिपुरा राज्य की फेनी नदी पर बना है। फेनी नदी त्रिपुरा और बांग्लादेश के बीच बहने वाली एक नदी है इसमें दोनों देश (भारत और बांग्लादेश) जुड़े हैं।
✦ इस सेतू को मैत्री सेतू कहा जाता है।
✦ बांग्लादेश के साथ भारत की 4096.7 कि.मी. सीमा लगती है।

103. भारत-म्यांमार सीमा पर निम्न में से कौन सी पहाड़ी भारत के पूर्वी पहाड़ी इलाको की मिजो हिल्स और मणिपुर हिल्स को जोड़ती है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) तोबा ककड़ (b) खासी
(c) डोक्या (d) चिन

Ans. (d) चिन

✦ चिन हिल्स, उत्तर पश्चिमी म्यांमार (बर्मा)में पहाड़ी क्षेत्र, जो भारत की सीमा के साथ फैला हुआ है। जो मिजो हिल्स और मणिपुर हिल्स को आपस में जोड़ती है।
✦ मैइथा तथा कलादान नदियाँ चिन पहाड़ी की सीमा निर्धारित करती है।

104. अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी ..... में स्थित है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) राजस्थान (b) हरियाणा
(c) गुजरात (d) दिल्ली

Ans. (a) राजस्थान

105. जवाई बाँध जवाई नदी पर निर्मित एक जलाशय है, वह इनमें से किसकी सहायक नदी है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) चंबल नदी (b) बनास नदी
(c) माही नदी (d) लूनी नदी

Ans. (d) लूनी नदी

✦ जवाई बाँध, जवाई नदी पर निर्मित एक जलाशय है जो लूनी नदी की एक सहायक नदी है। यह राजस्थान राज्य में बना हुआ है।

राजस्थान के प्रमुख बाँध	
बाँध	**नदी**
राणा प्रताप सागर बाँध	चम्बल नदी
जवाहर सागर बाँध	चम्बल नदी
बीसलपुर बाँध	बनास

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

106. रचना दोआब निम्न में से किन दो नदियों के बीच स्थित है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) व्यास और सतलज
(b) गंगा और घाघरा
(c) रावी और चिनाब
(d) सिंधु और झेलम

Ans. (c) रावी और चिनाब

✦ चिनाब नदी और रावी नदी के बीच का क्षेत्र रचना दोआब कहलाता है। दोआब का मतलब दो नदियों के बीच का क्षेत्र होता है।

दोआब के बीच की नदियाँ	दोआब
ब्यास-रावी	बारी
ब्यास-सतलुज	बिष्ट
चिनाब-झेलम	चाज

107. देश की प्राचीन झीलों में से एक, 'लेंडिया तालाब' किस भारतीय शहर में स्थित है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) भोपाल (b) वाराणसी
(c) लखनऊ (d) चेन्नई

Ans. (a) भोपाल

✦ लेंडिया तालाब भोपाल में मानव निर्मित एक झील है। इसके पूर्वी छोर पर भोपाल शहर में बसा हुआ है। जबकि इसके दक्षिण में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान स्थित है।

झीलें	राज्य
खुरपाताल, नौकुछियाताल रूपकुण्ड	उत्तराखण्ड
नल सरोवर, कंकरिया, हमरिसर	गुजरात
पिछोला, पंचपद्रा, राजसमंद, डीडवाना	राजस्थान
उमियम	मेघालय
पाला	मिजोरम

108. हसदेव और जोंक नदियाँ भारत के किस राज्य में स्थित है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) गोवा (b) छत्तीसगढ़
(c) हरियाणा (d) अरुणाचल प्रदेश

Ans. (b) छत्तीसगढ़

✦ हसदेव तथा जोंक नदियाँ महानदी की सहायक नदियाँ है।
✦ ये दोनों नदियाँ छत्तीसगढ़ राज्य में बहती हैं।
✦ महानदी की अन्य सहायक नदियाँ:- शिवनाथ हसदेव, मांड, ईब तथा तेल हैं।

109. बंगाल टाइगर को वर्ष......... में भारत का राष्ट्रीय पशु स्वीकार किया गया था?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) 1978 (b) 1974
(c) 1972 (d) 1976

Ans. (c) 1972

✦ बंगाल टाइगर को 18 नवंबर 1972 को राष्ट्रीय पशु स्वीकार किया गया था।
✦ भारत में सबसे ज्यादा बाघ मध्य प्रदेश राज्य में पाए जाते हैं।
✦ मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट भी कहा जाता है।

110. निम्न में से कौन सा बाँध सुवर्ण रेखा नदी पर बनाया गया है?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) चांडिल (b) भैरव
(c) मलय (d) बरही

Ans. (a) चांडिल

✦ चांडिल बाँध सुवर्ण रेखा नदी पर स्थित है, यह बाँध झारखंड राज्य में स्थित है।

111. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय मलिन बस्ती विश्व की सबसे बड़ी मलिन बस्तियों (झोंपड़-पट्टियों) में से एक है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) बसंती (b) भलस्वा
(c) नोचिकुप्पम (d) धारावी

Ans. (d) धारावी

✦ धारावी मुंबई का एक क्षेत्र है यह एक झुग्गी बस्ती है। यह सबसे गंदी बस्तियों में गिनी जाती हैं।

112. निम्नलिखित में से किस राज्य में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा सबसे अधिक है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) हरियाणा (b) तमिलनाडु
(c) गोवा (d) केरल

Ans. (d) केरल

✦ जन्म के समय जीवन प्रत्याशा सबसे अधिक केरल राज्य में 74.9 वर्ष पुरूषों में 72 और महिलाओं में 77.8 है।
✦ केरल राज्य को साक्षरता दर में भारत में पहला स्थान प्राप्त है।
✦ केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम है।

113. भारत की निम्नलिखित में से किस झील को रामसर स्थलों में शामिल नही किया गया है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) डल झील (b) चिल्का झील
(c) लोकटक झील (d) कीठम झील

Ans. (a) डल झील

✦ डल झील को रामसर स्थलों में शामिल नहीं गया है, यह झील जम्मू कश्मीर राज्य में स्थित है।

झील	राज्य
चिल्का	उड़ीसा
कीठम	उत्तर प्रदेश
लोकटक	मणिपुर

114. कबिनी नदी, इनमें से किस नदी की महत्त्वपूर्ण सहायक नदी है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) कावेरी (b) कृष्णा
(c) ताप्ती (d) गोदावरी

Ans. (a) कावेरी

✦ कबिनी नदी (Kabini River) जिसे कपिला नदी (Kapila River)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

भी कहा जाता है, यह भारत के केरल और कर्नाटक राज्यों में बहने वाली एक नदी है जो कावेरी नदी की एक सहायक नदी है।
- ✦ कावेरी नदी की सहायक नदियाँ:- लक्ष्मण अमरावती भवानी, तीर्थ, काबिनी सुवर्णावती, हरंगी हेमवती, शिमशा अर्कावती।
- ✦ कावेरी नदी बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
- ✦ शिवसमुद्रम जलप्रपात कावेरी नदी पर बनता है।

115. ...... नदी पीर पंजाल पर्वतमाला के समानांतर उत्तर-पश्चिम दिशा में बहती है और किश्तवाड के पास की पर्वतमाला को काटती है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) रावी (b) सतलुज
(c) व्यास (d) चिनाब

Ans. (d) चिनाब

- ✦ चिनाब नदी, पीर पंजाल पर्वत माला के समानांतर उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बहती है और किश्तवाड के पास की पर्वत माला को काटती है।

116. गोरीचेन ...... में स्थित सबसे ऊंची पर्वत-चोटी है।

(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) असम
(c) सिक्किम
(d) मणिपुर

Ans. (a) अरुणाचल प्रदेश

- ✦ गोरीचेन पर्वत चोटी, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में तवांग और पश्चिम कामेंग जिलों के बीच मौजूद एक पर्वत चोटी है।

117. सूती वस्त्र केलिको (Calico) की उत्पत्ति वर्तमान .... राज्य से हुई है?

(a) तमिलनाडु (b) केरल
(c) गोवा (d) कर्नाटक

Ans. (b) केरल

- ✦ भारत के केरल राज्य के कालीकट बंदरगाह पर वहाँ से इंग्लैण्ड देश जाने वाले कपास को केलिको कहते थे। साधारण बुनावट के सफेद सूती कपड़े को इंग्लैंड में केलिको कहते है।
- ✦ उत्तर भारत का मैनचेस्टर – कानपुर
- ✦ दक्षिण भारत का मैनचेस्टर – कोयंबटूर
- ✦ भारत का मैनचेस्टर – अहमदाबाद
- ✦ पूर्व का बोस्टन – अहमदाबाद

118. आदि कैलाश पर्वत...... राज्य में स्थित है।

(a) उत्तराखंड (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) सिक्किम (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (a) उत्तराखंड

- ✦ आदि कैलाश पर्वत उत्तराखंड राज्य के पिथौरागढ़ जिले में स्थित है। यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।
- ✦ फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखण्ड राज्य के गढवाल क्षेत्र में है।
- ✦ उत्तराखण्ड राज्य की सबसे लम्बी नदी काली नदी है।

119. दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के चार प्रमुख शहरों को जोड़ने वाला स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना का हिस्सा है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) शुभमाला (b) भारतमाला
(c) सागर माला (d) दीप माला

Ans. (b) भारतमाला

- ✦ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम 1988 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना आरम्भ हुई थी।
- ✦ इसमें 7 चरण हैं।
- ✦ इसके पहले चरण में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत भारत के चार महानगरों को आपस में 4 से 6 लेन वाले सड़क मार्गों द्वारा जोड़ने की योजना थी।

120. भारत में वन (संरक्षण) अधिनियम वर्ष.....में पारित किया गया था।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) 1988 (b) 1980
(c) 1976 (d) 1974

Ans. (b) 1980

- ✦ भारत में वन संरक्षण अधिनियम सन् 1980 में पारित किया गया था। इसमें वनों की कटाई को सीमित करने, जैव विविधता और वन्य जीवों को बचाने का लक्ष्य रखा था।
- ✦ वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को वर्ष 1988 में संशोधित किया गया था।
- ✦ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम – 1972
- ✦ पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम – 1986

121. निम्नलिखित में कौन-सी नदी तिब्बत, भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) ब्रह्मपुत्र (b) यमुना
(c) नर्मदा (d) गंगा

Ans. (a) ब्रह्मपुत्र

- ✦ ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत, भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। इस नदी का उद्गम तिब्बत स्थित मानसरोवर झील के निकट है।
- ✦ ब्रह्मपुत्र को बांग्लादेश में जमुना कहते है।
- ✦ ब्रह्मपुत्र नदी बांग्लादेश में धुबरी के निकट प्रवेश करती है।
- ✦ ब्रह्मपुत्र को तिब्बत में सांगपो कहते हैं।

122. भारत और बांग्लादेश....के प्रमुख उत्पादक है।

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) जूट (b) कॉफी
(c) चाय (d) बाजरा

Ans. (a) जूट

- ✦ भारत और बांग्लादेश जूट के उत्पादन में सबसे बड़े देश हैं। जूट उत्पादन में बांग्लादेश विश्व बाजार में भारत के मुख्य प्रतियोगी के रूप में उभरा है।

123. धिनोधर पहाड़ियाँ किस भारतीय राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?

(a) महाराष्ट्र
(b) गुजरात
(c) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(d) पश्चिम बंगाल

Ans. (b) गुजरात

- ✦ धिनोधर की पहाड़ियाँ गुजरात के कच्छ जिले में स्थित है।
- ✦ इन पहाड़ियों पर एक तीर्थ स्थल है, जिसे धिनोधर मन्दिर के नाम से जाना जाता है।

राज्य	पर्वत/पहाड़ियाँ
महाराष्ट्र	बालाघाट, हरिश्चन्द्र, सतमाला, कलसुबाई

Search On TG @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

अंडमान एंव निकोबार द्वीप समूह	मांउट डियावोलो, सैडल पीक (उत्तरी अंडमान), मांउट थुईल्लर (ग्रेट निकोबार)
पश्चिम बंगाल	संदक्फू चोटी (दार्जिलिंग)

124. भारत में ताड़, नारियल, केवड़ा, ऐंगार निम्नलिखित में से किस वन में सामान्यत: पाए जाने वाले वृक्ष हैं?
(a) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(b) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(c) मैंग्रोव वन
(d) पर्वतीय वन

Ans. (c) मैंग्रोव वन

- भारत में मैंग्रोव वन गंगा, गोदावरी तथा कृष्णा के डेल्टाई क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
- भारत में सबसे अधिक मैंग्रोव वनों का क्षेत्र पश्चिम बंगाल में पाया जाता है।
- मैंग्रोव वनों में ताड़, नारियल, केवड़ा, ऐंगार, कैजुरीना तथा बेंदी सामान्यत: पाए जाने वाले वृक्ष हैं।

125. भारत में किस प्रकार के वन के वृक्ष शुष्क ग्रीष्मकाल में लगभग छ: से आठ सप्ताह तक अपनी पत्तियाँ गिराते हैं?
(a) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
(b) पर्वतीय वन
(c) उष्ण कटिबंधीय कंटीले वन तथा झाड़ियाँ
(d) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन

Ans. (d) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन

- उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वनों के वृक्ष शुष्क ग्रीष्मकाल में लगभग छ: से आठ सप्ताह तक अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं।

वन	क्षेत्र	वर्षा
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन	सहयाद्रि, शिलांग पठार, अंडमान - निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप	200 सेमी. से अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
पर्वतीय वन	उत्तर पश्चिमी हिमालय, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश	150 से 300 सेमी. तक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
कटीलें वन व झाड़ियाँ	गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश	70 सेमी. से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

126. .... पूर्वी घाट का सबसे ऊँचा शिखर है।
(a) अनाईमुडी (b) महेन्द्रगिरी
(c) कंचनजंगा (d) खासी

Ans. (b) महेन्द्रगिरी

- पूर्वी घाट असतत् शृंखला के रूप में ओडिशा से तमिलनाडु तक विस्तृत है।
- पूर्वी घाट का सबसे ऊँचा शिखर 'महेन्द्रगिरी' है और इसकी ऊँचाई लगभग 1501 मीटर है।
- पूर्वी घाट व पश्चिमी घाट नीलगिरी की पहाड़ियों में मिलते हैं।
- गारो, खासी और जयंतिया पहाड़ियों का नाम मेघालय की जनजातियों के नाम पर पड़ा है।

127. निम्नलिखित में से कौन सी पहाड़ियाँ पूर्वांचल पहाड़ियों का हिस्सा नहीं हैं?
(a) पाटली पहाड़ियाँ
(b) मिज़ो पहाड़ियाँ
(c) नागा पहाड़ियाँ
(d) मणिपुर पहाड़ियाँ

Ans. (a) पाटली पहाड़ियाँ

- 'पाटली पहाड़ियाँ' दिल्ली के दक्षिण में स्थित पहाड़ियों की एक श्रृंखला है।
- पूर्वोत्तर भारत में हिमालयी श्रेणी के पूर्वी विस्तार को 'पूर्वांचल पहाडियों' के नाम से जाना जाता है।
- पूर्वांचल पहाड़ियों में पटकाई बुम, नागा, मिजो, गारो, खासी, जयंतिया, मिकिर, डाफला, मणिपुर आदि प्रमुख पहड़ियाँ हैं।

128. निम्नलिखित में से कौन-सी एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की गोखुर झील है?
(a) भोजताल झील (b) कंवर झील
(c) नक्की झील (d) वुलर झील

Ans. (b) कंवर झील

- **कंवर झील** या **कंवर ताल** एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की गोखुर झील है। यह बिहार के बेगूसराय जिले में स्थित है।
- गंडक नदी के मार्ग परिवर्तन या विसर्पण के चलते इस गोखुर झील का निर्माण हुआ।
- इस झील को वर्ष 2020 में रामसर स्थल के रूप में घोषित किया गया और यह झील बिहार का पहला रामसर स्थल भी है।

129. भारत के किस शहर को उसके ऑटोमोबाईल उद्योग के कारण 'डेट्राइट ऑफ इण्डिया' कहा जाता है?
(a) पुणे (b) मुम्बई
(c) चेन्नई (d) बैंगलोर

Ans. (c) चेन्नई

- तमिलनाडु राज्य की राजधानी 'चेन्नई' में अधिकांश ऑटो पार्ट्स और मोटर वाहनों का निर्माण किया जाता है।
- साथ ही चेन्नई में बड़ी-बड़ी आटोमोबाईल कंपनियों जैसे-फोर्ड, BMW, हुंडई आदि की उत्पादन इकाइयाँ भी स्थित है।
- इसलिए चेन्नई को 'भारत का डेट्राइट' भी कहा जाता है।

130. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भारत में लिग्नाइट कोयले का सबसे बड़ा उत्पादक है।
(a) तमिलनाडु (b) झारखण्ड
(c) गुजरात (d) उत्तर प्रदेश

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (a) तमिलनाडु

- तमिलनाडु में नेवेली क्षेत्र लिग्नाइट का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र है।
- लिग्नाइट एक निम्न गुणवत्ता वाला भूरे रंग का कोयला होता है तथा इसमें कार्बन की मात्रा 40% से 55% तक होती है।
- भारत के झारखंड राज्य में सबसे अधिक कोयले के भंडार पाए जाते हैं।

131. गंगा नदी की किस उत्तरी तट की सहायक नदी कालीगंडक और त्रिशूलगंगा नामक दो धाराओं से मिलकर बनी है?

(a) महानंदा नदी (b) गंडक नदी
(c) कोसी नदी (d) घाघरा नदी

Ans. (b) गंडक नदी

- गंडक नदी दो नदियों **कालीगंडक** और **त्रिशूलगंगा** से मिलकर बनी है।
- गंडक नदी गंगा के उत्तरी तट से मिलने वाली सहायक नदी है।
- गंडक नदी नेपाल हिमालय से निकलती है।
- गंडक नदी को नेपाल में गंडकी और नारायणी नदी के नाम से भी जाना जाता है।

नदी	उद्गम	विशेषता
महानंदा नदी	**दार्जिलिंग की पहाड़ियों से**	**गंगा के बाएँ तट से मिलती है।**
कोसी नदी	**नेपाल में हिमालय पर्वत से**	**यह नदी अपना मार्ग बदलती रहती है। इसे 'बिहार का शोक' भी कहते हैं।**

132. मांडवी सागर तट .... में स्थित है।

(a) केरल (b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र (d) ओडिशा

Ans. (b) गुजरात

- मांडवी सागर तट भारत के गुजरात राज्य में स्थित है।
- उत्कल तटीय मैदान का संबंध ओडिशा राज्य से है।
- मालाबार तट का विस्तार मंगलुरू एवं कन्याकुमारी के बीच है।
- कच्छ का रण गुजरात में स्थित है। यहाँ पर जंगली गधे पाए जाते हैं।

133. कोरोमंडल का मैदान भारत की .... दिशा में अवस्थित है।

(a) पूर्वी (b) उत्तरी
(c) पश्चिमी (d) दक्षिणी

Ans. (d) दक्षिणी

- कोरोमंडल का मैदान, भारत के पूर्वी तटीय मैदान का एक भाग है।
- कोरोमंडल तट आंध्रप्रदेश एवं तमिलनाडु में कृष्णा नदी से कन्याकुमारी के बीच स्थित है।
- कोरोमंडल का मैदान भारत के दक्षिणी हिस्से में अवस्थित है।
- निवर्तन मानसून के कारण कोरोमंडल तट पर सर्दियों में वर्षा होती है।
- उत्तरी-पूर्वी मानसून को 'अक्टूबर हीट' के रूप में भी जाना जाता है।
- कोरोमंडल का पुराना नाम चोलमंडलम् था।

134. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्र तट, अरब सागर का नहीं है?

(a) वर्कला बीच (b) राधानगर बीच
(c) पालोलेम बीच (d) कोवलम बीच

Ans. (b) राधानगर बीच

- 'राधानगर बीच' अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के स्वराज द्वीप पर स्थित है।
- स्वराज द्वीप का पुराना नाम **हैवलॉक द्वीप** था।
- वर्कला बीच, केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित है।
- पालोलेम बीच, भारत के गोवा में स्थित है।
- कोवलम बीच, केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित है।

135. वर्कला, चौवारा, चवाक्कड और नत्तीका ...... राज्य में समुद्र तट हैं।

(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

Ans. (a) केरल

- केरल के प्रमुख समुद्र तट - वर्कला, चौवारा, चवाक्कड, नत्तीका आदि।
- कर्नाटक के प्रमुख समुद्र तट - ओम बीच, पैराडाइज बीच, पनाम्बुर बीच आदि।
- महाराष्ट्र के प्रमुख समुद्र तट - अलीबाग, दिवेआगर, गणपति पुले, जुहू बीच आदि।
- तमिलनाडु के प्रमुख तट - मरीन बीच, कोवलम, कन्याकुमारी, धनुष-कोडि, महाबलीपुरम आदि।

136. पूर्वोत्तर भारत में 'स्थानांतरण कृषि' को .... के रूप में भी जाना जाता है।

(a) लदांग (b) लोगान
(c) चेना (d) झूम

Ans. (d) झूम

- भारत के असम, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम आदि पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानांतरण कृषि को **'झूम'** कृषि के नाम से भी जाना जाता है।
- इस कृषि को 'स्लैश एंड बर्न कृषि' भी कहते हैं।
- श्रीलंका में इस प्रकार की कृषि को **'चेना'** कहते हैं।
- इंडोनेशिया तथा मलेशिया में स्थानांतरण कृषि को **'लदांग'** कहते हैं।
- स्थानांतरण कृषि को मध्य-अमेरिकी देशों में **'मिल्पा'**, वियतनाम में **'रे'** तथा म्यांमार में **'तुंग्या'** के नाम से जाना जाता है।
- पश्चिमी अफ्रीका में स्थानांतरण कृषि को **'लोगान'** के नाम से जाना जाता है।

137. दरिंगबाड़ी हिल स्टेशन भारत के किस राज्य में स्थित है?

(a) पश्चिम बंगाल (b) ओडिशा
(c) महाराष्ट्र (d) केरल

Ans. (b) ओडिशा

भारत के प्रमुख हिल स्टेशन	राज्य
मनाली	हिमाचल प्रदेश
लेह	लद्दाख (सबसे ऊंचा हिल स्टेशन)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

ऊटी	तमिलनाडु
दार्जलिंग	पश्चिम बंगाल
गुलमर्ग	जम्मू और कश्मीर
कुर्ग	कर्नाटक
दरिंगबाडी	ओडिशा

138. डाफ़ला की पहाड़ियाँ मुख्य रूप से किस राज्य में व्याप्त हैं?

(a) ओडिशा (b) झारखण्ड
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (c) अरुणाचल प्रदेश

- अरुणाचल प्रदेश राज्य के पूर्वोत्तर में मिश्मी पहाडियाँ और पश्चिमी भाग में डाफला पहाड़ियाँ स्थित हैं।
- इन पहाड़ियों का नामकरण यहाँ पर निवास करने वाली जनजातियों के नाम पर किया गया है।

139. काकरापार सिंचाई परियोजना .... नदी पर स्थित है।

(a) कृष्णा (b) गोदावरी
(c) तापी (d) भागीरथी

Ans. (c) तापी

- काकरापारा सिंचाई परियोजना गुजरात में तापी/ताप्ती नदी पर स्थित है।
- तापी या ताप्ती नदी मध्यप्रदेश के बैतूल जिले से निकलती है और रिफ्ट घाटी में प्रवाहित होती है।

भारत के प्रमुख परमाणु ऊर्जा केन्द्र	राज्य
काकरापार	गुजरात
नरौरा	उत्तर प्रदेश
कैगा	कर्नाटक
कलपक्कम	तमिलनाडु
तारापुर	महाराष्ट्र
कुडनकुलम	तमिलनाडु
रावतभाटा	राजस्थान

140. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वतीय स्थल धौलाधार पर्वत श्रेणी में स्थित है?

(a) डलहौजी (b) नैनीताल
(c) गुलमर्ग (d) कलिम्पोंग

Ans. (a) डलहौजी

- डलहौजी हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले में स्थित है।
- उत्तराखंड राज्य में स्थित **नैनीताल शहर** की मुख्य झील नैनी है और इसी के नाम पर इस शहर का नाम 'नैनीताल' पड़ा है।
- 'गुलमर्ग' जम्मू-कश्मीर में तथा कलिम्पोंग पश्चिम बंगाल में स्थित है।

विश्व का भूगोल

141. एक ऐसा भौगोलिक क्षेत्र जिसमें अलग जलवायु विशेषता वाले अलग-अलग लेकिन समान पारिस्थितिक तंत्र होते हैं, उसे,......... कहा जाता है।

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-III

(a) जीव (b) पारिस्थितिकी तंत्र
(c) जीव मंडल (d) जीवोम

Ans. (d) जीवोम

- जीवोम (Biome) धरती या समुद्र के किसी बड़े क्षेत्र को कहते हैं जहाँ मौसम, भूगोल और निवासी जीवों (विशेषकर पौधों और प्राणियों) में समानता होती है।
- जीवोम एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र को कहते हैं जिसमें एक विशिष्ट प्रकार की जलवायु, मिट्टी, और जीव समुदाय पाया जाता है।
- जीवोम के उदाहरणों में उष्णकटिबंधीय वर्षावन, रेगिस्तान, घास के मैदान, और आर्कटिक टूंड्रा शामिल हैं।
- जीवोम को जैवक्षेत्र या बायोम भी कहा जाता है।

142. खगोल विज्ञान में, कैसिओपिया (Cassiopela), उत्तरी आकाश में एक तारामंडल है जिसे इसके कितने चमकीले तारों के समूह से आसानी से पहचाना जा सकता है?

SSC GD 23 Feb. 2025, Shift-III

(a) 9 (b) 5
(c) 3 (d) 7

Ans. (b) 5

- शर्मिष्ठा तारामंडल को कैसिओपिया के नाम से भी जाना जाता है. यह उत्तरी आकाश में सर्दियों के मौसम में रात के शुरुआती समय में दिखाई देता है।
- यह अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ द्वारा जारी की गई 88 तारामंडलों की सूची में शामिल है।
- यह दूसरी शताब्दी ईसवी में टॉलमी के द्वारा बनाई गई 48 तारामंडलों की सूची में भी शामिल था।
- शर्मिष्ठा तारामंडल का सबसे रोशन तारा अल्फा कैसिओपिये है।
- कैसिओपिया को पाँच चमकीले तारों के समूह द्वारा आसानी से पहचाना जा सकता है जो एक W-आकार बनाते हैं।

143. किसी विशेष नदी या झील में अपवाहित होने वाली भूमि के क्षेत्र का वर्णन करने के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-III

(a) डेल्टा (Delta)
(b) जल-संभर (Watershed)
(c) मुहाना (Estuary)
(d) जलाशय (Reservoir)

Ans. (b) जल-संभर

- एक नदी का बेसिन या जलसंभर, उस क्षेत्र को कहा जाता है जहाँ से नदी और उसकी सहायक नदियाँ जल को एकत्रित करती हैं।
- जलसंभर या वाटरशेड, वह भौगोलिक क्षेत्र होता है जहाँ वर्षा या पिघली बर्फ का पानी नदियों, नहरों और नालों से बहकर एक ही स्थान पर इकट्ठा होता है, और फिर या तो एक बड़ी नदी में, या किसी झील, सागर या महासागर में जाकर मिलता है।
- जलसंभर में, वर्षा या पिघली बर्फ का पानी नदियों, नहरों और नालों के माध्यम से एक बिंदु या क्षेत्र में एकत्रित होता है।

144. जब किसी जलभृत में विपाशित जल (trapped water) अभेद्य चट्टान या मिट्टी की परतों से घिरा होता है, जो जल पर धनात्मक दाब डालते हैं,तो इसे किस रूप में जाना जाता है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-I

(a) असंतृप्त अलभृत (unsaturated aquifer)
(b) उत्सृत जलभृत (artesian aquifer)

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(c) दु:स्थित जलभृत (perched aquifert)
(d) अपरिरूद्ध जलभृत (unconfined aquifer)

Ans. (b) उत्सृत जलभृत (artesian aquifer)

- उत्सृत जलभृत (आर्टेसियन जलभृत) एक ऐसा जलभृत है जिसमें भूजल, दबाव के कारण, बिना पंप किए ही कुएं के माध्यम से ऊपर की ओर बहता है, इसे आर्टेसियन कुआं कहा जाता है।
- भारत में, आर्टेसियन जलभृत बेल्ट पहाड़ी क्षेत्र के सामने फैली हुई है, जो पूर्व में महाराजगंज जिले से पश्चिम में सहारनपुर जिले तथा लखीमपुर और पीलीभीत जिलों से गुजरती है।
- ऑस्ट्रेलिया में, आर्टेसियन बेसिन (जिसे ग्रेट ऑस्ट्रेलियन बेसिन भी कहा जाता है) सबसे गहरा और सबसे बड़ा आर्टेसियन कुआं है।

145. निम्नलिखित में से क्या सामान्यत: नदी के ऊपरी भाग में बनता है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-II

(a) बाढ़प्रवण क्षेत्र (b) गोखुर झील
(c) तंग घाटी (d) विसर्प

Ans. (c) तंग घाटी

- तंग घाटियाँ अक्सर तब बनती हैं, जब कोई नदी सदियों तक चलती हुई किसी जगह पर धरती में एक घाटी काट देती है।
- तंग घाटी को "गॉर्ज" या "कैनियन" भी कहा जाता है।
- भारत में, आंध्र प्रदेश में गंडिकोटा घाटी को भारत की भव्य घाटी भी कहा जाता है।
- दुनिया की सबसे गहरी तंग घाटी कुछ स्रोतों के अनुसार, यरलुंग त्संगपो महान घाटी जो (ब्रह्मपुत्र नदी द्वारा बनाई गई है) दुनिया की सबसे गहरी तंग घाटी है।

146. कोपेन की जलवायु वर्गीकरण स्कीम के अनुसार कौन-सा अक्षर गर्म शीतोष्ण जलवायु को निरूपित करता है?

SSC GD 15 Feb. 2025, Shift-I

(a) C (b) W
(c) D (d) h

Ans. (a) C

- कोपेन का जलवायु वर्गीकरण, जलवायु को पांच प्रमुख समूहों (उष्णकटिबंधीय, शुष्क, समशीतोष्ण, महाद्वीपीय और ध्रुवीय) में विभाजित करता है, जिन्हें A, B, C, D और E अक्षरों से दर्शाया जाता है।
- कोपेन के जलवायु वर्गीकरण में, शुष्कता के मौसमों को छोटे अक्षरों से दर्शाया जाता है। जैसे, f, m, w, और s.
- छोटे अक्षर a, b, c, और d तापमान की गंभीरता को दर्शाते हैं.

147. महासागरीय पटल (toceanic crust) अधिकांशत: विभिन्न प्रकार के बेसाल्ट से बनीं होती है जो समुद्र तल के नीचे कितने किलोमीटर तक फैली होती है?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-I

(a) 15-22 km (b) 10-17 km
(c) 2-5 km (d) 5-10 km

Ans. (d) 5-10 km

- महासागरीय भूपर्पटी (Oceanic crust) पृथ्वी की सबसे बाहरी परत है जो महासागरों के नीचे पाई जाती है, और यह मुख्य रूप से बेसाल्ट नामक चट्टानों से बनी होती है जो अपेक्षाकृत पतली और सघन होती है।
- पृथ्वी की पपड़ी की मोटाई लगभग 5 से 70 किलोमीटर तक होती है।
- महासागरीय क्रस्ट आमतौर पर लगभग 5-10 किलोमीटर मोटा होता है।
- महाद्वीपीय क्रस्ट 40 किलोमीटर तक मोटा हो सकता है।

148. गल्फ धारा (Gulf Stream) किस महासागर की तेज, गर्म समुद्री धारा है?

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-II

(a) दक्षिणी महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) हिंद महासागर (d) प्रशांत महासागर

Ans. (b) अटलांटिक महासागर

- अटलांटिक महासागर की प्रमुख जलधाराएँ उत्तरी अटलांटिक में गल्फ स्ट्रीम, फ्लोरिडा धारा, उत्तरी अटलांटिक बहाव, कैनेरी धारा और लैब्राडोर धारा
- दक्षिणी अटलांटिक में ब्राजील धारा, फाकलैंड धारा, दक्षिणी अटलांटिक बहाव और बेंगुएला धारा प्रमुख हैं।

149. दुर्बलमंडल (एस्थेनोस्फीयर)पृथ्वी के किस भाग के नीचे एक यांत्रिक रूप से कमजोर परत है? इसकी विशेषता निम्न भूकंपीय तरंग वेग और उच्च क्षीणन है।

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-III

(a) बहिर्मंडल (b) क्षोभमंडल
(c) आयनमंडल (d) स्थलमंडल

Ans. (d) स्थलमंडल

- दुर्बलतामंडल को एस्थेनोस्फीयर के नाम से भी जाना जाता है।
- दुर्बलतामंडल पृथ्वी के मेंटल का वह भाग है जो लिथोस्फीयर के नीचे स्थित है, यह अपेक्षाकृत कमजोर और लचीला होता है, जिससे यह प्लेटों की गति के लिए एक माध्यम प्रदान करता
- जलमंडल , वायुमंडल , जीवमंडल तथा स्थलमंडल पृथ्वी के चार प्रमुख मंडल हैं

150. प्लेट-टेक्टोनिक बाउंड्री कितने प्रकार की होती हैं?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-I

(a) दो (b) चार
(c) पाँच (d) तीन

Ans. (d) तीन

- प्लेट टेक्टोनिक सीमाएँ तीन प्रकार की होती हैं: अपसारी, अभिसारी, और रूपान्तरित प्लेट
- यह छवि तीन मुख्य प्रकार की प्लेट सीमाओं को दिखाती है: अपसारी, अभिसारी और रूपांतरित।

151. निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे खारा जल निकाय है जो पूर्व में जोर्डन और पश्चिम में इजराइल की सीमा से लगा हुआ है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-I

(a) डोन जुआन पॉण्ड (b) ग्रेट साल्ट लेक
(c) मृत सागर (d) विश्व महासागर

Ans. (c) मृत सागर

- विश्व का सबसे खारा जल निकाय, लवणता के मामले में, मृत सागर (Dead Sea) है। इसकी लवणता सामान्य समुद्र के पानी से लगभग 10 गुना अधिक है।
- मृत सागर की लवणता इतनी अधिक है कि यह पृथ्वी पर सबसे खारा जल निकाय है।
- यह इजराइल और जॉर्डन की सीमाओं पर स्थित है।
- कैस्पियन सागर विश्व का सबसे बड़ा खारे पानी का जल निकाय है, लेकिन यह मृत सागर जितना खारा नहीं है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

152. भूवैज्ञानिक समय का क्या अर्थ होता है?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-I

(a) लाखों वर्षों की भूगर्भीय घटनाएं
(b) जलवायु में तीव्र परिवर्तन
(c) वायुमंडलीय स्थितियों में दीर्घकालिक परिवर्तन।
(d) भूगर्भीय विशेषताओं में अल्पकालिक परिवर्तन

Ans. (a) लाखों वर्षों की भूगर्भीय घटनाएं

- भूवैज्ञानिक समय पृथ्वी के इतिहास में प्रमुख घटनाओं के आधार पर समय को बांटता है।
- यह भूवैज्ञानिकों, जीवाश्म विज्ञानियों, और अन्य पृथ्वी वैज्ञानिकों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।
- पृथ्वी के इतिहास को चार इओन में बांटा गया है–
  हेडियन (Hadean)
  आर्कीअन (Archean)
  प्रोटेरोजोइक (Proterozoic)
  दृश्यजीवी (Phanerozoic)

153. .... एक प्रकार का कार्बोनेट अवसादी शैल है। यह मुख्य रूप से कैल्साइट और एरेगोनाइट खनिजों से मिलकर बना होता है।

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II

(a) फेल्डस्पार (b) चूना पत्थर
(c) गार्नेट (d) संगमरमर

Ans. (b) चूना पत्थर

- चूना पत्थर मुख्य रूप से कैल्साइट और एरागोनाइट खनिजों से मिलकर बना होता है, जो कैल्शियम कार्बोनेट (CaCO3) के विभिन्न क्रिस्टलीय रूप हैं।
- कैल्साइट, कैल्शियम कार्बोनेट (CaCO3) का एक सामान्य रूप है जो चूना पत्थर में सबसे अधिक पाया जाता है।
- एरागोनाइट , कैल्शियम कार्बोनेट का एक और रूप है जो कैल्साइट की तुलना में कम सामान्य है, लेकिन कुछ चूना पत्थर में भी पाया जाता है।
- डोलोमाइट, कैल्शियम और मैग्नीशियम कार्बोनेट का एक खनिज है, जो कुछ प्रकार के चूना पत्थर में भी पाया जा सकता है।
- चूना पत्थर में कभी-कभी सिलिका, एल्यूमिना और लोहे जैसे अपद्रव्य भी पाए जाते हैं।

154. भूविज्ञान में, सिमै/Sima (पृथ्वी की पर्पटी की निचली परता)........... .... और मैग्नीशियम से समृद्ध शैलों के संयोजन से बनी है। ये दोनों खनिज समुद्री पर्पटी में सबसे अधिक मात्रा में पाए जाने वाले खनिज हैं।

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-II

(a) सग्लोइट (b) सिलिकेट
(c) सिलिमेनाइट (d) सिलिनाइट

Ans. (b) सिलिकेट

- मेंटल के प्रमुख घटक तत्व मैग्नीशियम और सिलिकॉन हैं;इसलिए, इस परत को सिमा (सिलिका+मैग्नीशियम) कहा जाता है
- इस परत का घनत्व 3.3 से 5.7 के बीच होता है।
- मेंटल पृथ्वी की सबसे बाहरी परत से घिरा हुआ है, जिसे लिथोस्फेरिक क्रस्ट या केवल क्रस्ट के रूप में जाना जाता है।
- स्थलमंडल के प्रमुख घटक तत्व सिलिका (Si) और एल्युमिनियम (Al) हैं।

155. .... में स्थित नील नदी को लंबे समय से 6695 km तक फैली दुनिया की सबसे लंबी नदी के रूप में मान्यता दी गई है।

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II

(a) दक्षिण अमेरिका (b) पश्चिमी यूरोप
(c) उत्तरी एशिया (d) उत्तर-पूर्वी अफ्रीका

Ans. (d) उत्तर-पूर्वी अफ्रीका

- नील नदी का उद्गम अफ्रीका की सबसे बड़ी झील विक्टोरिया झील से माना जाता है, तथा यह उत्तर की ओर बहते हुए भूमध्य सागर में गिरती है।
- नील नदी तीन प्रमुख धाराओं से मिलकर बनी है। ब्लू नील, व्हाइट नील तथा अटबारा नील
- नील नदी पर मिस्र देश में विश्व प्रसिद्ध अस्वान बांध बना है।
- नील नदी धनुषाकार डेल्टा बनाती है।
- मिस्र देश को नील नदी का वरदान कहते है।
- नील नदी को "अफ्रीकी नदियों का जनक" भी कहा जाता है।

156. किस जलवायु क्षेत्र की विशेषता पूरे वर्ष गर्म और आर्द्र स्थितियां होती है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-I

(a) उष्णकटिबंधीय (b) ध्रुवीय
(c) समशीतोष्ण (d) मरुस्थल

Ans. (a) उष्णकटिबंधीय

- उष्ण कटिबंध पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र हैं जो कर्क रेखा और मकर रेखा की अक्षांश रेखाओं के बीच कटिबंध हैं।
- यह पृथ्वी के 36% भूभाग के लिए उत्तरदायी है और दुनिया के लगभग एक तिहाई लोगों का घर है।
- यहां पूरे साल मौसम गर्म रहता है, यहाँ का औसत तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस रहता है।
- यहाँ हर वर्ष लगभग 59 इंच से अधिक वर्षा होती है।

157. पारिस्थितिक आवास की अवधारणा क्या है?

(a) पारिस्थितिक आवास किसी प्रजाति के भीतर आनुवांशिक विविधता को संदर्भित करता है।
(b) पारिस्थितिक आवास एक प्रजाति द्वारा आच्छादित भौतिक स्थान को संदर्भित करता है।
(c) पारिस्थितिक आवास, किसी पारिस्थितिकी तंत्र में किसी प्रजाति की विशिष्ट भूमिका को संदर्भित करता है।
(d) पारिस्थितिक आवास पूर्णतः किसी जीव के आवास द्वारा निर्धारित होता है।

Ans (c) पारिस्थितिक आवास, किसी पारिस्थितिकी तंत्र में किसी प्रजाति की विशिष्ट भूमिका को संदर्भित करता है।

- पारिस्थितिकी तंत्र पृथ्वी पर सभी जीवित और निर्जीव चीजों के बीच संबंध और अंत:क्रियाओं का अध्ययन है।
- पारिस्थितिकी तंत्र के दो मुख्य घटक - जैविक (जीवित) और अजैविक (नॉन-लाइव) हैं।
- पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा का स्रोत सूर्य है।
- पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह एक दिशा में, उत्पादकों से उपभोक्ताओं की तरफ होता है।

158. समुद्र की ओर प्रवाहित होते हुए जब एक नदी कई छोटे-छोटे जलमार्गों में विभाजित हो जाती है तो किस प्रकार का जल निकाय बनता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) लैगून (b) डेल्टा
(c) ऑक्सबो झील (d) मुहाना

Ans. (b) डेल्टा

- जब नदी समुद्र या झील में मिलती है, तो उसकी गति कम हो जाती है, जिससे वह अपने साथ बहाकर लाए गए अवसादों को जमा करने लगती है। जिससे डेल्टा का निर्माण होता हैं।
- डेल्टा का आकार आमतौर पर त्रिभुजाकार या पंख के समान होता है, जो नदी के मुहाने पर उसके द्वारा बनाए गए कई चैनलों के कारण होता है।
- गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा, सुंदरबन डेल्टा, और नील डेल्टा कुछ प्रसिद्ध डेल्टा के उदाहरण हैं।

159. पर्णपाती वन और ट्री-श्रेड्डेड ग्रासलैंड (tree-shredded grasslands) किस प्रकार की जलवायु में पाए जाते हैं?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-II

(a) आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु
(b) गर्म समशीतोष्ण (मध्य अक्षांश) जलवायु
(c) उपोष्णकटिबंधीय स्टेपी जलवायु
(d) उष्णकटिबंधीय आर्द्र एवं शुष्क जलवायु

Ans. (d) उष्णकटिबंधीय आर्द्र एवं शुष्क जलवायु

- उष्णकटिबंधीय आर्द्र एवं शुष्क जलवायु ,जिसे उष्णकटिबंधीय सवाना जलवायु भी कहा जाता है, भूमध्य रेखा के पास स्थित जलवायु है।
- वर्ष भर उच्च तापमान (लगभग 20°C से 30°C) रहता है।
- वर्षा का वितरण असमान होता है, जिसमें एक लंबा, गीला मौसम और एक छोटा, सूखा मौसम होता है।
- यह जलवायु उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, मुख्यत: अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, और ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग में पाई जाती है।

160. पृथ्वी के वायुमंडल की कौन-सी परत हानिकारक स्थानीय सौर विकिरण को रोककर पृथ्वी पर जीवन की रक्षा के लिए जिम्मेदार है?
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-III

(a) ताप मंडल (b) समताप मंडल
(c) क्षोभ मंडल (d) मध्य मंडल

Ans. (b) समताप मंडल

- वायुयान मुख्यत: समताप मंडल (Stratosphere) में उड़ते हैं, क्योंकि यह परत मौसम संबंधी समस्याओं से मुक्त होती है।
- समताप मंडल में हवा शुष्क होती है, जिससे विमानों मैं ईंधन की खपत कम होती है।
- यह क्षोभमंडल के ऊपर स्थित है, जो पृथ्वी के सबसे निकट की परत है।
- यहाँ बादल और अन्य मौसम संबंधी घटनाएं कम होती हैं, जिससे यात्रा आसान हो जाती है।
- समताप मंडल ओजोन परत का घर है, जो सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है।

161. पारिस्थितिकी के संदर्भ में, सहजीविता क्या है?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-III

(a) प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया
(b) विभिन्न प्रजातियों के बीच घनिष्ठ और दीर्घकालिक परस्पर संबंध
(c) संसाधनों के लिए जीवों के बीच प्रतिस्पर्धा
(d) जीवों का अपने प्राकृतिक आवास में अनियमित संचलन

Ans. (b) विभिन्न प्रजातियों के बीच घनिष्ठ और दीर्घकालिक परस्पर संबंध

- जब दो या दो से ज्यादा जीव मिलकर साथ-साथ रहते हैं और एक-दूसरे को फायदा पहुंचाते हैं, तो इसे सहजीवी कहते हैं। इस तरह के पोषण को सहजीवी पोषण कहते है।
- लाइकेन, एक सहजीवी पौधा है जिसमें एक शैवाल और एक कवक साथ रहते हैं।
- मटर के पौधे की जड़ों में रहने वाले जीवाणु (बैक्टीरिया) जो वायु और नाइट्रोजन को नाइट्रोजन के यौगिकों में बदल देते हैं।
- चना, सेम और राइजोबियम के पौधों में सहजीवी संबंध होता है।
- बुलहॉर्न बबूल के पेड़ों और चींटियों की कुछ प्रजातियों के बीच का संबंध।

162. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव निर्मित जल निकाय है, जो किसी नदी या जलधारा के प्रवाह को अवरुद्ध करके बनाया जाता है?
SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I

(a) लैगून (b) मुहाना
(c) जलाशय (d) ऑक्सबो झील

Ans. (c) जलाशय

- लैगून झील, जिसे अनूप झील भी कहा जाता है, समुद्र या महासागर के किनारे पर बनने वाली एक उथली जल संरचना है, जो समुद्र से पूरी तरह या आंशिक रूप से अलग होती है।
- भारत में ओडिशा की चिल्का झील और नेल्लोर की पुलीकट झील, लैगून झील के उदाहरण हैं।
- मुहाना एक ऐसा स्थान है जहाँ नदी का पानी समुद्र या महासागर से मिलता है। मुहाने में नदी से आने वाला मीठा पानी और समुद्र से आने वाला खारा पानी आपस में मिलते हैं ।
- नदी का एक घुमावदार हिस्सा नदी के मुख्य मार्ग से कट जाता है, जिससे एक U-आकार की झील बनती है., इस झील को ऑक्सबो झील कहते हैं।

163. लगभग 300 मिलियन वर्ष पहले अस्तित्व में रहे पैंजिया महाद्वीप के दक्षिणी आधे भाग का क्या नाम है?

(a) नूना (b) पैनोशिया
(c) रोडिनिया (d) गोंडवाना

Ans. (d)गोंडवाना

- लगभग 200 मिलियन साल पहले, पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक विशाल महाद्वीप, पैंजिया से जुड़े हुए थे, जो एक विशाल महासागर, पैंथालासा से घिरा था।
- गोंडवाना एक प्राचीन महामहाद्वीप था जो लगभग 180 मिलियन वर्ष पहले टूट गया था।
- गोंडवाना भूमि में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका एक ही भूमि के रूप में शामिल थे।
- गोंडवाना महाद्वीप का नाम ऑस्ट्रियाई वैज्ञानिक एडुआर्ड सूस ने मध्य भारत के गोंडवाना क्षेत्र के नाम पर रखा था, जो संस्कृत से 'गोंडों के जंगल' के लिए लिया गया है।

164. पृथ्वी के वायुमंडल का वह क्षेत्र जहाँ मौसमी घटनाएं घटित होती है. उसे किस नाम से जाना जाता है?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-I

(a) समताप मंडल (b) क्षोभ मंडल
(c) बहिर्मंडल (d) मध्य मंडल

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (b) क्षोभ मंडल

- ✦ क्षोभमंडल में सभी मौसमी घटनाएँ घटित होती है जैसे- आंधी, तूफान, बादल, वर्षा आदि।
- ✦ मध्यमंडल वायुमंडल की समतामंडल परत के ठीक ऊपर स्थित एक परत है और इसकी ऊँचाई लगभग 80 किलोमीटर तक होती है।
- ✦ अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का पिंड 'मध्यमंडल' में आने पर जल जाते हैं।
- ✦ समतापमंडल में ओजोन परत पाई जाती है।
- ✦ आयनमंडल में उपग्रह या सैटेलाइट स्थापित किए जाते हैं।

165. निम्न में से कौन-सा एक प्राचीन महासागर था जो हिंद महासागर के विकास से लगभग 250 से 50 मिलियन वर्ष पहले अस्तित्व में था?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-I

(a) एजियन सागर (b) टेथिस सागर
(c) आयोनियन सागर (d) अरल सागर

Ans. (b) टेथिस सागर

- ✦ टेथिस सागर एक प्राचीन सागर था जो गोंडवाना और लॉरेशिया के बीच स्थित था।
- ✦ यह सागर आज के हिमालय और आल्प्स के क्षेत्र में स्थित था।
- ✦ प्लेट टेक्टोनिक्स के कारण, गोंडवाना और लॉरेशिया के बीच एक खाई बनी, जिससे टेथिस सागर का निर्माण हुआ।
- ✦ टेथिस सागर हिमालय और आल्प्स के निर्माण के दौरान धीरे-धीरे गायब हो गया।

166. जल चक्र वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा जल .... में विभिन्न रुपों में पर्यावरण में संचारित होता है।

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-II

(a) बादलों और वायुमंडल
(b) भूमि और महासागर
(c) नदियों और महासागरों
(d) महासागरों, वायुमंडल और भूमि

Ans. (d) महासागरों, वायुमंडल और भूमि

- ✦ जल चक्र, जिसे हाइड्रोलॉजिकल चक्र भी कहते हैं, पृथ्वी पर पानी के लगातार गति और परिवर्तन की प्रक्रिया है, जिसमें पानी महासागरों, वायुमंडल और भूमि के बीच घूमता रहता है।
- ✦ जल चक्र एक लगातार चलने वाला चक्र है, जिसका कोई आरंभ या अंत नहीं होता।
- ✦ जल चक्र पानी के एक रूप से दूसरे रूप में और एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाता है, जिससे जल का पुनर्चक्रण होता है।

167. विश्व का कितना जल मीठे जल के रूप में मौजूद होने का अनुमान है?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-III

(a) 2.5% (b) 10%
(c) 1% (d) 5%

Ans. (a) 2.5%

- ✦ पृथ्वी पर मौजूद कुल जल का लगभग 2.5% भाग ही मीठा जल है, जबकि 97.5% खारा जल है।
- ✦ पृथ्वी पर 97% से अधिक पानी खारा है, जो मुख्य रूप से महासागरों और समुद्रों में पाया जाता है।
- ✦ पृथ्वी पर केवल 2.5% पानी मीठा है, जिसमें से अधिकांश भाग ग्लेशियरों और बर्फ की चादरों में बंद है।
- ✦ पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का केवल 3% ही पीने योग्य है।

168. निम्नलिखित में से किस जल निकाय में सामान्यत: सबसे अधिक लवणता (घुलनशील लवण) होती है?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-II

(a) नदी (b) झील
(c) तालाब (d) महासागर

Ans. (d) महासागर

- ✦ समुद्र के पानी की लवणता को नमक (ग्राम में) और एक लीटर पानी के अनुपात के रूप में व्यक्त किया जाता है।
- ✦ समुद्र के पानी में आमतौर पर प्रत्येक लीटर में लगभग 35 ग्राम घुले हुए लवण होते हैं।
- ✦ विश्व में सबसे अधिक लवणीय जल वाला जल निकाय मृत सागर है, जो इजराइल और जॉर्डन के बीच स्थित है।

169. निम्नलिखित में से क्या जल संरक्षण में सहायता कर सकता है?

(a) जीव-जंतुओं की आबादी को कम करने के लिए मारना
(c) जल उपचार कारखानों की स्थापना
(a) पेय जल की आपूर्ति को आधा करना
(d) वर्षा जल संग्रहण

Ans. (d) वर्षा जल संग्रहण

- ✦ वर्षा जल संग्रहण का अर्थ है बारिश के पानी को इकट्ठा करना और भविष्य में उपयोग के लिए स्टोर करना,
  वर्षा जल को इकट्ठा करने के तरीके-
- ✦ छत से बारिश का पानी इकट्ठा करना
- ✦ तालाब, गड्ढे या टैंक बनाकर पानी जमा करना
- ✦ नलकूपों, गड्ढों और कुओं में पानी इकट्ठा करना

170. पृथ्वी के वायुमंडल की पहली परत .... है।

SSC GD 24 Feb. 2025, Shift-III

(a) क्षोभमंडल (b) बाह्यमंडल
(c) समतापमंडल (d) मध्यमंडल

Ans. (a) क्षोभमंडल

क्षोभमण्डल

- ✦ क्षोभमण्डल का अन्य नाम – विक्षोभ मण्डल
- ✦ क्षोभमण्डल की ऊँचाई – सतह से लगभग 13 कि.मी., ध्रुवों के पास 8 कि.मी. तथा विषुवत् वृत्त पर लगभग 18 कि.मी.
- ✦ मौसम सम्बन्धी घटनाएँ क्षोभमण्डल में ही होती हैं।
- ✦ क्षोभमण्डल में 'जेट स्ट्रीम' धाराएँ प्रवाहित होती है। भूमध्य रेखा के ऊपर क्षोभ-सीमा का तापमान – 80°C होता है।

समताप मण्डल

- ✦ ऊँचाई लगभग 50 कि.मी.
- ✦ मौसम सम्बन्धी घटनाएं नहीं होती है, इसलिए वायुयान उड़ानों के लिए इस मण्डल की स्थिति आदर्श होती है।
- ✦ ओजोन परत समताप मण्डल का ही भाग है।
- ✦ ओजोन परत की मोटाई को डाबसन इकाई में मापा जाता है।

मध्यमण्डल

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- ऊँचाई: समुद्र तल से 50 से 80 कि.मी.
- इस मण्डल की न्यूनतम तापमान की सीमा को मेसोपॉज कहा जाता है।

तापमण्डल

- तापमण्डल को दो वर्गों में विभाजित किया जाता है

1. आयनमण्डल 2. बहिर्मंडल या आयतन मण्डल

1. **आयनमण्डल**

- ऊँचाई: समुद्र तल से 80 से 640 कि.मी. के मध्य (कुछ स्रोतों में इसका विस्तार 400 कि.मी. तक माना जाता है)
- आयनमण्डल में ही अरोरा ऑस्ट्रालिस व अरोरा बोरियालिस जैसी परिघटनाएँ घटित होती है।
- आयनमण्डल में ही संचार उपग्रह स्थापित किए जाते हैं।

बहिर्मण्डल या आयतनमण्डल

- वायुमण्डल की सबसे ऊपरी परत को बहिर्मण्डल या आयतन मण्डल कहा जाता है।
- 'वान अलेन रेडिएशन बेल्ट' आयतन मण्डल में ही पायी जाती है।

171. भारत एशिया के किस भाग में स्थित है?
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III

(a) उत्तरी एशिया (b) दक्षिण एशिया
(c) पूर्वी एशिया (d) पश्चिम एशिया

Ans. (b) दक्षिण एशिया

- एशिया को बेरिंग जलसंधि उत्तरी अमेरिका से अलग करती है। यह अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के समान्तर स्थित है।
- विश्व की सबसे गहरी झील बैकाल झील रूस में स्थित है।
- विश्व की सबसे बड़ी झील कैस्पियन सागर एशिया में स्थित है। यूराल पर्वत एशिया को यूरोप की सीमा से अलग करता है।
- विश्व का सबसे नीचा स्थान (स्थलमण्डल के अनुसार) मृत सागर एशिया का ही भाग है।
- विश्व का सबसे लम्बा रेलमार्ग ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग है जो एशिया में स्थित है।
- विश्व का सबसे ऊँचा पठार तिब्बत का पठार है जो एशिया का ही भाग है।
- माउण्ट एवरेस्ट (8848 मी.) विश्व की सबसे ऊँची चोटी है।
- भूटान को लैण्ड ऑफ थण्डरवोल्ट कहते हैं।
- एशिया में स्थित रूस के भाग को साइबेरिया कहा जाता है।
- स्वेज नहर भू-मध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है।
- म्यांमार अपने सुन्दर बौद्ध मन्दिरों के लिए प्रसिद्ध है।
- विश्व में सर्वाधिक डाकघर वाला देश भारत है।
- श्रीलंका की सबसे लम्बी नदी महावेलि गंगा है।
- एशिया का सबसे छोटा देश मालदीव है जिसको हिन्द महासागर का मोती भी कहा जाता है।
- जावा द्वीप को इण्डोनेशिया का हृदय स्थल कहा जाता है।
- म्यांमार को स्वर्ण पैगोडा का देश कहते हैं।

172. निम्न में से कौन-सा सौर मंडल का बाह्य ग्रह है?
SSC GD 16 Feb. 2025, Shift-I

(a) पृथ्वी (b) शुक्र
(c) शनि (d) बुध

Ans. (c) शनि

- चंद्रमा पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है।
- आंतरिक या पार्थिव ग्रह: बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल
- बाह्य या जोवियर ग्रह: बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण
- सौरमण्डल का सबसे छोटा ग्रह बुध है तथा सूर्य का सबसे निकटतम ग्रह भी है। बुध सूर्य की परिक्रमा करने में सबसे कम समय (88 दिन) लेता है।
- शुक्र को सांझ का तारा तथा भोर का तारा कहते हैं। शुक्र को पृथ्वी की जुड़वाँ बहन भी कहते हैं।
- मंगल ग्रह को लाल ग्रह भी कहते है। इसका यह लाल रंग आयरन ऑक्साइड के कारण होता है।
- शुक्र सूर्य एवं चंद्रमा के बाद तीसरा सबसे चमकीला खगोलीय पिण्ड है।

173. मकर संक्रांति, 'उत्तरायण' की शुरुआत का प्रतीक है। यह .... को मनाई जाती है।
SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-IV

(a) 20 जनवरी (b) 16 मार्च
(c) 15 फरवरी (d) 14 जनवरी

Ans. (d) 14 जनवरी

- वसंत विषुव - 21 मार्च
- शरद विषुव - 23 सितम्बर
- 30° से 35° उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांशों के मध्य स्थित पेटियों को अश्व अक्षांश कहते हैं।
- भारतीय समय GMT (Greenwich Mean Time) से 5 घण्टा 30 मिनट आगे रहता है।
- भारतीय मानक समय रेखा भारत में $82\frac{1°}{2}$ देशान्तर उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर से होकर गुजरती है।

174. निम्नलिखित में से कौन-सा, 'S' आकार का महासागर है?
SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-I

(a) प्रशांत महासागर
(b) अटलांटिक महासागर
(c) हिंद महासागर
(d) आर्कटिक महासागर

Ans. (b) अटलांटिक महासागर

पृथ्वी पर पाँच महासागर हैं-

1. प्रशांत महासागर

- यह सबसे बड़ा तथा सबसे गहरा महासागर है।
- मेरियाना गर्त, जो विश्व का सबसे गहरा गर्त है प्रशांत महासागर में स्थित है।
- ज्वाला वृत्त या अग्नि वलय प्रशांत महासागर में ही स्थित है।

2. अटलांटिक महासागर दुनिया में व्यापार और वाणिज्य के अनुसार सबसे व्यस्त महासागर है।

3. हिन्द महासागर

- एकमात्र महासागर जिसका नाम किसी देश के नाम पर है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

4. आर्कटिक महासागर
5. दक्षिणी महासागर/अंटार्कटिक महासागर

✦ पनामा नहर अटलांटिक महासागर को प्रशान्त महासागर से जोड़ती है।

175. विश्व के जल संसाधनों में भारत का अंश कितना है?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift II

(a) 8% (b) 15%
(c) 10% (d) 4%

Ans. (d) 4%

✦ महासागरीय जल का अधिकतम तापमान दोपहर 2 बजे तथा न्यूनतम तापमान सुबह 5 बजे रहता है।
✦ सागरीय जल का अधिकतम तापमान अगस्त में तथा न्यूनतम तापमान फरवरी माह में रहता है।
✦ सारगैसों सागर उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित है।
✦ सारगैसों एक पुर्तगाली शब्द है जिसका अर्थ होता है 'घास'।

176. पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह की पहचान कीजिए।

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III

(a) कैलिस्टो (b) चंद्रमा
(c) लो (d) टाईटन

Ans. (b) चंद्रमा

✦ चन्द्रमा की सतह और उसकी आन्तरिक स्थिति का अध्ययन करने वाली विज्ञान की शाखा को सेलेनोलॉजी कहा जाता है।
✦ शान्ति सागर चन्द्रमा पर स्थित है।
✦ चन्द्रमा का उच्चतम पर्वत लिबनिट्ज है।
✦ चन्द्रमा को जीवाश्म ग्रह कहा जाता है।
✦ पृथ्वी से चन्द्रमा का लगभग 59% भाग ही देखा जा सकता है।

177. पवनों का देश कहे जाने वाले देश की पहचान करें।

SSC GD 12 Jan. 2023 Shift III

(a) जर्मनी (b) पोलैंड
(c) चेक गणराज्य (d) डेनमार्क

Ans. (d) डेनमार्क

✦ यूक्रेन को विश्व का अन्न भण्डार या रोटी की डलिया कहा जाता है।
✦ इटली को यूरोप का भारत कहा जाता है।
✦ फिनलैण्ड को झीलों का देश कहा जाता है।
✦ स्विटजरलैण्ड को यूरोप का खेल का मैदान कहा जाता है।
✦ फ्रांस को लघु यूरोप कहा जाता है।

178. वे ज्वालामुखी, जो बहुत लंबे समय से उद्गारित नहीं हुए हैं, लेकिन भविष्य में उद्गारित हो सकते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift III

(a) विलुप्त ज्वालामुखी
(b) सक्रिय ज्वालामुखी
(c) प्रसुप्त ज्वालामुखी
(d) ढाल ज्वालामुखी

Ans. (c) प्रसुप्त ज्वालामुखी

✦ प्रसुप्त ज्वालामुखी के उदाहरण:- फ्यूजीयामा (जापान) विसुवियस (इटली), नारकोंडम (अन्डमान-निकोबार)
✦ सक्रिय ज्वालामुखी वे ज्वालामुखी होती है जिनसे समय-समय पर मैग्मा निकलता रहता है। उदाहरण:- माउण्ट एटना (इटली), कोटोपैक्सी (इक्वाडोर), बैरन द्वीप (अण्डमान-निकोबार) मौना लोआ (हवाई द्वीप समूह)
✦ जिस ज्वालामुखी में हजारों वर्षों से कोई उद्भेदन न तो हुआ और ना ही भविष्य में ऐसी कोई सम्भावना है, मृत ज्वालामुखी कहलाते है। **उदाहरण:-** किलिमिंजारो (तंजानिया), पोपा (म्यांमार), एकांकागुआ (अर्जेंटीना)

179. प्राकृतिक भूकंप पृथ्वी की किस परत में होते हैं?

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift I

(a) मध्यमंडल (b) आंतरिक कोर
(c) स्थलमंडल (d) दुर्बलतामंडल

Ans. (c) स्थलमंडल

भूकम्पीय तरंगें

(i) भूगर्भीय तरंगें: P तथा S तरंगें
(ii) धरातलीय तरंगें: L तरंगें

P तरंगें

✦ पृथ्वी की सतह पर सबसे पहले P तरंगें ही पहुँचती है।
✦ यह प्राथमिक तरंगें होती है। यह तरंगें अनुदैर्ध्य तरंगें होती है।
✦ यह तरंगें ठोस, द्रव, गैस तीनों में गमन कर सकती हैं।

S तरंगें

✦ द्वितीयक तरंगें होती है तथा यह अनुप्रस्थ तरंगें हैं।
✦ यह केवल ठोस माध्यम में गमन करती है।

L तरंगें

✦ यह सर्वाधिक विनाशकारी तरंगें होती हैं।
✦ भूकम्प के अध्ययन को सिस्मोलॉजी कहते हैं।
✦ भूकम्प को रिक्टर स्केल पर मापा जाता है।

180. उत्तर-पूर्वी पवनें कहाँ से उत्पन्न होती हैं?

SSC GD 1 Feb. 2023 Shift II

(a) उत्तरी गोलार्द्ध के उष्ण कटिबंधीय निम्न दाब कटिबंध
(b) दक्षिणी गोलार्द्ध के उष्ण कटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध
(c) उत्तरी गोलार्द्ध के उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध
(d) दक्षिणी गोलार्द्ध के उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध

Ans. (c) उत्तरी गोलार्द्ध के उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध

✦ ये पवनें स्थल से समुद्र की ओर चलती है।
✦ भारत में शीत ऋतु के दौरान उत्तर-पूर्वी व्यापारिक हवाएँ चलती है।
✦ उत्तर-पूर्वी हवाओं का एक भाग बंगाल की खाड़ी के ऊपर चलती है जिस कारण कोरोमण्डल तट पर वर्षा होती है।

181. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा पड़ोसी देश कौन-सा है?

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift IV

(a) नेपाल (b) पाकिस्तान
(c) भूटान (d) श्रीलंका

Ans. (c) भूटान

✦ भूटान से 4 भारतीय राज्यों (असम, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश) की सीमा लगती है।
✦ भूटान की राजधानी थिम्पू है।
✦ भूटान को 'लैण्ड ऑफ थण्डर ड्रैगन' कहा जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- ✦ मालदीव की राजधानी 'माले' है।
- ✦ नेपाल की राजधानी 'काठमाण्डू' है। काठमाण्डू में सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) का मुख्यालय है।
- ✦ श्रीलंका की आधिकारिक राजधानी श्री जयवर्धनेपुरा कोटे तथा वाणिज्यिक राजधानी कोलम्बो है।

182. एलनीनो एक ऐसी घटना है जिसमें हर 2 से 5 साल में .... तट से गुजरने वाली ठंडी धारा के स्थान पर गर्म महासागरीय धारा बहती है।

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift III

(a) पेरू (b) चिली
(c) अर्जेंटीना (d) ब्राजील

Ans. (a) पेरू

- ✦ एल-नीनो एक प्रक्रिया जिसमें पेरू के तट पर दक्षिण-पूर्वी प्रशांत महासागर के जल का तापमान बढ़ जाता है।
- ✦ इस प्रक्रिया का भारतीय मानूसन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जैसे-अकाल
- ✦ एल-नीनो को ईशु शिशु कहा जाता है।
- ✦ ला-नीना के प्रभाव से एल नीनो के ठीक विपरीत स्थिति उत्पन्न होती है।
- ✦ कुछ गर्म धाराएँ:- गल्फ स्ट्रीम, सोमाली धारा और कुरोशियो

183. निम्नलिखित में से कौन-सी एक कायांतरित चट्टान है?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift I

(a) शैल (b) ग्रेनाइट
(c) बलुआ पत्थर (d) क्वार्ट्जाइट

Ans. (d) क्वार्ट्जाइट

- ✦ कायांतरित चट्टानों के उदाहरण:- स्लेट, संगमरमर क्वार्टजाइट आदि।
- ✦ बलुआ पत्थर एक खण्डित तलछटी चट्टान है तथा यह एक अवसादी चट्टान है।
- ✦ ग्रेनाइट आग्नेय चट्टान का उदाहरण है।

184. सूर्य पृथ्वी से लगभग .... किमी दूर है।

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift II

(a) 50 मिलियन (b) 20 मिलियन
(c) 150 मिलियन (d) 100 मिलियन

Ans. (c) 150 मिलियन

- ✦ सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर लगभग 8 मिनट 20 सेकेण्ड में पहुँचता है।
- ✦ प्रकाश मण्डल का वह बाहरी भाग जो केवल सूर्य ग्रहण के समय दिखाई देता है, 'कोरोना' या 'किरीट' कहलाता है।
- ✦ सूर्य की वर्तमान आयु लगभग 4.7 अरब वर्ष है।

185. गर्म महासागरीय धाराएँ ..... के निकट उत्पन्न होती है। और ध्रुवों की और गतिमान होती है।

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) कर्क रेखा (b) अंटार्कटिक वृत्त
(c) भूमध्य रेखा (d) आर्कटिक वृत्त

Ans. (c) भूमध्य रेखा

- ✦ गर्म महासागरीय धाराएँ निम्न अक्षांशों से उच्च अक्षांशों की ओर गमन करती है एवं इन जलधाराओं का तापमान मार्ग में आने वाले जल के तापमान से अधिक होता है। यह भूमध्य रेखा पर उत्पन्न होती है।

प्रमुख धाराएँ

अटलांटिक महासागर की जलधाराएँ

- ✦ गल्फ स्ट्रीम - गर्म
- ✦ ब्राजील धारा - गर्म
- ✦ केनरी धारा - ठण्डी
- ✦ लेब्राडोर धारा - ठण्डी

प्रशांत महासागर की जलधाराएँ

- ✦ क्यूरोशियो (जापान) की धारा - गर्म
- ✦ हम्बोल्ट की धारा - ठण्डी
- ✦ क्युराइल धारा - ठण्डी

186. निम्नलिखित में से कौन-सी मृदा संरक्षण की एक विधि है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) शेल्टर बेल्ट (b) इंटर क्रॉपिंग
(c) राके डैम (d) सीढ़ीदार खेत बनाना

Ans. (d) सीढ़ीदार खेत बनाना

- ✦ मृदा संरक्षण से तात्पर्य उन विधियों से है, जो मृदा को अपने स्थान से हटने से रोकती है। मृदा संरक्षण की विधियाँ- वनों की रक्षा, वृक्षारोपण बाँध बनाना, भूमि उद्धार, बाढ नियंत्रण और सीढ़ीदार खेत बनाना आदि।

187. निम्नलिखित में से कौन-सी श्रीलंका की पहली आधिकारिक भाषा है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) सिंहली (b) अंग्रेजी
(c) तमिल (d) मलयालम

Ans. (a) सिंहली

प्रमुख देशों की राजभाषाएँ

- ✦ भूटान की राजभाषा - जोंगखा
- ✦ इजरायल की राजभाषा - हिब्रू

188. लैब्राडोर सागर और भूमध्य सागर किस महासागर का हिस्सा है?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) अटलांटिक महासागर
(b) हिंद महासागर
(c) आर्कटिक महासागर
(d) प्रशांत महासागर

Ans. (a) अटलांटिक महासागर

- ✦ लैब्राडोर सागर उत्तरी अटलांटिक महासागर का एक भाग है।
- ✦ भूमध्य सागर अटलांटिक महासागर से संयोजित एक सागर है, जो भूमध्य बेसिन से घिरा हुआ है।

अटलांटिक महासागर की प्रमुख ठण्डी जलधाराएँ:-

- ✦ लेब्राडोर की जलधारा
- ✦ कनारी जलधारा
- ✦ फॉकलैण्ड की जलधारा

189. प्यूटोरिको खाई 'Pueto Rico Trench' निम्नलिखित में किस महासागर में स्थित है?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) आर्कटिक महासागर
(b) हिंद महासागर

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(c) प्रशांत महासागर
(d) अटलांटिक महासागर

Ans. (d) अटलांटिक महासागर

महत्त्वपूर्ण बिंदु
- मारियाना ट्रेंच पृथ्वी का सबसे गहरा गर्त है।
- मारियाना ट्रेंच फिलीपींस के पूर्व में स्थित है।

कुछ महत्त्वपूर्ण गर्त	
गर्त	**स्थिति**
टोंगा (विश्व का दूसरा गहरा गर्त)	प्रशान्त महासागर
सुण्डा या जावा	हिन्द महासागर
मिण्डनाओ	प्रशान्त महासागर

190. निम्नलिखित में से कौन-सा, ऊर्जा का एक पारंपरिक स्रोत है?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) कोयला (b) ज्वारीय
(c) भू-तापीय (d) सौर

Ans. (a) कोयला

- ऊर्जा का एक पारंपरिक स्रोत कोयला है।

पारंपरिक ऊर्जा के स्रोत के उदाहरण-
- पेट्रोलियम
- लकड़ी
- चारकोल
- सूखा गोबर
- खनिज तेल
- प्राकृतिक गैस

191. नहर की एक जलग्रीवा (चैनल) जहाँ पानी को बलपूर्वक उत्थान द्वारा भूमि के ढलान की विपरीत दिशा में प्रवाहित किया जाता है ...... कहलाती है।
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) कमान क्षेत्र (b) उत्थापन प्रणाली
(c) जलोत्सारण (d) जल भृत

Ans. (b) उत्थापन प्रणाली

- नहर की एक जल ग्रीवा (चैनल) जहाँ पानी को बलपूर्वक उत्थापन द्वारा भूमि के ढलान की विपरीत दिशा में प्रवाहित करना है उत्थापन प्रणाली कहलाती है।

192. किस श्रेणी को 'ऊपरी एशिया की रीढ' के रूप में जाना जाता है?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) काराकोरम श्रेणी (b) कैलाश श्रेणी
(c) जास्कर श्रेणी (d) लद्दाख श्रेणी

Ans. (a) काराकोरम श्रेणी

- काराकोरम श्रेणी हिमालय पर्वत का ही एक भाग है। इसका प्राचीन नाम कृष्णगिरि था। काराकोरम किर्गिज भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है -काली भूरभूरी मिट्टी। इसका विस्तार भारत, पाकिस्तान तथा चीन में है। इसे उच्च एशिया की रीढ़ भी कहा जाता है।
- भारत के उत्तरी पर्वतीय प्रदेश को निम्नलिखित भागों में बांटा जाता है। 1. ट्रांस हिमालय 2. वृहद् हिमालय या आंतरिक हिमालय 3. लघु हिमालय या मध्य हिमालय 4. बाह्य हिमालय अथवा शिवालिक हिमालय 5. उत्तर-पूर्वी हिमालय

193. समुद्री निकायों और समुद्र में......... पानी होता है।
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) खारा (b) कड़वा
(c) खट्टा (d) मीठा

Ans. (a) खारा

- समुद्री निकायों और समुद्र का पानी खारा होता है क्योंकि इसमें लवण पाये जाते है।
- सोडियम और क्लोराइड जो नमक बनाते हैं और ये समुद्र में कई सालों तक वहीं जमा रहते हैं इसलिये पानी खारा हो जाता है।

194. हमारे सौरमंडल के बाहर निम्नलिखित में से ऐसा कौन-सा ग्रह है, जो आमतौर पर हमारी आकाश गंगा में किसी अन्य तारे की परिक्रमा करता है?
SSC GD 03 Dec. 2021

(a) हौमिया (b) मीजोप्लैनेट
(c) सुपर अर्थ (d) एक्सोप्लैनेट

Ans. (d) एक्सोप्लैनेट

महत्त्वपूर्ण बिंदु
- सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले विभिन्न ग्रहों, धूमकेतुओं, उल्काओं और अन्य आकाशीय पिण्डों के समूह को सौरमण्डल कहते हैं।
- सौरमण्डल में 8 ग्रह हैं-बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण और वरुण।
- शुक्र सौरमण्डल का सबसे गर्म ग्रह है।
- बुध, शुक्र, शनि, बृहस्पति और मंगल को खुली आँखों से देखा जा सकता है।

195. किस प्रकार की मिट्टी में पानी की अधिकतम मात्रा बनी रहती है?
SSC GD 02 Dec. 2021

(a) चिकनी मिट्टी (b) चिकनी बलुई मिट्टी
(c) रेत (d) गाद

Ans. (a) चिकनी मिट्टी

- पानी की सबसे अधिकतम मात्रा काली मिट्टी में विद्यमान होती है। काली मिट्टी को स्वत: जुताई वाली मिट्टी भी कहते है।
- काली मिट्टी के बाद चिकनी मिट्टी में पानी की अधिकता होती है। जिस फसल को उगाने के लिये अधिक पानी की आवश्यकता होती है। जैसे - धान चिकनी मिट्टी में बोये जाते है।

196. महावेली गंगा ...... की सबसे लंबी नदी है।

(a) भूटान (b) पाकिस्तान
(c) नेपाल (d) श्रीलंका

Ans. (d) श्रीलंका

197. अरब सागर का कौन-सा द्वीपीय देश भारत का पड़ोसी है?
SSC GD 08 Dec. 2021

(a) मालदीव (b) इंडोनेशिया
(c) श्रीलंका (d) म्यांमार

Ans. (a) मालदीव

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

✦ दक्षिण में समुद्र पार हमारा पड़ोसी देश मालदीव है जो लक्षद्वीप समूह के दक्षिण में स्थित है। यह अरब सागर में है।

✦ मालदीव के 1200 प्रवाल द्वीपों में से केवल 202 द्वीपों पर ही निवास है।

198. उस भूमि का वैज्ञानिक नाम क्या है। जिस पर फसले उगाई जाती है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) कृष्य भूमि
(b) उत्पादक भूमि
(c) जुताई वाली भूमि
(d) उत्पादक भूमि

Ans. (a) कृष्य भूमि

✦ कृषि के संदर्भ में कृष्य भूमि उस भूमि को कहते हैं जिसका उपयोग फसल उत्पादन के लिये किया जाता है। जिसमें वार्षिक फसलें उगाई जाती है।

199. नहर निर्गम (केनाल आउटलेट) के कमान-क्षेत्र में पानी के समान वितरण की एक प्रणाली है।

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) हारवेस्टिंग (b) वारबंदी
(c) प्रवाह फ्लो (d) उत्थापन (लिफ्ट)

Ans. (b) वारबंदी

✦ वारबंदी प्रणाली (जल वितरण प्रणाली) एक घूर्णन जल आवंटन प्रणाली है जो सिंचाई के पानी को समान रूप से साझा करती है। पानी के नियमित रोटेशन के बाद किसानों को फिर से पानी की समान मात्रा आवंटित की जा सकती है।

200. महासागर का उथला हिस्सा जो 1° या उससे भी कम की औसत ढाल दर्शाता है, क्या कहलाता है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) गहरा समुद्रीतट (b) महाद्वीपीय ढाल
(c) महाद्वीपीय ताक (d) महासागरीय गर्त

Ans. (c) महाद्वीपीय ताक

✦ महाद्वीपीय शेल्फ (महाद्वीपीय ताक) प्रत्येक महाद्वीप का विस्तृत सीमांत होता है, जो अपेक्षाकृत उथले समुद्रों तथा खाड़ियों से घिरा होता है। यह महासागर का सबसे उथला भाग होता है, जिसकी औसत प्रवणता 1 डिग्री या उससे भी कम होती है। यह शेल्फ अत्यंत तीव्र ढाल पर समाप्त होता है। जिसे शेल्फ अवकाश कहा जाता है।

201. सिंधु नदी समझौता (1960) के अनुसार भारत सिंधु नदी प्रणाली का कितना पानी इस्तेमाल कर सकता है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) 20% (b) 10%
(c) 25% (d) 15%

Ans. (a) 20%

202. निम्नलिखित में से किस महासागर के मध्य में टोरेस जलडमरूमध्य स्थित है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) प्रशांत महासागर
(b) हिन्द महासागर
(c) आर्कटिक महासागर
(d) अटलांटिक महासागर

Ans. (a) प्रशांत महासागर

✦ टोरेस जलडमरूमध्य ऑस्ट्रेलिया और न्यू गिनी के बीच एक जलडमरूमध्य है जो प्रशांत महासागर में स्थित है।

विश्व के प्रमुख जलडमरूमध्य

जलडमरूमध्य	सागर
पाक	बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर
जिब्राल्टर	भूमध्य सागर तथा अटलांटिक

203. निम्नलिखित में से कौन-सा वनों की कटाई का परिणाम नहीं है?

(a) वायुमंडल में ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि
(b) भू-जल के स्तर में कमी
(c) पृथ्वी पर प्रदूषण के स्तर में वृद्धि
(d) प्रकृति के समग्र संतुलन में गड़बड़ी।

Ans. (a) वायुमंडल में ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि

✦ वनों की कटाई का परिणाम उचित नहीं है कि अगर वन नहीं काटे जाएंगे तो वायुमंडल में ऑक्सीजन O_2 के स्तर में वृद्धि होगी।

204. वैकल्पिक पंक्तियों में उगाई जाने वाली विभिन्न फसलें निम्न का उदाहरण है? **SSC GD 03 Dec. 2021**

(a) अंतर फसल (b) समोच्च फसल
(c) मिश्रित फसल (d) संयुक्त फसल

Ans. (a) अंतर फसल

✦ वैकल्पिक पंक्तियों में उगाई जाने वाली फसल अंतर फसल है। इस फसल में एक ही खेत में दो या उससे अधिक फसल एक साथ उगा सकते है।

✦ **समोच्च फसल:-** भूमि के प्राकृतिक ढलान के समकोण पर फसलों की खेती तथा रोपण करने की प्रथा है। समोच्च खेती से पानी की गति धीमी हो जाती है तथा मिट्टी को नुकसान नहीं होता है।

205. निम्न में से क्या मिट्टी को उपजाऊ बनाता है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) खनिजों और कार्बनिक पदार्थों का सही मिश्रण
(b) मिट्टी में उच्च स्तर
(c) खनिजों और अकार्बनिक पदार्थ का सही मिश्रण
(d) मिट्टी में अम्लीय पदार्थों की अधिकता।

Ans. (a) खनिजों और कार्बनिक पदार्थों का सही मिश्रण

✦ खनिजों और कार्बनिक पदार्थों का सही मिश्रण मिट्टी को उपजाऊ बनाता है।

206. मृदा प्रबंधन और फसल चक्र खरपतवार और कीट नियंत्रण और फसलों की वृद्धि और खाद्य उत्पादन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली जलवायु के अध्ययन से संबंधित विज्ञान कहलाता है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) सस्य विज्ञान (b) कोशिका विज्ञान
(c) घास विज्ञान (d) शरीर-रचना विज्ञान

Ans. (a) सस्य विज्ञान

✦ सस्य विज्ञान कृषि की वह शाखा जिसमें फसल उत्पादन एंव मृदा प्रबंध इत्यादि क्रियाओं के सिद्धांतों का अध्ययन किया जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

207. निम्नलिखित में से कौन-सा बंदरगाह या टर्मिनल प्रशांत महासागर में स्थित नही है। **SSC GD 13 Dec. 2021**
(a) रियो-डि-जेनेरियो (ब्राजील)
(b) योकोहामा (जापान)
(c) शंघाई चीन
(d) सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)

Ans. (a) रियो-डि-जेनेरियो (ब्राजील)

✦ रियो-डि-जेनेरियो अटलांटिक महासागर की गुआनाबारा खाड़ी के पश्चिमी तट पर स्थित है।

208. हिंद महासागर विश्व का .... महासागर है?
(a) सबसे छोटा (b) तीसरा सबसे बड़ा
(c) दूसरा सबसे बड़ा (d) सबसे बड़ा

Ans. (b) तीसरा सबसे बड़ा

209. ओमान की खाड़ी और लाल सागर निम्न महासागर का हिस्सा है। **SSC GD 03 Dec. 2021**
(a) प्रशांत महासागर
(b) आर्कटिक महासागर
(c) अटलांटिक महासागर
(d) हिन्द महासागर

Ans. (d) हिन्द महासागर

✦ ओमान की खाड़ी और लाल सागर हिन्द महासागर का एक हिस्सा है। लाल सागर अफ्रीका एवं एशिया के बीच हिंद महासागर की एक नमकीन पानी की एक खाड़ी है।
✦ हिन्द महासागर में स्थित अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह अराकानयोमा पर्वत श्रेणी के जलमग्न भाग के उभरे हुए हिस्से है।
✦ हिन्दमहासागर में स्थित मॉरीशस तथा रोयूनियन द्वीप ज्वालामुखी शंकु है।

210. निम्नलिखित में से किस महासागर का सबसे गहरा बिंदु जावा गर्त है? **SSC GD 03 Dec. 2021**
(a) आर्कटिक महासागर
(b) हिंद महासागर
(c) अटलांटिक महासागर
(d) प्रशांत महासागर

Ans. (b) हिंद महासागर

✦ जावा गर्त जिसे सुंडा गर्त के नाम से भी जाना जाता है। जो हिंद महासागर में स्थित एक समुद्री खाई है।
✦ हिन्द महासागर में डायमेंटिना गर्त भी अवस्थित है।
✦ दुनिया का सबसे गहरा गर्त मारियाना गर्त है जो प्रशान्त महासागर में स्थित है।

211. चावल की उपज के लिये..... की आवश्यकता होती है। **SSC GD 03 Dec. 2021**
(a) उच्च तापमान, उच्च आर्द्रता और वर्षा
(b) उच्च तापमान, और हल्की वर्षा
(c) मध्यम तापमान और वर्षा
(d) मध्यम तापमान और अत्यधिक धूप

Ans. (a) उच्च तापमान, उच्च आर्द्रता और वर्षा

✦ चावल की उपज के लिये उच्च तापमान, उच्च आर्द्रता और वर्षा की आवश्यकता होती है।
✦ चावल की फसल उष्णकटिबंधीय फसल के अन्तर्गत आती है।
✦ चावल की खेती के लिए चिकनी उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है।
✦ तापमान 25°C तथा वार्षिक वर्षा 100 से.मी. से अधिक होनी आवश्यक है।
✦ केन्द्रीय धान अनुसंधान संस्थान - कटक (ओडिशा)
✦ साल 2021 में, पश्चिम बंगाल भारत में सबसे ज़्यादा चावल उत्पादन करने वाला राज्य था।

212. धौलागिरि .... में स्थित हिमालय की एक पर्वत चोटी है। **SSC GD 03 Dec. 2021**
(a) गढ़वाल (b) भूटान
(c) नेपाल (d) कुमाऊं

Ans. (c) नेपाल

✦ धौलागिरि पर्वत चोटी वृहद् या महान हिमालय का भाग है।
✦ विश्व की सबसे ऊँची चोटियाँ महान हिमालय में ही पाई जाती है।
✦ महान या वृहद् हिमालय की प्रमुख पर्वत चोटियाँ–
1. माउण्ट एवरेस्ट 2. कंचनजंघा 3. मकालू 4. धौलागिरि 5. नंगा पर्वत

213. उस सीमा क्षेत्र को क्या कहते है जहाँ से महासागर के तापमान में तेजी से गिरावट आती है? **SSC GD 03 Dec. 2021**
(a) ताप प्रवणता (थर्मोक्लाइन)
(b) द्रवतल
(c) महाद्वीपीय सीमांत
(d) महासागरीय कटक

Ans. (a) ताप प्रवणता (थर्मोक्लाइन)

✦ महासागर के तापमान में तेजी से गिरावट आती है, उसे ताप प्रवणता (थर्मोक्लाइन) कहा जाता है। ऐसा अनुमान है कि जल के कुल आयतन का लगभग 90% गहरे महासागर में ताप प्रवणता के नीचे पाया जाता है।

214. निम्नलिखित में से कौन-सी महासागरीय धाराओं की विशेषता नहीं है? **SSC GD 03 Dec. 2021**
(a) वे एक निश्चित दिशा में बहती है
(b) वे जल की धाराएँ है
(c) वे लगातार समुद्र की सतह पर बहती है।
(d) उनकी कोई निश्चित दिशा नहीं होती।

Ans. (d) उनकी कोई निश्चित दिशा नहीं होती।

✦ महासागरीय धाराओं की कोई निश्चित दिशा नही होती है। यह कथन महासागरीय धाराओं की विशेषता नहीं है।

215. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति चाय बागानों को नुकसान पहुँचा सकती है। **SSC GD 02 Dec. 2021**
(a) 150-300cm के बीच वर्षा
(b) गर्म और आर्द्र जलवायु
(c) छायादार वृक्षों के नीचे रोपण
(d) 35°C से अधिक तापमान।

Ans. (d) 35°C से अधिक तापमान।

✦ चाय की खेती के लिए तापमान 24°C से 30°C के मध्य उपयुक्त होता है।
✦ वर्षा - 150 - 250 से.मी. वार्षिक की आवश्यकता होती है।
✦ जलवायु - उष्णार्द्र तथा पालारहित
✦ चाय की किस्में (भारत में) - 1. बोहिया या चीनी 2. असमी

216. पृथ्वी की ऊष्मा से प्राप्त ऊर्जा को क्या कहा जाता है?
(a) सौर ऊर्जा (b) ज्वारीय ऊर्जा
(c) बायोगैस (d) भूतापीय ऊर्जा

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (d) भूतापीय ऊर्जा

- ✦ भूतापीय ऊर्जा– पृथ्वी की आंतरिक परतों में रेडियोधर्मी तत्वों के विघटन व चट्टानी संस्तरो के दबाव से उत्पन्न तापीय ऊर्जा।
- ✦ सौर ऊर्जा – सूर्य से प्राप्त होने वाली विकिरण ऊर्जा
- ✦ ज्वारीय ऊर्जा – ज्वार भाटे के उठने तथा गिरने से प्राप्त ऊर्जा
- ✦ बायोगैस या जैव ऊर्जा – जैविक उत्पादों जैसे- कृषि अवशेष, प्राकृतिक वनस्पति, शहरी कूड़े-कचरे व अपशिष्ट पदार्थो से उत्पादित ऊर्जा।

217. उस गहरी और संकरी घाटी को क्या भौगोलिक नाम दिया गया है जिसमें नदियों, हवा, बारिश और विवर्तनिक गतिविधि द्वारा अपक्षय और कटाव से निर्मित खड़ी दीवारें होती हैं?

(a) बेसिन (b) ब्यूट्टस
(c) कैनियन (d) रिज

Ans. (c) कैनियन

- ✦ सामान्यत: अधिक गहरी एवं सँकरी V आकर की घाटी को 'गार्ज' कहते हैं।
- ✦ गार्ज के विस्तृत रूप को 'कैनियन' या 'संकीर्ण नदी कंदरा' कहते हैं।
- ✦ किसी नदी एवं उसकी सहायक नदियों के जल क्षेत्र को **नदी बेसिन** कहा जाता है।
- ✦ दो पहाड़ों के बीच के गहरे भाग को जहाँ से नदी का प्रवाह होता है, 'घाटी' कहते हैं।

218. कौन-सी नदी अधिकतम देशों से होकर गुजरती है?

(a) वोल्गा नदी (b) अमेज़न नदी
(c) राइन नदी (d) डैन्यूब नदी

Ans. (d) डैन्यूब नदी

- ✦ उपर्युक्त विकल्पों में दी गई सभी नदियों में डैन्यूब नदी सबसे अधिक देशों से होकर गुजरती है।
- ✦ डैन्यूब नदी यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी नदी है।
- ✦ इस नदी का उद्‌गम जर्मनी के ब्लैक फारेस्ट पर्वत से होता है।
- ✦ डैन्यूब नदी जर्मनी, ऑस्ट्रिया, हंगरी, क्रोएशिया, सर्बिया, यूक्रेन, रोमानिया, मोल्दोवा, स्लोवाकिया और बुल्गारिया आदि देशों से होकर बहती है।

219. .... स्ट्रेट जावा द्वीप समूह (पूर्व) और सुमात्रा को अलग करता है।

(a) मलक्का (b) सुंडा
(c) युकाटान (d) कुक

Ans. (b) सुंडा

- ✦ सुंडा जलसंधि – इंडोनेशिया के जावा को सुमात्रा से अलग करती है तथा हिन्द महासागर को जावा सागर से जोड़ती है।
- ✦ मलक्का जलसंधि – हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ती है तथा मलेशिया को सुमात्रा द्वीप से अलग करती है।
- ✦ कुक जल संधि – न्यूजीलैंड के उत्तरी व दक्षिणी द्वीपों को अलग करती है।
- ✦ युकाटन चैनल – मैक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप को क्यूबा से अलग करता है।

220. एशिया की सबसे लंबी नदी का नाम है।

(a) अमेज़न नदी (b) यांगत्जे नदी
(c) येनिसिई नदी (d) नील नदी

Ans. (b) यांगत्जे नदी

- ✦ 'यांगत्जे नदी' एशिया की सबसे लंबी नदी है।
- ✦ संसार की सबसे लम्बी नदी 'नील नदी' (अफ्रीका महाद्वीप) है।
- ✦ जल के आयतन के आधार पर संसार की सबसे बड़ी नदी 'अमेज़न नदी' है।
- ✦ यूरोप की सबसे लम्बी नदी 'वोल्गा नदी' है।
- ✦ भारत की सबसे लम्बी नदी 'गंगा नदी' है।
- ✦ ऑस्ट्रेलिया की सबसे लम्बी नदी 'मर्रे या मुर्रे नदी' है।

221. निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत शृंखला दक्षिण अमेरिका में स्थित है?

(a) रॉकी (b) ग्रेट डिवाइडिंग
(c) एण्डीज (d) आल्पस

Ans. (c) एण्डीज

- ✦ एण्डीज पर्वत शृंखला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप में फैली है।
- ✦ एण्डीज पर्वत शृंखला दुनिया की सबसे लम्बी पर्वत शृंखला है।
- ✦ यह दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के 7 देश कोलम्बिया, अर्जेन्टीना, चिली, बोलिविया, पेरू, वेनेजुएला और इक्वाडोर से होकर गुजरती है।
- ✦ 'टिटिकाका झील' एन्डीज पर्वत शृंखला में स्थित है और यह विश्व की सबसे ऊँची नौगम्य झील है।
- ✦ एण्डीज और रॉकी पर्वत नवीन मोड़दार पर्वत हैं।
- ✦ रॉकी पर्वत की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्बर्ट है।
- ✦ 'आल्पस पर्वत' यूरोप का सबसे ऊँचा पर्वत है। फ्रांस में स्थित माउंट ब्लांक, आल्प्स की सबसे ऊँची चोटी है।
- ✦ 'ग्रेट डिवाइडिंग रेन्ज' ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी पर्वतमाला है।
- ✦ ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा मरुस्थल 'द ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल' है।

222. मैक्सिकों की खाड़ी और लैब्राडोर सागर निम्नलिखित में से किसके भाग हैं?

(a) आर्कटिक महासागर
(b) प्रशांत महासागर
(c) हिन्द महासागर
(d) अटलांटिक महासागर

Ans. (d) अटलांटिक महासागर

- ✦ 'मैक्सिको की खाड़ी' और 'लैब्राडोर सागर' अटलांटिक महासागर का भाग है।
- ✦ मैक्सिको की खाड़ी उत्तर में अमेरिका तथा क्यूबा से घिरी हुई है।
- ✦ मैक्सिको की खाड़ी फ्लोरिडा जलसंधि के द्वारा अटलांटिक महासागर से जुड़ी हुई है तथा युकाटन चैनल द्वारा कैरेबियन सागर से जुड़ी हुई है।
- ✦ लैब्राडोर सागर, लेब्राडोर प्रायद्वीप और ग्रीनलैंड के बीच स्थित है।

223. स्लेट .... प्रकार की चट्टान है।

(a) रूपांतरित (b) अवसादी
(c) आग्नेय (d) ज्वालामुखी

Ans. (a) रूपांतरित

- ✦ स्लेट रूपांतरित प्रकार की चट्टान है।
- ✦ स्लेट निम्न श्रेणी की रूपांतरित चट्टान होती है।
- ✦ रूपांतरित चट्टान 'स्लेट' का निर्माण मडस्टोन या शैल में ताप और दाब परिवर्तन के चलते होने वाले रूपांतरण या कायांतरण से होता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

3 भारतीय राजव्यवस्था

1. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राधिकारी एक वर्ष की अवधि के लिए रोटेशन के आधार पर संबंधित क्षेत्रीय परिषद् के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करता है?
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II
(a) राज्य का राज्यपाल
(b) राज्य का डीजीपी (DGP)
(c) राज्य का मुख्यमंत्री
(d) राज्य का मुख्य सचिव

Ans. (c) राज्य का मुख्यमंत्री

- क्षेत्रीय परिषद् का पदेन अध्यक्ष केंद्रीय गृह मंत्री तथा उपाध्यक्ष राज्य का मुख्यमंत्री होता है।
- क्षेत्रीय परिषदें एक सांविधिक निकाय हैं क्योंकि यह संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित की गयी हैं। 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम द्वारा इनको स्थापित किया गया है। वर्तमान में पाँच क्षेत्रीय परिषदें है।

2. मूल संविधान में .... अनुसूचियाँ थीं।
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-I
(a) 15 (b) 12
(c) 10 (d) 8

Ans. (d) 8

- मूल संविधान में 8 अनुसूचियाँ थी। वर्तमान में 12 अनुसूचियाँ है।
- 9वीं अनुसूची को प्रथम संविधान संशोधन द्वारा 1951 में भारतीय संविधान में जोड़ा गया इसमें भूमि सें संबंधित प्रावधान है।
- 10वीं अनुसूची को 52वें संविधान संशोधन द्वारा 1985 में भारतीय संविधान में जोड़ा गया इसमें दल-बदल विरोधी कानून शामिल है।
- 11वीं अनुसूची को 73वें संविधान संशोधन के तहत 1992 में संविधान में जोड़ा गया इसमें पंचायती राज से संबंधित प्रावधान है।
- 12वीं अनुसूची को 74वें संविधान संशोधन के तहत 1992 में संविधान में जोड़ा गया इसमें नगरपालिका से संबंधित प्रावधान है।

3. भारतीय प्रेस अधिनियम जो सरकार को भारत में प्रेस को नियंत्रित करने के लिए व्यापक अधिकार प्रदान करता था, किस वर्ष पारित किया गया था?
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II
(a) 1911 (b) 1910
(c) 1912 (d) 1913

Ans. (b) 1910

- भारतीय प्रेस अधिनियम, 1910 में पारित किया गया था। इस अधिनियम द्वारा सरकार को एक अपमानजनक समाचार पत्रों को समाप्त करने का अधिकार दिया गया था।

4. निम्नलिखित में से किस अधिकार को जीवन का अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का एक घटक माना जाता है?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II
(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
(b) समानता का अधिकार
(c) निजता का अधिकार
(d) संपत्ति का अधिकार

Ans. (c) निजता का अधिकार

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को निजता के अधिकार का एक घटक माना जाता है।
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार – अनुच्छेद 19 (1)(a)
- समानता का अधिकार – अनुच्छेद 14- 18
- संपत्ति का अधिकार – अनुच्छेद 300(a)

5. यदि अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल लागू हो तो संसद विधान सभाओं का कार्यकाल एक बार में .... बढ़ा सकती है।
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-III
(a) छह माह तक (b) एक वर्ष तक
(c) नौ माह तक (d) एक माह तक

Ans. (b) एक वर्ष तक

- अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल लागू हो तो संसद लोक सभा तथा विधान सभाओं का कार्यकाल एक बार में एक वर्ष तक बढ़ा सकती है।

भारतीय संविधान में तीन प्रकार की आपात स्थितियों का प्रावधान है-
- राष्ट्रीय आपातकाल- अनुच्छेद 352
- राज्य आपातकाल- अनुच्छेद 356
- वित्तीय आपातकाल- अनुच्छेद 360

6. निम्नलिखित में से संविधान संशोधन अधिनियम ने राज्य वित्त आयोग का गठन किया?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-I
(a) 76वाँ संशोधन अधिनियम
(b) 74वाँ संशोधन अधिनियम
(c) 73वाँ संशोधन अधिनियम
(d) 75वाँ संशोधन अधिनियम

Ans. (c) 73वाँ संशोधन अधिनियम

- राज्य वित्त आयोग को 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया था।
- अनुच्छेद 280 के तहत, केंद्र के वित्त आयोग की तर्ज पर वर्ष 1993 में भारत के समस्त राज्यों में राज्य वित्त आयोग की स्थापना की गई थी।
- राज्य वित्त आयोग को राज्यपाल द्वारा 5 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है। अनुच्छेद (243 I)

7. 1919 में अधिनियमित किस अधिनियम के द्वारा ब्रिटिश भारत के प्रांतों में द्वैध शासन प्रणाली का आरंभ किया गया था?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-III
(a) भारत सरकार अधिनियम
(b) वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम
(c) रॉलेट एक्ट
(d) भारतीय परिषद् अधिनियम

Ans. (a) भारत सरकार अधिनियम

- भारत सरकार अधिनियम, 1919 द्वारा प्रांतीय स्तर पर कार्यपालिका हेतु द्वैध शासन प्रणाली की शुरुआत की।
- प्रारंभ में द्वैध शासन प्रणाली में आठ प्रांत , बंगाल, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रांत, संयुक्त प्रांत, बॉम्बे, असम, मद्रास और पंजाब प्रांत शामिल थे।
- द्वैध शासन व्यवस्था में प्रांतीय सरकारों को अधिक अधिकार प्रदान किये गए थे।

8. संवैधानिक निकाय और उसके नोडल मंत्रालय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?
SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-III
(a) संघ लोक सेवा आयोग-कार्मिक, लोक एवं पेंशन मंत्रालय
(b) अंतर्राज्यीय परिषद्-वित्त मंत्रालय
(c) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग- जनजातीय कार्य मंत्रालय
(d) भारत के अटॉर्नी जनरल- गृह मंत्रालय

Ans. (a) संघ लोक सेवा आयोग-कार्मिक, लोक एवं पेंशन मंत्रालय

- अंतर्राज्यीय परिषद्- गृह मंत्रालय

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- ❐ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
- ❐ भारत के अटॉर्नी जनरल-भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार ।

9. भारतीय संविधान का कौन-सा संवैधानिक संशोधन, भारत में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना से संबंधित है?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-III
(a) संविधान (चौरासीवाँ संशोधन) अधिनियम, 2001
(b) संविधान (एक सौ चारवाँ संशोधन) अधिनियम, 2019
(c) संविधान (एक सौ दोवाँ संशोधन) अधिनियम, 2018
(d) संविधान (छियासीवाँ संशोधन) अधिनियम, 2002

Ans. (c) संविधान (एक सौ दोवाँ संशोधन) अधिनियम, 2018

- ❐ भारतीय संविधान का 102वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 2018 के अनुच्छेद 338 (B) के तहत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया।
- ❐ 86वाँ संविधान संशोधन 2002 – राज्य को 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान।
- ❐ 84वाँ संविधान संशोधन 2001 - 1971 की जनगणना के आधार पर लोकसभा की वर्तमान सीटों की कुल संख्या को स्तम्भित कर दिया गया।
- ❐ 104वाँ संविधान संशोधन 2019- लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियाँ और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण को 10 वर्ष के लिए बढाता है और एंग्लों-इंडियन समुदाय के लिए आरक्षित सीटों को समाप्त करता है।

10. गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024 के तहत राज्य में एसटी समुदायों से संबंधित व्यक्तियों की जनसंख्या का प्राक्कलन करने के लिए जनगणना आयुक्त की नियुक्ति करने की शक्ति किसके पास है?
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-II
(a) सर्वोच्च न्यायालय
(b) केंद्र सरकार
(c) केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय
(d) राज्य सरकार

Ans. (b) केंद्र सरकार

- ❐ जनगणना आयुक्त की नियुक्ति भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत केंद्रीय सरकार द्वारा की जाती है।
- ❐ डॉ. विवेक जोशी को 2021 में भारत की 16वीं जनगणना के लिए जनगणना आयुक्त नियुक्त किया गया था।

11. संसद की संयुक्त बैठक ....के विनियमों द्वारा संचालित होती है।
SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-I
(a) राज्य सभा
(b) राष्ट्रपति द्वारा विशेष नियमावली
(c) लोक सभा
(d) मंत्रिमंडल द्वारा उल्लिखित विशेष नियमावली

Ans. (c) लोक सभा

- ❐ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 108 में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का प्रावधान है।
- ❐ किसी विधेयक पर गतिरोध की स्थिति मे राष्ट्रपति संसद की संयुक्त बैठक बुला सकता है।
- ❐ लोकसभा का अध्यक्ष दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है।

12. संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सूची को संशोधित करना है?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II
(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान
(c) महाराष्ट्र (d) ओडिशा

Ans. (d) ओडिशा

- ❐ संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 को 5 फरवरी,2024 को राज्यसभा में पेश किया गया है।

13. 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा मूल सूची में कितने राज्य-नीति निदेशक तत्व जोडे गए थे?
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-II
(a) छह (b) दो
(c) सात (d) चार

Ans. (d) चार

- ❐ 42वें संशोधन अधिनियम 1976 के तहत मूल सूची में 4 राज्य- नीति निदेशक तत्व जोड़े गए थे।
- ❐ अनुच्छेद 39 - संसाधनों के वितरण, आर्थिक समानता और श्रमिकों और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित प्रावधान।
- ❐ अनुच्छेद 39 (a) - समान न्याय और नि:शुल्क कानूनी सहायता।
- ❐ अनुच्छेद 43 (a) - उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी।
- ❐ अनुच्छेद 48 (a) - पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार तथा वन एवं वन्य जीव की सुरक्षा।

14. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने के प्रस्ताव को संसद में स्वीकार करने के लिए लोकसभा में .... सदस्यों और राज्यसभा में.... ..... सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए।
SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-II
(a) 54:27 (b) 75:37
(c) 150:75 (d) 100:50

Ans. (d) 100:50

- ❐ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा के 100 तथा राज्यसभा के 50 सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए।
- ❐ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 124 (2) के तहत की जाती है।

15. 1950 में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त अन्य न्यायाधीशों की संख्या कितनी थी?
SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-II
(a) सात (b) छ:
(c) आठ (d) पाँच

Ans. (a) सात

- ❐ 1950 के मूल संविधान में उच्चतम न्यायालय की परिकल्पना एक मुख्य न्यायाधीश और सात अन्य न्यायाधीशगण के साथ की गई थी। वर्तमान में इनकी संख्या 2019 में बढ़ाकर मुख्य न्यायाधीश सहित 34 कर दी गई है।

16. निम्नलिखित में से क्या भारत में किसी राज्य के राज्यपाल की शक्ति के अंतर्गत नहीं आता है?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-III
(a) विधायी शक्ति
(b) कार्यपालक शक्ति
(c) अनिवार्य शक्ति
(d) विवेकाधिकार

Ans. (c) अनिवार्य शक्ति

- ❐ राज्यपाल की नियुक्ति, उनकी शक्तियाँ और राज्यपाल के कार्यालय से संबंधित समस्त विषयों पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153- 162 के अन्तर्गत चर्चा की गई है।
- ❐ 7वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 1956 के द्वारा दो या दो से अधिक राज्यों के लिए एक ही व्यक्ति की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है।

17. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान बनाने का अधिकार देता है?
SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-III
(a) अनुच्छेद 15(3)
(b) अनुच्छेद 21(5)
(c) अनुच्छेद 19
(d) अनुच्छेद 14

Ans. (a) अनुच्छेद 15(3)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- ❑ अनुच्छेद 15 (3) के अनुसार, अगर महिलाओं और बच्चों के लिये विशेष उपबंध किये जा रहे है तो अनुच्छेद 15 ऐसा करने से नहीं रोक सकता है।
- ❑ अनुच्छेद 19 – वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- ❑ अनुच्छेद 14 – विधि के समक्ष समानता का अधिकार

18. निम्नलिखित में से कौन, भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन की शिकायतों की जांच के लिए उत्तरदायी नहीं होता है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III

(a) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
(b) अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
(c) राष्ट्रीय महिला आयोग
(d) भारत का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

Ans. (b) अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

आयोग	गठन
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग	2004
राष्ट्रीय महिला आयोग	1992
भारत का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग	1993

19. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं के सिद्धांत को रेखांकित करता है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III

(a) अनुच्छेद 41 (b) अनुच्छेद 48
(c) अनुच्छेद 46 (d) अनुच्छेद 42

Ans. (d) अनुच्छेद 42

- ❑ अनुच्छेद 41-काम करने, शिक्षा पाने और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता पाने का अधिकार
- ❑ अनुच्छेद 48-कृषि और पशुपालन का संगठन
- ❑ अनुच्छेद 46-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य कमजोर वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना।

20. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में कौन-सा अनुच्छेद केंद्र-राज्य और अंतर्राज्यीय विवादों पर सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार का प्रावधान करता है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-III

(a) अनुच्छेद 135 (b) अनुच्छेद 131
(c) अनुच्छेद 134 (d) अनुच्छेद 130

Ans. (b) अनुच्छेद 131

- ❑ भारतीय संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र- राज्य तथा अंतर्राज्यीय विवादों से संबंधित उच्चतम न्यायालय को मूल क्षेत्राधिकार प्रदान करता है।
- ❑ अनुच्छेद 135- मौजूदा कानून के तहत संघीय न्यायालय का अधिकार क्षेत्र और शक्तियाँ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रयोग होंगी।
- ❑ अनुच्छेद 134 - आपराधिक मामलों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का अपीलीय क्षेत्राधिकार
- ❑ अनुच्छेद 130 – सर्वोच्च न्यायालय की सीट (बैठक) के स्थान का प्रावधान।

21. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के पद से अवकाश, त्यागपत्र और हटाए जाने का उल्लेख है?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-II

(a)अनुच्छेद 101 (b) अनुच्छेद 94
(c) अनुच्छेद 84 (d) अनुच्छेद 70

Ans. (b) अनुच्छेद 94

- ❑ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 94 में लोकसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का पद रिक्त होने, पद से त्याग पत्र देने या पद से हटाये जाने से संबंधित प्रावधान किये गए है।
- ❑ अनुच्छेद 101 – सीटों का रिक्त होना।
- ❑ अनुच्छेद 84 – संसद की सदस्यता के लिए योग्यता।
- ❑ अनुच्छेद 70 – अन्य आकस्मिकताओं में राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वहन।

22. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद अंतर्राज्यीय जल विवादों के न्याय निर्णयन का प्रावधान करता है?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-I

(a) अनुच्छेद 262 (b) अनुच्छेद 215
(c) अनुच्छेद 210 (d) अनुच्छेद 258

Ans. (a) अनुच्छेद 262

- ❑ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 262 के तहत, संसद अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद के स्थगन के लिए कानून प्रदान कर सकती है।
- ❑ अनुच्छेद 215–उच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय है।
- ❑ अनुच्छेद 210-विधानमंडल में प्रयोग की जाने वाली भाषा का प्रावधान।
- ❑ अनुच्छेद 258-कुछ मामलों में राज्यों को शक्तियाँ आदि प्रदान करने की संघ की शक्ति।

23. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद न्यायोचित एवं मानवीय कार्य स्थितियों तथा मातृत्व राहत के प्रावधान पर बल देता है?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III

(a) अनुच्छेद 42 (b) अनुच्छेद 47
(c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 39

Ans. (a) अनुच्छेद 42

- ❑ अनुच्छेद 42 – यह अनुच्छेद राज्य को काम की न्यायसंगत और मानवीय परिस्थितियों को सुनिश्चित करने तथा मातृत्व राहत के लिए प्रावधान करने का निर्देश देता है।
- ❑ अनुच्छेद 47 - पोषण स्तर और जीवन स्तर को बढ़ाने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने का राज्य का कर्तव्य।
- ❑ अनुच्छेद 44 - नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता।

24. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को विशिष्ट परिस्थितियों में काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता के अधिकार को सुनिश्चित करने का निर्देश देता है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-I

(a) अनुच्छेद 41 (b) अनुच्छेद 45
(c) अनुच्छेद 48 (d) अनुच्छेद 47

Ans. (a) अनुच्छेद 41

- ❑ राज्य अपनी आर्थिक क्षमता तथा विकास की सीमाओं के अन्दर, कार्य पाने, शिक्षा पाने और बेरोजगारी आदि सार्वजनिक सहायता पाने के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए प्रभावी प्रावधान करेगा।
- ❑ अनुच्छेद 45 – छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यवस्था देखभाल और शिक्षा का प्रावधान।
- ❑ अनुच्छेद 48 – कृषि और पशुपालन संगठन।

25. 42वें संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा भारतीय संविधान में कितने मौलिक कर्तव्य शामिल किए गए थे?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-II

(a) 11 (b) 15
(c) 10 (d) 12

Ans. (c) 10

- ❑ 42वें संविधान संशोधन 1976 के तहत भारतीय संविधान में 10 मौलिक कर्तव्य को शामिल किया गया था।
- ❑ 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा, 11वाँ मौलिक कर्तव्य जोड़ा गया जिसके तहत, माता-पिता या अभिभावकों को 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का कर्तव्य प्रदान करता है।

26. भारतीय संविधान के अनुसार, राज्य का वास्तविक कार्यपालक किसे माना जाता है?

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-II

(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) अध्यक्ष (d) उप-मुख्यमंत्री

Ans. (b) मुख्यमंत्री

- ❑ राज्यपाल राज्य का कार्यकारी प्रमुख होता है तथा राज्यपाल नाममात्र के प्रमुख के रूप में कार्य करता है जबकि वास्तविक शक्ति राज्यों के मुख्यमंत्री और उसकी मंत्रिपरिषद् के पास होती है।
- ❑ मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा विधानसभा के बहुमत दल के नेता के रूप में की जाती है।

27. किसी राज्य में मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से .... के प्रति उत्तरदायी होती है।

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-III

(a) राज्य विधान सभा
(b) राज्यपाल

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(c) मुख्यमंत्री
(d) राष्ट्रपति

Ans. (a) राज्य विधान सभा

- अनुच्छेद 164- किसी राज्य की मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से राज्य की निर्वाचित विधानसभा के प्रति उत्तरदायी होती है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 170 के तहत राज्य विधानसभाओं की संरचना का प्रावधान है।
- विधानसभा में अधिकतम 500 तथा न्यूनतम 60 सदस्य हो सकते है।

28. भारतीय संविधान के अनुसार, भारत के निर्वाचन आयुक्त का अधिकतम कार्यकाल कितना होता है?

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-III

(a) आठ वर्ष (b) पाँच वर्ष
(c) छह वर्ष (d) तीन वर्ष

Ans. (c) छह वर्ष

- भारत के निर्वाचन आयुक्त का अधिकतम कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो होता है।
- भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक निकाय है जिसका वर्णन अनुच्छेद 324-329 में है। इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी।

29. भारत का महान्यायवादी........ को कानूनी सलाह प्रदान करता है।

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-II

(a) राज्य के राज्यपाल
(b) राज्य के मुख्यमंत्री
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(d) संघ सरकार

Ans. (d) संघ सरकार

- भारत का महान्यायवादी, भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार तथा सर्वोच्च न्यायालय में सरकार का प्रमुख वकील होता है।
- अनुच्छेद 76 के अनुसार, महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- अनुच्छेद 88 के अनुसार, महान्यायवादी को किसी भी सदन में, दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में तथा किसी समिति में, जिसका वह सदस्य नामित हो, बोलने और कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होगा, किन्तु इस अनुच्छेद के तहत वह मत देने का हकदार नही होगा।

30. राज्य सरकार के व्यवसाय के अधिक सुविधाजनक संचालन के लिए नियमावली कौन बनाता है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I

(a) राज्य के मुख्यमंत्री
(b) राज्य का महाधिवक्ता
(c) राज्य का मुख्य सचिव
(d) राज्य का राज्यपाल

Ans. (d) राज्य का राज्यपाल

- राज्य सरकार के कार्यों का सुविधाजनक संचालन के लिए राज्यपाल नियमावली बनाते है।
- राज्यपाल, राज्य सरकार के कार्यकारी प्रमुख होते है।
- राज्य की सभी कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होती है।

31. 31 दिसम्बर 1947 को संविधान सभा में कितने सदस्य थे?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III

(a) 195 (b) 334
(c) 200 (d) 299

Ans. (d) 299

- 31 दिसंबर, 1947 तक, संविधान सभा में 299 सदस्य थे जिनमें से 12 भारतीय प्रांतों से चुने गए 229 सदस्य और 29 रियासतों से मनोनीत 70 सदस्य थे।
- संविधान सभा की प्रथम बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई थी।
- संविधान सभा की अंतिम बैठक 24 जनवरी, 1950 को हुई थी।

32. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राज्य को समाज के कमजोर वर्गों के आर्थिक हितों को बढ़ावा देना आवश्यक है?

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-III

(a) अनुच्छेद 46 (b) अनुच्छेद 48
(c) अनुच्छेद 49 (d) अनुच्छेद 47

Ans. (a) अनुच्छेद 46

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 46 यह प्रावधान करता है कि राज्य समाज के कमजोर वर्गों में शैक्षणिक और आर्थिक हितों मुख्यतय: अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का विशेष ध्यान रखेगा तथा उन्हें सामाजिक अन्याय एवं सभी प्रकार के शोषण से संरक्षित रखेगा।
- अनुच्छेद 47- पोषण स्तर और जीवन स्तर को बढ़ाने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने का राज्य का कर्तव्य होगा।
- अनुच्छेद 48 - कृषि और पशुपालन का संगठन।
- अनुच्छेद 49 - राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण।

33. भारत में, राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान, निम्नलिखित में से कौन, विधान सभाओं के कार्यकाल को एक बार में अधिकतम एक वर्ष कीअवधि के लिए बढ़ा सकता है?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-I

(a) राज्यपाल (b) संसद
(c) प्रधानमंत्री (d) मुख्यमंत्री

Ans. (b) संसद

- भारत में राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान, भारतीय संसद विधान सभाओं के कार्यकाल को एक बार में अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा सकती है।
- संसद के तीन अंग होते है -
  (i) राज्य सभा (अनुच्छेद-80)
  (ii) लोकसभा (अनुच्छेद-81)
  (iii) राष्ट्रपति (अनुच्छेद-52)

34. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 165 निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति से संबंधित है?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III

(a) मुख्यमंत्री
(b) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(c) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
(d) राज्य के महाधिवक्ता

Ans. (d) राज्य के महाधिवक्ता

- भारत में महाधिवक्ता का पद भारतीय संविधान के अनुच्छेद 165 के तहत बनाया गया है।
- भारत में महाधिवक्ता, राज्य सरकार का कानूनी अधिकारी होता हैं।
- यह संघ सरकार के स्तर पर भारत के महान्यायवादी के समान होता है।
- प्रत्येक राज्य का राज्यपाल ऐसे व्यक्ति को महाधिवक्ता नियुक्त करता है जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप मे चुने जाने योग्य हो।

35. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह प्रावधान दिया गया है कि राज्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-I

(a) अनुच्छेद 45 (b) अनुच्छेद 48
(c) अनुच्छेद 49 (d) अनुच्छेद 46

Ans. (d) अनुच्छेद 46

- प्रश्न संख्या 32 की व्याख्या देखें।

36. राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित विवादों की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जाँच की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा 'जिसका निर्णय अंतिम होगा' का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-III

(a) अनुच्छेद 58 (b) अनुच्छेद 71
(c) अनुच्छेद 54 (d) अनुच्छेद 74

Ans. (b) अनुच्छेद 71

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 71 के तहत, राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित या उससे संबंधित सभी संदेहों और विवादों की जाँच तथा निर्णय उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जाएगा,

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

जिसका निर्णय अंतिम होगा।
- ❒ अनुच्छेद 58 - राष्ट्रपति के रूप मे निर्वाचित होने के लिए योग्यताएं।
- ❒ अनुच्छेद 74 - राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद् होगी जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होगा।
- ❒ अनुच्छेद 54 - राष्ट्रपति के चुनाव के लिए एक निर्वाचक मंडल का गठन।

37. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 49 निम्नलिखित में से किस राज्य नीति निदेशक सिद्धांत से संबंधित है?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III

(a) ऐतिहासिक अभिरुचि और राष्ट्रीय महत्व के सभी स्मारकों की रक्षा करना।
(b) देश की रक्षा करना और आह्वान किए जाने पर राष्ट्रीय सेवा प्रदान करना।
(c) कार्य की न्यायसंगत और मानवीय स्थितियाँ तथा मातृत्व राहत सुनिश्चित करना।
(d) स्वशासन की इकाइयों के रूप में ग्राम पंचायतों का संगठन करना।

Ans. (a) ऐतिहासिक अभिरुचि और राष्ट्रीय महत्व के सभी स्मारकों की रक्षा करना।

- ❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 49 के अनुसार, प्रत्येक राज्य का यह दायित्व होगा कि वह कलात्मक या ऐतिहासिक रुचि के प्रत्येक स्मारक या स्थान या वस्तु को, जिसे संसद द्वारा बनाए गए कानून द्वारा तथा उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का घोषित किया गया हो, क्षति, विरूपण, विनाश, हटाए जाने, व्ययन या निर्यात से, जैसा भी मामला हो, सुरक्षित रखे।

38. भारतीय संविधान के किस संशोधन के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में नामित किया गया था?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-III

(a) 42वें संशोधन (b) 61वें संशोधन
(c) 86वें संशोधन (d) 73वें संशोधन

Ans. (c) 86वें संशोधन

- ❒ भारतीय संविधान के 86वें संविधान संशोधन (2002) के तहत शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में नामित किया गया था, जिसके अनुसार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार मिला था।
- ❒ 61वाँ संविधान संशोधन (1988) - मतदान की उम्र को 21 साल से घटाकर 18 साल कर दिया गया था।
- ❒ 42वाँ संविधान संशोधन (1976) - प्रस्तावना में ''समाजवादी'', ''धर्मनिरपेक्ष'' और ''अखंडता'' शब्द जोड़े गए।
- ❒ 73वाँ संविधान संशोधन (1992) - पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।

39. भारत में धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद करता है?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-II

(a) अनुच्छेद 28 (b) अनुच्छेद 25
(c) अनुच्छेद 26 (d) अनुच्छेद 27

Ans. (b) अनुच्छेद 25

- ❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत, प्रत्येक व्यक्ति को अंत:करण की स्वतंत्रता, धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने तथा प्रचार करने का सामान अधिकार होगा। यह अधिकार नागरिकों एवं गैर-नागरिकों के लिये भी उपलब्ध है।
- ❒ अनुच्छेद 26- धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता
- ❒ अनुच्छेद 27- किसी विशेष धर्म के प्रचार के लिए करो के भुगतान के सम्बन्ध में स्वतंत्रता।
- ❒ अनुच्छेद 28- कुछ शैक्षणिक संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थिति के बारे मे स्वतंत्रता।

40. 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था नगर पालिकाओं के नियमित और निष्पक्ष चुनावों के लिए उत्तरदायी है?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-I

(a) राज्य निर्वाचन आयोग
(b) जिला निर्वाचन आयोग
(c) संभागीय निर्वाचन आयोग
(d) भारतीय निर्वाचन आयोग

Ans. (a) राज्य निर्वाचन आयोग

- ❒ 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत, नगर पालिकाओं के नियमित और निष्पक्ष चुनावों के लिए राज्य चुनाव आयोग उत्तरदायी है।
- ❒ 74वें संविधान अधिनियम के 1992 के द्वारा संविधान में 12वीं अनुसूची जोड़ी गई । इसके तहत नगरपालिकाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है।

41. निम्नलिखित में से कौन राज्य के योजना आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है।

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II

(a) राज्यपाल (b) मुख्य सचिव
(c) वित्त मंत्री (d) मुख्यमंत्री

Ans. (d) मुख्यमंत्री

- ❒ मुख्यमंत्री राज्य के योजना आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है।
- ❒ भारत में स्वतंत्रता पश्चात राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करने के लिए 15 मार्च, 1950 को योजना आयोग की स्थापना की।
- ❒ 1 जनवरी, 2015 को योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना की गई थी।

42. निम्नलिखित में से कौन चुनाव आयोग के परामर्श से राज्य विधानमंडल के सदस्यों की अयोग्यता के प्रश्न पर निर्णय लेता है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-II

(a) राज्यपाल
(b) मुख्य सचिव
(c) मुख्यमंत्री
(d) विधान परिषद् का सभापति

Ans. (a) राज्यपाल

- ❒ राज्यपाल राज्य के चुनाव आयोग के परामर्श से राज्य विधानमंडल के सदस्यों की अयोग्यता के प्रश्न पर निर्णय लेता है।
- ❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 155 के तहत, राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा।
- ❒ राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण करता है।
- ❒ राज्यपाल राज्य का कार्यकारी प्रमुख होता है किंतु वास्तविक शक्ति मुख्यमंत्री के हाथों में होती है।

43. भारतीय संविधान के अनुसार, संविधान की व्याख्या में अंतिम प्राधिकारी कौन होता है?

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II

(a) राष्ट्रपति
(b) सर्वोच्च न्यायालय
(c) लोकसभा
(d) संसद

Ans. (b) सर्वोच्च न्यायालय

- ❒ भारतीय संविधान के अनुसार, संविधान की व्याख्या का अंतिम प्राधिकारी सर्वोच्च न्यायालय है, जो न्यायिक समीक्षा के माध्यम से संविधान की रक्षा करता है।
- ❒ सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना 28 जनवरी, 1950 को हुई थी।
- ❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना और गठन का प्रावधान है, जिसमें कहा गया है कि 'भारत का एक सर्वोच्च न्यायालय होगा।'

44. भारतीय संविधान के किस संशोधन के अंतर्गत संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-III

(a) 52वें संशोधन (b) 42वें संशोधन
(c) 44वें संशोधन (d) 61वें संशोधन

Ans. (c) 44वें संशोधन

- ❒ भारतीय संविधान के 44वें संशोधन (1978) के अनुसार, संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटाकर एक कानूनी अधिकार बना दिया गया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- वर्तमान में संपत्ति का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 300A के तहत एक कानूनी अधिकार है।
- मूल संविधान में 7 मौलिक अधिकार थे वर्तमान में 6 मौलिक अधिकार है।
- 52वाँ संशोधन (1985) - 52वें संशोधन ने दलबदल विरोधी कानून को लागू किया, जो संसद और विधानसभा सदस्यों को पार्टी बदलने से रोकता है
- 61वाँ संशोधन (1988) - मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी।

45. भारत सरकार अधिनियम, 1919 का आधार बनी सिफारिशों के पीछे प्रमुख व्यक्ति कौन-कौन थे?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-III
(a) लिनलिथगो और एडविन मोंटेग्यू
(b) इरविन और एडविन मोंटेग्यू
(c) चेम्सफोर्ड और एडविन मोंटेग्यू
(d) कर्जन और एडविन मोंटेग्यू

Ans. (c) चेम्सफोर्ड और एडविन मोंटेग्यू

- भारत सरकार अधिनियम, 1919 (जिसे मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार भी कहा जाता है) की सिफारिशों के पीछे प्रमुख व्यक्ति भारत के तत्कालीन राज्य सचिव एडविन मोंटेग्यू और भारत के वायसराय लॉर्ड चेम्सफोर्ड थे।

इस अधिनियम की प्रमुख विशेषताएँ-
- प्रांतों में द्वैध शासन की शुरुआत ।
- पहली बार लोक सेवा आयोग की स्थापना।
- केंद्र और प्रांतों के बीच शक्तियों का विभाजन।

46. राज्यपाल को पद की शपथ कौन दिलाता है?
SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-I
(a) मुख्यमंत्री
(b) राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री
(d) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Ans. (d) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-159 अनुसार राज्यपाल को संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा शपथ दिलायी जाती है।
- राज्यपाल को भारत के राष्ट्रपति द्वारा पाँच वर्ष के लिए नियुक्त किया जाता है तथा वह राष्ट्रपति का प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है।
- राज्यपाल के पद के लिए पात्र व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए तथा उसे 35 वर्ष की आयु पूरी कर लेनी चाहिए।

47. भारतीय संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची सरकार की शक्तियों के पृथक्करण से संबंधित है?
SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II
(a) सातवीं अनुसूची
(b) छठी अनुसूची
(c) आठवीं अनुसूची
(d) पाँचवीं अनुसूची

Ans. (a) सातवीं अनुसूची

- भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची, जिसे शक्तियों के विभाजन के रूप में भी जाना जाता है।
- यह अनुसूची केंद्र और राज्यों के मध्य विधायी शक्तियों के वितरण को परिभाषित करती है।
- भारतीय संविधान की 7वीं अनुसूची में 3 सूचियों का वर्णन किया गया है जो निम्नलिखित है -
- **संघ सूची** - इस सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास होता है।
- **राज्य सूची** - इस सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकार को होता है।
- **समवर्ती सूची** - इस सूची के विषयों पर कानून केंद्र तथा राज्य दोनों सरकारें बना सकती है परन्तु अंतिम निर्णय केंद्र सरकार का होता है।

48. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद पर्यावरण के संरक्षण और सुधार के साथ-साथ वनों और वन्य जीवों की सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है?
SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-II
(a) अनुच्छेद 46D (b) अनुच्छेद 47B
(c) अनुच्छेद 49A (d) अनुच्छेद 48A

Ans. (d) अनुच्छेद 48A

- अनुच्छेद 48A: राज्य को पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करने का निर्देश देता है।
- इस अनुच्छेद को भारतीय संविधान के 42वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया था।

49. भारतीय संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी शक्तियाँ राज्यपाल में निहित नहीं हैं।
SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-III
(a) विवेकाधिकार
(b) वित्तीय शक्तियाँ
(c) विधायी शक्तियाँ
(d) रिट जारी करने की शक्तियाँ

Ans. (d) रिट जारी करने की शक्तियाँ

- **राज्यपाल की प्रमुख शक्तियाँ निम्नलिखित है -**
- न्यायिक शक्तियाँ
- वित्तीय शक्तियाँ
- कार्यकारी शक्तियाँ
- विधायी शक्तियाँ
- अध्यादेश जारी करने की शक्ति
- भारत में रिट जारी करने की शक्ति भारत के सर्वोच्च न्यायालय (अनुच्छेद 32) और उच्च न्यायालयों (अनुच्छेद 226) के पास होती है, जो मौलिक अधिकारों के उल्लंघन तथा अन्य उद्देश्यों के लिए रिट जारी कर सकते हैं।

रिट पाँच प्रकार की होती है-
- बंदी प्रत्यक्षीकरण
- परमादेश
- प्रतिषेध
- उत्प्रेषण
- अधिकार-पृच्छा

50. भारत के योजना आयोग के प्रथम उपाध्यक्ष कौन थे?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III
(a) गुलजारी लाल नंदा
(b) चिंतामन देशमुख
(c) आर.के. पाटिल
(d) एन.आर. पिल्लई

Ans. (a) गुलजारी लाल नंदा

- भारत में योजना आयोग के प्रथम उपाध्यक्ष गुलजारी लाल नंदा थे। योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष पंडित जवाहर लाल नेहरू थे।
- योजना आयोग भारत का एक गैर संवैधानिक निकाय है।
- जिसकी स्थापना 15 मार्च, 1950 को की गई थी।
- इस विभाग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।
- 1 जनवरी, 2015 योजना आयोग का नाम बदलकर नीति आयोग रख दिया गया।

51. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, मानव तस्करी और जबरन श्रम पर प्रतिबंध लगाता है?
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II
(a) अनुच्छेद 25 (b) अनुच्छेद 15
(c) अनुच्छेद 23 (d) अनुच्छेद 24

Ans. (c) अनुच्छेद 23

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 के अनुसार, मानव तस्करी, बेगार और बलात् श्रम जैसे जबरन श्रम को प्रतिबंधित करने का प्रावधान है।
- यह अनुच्छेद, व्यक्तियों की गरिमा और अधिकारों को मान्यता देता है।
- अनुच्छेद 24 के अनुसार, 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चों को किसी खदान या कारखाने में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा।
- अनुच्छेद 25 के अनुसार, अंत:करण की स्वतंत्रता और धर्म की अबाध रूप से मान्यता तथा आचरण और प्रचार, प्रसार करने का प्रावधान है।
- अनुच्छेद 15 के अनुसार, धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध का प्रावधान है।

52. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद देश के किसी भी उच्च न्यायालय को रिट (writ) जारी करने का प्राधिकार देता है?
SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-I
(a) अनुच्छेद 246 (b) अनुच्छेद 226

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(c) अनुच्छेद 233 (d) अनुच्छेद 254

Ans. (b) अनुच्छेद 226

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अनुसार, देश के किसी भी उच्च न्यायालय को रिट (writ) जारी करने का प्राधिकार देता है, जिससे वे मौलिक अधिकारों के हनन होने और अन्य उद्देश्यों के लिए रिट जारी कर सकते हैं।
- सर्वोच्च न्यायालय अनुच्छेद 32 के तहत रिट जारी कर सकता है।

रिट पाँच प्रकार की होती है-

- बंदी प्रत्यक्षीकरण
- परमादेश
- प्रतिषेध
- उत्प्रेषण
- अधिकार-पृच्छा

53. निम्नलिखित में से कौन, भारत में किसी राज्य की विधान परिषद् (State Legislative Council) में 1/6 सदस्यों को नामित करता है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-II

(a) मुख्यमंत्री
(b) राज्यपाल
(c) राज्य निर्वाचन आयुक्त
(d) राष्ट्रपति

Ans. (b) राज्यपाल

- भारत में किसी राज्य की विधान परिषद् में 1/6 सदस्य राज्यपाल द्वारा नामित किये जाते हैं, जो साहित्य, विज्ञान, कला, सहकारी आंदोलन और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों में से होते हैं।
- विधानपरिषद्, विधानमंडल का उच्च सदन होता है, जिसके गठन का प्रावधान अनुच्छेद 169 में किया गया है।
- वर्तमान मे 6 राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, और कर्नाटक में विधानपरिषद् है।

54. संविधान का अनुच्छेद 74 निम्नलिखित में से किसका वर्णन करता है?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-I

(a) वित्त आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति
(b) राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति
(c) राष्ट्रपति द्वारा उपराष्ट्रपति की नियुक्ति
(d) राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद्

Ans. (d) राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद्

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 74 के अनुसार राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद् का गठन किया जाएगा जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होगा।
- वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जिसका वर्णन अनुच्छेद 280 में किया गया है।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 63 के तहत भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रति की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

55. भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्यों की अवधारणा किस देश के संविधान से प्रेरित है?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-III

(a) यू.के. (b) सोवियत संघ
(c) अमेरिका (d) जापान

Ans. (b) सोवियत संघ

- भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की अवधारणा का प्रावधान तत्कालीन सोवियत संघ (USSR) के संविधान से लिया गया है।
- भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर जोड़ा गया, जिसे संविधान के भाग IV-A में 10 मौलिक कर्तव्य को शामिल किया गया था।
- वर्तमान में 11 मौलिक कर्तव्य है।

56. भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने संघ (केन्द्रीय सरकार) और प्रांतों के बीच शक्तियों के विभाजन की कितनी सूचियाँ प्रदान कीं?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-II

(a) एक सूची (b) दो सूचियाँ
(c) तीन सूचियाँ (d) चार सूचियाँ

Ans. (c) तीन सूचियाँ

- भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने संघ (केन्द्रीय सरकार) और प्रांतों के बीच शक्तियों के विभाजन के लिए तीन सूचियाँ प्रदान की जो निम्नलिखित है –
- **संघ सूची** – इस सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास होता है।
- **राज्य सूची** – इस सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकार को होता है।
- **समवर्ती सूची** – इस सूची के विषयों पर कानून केंद्र तथा राज्य दोनों सरकारें बना सकती है परन्तु अंतिम निर्णय केंद्र सरकार का होता है।

57. निम्नलिखित में से कौन-सा, किसी भारतीय राज्य के मुख्यमंत्री का कार्य नहीं है?

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-III

(a) राज्य के लिए नीतियों के निर्धारण में मार्गदर्शन करना
(b) मंत्रिपरिषद् और राज्यपाल के बीच की एकमात्र कड़ी होना।
(c) राज्यपाल को सलाह देना
(d) अंतर्राज्यीय लोक सेवा आयोगों के कामकाज का समन्वय करना

Ans. (d) अंतर्राज्यीय लोक सेवा आयोगों के कामकाज का समन्वय करना

- अंतर्राज्यीय लोक सेवा आयोगों के कामकाज का समन्वय करना मुख्यमंत्री का कार्य नहीं है।

58. भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-I

(a) वित्त मंत्रालय
(b) गृह मंत्रालय
(c) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(d) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

Ans. (b) गृह मंत्रालय

- भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।
- यह कार्यालय भारत की दशकीय जनगणना आयोजित करने और जन्म तथा मृत्यु दर के महत्वपूर्ण आँकड़े प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है।
- 16 वीं जनगणना के जनगणना आयुक्त डॉ विवेक जोशी है।

59. कौन-सा निदेशक सिद्धांत स्वशासन के लिए ग्राम पंचायतों के गठन का समर्थन करता है?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-I

(a) अनुच्छेद 44 (b) अनुच्छेद 40
(c) अनुच्छेद 42 (d) अनुच्छेद 46

Ans. (b) अनुच्छेद 40

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में कहा गया है कि भारतीय राज्य ग्राम पंचायतों को संगठित करने के लिए कदम उठाएंगे, ताकि उन्हें स्वशासन की इकाई के रूप में कार्य करने की शक्ति और प्राधिकार प्राप्त हो।
- अनुच्छेद 44 – नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता।
- अनुच्छेद 42– काम की न्यायसंगत और मानवीय स्थिति तथा मातृत्व राहत का प्रावधान।
- अनुच्छेद 46– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य।

60. 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के परिणामस्वरूप भारत का विभाजन कितने राज्यों (Dominions) में हुआ था?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-I

(a) दो (b) चार
(c) एक (d) तीन

Ans. (a) दो

- 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम ब्रिटिश संसद द्वारा पारित एक ऐतिहासिक कानून था

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

जिसके निम्न प्रावधान थे –
- भारत में ब्रिटिश शासन को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया।
- देश को स्वतंत्रता प्रदान की तथा इसे दो संप्रभु राज्यों – भारत और पाकिस्तान में विभाजित कर दिया।
- इस अधिनियम ने स्वतंत्रता के लिए दशकों के संघर्ष की परिणति को चिह्नित किया, जिसके परिणामस्वरूप 15 अगस्त, 1947 को दो स्वतंत्र राष्ट्रों की स्थापना हुई।

61. मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान के किस भाग के अंतर्गत जोड़ा गया था?
SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-II
(a) भाग IVA (b) भाग IV
(c) भाग VIA (d) भाग VI
Ans. (a) भाग IVA
- 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से भाग IV-A और अनुच्छेद 51-A को जोड़ा गया, जिसमें नागरिकों के लिए 10 मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया।
- वर्तमान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या 11 है।
- 11वाँ मौलिक कर्तव्य, जो माता-पिता या अभिभावकों का कर्तव्य है कि वे 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करें, 2002 में 86वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया था।

62. किस संशोधन अधिनियम ने देश में वस्तु एवं सेवा कर लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया?
SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-I
(a) 102वाँ संशोधन अधिनियम
(b) 103वाँ संशोधन अधिनियम
(c) 100वाँ संशोधन अधिनियम
(d) 101वाँ संशोधन अधिनियम
Ans. (d) 101वाँ संशोधन अधिनियम
- जीएसटी को वस्तु एवं सेवा कर के नाम से भी जाना जाता है। यह एक अप्रत्यक्ष कर है जिसने भारत में कई अप्रत्यक्ष करों जैसे उत्पाद शुल्क, वैट, सेवा कर आदि का स्थान ले लिया है। वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 29 मार्च, 2017 को संसद में पारित किया गया था तथा 1 जुलाई, 2017 को लागू हुआ था।
- भारत में जीएसटी दरें वस्तुओं और सेवाओं की श्रेणी के आधार पर अलग-अलग होती हैं।
- चार मुख्य जीएसटी स्लैब हैं: 5%, 12%, 18% और 28%।

जीएसटी के 3 घटक होते है-
- एसजीएसटी - SGST
- सीजीएसटी - CGST
- आईजीएसटी - IGST

63. भारतीय संविधान के कौन-से अनुच्छेद संघ लोकसेवा आयोग से संबंधित हैं?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-I
(a) अनुच्छेद 330 से 338
(b) अनुच्छेद 315 से 323
(c) अनुच्छेद 300 से 320
(d) अनुच्छेद 210 से 219
Ans. (b) अनुच्छेद 315 से 323
- भारतीय संविधान के भाग XIV के अनुच्छेद 315 से 323 तक संघ लोक सेवा आयोग से संबंधित हैं, जिसमें आयोग की संरचना, नियुक्ति, कार्य और शक्तियों का प्रावधान किया गया है।
- अनुच्छेद 315 – संघ और राज्यों के लिए लोक सेवा आयोगों का प्रावधान करता है।
- अनुच्छेद 316 – लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति और कार्यकाल से संबंधित है।
- अनुच्छेद 317 – लोक सेवा आयोग के सदस्यों को हटाने और निलंबित करने की प्रक्रिया का उल्लेख करता है।

64. भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने संघ (केन्द्रीय सरकार) और प्रांतों के बीच शक्तियों के विभाजन की कितनी सूचियाँ का प्रावधान किया?
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-I
(a) दो सूचियाँ (b) एक सूची
(c) चार सूचियाँ (d) तीन सूचियाँ
Ans. (d) तीन सूचियाँ
- प्रश्न संख्या 47 की व्याख्या देखे।

65. 86वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में 11वाँ मौलिक कर्तव्य किस वर्ष जोड़ा गया?
SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II
(a) 2004 (b) 1985
(c) 2002 (d) 1976
Ans. (c) 2002
- 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा भारत के संविधान में 11वाँ मौलिक कर्तव्य जोड़ा गया जिसमें वर्णन है, कि माता-पिता या अभिभावकों का कर्तव्य है कि वे 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करें।

66. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को किस वर्ष जोड़ा गया था?
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-III
(a) 1976 (b) 1958
(c) 1951 (d) 1952
Ans. (a) 1976
- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 10 मौलिक कर्तव्य जोड़े गए थे।

नोट:- मूल संविधान में मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख नहीं था।

67. भारतीय संविधान के अनुसार, राज्य विधान सभा द्वारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति के लिए कौन आरक्षित कर सकता है?
SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-III
(a) राज्य विधान सभा के सभापति
(b) राज्यपाल
(c) राज्य विधानसभा में विपक्षी दल
(d) मुख्यमंत्री
Ans. (b) राज्यपाल
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के अनुसार, राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल की सहमति के संबंध में प्रावधान करता है, जिसमें राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक को आरक्षित करने का अधिकार भी शामिल है।
- अनुच्छेद 201-जब कोई विधेयक राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा जाता है, तब राष्ट्रपति या तो यह घोषित करेगा कि वह विधेयक पर अनुमति देता है या वह उस पर अनुमति रोक लेता है।

68. भारतीय संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी, राज्यपाल की शक्ति नहीं है?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III
(a) अविश्वास प्रस्ताव के दौरान मतदान
(b) राज्य विधानमंडल को भंग करना
(c) राज्य विधानमंडल को स्थगित करना
(d) राज्य विधानमंडल को बुलाना
Ans. (a) अविश्वास प्रस्ताव के दौरान मतदान
- अविश्वास प्रस्ताव एक संसदीय प्रस्ताव है, जिसे विपक्ष द्वारा लोकसभा में केंद्र सरकार को गिराने या कमजोर करने के लिए रखा जाता है।
- राज्यपाल किसी राज्य का सर्वोच्च अधिकारी होता है और उसके पास भारत के राष्ट्रपति के समान शक्तियाँ होती हैं।
- एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है और इस निर्णय को चुनौती नहीं दी जा सकती।

राज्यपाल की शक्तियाँ
- राज्यपाल, राज्य सरकार का कार्यकारी प्रमुख होता है।
- राज्यपाल, राज्य विधानमंडल के सत्र को बुलाता है और उसका सत्रावसान करता है।
- राज्यपाल, किसी भी विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए भेज सकता है।
- राज्यपाल, चुनाव आयोग की सलाह पर विधायकों की अयोग्यता से संबंधित मामले का फैसला कर सकता है।

69. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है?
SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-I

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) अनुच्छेद 16 (b) अनुच्छेद 14
(c) अनुच्छेद 17 (d) अनुच्छेद 15

Ans. (b) अनुच्छेद 14

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार,
- राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।
- अनुच्छेद 16 – सार्वजनिक रोजगार के मामले में अवसर की समानता का प्रावधान है।
- अनुच्छेद 17 – अस्पृश्यता का उन्मूलन।
- अनुच्छेद 15 – धर्म, मूलवंश जाति, लिंग या जन्म के आधार पर भेदभाव का निषेध करता है।

70. निम्नलिखित में से किसे राज्य कार्यपालिका/कार्यपालक नहीं माना जाता है?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-I
(a) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(b) मुख्यमंत्री
(c) मंत्रिपरिषद्
(d) राज्यपाल

Ans. (a) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

- राज्य की कार्यपालिका में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद् से मिलकर बनी होती है।
- भारत में उच्च न्यायालयों का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 214 के तहत होता है, जिसके अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा।
- अनुच्छेद 216 – प्रत्येक उच्च न्यायालय में एक मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान करता है, जिनकी संख्या राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित की जाती है।

71. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का निर्देश देता है?
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III
(a) अनुच्छेद 48 (b) अनुच्छेद 46
(c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 42

Ans. (c) अनुच्छेद 44

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार, राज्य, पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।
- अनुच्छेद 48 – कृषि और पशुपालन का संगठन।
- अनुच्छेद 42 – काम की न्यायसंगत और मानवीय स्थिति तथा मातृत्व राहत का प्रावधान।
- अनुच्छेद 46 – अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य कमजोर वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना।

72. राज्य की विधानपरिषद् (Legislative council of the state) की अधिकतम सदस्य संख्या, राज्य विधानसभा की कुल सदस्य संख्या की _______ निर्धारित की गई है।
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-I
(a) 1/4 (b) 1/3
(c) 1/5 (d) 1/2

Ans. (b) 1/3

73. निम्नलिखित में से कौन-सा निकाय, भारत के किसी भी राज्य का नाम बदलने के लिए प्राधिकृत है?
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-II
(a) राज्यपाल
(b) संसद
(c) मंत्रिपरिषद्
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश

Ans. (b) संसद

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-3 के अनुसार, संसद को नई सीमाएँ तथा राज्य बनाने का अधिकार है। इस प्रकार कानून संविधान के अनुकूल परिवर्तन करके क्षेत्रों को बदलने तथा मौजूदा राज्यों के नाम परिवर्तन करने का अधिकार देता है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 79 के तहत भारतीय संसद के गठन का प्रावधान है।
- संसद के तीन अंग (लोकसभा, राज्यसभा तथा राष्ट्रपति) है।

74. भारतीय संविधान के भाग-IV में निम्न में से किसके संदर्भ में उल्लेख किया गया है?
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-III
(a) राज्य और केंद्रशासित प्रदेश
(b) नागरिकता
(c) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
(d) मौलिक अधिकार

Ans. (c) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत

- भारतीय संविधान के भाग-IV में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है।
- नीति निदेशक राज्य को सामाजिक-आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने और एक कल्याणकारी राज्य स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

75. भारत के नागरिकों के लिए कितने मौलिक कर्तव्य हैं?
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II
(a) 8 (b) 10
(c) 11 (d) 6

Ans. (c) 11

- भारत के नागरिकों के लिए 11 मौलिक कर्तव्य हैं।
- मौलिक कर्तव्य संविधान के अनुच्छेद 51-A में वर्णित है।
- 42वें संविधान संशोधन 1976 द्वारा, सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर भारतीय संविधान में 10 मौलिक कर्तव्य को जोड़ा गया था।
- 11 वा मौलिक कर्तव्य 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा जोड़ा गया था।

76. राज्य विधानसभा (State Legislative Assembly) में _________ की पूर्व अनुमति के बिना कोई धन विधेयक प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।
SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-I
(a) उपमुख्यमंत्री (b) स्पीकर
(c) राज्यपाल (d) मुख्यमंत्री

Ans. (c) राज्यपाल

- राज्य विधानसभा में धन विधेयक पेश करने से पूर्व राज्यपाल की अनुमति लेना अनिवार्य है।
- कोई भी धन विधेयक सर्वप्रथम विधानसभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है।
- राज्य विधानपरिषद् धन विधेयक को 14 दिनों तक रोक सकती है।
- धन विधेयक का उल्लेख अनुच्छेद 110 में किया गया है।

77. भारतीय संविधान के भाग III में किसका उल्लेख किया गया है?
SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-I
(a) मौलिक अधिकार
(b) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
(c) नागरिकता
(d) मौलिक कर्तव्य

Ans. (a) मौलिक अधिकार

- भारतीय संविधान के भाग III में मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है। जिनको अनुच्छेद 12 से 35 में शामिल किया गया हैं। यह भाग भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रेखांकित करता है।
- अनुच्छेद 14-18 समानता का अधिकार।
- अनुच्छेद 19-22 स्वतंत्रता का अधिकार।
- अनुच्छेद 23-24 शोषण के खिलाफ अधिकार।
- अनुच्छेद 25-28 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार।
- अनुच्छेद 29-30 सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार।
- अनुच्छेद 31-35 संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

78. संविधान सभा की पहली बैठक कब हुई थी?
SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I
(a) 7 दिसंबर, 1946
(b) 15 दिसंबर, 1946
(c) 9 दिसंबर, 1946
(d) 12 दिसंबर, 1946

Ans. (c) 9 दिसंबर, 1946

- संविधान सभा की प्रथम बैठक 9 दिसंबर, 1946 को नई दिल्ली के संविधान हॉल मे हुई थी। इस

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❒ बैठक की अध्यक्षता अस्थाई अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा द्वारा की गई थी।
❒ संविधान सभा की दूसरी बैठक 11 दिसंबर, 1946 को स्थाई अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता मे हुई थी।
❒ संविधान सभा की तीसरी बैठक 13 दिसंबर, 1946 को हुई थी जिसमें जवाहर लाल नेहरू ने उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया था।

79. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी दी गई है?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-III

(a) अनुच्छेद 25
(b) अनुच्छेद 19(1)(a)
(c) अनुच्छेद 21(1)(c)
(d) अनुच्छेद 141(d)

Ans. (b) अनुच्छेद 19(1)(a)

❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी दी गई है।
❒ अनुच्छेद 25 – अन्तःकरण की स्वतंत्रता और धर्म की अबाध रूप से मान्यता, आचरण और प्रसार प्रसार का प्रावधान किया गया है।

80. किसी राज्य की विधानसभा को भंग करने की शक्ति किसके पास निहित है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II

(a) राज्य के मुख्यमंत्री
(b) राज्य के राज्यपाल
(c) राज्य के मुख्य सचिव
(d) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Ans. (b) राज्य के राज्यपाल

❒ किसी राज्य की विधानसभा को भंग करने की शक्ति राज्यपाल के पास होती है, लेकिन यह सामान्यत मुख्यमंत्री की सलाह पर तथा कुछ विशेष परिस्थितियों में ही किया जाता है।

राज्यपाल से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण अनुच्छेदः

❒ अनुच्छेद 153-प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा।
❒ अनुच्छेद 154-राज्यपाल की कार्यपालिका शक्ति।
❒ अनुच्छेद 155-राज्यपाल की नियुक्ति का प्रावधान।
❒ अनुच्छेद 156-राज्यपाल के कार्यकाल का प्रावधान।

81. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-II

(a) 44वें संशोधन अधिनियम
(b) 42वें संशोधन अधिनियम
(c) 52वें संशोधन अधिनियम
(d) 46वें संशोधन अधिनियम

Ans. (b) 42वें संशोधन अधिनियम

❒ 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा भारतीय संविधान में भाग 4a में अनुच्छेद 51a के तहत 10 मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया था ।
❒ मौलिक कर्तव्यों को संविधान में जोड़ने के लिए सरदार स्वर्ण सिंह समिति द्वारा सिफारिश की गई थी।
❒ वर्तमान में 11 मौलिक कर्तव्य है जिसको 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा संविधान में जोड़ा गया था।

82. योजना आयोग में प्रधानमंत्री की भूमिका क्या थी?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III

(a) पदेन सदस्य (b) पदेन अध्यक्ष
(c) संवाद सहयोगी (d) सचिव

Ans. (b) पदेन अध्यक्ष

❒ प्रधानमंत्री योजना आयोग के अध्यक्ष होते हैं।
❒ योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च, 1950 को हुई थी।
❒ इसके प्रथम अध्यक्ष पंडित जवाहर लाल नेहरू थे।
❒ योजना आयोग के स्थान पर, राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था, जिसे नीति आयोग भी कहा जाता है, का गठन 1 जनवरी, 2015 को केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक प्रस्ताव के माध्यम से किया गया था।
❒ इसके प्रथम अध्यक्ष नरेंद्र मोदी थे।

83. वह भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय कौन-सा है जिसका उद्देश्य 'काम करने के अधिकार' की गारंटी देना है?

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II

(a) भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम
(b) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
(c) कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम
(d) नागरिकता अधिनियम

Ans. (b) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

❒ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), जिसे 2005 में लागू किया गया था, एक भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय है जिसका उद्देश्य "काम करने का अधिकार" की गारंटी देना है।

84. भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से किसे मौलिक अधिकार नहीं माना जाता है?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-I

(a) शिक्षा का अधिकार
(b) निजता का अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) संपत्ति का अधिकार

Ans. (d) संपत्ति का अधिकार

❒ भारतीय संविधान के अनुसार, संपत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है बल्कि एक कानूनी अधिकार है जिसे 44वें संविधान संशोधन 1978 द्वारा मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया था।
❒ वर्तमान में संपत्ति के अधिकार को अनुच्छेद 300(a) के तहत रखा गया है।

85. भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार के रूप में संवैधानिक उपचारों के अधिकार का उल्लेख किस अनुच्छेद में किया गया है?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-II

(a) अनुच्छेद 32 (b) अनुच्छेद 31
(c) अनुच्छेद 34 (d) अनुच्छेद 33

Ans. (a) अनुच्छेद 32

❒ भारतीय संविधान में, मौलिक अधिकार के रूप में संवैधानिक उपचारों के अधिकार का उल्लेख अनुच्छेद 32 के तहत किया गया है।
❒ अनुच्छेद 32 को भीमराव अंबेडकर द्वारा भारतीय संविधान की आत्मा कहा गया है।
❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 34 के तहत, किसी क्षेत्र में मार्शल लॉ लागू रहने के दौरान मौलिक अधिकारों को प्रतिबंधित किया जा सकता है।

86. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (Directive Principles of State Policy - DPSP) भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-III

(a) अनुच्छेद 33-45
(b) अनुच्छेद 34-40
(c) अनुच्छेद 36-51
(d) अनुच्छेद 32-42

Ans. (c) अनुच्छेद 36-51

❒ भारतीय संविधान के भाग IV में अनुच्छेद 36-51 तक राज्यों के नीति निदेशक सिद्धांतों का वर्णन किया गया है।
❒ भारतीय संविधान में नीति निदेशक तत्वों को आयरलैंड के संविधान से ग्रहण किया गया है।

87. भारतीय संविधान के किस भाग में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-I

(a) भाग II (b) भाग V
(c) भाग IV (d) भाग III

Ans. (c) भाग IV

❒ व्याख्या के लिए प्रश्न 86 को देखे।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

88. राज्य के नीति निदेशक तत्वों का उल्लेख संविधान के अनुच्छेदों ______ में किया गया है।
SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-II
(a) 35-45 (b) 45-55
(c) 40-60 (d) 36-51
Ans. (d) 36-51

❒ व्याख्या के लिए प्रश्न 86 को देखें।

89. भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों के अंतर्गत मौलिक अधिकार निहित हैं?
SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-I
(a) अनुच्छेद 10-32 (b) अनुच्छेद 14-24
(c) अनुच्छेद 18-45 (d) अनुच्छेद 12-35
Ans. (d) अनुच्छेद 12-35

❒ भारतीय संविधान के भाग III में अनुच्छेद 12-35 के तहत मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है।
❒ मौलिक अधिकारों को संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया गया है।
❒ मूल संविधान में 7 मौलिक कर्तव्य थे परंतु 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 के द्वारा संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की श्रेणी से बाहर करके अनुच्छेद 300a के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया है।

90. उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III
(a) मुख्यमंत्री (b) प्रधानमंत्री
(c) राज्यपाल (d) राष्ट्रपति
Ans. (d) राष्ट्रपति

❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 217 के तहत उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है तथा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति मुख्य न्यायाधीश की सलाह पर राष्ट्रपति करता है।
❒ अनुच्छेद 214 - प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा।
❒ अनुच्छेद 215 - उच्च न्यायालय का अभिलेख न्यायालय होना।
❒ वर्तमान में भारत में 25 उच्च न्यायालय है।

91. संविधान के अनुसार, भारत है।
SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-III
(a) राज्यों का एक संघ
(b) राज्यों का एक राष्ट्रमंडल
(c) राज्यों का एक परिसंघ
(d) राज्यों का एक महासंघ
Ans. (a) राज्यों का एक संघ

❒ भारतीय संविधान के अनुसार, भारत राज्यों का एक संघ है।
❒ इसमें 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश है।

92. न्यायाधीश को हटाए जाने के संबंध में नीचे दिए गए कथन को पूरा कीजिए।
भारतीय संविधान:-
SSC GD - 20 Feb. 2024 Shift I
(a) न्यायाधीशों को हटाने के लिए कोई प्रक्रिया निर्धारित नही करता है।
(b) न्यायाधीशों को हटाने के लिए कठिन प्रक्रिया निर्धारित करता है।
(c) यह केवल उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया निर्धारित करता है।
(d) न्यायाधीशों को हटाने के लिए बहुत लचीली प्रक्रिया निर्धारित करता है।
Ans. (b) न्यायाधीशों को हटाने के लिए कठिन प्रक्रिया निर्धारित करता है।

❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(4) में न्यायाधीश को हटाये जाने की प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है।
❒ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी.रामास्वामी महाभियोग का सामना करने वाले पहले न्यायाधीश थे, हालाँकि यह प्रस्ताव लोकसभा में ही गिर गया था।

93. भारतीय संविधान के भाग IVA के अनुसार, "यदि माता-पिता या संरक्षक है, ... वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा का अवसर प्रदान करें।
SSC GD 20 Feb. 2024 Shift I
(a) 2 – 6 (b) 6 – 14
(c) 4 – 14 (d) 6 – 12
Ans. (b) 6 – 14

❒ 86वें संविधान संशोधन द्वारा, 2002 ई. के द्वारा 6 से 14 वर्ष की आयु के समस्त बच्चों को राज्य नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करें, यह प्रावधान संविधान के भाग-4क के अनुच्छेद 51क में 11वें (अंतिम) मौलिक कर्तव्य तथा अनुच्छेद 21(क) के तहत मौलिक अधिकारों में जोड़ा गया।

94. संविधान सभा ने .... को भारत के संविधान को अपनाया।
SSC GD 20 Feb. 2024 Shift II
(a) 26 जनवरी 1950
(b) 26 नवंबर 1949
(c) 15 अगस्त 1947
(d) 24 जनवरी 1950
Ans. (b) 26 नवंबर 1949

❒ संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन की संस्तुतियों के आधार पर किया गया।
❒ संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 ई. को नई दिल्ली में हुई।
❒ संविधान सभा की पहली बैठक में सबसे बुजुर्ग सदस्य डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा को अस्थायी अध्यक्ष चुना गया।
❒ 11 दिसम्बर, 1946 ई. को संविधान सभा की दूसरी बैठक में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
❒ संविधान सभा द्वारा संविधान को 26 नवम्बर, 1949 ई. को अंगीकृत कर लिया गया। इस समय इसमें 22 भाग, 395 अनुच्छेद तथा 8 अनुसूचियाँ थी।
❒ संविधान सभा की अन्तिम बैठक 24 जनवरी, 1950 ई. को हुई तथा इसी दिन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारत का राष्ट्रपति नियुक्त किया गया।

95. भारत में, अनुच्छेद 333 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, प्रत्येक राज्य की विधान सभा ..... से अनधिक सदस्यों से मिलकर बनेगी।
SSC GD 20 Feb. 2024 Shift II
(a) चार सौ (b) पांच सौ
(c) छ: सौ (d) तीन सौ
Ans. (b) पांच सौ

❒ प्रत्येक राज्य की विधानसभा में अधिक से अधिक 500 तथा कम से कम 60 सदस्य हो सकते हैं।
❒ इसके कुछ अपवाद- गोवा (40), मिजोरम (40), सिक्किम (32)

96. संविधान कई तरह से सरकार की शक्तियों को सीमित करता हैं सरकार के शासन को सीमित करने का सबसे सामान्य तरीका कुछ .... को निर्दिष्ट करना है, जो हम सभी के पास नागरिक के रूप में है और जिसका उल्लंघन करने की अनुमति किसी भी सरकार को नहीं दी जा सकती है।
SSC GD 20 Feb. 2024 Shift III
(a) आर्थिक कर्त्तव्यों
(b) मौलिक अधिकारों
(c) मौलिक कर्त्तव्यों
(d) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों
Ans. (b) मौलिक अधिकारों

मौलिक अधिकार:-
❒ मौलिक अधिकारों को अमेरिका के संविधान से लिया गया है।
❒ इनका विवरण संविधान के भाग-3 (अनुच्छेद 12-35) में वर्णित है।
❒ संविधान के भाग-III (मौलिक अधिकार) को भारत का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।
❒ मूल संविधान में सात मौलिक अधिकार थे, लेकिन 44वें संविधान संशोधन (1978) द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार से हटाकर संविधान के भाग 12 में अनुच्छेद 300(क) के अन्तर्गत कानूनी अधिकार बना दिया गया है। इसलिए वर्तमान में केवल 6 मूल अधिकार है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

97. जब राज्यसभा के सभापति का पद रिक्त हो, तो उसके कर्त्तव्यों का पालन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाएगा?

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift IV

(a) लोकसभा के अध्यक्ष
(b) भारत के राष्ट्रपति
(c) राज्यसभा के उपाध्यक्ष
(d) राज्यसभा का वरिष्ठतम सदस्य

Ans. (c) राज्यसभा के उपाध्यक्ष

- भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है। (अनुच्छेद 89)
- उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सदस्य नहीं होता है।
- राज्यसभा के सभापति को भारत की संचित निधि से वेतन दिया जाता है।

98. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से भाग का संबंध राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों से है?

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift IV

(a) भाग II (b) भाग IV
(c) भाग III (d) भाग I

Ans. (b) भाग IV

नीति-निदेशक तत्त्व:-
- इनका वर्णन संविधान के भाग-4 (अनुच्छेद 36-51) में किया गया है।
- ये आयरलैण्ड के संविधान से प्रेरित है।
- इन्हें न्यायालय द्वारा लागू नहीं किया जा सकता है। ये कानून द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है।
- लोक-कल्याणकारी राज्य की कल्पना का समावेश भारतीय संविधान में नीति निदेशक तत्त्वों में मिलता है।

99. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत के वित्त आयोग से संबंधित है?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift I

(a) अनुच्छेद 290 (b) अनुच्छेद 280
(c) अनुच्छेद 260 (d) अनुच्छेद 270

Ans. (b) अनुच्छेद 280

वित्त आयोग
- वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति करता है।
- यह एक संवैधानिक निकाय है। जिसमें एक अध्यक्ष व चार अन्य सदस्य होते हैं।
- राज्य वित्त आयोग का गठन अनुच्छेद 243(झ) के तहत किया जाता है।
- पन्द्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह (2021-26) है।
- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया होंगे।

100. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेखित किया गया है कि किसी अपराध के लिए अभियुक्त किसी व्यक्ति को स्वयं अपने विरूद्ध साक्षी होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift I

(a) अनुच्छेद 16 (b) अनुच्छेद 14
(c) अनुच्छेद 20 (d) अनुच्छेद 18

Ans. (c) अनुच्छेद 20

- अनुच्छेद 20 के तहत तीन प्रकार की स्वतंत्रता का वर्णन है-
  1. किसी भी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक बार से अधिक बार दंडित नहीं किया जा सकता है।
  2. अपराधी को अपराध करने के समय जो कानून है उसी के तहत सजा मिलेगी।
  3. किसी अपराध के लिए किसी व्यक्ति को स्वयं अपने विरूद्ध साक्षी होने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

101. राज्यसभा की अधिकतम सदस्य संख्या कितनी होती है?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift II

(a) 350 (b) 450
(c) 250 (d) 150

Ans. (c) 250

राज्यसभा (अनुच्छेद-80)
- राज्यसभा को उच्च सदन तथा राज्यों की परिषद भी कहते हैं क्योंकि इसे कभी-भी भंग नहीं किया जाता है।
- राज्यसभा की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु 30 वर्ष है तथा इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष होता है।
- राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 हो सकती है।
- वर्तमान समय में इसके सदस्यों की संख्या 245 है। जिनमें 233 सदस्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा तथा 12 सदस्य कला, साहित्य, विज्ञान और सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।

102. भारतीय संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में कुछ मौलिक अधिकार निलंबित किए जा सकते हैं?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift II

(a) किसी भी आपातकाल के दौरान, चाहे वह राष्ट्रीय हो या स्थानीय
(b) बाहरी आपात स्थितियों के दौरान, जैसे युद्ध या बाहरी आक्रमण
(c) मौलिक अधिकारों को किसी भी परिस्थिति में निलंबित नहीं किया जा सकता
(d) शांतिकाल के दौरान

Ans. (b) बाहरी आपात स्थितियों के दौरान, जैसे युद्ध या बाहरी आक्रमण

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 राष्ट्रीय आपात (युद्ध या बाहरी आक्रमण) के दौरान जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद 20 व 21) को छोड़कर समस्त मूल अधिकार निलंबित किये जा सकते हैं।

103. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत, स्वंतत्रता के अधिकार में कोई भी पेशा, व्यवसाय, व्यापार या वाणिज्य करने का अधिकार शामिल है?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift III

(a) अनुच्छेद 23-24
(b) अनुच्छेद 14-18
(c) अनुच्छेद 25-28
(d) अनुच्छेद 19-22

Ans. (d) अनुच्छेद 19-22

स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)
- अनुच्छेद 19 - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
- अनुच्छेद 20 - दोष-सिद्धि के सम्बन्ध में संरक्षण
- अनुच्छेद 21 - प्राण व दैहिक स्वतंत्रता
- अनुच्छेद 22 - कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण

104. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद का संबंध भारतीय संसद से है?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift IV

(a) 79–122 (b) 1–12
(c) 12–40 (d) 40–70

Ans. (a) 79–122

- संसद के तीन अंग होते हैं-
  1. राष्ट्रपति 2. राज्यसभा 3. लोकसभा
- अनुच्छेद 79 - संसद
- अनुच्छेद 80 - राज्यसभा
- अनुच्छेद 81 - लोकसभा

105. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित है?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift IV

(a) अनुच्छेद 51A (b) अनुच्छेद 300A
(c) अनुच्छेद 50 (d) अनुच्छेद 49

Ans. (a) अनुच्छेद 51A

मूल कर्त्तव्य
- सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों पर 42वें संविधान संशोधन, 1976 के द्वारा 10 मौलिक कर्त्तव्यों को संविधान में जोड़ा गया।
- इन्हें भाग 4(क) के अनुच्छेद-51(क) में रखा गया है।
- इन्हें रूस के संविधान से लिया गया है।
- मूल संविधान में एक भी मौलिक कर्त्तव्य नहीं था।
- वर्तमान में इनकी संख्या 11 है।

106. भारत के उपराष्ट्रपति किस विधायी निकाय के

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं?

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift III

(a) राज्य विधान परिषद

(b) लोकसभा

(c) राज्यसभा

(d) राज्य विधानसभा

Ans. (c) राज्यसभा

❒ अनुच्छेद 64/89 – राज्यसभा का पदेन सभापति उपराष्ट्रपति होता है।

❒ उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सदस्य नहीं होता है। इसलिए इसे मतदान का अधिकार नहीं होता है। परन्तु सभापति के रूप में निर्णायक मत देने का अधिकार होता है।

107. राष्ट्रीय ध्वज का अनादर भारतीय संविधान में उल्लिखित निम्नलिखित में से किस मौलिक कर्त्तव्य का उल्लंघन है?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift I

(a) अनुच्छेद 51A(a)

(b) अनुच्छेद 51A(b)

(c) अनुच्छेद 51A(d)

(d) अनुच्छेद 51A(c)

Ans. (a) अनुच्छेद 51A(a)

❒ भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 11 है तथा अनुच्छेद 51(क) के अनुसार प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह –

1. संविधान का पालन करें व उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें।
2. हमारे राष्ट्रीय आन्दोलनों को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें
3. भारत की संप्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें।
4. देश की रक्षा करें।
5. सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करें।
6. हमारी संस्कृति और गौरवशाली महत्त्व को समझे और उसका परिरक्षण करें।
7. प्राकृतिक व पर्यावरण की रक्षा करें।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना का विकास करें।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखें।
10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का प्रयास करें।
11. माता-पिता या संरक्षक जो भी हो, वह 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा का अवसर प्रदान करें।

108. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किया गया रिट नहीं है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift I

(a) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

(b) प्रतिषेध

(c) अधिकार पृच्छा

(d) जस सोलि

Ans. (d) जस सोलि

❒ अनुच्छेद 32 के तहत मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय को पाँच प्रकार के रिट जारी करने की शक्ति प्रदान की गयी है।
1. बन्दी प्रत्यक्षीकरण 2. परमादेश 3. प्रतिषेध-लेख 4. उत्प्रेषण 5. अधिकार पृच्छा-लेख

109. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में मौलिक कर्त्तव्य शामिल हैं?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift II

(a) 53–A (b) 52–A

(c) 54–A (d) 51–A

Ans. (d) 51–A

❒ प्रश्न संख्या (105) की व्याख्या देखें।

110. .... की अवधारणा तत्कालीन सोवियत समाजवादी गणराज्य संघ (USSR) के संविधान से ली गई है।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift II

(a) मौलिक अधिकार

(b) मौलिक कर्त्तव्य

(c) प्रस्तावना

(d) मौलिक कर्त्तव्य और मौलिक अधिकार दोनों

Ans. (b) मौलिक कर्त्तव्य

❒ प्रश्न संख्या (105) की व्याख्या देखें।

111. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में सर्वोच्च न्यायालय को अभिलेख न्यायालय के रूप में वर्णित किया गया है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift II

(a) अनुच्छेद 127 (b) अनुच्छेद 123

(c) अनुच्छेद 129 (d) अनुच्छेद 125

Ans. (c) अनुच्छेद 129

❒ अनुच्छेद 123 – राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश जारी करने की शक्ति।

❒ अनुच्छेद 124 – सर्वोच्च न्यायालय का गठन

❒ अनुच्छेद 143 – सार्वजनिक महत्त्व के विषयों पर राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय से राय मांग सकता है।

112. भारत में राज्यसभा (कांउसिल ऑफ स्टेट) का पीठासीन अधिकारी निम्नलिखित में से कौन है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift III

(a) उपराष्ट्रपति (b) वक्ता

(c) राष्ट्रपति (d) प्रधानमंत्री

Ans. (a) उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति (अनुच्छेद 63)

❒ उपराष्ट्रपति का पद अमेरिका से लिया गया।

❒ उपराष्ट्रपति के चुनाव में संसद के दोनों सदनों के (निर्वाचित और मनोनीत) सभी सदस्य भाग लेते हैं।

❒ उपराष्ट्रपति को पद की शपथ राष्ट्रपति दिलाता है।

113. निम्नलिखित में से किसे भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift III

(a) राजेन्द्र प्रसाद

(b) जवाहर लाल नेहरू

(c) भीमराव अंबेडकर

(d) सरदार वल्लभ भाई पटेल

Ans. (a) राजेन्द्र प्रसाद

❒ प्रश्न संख्या (94) की व्याख्या देखें।

114. .... के पास संसद के किसी भी सदन का आह्वान या सत्रावसान करने या लोकसभा को भंग करने की शक्ति होती है।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift IV

(a) लोकसभा अध्यक्ष

(b) राष्ट्रपति

(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(d) प्रधानमंत्री

Ans. (b) राष्ट्रपति

❒ अनुच्छेद 85 – संसद सत्र (दोनों सदन) आहूत करना व सत्रावसान व लोकसभा के विघटन करने का अधिकार राष्ट्रपति को प्राप्त है।

❒ अनुच्छेद 108 – राष्ट्रपति संसद का संयुक्त सत्र बुला सकता है।
नोट:- संयुक्त सत्र की अध्यक्षता लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

115. भारतीय संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्त्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift IV

(a) भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख अनुच्छेद 51A में किया गया है

(b) संविधान (छियासीवां संशोधन) अधिनियम, 2002 मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित है

(c) भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख भाग VA में किया गया है।

(d) संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित है।

Ans. (c) भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख भाग VA में किया गया है।

❒ प्रश्न संख्या (105) की व्याख्या देखें।

116. राज्य की लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक करने के लिए राज्य कदम उठाएगा।" इसका उल्लेख भारत के संविधान के .... के अंतर्गत किया गया है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift I

(a) भाग IV A (b) भाग IV
(c) भाग III (d) भाग V

Ans. (b) भाग IV

नीति-निदेशक तत्त्व के कुछ प्रमुख अनुच्छेद:-
- ❒ अनुच्छेद 40 – ग्राम पंचायतों का गठन।
- ❒ अनुच्छेद 44 – नागरिकों के लिए एकसमान सिविल संहिता।
- ❒ अनुच्छेद 48 – कृषि व पशुपालन का संगठन।
- ❒ अनुच्छेद 49 – राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों का संरक्षण।
- ❒ अनुच्छेद 50 – न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के कार्यों का पृथक्करण।
- ❒ अनुच्छेद 51 – अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की अभिवृद्धि।

117. भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का मुख्य उद्देश्य .... हासिल करना है।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift I

(a) सामाजिक एवं आर्थिक न्याय
(b) धार्मिक सद्भाव
(c) राजनीतिक स्थिरता
(d) आर्थिक असमानता

Ans. (a) सामाजिक एवं आर्थिक न्याय

- ❒ राज्य के नीति निदेशक तत्त्व संविधान की प्रस्तावना में शामिल सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तथा स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावना पर आधारित है।
- ❒ राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों का उद्देश्य 'लोक कल्याणकारी राज्य' की स्थापना करना है।

118. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद का उल्लेख समानता के अधिकार के अंतर्गत किया गया है?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift II

(a) उपाधियों का उन्मूलन
(b) धार्मिक मामलों के प्रबंधन करने की स्वतंत्रता
(c) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा
(d) शिक्षा का अधिकार

Ans. (a) उपाधियों का उन्मूलन

समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
- ❒ अनुच्छेद 14 - विधि (कानून) के समक्ष समानता
- ❒ अनुच्छेद 15 -धर्म, जाति, नस्ल, लिंग और जन्म स्थान आदि के आधार पर भेदभाव निषेध
- ❒ अनुच्छेद 16 - लोक नियोजन में अवसर की समानता
- ❒ अनुच्छेद 17 - अस्पृश्यता का अन्त
- ❒ अनुच्छेद 18 - उपाधियों का अन्त

119. मौलिक कर्त्तव्यों के अंतर्गत भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत के महत्त्व और संरक्षण से संबंधित है?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift II

(a) अनुच्छेद 51A(f)
(b) अनुच्छेद 51A(c)
(c) अनुच्छेद 51A(e)
(d) अनुच्छेद 51A(g)

Ans. (a) अनुच्छेद 51A(f)

- ❒ प्रश्न संख्या (107) की व्याख्या देखें।

120. जैसा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 168 में निहित है, किसी राज्य के विधानमंडल के दो सदन होते हैं, एक को .... और दूसरे को विधान सभा के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift III

(a) लोक सभा (b) विधान परिषद्
(c) राज्य सभा (d) राज्य परिषद्

Ans. (b) विधान परिषद्

विधान परिषद्
- ❒ राज्य में विधान परिषद् का गठन और समाप्ति का प्रावधान अनुच्छेद 169 में दिया गया है।
- ❒ यह राज्य के विधानमण्डल का उच्च सदन होता है।
- ❒ विधान परिषद् का सदस्य बनने की न्यूनतम आयु 30 वर्ष होती है तथा इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है।
- ❒ वर्तमान में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, बिहार तथा तेलंगाना सहित 6 राज्यों में ही विधान परिषद् है।
- ❒ न्यूनतम सदस्य - 40
- ❒ अधिकतम सदस्य - विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या के 1/3 से अधिक नहीं।

121. भारतीय संविधान के अंतर्गत संपत्ति का अधिकार एक .... है।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift III

(a) निर्देशक सिद्धांत
(b) मौलिक अधिकार
(c) संवैधानिक अधिकार
(d) गैर-संवैधानिक अधिकार

Ans. (c) संवैधानिक अधिकार

- ❒ मूल संविधान में सम्पत्ति का अधिकार एक मौलिक अधिकार था। परन्तु 44वें संविधान संशोधन, 1978 ई. के द्वारा इसे मौलिक अधिकारों से हटाकर भाग-12 (अनुच्छेद 300 क) के तहत कानूनी अधिकार (संवैधानिक अधिकार) के रूप में रखा गया है।

122. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51A(i) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift IV

(a) भारत की संप्रभुता, एकता और अंखडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना
(b) देश की रक्षा करना और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करना
(c) हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना
(d) सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा का त्याग करना

Ans. (d) सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा का त्याग करना

- ❒ प्रश्न संख्या (107) की व्याख्या देखें।

123. भारत में, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का वेतन........ द्वारा निर्धारित किया जाता है।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift IV

(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(c) भारत के प्रधानमंत्री
(d) भारत की संसद

Ans. (d) भारत की संसद

- ❒ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को वेतन एवं भत्ते भारत की संसद द्वारा भारत की संचित निधि (अनुच्छेद 266) से दिए जाते हैं।

124. नवंबर 2023 तक, भारत के संविधान में कितने मौलिक कर्त्तव्य हैं?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift I

(a) 9 (b) 11
(c) 10 (d) 8

Ans. (b) 11

- ❒ मूल संविधान में एक भी मौलिक कर्त्तव्य नहीं था।
- ❒ 42वें संविधान संशोधन, 1976 के द्वारा 10 मौलिक कर्त्तव्य जोड़े गये।
- ❒ 86वें संविधान संशोधन, 2002 के द्वारा 11वां एवं अन्तिम मौलिक कर्त्तव्य 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा जोड़ा गया।

125. भारत के महान्यायवादी (Attorney-General) .... की प्रसादपर्यंत तक पद पर बने रहते हैं।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift I

(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) प्रधानमंत्री
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(d) भारत के कानून मंत्री

Ans. (a) भारत के राष्ट्रपति

भारत का महान्यायवादी
- ❒ संविधान के अनुच्छेद-76 (भाग-5) में महान्यायवादी का विवरण दिया गया है।
- ❒ यह देश का प्रथम विधिक अधिकारी होता है।
- ❒ महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है तथा

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

यह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।
- ❐ अनुच्छेद 88 - महान्यायवादी किसी भी सदन का सदस्य न होते हुए भी सदन की कार्यवाही में भाग ले सकता है परन्तु उसे मत देने का अधिकार नहीं होता है।

126. भारतीय संविधान का मूल हस्तलिखित संस्करण किसने लिखा था?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift II

(a) बी.आर. अम्बेडकर
(b) कैलाश नाथ काटजू
(c) बी.एन.राऊ
(d) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा

Ans. (d) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा

- ❐ नंदलाल बोस ने भारतीय संविधान की हस्तलिखित प्रति को डिजाइन किया।
- ❐ संविधान की मूल प्रतियाँ संसद के पुस्तकालय में हीलियम से भरे बॉक्स में रखी गयी है।

127. भारत में "न्यायिक पुनरावलोकन" की अवधारणा न्यायपालिका को उन कानूनों का पुनरावलोकन करने और उन्हें निरस्त करने की अनुमति देती है जो .... पाए जाते हैं।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift II

(a) संसद से पारित
(b) राष्ट्रपति द्वारा समर्थित
(c) मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए
(d) राज्य विधानमंडल में दो-तिहाई बहुमत द्वारा समर्थित

Ans. (c) मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए

- ❐ न्यायिक पुनरावलोकन - न्यायिक पुनरावलोकन से तात्पर्य न्यायपालिका की उस शक्ति से है जिसके अन्तर्गत विधायिका द्वारा बनाए गये किसी भी कानून या कार्यपालिका द्वारा जारी किए गये किसी भी आदेश को संविधान के अनुकूल न होने पर न्यायपालिका निरस्त कर सकती है तथा वह अपने पूर्व में सुनाए गये निर्णयों की समीक्षा भी कर सकती है।

128. भारतीय संविधान के अनुसार, जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार, ... है।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift III

(a) राज्य का मौलिक कर्त्तव्य
(b) गैर-प्रवर्तनीय अधिकार
(c) राज्य का नीति निदेशक सिद्धांत
(d) एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार

Ans. (d) एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार

- ❐ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है।

129. 2023 तक, अनुच्छेद 51A में अंतिम मौलिक कर्तव्य कब जोड़ा गया था?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift IV

(a) 2002 (b) 2000
(c) 2022 (d) 2012

।देण (a) 2002

- ❐ प्रश्न संख्या (93) की व्याख्या देखें।

130. राज्य सभा का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift IV

(a) 35 (b) 40
(c) 25 (d) 30

Ans. (d) 30

- ❐ प्रश्न संख्या (101) की व्याख्या देखें।

131. मई 2022 तक, निम्नलिखित में से क्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 का एक हिस्सा नहीं हैं?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift I

(a) भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण की स्वतंत्रता
(b) संगम या संघ बनाना
(c) संपत्ति का अधिकार
(d) शांतिपूर्वक और निरायुद्ध सम्मिलित होना

Ans. (c) संपत्ति का अधिकार

- ❐ अनुच्छेद 19 के तहत मूल संविधान में सात प्रकार की स्वतंत्रता का उल्लेख था। परन्तु 44वें संविधान संशोधन, 1978 द्वारा संपत्ति के अधिकार (अनुच्छेद 19(i)(F)) को मूल अधि कारों से हटाकर कानूनी अधिकार (भाग-12, अनुच्छेद 300क) बना दिया गया है। इस प्रकार वर्तमान समय में अनुच्छेद 19 में 6 प्रकार की स्वतंत्रता का उल्लेख है-

अनुच्छेद 19(i)(a) - बोलने की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता
अनुच्छेद 19(i)(b) - शांतिपूर्वक सभा करने की स्वतंत्रता
अनुच्छेद 19(i)(c) - संघ या समिति बनाने की स्वतंत्रता
अनुच्छेद 19(i)(d) - देश में कहीं भी आवागमन की स्वतंत्रता
अनुच्छेद 19(i)(e) - देश में किसी भी स्थान पर निवास करने की स्वतंत्रता
अनुच्छेद 19(i)(g) - कोई भी व्यवसाय व आजीविका चलाने की स्वतंत्रता।

132. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में राज्यों में विधान परिषदों के उत्सादन या सृजन का उल्लेख है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift III

(a) अनुच्छेद 169 (b) अनुच्छेद 165
(c) अनुच्छेद 161 (d) अनुच्छेद 173

Ans. (a) अनुच्छेद 169

- ❐ अनुच्छेद 168 - विधानमण्डल
- ❐ अनुच्छेद 170 - विधानसभा
- ❐ अनुच्छेद 171 - विधानपरिषद

133. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 126 में .... का उल्लेख है।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift I

(a) तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति
(b) भारत के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति
(c) सुप्रीम कोर्ट का स्थान
(d) उच्चतम न्यायालय के अभिलेख न्यायालय होने

Ans. (b) भारत के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति

- ❐ अनुच्छेद 125 - सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का वेतन
- ❐ अनुच्छेद 127 - सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की गणपूर्ति ना होने पर तदर्थ न्यायाधीशों (जो न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश होने की योग्यता रखता हो) की नियुक्ति।

134. भारत की संविधान सभा का चुनाव .... में हुआ था।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift II

(a) मार्च 1946 (b) मई 1946
(c) अप्रैल 1946 (d) जुलाई 1946

Ans. (d) जुलाई 1946

- ❐ प्रश्न संख्या (94) की व्याख्या देखें।

135. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में राज्यपाल द्वारा शपथ अथवा प्रतिज्ञान का उल्लेख है?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift II

(a) अनुच्छेद 155 (b) अनुच्छेद 157
(c) अनुच्छेद 159 (d) अनुच्छेद 161

Ans. (c) अनुच्छेद 159

- ❐ अनुच्छेद 153 - राज्यों के राज्यपाल
- ❐ अनुच्छेद 155 - राज्यपाल की नियुक्ति
- ❐ अनुच्छेद 156 - राज्यपाल का कार्यकाल
- ❐ अनुच्छेद 157 - राज्यपाल की अर्हताएँ
- ❐ अनुच्छेद 159 - राज्यपाल की शपथ

136. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग का संबंध संविधान के संशोधन से है?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift III

(a) भाग XIX (b) भाग XXII
(c) भाग XX (d) भाग XXI

Ans. (c) भाग XX

- ❐ संविधान संशोधन की प्रक्रिया का प्रावधान दक्षिण अफ्रीका के संविधान से प्रेरित है।
- ❐ भारतीय संविधान के भाग-20(XX) के अनुच्छेद

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

368 में संविधान संशोधन का प्रावधान दिया गया है।

137. वर्ष .... में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में योजना आयोग की स्थापना की गई थी।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift IV

(a) 1970 (b) 1850
(c) 1950 (d) 1890

Ans. (c) 1950

योजना आयोग
- योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च, 1950 को हुई थी।
- यह एक गैर-संवैधानिक निकाय था।
- इसका प्रमुख कार्य पंचवर्षीय योजनाओं के लिए योजना बनाना था।
- 2014 में योजना आयोग को समाप्त कर इसके स्थान पर 1 जनवरी, 2015 को नीति आयोग (NITI Aayog) का गठन किया गया।

138. एक .... सरकार संवैधानिक कानून और नागरिक अधिकारों द्वारा स्थापित सीमाओं के भीतर शासन करती है।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift IV

(a) लोकतांत्रिक (b) राजशाही
(c) तानाशाही (d) एकतांत्रिक

Ans. (a) लोकतांत्रिक

139. वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत दिया गया है?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift IV

(a) अनुच्छेद 20 (b) अनुच्छेद 32
(c) अनुच्छेद 30 (d) अनुच्छेद 19

Ans. (d) अनुच्छेद 19

- अनुच्छेद 30 – अल्पसंख्यक वर्ग को शिक्षण संस्थानों की स्थापना और प्रशासन करने का अधिकार
- अनुच्छेद 32 – संवैधानिक उपचारों का अधिकार

140. भारत की संविधान सभा की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift I

(a) 1945 (b) 1948
(c) 1947 (d) 1946

Ans. (d) 1946

- प्रश्न संख्या (94) की व्याख्या देखें।

141. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 163 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift I

(a) किसी राज्य की सरकार के कामकाज का संचालन
(b) राज्यों में विधानमंडलों का गठन
(c) राज्यपाल को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपिरिषद
(d) राज्य के महाधिवक्ता

Ans. (c) राज्यपाल को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपिरिषद

- अनुच्छेद 161 – राज्यपाल की क्षमा आदि की और कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन या लघुकरण की शक्ति।
- अनुच्छेद 168 – विधानमण्डल का गठन

142. भारतीय संविधान के अनुसार, भारत सरकार के कितने अंग हैं?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift II

(a) दो (b) चार
(c) तीन (d) पांच

Ans. (c) तीन

- भारतीय संविधान के अनुसार भारत सरकार के तीन अंग विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका है।

143. भारत में, ... शासन की विधायी शाखा है, यह कानून बनाने का प्रभारी है।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift III

(a) गृहमंत्री
(b) राष्ट्रपति
(c) सर्वोच्च न्यायालय
(d) संसद

Ans. (d) संसद

- भारतीय संविधान के अनुसार संसद शासन की एक विधायी शाखा है। सभी कानूनों का निर्माण विधायिका के द्वारा ही होता है।

144. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में उल्लेख है कि राज्य राष्ट्रों के बीच न्यायपूर्ण और सम्मानजनक संबंध बनाए रखेगा?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift III

(a) अनुच्छेद 47 (b) अनुच्छेद 48
(c) अनुच्छेद 51 (d) अनुच्छेद 49

Ans. (c) अनुच्छेद 51

- अनुच्छेद 47 – पोषण स्तर, जीवन स्तर तथा लोक स्वास्थ्य में सुधार करना राज्य का कर्त्तव्य है।
- अनुच्छेद 48(क) – पर्यावरण संरक्षण तथा वन एवं वन्य जीवों की रक्षा।
- अनुच्छेद 50 – कार्यपालिका का न्यायपालिका से पृथक्करण।
- अनुच्छेद 51 – अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की अभिवृद्धि।

145. भारत में, विधान परिषद वाले राज्य की विधान परिषद के सदस्यों की कुल संख्या उस राज्य की विधान सभा के सदस्यों की कुल संख्या के .... से अधिक नहीं होगी।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift IV

(a) एक-तिहाई (b) दो-तिहाई
(c) एक-चौथाई (d) एक पांचवें भाग

Ans. (a) एक-तिहाई

- संविधान के अनुच्छेद 171 के अनुसार किसी राज्य की विधानपरिषद् में सदस्यों की कुल संख्या विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के एक तिहाई से अधिक नहीं होगी तथा विधान परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या किसी भी स्थिति में 40 से कम नहीं होगी।

146. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 में निम्नलिखित में से किस अधिकार से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख है?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift IV

(a) समानता का अधिकार
(b) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(c) शोषण के विरूद्ध अधिकार
(d) स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. (a) समानता का अधिकार

- प्रश्न संख्या (118) की व्याख्या देखें।

147. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (b) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(b) संगम या संघ बनाना
(c) शांतिपूर्वक और निरायुद्ध सम्मिलित होना
(d) भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण की स्वतंत्रता

Ans. (c) शांतिपूर्वक और निरायुद्ध सम्मिलित होना

- प्रश्न संख्या (131) की व्याख्या देखें।

148. .... के अंतर्गत भारत के सर्वोच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की जा सकती है।

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) अनुच्छेद 32 (b) अनुच्छेद 270
(c) अनुच्छेद 226 (d) अनुच्छेद 40

Ans. (a) अनुच्छेद 32

- सर्वोच्च न्यायालय को अनुच्छेद 32 के तहत तथा उच्च न्यायालय को अनुच्छेद 226 के तहत मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए रिट जारी करने की अधिकारिता दी गई है।

149. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में 'राज्यपाल द्वारा राज्य के विधानमंडल को विशेष संबोधन' का उल्लेख है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift II

(a) अनुच्छेद 173 (b) अनुच्छेद 171
(c) अनुच्छेद 175 (d) अनुच्छेद 176

Ans. (d) अनुच्छेद 176

- अनुच्छेद 173 – राज्य विधायिका की सदस्यता हेतु अर्हताएँ
- अनुच्छेद 175 – सदनों को संबोधित करने और संदेश भेजने का अधिकार राज्यपाल का है।
- अनुच्छेद 176 – राज्यपाल प्रत्येक आम चुनाव के बाद विधानसभा के प्रथम सत्र के आरम्भ

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

में तथा प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के आरम्भ में विधान सभा में या विधान परिषद वाले राज्यों में एक साथ दोनों सदनों में अभिभाषण विशेष संबोधन करेंगे।

150. संविधान की, समाज की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय के साथ अनुकूलित होने और बढ़ने की क्षमता का वर्णन किस शब्द से किया जाता है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift III

(a) अडिग (b) अर्ध-संघीय
(c) कठोर (d) लचीलापन

Ans. (d) लचीलापन

❐ भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है।

151. भारतीय संविधान अपने सभी .... के लिए सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की गारंटी देता है।

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift IV

(a) करदाताओं
(b) शिक्षित व्यक्तियों
(c) नागरिकों और गैर-नागरिकों
(d) नागरिकों

Ans. (d) नागरिकों

❐ सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार संविधान के दायरे में रहकर यथासंभव अधिक से अधिक लोगों को वोट देने का अधिकार सुनिश्चित करता है। जैसा कि "एक व्यक्ति-एक वोट" सिद्धान्त द्वारा समर्थित है।

❐ भारत में व्यस्क मतदान की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निश्चित की गयी है।

152. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान में उल्लेखित राज्य नीति का निदेशक सिद्धांत नहीं है?

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift I

(a) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना
(b) नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता
(c) कृषि एवं पशुपालन का गठन
(d) विधायिका को कार्यपालिका से अलग करना

Ans. (d) विधायिका को कार्यपालिका से अलग करना

❐ भारतीय संविधान में नीति निदेशक सिद्धान्तों के अनुच्छेद 50 में न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण का उल्लेख है। जबकि विधायिका और कार्यपालिका को अलग करने का उल्लेख नीति निदेशक सिद्धान्तों में नहीं है।

153. भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से किस अनुसूची में 'समवर्ती सूची' दी गई है?

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift I

(a) 5वीं (b) 7वीं
(c) 6वीं (d) 8वीं

Ans. (b) 7वीं

❐ भारतीय संविधान में कुल 12 अनुसूचियाँ हैं। जिनमें सातवीं अनुसूची में केन्द्र व राज्यों के बीच शक्तियों के बँटवारे के बारे में जानकारी दी गयी है।

❐ सातवीं अनुसूची के अन्तर्गत तीन अनुसूचियां हैं-

1. संघ सूची:- इसमें दिए गए विषयों पर सिर्फ केन्द्र सरकार कानून बना सकती है।
   जैसे- प्रतिरक्षा, विदेशी मामले, रेल, डाक, बैंकिंग, परमाणु इत्यादि।
2. राज्य सूची:- इसमें दिए गए विषयों पर सिर्फ राज्य सरकार कानून बना सकती है।
   जैसे- जेल, पुलिस, स्थानीय स्वशासन, कृषि आदि।
3. समवर्ती सूची:- इसमें दिए गए विषयों पर केन्द्र व राज्य सरकार दोनों कानून बना सकते है।
   जैसे- शिक्षा, विवाह, तलाक, बिजली, समाचार पत्र, श्रमिक संघ, वन, माप-तौल इत्यादि।

154. "संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें यह भारतीय संविधान में उल्लिखित एक .... है।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift II

(a) मौलिक कर्त्तव्य (b) निर्देशक सिद्धांत
(c) आर्थिक कर्त्तव्य (d) मौलिक अधिकार

Ans. (a) मौलिक कर्त्तव्य

❐ प्रश्न संख्या (107) की व्याख्या देखें।

155. मौलिक अधिकार भारतीय संविधान के ....में निहित हैं।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift III

(a) भाग III (b) भाग IX
(c) भाग X (d) भाग XI

Ans. (a) भाग III

❐ प्रश्न संख्या (96) की व्याख्या देखें।

156. राज्यसभा में केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि कैसे चुने जाते हैं?

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift III

(a) राष्ट्रपति के मनोनयन से
(b) प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा
(c) निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित
(d) राज्य विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा

Ans. (c) निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित

❐ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(4) के अनुसार राज्य विधानमण्डल के निर्वाचित सदस्यों (मनोनीत नहीं) द्वारा राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव किया जाता है।

❐ राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा एकल संक्रमणीय मत के आधार पर होता है।

157. भारत में, ... किसी भी केंद्र शासित प्रदेश, जिसकी शक्तियां राज्यों की तुलना में अधिक सीमित हो, का निर्माण और उसे भंग कर सकता/सकती है।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift III

(a) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(b) राज्य सरकार
(c) केंद्र सरकार
(d) राष्ट्रपति

Ans. (c) केंद्र सरकार

158. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार लोकसभा संसद का निचला सदन है?

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift IV

(a) 82 (b) 80
(c) 79 (d) 81

Ans. (c) 79

❐ अनुच्छेद 79 के अनुसार भारत की संसद राष्ट्रपति, राज्यसभा (उच्च सदन) तथा लोकसभा (निम्न सदन) से मिलकर बनती है।

159. भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का उद्देश्य एक .... का निर्माण करना है।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift IV

(a) पूंजीवादी राज्य
(b) कल्याणकारी राज्य
(c) साम्यवादी राज्य
(d) सर्वसत्तात्मक राज्य

Ans. (b) कल्याणकारी राज्य

❐ प्रश्न संख्या (98) की व्याख्या देखें।

160. भारत के वित्त आयोग में एक अध्यक्ष और .... होते हैं।

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift I

(a) 6 सदस्य (b) 3 सदस्य
(c) 10 सदस्य (d) 4 सदस्य

Ans. (d) 4 सदस्य

❐ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 में वित्त आयोग के गठन का प्रावधान है।

❐ राज्य वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 243(झ) के तहत किया जाता है।

161. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

SSC GD 2 Mar. 2024 Shift I

(a) स्वतंत्रता का अधिकार

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(b) पंचायती राज
(c) जीवन का अधिकार
(d) नि:शुल्क कानूनी सहायता

Ans. (d) नि:शुल्क कानूनी सहायता

- अनुच्छेद 39 - आर्थिक न्याय प्राप्त करने का सिद्धान्त
- अनुच्छेद 39(A) - समान न्याय व नि:शुल्क कानूनी सहायता
- अनुच्छेद 43(B) - सहकारी समितियों का गठन (97वां संविधान संशोधन, 2011)

162. भारत का चुनाव आयोग एक .... है।

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift II

(a) न्यायिक निकाय
(b) संवैधानिक निकाय
(c) कार्यपालिका निकाय
(d) सांविधिक निकाय

Ans. (b) संवैधानिक निकाय

- संविधान के भाग-15 (अनुच्छेद 324-329) में निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन सम्बन्धी प्रावधान है।
- चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। यह एक संवैधानिक निकाय है।
- मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है तथा इसका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो तक होता है।
- निर्वाचन आयोग केन्द्र व राज्य सरकारों के लिये चुनाव सम्बन्धी दिशा निर्देश देता है।

नोट:- राज्यों में होने वाले पंचायत व निगम चुनावों से चुनाव आयोग का कोई सम्बन्ध नहीं होता है। इसके लिए भारतीय संविधान में अलग से राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है।

163. भारतीय संविधान के अनुसार एक राज्यपाल को .... नियुक्त किया जा सकता है।

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift III

(a) केवल एक केंद्र शासित प्रदेश के लिए
(b) 2 से अधिक राज्यों के लिए नहीं
(c) दो या दो से अधिक राज्यों के लिए
(d) एक समय पर एक ही राज्य के लिए

Ans. (c) दो या दो से अधिक राज्यों के लिए

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153 के द्वारा प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा, परन्तु सातवें संविधान संशोधन, 1956 में एक 'परंतुक' जोड़ा गया जिसके अनुसार एक ही व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों के लिए भी राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।

164. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों में से एक नहीं है?

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift III

(a) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(b) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(c) शोषण का अधिकार
(d) समानता का अधिकार

Ans. (c) शोषण का अधिकार

- संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार-
1. समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
2. स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)
3. शोषण के विरूद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)
4. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)
5. संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)

165. भारत के बॉम्बे उच्च न्यायालय की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी?

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift IV

(a) 1864 (b) 1862
(c) 1861 (d) 1863

Ans. (b) 1862

- कलकत्ता, बॉम्बे तथा मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 ई. को हुई थी।
- प्रयागराज (इलाहाबाद) उच्च न्यायालय की स्थापना 1866 ई. में हुई थी।

166. 'आय की असमानताओं को कम करने के प्रयास' का उल्लेख भारतीय संविधान के ...... अंतर्गत किया गया है।

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift I

(a) संविधान में इसका उल्लेख नहीं किया गया है।
(b) मौलिक कर्त्तव्य
(c) निदेशक सिद्धांत
(d) मौलिक अधिकार

Ans. (c) निदेशक सिद्धांत

- भारतीय संविधान के भाग-4 में नीति-निदेशक तत्त्व के अनुच्छेद 39 में आर्थिक न्याय के सिद्धान्त का उल्लेख है।

167. भारतीय राज्य की कार्यकारी शक्ति .... में निहित होती है।

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift I

(a) मंत्री परिषद् (b) राज्यपाल
(c) प्रधानमंत्री (d) मुख्यमंत्री

Ans. (b) राज्यपाल

- राज्यों में राज्यपाल कार्यपालिका का प्रधान होता है। वह नाम मात्र का शासन प्रमुख होता है। वास्तविक शक्ति मुख्यमंत्री के पास होती है।

168. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत के चुनाव आयोग से संबंधित है?

SSC GD 30 Mar. 2024 Shift I

(a) अनुच्छेद 322 (b) अनुच्छेद 321
(c) अनुच्छेद 324 (d) अनुच्छेद 323

Ans. (c) अनुच्छेद 324

- प्रश्न संख्या (162) की व्याख्या देखें।

169. नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

कथन 1: राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (DPSP) कानून द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है।

कथन 2: राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (DPSP) वाद-योग्य नहीं है।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift -IV

(a) कथन 1 सही है और कथन 2 सही नहीं है।
(b) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही नहीं हैं।
(c) कथन 1 सही नहीं है और कथन 2 सही है।
(d) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।

Ans. (d) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।

- प्रश्न संख्या (98) की व्याख्या देखें।

170. निम्नलिखित में से भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) का कार्यकाल कौन-सा है?

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift IV

(a) 7 वर्ष (b) 6 वर्ष
(c) 4 वर्ष (d) 5 वर्ष

Ans. (b) 6 वर्ष

भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक:-
- संविधान के भाग-5 के अनुच्छेद 148 में CAG का प्रावधान है।
- नियंत्रक महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।
- इसका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो होता है।
- नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सार्वजनिक धन का संरक्षक होता है।

171. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के अनुसार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार .... के प्रवर्तन के लिए है।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift III

(a) निर्देशक सिद्धांतों
(b) अधिनायकत्व
(c) मौलिक अधिकारों
(d) मौलिक कर्तव्यों

Ans. (c) मौलिक अधिकारों

- 'संवैधानिक उपचारों के अधिकार' को डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान की आत्मा कहा है।
- मूल अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय अनुच्छेद 32 के तहत पाँच प्रकार की

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

रिट जारी कर सकता है।

172. भारतीय संविधान के .... में लोक सभा के अध्यक्ष के पद का उल्लेख किया गया है।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift III

(a) अनुच्छेद 91 (b) अनुच्छेद 90
(c) अनुच्छेद 92 (d) अनुच्छेद 93

Ans. (d) अनुच्छेद 93

- लोकसभा का अध्यक्ष लोकसभा के सदस्य में से कोई एक होता है।
- लोकसभा के पहले अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर थे।
- कोई विधेयक धन विधेयक (अनुच्छेद-110) है या नहीं, इसका निर्धारण लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।
- दोनों सदनों की संयुक्त बैठक (अनुच्छेद 108) की अध्यक्षता लोकसभा का अध्यक्ष करता है।

173. सर्वोच्च न्यायालय के पास उन मामलों में विशेष सलाहकार क्षेत्राधिकार है जिन्हें संविधान के अनुच्छेद .... के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से संदर्भित किया जा सकता है।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift II

(a) 143 (b) 142
(c) 141 (d) 144

Ans. (a) 143

- अनुच्छेद 124 – उच्चतम न्यायालय का गठन
- अनुच्छेद 214 – उच्च न्यायालय का गठन

174. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51A के अनुसार एक नागरिक के कितने मौलिक कर्त्तव्य हैं?

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift II

(a) 11 (b) 5
(c) 15 (d) 10

Ans. (a) 11

- प्रश्न संख्या (105) की व्याख्या देखें।

175. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग का संबंध राजभाषा से है?

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift I

(a) भाग XVIII (b) भाग XVI
(c) भाग XVII (d) भाग XIX

Ans. (c) भाग XVII

- भारतीय संविधान के भाग-17 (XVII) के अनुच्छेद (343-351) में राजभाषा का उल्लेख है।
- अनुच्छेद 343 – संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।
- अनुच्छेद 348 – सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों की भाषा।
- अनुच्छेद 350(क) – प्राथमिक स्तर पर मातृ भाषा में शिक्षण के लिये सुविधाएँ।
- अनुच्छेद 351 – हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश।

176. भारत में, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, ... कानून सहायता आंदोलन को वैधानिक दर्जा प्रदान करता है और यह केंद्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना का स्थापना का भी प्रावधान करता है।

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift IV

(a) 1985 (b) 1981
(c) 1983 (d) 1987

Ans. (d) 1987

177. भारतीय संविधान के अनुसार, शोषण के विरूद्ध अधिकार, सभी प्रकार के .... और मानव तस्करी पर रोक लगाता है।

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift IV

(a) काम (b) जबरन श्रम
(c) श्रम (d) सेवाएं

Ans. (b) जबरन श्रम

शोषण के विरूद्ध अधिकार:-

- अनुच्छेद 23 – मानव दुर्व्यापार और बलात् श्रम निषेध
- अनुच्छेद 24 – 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को कारखानों या अन्य किसी जोखिम भरे काम पर नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

178. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 12 .... का प्रावधान करता है।

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift III

(a) राज्य की परिभाषा
(b) मौलिक कर्त्तव्यों की परिभाषा
(c) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतो की परिभाषा
(d) मौलिक अधिकारों की परिभाषा

Ans. (a) राज्य की परिभाषा

- अनुच्छेद 12 – राज्य की परिभाषा (भारत की सरकार व संसद, राज्य की सरकारें व विधानमण्डल, सभी स्थानीय प्राधिकारी)

179. भारतीय संविधान की कौन सी विशेषता इस विचार को दर्शाती है कि शक्ति संकेद्रण को रोकने के लिए सरकार की शक्तियों को कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका शाखाओं में विभाजित किया गया है?

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift II

(a) संप्रभुता (b) संघवाद
(c) संसदीय प्रणाली (d) शक्ति का पृथक्करण

Ans. (d) शक्ति का पृथक्करण

- **विधायिका** – विधायिका का कार्य कानूनों का निर्माण करना है। भारत में विधायिका दो सदनों लोकसभा तथा राज्यसभा से मिलकर बनी है।
- **कार्यपालिका** – कार्यपालिका का कार्य विधायिका द्वारा निर्मित कानूनों के अनुसार शासन चलाना है। भारत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मंत्रिमंडल कार्यपालिका के अंग है।
- **न्यायपालिका** – न्यायपालिका शासन का तीसरा अंग है, जिसका कार्य विधायिका द्वारा निर्मित कानूनों के विवादों का समाधान करना है।

180. राज्य सभा की अधिकतम सदस्य संख्या कितनी होती है तथा राष्ट्रपति द्वारा कितने सदस्यों को मनोनीत किया जाता है?

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift II

(a) अधिकतम संख्या 545 है और राष्ट्रपति द्वारा 25 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं।
(b) अधिकतम संख्या 550 है और राष्ट्रपति द्वारा 238 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं।
(c) अधिकतम संख्या 250 है और राष्ट्रपति द्वारा 12 सदस्य मनोनीत किए जाते है।
(d) अधिकतम संख्या 245 है। राष्ट्रपति द्वारा 12 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं।

Ans. (c) अधिकतम संख्या 250 है और राष्ट्रपति द्वारा 12 सदस्य मनोनीत किए जाते है।

- प्रश्न संख्या (101) की व्याख्या देखें।

181. विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान किस देश का है?

SSC GD 12 Jan. 2023

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) नीदरलैंड
(c) दक्षिण अफ्रीका
(d) भारत

Ans. (d) भारत

- सबसे पुराना संविधान संयुक्त राज्य अमेरिका का है।
- लिखित संविधान की अवधारणा फ्रांस के द्वारा दी गयी।
- भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में संविधान सर्वोपरि है।

182. कानून का शासन किसी भी .... की नींव है, जिसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है।

SSC GD 16 Jan. 2023

(a) साम्यवाद (b) एकतंत्र
(c) अधिनायकत्व (d) लोकतंत्र

Ans.(d) लोकतंत्र

- लोकतन्त्र: वर्तमान युग में लगभग सभी देशों में सत्ता की वैधता का स्रोत जनता खुद होती है। जनता तय करती है कि शासन कौन चलाएगा, ऐसी व्यवस्था ही लोकतन्त्र कहलाती है।

183. 26 नवंबर, 1949 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने सभा के अध्यक्ष के रूप में दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। यहाँ किस दस्तावेज के बारे में बात की जा रही है?

SSC GD 23 Jan. 2023

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) प्रस्तावना
(b) संविधान का पहला मसौदा
(c) भारतीय संविधान
(d) परिग्रहण का साधन

Ans. (c) भारतीय संविधान

- 26 नवम्बर, 1949 ई. को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया।
- 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 26 जनवरी, 1950 ई. को भारतीय संविधान लागू हुआ था।

184. भारत में सरकार का एक संसदीय स्वरूप है, जो .... के संविधान से अर्हित एक विशेषता है।
SSC GD 9 Feb. 2023

(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) ब्रिटेन
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका
(d) दक्षिण अफ्रीका

Ans. (b) ब्रिटेन

- भारतीय संविधान में अनेक देशों से निम्न प्रावधान लिये गये हैं-

  ब्रिटेन:- संसदीय व्यवस्था, एकल नागरिकता, विधि का शासन, मन्त्रिमण्डल प्रणाली आदि।

  संयुक्त राज्य अमेरिका:- प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, न्यायिक पुनरावलोकन, स्वतंत्र न्यायपालिका, निर्वाचित राष्ट्रपति व महाभियोग, उपराष्ट्रपति आदि।

❒ भारतीय संविधान के 31वें संशोधन में लोकसभा की सीटों की संख्या 525 को बढ़ाकर 545 कर दी। यह अधिनियम वर्ष 1973 में पारित किया गया था।
❒ केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा सीटों की अधिकतम संख्या 25 से घटाकर 20 कर दी गई

322. निम्नलिखित में से किस राज्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या सबसे अधिक है?
SSC GD 10 Dec. 2021
(a) गुजरात (b) उत्तर प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) महाराष्ट्र

Ans. (b) उत्तर प्रदेश

❒ भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के द्विसदनी विधायिका के निचले सदन का नाम विधानसभा है। इसमें

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

कुल 403 सदस्य होते है। जिसमें एक आंग्ल भारतीय भी सम्मिलित है जो राज्यपाल द्वारा नामित होता है।

323. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षा आयोग 1882 में नियुक्त किया गया था?

SSC GD 11 Dec. 2021

(a) हंटर आयोग
(b) सैडलर आयोग
(c) कलकत्ता विश्वविद्यालय आयोग
(d) विश्वविद्यालय आयोग

Ans. (a) हंटर आयोग

❑ रिपन ने भारतीय शिक्षा के विषय में (1882) में एक कमीशन गठित किया था, जिसे भारतीय शिक्षा आयोग कहा गया। विलियम हंटर की अध्यक्षता में आयोग का गठन होने के कारण इसका नाम हण्टर कमीशन पड़ा।

324. भारत के संविधान का अनुच्छेद ..... यह बताता है कि राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिये समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।

SSC GD 12 Dec. 2021

(a) अनुच्छेद 44 (b) अनुच्छेद 49
(c) अनुच्छेद 40 (d) अनुच्छेद 42

Ans. (a) अनुच्छेद 44

❑ अनुच्छेद 44 राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में है जिसमें कहा गया है कि राज्य अपने नागरिकों को भारत के पूरे क्षेत्र में एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) प्रदान करने का प्रयास करेगा।

325. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का पदेन अध्यक्ष होता है?

SSC GD 12 Dec. 2021

(a) उपराष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) गृह मंत्री (d) राष्ट्रपति

Ans. (b) प्रधानमंत्री

❑ राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अन्तर्गत एक एजेन्सी है, जिसका अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री होता है।
❑ राष्ट्रीय आपदा प्रबंधक प्राधिकरण का गठन 2005 ई. में हुआ था।
❑ एनडीएमए की स्थापना का उद्देश्य प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं से होने वाले नुकसान को रोकने एवं तैयारियों के लिए हुआ है।

326. वर्ष .... में अपनाये गये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तिरंगे झंडे के केन्द्र में एक चरखा रखा गया था।

SSC GD 12 Dec. 2021

(a) 1926 (b) 1938
(c) 1931 (d) 1929

Ans. (c) 1931

❑ वर्ष 1931 में अपनाये गये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तिरंगे झंडे में तीन रंग थे-केसरिया, सफेद और हरा बीच में एक चरखा रखा गया था।

327. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार और मौलिक कर्त्तव्य निर्धारित किये गये है?

(a) क्रमशः छः और ग्यारह
(b) क्रमशः सात और दस
(c) क्रमशः सात और ग्यारह
(d) क्रमशः आठ और दस

Ans. (a) क्रमशः छः और ग्यारह

❑ भारतीय संविधान में 6 मूल अधिकार और 11 मौलिक कर्त्तव्य है।
❑ मौलिक अधिकार संविधान के भाग 3 तथा मौलिक कर्त्तव्य भाग 4 में वर्णित हैं।

328. भारत के राष्ट्रीय ध्वज के सफेद भाग के केन्द्र में एक गहरे नीले रंग का अशोक चक्र सुसज्जित है, इस चक्र में कितनी तीलियाँ है?

SSC GD 14 Dec. 2021

(a) 22 (b) 20
(c) 30 (d) 24

Ans. (d) 24

❑ राष्ट्रीय ध्वज में इंगित अशोक चक्र, सम्राट अशोक के शिलालेखों से लिया गया है।
❑ अशोक चक्र में चौबीस तीलियाँ है, जो मनुष्य के चौबीस गुणों का दर्शाने का काम करती है।

329. संविधान (52वाँ संशोधन) अधिनियम, 1985 द्वारा जोड़ी गई भारतीय संविधान की .... अनुसूची दल बदल के आधार पर किसी व्यक्ति की संसद के किसी भी सदन या राज्य की विधान सभा या विधान परिषद के सदस्य होने की अयोग्यता से संबंधित है।

SSC GD 14 Dec. 2021

(a) तीसरी (b) दसवीं
(c) छठी (d) पाँचवी

Ans. (b) दसवीं

❑ भारतीय संविधान के 52वें संविधान संशोधन 1985 ई. द्वारा दसवीं अनुसूची जोड़ी गयी। जिसमें दल-बदल का प्रावधान दिया गया है।

330. संविधान की प्रस्तावना में इनमें से कौन सा शब्द, भारत को पूर्ण राजनीतिक स्वतंत्रता और सर्वोच्च शक्ति वाले देश के रूप में वर्णित करता है?

SSC GD 31 Dec. 2021

(a) लोकतांत्रिक (b) पंथनिरपेक्ष
(c) संप्रभुता (d) समाजवादी

Ans. (c) संप्रभुता

❑ भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'हम भारत के लोग' अर्थात भारतीय संविधान भारतीय जनता को समर्पित है और इसमे जनता ही सर्वोपरि है।
❑ संप्रभुता का अर्थ है कि हम अपने आंतरिक एवं विदेशी मामलो में बिना किसी बाहरी दबाव के स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने से सक्षम है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

4 भारतीय अर्थव्यवस्था

1. आपके चेक पर मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकॉग्निशन नंबर (Magnetic Ink Character Recognition Number) के पहले तीन अंक उस ____________ के कोड को निर्दिष्ट करते हैं जिसमें आपका बैंक खाता है।

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

(a) शहर (b) देश
(c) बैंक (d) शाखा

Ans. (a) शहर

- MICR (मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकॉग्निशन) एक तकनीक है जो कागजी दस्तावेजों की वैधता या मौलिकता, विशेष रूप से बैंक चेक को सत्यापित करने के लिये उपयोग की जाती है।
- यह तकनीक लाइन डिजिटल संख्याओं का एक सेट है जो बैंक रूटिंग नंबर, खाता संख्या और चेक नंबर को दर्शाता है।
- इस नंबर के पहले तीन अंक शहर कोड को दर्शाते हैं, जो भारत में प्रयुक्त डाक पिन कोड से संबंधित होते हैं।

2. अर्थशास्त्र (Economics) में, निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा, एक समय काल में परिभाषित की जाती है?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III

(a) केवल स्टॉक
(b) केवल प्रवाह
(c) प्रवाह एवं स्टॉक दोनों
(d) न तो प्रवाह एवं न ही स्टॉक

Ans. (b) केवल प्रवाह

- आय अथवा निर्गत अथवा लाभ ऐसी संकल्पना है, जिससे तभी अर्थ निकलता है जब अवधि निर्धारित हो, इसे प्रवाह कहते हैं।
- ये एक समयावधि के लिए होते हैं। अत: हमें इनके परिमाणात्मक माप प्राप्त करने के लिए एक समयावधि अंकित करनी पड़ती है। चूँकि किसी अर्थव्यवस्था में अधिकांश लेखांकन कार्य वार्षिक होते हैं, इसलिए इनमें से अधिकांश को वार्षिक रूप में ही अभिव्यक्त किया जाता है, जैसे-वार्षिक लाभ अथवा उत्पादन।
- प्रवाह को एक समयावधि के लिए पारिभाषित किया जाता है।

3. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस प्रवासन धारा (Stream of Migration) का प्रतिशत सबसे अधिक है?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-III

(a) शहरी से ग्रामीण
(b) शहरी से शहरी
(c) ग्रामीण से शहरी
(d) ग्रामीण से ग्रामीण

Ans. (d) ग्रामीण से ग्रामीण

- अपने मूल निवास स्थान से दूर आंतरिक (देश के भीतर) अथवा अंतर्राष्ट्रीय (विभिन्न देशों में) सीमाओं के पार लोगों की आवाजाही को प्रवासन कहते हैं।
- वर्ष 2001 में 31.5 करोड़ प्रवासियों (जनसंख्या का 31 %) की तुलना में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में 45.6 करोड़ प्रवासी (जनसंख्या का 38%) थे।
- वर्ष 2001 से वर्ष 2011 के मध्य प्रवासियों की संख्या में 45% की वृद्धि हुई।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में, कुल प्रवासन का 99% हिस्सा आंतरिक प्रवासन का था एवं 1% अप्रवासियों (अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों) का था।

4. पंचवर्षीय योजना का निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य सीधे जनता से संबंधित है?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-II

(a) समता (b) आत्मनिर्भरता
(c) विकास (d) आधुनिकीकरण

Ans. (a) समता

- उपर्युक्त विकल्पों में से पंचवर्षीय योजनाओं से राष्ट्र में समता स्थापित करने का लक्ष्य सीधे जनता से संबंधित है।

5. जब प्राकृतिक संसाधन असीमित मात्रा में होते हैं, तो आबादी बहुत तेजी से बढ़ती है; आबादी के आकार में वृद्धि के इस त्वरित पैटर्न को क्या कहा जाता है?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I

(a) वृद्धिघाती वृद्धि (Logistic Growth)
(b) चरघातांकी वृद्धि (Exponential Growth)
(c) वहन क्षमता (Carrying Capacity)
(d) जनसंख्या विस्फोट (Population Explosion)

Ans. (b) चरघातांकी वृद्धि (Exponential Growth)

- आवास में जब संसाधन असीमित होते हैं तो प्रत्येक जाति में संख्या में वृद्धि कर सकने की अपनी जन्मजात शक्ति को पूरी तरह अनुभव करने की योग्यता होती है।
- असीमित संसाधन परिस्थितियों में चरघातांकी रूप से वृद्धि करने वाली कोई भी जाति थोड़े समय में ही विशाल समष्टि घनत्वों तक पहुँच सकती है।

6. सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्व-रोजगार महिलाओं और अनौपचारिक क्षेत्र में महिलाओं पर राष्ट्रीय आयोग द्वारा प्रस्तुत व्यापक रिपोर्ट का शीर्षक क्या है?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-II

(a) नारी शक्ति (b) शक्ति सहयोग
(c) श्रमशक्ति (d) महिला विकास

Ans. (c) श्रमशक्ति

- सातवी पंचवर्षीय योजना के दौरान स्वरोजगार महिलाओं और अनौपचारिक क्षेत्र में महिलाओं पर राष्ट्रीय आयोग द्वारा प्रस्तुत व्यापक रिपोर्ट का शीर्षक 'श्रमशक्ति' था।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा /कौन-से कथन गलत है/हैं?
(i) भारत सरकार ने 2016 में 'राष्ट्रीय कृषि बाजार' ('e-NAM') योजना शुरू की।
(ii) भारत में, वर्ष 2020-21 के लिए कृषि ऋण प्रवाह (Agriculture Credit Flow) ₹15,75,398 करोड़ था।
(iii) भारत सरकार ने 2023 में राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-पाम ऑयल ('NMEO-OP') लॉन्च किया।

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II

(a) केवल i और ii
(b) केवल ii और iii
(c) केवल iii
(d) केवल i

Ans. (c) केवल iii

- राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन – 'पाम ऑयल' की शुरुआत वर्ष 2021 में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा की गयी थी।
- इसका उद्देश्य पाम तेल के क्षेत्र में उत्पादकता में वृद्धि कर खाद्य तेल के लिए आयात पर निर्भरता को कम करना है।
- इसके अंतर्गत वर्ष 2025-26 तक पाम तेल के

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

रोपण क्षेत्र को बढ़ा कर 10 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है।

❐ इसके अलावा, इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2025-26 तक पाम ऑयल के घरेलू उत्पादन को तीन गुना बढ़ाकर 11.20 लाख टन और 2029-30 तक 28 लाख टन करना है।

8. नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS) 2020 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में शिशु मृत्यु दर सबसे अधिक थी?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-III

(a) मध्य प्रदेश (b) बिहार
(c) उत्तर प्रदेश (d) छत्तीसगढ़

Ans. (a) मध्य प्रदेश

❐ नमूना पंजीकरण प्रणाली 2020 के अनुसार, मध्य प्रदेश में शिशु मृत्यु दर सबसे अधिक थी, जो प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 43 थी।

❐ इस रिपोर्ट के अनुसार मिजोरम में शिशु मृत्यु दर सबसे कम (1000 जीवित जन्मों पर 3) थी।

9. SRS बुलेटिन 2020 के अनुसार भारत में जन्म दर कितनी थी?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III

(a) 23.3 (b) 19.5
(c) 21.8 (d) 17.6

Ans. (b) 19.5

❐ नमूना पंजीकरण प्रणाली 2020 के अनुसार, भारत में जन्मदर 19.5 थी।

❐ इस रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक जन्मदर बिहार (25.5) में तथा सबसे कम अन्डमान निकोबार द्वीप (10.8) में थी।

10. एनएफएचएस 5 (NFHS 5) के अनुसार, वर्ष 2019-21 के दौरान भारतीय जनसंख्या का कितना प्रतिशत हिस्सा पीने के पानी से वंचित था?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I

(a) 3.27% (b) 2.06%
(c) 7.32% (d) 5.27%

Ans. (c) 7.32%

❐ राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, वर्ष 2019-21 के दौरान जनसंख्या का 7.32 प्रतिशत हिस्सा पीने के पानी से वंचित था।

11. आजीविका-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) द्वारा वर्ष ________ में शुरू किया गया था।

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I

(a) 2012 (b) 2010
(c) 2011 (d) 2013

Ans. (c) 2011

❐ आजीविका – दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) की शुरुआत जून 2011 में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।

❐ विश्व बैंक द्वारा आंशिक रूप से निवेश सहायता से प्राप्त इस मिशन का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों के लिए कुशल और प्रभावी संस्थागत मंच तैयार करना है, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका संवर्द्धन और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुँच के माध्यम से घरेलू आय बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके।

❐ इस मिशन के चार मुख्य घटक है - 1. ग्रामीण गरीब महिलाओं की स्व-प्रबंधित और आर्थिक रूप से टिकाऊ सामुदायिक संस्थाओं का सामाजिक जुड़ाव और संवर्धन और सुदृढ़ीकरण;2. वित्तीय समावेशन;3. टिकाऊ आजीविका; और 4. सामाजिक समावेशन, सामाजिक विकास और अभिसरण के माध्यम से अधिकारों तक पहुँच।

❐ नवंबर 2015 में इस योजना का नाम बदलकर दीनदयाल अंत्योदय योजना कर दिया गया।

12. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) की लक्षित वृद्धि दर कितनी थी?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II

(a) 7% (b) 9%
(c) 8% (d) 6%

Ans. (b) 9%

❐ ग्यारहवी पंचवर्षीय योजना की लक्षित विकास दर 9 प्रतिशत तथा वास्तविक वृद्धि दर 8 प्रतिशत थी।

पंचवर्षीय योजना	लक्षित विकास दर (%) में	वास्तविक वृद्धि दर (%) में
पहली पंचवर्षीय योजना	2.1%	3.6%
दूसरी पंचवर्षीय योजना	4.5%	4.2%
तीसरी पंचवर्षीय योजना	5.6%	2.8%
चौथी पंचवर्षीय योजना	5.7%	3.3%
पाँचवीं पंचवर्षीय योजना	4.4%	4.8%
छठी पंचवर्षीय योजना	5.2%	5.7%
सातवीं पंचवर्षीय योजना	5.0%	6.0%
आठवीं पंचवर्षीय योजना	5.6%	6.8%
नौवीं पंचवर्षीय योजना	6.5%	5.4%
दसवीं पंचवर्षीय योजना	8.0%	7.6%
ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना	9.0%	8.0%
बारहवीं पंचवर्षीय योजना	8.0%	–

13. मानव विकास रिपोर्ट, 2021-22 (UNDP) के अनुसार, भारत के निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से किसकी रैंकिंग मानव विकास सूचकांक में सर्वोच्च है?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III

(a) भूटान (b) बांग्लादेश
(c) श्रीलंका (d) नेपाल

Ans. (c) श्रीलंका

❐ मानव विकास रिपोर्ट 2021-22 के अनुसार, मानव विकास सूचकांक (HDI) में भारत की रैंक वर्ष 2020 के 130 से घटकर वर्ष 2022 में 132 हो गई थी।

❐ भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका की रैंकिंग 73 थी, जो कि भारत से बेहतर थी।

❐ इस रिपोर्ट की थीम "अनिश्चित समय, अनसुलझा जीवन: परिवर्तन में एक दुनिया में हमारे भविष्य को आकार देन" (Uncertain Times, Unsettled Lives: Shaping our Future in a World in Transformation) थी।

❐ मानव विकास रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, भारत वैश्विक मानव विकास सूचकांक में 134वें स्थान पर है।

❐ इस रिपोर्ट की थीम 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक: रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' थी।

भारत के पड़ोसी राष्ट्रों का प्रदर्शन:

❐ इस रिपोर्ट में श्रीलंका को 78वें स्थान पर रखा गया है, जबकि चीन को 75वें स्थान पर रखा गया है, दोनों देशों को उच्च मानव विकास श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

❐ भारत का स्थान भूटान(125वां स्थान) और बांग्लादेश(129वां स्थान) से भी नीचे है। भारत, भूटान और बांग्लादेश सभी मध्यम मानव विकास श्रेणी में हैं।

❐ नेपाल (146वां स्थान) और पाकिस्तान (164वां स्थान) को भारत से नीचे स्थान दिया गया है।

14. नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS) बुलेटिन 2020 के अनुसार, ग्रामीण और शहरी भारत की मृत्यु दर में कितना अंतर था?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-III

(a) 6.4 (b) 6.0
(c) 5.1 (d) 1.3

Ans. (d) 1.3

❐ नमूना पंजीकरण प्रणाली 2020 के अनुसार, ग्रामीण -शहरी भारत की मृत्यु दर में 1.3 का अंतर था।

❐ इसके अनुसार, देश की शिशु मृत्यु दर (आई.एम.आर.), वर्ष 2014 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 39 से घटकर, वर्ष 2020 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 28 हो गई है।

❐ नवजात मृत्यु दर (एन.एम.आर.), वर्ष 2014 में

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❐ प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 26 से घटकर, वर्ष 2020 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 20 हो गई है।
❐ 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू.एम.आर.) वर्ष 2014 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 45 से घटकर वर्ष 2020 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 32 हो गई है।

15. आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में उच्चतर शिक्षा (Higher Education) में कितने विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-III
(a) 3.9 करोड़ (b) 4.1 करोड़
(c) 2.0 करोड़ (d) 3.7 करोड़
Ans. (b) 4.1 करोड़

❐ आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, भारत में उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2020-21 में 4.1 करोड़ के आँकड़े को पार कर गया।
❐ उल्लेखनीय है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली विश्व स्तर पर सबसे बड़ी है, जिसमें वर्ष 2021-22 में 4.33 करोड़ छात्र नामांकित हैं, जो वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से 26.5% की वृद्धि है। इसी अवधि (2014-15 से 2021-22) के दौरान 18-23 आयु वर्ग के लिए सकल नामांकन अनुपात भी 23.7% से बढ़कर 28.4% हो गया।
❐ 2024-25 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार कुल उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या वर्ष 2014-15 में 51,534 से 13.8 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2022-23 में 58,643 हो गई।

16. 2023 के आँकड़ों के अनुसार, भारत के किस पड़ोसी देश में शिशु मृत्यु दर सबसे कम थी ?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-I
(a) पाकिस्तान (b) श्रीलंका
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल
Ans. (b) श्रीलंका

❐ वैश्विक भूख सूचकांक (जी.एच.आई.) 2023 के अनुसार, भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका की शिशु मृत्यु दर सबसे कम थी।
❐ भारत 125 देशों में से 111वें स्थान पर था, जबकि पड़ोसी देश पाकिस्तान (102वें), बांग्लादेश (81वें), नेपाल (69वें) और श्रीलंका (60वें) सूचकांक में उससे बेहतर स्थिति में हैं। देश 2022 में अपने 107वें स्थान से चार पायदान नीचे खिसक गया था।
❐ इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया में सबसे अधिक बाल-अपंगता दर वाले देशों की सूची में शीर्ष पर है, जो 18.7 प्रतिशत है, जो गंभीर कुपोषण को दर्शाता है।

17. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) सर्वेक्षण के 77वें राउंड के अनुसार, भारत में प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय क्या है, जिसकी गणना भुगतान किए गए व्यय दृष्टिकोण (Paid-out Expenses Approach) का उपयोग करके की गई है?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-I
(a) ₹12,000 (b) ₹8,000
(c) ₹6,426 (d) ₹10,218
Ans. (d) ₹10,218

❐ राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 1 जनवरी, 2019 से 31 दिसंबर, 2019 की अवधि के दौरान आयोजित अपने 77वें दौर के सर्वेक्षण में भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में एकीकृत जांच कार्यक्रम के साथ "परिवारों की भूमि और पशुधन जोत और कृषि परिवारों की स्थिति का आकलन" पर सर्वेक्षण किया।
❐ इस सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय 10,218 रुपए (भुगतान किए गए व्यय दृष्टिकोण का उपयोग करके गणना) है।

18. अनुशीलन समिति एवं युगान्तर किस प्रकार की गतिविधियों से संबंधित थे?
SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I
(a) संवैधानिक सुधार
(b) क्रांतिकारी गतिविधियाँ
(c) अहिंसक विरोध
(d) सामाजिक सुधार
Ans. (b) क्रांतिकारी गतिविधियाँ

❐ अनुशीलन समिति और युगान्तर समिति दोनों ही 20वीं सदी के आरंभ में बंगाल में उभरे क्रांतिकारी संगठन थे, जो भारत की स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र आंदोलन में सक्रिय थे।
❐ सतीश चंद्र, प्रमथ मित्रा, अरबिंदो घोष और सरला देवी द्वारा स्थापित, अनुशीलन समिति बंगाल की पवित्र भूमि से जुड़ी विभिन्न शानदार संस्थानों में से एक थी, जिसने राष्ट्रवादी लेखन, प्रकाशन और स्वदेशी पर जोर देकर देश की अंतरात्मा को अभिव्यक्ति दी। देशबंधु चित्तरंजन दास, सुरेंद्रनाथ टैगोर, जतिंद्रनाथ बनर्जी, बाघा जतिन जैसे महान व्यक्ति अनुशीलन समिति से जुड़े थे।
❐ युगांतर समिति की स्थापना वर्ष 1906 में बारिन्द्र कुमार घोष, भूपेंद्रनाथ दत्त (स्वामी विवेकानंद जी के छोटे भाई) जैसे क्रांतिकारी राष्ट्रवादियों ने मिलकर की थी।

19. SRS बुलेटिन 2020 के अनुसार भारत में मृत्यु दर कितनी थी ?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II
(a) 5 (b) 20
(c) 10 (d) 6
Ans. (d) 6

❐ नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) 2020 के अनुसार, भारत में मृत्यु दर 6 थी।

20. भारत में प्रमुख फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में 2018-19 के केंद्रीय बजट में कौन-सा पूर्व निर्धारित सिद्धांत घोषित किया गया था?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II
(a) उत्पादन लागत का दोगुना
(b) उत्पादन लागत का डेढ़ गुना
(c) उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत कम
(d) उत्पादन लागत के बराबर
Ans. (b) उत्पादन लागत का डेढ़ गुना

❐ वित्तीय वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को किसानों की उत्पादन लागत का डेढ़ गुना करने की घोषणा की थी।
❐ कृषि लागत और मूल्य आयोग'(CACP) द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है।
❐ कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।

21. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की अनुसूचित जनजातियों के लोगों की साक्षरता दर कितनी है?
SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II
(a) 76.23% (b) 51.23%
(c) 84.90% (d) 59.00%
Ans. (d) 59.00%

❐ 2011 की जनगणना के अनुसार, अखिल भारतीय अनुसूचित जनजातियों (ST) की साक्षरता दर 2001 के 47.1 प्रतिशत से बढ़ कर 2011 में 59.0 प्रतिशत हो गई है।
❐ अनुसूचित जनजातियों की साक्षरता दर 2011 में समग्र साक्षरता दर (73 प्रतिशत) की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत कम थी।

22. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 के अनुसार, किस केंद्रशासित प्रदेश में बहुआयामी गरीब आबादी का प्रतिशत सबसे कम है?
SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-II
(a) लक्षद्वीप (b) चंडीगढ़
(c) पुदुचेरी (d) दिल्ली
Ans. (c) पुदुचेरी

❐ राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 के अनुसार, केंद्रशासित प्रदेशों में पुदुचेरी की बहुआयामी गरीबी आबादी का प्रतिशत सबसे कम था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान में बहुआयामी गरीबी निर्धनों की संख्या में सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई।

23. यदि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के एक प्रमुख उद्योग का निजीकरण करने का निर्णय लेती है, तो इसके अनपेक्षित परिणाम क्या हो सकते है?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I
(a) परिचालन दक्षता में वृद्धि
(b) संभावित एकाधिकारी प्रवृत्तियां
(c) सार्वजनिक राजस्व में तत्काल वृद्धि
(d) भ्रष्टाचार में कमी

Ans. (b) संभावित एकाधिकारी प्रवृत्तियां

- सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख उद्यम का निजीकरण करने से संभावित तौर पर एकाधिकारी प्रवृत्तियाँ उत्पन्न हो सकती है।
- निजीकरण द्वारा बड़े उद्योगों को लाभ पहुँचाने के लिये निगमीकरण प्रोत्साहित हो सकता है जिससे धन संकेंद्रण की संभावना बढ़ जाएगी। धन संकेंद्रण और व्यापारिक एकाधिकार के कारण बाजार में स्वस्थ्य प्रतियोगिता का अभाव हो सकता है।

24. प्राथमिक घाटा क्या है?
SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I
(a) कुल घाटा + ब्याज भुगतान
(b) बजट घाटा – पूँजीगत प्राप्तियाँ
(c) राजस्व घाटा + पूँजीगत व्यय
(d) कुल घाटा – ब्याज भुगतान

Ans. (d) कुल घाटा – ब्याज भुगतान

- प्राथमिक घाटा ब्याज भुगतान को छोड़कर राजकोषीय घाटे के समान होता है। यह सरकार की व्यय आवश्यकताओं और इसकी प्राप्तियों के मध्य अंतर को दर्शाता है।
- प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान

25. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक प्रगति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत में 2015-2021 के बीच कितने लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आ गए?
SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-III
(a) 13.5 करोड़ (b) 120.5 करोड़
(c) 15.5 करोड़ (d) 16.5 करोड़

Ans. (a) 13.5 करोड़

- नीति आयोग के "राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति संबंधी समीक्षा 2023" के अनुसार वर्ष 2015-16 से 2019-21 की अवधि के दौरान रिकॉर्ड 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबों की संख्या जो वर्ष 2015-16 में 24.85% थी, गिरकर वर्ष 2019-2021 में 14.96% हो गई, जिसमें 9.89% अंकों की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है।
- इस अवधि के दौरान शहरी क्षेत्रों में गरीबी 8.65 प्रतिशत से गिरकर 5.27 प्रतिशत हो गई, इसके मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों की गरीबी तीव्रतम गति से 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत हो गई है।
- उत्तर प्रदेश में 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से मुक्त हुए जो कि गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट है।

26. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I
(a) शिशु मृत्यु दर को प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 15 से नीचे करना
(b) सभी टीकों के विरुद्ध बच्चों का सार्वभौमिक टीकाकरण प्राप्त करना
(c) लड़कियों के लिए विलंबित विवाह को बढ़ावा देना
(d) 14 वर्ष की आयु तक नि: शुल्क एवं अनिवार्य स्कूली शिक्षा प्रदान करना

Ans. (a) शिशु मृत्यु दर को प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 15 से नीचे करना

- राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 का उद्देश्य कुल प्रजनकता को प्रतिस्थापन स्तर यानी 2 बच्चे प्रति जोड़ा तक लाना है जो इसका मध्य-सत्रीय लक्ष्य है। वर्ष 2045 तक जनसंख्या को स्थिर करना इसका दूरवर्ती लक्ष्य था।
- नीति में प्रेरणा और प्रोत्साहन संबंधी 16 युक्तियाँ भी बताई गई हैं, जिनमें पंचायतों और जिला परिषदों को छोटे परिवारों को प्रोत्साहित करने पर पारितोषिक देना, बाल विवाह विरोधी कानून और प्रसव-पूर्व गर्भ जाँच तकनीक कानून का कड़ाई से पालन, दो बच्चों के प्रतिमान को प्रोत्साहन और नसबंदी की सुविधा को पारितोषिक और प्रोत्साहनों के जरिये मजबूती प्रदान करना है।
- इस नीति के अंतर्गत शिशु मृत्यु दर को प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 30 से कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

27. नमूना पंजीकरण प्रणाली 2020 के अनुसार, भारत में शिशु मृत्यु दर कितनी है?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-I
(a) प्रति हजार जीवित जन्मों पर 28
(b) प्रति हजार जीवित जन्मों पर 19
(c) प्रति हजार जीवित जन्मों पर 44
(d) प्रति हजार जीवित जन्मों पर 31

Ans. (a) प्रति हजार जीवित जन्मों पर 28

- नमूना पंजीकरण प्रणाली 2020 के अनुसार, देश की शिशु मृत्यु दर (IMR), वर्ष 2014 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 39 से घटकर, वर्ष 2020 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 28 हो गई है।
- नवजात मृत्यु दर (NMR), वर्ष 2014 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 26 से घटकर, वर्ष 2020 में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 20 हो गई है।

28. भारत की जनगणना 2001 के अनुसार, अफगानिस्तान से आप्रवासी जनसंख्या का प्रतिशत कितना था?
SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I
(a) 0.3% (b) 0.4%
(c) 0.2% (d) 0.5%

Ans. (c) 0.2%

- भारत की जनगणना 2001 के अनुसार, भारत में अफगानिस्तान से आप्रवासी जनसंख्या का प्रतिशत 0.2 % था।

29. सरकारी संपत्तियों की बिक्री को ________ के रूप में भी जाना जाता है।
SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-III
(a) विनिवेश (b) निवेश
(c) पूंजीकरण (d) व्यावसायीकरण

Ans. (a) विनिवेश

- विनिवेश प्रक्रिया में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में रणनीतिक या वित्तीय खरीदारों को सरकारी हिस्सेदारी की बिक्री शामिल है, जिसे स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयरों की बिक्री के माध्यम से या सीधे खरीदारों को शेयरों की बिक्री के माध्यम से किया जाता।
- विनिवेश से प्राप्त आय का उपयोग विभिन्न सामाजिक और बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिये एवं सरकार के राजकोषीय घाटे को कम करने हेतु किया जाता है।

30. ________ के कारण सभी पंचवर्षीय योजनाओं को समान महत्व नहीं दिया गया।
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III
(a) संसाधनों की सीमा
(b) संसाधनों की उपलब्धता
(c) संसाधनों के निजी स्वामित्व
(d) उपलब्ध संसा धनों की समानता

Ans. (a) संसाधनों की सीमा

- भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था के निर्माण और विकास को प्राप्त करने के लिये स्वतंत्रता के बाद पंचवर्षीय योजनाओं की एक श्रृंखला शुरू की।
- वैश्विक स्तर पर जोसेफ स्टालिन प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने सोवियत संघ में वर्ष 1928 में पंचवर्षीय योजना को लागू किया।
- वर्ष 1951 से 2017 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल पंचवर्षीय योजनाओं पर आधारित नियोजन की अवधारणा पर आधारित था।
- संसाधनों की सीमा के कारण सभी पंचवर्षीय योजनाओं को समान महत्व नहीं दिया गया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

31. नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (New India Literacy Programme) किस वर्ष शुरू हुआ?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II

(a) 2020-21 (b) 2019-20
(c) 2022-23 (d) 2021-22

Ans. (c) 2022-23

- ❒ नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2022-23 में की गई थी।
- ❒ उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के नाम से प्रसिद्ध इस केंद्र प्रायोजित योजना को सभी के लिए शिक्षा (जिसे पहले वयस्क शिक्षा कहा जाता था) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप वित्त वर्ष 2022-27 के दौरान कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- ❒ इस योजना में पाँच घटक, अर्थात् (i) मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, (ii) महत्वपूर्ण जीवन कौशल, (iii) बुनियादी शिक्षा, (iv) व्यावसायिक कौशल, (v) सतत शिक्षा हैं।
- ❒ केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 की तीसरी वर्षगांठ के जश्न के दौरान 29.07.2023 को नई दिल्ली में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के लोगो, नारा/टैगलाइन- जन जन साक्षर और लोकप्रिय नाम- उल्लास (अंडरस्टेंडिंग ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) को लॉन्च किया गया था।

32. चेक की स्थिति जांचने के लिए चेक पर निम्नलिखित में से किस नंबर को नोट किया जाना चाहिए?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-I

(a) मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकॉग्निशन नंबर (Magnetic Ink Character Recognition Number)
(b) इंडियन फाइनेंशियल सिस्टम कोड (Indian Financial System Code)
(c) चेक पर अंतिम संख्या (Last Number on the cheque)
(d) चेक नंबर (Cheque Number)

Ans. (d) चेक नंबर (Cheque Number)

- ❒ चेक की स्थिति जानने के लिए चेक नंबर को नोट करना आवश्यक होता है। यह नंबर चेक के निचले बाएं कोने पर होता है और यह एक अनूठी 6 अंकों की संख्या होती है, जो प्रत्येक चेक के लिए अलग होती है।
- ❒ प्रत्येक चेक पर चेक नंबर अलग-अलग होता है, इसलिए एक ही चेक नंबर वाले दो चेक नहीं हो सकते।

33. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य 'खाद्य, कार्य और उत्पादकता' पर ध्यान केंद्रित करते हुए खाद्यान्न उत्पादन में तेजी लाना, रोजगार और उत्पादकता बढ़ाना था?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-I

(a) तीसरी योजना (b) छठी योजना
(c) सातवीं योजना (d) चौथी योजना

Ans. (c) सातवीं योजना

पंचवर्षीय योजनाएं	प्रमुख उद्देश्य
तीसरी पंचवर्षीय योजना	खाद्यान्न उत्पादन में तेजी लाना तथा रोजगारों के अवसरों में वृद्धि करना।
चौथी पंचवर्षीय योजना	आर्थिक शक्ति के बढ़ते केंद्रीकरण को कम करना और आत्मनिर्भरता के साथ विकास पर ध्यान केंद्रित करना
छठी पंचवर्षीय योजना	निर्धनता उन्मूलन, असमानता में कमी लाना और आधारभूत संरचना का विकास करना।
सातवीं पंचवर्षीय योजना	रोजगार के नए अवसरों को सृजित करना तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना।

34. बजट घाटा किसी देश की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित करता है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I

(a) इससे सरकारी ऋण ग्रहण में वृद्धि हो सकती है।
(b) यह हमेशा तत्काल आर्थिक विकास की ओर ले जाता है।
(c) इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक व्यय में कमी आती है।
(d) यह सरकारी व्यय में अधिशेष को इंगित करता है।

Ans. (a) इससे सरकारी ऋण ग्रहण में वृद्धि हो सकती है।

- ❒ जब सरकारी खर्च, राजस्व से अधिक हो जाता है, तो ऐसी स्थिति बजट घाटा कहलाती है।
- ❒ बजट घाटे से कई तरह की आर्थिक समस्याएं पैदा हो सकती है, जैसे कि मुद्रास्फीति, राष्ट्रीय ऋण में वृद्धि, और ब्याज दरों में वृद्धि आदि।

35. रोजगार कार्यालय सांख्यिकी 2023 के अनुसार, वर्ष 2022 में भारत में लाइव रजिस्टर (Live Register) की नौकरी खोजने वालों में महिलाओं का प्रतिशत कितना था?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-II

(a) 50% (b) 35.9%
(c) 33% (d) 35.6%

Ans. (d) 35.6%

36. भारत सरकार द्वारा जैवप्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना (FYP) के दौरान की गई थी?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III

(a) सातवीं (b) नौवीं
(c) छठी (d) आठवीं

Ans. (a) सातवीं

- ❒ सातवीं पंचवर्षीय योजना (1 अप्रैल, 1985 - 31 मार्च, 1990) के दौरान वर्ष 1986 में जैव प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना ने भारत में आधुनिक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के विकास को एक नई गति दी।
- ❒ जैव प्रौद्योगिकी विभाग जीव विज्ञान में अनुसंधान और इसके अनुप्रयोगों का समर्थन करने वाली नोडल एजेंसी है और देश में जैव प्रौद्योगिकी के विकास और बड़े पैमाने पर उपयोग की गति को बढ़ावा देता है और तेज करता है।

37. निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक (Sector) में सभी व्यावसायिक संस्थाएँ, निगम और भागीदारियाँ शामिल हैं?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) फर्म क्षेत्रक (Firms Sector)
(b) सरकारी क्षेत्रक (Government Sector)
(c) विदेशी क्षेत्रक (Foreign Sector)
(d) घरेलू क्षेत्रक (Household Sector)

Ans. (a) फर्म क्षेत्रक (Firms Sector)

- ❒ फर्म क्षेत्रक अर्थव्यवस्था का वह हिस्सा है जिसमें लाभ कमाने के उद्देश्य से संचालित होने वाले व्यवसाय शामिल होते हैं।
- ❒ फर्म एक संगठित इकाई है जो सामान्यत: वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन या बिक्री को शामिल करती है।
- ❒ इसमें सभी व्यावसायिक संस्थाएं, निगम और भागीदारियाँ शामिल होती हैं।

38. विकास के उच्च स्तर पर कौन-सा क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में अधिक योगदान देता है?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III

(a) उद्योग (b) कृषि
(c) सेवा (d) विदेश

Ans. (c) सेवा

- ❒ सेवा क्षेत्र के अंतर्गत वित्त, बैंकिंग, बीमा, रियल एस्टेट, दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यटन, आईटी और BPO जैसी अमूर्त सेवाएँ प्रदान करने वाले उद्योग शामिल होते हैं। सेवा क्षेत्र को तृतीयक क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।
- ❒ सेवा क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 50% से अधिक का योगदान देता है।
- ❒ देश की जीडीपी में सबसे कम योगदान प्राथमिक क्षेत्र (कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ) का है, इसके बाद द्वितीयक क्षेत्र (उद्योग क्षेत्र) का स्थान है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

39. नमूना पंजीकरण प्रणाली (Sample Registration System - SRS) 2020 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य की जनसंख्या में प्राकृतिक वृद्धि दर सबसे अधिक थी?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II
(a) राजस्थान (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

Ans. (d) बिहार

❐ नमूना पंजीकरण प्रणाली 2020 के अनुसार, बिहार राज्य की जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि वृद्धि दर सबसे अधिक थी।
❐ वर्ष 2020 के दौरान, बिहार ने सबसे अधिक कुल प्रजनन दर 3.0 दर्ज किया था।

40. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना तथा बाह्य आक्रमण व आर्थिक बाधाओं के कारण 'रक्षा और विकास' पर ध्यान केंद्रित करना था?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I
(a) छठी योजना (b) चौथी योजना
(c) तीसरी योजना (d) सातवीं योजना

Ans. (c) तीसरी योजना

❐ तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961) का उद्देश्य भारत को खाद्यान्न उत्पाद में आत्मनिर्भर बनाना तथा बाह्य आक्रमण व आर्थिक बाधाओं के कारण रक्षा और विकास पर ध्यान केंद्रित करना था।
❐ भारत -चीन युद्ध (वर्ष 1962), भारत - पाकिस्तान युद्ध (वर्ष 1965) तथा भीषण सूखे की स्थिति के कारण यह योजना अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकी।
❐ इस योजना का विकास लक्ष्य 5.6% था, लेकिन इसकी वास्तविक वृद्धि दर 2.8% रही।

41. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी की गणना करते समय कितने संकेतक शामिल किए गए थे?
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III
(a) 14 (b) 8
(c) 12 (d) 10

Ans. (c) 12

❐ राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में गरीबी की गणना करने के लिए 12 संकेतक शामिल किए गए।

42. द्वितीय पंचवर्षीय योजना की लक्षित वृद्धि दर कितनी थी?
SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-II
(a) 3.6% (b) 5.6%
(c) 5.2% (d) 4.5%

Ans. (d) 4.6%

❐ द्वितीय पंचवर्षीय की लक्षित वृद्धि दर 4.5% थी तथा वास्तविक वृद्धि दर 4.2 % थी।
❐ यह योजना पी.सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी।
❐ इस योजना का उद्देश्य औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि करना तथा भारी उद्योगों एवं आधारभूत उद्योगों का विकास करना था।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्रक (Tertiary Sector) से संबंधित है?
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-III
(a) विनिर्माण
(b) लोक प्रशासन
(c) विद्युत आपूर्ति सेवाएँ
(d) वानिकी

Ans. (b) लोक प्रशासन

❐ लोक प्रशासन, तृतीयक क्षेत्र से संबंधित एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो सरकार द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं के प्रबंधन और संचालन से संबंधित है। इसमें नीति निर्माण, उसका कार्यान्वयन और मूल्यांकन शामिल हैं।
❐ तृतीयक क्षेत्र को आमतौर पर सेवा क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

44. 'वाणिज्य (Commerce)' शब्द मुख्यत: किसे संदर्भित करता है?
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III
(a) कृषि गतिविधियों को
(b) वस्तुओं के उत्पादन को
(c) वस्तुओं के वितरण को
(d) वस्तुओं के विनिर्माण को

Ans. (c) वस्तुओं के वितरण को

❐ "वाणिज्य" शब्द का अर्थ वस्तुओं और सेवाओं का वितरण, खरीद और बिक्री से जुड़ा व्यापार है, यह एक व्यापक प्रक्रिया है।
❐ वाणिज्य को व्यवसाय का एक उपसमूह माना जाता है।

45. कौन-सी पंचवर्षीय योजना भोजन, कार्य और उत्पादकता पर केंद्रित थी?
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-II
(a) छठी (b) पांचवी
(c) आठवीं (d) सातवीं

Ans. (d) सातवीं

❐ सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) भोजन, कार्य और उत्पादकता पर केंद्रित थी।
❐ इस योजना में प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से औद्योगिक उत्पादकता के स्तर में सुधार पर जोर दिया।
❐ इसके अन्य उद्देश्यों में आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि, खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि और सामाजिक न्याय प्रदान करते हुए रोजगार सृजन करना शामिल था।

46. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में सबसे तेजी से गरीबी में कमी आई है?
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-II
(a) हरियाणा (b) मणिपुर
(c) कर्नाटक (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (d) उत्तर प्रदेश

❐ राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर हुए, जो कि गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट थी।

47. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में विनिवेश का एक प्राथमिक उद्देश्य क्या है?
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II
(a) निजी क्षेत्र की भागीदारी को खत्म करना
(b) सरकार के लिए राजस्व उत्पन्न करना
(c) सार्वजनिक उद्यमों की दक्षता को कम करना
(d) उद्योगों पर सरकारी नियंत्रण में वृद्धि करना

Ans. (b) सरकार के लिए राजस्व उत्पन्न करना

❐ विनिवेश से सरकार के लिए राजस्व प्राप्त होता है, जिसका उपयोग विकास, ऋण भुगतान और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश के लिए किया जा सकता है।
❐ सरकार विनिवेश के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) में अपनी हिस्सेदारी बेचकर राजस्व प्राप्त करती है।

48. निम्नलिखित में से क्या नौवीं पंचवर्षीय योजना का विषय था?
SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I
(a) सार्वजनिक क्षेत्र का विकास एवं तीव्र औद्योगीकरण
(b) गरीबी दूर कर आत्मनिर्भरता की प्राप्ति
(c) सामाजिक न्याय एवं समानता के साथ विकास
(d) समावेशी विकास और साम्यिक विकास को बढ़ावा देना

Ans. (c) सामाजिक न्याय एवं समानता के साथ विकास

❐ नौवीं पंचवर्षीय योजना (1997-2002) का मुख्य विषय सामाजिक न्याय और समानता के साथ विकास था।
❐ इस योजना ने स्वतंत्रता के बाद से भारत के पचास वर्षों को चिह्नित किया और इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री पद का नेतृत्व किया।

49. भारत की जनगणना, 2011 के अनुसार,

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

निम्नलिखित में से किस पूर्वोत्तर राज्य की जनसंख्या सबसे अधिक है?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II
(a) असम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) मणिपुर (d) मिजोरम

Ans. (a) असम

- 2011 की जनगणना के अनुसार, असम की कुल जनसंख्या 3.12 करोड़ थी, जो कि पूर्वोत्तर राज्यों में सर्वाधिक थी।
- इस प्रकार असम की जनसंख्या भारत की 2.58 प्रतिशत थी।
- इस जनगणना के अनुसार, असम की कुल जनसंख्या 31,205,576थी, जिसमें पुरुषों की संख्या 15,939,443 और महिलाओं की संख्या 15,266,133 थी।
- कि असम का कुल क्षेत्रफल 78,438 वर्ग किमी है।

50. प्रकृति से कच्चे माल के निष्कर्षण में कौन-सा उद्योग सम्मिलित है?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-III
(a) विनिर्माण उद्योग (Manufacturing Industry)
(b) निष्कर्षण उद्योग (Extractive Industry)
(c) निर्माण उद्योग (Construction Industry)
(d) सेवा उद्योग (Service Industry)

Ans. (b) निष्कर्षण उद्योग (Extractive Industry)

- निष्कर्षण उद्योग ऐसे होते हैं जिसमें पृथ्वी से तेल, गैस, खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों को निकालना और संसाधित करना जैसी गतिविधियाँ शामिल होती हैं, जैसे - खनन, तेल और गैस ड्रिलिंग, और लकड़ी की कटाई आदि।
- इस प्रकार यह उद्योग कच्चे माल के निष्कर्षण पर केंद्रित होता है।

51. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या में उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का प्रतिशत कितना था?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II
(a) 16.5% (b) 15.5%
(c) 17.5% (d) 14.5%

Ans. (a) 16.5%

- 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश की जनसंख्या भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 16.51% थी।
- इस जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 19.98 करोड़ हो गयी, जो कि वर्ष 2001 की जनगणना में 16.62 करोड़ थी।

52. रंगराजन समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I
(a) बैंकिंग (b) गरीबी
(c) शिक्षा (d) बेरोजगारी

Ans. (b) गरीबी

प्रमुख आर्थिक समितियाँ	स्थापना वर्ष	संबंधित क्षेत्र
नरसिम्हन समिति -1	1991	बैंकिंग
रंगराजन समिति	2012	गरीबी
रघुराम राजन	2007	बैंकिंग (वित्तीय समावेशन और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना)
केलकर समिति	2002	कर संबंधी सुधार

53. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में न्यूनतम आवश्यकता (Minimum Needs) कार्यक्रम शुरू किया गया था?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III
(a) चतुर्थ (b) तृतीय
(c) पांचवीं (d) छठी

Ans. (c) पांचवीं

- न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में शुरू किया गया था।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता की प्राप्ति था।
- इसी योजना के समय 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया गया।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, प्रगतिशील कर प्रणाली (Progressive Tax System) की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-III
(a) कर योग्य राशि बढ़ने पर कर की दर बढ़ती है
(b) व्यक्तियों के लिए कर दर की तुलना में निगमों के लिए अधिक कर दर
(c) सभी आय समूहों के लिए एक समान कर दर
(d) कर योग्य राशि बढ़ने पर कर की दर घट जाती है

Ans. (a) कर योग्य राशि बढ़ने पर कर की दर बढ़ती है

- यदि आय में वृद्धि के साथ - साथ कर की दर में वृद्धि होते जाए तो ऐसी कर प्रणाली को प्रगतिशील या प्रगामी कर प्रणाली कहते हैं।
- इस प्रकार इस कर प्रणाली में कर का वास्तविक भार धनी व्यक्तियों पर अधिक तथा निर्धन व्यक्तियों पर कम पड़ता है।
- भारत में प्रगतिशील कर प्रणाली है।

55. गाडगिल सूत्र (Gadgil formula) का संबंध ________ से है।
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I
(a) सब्सिडी के वितरण
(b) विदेशी निवेशों के वितरण
(c) राज्यों को प्राकृतिक संसाधनों के वितरण
(d) राज्यों के बीच केंद्रीय सहायता के वितरण

Ans. (d) राज्यों के बीच केंद्रीय सहायता के वितरण

- गाडगिल फॉर्मूले के संबंध राज्यों के मध्य केंद्रीय सहायता के वितरण से संबंधित है।
- तीसरी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1961-66) से लेकर वर्ष 1966-1969 तक केंद्र के पास राज्यों को अनुदान देने का कोई निश्चित फार्मूला नहीं था। उस समय तक केवल योजना आधारित अनुदान ही दिये जाते थे। वर्ष 1969 में केंद्रीय सहायता का फार्मूला बनाते समय पाँचवें वित्त आयोग द्वारा डी.आर. गाडगिल फॉर्मूले का अनुमोदन करते हुए तीन राज्यों (असम, नगालैंड और जम्मू-कश्मीर) को विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा दिया गया।
- इस फॉर्मूले का आधार इन राज्यों का आर्थिक पिछड़ापन, दुरूह भौगोलिक स्थिति और वहाँ व्याप्त सामाजिक समस्याएँ थी।

56. पाँचवीं और छठी पंचवर्षीय योजनाओं के बीच शुरू की गई चल योजना (Rolling Plan) के मुख्य उद्देश्य क्या थे?
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II
(a) सामाजिक न्याय एवं आर्थिक स्थिरता के साथ वृद्धि
(b) रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन
(c) आर्थिक संकट प्रबंधन और नीति समायोजन पर ध्यान केंद्रित करना
(d) कृषि विस्तार एवं औद्योगिक वृद्धि

Ans. (c) आर्थिक संकट प्रबंधन और नीति समायोजन पर ध्यान केंद्रित करना

- पाँचवीं और छठी पंचवर्षीय योजना के मध्य शुरू हुई अनवरत योजना या रोलिंग प्लान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक संकट प्रबंधन और नीति समायोजन पर ध्यान केंद्रित करना था।
- यह योजना मोरारजी देसाई सरकार के समय शुरू की गई थी।
- इसका प्रतिपादन गुन्नार मिर्डल की पुस्तक एशियन ड्रामा में किया गया था।

57. जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस उत्तरी राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II

(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) उत्तराखंड (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (d) हिमाचल प्रदेश

❒ जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तरी राज्यों में हिमाचल प्रदेश की साक्षरता दर सबसे अधिक 82.8% थी।
❒ इस राज्य में पुरूष साक्षरता दर. 89.53% तथा महिला साक्षरता दर. 75.93% थी।

58. 'सार्वजनिक प्रावधान (Public Provision)' उन वस्तुओं और सेवाओं को संदर्भित करता है जिन्हें बजट के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है और ____________ है।

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-I

(a) बिना किसी प्रत्यक्ष भुगतान के उपयोग किया जा सकता
(b) केवल ऑनलाइन भुगतान के जरिए उपलब्ध होता
(c) केवल प्रत्यक्ष भुगतान के साथ ही उपयोग किया जा सकता
(d) केवल करदाताओं द्वारा उपयोग किया जा सकता

Ans. (a) बिना किसी प्रत्यक्ष भुगतान के उपयोग किया जा सकता

❒ सार्वजनिक प्रावधान उन वस्तुओं को संदर्भित करता है जिनका वित्तपोषण बजट के द्वारा होता है तथा बिना कोई प्रत्यक्ष भुगतान किए इनका उपयोग किया जा सकता है।
❒ सार्वजनिक वस्तुओं का उत्पादन निजी क्षेत्र के द्वारा या सरकार के द्वारा किया जा सकता है। जब वस्तुओं का उत्पादन सीधे सरकार द्वारा किया जाता है, तो इसे सार्वजनिक उत्पादन कहा जाता है।
❒ सरकार निश्चित वस्तुओं तथा सेवाओं को उपलब्ध करवाती है, जिन्हें बाजार-तंत्र के द्वारा उपलब्ध नहीं करवाया जा सकता इस प्रकार की वस्तुओं के उदाहरण हैं- राष्ट्रीय सुरक्षा, सड़कें तथा सरकारी प्रशासन, जिन्हें सार्वजनिक वस्तुएँ कहा जाता है।

59. विदेशी व्यापार का बाजारों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II

(a) यह प्रतिस्पर्धा को कम करता है।
(b) इससे बाजारों का अधिक एकीकरण होता है।
(c) यह घरेलू वस्तुओं को अधिक महंगा कर देता है।
(d) यह बाजारों को अलग-थलग कर देता है।

Ans. (b) इससे बाजारों का अधिक एकीकरण होता है।

❒ विदेशी व्यापार विभिन्न देशों के बाजारों को एकीकृत करता है क्योंकि यह उत्पादकों और उपभोक्ताओं को अपने देश के बाजारों से बाहर पहुँचने का अवसर प्रदान करता है, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और उपभोक्ताओं के पास अधिक विकल्प उपलब्ध होते हैं।
❒ इससे आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलता है, क्योंकि यह विभिन्न देशों के बीच व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और आर्थिक गतिविधियाँ तेज होती हैं।

60. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में 'परिवार नियोजन' की अवधारणा को एक महत्वपूर्ण उद्देश्य के रूप में पेश किया गया?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III

(a) सप्तम योजना (b) द्वितीय योजना
(c) प्रथम योजना (d) चतुर्थ योजना

Ans. (d) चतुर्थ योजना

❒ चतुर्थ पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1969-1974) में परिवार नियोजन को कृषि उत्पादन के बाद सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी।
❒ इस पंचवर्षीय योजना पर तीसरी पंचवर्षीय योजना की तुलना में आठ गुना अधिक, 2.29 बिलियन रुपये खर्च किए गए थे।

61. भारत सरकार के 2023-24 केंद्रीय बजट के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथन/कथनों की पहचान कीजिए।

(i) प्रधान मंत्री आवास योजना के लिए परिव्यय को ₹79,000 करोड़ से अधिक तक बढ़ाया जा रहा है।
(ii) लक्षित कृषि ऋण (Agriculture Credit) ₹20 लाख करोड़ है।
(iii) सरकार ने कर्नाटक के सूखा संभावित केंद्रीय क्षेत्र को लगभग ₹10,000 करोड़ की केंद्रीय सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I

(a) केवल iii (b) केवल ii
(c) ii और iii (d) i और ii

Ans. (d) i और ii

❒ केंद्रीय बजट 2023-24 में कर्नाटक के सूखा प्रभावित क्षेत्र में परियोजनाओं के लिए 5300 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता की घोषणा की गई थी।

62. उच्च राजकोषीय घाटा किस प्रकार अर्थव्यवस्था से निजी निवेश के बर्हिगमन (Crowding Out) का कारण बन सकता है?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I

(a) बाजार में निजी निवेश में वृद्धि के कारण
(b) उच्च ब्याज दरों और निजी निवेश में कमी के कारण
(c) सरकारी ऋण और कर्ज को कम करने के कारण
(d) व्यवसायों के लिए ऋण की उपलब्धता में वृद्धि के कारण

Ans. (b) उच्च ब्याज दरों और निजी निवेश में कमी के कारण

❒ अधिक राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) कई तरह की आर्थिक समस्याओं को जन्म दे सकता है, जैसे-मुद्रास्फीति, ब्याज दरों में वृद्धि, और सार्वजनिक ऋण में वृद्धि आदि ;इससे अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।
❒ अधिक ब्याज दर और निजी निवेश में कमी के चलते राजकोषीय घाटा निजी निवेश के बर्हिगमन का कारण बन सकता है।

63. केनेसियन अर्थशास्त्र (Keynesian Economics) के संदर्भ में, अति-सक्रिय अर्थव्यवस्था (Overheated Economy) के लिए सरकार की एक आदर्श प्रतिक्रिया क्या होगी?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III

(a) सरकारी व्यय में वृद्धि कर देना
(b) संकुचनकारी राजकोषीय नीतियों को लागू करना
(c) करो में कमी करना
(d) उपभोक्ता व्यय को प्रोत्साहित करना

Ans. (b) संकुचनकारी राजकोषीय नीतियों को लागू करना

❒ किनेसियन अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था में कुल व्यय (जिसे समग्र मांग कहा जाता है) व उत्पादन और मुद्रास्फीति पर इसके प्रभावों का एक सिद्धांत है।
❒ इसके अंतर्गत अति सक्रिय अर्थव्यवस्था के लिए संकुचनकारी राजकोषीय नीति को लागू करना एक आदर्श प्रतिक्रिया होगी।

64. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची के अंतर्गत आता है?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II

(a) समाचार पत्र (b) जुआ
(c) मुद्रा (d) मत्स्य पालन

Ans. (a) समाचार पत्र

❒ भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत समवर्ती सूची में समाचार पत्र, शिक्षा, वन, ट्रेड यूनियन, विवाह, गोद लेना, उत्तराधिकार, स्टाम्प ड्यूटी, ड्रग्स और जहर, बिजली, और आपराधिक कानून जैसे 52 विषय शामिल हैं, जिन पर केंद्र और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं।

65. भारत में हरित क्रांति के बाद कौन-सी क्रांति हुई, जिसमें फलों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-I

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) नीली क्रांति (b) श्वेत क्रांति
(c) पीली क्रांति (d) स्वर्ण क्रांति

Ans. (d) स्वर्ण क्रांति

कृषि क्रांतियाँ	संबंधित क्षेत्र
स्वर्ण क्रांति	फल एवं सब्जियों का उत्पादन तथा मधुमक्खी पालन
पीली क्रांति	तिलहन फसलों का उत्पादन
नीली क्रांति	मत्स्य उत्पादन
श्वेत क्रांति	दुग्ध उत्पादन

66. निम्नलिखित में से कौन-सी, सूक्ष्मवित्त संस्थानों (Micro Finance Institutions) की एक भूमिका है?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-II

(a) विदेशियों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना
(b) छोटे वित्तीय संस्थानों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना
(c) निम्न-आय वर्ग को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना
(d) उच्च-आय वर्ग को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना

Ans. (c) निम्न-आय वर्ग को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना

- भारत में, 1 लाख रुपए से कम के सभी ऋणों को सूक्ष्म ऋण माना जा सकता है। इसकी सेवाओं में सूक्ष्म ऋण,सूक्ष्म बचत और सूक्ष्म बीमा शामिल है।
- सूक्ष्म वित्त संस्थान (MFI) उन लोगों को छोटे ऋण प्रदान करती हैं जो समाज के वंचित और कमजोर वर्गों (निम्न आय वर्ग) से हैं तथा जिनके पास बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच उपलब्ध नहीं है।
- सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ उन कंपनियों को कहा जाता है जो निम्न आय वर्ग के लोगों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिये सस्ती ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराते हैं।

67. निम्नलिखित में से किस प्रकार की वस्तु का लाभ लेने से किसी व्यक्ति को दूर रखा जा सकता है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-II

(a) निजी (Private)
(b) मेरिट (Merit)
(c) फ्री राइडर (Free Riders)
(d) सार्वजनिक (Public)

Ans. (a) निजी (Private)

- निजी वस्तुएँ वे हैं जिनका स्वामित्व और उपयोग केवल उस व्यक्ति या समूह तक सीमित होता है जिसने उन्हें खरीदा है और जिनका उपभोग एक व्यक्ति द्वारा करने पर दूसरे व्यक्ति के लिए उनकी उपलब्धता कम हो जाती है, जैसे - भोजन या कपड़े।
- निजी वस्तुओं का स्वामित्व एक विशिष्ट व्यक्ति या समूह के पास होता है।
- निजी वस्तुओं को दूसरों के साथ साझा नहीं किया जा सकता, लेकिन इन्हें उपयोग या उपभोग के अधिकारों के हस्तांतरण के साथ बेचा जा सकता है।

68. भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि है?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

(a) बिहार (b) तमिलनाडु
(c) हरियाणा (d) केरल

Ans. (d) केरल

69. सरकार की राजकोषीय नीति का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-II

(a) अधिकतम रोजगार सुनिश्चित करना
(b) मुद्रास्फीति को बढ़ावा देना
(c) अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना
(d) USA को माल बेचना

Ans. (a) अधिकतम रोजगार सुनिश्चित करना

- राजकोषीय नीति का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था को स्थिर रखना, अधिकतम रोजगार प्राप्त करना और विकास दर को स्थिर करना है, जिसे मौद्रिक नीति के साथ मिलकर लागू किया जाता है।

70. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में गरीब व्यक्तियों का प्रतिशत सबसे अधिक है?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-II

(a) झारखंड (b) मेघालय
(c) उत्तर प्रदेश (d) आंध्र प्रदेश

Ans. (a) झारखंड

71. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में लिंगानुपात सबसे अधिक है?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I

(a) मणिपुर (b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) नागालैंड

Ans. (c) तमिलनाडु

72. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत कितना था?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III

(a) 10.4% (b) 2.4%
(c) 8.6% (d) 8.2%

Ans. (c) 8.6%

73. तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961-1966) में उल्लेख की गई प्रमुख आर्थिक चुनौती क्या थी?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-I

(a) युद्धकालीन व्यय और संसाधन आवंटन
(b) सेवा क्षेत्र का आरंभ करना
(c) डिजिटल प्रौद्योगिकी उन्नति पर ध्यान केन्द्रित करना
(d) अर्थव्यवस्था का उदारीकरण

Ans. (a) युद्धकालीन व्यय और संसाधन आवंटन

74. डॉ. पी.सी. महालनोबिस को ________ भी कहा जाता है।

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II

(a) हरित क्रांति का जनक (Father of Green Revolution)
(b) आरबीआई का संस्थापक (Founder of RBI)
(c) भारतीय सांख्यिकी का जनक (Father of Indian Statistics)
(d) नई आर्थिक नीति का जनक (Father of New Economic Policy)

Ans. (c) भारतीय सांख्यिकी का जनक (Father of Indian Statistics)

- प्रशांत चंद्र महालनोबिस को 'भारतीय सांख्यिकी का जनक' माना जाता है।
- उनका जन्म 29 जून, 1893 में कलकत्ता (कोलकाता) में हुआ था। इनके जन्मदिवस की याद में 29 जून राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- पी.सी. महालनोबिस का सबसे बड़ा योगदान 'महालनोबिस दूरी' को माना जाता है। इस फॉर्मूले की मदद से एक बिंदु और वितरण के बीच की दूरी को मापा जाता है। इस फॉर्मूले का उपयोग व्यापक रूप से क्लस्टर विश्लेषण और वर्गीकरण के क्षेत्र में किया जाता है।

75. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में गरीब व्यक्तियों का प्रतिशत सबसे अधिक है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-II

(a) मेघालय (b) झारखंड
(c) असम (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (b) झारखंड

76. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य आत्मनिर्भरता प्राप्त करना तथा 'स्थिरता के साथ वृद्धि' करना था?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-III

(a) चतुर्थ योजना (b) सातवीं योजना
(c) छठी योजना (d) द्वितीय योजना

Ans. (a) चतुर्थ योजना

- चौथी पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य आत्मनिर्भरता प्राप्त करना और स्थिरता के साथ वृद्धि करना था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

77. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का कार्यान्वयन आपातकाल के दौरान प्रधानमंत्री के 20 सूत्री कार्यक्रम पर केंद्रित कर दिया गया था?
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-I
(a) पाँचवीं योजना (b) छठी योजना
(c) तीसरी योजना (d) चौथी योजना
Ans. (a) पाँचवीं योजना

78. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, किस केंद्र शासित प्रदेश में जैन आबादी सबसे अधिक है?
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III
(a) पुदुचेरी (b) दिल्ली
(c) लक्षद्वीप (d) दमन और दीव
Ans. (b) दिल्ली

79. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत को बांग्लादेशी शरणार्थियों की घुसपैठ की चुनौती का सामना करना पड़ा?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-II
(a) छठी योजना (b) द्वितीय योजना
(c) चौथी योजना (d) पाँचवीं योजना
Ans. (c) चौथी योजना

- ❒ बीस सूत्रीय कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के कार्यकाल में वर्ष 1975 में शुरू किया गया था।
- ❒ इस कार्यक्रम को पहली बार वर्ष 1982 में और फिर वर्ष 1986 में संशोधित किया गया था।
- ❒ पाँचवी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1974- 1979) के दौरान वर्ष 1975 के आंतरिक आपातकाल की परिस्थितियों में बीस सूत्रीय कार्यक्रम को लागू किया गया।

80. खाद्य आयात पर भारत की निर्भरता पर हरित क्रांति का क्या प्रभाव पड़ा?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-I
(a) खाद्यान्न आयात पर निर्भरता में कमी
(b) खाद्यान्न आयात पर निर्भरता में कोई परिवर्तन नहीं हुआ
(c) खाद्यान्न आयात पूरी तरह से बंद हो गया
(d) खाद्यान्न आयात पर निर्भरता बढ़ी
Ans. (a) खाद्यान्न आयात पर निर्भरता में कमी

- ❒ हरित क्रांति से देश में खाद्यान्न उत्पादन तथा खाद्यान्न गहनता दोनों में तीव्र वृद्धि हुई और भारत अनाज उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो सका।
- ❒ कृषि के मशीनीकरण के चलते कृषि हेतु प्रयोग होने वाली मशीनों के अलावा हाइब्रिड बीजों, कीटनाशकों, खरपतवारनाशी तथा रासायनिक उर्वरकों की मांग में तीव्र वृद्धि हुई।
- ❒ हरित क्रांति तथा मशीनीकरण से उत्पादन में हुई बढ़ोतरी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित हुए।

81. भारत की जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश की जनसंख्या सबसे कम है?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III
(a) चंडीगढ़
(b) दमन और दीव
(c) दादरा और नगर हवेली
(d) पुदुचेरी
Ans. (b) दमन और दीव

82. शुरुआती सात पंचवर्षीय योजनाओं के अंत को निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ष चिह्नित करता है, जो 1950 से शुरू हुई थीं?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-II
(a) 1984 (b) 1990
(c) 1988 (d) 1986
Ans. (b) 1990

83. हरित क्रांति के दौरान कौन-सी नई कृषि पद्धति शुरू की गई थी?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II
(a) पारंपरिक बीजों का उपयोग
(b) जैविक खेती की विधियाँ
(c) आधुनिक सिंचाई तकनीकों का उपयोग
(d) पशु श्रम पर निर्भरता
Ans. (c) आधुनिक सिंचाई तकनीकों का उपयोग

84. 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य में पुरुष एवं महिला साक्षरता दर में अंतर सबसे अधिक है?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II
(a) झारखंड (b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान (d) बिहार
Ans. (c) राजस्थान

85. हरित क्रांति का एक बड़ा नुकसान क्या था?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift- III
(a) शहरीकरण में वृद्धि
(b) औद्योगिकीकरण का कम उपयोग
(c) औद्योगिक वृद्धि में कमी
(d) जैव विविधता की हानि
Ans. (d) जैव विविधता की हानि

- ❒ हरित क्रांति का सबसे बड़ा नुकसान जैव विविधता की हानि थी, जिसमें अत्यधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया गया।
- ❒ इस क्रांति के दौरान भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन भी किया गया।

86. भारतीय जनगणना में किसी व्यक्ति को साक्षर माने जाने के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift- I
(a) 7 वर्ष (b) 10 वर्ष
(c) 5 वर्ष (d) 15 वर्ष
Ans. (a) 7 वर्ष

- ❒ भारतीय जनगणना में किसी व्यक्ति को साक्षर मानने की न्यूनतम आयु 7 वर्ष है।

87. संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष ___ को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष (International Year of Millets)' घोषित किया।
SSC GD 13 Feb. 2025 Shift- III
(a) 2015 (b) 2019
(c) 2021 (d) 2023
Ans. (d) 2023

- ❒ संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अन्तराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया।

88. किस पंचवर्षीय योजना के दौरान 'आत्मनिर्भरता' पर विशेष रूप से जोर दिया गया था?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift- III
(a) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(b) नौवीं पंचवर्षीय योजना
(c) पहली पंचवर्षीय योजना
(d) छठी पंचवर्षीय योजना
Ans. (a) तीसरी पंचवर्षीय योजना

- ❒ तीसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया गया।

89. निम्नलिखित में से कौन 'सार्वजनिक ऋण (Public Debt)' शब्द का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
SSC GD 06 Feb. 2025 Shift- II
(a) सरकार द्वारा किया गया कुल निवेश
(b) सरकार द्वारा अपने ऋणदाताओं को देय कुल धनराशि
(c) किसी देश के नागरिकों द्वारा देय कुल धनराशि
(d) सरकार द्वारा उपार्जित कुल राजस्व
Ans. (b) सरकार द्वारा अपने ऋणदाताओं को देय कुल धनराशि

- ❒ सार्वजनिक ऋण वह धनराशि है जो सरकार द्वारा घरेलू और विदेशी ऋणदाताओं को दी जाती है।
- ❒ इसका वित्तपोषण आमतौर पर बॉण्ड, ट्रेजरी बिल या अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से ऋण जारी करके किया जाता है।

90. ऐसी पहली पंचवर्षीय योजना कौन-सी थी, जिसे पूरी होने से पहले ही समाप्त कर दिया गया और क्यों?
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift- II
(a) द्वितीय योजना, आर्थिक अस्थिरता के कारण
(b) तृतीय योजना, प्राकृतिक आपदाओं के कारण
(c) सातवीं योजना, राजनीतिक संघर्ष के कारण
(d) पाँचवीं योजना, सरकार में परिवर्तन के कारण

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (d) पाँचवीं योजना, सरकार में परिवर्तन के कारण

❒ पाँचवी पंचवर्षीय योजना को उसकी कालावधि से पहले ही सरकार परिवर्तन (वर्ष 1978 में मोरारजी देसाई सरकार के सत्ता में आने के बाद) की वजह से समाप्त कर दिया गया था।

91. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस धार्मिक समुदाय का अनुपात भारतीय जनसंख्या में सबसे कम है?
SSC GD 13 Feb. 2025 Shift- III

(a) जैन धर्म (b) बौद्ध धर्म
(c) सिख धर्म (d) ईसाई धर्म

Ans. (a) जैन धर्म

❒ 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में जैन धर्म सबसे कम जनसंख्या वाला धार्मिक समुदाय है, जो कुल जनसंख्या का 0.4% है।

92. 1951 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर कितनी थी?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift- III

(a) 18.33% (b) 30%
(c) 45.8% (d) 15.44%

Ans. (a) 18.33%

❒ 1951 की जनगणना के अनुसार, भारत की साक्षरता दर 18.33% थी।
❒ 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की साक्षरता दर 74.04 % थी।

93. इंडियन फाइनेंशियल सिस्टम कोड (Indian Financial System Code - IFSC), ____ कैरेक्टर वाला एक कोड है जो उस बैंक और शाखा की पहचान करता है जिसमें आपका खाता है।
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift- III

(a) तेरह (b) ग्यारह
(c) आठ (d) पंद्रह

Ans. (b) ग्यारह

❒ इंडियन फाइनेंशियल सिस्टम कोड (Indian Financial System Code &IFSC) अंकों और अंग्रेजी अक्षरों से मिलकर बना 11 कैरेक्टर का एक यूनिक कोड होता है, जिसमें शुरूआत के चार अक्षर बैंक के नाम को दर्शाते हैं और पांचवां कैरेक्टर आमतौर 0 होता है। आखिरी के 6 अंक ब्रांच के कोड के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।
❒ IFSC का प्रयोग ट्रांजेक्शन के दौरान बैंकों की ब्रांच की पहचान के लिए किया जाता है।
❒ एक ही बैंक के दो ब्रांचों का IFSC कोड भी अलग-अलग होता है।

94. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सात बहन (Seven Sisters) राज्यों में से किस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?
SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

(a) मेघालय (b) मणिपुर
(c) नागालैंड (d) मिजोरम

Ans. (d) मिजोरम

❒ 2011 की जनगणना के अनुसार, सात बहन (Seven Sisters) राज्यों में मिजोरम की साक्षरता दर सबसे अधिक 91.58% है।

95. रोलिंग योजना कब अपनाई गई थी?
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I

(a) आठवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
(b) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
(c) सातवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
(d) छठी पंचवर्षीय योजना के बाद

Ans. (b) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना के बाद

❒ रोलिंग प्लान (वर्ष 1978-1980) पाँचवी पंचवर्षीय योजना के बाद अपनाया गया गया था।

96. संतुलित बजट उस स्थिति को कहा जाता है जहाँ ______________।
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III

(a) निजी राजस्व, सरकारी व्यय के बराबर होता है
(b) सरकारी राजस्व, निजी व्यय के बराबर होता है
(c) सरकारी राजस्व, सरकारी व्यय के बराबर होता है
(d) सरकारी राजस्व, सरकारी निवेश के बराबर होता है

Ans. (c) सरकारी राजस्व, सरकारी व्यय के बराबर होता है

❒ जब सरकारी राजस्व, सरकारी व्यय के बराबर होता है तो ऐसी स्थिति को संतुलित बजट कहते हैं।

97. वर्ष 1973 के वैश्विक तेल संकट का, पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974–1979) पर क्या प्रभाव पड़ा?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III

(a) इससे योजना के औद्योगीकरण उद्देश्यों में तेजी आई
(b) इसका योजना पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा
(c) इससे कृषि पर दिए जाने वाले ध्यान में कमी आई
(d) यह आर्थिक व्यवधान और पुन: प्राथमिकता निर्धारण का कारण बना

Ans. (d) यह आर्थिक व्यवधान और पुन: प्राथमिकता निर्धारण का कारण बना

98. सरकार की विस्तारवादी राजकोषीय नीति से आमतौर पर किस परिणाम की अपेक्षा की जाती है?
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I

(a) उच्च ब्याज दरें
(b) सार्वजनिक व्यय और निवेश में कमी
(c) सरकारी बचत में वृद्धि
(d) आर्थिक विकास को प्रोत्साहन

Ans. (d) आर्थिक विकास को प्रोत्साहन

❒ विस्तारवादी राजकोषीय नीति के अंतर्गत, सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति बढ़ाई जाती है।
❒ इसका उद्देश्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और रोजगार पैदा करना होता है।
❒ इस नीति के माध्यम से सरकार अपने खर्च में बढ़ोतरी करती है तथा करों में कटौती करके बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बनाई जाती हैं।
❒ इसके जरिए राज्य और स्थानीय सरकारों को संघीय अनुदान में वृद्धि की जाती है।

99. निम्नलिखित में से किस प्रकार का उद्योग, न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करता है और प्रकृति की ओर उन्मुख होता है?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III

(a) प्राथमिक उद्योग
(b) जननिक उद्योग
(c) विनिर्माण उद्योग
(d) सेवा उद्योग

Ans. (a) प्राथमिक उद्योग

❒ अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों का सीधे उपयोग करके आर्थिक गतिविधियाँ की जाती हैं। इसमें कृषि, खनन, मत्स्य पालन, वानिकी, डेयरी आदि क्षेत्र शामिल होते हैं।
❒ इसके तहत अधिकांश प्राकृतिक उत्पाद कृषि, डेयरी, वानिकी, मछली पालन से हैं, इसलिए इसे कृषि और संबद्ध क्षेत्र भी कहा जाता है।
❒ प्राथमिक गतिविधियों में लगे लोगों को उनके कार्य की बाहरी प्रकृति के कारण रेड-कॉलर श्रमिक कहा जाता है।

100. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का बाल लिंगानुपात कितना था?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I

(a) 945 (b) 927
(c) 940 (d) 919

Ans. (d) 919

❒ 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का शिशु (बाल) लिंगानुपात 919 था।

101. वैश्वीकरण प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (MNCs) क्या भूमिका निभाती हैं?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार को हतोत्साहित करती हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(b) वे व्यापार पर राष्ट्रीय नीतियों को विनियमित करती हैं।
(c) वे केवल स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देती हैं।
(d) वे विभिन्न देशों में उत्पादन और बाजारों को एकीकृत करती हैं।

Ans. (d) वे विभिन्न देशों में उत्पादन और बाजारों को एकीकृत करती हैं।

❐ बहुराष्ट्रीय कंपनी (MNC) एक ऐसी कंपनी है, जो अपने देश के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य देशों में भी उत्पादन और बाजारों को एकीकृत करती है, जिसका एक केंद्रीय कार्यालय होता है जो सभी अन्य कार्यालयों का प्रबंधन करता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, इंफोसिस टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, हिंडाल्को, विप्रो, आदित्य बिड़ला आदि भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियां हैं।

102. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में बाल लिंगानुपात सबसे कम है?
SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I
(a) छत्तीसगढ़ (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) सिक्किम (d) हरियाणा

Ans. (d) हरियाणा

❐ 2011 की जनगणना के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा में बाल लिंगानुपात (0-6 आयु वर्ग) सबसे कम है, जो 834 है, जबकि बाल लिंगानुपात का राष्ट्रीय औसत 919 है।

103. वर्ष 1951-1990 के दौरान भारत में कुल कितनी पंचवर्षीय योजनाएँ बनाई गईं?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I
(a) 6 (b) 9
(c) 8 (d) 7

Ans. (d) 7

❐ वर्ष 1951 से 1990 के दौरान 7 पंचवर्षीय योजनाएं संचालित की गई है।

104. निम्नलिखित में से कौन-सा, ई-कॉमर्स का लाभ है?
SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-III
(a) ग्राहक सेवाओं में कमी
(b) उत्पादों का सीमित विकल्प
(c) विस्तृत बाजार पहुँच
(d) उच्च परिचालन लागत

Ans. (c) विस्तृत बाजार पहुँच

❐ ई-कॉमर्स' (Electronic Commerce/e-Commerce) मॉडल के अंतर्गत कंपनियों और व्यक्तियों के द्वारा इंटरनेट पर वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद-बिक्री की जाती है।
❐ इसके माध्यम से किताबें, संगीत, हवाई जहाज का टिकट और स्टॉक निवेश एवं ऑनलाइन बैंकिंग जैसी वित्तीय सेवाएं सेवा उपलब्ध है।
❐ ई-कॉमर्स विक्रेताओं को ग्राहको के निकट पहुँचने में सक्षम बनाता है, जिससे उत्पादकता और पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा में वृद्धि होती है। इसके साथ ही, यह न्यूनतम निवेश के साथ वैश्विक बाजार में व्यापक पहुँच प्रदान करता है।

105. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस जिले में लिंगानुपात सबसे कम है?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-II
(a) सूरत (b) कारगिल
(c) दमन (d) चंडीगढ़

Ans. (c) दमन

106. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस दक्षिणी राज्य की साक्षरता दर सबसे कम है?
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I
(a) कर्नाटक (b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) केरल

Ans. (b) आंध्र प्रदेश

107. निम्नलिखित में से क्या बारहवीं पंचवर्षीय योजना का उपशीर्षक (Subtitle) था?
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-II
(a) भोजन, कार्य और उत्पादकता
(b) आत्मनिर्भरता की राह
(c) सामाजिक न्याय एवं समानता के साथ विकास
(d) तीव्र, अधिक समावेशी और धारणीय विकास

Ans. (d) तीव्र, अधिक समावेशी और धारणीय विकास

❐ बारहवी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 2012-17) समावेशी विकास पर केंद्रित थी तथा इसका शीर्षक 'तीव्र, समावेशी एवं सतत् विकास' थी।
❐ इस योजना में गरीबी, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा आजीविका के अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया ताकि योजना में निर्धारित 8 प्रतिशत की विकास दर को हासिल किया जा सकें

108. आर्थिक संवृद्धि का अच्छा संकेतक क्या है?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II
(a) राष्ट्रीय आय (b) राष्ट्रीय उपभोग
(c) विदेशी निवेश (d) सकल घरेलू उत्पाद

Ans. (d) सकल घरेलू उत्पाद

❐ आर्थिक संवृद्धि का सबसे अच्छा संकेतक सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product& GDP) माना जाता है।
❐ उल्लेखनीय है कि सकल घरेलू उत्पाद किसी देश की सीमाओं के भीतर एक विशिष्ट समय अवधि, आम तौर पर एक वित्तीय वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है। यह एक राष्ट्र की समग्र आर्थिक गतिविधि का एक व्यापक माप है।

109. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में गरीबों की संख्या में सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई?
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III
(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) आंध्र प्रदेश (d) बिहार

Ans. (d) बिहार

110. भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केंद्रशासित प्रदेश में बहुआयामी गरीबों का प्रतिशत सबसे अधिक है?
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-I
(a) दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव
(b) दिल्ली
(c) पुदुचेरी
(d) चंडीगढ़

Ans. (a) दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव

111. गिटमिटिया मजदूर कौन होते हैं?
SSC GD 19 Feb. 2019 Shift I
(a) बंधुआ मजदूर जो नए देश की यात्रा का भाड़ा चुकाने के लिए मजदूरी करते हैं।
(b) खरीदा गया श्रमिक
(c) अवैतिकन मजदूर
(d) अफ्रीकी

Ans. (a) बंधुआ मजदूर जो नए देश की यात्रा का भाड़ा चुकाने के लिए मजदूरी करते हैं।

❐ गिटमिटिया मजदूर वे बंधुआ मजदूर है जो नए देश की यात्रा का भाड़ा चुकाने के लिए मजदूरी करते हैं यह प्रतिदिन 12 से 18 घंटे तक की कड़ी मेहनत करते है। इन्हें केवल जीवित रहने लायक भोजन, वस्त्र आदि दिये जाते है।

112. 1966 और 1969 के बीच 'योजना अवकाश' का प्राथमिक कारण क्या था?
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II
(a) आर्थिक उदारीकरण
(b) अव्यवस्थितता
(c) तृतीय पंचवर्षीय योजना की विफलता
(d) राजनीतिक अस्थिरता

Ans. (c) तृतीय पंचवर्षीय योजना की विफलता

❐ वर्ष 1966 से 1969 के मध्य योजना अवकाश का प्राथमिक कारण तीसरी पंचवर्षीय योजना की विफलता थी।
❐ वर्ष 1962 का भारत-चीन युद्ध और वर्ष 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध की घटना के साथ

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

ही, वर्ष 1965 में सूखे की भीषण स्थिति ने तत्कालीन तीसरी पंचवर्षीय योजना की विफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे योजना अवकाश की घोषणा करनी पड़ी।

113. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, किस पूर्वोत्तर राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) असम
(c) मिजोरम (d) त्रिपुरा

Ans. (c) मिजोरम

❒ भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, पूर्वोत्तर में मिजोरम की साक्षरता दर 91.58 % है और यह देश में तीसरे स्थान पर है।
❒ उल्लेखनीय है कि देश में साक्षरता दर 74.04 % है, जिसमें पुरुषों के लिए 82.14% और महिलाओं के लिए 65.46% है।
❒ केरल 93.91 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ देश में शीर्ष स्थान पर है, उसके बाद लक्षद्वीप (92.28 प्रतिशत) और मिजोरम (91.58 प्रतिशत) का स्थान है।
❒ बिहार 63.82 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ देश में अंतिम स्थान पर है, उसके बाद अरुणाचल प्रदेश (66.95 प्रतिशत) और राजस्थान (67.06 प्रतिशत) का स्थान है।

114. औद्योगीकरण के प्रति दृष्टिकोण के संदर्भ में द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-1961) पहली पंचवर्षीय योजना से किस प्रकार भिन्न थी?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II

(a) पूरी तरह से केवल कृषि पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा
(b) सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र को अधिक प्राथमिकता दी गई
(c) भारी उद्योगों से हटकर लघु उद्योगों की ओर ध्यान केंद्रित किया गया
(d) भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया

Ans. (d) भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया

❒ दूसरी पंचवर्षीय योजना वर्ष (1956-1961) में भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया।
❒ यह योजना पी.सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी।
❒ इसके तहत औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

115. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना को 'महालनोबिस योजना' के नाम से भी जाना जाता है?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I

(a) चतुर्थ योजना
(b) द्वितीय योजना
(c) प्रथम योजना
(d) सातवीं योजना

Ans. (b) द्वितीय योजना

❒ द्वितीय पंचवर्षीय योजना को महालनोबिस योजना के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह योजना भारत में 'सांख्यिकी के जनक' पी.सी. महालनोबिस द्वारा तैयार की गई थी।

116. निम्नलिखित में से किस उद्योग को 'सेवा उद्योग' माना जाता है?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II

(a) लौह एवं इस्पात उद्योग
(b) कपड़ा उद्योग
(c) निर्माण उद्योग
(d) पर्यटन उद्योग

Ans. (d) पर्यटन उद्योग

❒ सेवा क्षेत्र को अर्थव्यवस्था का तृतीयक क्षेत्र भी कहा जाता है।
❒ इस क्षेत्र के तहत बैंकिंग, होटल और रेस्टोरेंट, रियल एस्टेट, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक कार्य, कंप्यूटर सेवाएँ, मनोरंजन, मीडिया तथा पर्यटन उद्योग जैसी गतिविधियाँ शामिल होती हैं।

117. किसी अर्थव्यवस्था में, पंचवर्षीय योजना का आधुनिकीकरण लक्ष्य ________ से संबंधित होता है।

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-II

(a) ग्रामीण प्रौद्योगिकी
(b) पारंपरिक प्रौद्योगिकी
(c) नई प्रौद्योगिकी
(d) पुरानी प्रौद्योगिकी

Ans. (c) नई प्रौद्योगिकी

118. भारत में हरित क्रांति कब शुरू हुई?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-III

(a) 1950 (b) 1966
(c) 1975 (d) 1960

Ans. (b) 1966

❒ भारत में हरित क्रांति की शुरुआत वर्ष 1966 में की गई। इसका नेतृत्व मुख्य रूप से एम.एस. स्वामीनाथन द्वारा किया गया।
❒ हरित क्रांति के परिणामस्वरूप खाद्यान्न (विशेषकर गेहूँ और चावल) के उत्पादन में भारी वृद्धि हुई।
❒ हरित क्रांति 1960 के दशक में नॉर्मन बोरलॉग (Norman Borlaug) द्वारा शुरू किया गया एक प्रयास था। इन्हें विश्व में 'हरित क्रांति के जनक' (Father of Green Revolution) के रूप में जाना जाता है।

119. 1956-1961 की पंचवर्षीय योजना किसके द्वारा तैयार की गई थी?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II

(a) हैरोड-डोमर
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) पी.सी. महालनोबिस
(d) डी.आर. गॉडगिल

Ans. (c) पी.सी. महालनोबिस

❒ वर्ष (1956-1961) की द्वितीय पंचवर्षीय योजना पी.सी. महालनोबिस द्वारा तैयार की गई थी।

120. भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से भारत के किस उत्तर-पूर्व राज्य की साक्षरता दर उच्चतम है?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I

(a) मिजोरम (b) असम
(c) मणिपुर (d) नागालैंड

Ans. (a) मिजोरम

❒ भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तर-पूर्वी राज्यों में मिजोरम की साक्षरता दर सबसे अधिक 91.58 % है।

121. औद्योगिक नीति संकल्प-1956 किस पंचवर्षीय योजना के दौरान घोषित किया गया था जिसने 'समाज का समाजवादी स्वरूप' स्थापित किया?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-III

(a) चतुर्थ योजना (b) पंचम योजना
(c) प्रथम योजना (d) द्वितीय योजना

Ans. (d) द्वितीय योजना

❒ औद्योगिक नीति संकल्प - 1956 दूसरी पंचवर्षीय योजना वर्ष (1956 - 1961) के दौरान क्रियान्वित किया गया, जिसने समाज का समाजवादी स्वरूप प्रस्तुत किया।
❒ इस नीति के तहत उद्योगों का तीन श्रेणियों में वर्गीकरण किया गया -
❒ अनुसूची-A,अनुसूची-B तथा अनुसूची-C।
❒ अनुसूची-A के अंतर्गत 17 ऐसे उद्योगों को रखा गया, जिनकी स्थापना सार्वजनिक उद्योगों के रूप में की जानी थी।
❒ अनुसूची-B के अंतर्गत 12 ऐसे उद्योगों को रखा गया, जिनकी स्थापना निजी तथा सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के उद्योगों के रूप में की जानी थी।
❒ अनुसूची-C के अंतर्गत शेष बचे उद्योगों को नीति क्षेत्र के लिए छोड़ दिया गया।

122. निम्नलिखित में से कौन-सा वह प्रमुख कारक है जिसने वैश्वीकरण को सुगम बनाया है?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-III

(a) बढ़े हुए टैरिफ और व्यापार अवरोध
(b) प्रौद्योगिकी में तीव्र सुधार
(c) बहुराष्ट्रीय निगमों में गिरावट
(d) अलगाववादी नीतियाँ

Ans. (b) प्रौद्योगिकी में तीव्र सुधार

❒ प्रौद्योगिकी ने, विशेषकर संचार और परिवहन में सुधार के कारण वैश्वीकरण को तेज किया है, जिससे विभिन्न देशों के बीच व्यापार, सांस्कृतिक

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

आदान-प्रदान और सूचना का आदान-प्रदान आसान हुआ है।
- ❒ वैश्वीकरण के कारण सीमाओं के पार ज्ञान और तकनीक का प्रसार तेज हुआ है।
- ❒ उभरते बाजारों में, तकनीक के हस्तांतरण ने नवाचार और उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायता की है।

123. अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर राज्य के नियंत्रण के उद्देश्य से, औद्योगिक नीति संकल्प, 1956 अधिनियमित किया गया, जो __________ पंचवर्षीय योजना की नींव के रूप में कार्य कर रही थी।
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I
(a) चौथी (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) पहली
Ans. (b) दूसरी
- ❒ औद्योगिक नीति संकल्प - 1956 दूसरी पंचवर्षीय योजना वर्ष (1956–1961) के दौरान क्रियान्वित किया गया।

124. भारतीय संघीय ढाँचे में, किस सूची में वे विषय शामिल हैं जिन पर केंद्र और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं?
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II
(a) अवशिष्ट सूची (Residual List)
(b) राज्य सूची (State List)
(c) संघ सूची (Union List)
(d) समवर्ती सूची (Concurrent List)
Ans. (d) समवर्ती सूची (Concurrent List)
- ❒ भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में तीन सूचियाँ यथा- संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची दी गई हैं।
- ❒ उल्लेखनीय है कि संसद तथा राज्य दोनों ही समवर्ती सूची में शामिल विषयों पर कानून बना सकते हैं।
- ❒ समवर्ती सूची में स्टाम्प ड्यूटी, ड्रग्स एवं जहर, बिजली, समाचार पत्र, आपराधिक कानून, श्रम कल्याण जैसे कुल 52 विषय (मूल रूप से 47 विषय) शामिल हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 1976 के 42वें संशोधन के जरिए राज्य सूची के पाँच विषयों को समवर्ती सूची में स्थानांतरित किया गया था। इन पाँच विषयों में शामिल हैं-(i) शिक्षा (ii) वन्यजीवों एवं पक्षियों का संरक्षण (iii) वन (iv) नाप-तौल (v) न्याय प्रशासन।

125. भारतीय कृषि पर हरित क्रांति का प्राथमिक प्रभाव क्या था?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-III
(a) खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता
(b) औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार में कमी
(c) खाद्यान्न उत्पादन में गिरावट
(d) खाद्यान्न आयात पर निर्भरता बढ़ी
Ans. (a) खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता
- ❒ भारत में हरित क्रांति के प्रभाव के कारण खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता की स्थिति देखी गई।
- ❒ पारंपरिक बीजों के स्थान पर उच्च उत्पादकता किस्म (High Yielding Varieties- HYV) के बीजों के प्रयोग में सिंचाई के लिये अधिक पानी, उर्वरक, कीटनाशक की आवश्यकता होती थी। अतः सरकार ने इनकी आपूर्ति हेतु सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया तथा उर्वरकों आदि पर सब्सिडी देना प्रारंभ किया।
- ❒ प्रारंभ में HYVs का प्रयोग गेहूँ, चावल, ज्वार, बाजरा और मक्का में ही किया गया तथा गैर खाद्यान्न फसलों को इसमें शामिल नहीं किया गया।

126. ग्राहक को वस्तुएँ एवं सेवाएँ खरीदने की क्षमता कहाँ से प्राप्त होती है?
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I
(a) आय
(b) अपेक्षाएँ एवं अनुमान
(c) विज्ञापन
(d) निवेश
Ans. (a) आय

127. 'विनिमय माध्यम (Medium of Exchange)' के रूप में कार्य करना, __________ का एक महत्वपूर्ण कार्य है।
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II
(a) वस्तु (b) मुद्रा
(c) जल (d) धातु
Ans. (b) मुद्रा

128. भारत-पाक युद्ध और आर्थिक संकट के कारण कौन-सी पंचवर्षीय योजना बाधित हुई?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III
(a) पाँचवी योजना (b) तृतीय योजना
(c) प्रथम योजना (d) द्वितीय योजना
Ans. (b) तृतीय योजना

129. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में सूक्ष्मवित्त संस्थानों (Microfinance Institutions) का एक उद्देश्य नहीं है?
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III
(a) सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना
(b) वित्तीय आत्म-निर्भरता प्राप्त करना
(c) महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना
(d) पारिवारिक आय में कमी लाना
Ans. (d) पारिवारिक आय में कमी लाना
- ❒ सूक्ष्म वित्त संस्थानों का मुख्य उद्देश्य निम्न आय वाले लोगों और छोटे व्यवसायों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना है, ताकि वे गरीबी से बाहर निकल सकें और अपना जीवन स्तर सुधार सकें
- ❒ इसके अलावा, सूक्ष्म वित्त संस्थानों के कुछ अन्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं- गरीबी कम करना, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता को बढ़ावा देना,महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक विकास, सकल आय में वृद्धि, सकल बचत में वृद्धि, रोजगार में वृद्धि तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास आदि।

130. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग, कच्चे माल को अंतिम उत्पादों (Finished Products) में बदलने पर ध्यान केंद्रित करता है?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-II
(a) प्राथमिक उद्योग
(b) जननिक उद्योग
(c) विनिर्माण उद्योग
(d) सेवा उद्योग
Ans. (c) विनिर्माण उद्योग
- ❒ विनिर्माण उद्योग में कच्चे माल को मूल्यवान उत्पाद में बदलने की प्रक्रिया शामिल है, जो भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।
- ❒ यह अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

131. मिश्रित अर्थव्यवस्था में कौन-कौन से क्षेत्र मिलकर काम करते हैं?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III
(a) सरकारी और सहकारी
(b) विदेशी और निजी
(c) सरकारी और निजी
(d) निजी और कॉर्पोरेट
Ans. (c) सरकारी और निजी
- ❒ मिश्रित अर्थव्यवस्था एक ऐसी आर्थिक प्रणाली है जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र मिलकर काम करते हैं।
- ❒ इसमें पूंजीवाद और समाजवाद दोनों प्रकार की विशेषता समाहित होती हैं।
- ❒ इस प्रकार की अर्थव्यवस्था में, सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर देश के विकास के लिए नीतियां बनाते हैं।

132. किस विवरण को सरकारी बजट के रूप में भी जाना जाता है?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II
(a) वार्षिक हानि विवरण (Annual Loss Statement)
(b) वार्षिक व्यय विवरण (Annual Expenditure Statement)
(c) वार्षिक वित्तीय विवरण (Annual Financial Statement)
(d) वार्षिक राजस्व विवरण (Annual Revenue Statement)
Ans. (c) वार्षिक वित्तीय विवरण (Annual Financial Statement)
- ❒ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 में 'वार्षिक

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

वित्तीय विवरण' का उल्लेख किया गया है, जिसे सामान्य भाषा में 'संघीय बजट' के नाम से जाना जाता है।
- इसमें आगामी वर्ष के लिये केंद्रीय सरकार की आय तथा व्यय का विवरण समाहित किया जाता है।

133. जनगणना 2011 के अनुसार किस राज्य में पुरुष एवं महिला साक्षरता दर में अंतर सबसे कम है?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) केरल

Ans. (d) केरल

- 2011 की जनगणना के अनुसार, केरल की पुरुष और महिला साक्षरता में अंतर सबसे कम है। केरल ने 93.91% साक्षरता दर के साथ शीर्ष स्थान पर रहते हुए अपना स्थान बरकरार रखा है, यहाँ पुरुष साक्षरता दर 97.4% और महिला साक्षरता दर 95.2% है।
- इस जनगणना के अनुसार, देश में साक्षरता दर 74.04% है, जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 82.14% और महिलाओं की साक्षरता दर 65.46 % है।

134. निम्नलिखित में से किस प्रकार का उद्योग बीजों के लिए पौधों और जन्तुओं के जनन और गुणात्मक वृद्धि से संबंधित है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I

(a) निष्कर्षण उद्योग
(b) जननिक उद्योग
(c) सेवा उद्योग
(d) विनिर्माण उद्योग

Ans. (b) जननिक उद्योग

- जननिक उद्योग (Genetic Industry) में वैज्ञानिक तरीकों से जीवों का विकास करके, विशेष रूप से प्रजनन, आनुवंशिक संशोधन और संकरण द्वारा उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जाता है।
- इस उद्योग में मुख्य रूप से प्राकृतिक संसाधनों जैसे पौधों और जानवरों का उपयोग किया जाता है।
- ऐसे उद्योगों में प्रजनन (Breeding) और आनुवंशिक संशोधन (Genetic Modification) जैसी तकनीकों का प्रयोग करके पौधों और जानवरों की गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार किया जाता है।

135. हरित क्रांति के बाद कृषि पद्धतियों में क्या परिवर्तन देखा गया?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I

(a) कम उपज वाली फसलों से अधिक उपज वाली फसलों की ओर विस्थापन
(b) उर्वरकों के उपयोग में कमी
(c) नकदी फसलों से जीविका खेती की ओर विस्थापन
(d) केवल गेहूँ की एकल कृषि पर ध्यान केंद्रित करना

Ans. (a) कम उपज वाली फसलों से अधिक उपज वाली फसलों की ओर विस्थापन

- हरित क्रांति के बाद, कम उपज वाली फसलों से अधिक उपज वाली फसलों (जैसे गेहूं और चावल) की ओर एक बड़ा विस्थापन हुआ, जिससे खाद्य उत्पादन में वृद्धि हुई, लेकिन जैव विविधता और पारंपरिक कृषि पद्धतियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।
- गेहूँ और चावल पर ध्यान केंद्रित करने से अन्य स्वदेशी फसलों और मोटे अनाज की खेती में कमी देखी गई, जिससे जैव विविधता कम हुई।
- इस क्रांति ने देश के कुछ किसानों और क्षेत्रों (पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश) को लाभ पहुँचाया, जबकि अन्य क्षेत्रों को नुकसान हुआ, जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता में बढ़ोत्तरी हुई।

136. निम्नलिखित में से किसके द्वारा द्वितीय पंचवर्षीय योजना के विकास में ऐतिहासिक योगदान दिया गया था?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

(a) पी.सी. महालनोबिस
(b) जे.एम. कर्न्स
(c) सी.डी देशमुख
(d) जे.के. मेहता

Ans. (a) पी.सी. महालनोबिस

- भारत के प्रमुख सांख्यिकीविद् पी.सी. महालनोबिस द्वारा भारत की दूसरी पंचवर्षीय योजना के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया गया।
- उन्होंने देश में मानव शरीर माप के अध्ययन, एंथ्रोपोमेट्री में भी बहुत योगदान दिया।

137. निम्नलिखित में से कौन-सा उपभोक्ता वस्तु का उदाहरण है?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-II

(a) खाद्य (b) मशीनरी
(c) उपकरण (d) औजार

Ans. (a) खाद्य

- उपरोक्त विकल्पों में से खाद्य उपभोक्ता वस्तु का उदाहरण है।
- खाद्यान्न (अनाज, फल, सब्जियाँ आदि) उपभोक्ता वस्तु का एक उदाहरण है, क्योंकि ये वस्तुएँ उपभोक्ताओं द्वारा अपने उपयोग या आनंद के लिए खरीदी जाती हैं, जो सामान्यत: एक बार ही उपयोग में लायी जाती हैं।

138. निम्नलिखित में से कौन-सा, जननिक उद्योग (Genetic Industry) का एक उदाहरण है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I

(a) कुक्कुट पालन
(b) बांधों का निर्माण
(c) सीमेंट विनिर्माण
(d) खनन

Ans. (a) कुक्कुट पालन

- कुक्कुट पालन और अंडे के उत्पादन के उद्देश्य से पक्षियों, मुख्य रूप से मुर्गियों, बत्तखों, टर्की तथा हंस को पालतू बनाने एवं पालने की प्रथा है, जो जननिक उद्योग की श्रेणी में आता है। यह दुनिया भर में कृषि क्षेत्र का एक महत्त्वपूर्ण घटक है।
- उल्लेखनीय है कि कुक्कुट उद्योग मीथेन, कार्बन डाईआक्साइड, जल अपशिष्ट और ठोस अपशिष्ट सहित महत्त्वपूर्ण अपशिष्ट उत्पन्न करता है, जिससे मृदा एवं जल प्रदूषण होता है।

139. द्वितीय पंचवर्षीय योजना निम्नलिखित में से किस सांख्यिकीविद् के विचारों पर आधारित थी?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-III

(a) प्रशांत चंद्र महालनोबिस
(b) देबूब्रत बसु
(c) समरेन्द्र नाथ राय
(d) जयंत कुमार घोष

Ans. (a) प्रशांत चंद्र महालनोबिस

- द्वितीय पंचवर्षीय योजना प्रशांतचंद्र महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी, जिसका क्रियान्वयन वर्ष 1956 से 1961 के मध्य किया गया।

140. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-79) के मुख्य उद्देश्य क्या थे?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-III

(a) गरीबी हटाना और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना
(b) रक्षा और सैन्य विस्तार
(c) कृषि विकास और शिक्षा
(d) औद्योगीकरण और अवसंरचना

Ans. (a) गरीबी हटाना और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना

- पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1974-1978) का मुख्य उद्देश्य 'गरीबी हटाना और आत्मनिर्भरता की प्राप्ति' करना था।
- इस योजनावधि के दौरान वर्ष 1975 में, विद्युत आपूर्ति अधिनियम में संशोधन किया गया, जिससे केंद्र सरकार बिजली उत्पादन और पारेषण के क्षेत्र में प्रवेश कर सकी।
- इस समय भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली की शुरुआत की गई थी।
- इस योजना के पहले वर्ष में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य बुनियादी न्यूनतम आवश्यकताएँ प्रदान करना था।

141. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या का घनत्व कितना था?

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II

(a) 460 व्यक्ति/km²
(b) 405 व्यक्ति/km²
(c) 382 व्यक्ति/km²
(d) 368 व्यक्ति/km²

Ans. (c) 382 व्यक्ति/km²

❒ 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था।

142. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की जनसंख्या सबसे अधिक है?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-II

(a) तमिलनाडु (b) पश्चिम बंगाल
(c) बिहार (d) राजस्थान

Ans. (c) बिहार

❒ 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार राज्य की जनसंख्या सबसे अधिक है। राज्य की कुल जनसंख्या 10,40,99,452 है, जो देश में तीसरे स्थान पर है।

143. भारत ने ____________ के समाजवादी आदर्श से प्रभावित होकर, 1951 में अपनी पहली पंचवर्षीय योजना शुरू की।

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III

(a) राजेंद्र प्रसाद
(b) भीमराव अंबेडकर
(c) लाल बहादुर शास्त्री
(d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (d) जवाहरलाल नेहरू

❒ भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में जवाहरलाल नेहरू के समाजवादी आदर्शों का गहरा प्रभाव रहा, जिसने देश के विकास और आर्थिक नीतियों को आकार प्रदान किया।
❒ जवाहरलाल नेहरू के समाजवाद को भारत के विकास के लिए एक महत्त्वपूर्ण मार्ग के रूप में देखा और इससे प्रभावित होकर देश में वर्ष 1951 में पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत की गई।
❒ पहली पंचवर्षीय योजना वर्ष 1951 से 1956 तक संचालित की गई।

144. किस संदर्भ में सभी पंचवर्षीय योजनाओं का लक्ष्य 'संवृद्धि (Growth)' था?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I

(a) देश में विदेशी निवेश में वृद्धि
(b) देश की वस्तु और सेवा उत्पादन क्षमता की वृद्धि
(c) जनसंख्या वृद्धि
(d) देश में सेवा और वस्तु के आयात में वृद्धि

Ans. (b) देश की वस्तु और सेवा उत्पादन क्षमता की वृद्धि

❒ पंचवर्षीय योजनाओं का मुख्य लक्ष्य भारत में आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना था।
❒ इन योजनाओं में 'संवृद्धि' का अर्थ देश की वस्तु और सेवाओं के उत्पादन में वृद्धि करना था।

145. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र (Primary Sector) का एक भाग है?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-II

(a) प्रसारण सेवाएं (b) पशुपालन
(c) निर्माण (d) रियल एस्टेट

Ans. (b) पशुपालन

❒ अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत कृषि, खनन, पशुपालन, मछली पकड़ना और वानिकी जैसी गतिविधियाँ शामिल होती हैं।

146. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1979) की एक अनोखी विशेषता क्या थी?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I

(a) इसमें सेवा क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया।
(b) इसने आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत की।
(c) इसमें 'गरीबी हटाओ' पर जोर दिया गया।
(d) यह पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित करने वाली पहली योजना थी।

Ans. (c) इसमें 'गरीबी हटाओ' पर जोर दिया गया।

❒ पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1974- 1979) में 'गरीबी हटाओ' के नारे पर जोर दिया गया।

147. WTO का प्राथमिक कार्य क्या है?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I

(a) केवल घरेलू व्यापार को बढ़ावा देना
(b) वैश्विक पर्यटन को विनियमित करना
(c) विकासशील देशों का वित्तपोषण करना
(d) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना और निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करना

Ans. (d) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना और निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करना

❒ विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation-WTO) की स्थापना 1 जनवरी, 1995 को की गई थी।
❒ "मारकेश समझौते" के तहत WTO की स्थापना की गई।
❒ इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित है।
❒ इसके प्रमुख लक्ष्यों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार हेतु नियमों को उदार बनाना और निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करना है।
❒ यह व्यापार उदारीकरण के विस्तार के लिये बातचीत और निगरानी हेतु एक मंच प्रदान करता है।

148. आधुनिक अर्थव्यवस्था में सेवा उद्योग क्यों महत्त्वपूर्ण है?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II

(a) यह आर्थिक विकास में सहायक गतिविधियों के प्रावधान में मुख्य भूमिका निभाता है।
(b) यह आवश्यक वस्तुओं का विनिर्माण करता है।
(c) यह अन्य उद्योगों को कच्चा माल प्रदान करता है।
(d) यह केवल लघु व्यवसायों को ही प्रभावित करता है।

Ans. (a) यह आर्थिक विकास में सहायक गतिविधियों के प्रावधान में मुख्य भूमिका निभाता है।

❒ सेवा क्षेत्र प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रों के विकास में सहायक गतिविधियों के माध्यम से योगदान देता है, जैसे कि परिवहन, भंडारण, संचार, बैंकिंग और व्यापार, जो उत्पादन प्रक्रिया को सुगम बनाते हैं।

149. व्यापार के संदर्भ में 'थोक व्यापारी' कौन है?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-I

(a) वह व्यक्ति जो माल का परिवहन करता है
(b) वह व्यक्ति जो माल का उत्पादन करता है
(c) वह व्यक्ति जो बड़ी मात्रा में खरीदता और बेचता है
(d) वह व्यक्ति जो छोटी मात्रा में माल खरीदता और बेचता है

Ans. (c) वह व्यक्ति जो बड़ी मात्रा में खरीदता और बेचता है

❒ व्यापार के संदर्भ में थोक व्यापारी वे होते हैं जो बड़ी मात्रा में सामान खरीदते हैं और फिर उन्हें खुदरा विक्रेताओं को बेचते हैं, इसक बाद खुदरा व्यापारी अंततः उन्हें उपभोक्ताओं तक पहुँचाते हैं।
❒ थोक व्यापारी उत्पादक और खुदरा व्यापारी के बीच एक मध्यस्थ की भूमिका निभाते हैं।

150. भारत की जनगणना, 2011 के अनुसार, किस राज्य में महिला साक्षरता दर सबसे कम दर्ज की गई?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-II

(a) पश्चिम बंगाल
(b) ओडिशा
(c) बिहार
(d) झारखंड

Ans. (c) बिहार

❒ भारत की जनगणना 2011 के अनुसार बिहार राज्य की साक्षरता 61.80% है, जिसमें पुरुष साक्षरता 71.20% तथा महिला साक्षरता 51.50% (देश में सबसे कम) है।

151. प्रथम पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-III

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) महालनोबिस मॉडल
(b) हैरॉड-डोमर मॉडल
(c) कीन्सियन मॉडल
(d) गांधीवादी मॉडल

Ans. (b) हैरॉड-डोमर मॉडल

❒ भारत की पहली पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1951-1956) मुख्य रूप से हैरोड-डोमर मॉडल पर आधारित थी।
❒ इसका उद्देश्य कृषि और बुनियादी उद्योगों को बढ़ावा देना था।

152. निम्नलिखित में से कौन-सा, हरित क्रांति का परिणाम नहीं था?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-I

(a) रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर अधिक निर्भरता
(b) कृषि अवसंरचना में सुधार
(c) ग्रामीण जनसंख्या में कमी
(d) खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि

Ans. (c) ग्रामीण जनसंख्या में कमी

❒ ग्रामीण जनसंख्या में कमी करना हरित क्रांति का परिणाम नहीं था।
❒ हरित क्रांति तथा मशीनीकरण से उत्पादन में हुई बढ़ोतरी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित हुए।
❒ इसके अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता, कृषि अवसंरचना में सुधार और खाद्यान्नों (विशेषकर चावल और गेहूँ) में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

153. 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन' (NBHM) का लक्ष्य क्या था?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-I

(a) 'लाल क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना
(b) 'मीठी क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना
(c) 'काली क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना
(d) 'गुलाबी क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना

Ans. (b) 'मीठी क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना

❒ मीठी क्रांति के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (NBHM) कृषि उत्पादन को बढ़ाने, मधुमक्खी पालन क्षेत्र के समग्र विकास तथा वैज्ञानिक रूप से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
❒ राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन की उप-योजनाएं हैं - मिनी मिशन I, मिनी मिशन-II और मिनी मिशन-III।
❒ मिशन-I के अंतर्गत वैज्ञानिक रूप से मधुमक्खी पालन को अपनाकर परागण के माध्यम से विभिन्न फसलों के उत्पादन और उत्पादकता में सुधार के लिए परियोजनाएं संचालित की जाती हैं; मिनी मिशन-II के अंतर्गत मधुमक्खी पालन के बाद का प्रबंधन किया जाता है और मिनी मिशन-III के अंतर्गत अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संबंधी कार्य किया जाता है।

154. पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में, तीसरी योजना अवधि (1961-1966) के दौरान किस बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा?
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-I

(a) 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध
(b) प्रमुख उद्योगों का निजीकरण
(c) शहरी विकास पर अधिक जोर
(d) अंतरिक्ष अनुसंधान पर अधिक ध्यान

Ans. (a) 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध

❒ तीसरी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1961- 1966) के दौरान वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध तथा वर्ष 1965 के भारत - पाकिस्तान युद्ध की चुनौती का सामना करना पड़ा था।

155. खेती, खनन और वानिकी जैसी गतिविधियों में कौन-सा उद्योग सम्मिलित है?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I

(a) जननिक उद्योग
(b) विनिर्माण उद्योग
(c) प्राथमिक उद्योग
(d) सेवा उद्योग

Ans. (c) प्राथमिक उद्योग

❒ प्राथमिक उद्योग में ऐसी गतिविधियाँ सम्मिलित हैं जो सीधे प्रकृति से संसाधन प्राप्त करते हैं, जैसे कृषि, खनन, मत्स्यन, वानिकी,आदि।
❒ इसके अलावा, द्वितीयक क्षेत्र वस्तुओं का विनिर्माण करता है और तृतियक क्षेत्र सेवाएं प्रदान करता है।

156. प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-1956) का मुख्य लक्ष्य क्या था?
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-2

(a) तीव्र औद्योगीकरण
(b) कृषि विकास
(c) भारी उद्योगों का विकास
(d) उद्योगों का निजीकरण

Ans. (b) कृषि विकास

❒ प्रथम पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1951-1956) का लक्ष्य कृषि उत्पादन में वृद्धि था। इसके अलावा, इसके लक्ष्यों में उत्पादन, आय तथा धन का समान वितरण शामिल था।

157. व्यापार में विज्ञापन की क्या भूमिका है?
SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

(a) व्यवसायों को विश्वविख्यात करना
(b) माल का परिवहन करना
(c) ग्राहकों को सूचित एवं आकर्षित करना
(d) माल का उत्पादन करना

Ans. (c) ग्राहकों को सूचित एवं आकर्षित करना

❒ व्यापार में विज्ञापन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं के बारे में जागरूक कर बिक्री बढ़ाता है और ब्रांड को मजबूत करने का कार्य करता है।
❒ किसी उत्पाद की मांग विज्ञापन का परिणाम है। विज्ञापन न केवल ग्राहकों और कंपनियों या उत्पादकों बल्कि बड़े पैमाने पर समाज की सहायता भी करता है।

158. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में पंचवर्षीय योजनाओं का एक उद्देश्य था?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-2

(a) आत्मविश्वास (b) स्वयंसाक्षरता
(c) आत्मनिर्भरता (d) आत्मप्रेरणा

Ans. (c) आत्मनिर्भरता

❒ देश को आत्मनिर्भर बनाना पंचवर्षीय योजनाओं का एक प्रमुख उद्देश्य था।

159. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना कब शुरू की गई थी?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-2

(a) 1951 (b) 1950
(c) 1956 (d) 1947

Ans. (a) 1951

❒ भारत की पहली पंचवर्षीय योजना वर्ष 1951 में प्रारंभ होकर 1956 तक संचालित की गई थी।

160. भारत में योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?
SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I

(a) ब्रिटिश संस्कृति का अनुसरण करना
(b) निजीकरण की प्रक्रिया शुरू करना
(c) विकास प्रक्रिया की शुरुआत करना
(d) अस्थिरता की शुरुआत करना

Ans. (c) विकास प्रक्रिया की शुरुआत करना

❒ भारत में पंचवर्षीय योजनाओं का मुख्य उद्देश्य विकास प्रक्रिया की शुरुआत करना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना था, जिसमें गरीबी, बेरोजगारी और आधारभूत ढाँचे की कमी जैसी समस्याओं का समाधान करना शामिल था।

161. पहली और दूसरी पंचवर्षीय योजनाओं के मुख्य लक्ष्य क्षेत्र कौन-से थे?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) कृषि एवं उद्योग क्षेत्र
(b) कृषि और विदेशी क्षेत्र
(c) उद्योग और सेवा क्षेत्र
(d) कृषि एवं सेवा क्षेत्र

Ans. (a) कृषि एवं उद्योग क्षेत्र

पंचवर्षीय योजना	मुख्य लक्ष्य
पहली पंचवर्षीय योजना	कृषि विकास
दूसरी पंचवर्षीय योजना	औद्योगिक विकास

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

पंचवर्षीय योजना	मुख्य लक्ष्य
तीसरी पंचवर्षीय योजना	खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि और रोजगार के अवसरों में वृद्धि
चौथी पंचवर्षीय योजना	सामाजिक समानता और विकास की प्रक्रिया को तीव्र करना
पाँचवीं पंचवर्षीय योजना	गरीबी उन्मूलन और आत्मनिर्भरता
छठी पंचवर्षीय योजना	असमानता में कमी करना और आधारभूत अवसंरचना का विकास
सातवीं पंचवर्षीय योजना	रोजगार सृजन, कृषि उत्पादन में वृद्धि
आठवीं पंचवर्षीय योजना	शताब्दी के अंत तक मानव शक्ति का पूर्ण उपयोग
नौवीं पंचवर्षीय योजना	कीमत स्थिरता के साथ संवृद्धि, कृषि एवं ग्रामीण विकास
दसवीं पंचवर्षीय योजना	स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी सुधार करके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना
ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना	शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, पर्यावरण संरक्षण
बारहवीं पंचवर्षीय योजना	तीव्र, सतत एवं अधिक समावेशी विकास

162. निम्नलिखित में से किसे भारत में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में जाना जाता है?
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III
(a) एम. एस. स्वामीनाथन
(b) नॉर्मन बोरलॉग
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) वर्गीज कुरियन

Ans. (a) एम. एस. स्वामीनाथन

- भारत में हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को माना जाता है।
- हरित क्रांति के परिणामस्वरूप खाद्यान्न (विशेषकर गेहूँ और चावल) के उत्पादन में भारी वृद्धि हुई, जिसकी शुरुआत 20वीं शताब्दी के मध्य में विकासशील देशों में नए, उच्च उपज देने वाले किस्म के बीजों के प्रयोग के कारण हुई।
- हरित क्रांति की प्रारंभिक सफलता मेक्सिको और भारतीय उपमहाद्वीप में देखी गई।

163. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में पुरुष साक्षरता दर सबसे अधिक दर्ज की गई थी?
SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-III
(a) सिक्किम (b) गोवा
(c) केरल (d) मिजोरम

Ans. (c) केरल

- 2011 की जनगणना के अनुसार, केरल की पुरुष साक्षरता दर 96.11% देश, में सबसे अधिक और महिला साक्षरता दर 92.07% है।
- उल्लेखनीय है कि इस जनगणना के तहत, केरल का औसत लिंगानुपात 1,084 है जो प्रति 1000 पुरुषों पर 943 महिलाओं के राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

164. प्रथम पंचवर्षीय योजना में किस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I
(a) अवसंरचना (b) कृषि
(c) रक्षा (d) भारी उद्योग

Ans. (b) कृषि

- प्रथम पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1951 – 1956) में कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

165. भारत में हरित क्रांति के कारण किस फसल के क्षेत्रफल और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I
(a) गन्ना और दालें
(b) चाय और कॉफी
(c) गेहूं और चावल
(d) चावल और कपास

Ans. (c) गेहूं और चावल

- भारत में हरित क्रांति के कारण विशेषकर 1960 के दशक में गेहूँ और चावल के क्षेत्रफल और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।
- वर्ष 1966-67 तथा वर्ष 1977-78 की अवधि में हुई हरित क्रांति भारत को खाद्यान्न की कमी वाले देश की श्रेणी से निकालकर विश्व के अग्रणी कृषि देशों की श्रेणी में परिवर्तित कर दिया।

166. भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में साक्षरता दर सबसे अधिक है?
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III
(a) केरल (b) असम
(c) गोवा (d) तमिलनाडु

Ans. (a) केरल

- भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, केरल की साक्षरता दर 93.91 प्रतिशत देश में सबसे अधिक है।
- इसके अनुसार, केरल की साक्षरता दर 93.91 प्रतिशत, लक्षद्वीप की 92.28 % और मिजोरम की 91.58 % हैं।

167. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?
SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-III
(a) तमिलनाडु (b) केरल
(c) हिमाचल प्रदेश (d) मणिपुर

Ans. (b) केरल

- भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, केरल की साक्षरता दर 93.91 प्रतिशत देश में सबसे अधिक है।

168. हरित क्रांति, अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र से संबंधित है?
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-I
(a) कृषि क्षेत्र
(b) वित्तीय क्षेत्र
(c) औद्योगिक क्षेत्र
(d) सेवा क्षेत्र

Ans. (a) कृषि क्षेत्र

- हरित क्रांति कृषि क्षेत्र से संबंधित है।

169. भारत में हरित क्रांति का प्राथमिक लक्ष्य क्या था?
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III
(a) औद्योगिक विकास
(b) जनसंख्या वृद्धि में कमी करना
(c) विदेशी व्यापार को बढ़ावा देना
(d) कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना

Ans. (d) कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना

- हरित क्रांति से आशय वर्ष 1960 और 1970 के दशक में शुरू किए गए कृषि नवाचारों और प्रथाओं से है।
- इस क्रांति के फलस्वरूप विशेष रूप से भारत जैसे विकासशील देशों में खाद्य उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

170. भारत की निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना के अंत में देश में पाँच आईआईटी (IIT) स्थापित किए गए?
SSC GD 20 Feb. 2024 Shift-III
(a) तीसरी (b) पहली
(c) चौथी (d) दूसरी

Ans (b) पहली

प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56)
- हैरॉड-डोमर मॉडल पर आधारित थी।
- कृषि को उच्च प्राथमिकता दी गई ताकि खाद्यान्न उत्पादन में देश आत्मनिर्भर बन सके।
- अनेक सिंचाई परियोजनाएँ जैसे- भाखड़ा-नांगल, हीराकुण्ड, व्यास, दामोदर घाटी, शुरू की गई।
- सामुदायिक विकास कार्यक्रम (2 Oct, 1952) की शुरूआत की गई।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

171. हरित क्रांति निम्नलिखित में से किसके आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने में सहायक थी?

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift III

(a) मशीनरी (b) अनाज
(c) कपड़ा (d) पेट्रोलियम

Ans (b) अनाज

❒ हरित क्रांति के फलस्वरूप गेहूँ एवं चावल के उत्पादन में तीव्र वृद्धि हुई और भारत खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बन गया।

❒ भारत में हरित क्रांति लाने का श्रेय एम.एस. स्वामीनाथन को दिया जाता है। जबकि दुनिया में हरित क्रांति लाने का श्रेय अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन. बोरलॉग को जाता है।

172. मूल्यह्रास के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

I. अचल संपत्तियों के उसके उपयोगी जीवन के दौरान घिसावट के कारण उसके मूल्य में होने वाली हानि को मूल्यह्रास कहा जाता है।

II. मूल्यह्रास में अप्रत्याशित या अचानक विनाश को शामिल नहीं किया जाता है।

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift III

(a) केवल I
(b) I और II दोनों
(c) न तो I और न ही II
(d) केवल II

Ans (b) I और II दोनों

❒ वस्तुओं के सामान्य प्रयोग के कारण उनके मूल्यों मे होने वाली गिरावट को मूल्यह्रास कहते हैं।

173. सरकार को सलाह देने के लिए नीति आयोग नामक एक .... की स्थापना की गई थी।

SSC GD 11 Feb. 2024 Shift II

(a) सामाजिक विचारक समूह
(b) धार्मिक विचारक समूह
(c) नीति विचारक समूह
(d) नैतिक विचारक समूह

Ans (c) नीति विचारक समूह

❒ 1 जनवरी, 2015 को नीति आयोग की स्थापना हुई। इसने योजना आयोग को प्रतिस्थापित किया।

❒ NITI आयोग का पूर्णस्वरूप - National Institution for Transforming India

❒ भारत के प्रधानमंत्री नीति आयोग के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

174. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय रिजर्व बैंक का/के कार्य है/हैं?

I. मुद्रा जारी करना

II. आखिरी कर्जदाता

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift II

(a) केवल I
(b) केवल II
(c) I और II दोनों
(d) न तो I और न ही II

Ans (c) I और II दोनों

❒ देश का केंद्रीय बैंक होने के नाते RBI के कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य निम्नलिखित हैं–

❒ बैंकों का विनियमन करना (बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949) के तहत

❒ सरकार के बैंकर के तौर पर कार्य करना

❒ बैंकों के बैंकर के तौर पर कार्य करना

❒ मौद्रिक नीति की समीक्षा करना

❒ मुद्रा जारी करना

❒ विदेशी मुद्रा भण्डार का प्रबंधन करना।

❒ मुद्रा बाजार का नियमन करना

175. स्वतंत्रता के बाद, भारत ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के .... प्रभाव में 1951 में अपनी पंचवर्षीय योजना (FYP) लॉन्च की।

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift II

(a) अधिनायकवादी पूँजीवाद
(b) पूँजीवादी
(c) अराजकतावाद
(d) समाजवादी

Ans (d) समाजवादी

❒ समाजवादी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन एवं वितरण पर राज्य का स्वामित्व होता है इसमें उत्पादन, आपूर्ति, कीमत सभी का निर्णय सरकार द्वारा किया जाता है।

176. नीली क्रांति .... से संबंधित है।

SSC GD 11 Feb. 2019 Shift III

(a) नील उत्पादन (b) जूट उत्पादन
(c) मत्स्य उत्पादन (d) कृषि

Ans. (c) मत्स्य उत्पादन

❒ नीली क्रांति 'मत्स्य उत्पादन' से सम्बन्धित है भारत में इसकी शुरूआत सातवीं पंचवर्षीय योजना जो 1985 से वर्ष 1990 के बीच कार्यान्वित की गई में हुई थी।

❒ **नीली क्रांति के जनक :** हीरालाल चौधरी और अरुण कृष्णन को माना जाता है।

फसल या उत्पाद	क्रांति
पेट्रोलियम	काली क्रांति
मछली उत्पादन	नीली क्रांति
जूट उत्पादन	गोल्डन फाइबर क्रांति
आलू	गोल क्रांति
दूध उत्पादन	श्वेत क्रांति
उर्वरक	ग्रे क्रांति
अंडा	रजत क्रांति
प्याज और झींग उत्पाद	गुलाबी क्रांति
तिलहन फसलें	पीली क्रांति
मधुमक्खी पालन	सुनहरी क्रांति
मांस उत्पादन और टमाटर उत्पादन	लाल क्रांति

177. भारत सरकार के निम्नलिखित में से कौन-सा विभाग भुगतान बैंक का संचालन करता है?

SSC GD 18 Feb. 2019 Shift II

(a) वित्तीय समावेशन विभाग
(b) लेखा संबंधी मामलों का विभाग
(c) आर्थिक मामलें विभाग
(d) डाक विभाग

Ans. (d) डाक विभाग

❒ भुगतान बैंक का संचालन भारत का डाक विभाग करता है।

❒ भारतीय डाक भुगतान बैंक की शुरूआत सितम्बर 2018 में की गई थी।

178. बैंक खाता या वित्तीय संस्थान में बिना किसी निर्दिष्ट परिपक्वता तिथि वाली जमा राशि को क्या कहते हैं?

SSC GD 14 Feb. 2019 Shift I

(a) चालू जमा (b) नाममात्र जमा
(c) आवर्ती जमा (d) सावधि जमा

Ans. (a) चालू जमा

❒ बैंक खाते या वित्तीय संस्थान में बिना किसी निर्दिष्ट परिपक्वता तिथि बाकी जमा राशि को 'चालू जमा ' कहा जाता है।

❒ चालू जमा को करंट अकाउंट भी कहा जाता है जिसमें अकाउंट कम्पनी या कारोबारियों के लिए होता है।

179. अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार, काला धन, आतंकवाद और नकली मुद्रा के प्रसार की समस्या से निपटान के लिए नोटबंदी भारत सरकार द्वारा .... में चलाई गई एक नई पहल थी।

SSC GD 30 Mar. 2024 Shift I

(a) नवंबर 2016 (b) अक्टूबर 2017
(c) नवंबर 2017 (d) अक्टूबर 2016

Ans. (a) नवंबर 2016

❒ नवंबर 2016 में भारत सरकार ने ₹500 व ₹1000 के नोटों को प्रचलन से बाहर किया था, तथा ₹500 व ₹1000 के नोटों के Legal Tender Status (वैधानिक मुद्रा स्टेटस) को वापस ले लिया। अर्थात अब उन्हें विनिमय के माध्यम के तौर पर स्वीकार करना अनिवार्य नहीं होगा और उनके स्थान पर ₹500 व ₹2000 के नये नोट जारी किये।

180. जब कोई व्यक्ति बिना कोई दूसरी नौकरी ढूंढें, एक नौकरी छोड़ देता है (या तो स्वेच्छा से या

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

अनिच्छा से), तो वह .... से गुजर रहा होता है।

SSC GD 30 Mar. 2024 Shift I

(a) मौसमी बेरोजगारी
(b) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(c) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(d) चक्रीय बेरोजगारी

Ans. (c) घर्षणात्मक बेरोजगारी

- इच्छा, क्षमता एवं योग्यता होने के बावजूद भी रोजगार न मिल पाना ऐसी स्थिति को बेरोजगारी कहते हैं।
- बेरोजगारी अनेक प्रकार की होती है। जिनमें कुछ प्रकार निम्नलिखित हैं।
- **अदृश्य/प्रच्छन्न बेरोजगारी-** कार्यरत श्रमिकों की संख्या आवश्यकता से अधिक होती है। अर्थात कुछ व्यक्तियों को कार्य से हटा दिया जाये तो भी उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता ऐसी बेरोजगारी में सीमांत उत्पादकता शून्य होती है। प्रच्छन्न बेरोजगारी ज्यादातर कृषि क्षेत्र में देखी जाती है।
- **संरचनात्मक बेरोजगारी-** अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन के कारण उत्पन्न बेरोजगारी संरचनात्मक बेरोजगारी कहलाती हैं। तकनीकी में परिवर्तन के कारण संरचनात्मक बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होती है जैसे- Black&White TV सही करने वाला व्यक्ति LED ठीक नहीं कर पा रहा ऐसी स्थिति में वो बेरोजगार हो जाता है।
- भारत में सर्वाधिक लोग संरचनात्मक बेरोजगारी से ग्रसित हैं।
- बेरोजगारी के आँकड़ों का संग्रह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) करता है जबकि बेरोजगारी की रिपोर्ट नीति आयोग तैयार करता है।

181. पंचवर्षीय योजनाएं, ... आयोग नामक निकाय द्वारा तैयार, कार्यान्वित और विनियमित की गईं।

SSC GD 07 Mar. 2024 Shift III

(a) अनुभागीय (b) योजना
(c) वार्षिक (d) वरिष्ठ

Ans. (b) योजना

- 15 मार्च, 1950 को योजना आयोग का गठन किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू तथा उपाध्यक्ष गुलजारी लाल नंदा थे।
- 1 जनवरी, 2015 से नीति आयोग की स्थापना के बाद योजना आयोग को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया गया।

182. .... ऋण ग्रहण को छोड़कर सरकार के कुल व्यय और कुल प्राप्तियों के बीच का अंतर है।

SSC GD 07 Mar. 2024 Shift III

(a) राजकोषीय घाटा
(b) राजस्व आधिक्य
(c) प्राथमिक घाटा
(d) राजस्व घाटा

Ans. (a) राजकोषीय घाटा

घाटों के कुछ महत्त्वपूर्ण प्रकार निम्नलिखित हैं-
- राजकोषीय घाटा = कुल व्यय - ऋण को छोड़कर कुल प्राप्ति
- प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा - ब्याज भुगतान
- राजस्व घाटा = राजस्व व्यय - राजस्व आय/प्राप्ति

183. गरीबी रेखा के आकलन के लिए रंगराजन समिति ने किस वर्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की?

SSC GD 07 Mar. 2024 Shift III

(a) 2016 (b) 2014
(c) 2012 (d) 2010

Ans. (b) 2014

- गरीबी रेखा के आकलन के लिए अन्य महत्त्वपूर्ण समितियाँ
- दांडेकर एवं रथ समिति (1971) - भारत में गरीबी का पहला व्यवस्थित आकलन किया
- वाई. के. अलघ (1979) – गरीबी रेखा के निर्धारण में कैलोरी को आधार बनाया
- डी.टी. लकड़ावाला समिति (1993) - राज्यवार गरीबी रेखा का निर्धारण किया।
- सुरेश तेंदुलकर समिति (2009) - गरीबी रेखा के निर्धारण में खर्च को आधार बनाया

184. .... वे संगठित संस्थान हैं जो जमाकर्ताओं से जमा स्वीकार करते हैं और कर्जदारों को अग्रिम ऋण देते हैं।

SSC GD 07 Mar. 2024 Shift III

(a) होटल (b) अस्पताल
(c) बैंक (d) विद्यालय

Ans. (c) बैंक

- बैंक ऐसे वित्तीय संस्थान हैं जो जमाकर्त्ताओं से जमा स्वीकार करते है तथा जरूरतमंदो को ऋण प्रदान करते हैं अर्थात् बैंक जमाकर्त्ताओं और ऋणधारकों के बीच मध्यस्थ का कार्य करते हैं। ये बैंकों का प्राथमिक कार्य है। इसके अलावा बैंक अन्य कार्य भी करता है। जैसे-
- एक बैंक अकाउंट से दूसरे बैंक अकाउंट में धन राशि ट्रांसफर करना।
- क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड जारी करना।

185. मुद्रा आपूर्ति के माप के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

SSC GD 07 Mar. 2024 Shift III

I. M1 और M2 को संकुचित मुद्रा कहा जाता है।
II. M3 और M4 को व्यापक मुद्रा कहा जाता है।

(a) I और II दोनों
(b) केवल I
(c) न तो I और न ही II
(d) केवल II

Ans. (a) I और II दोनों

- RBI द्वारा मौद्रिक नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, मुद्रास्फीति नियंत्रण तथा आर्थिक संवृद्धि के लिए मुद्रा की मात्रा (Stock) का पता लगाना आवश्यक है इसके लिए RBI कुछ मापकों (Measure) का प्रयोग करता है जो निम्नलिखित हैं।

M_0 = प्रचलन में मुद्रा + RBI में बैंकरों का जमा + RBI के पास अन्य जमा

M_1 = जनता के पास मुद्रा + वाणिज्यिक बैंक के पास माँग जमा

M_2 = जनता के पास मुद्रा + वाणिज्यिक बैंक के पास माँग जमा + डाकखाने में बचत जमा

M_3 = M_1 + बैंकों में सावधि जमा

M_4 = M_3 + डाकखाने में कुल जमा

- M_0 को उच्च शक्ति मुद्रा, M_1 व M_2 को संकुचित मुद्रा तथा M_3 व M_4 को व्यापक मुद्रा कहा जाता है।

186. भारत में नियोजित आर्थिक विकास निम्नलिखित में से किस वर्ष में शुरू हुआ?

SSC GD 07 Mar. 2024 Shift I

(a) 1991 (b) 1961
(c) 1951 (d) 1978

Ans (c) 1951

- आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम दोहन करने की प्रक्रिया ही आर्थिक नियोजन कहलाता है।
- भारत की पंचवर्षीय योजना सोवियत संघ की नियोजित विकास की अवधारणा से प्रेरित हैं

187. व्यापार एवं उद्योग के संबंध में 'स्कोमेट (SCOMET)' क्या है?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

(a) भारत की राष्ट्रीय निर्यात नियंत्रण सूची
(b) नया विशेष आर्थिक क्षेत्र
(c) ई-मार्केट में विनिर्माण वस्तुओं को सूचीबद्ध करने के लिए पोर्टल
(d) भारत में नई व्यापार नीति की रूपरेखा

Ans (a) भारत की राष्ट्रीय निर्यात नियंत्रण सूची

188. निम्नलिखित में से कौन-सा निर्धनता का कारण नहीं है?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

(a) उत्पादकता का निम्न स्तर
(b) जनसंख्या की धीमी वृद्धि

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(c) अर्थव्यवस्था की अविकसित प्रकृति
(d) राज्य की नीतियां

Ans (b) जनसंख्या की धीमी वृद्धि

189. एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST) अधिनियम, ... में संशोधन करता है।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift III

(a) 2013 (b) 2019
(c) 2015 (d) 2017

Ans (d) 2017

- GST को 1 July, 2017 से लागू किया गया।
- GST के प्रकार
  1. एकीकृत जी एस टी (IGST)
  2. केन्द्रिय जी एस टी (CGST)
  3. राज्य जी एस टी (SGST)
- GST एक अप्रत्यक्ष कर है। GST ने अनेक केन्द्रीय तथा राज्य अप्रत्यक्ष करों को समाप्त कर दिया है।
- GST विजय केलकर समिति की अनुशंसा के आधार पर लाया गया।
- GST के माध्यम से कर के दोहरे प्रभाव को समाप्त किया गया।
- GST पर निर्णय का अधिकार GST Council (परिषद्) को है। केन्द्रीय वित्त मंत्री इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं।
- GST की दरें- 0%, 5%, 12%, 18%, 28%
- GST टैगलाइन - एक देश, एक कर, एक बाजार
- फ्रांस GST लागू करने वाला प्रथम देश था।

190. उच्च उत्पादन देने वाले (HYV) बीजों के उपयोग के माध्यम से भारत में हरित क्रांति में मुख्य रूप से कौन-सी फसलें शामिल थीं?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

(a) कपास और जूट
(b) गेहूँ और धान
(c) फल और सब्जियाँ
(d) दलहन और तिलहन

Ans (b) गेहूँ और धान

- भारत में 1960 के दशक में उत्पन्न खाद्यान्न संकट की समस्या से निपटने के लिए वर्ष 1966-67 में मैक्सिको से लाये गये उच्च उपज वाले गेहूँ व धान के बीजों का प्रयोग किया गया इसके परिणामस्वरूप हरियाणा, पंजाब तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गेहूँ एवं चावल के उत्पादन में तीव्र वृद्धि देखने को मिली।

191. औद्योगिक क्षेत्र द्वारा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में किए जाने वाले योगदान का अनुपात 1950-51 में 11.8 प्रतिशत से बढ़कर 1990-91 में .... प्रतिशत हो गया।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift III

(a) 24.6 (b) 20.6
(c) 26.6 (d) 22.6

Ans (a) 24.6

- **सकल घरेलू उत्पाद:-** एक वित्तीय वर्ष में एक देश की आर्थिक सीमा के अंतर्गत उत्पादित समस्त अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं के कुल मौद्रिक मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहते है।
- 1950-51 में कृषि क्षेत्र का योगदान GDP में 55.2% था जबकि द्वितीयक क्षेत्र का योगदान 16.6% था परंतु समय के साथ प्राथमिक क्षेत्र की हिस्सेदारी घटती गई तथा द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र का योगदान बढ़ता गया।
- वर्तमान में तृतीयक क्षेत्र या सेवा क्षेत्र का योगदान GDP में सर्वाधिक है।

192. संतुलित बजट से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. सरकार जमा आय के बराबर राशि खर्च कर सकती है। इसे संतुलित बजट कहा जाता है।

B. अगर इससे ज्यादा खर्च करने की जरूरत पड़ती है, तो बजट को संतुलित रखने के लिए, करों के माध्यम से राशि प्राप्त करनी पड़ेगी।

सही कथन / कथनों को पहचानिए।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift III

(a) केवल B
(b) न तो A और न ही B
(c) केवल A
(d) A और B दोनों

Ans (d) A और B दोनों

बजट को हम तीन भागों में बाँट सकते हैं-

1. संतुलित बजट ⇒ कुल प्राप्ति = कुल व्यय
2. आधिक्य बजट ⇒ कुल प्राप्ति > कुल व्यय
3. घाटा बजट ⇒ कुल प्राप्ति < कुल व्यय

193. 20वीं सदी के मध्य में भारत में 'लाइसेंस राज' .... की एक प्रणाली को संदर्भित करता है।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift III

(a) औद्योगिक लाइसेंसिंग
(b) आयात प्रतिबंध
(c) निर्यात प्रोत्साहन
(d) व्यापार संघों

Ans (a) औद्योगिक लाइसेंसिंग

- लाइसेंस राज से तात्पर्य-एक ऐसी जटिल प्रणाली से है, जिसमें उद्योगों को स्थापित करने के लिए लंबी एवं जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना होता था इसके कारण 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' काफी बुरी स्थिति में था, परंतु वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किये गये।

194. एक ही भूमि पर एक साथ दो या दो से अधिक फसलें उगाना कौन-सी फसल प्रणाली से संबंधित है?

SSC GD 15 Feb. 2019 Shift II

(a) मिश्रित (b) जटिल
(c) अंतर (d) साधारण

Ans. (a) मिश्रित

- मिश्रित फसल उत्पादन दो या दो से अधिक फसलों को संयुक्त रूप से उगाने की क्रिया है।
- हमारे देश में फसल प्रणाली, फसल चक्र, सघन खेती आदि प्रणालियाँ अपनाई जाती है।

195. अर्थशास्त्री .... नें 1998 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया।

SSC GD 11 Feb. 2019 Shift I

(a) अमर्त्यसेन
(b) रघुराम राजन
(c) अभिजीत विनायक बनर्जी
(d) डॉ० मनमोहन सिंह

Ans. (a) अमर्त्यसेन

- नोबेल पुरस्कार भौतिकी, रसायन, साहित्य, शान्ति, चिकित्सा और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में दिया जाता है।
- 1998 में अमर्त्य सेन को अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
- 2019 में अभिजीत बनर्जी को अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार मिला जो एक भारतीय मूल के अमेरिकी अर्थशास्त्री है।

196. चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए विकास लक्ष्य .... के संबंध में निर्धारित किए गए थे।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift II

(a) निवल घरेलू उत्पाद
(b) राष्ट्रीय आय
(c) सकल घरेलू उत्पाद
(d) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

Ans (a) निवल घरेलू उत्पाद

चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) के मुख्य बिन्दु:-

- डी. आर. गाडगिल मॉडल पर आधारित
- बैंकों पर सार्वजनिक नियंत्रण स्थापित करने के लिए 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण
- जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम लागू किया।
- रोजगार के अधिकाधिक अवसरों का सृजन करना।

197. भारत सरकार का कौन-सा कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों को 100 दिनों का वेतन रोजगार प्रदान करता है?

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift I

(a) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना
(b) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
(c) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
(d) प्रधानमंत्री रोजगार योजना

Ans (c) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

❐ ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण जैसी समस्याओं के समाधान के लिए केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना सन् 2006 में प्रारंभ की। सन् 2009 में इसका नाम बदलकर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी अधिनियम (मनरेगा) कर दिया गया। मनरेगा का कार्यान्वयन भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

198. किसी फर्म की पूँजी के स्टॉक में वृद्धि को .... के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift I

(a) निवेश (b) संचय
(c) पूँजी लाभ (d) पूँजी हानि

Ans (a) निवेश

❐ पूँजीगत वस्तुओं के स्टॉक में वृद्धि को निवेश कहा जाता है। जिससे आगे उत्पादन को बढ़ाया जाता है।

199. निम्नलिखित में से कौन-सी खरीफ की फसल है?

SSC GD 22 Nov. 2021 Shift I

(a) मटर (b) कद्दू
(c) मूँगफली (d) गेहूँ

Ans. (c) मूँगफली

खरीफ की प्रमुख फसलें हैं-

* धान	* मक्का
* ज्वार	* बाजरा
* मूंग	* मूँगफली
* गन्ना	* सोयाबीन
* कपास	

200. .... नीति के अनुसार, उद्योगों को, किसी विदेशी देश में बने वाहनों को आयात करने के बजाय उनका उत्पादन भारत में ही करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift I

(a) भारतीय प्रतिस्थापन
(b) निर्यात प्रतिस्थापन
(c) ग्रामीणीकरण
(d) आयात प्रतिस्थापन

Ans (d) आयात प्रतिस्थापन

201. भारत को अपना केन्द्रीय बैंक किस वर्ष मिला?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift I

(a) 1933 (b) 1935
(c) 1937 (d) 1931

Ans (b) 1935

❐ भारत का केन्द्रीय बैंक RBI है।
❐ हिल्टन यंग कमीशन (रॉयल कमीशन) की अनुशंसाओं के आधार पर RBI अधिनियम 1934 के तहत 1 अप्रैल, 1935 में RBI की स्थापना कलकत्ता में की गई। 1937 में RBI का मुख्यालय स्थानांतरित करके मुंबई लाया गया। 1 जनवरी, 1949 को RBI का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।
❐ सर ओसबोर्न स्मिथ RBI के प्रथम गवर्नर थे तथा RBI के प्रथम भारतीय गवर्नर सी.डी देशमुख थे।

202. चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान पेश किए गए गाडगिल फॉर्मूला (Gadgil Formula) का उद्देश्य राज्यों को उनके .... के आधार पर योजना सहायता आवंटित करना था।

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift I

(a) औद्योगिक उत्पादन एवं व्यापार संतुलन
(b) जनसंख्या एवं प्रति व्यक्ति आय
(c) क्षेत्र एवं साक्षरता दर
(d) कृषि उत्पादन एवं निर्यात

Ans (b) जनसंख्या एवं प्रति व्यक्ति आय

203. भारत की नौवीं पंचवर्षीय योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift IV

I. यह योजना सामाजिक न्याय और समानता के साथ विकास पर केंद्रित थी।
II. नौवीं पंचवर्षीय योजना की समयावधि 1997-2002 थी।

(a) केवल I
(b) न तो I और न ही II
(c) I और II दोनों
(d) केवल I

Ans (c) I और II दोनों

नौवी पंचवर्षीय योजना (1997-2002)
❐ मुख्य लक्ष्य सामाजिक न्याय एवं समानता के साथ विकास
❐ पर्याप्त रोजगार का सृजन
❐ निर्धनता उन्मूलन के उद्देश्य हेतु कृषि एवं ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देना।
❐ जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करना।
❐ अंत्योदय अन्न योजना (2000) तथा सर्वशिक्षा अभियान की शुरूआत।
❐ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत सन् (2000) में इसी योजना के दौरान हुई।

204. 1944 में विभिन्न उद्योगपति एक साथ आए और भारत में एक नियोजित अर्थव्यवस्था स्थापित करने के लिए एक संयुक्त प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया। इसे .... प्लान के नाम से जाना जाता है।

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift IV

(a) बॉम्बे (b) आगरा
(c) पुणे (d) नई दिल्ली

Ans (a) बॉम्बे

❐ भारत के आठ प्रमुख पूँजीपतियों के द्वारा देश के आर्थिक विकास की योजना तैयार की गई। इसे ही बॉम्बे प्लान के नाम से जाना जाता है। इनमें प्रमुख थे- पुरुषोत्तम दास ठाकुरदास, जे आर डी टाटा, जी.डी. बिडला, लाला श्री राम, जॉन मथाई आदि।
❐ इसमें निम्न विषयों पर बल दिया गया।
❐ कृषि पुनर्संरचना का लक्ष्य, जमींदारी प्रथा का उन्मूलन
❐ औद्योगिक क्षेत्र के विकास पर बल एवं लघु, मध्यम और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन
❐ अनिवार्य उपभोक्ता वस्तु उद्योगों का विकास

205. मुद्रा की पूर्ति के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift IV

A. आधुनिक अर्थव्यवस्था में, मुद्रा के अंतर्गत नकदी और बैंक जमाएं आती हैं।
B. ये दो प्रकार की संस्थाओं द्वारा निर्मित किए जाते है: अर्थव्यवस्था की केंद्रीय बैंक तथा व्यावसायिक बैंकिंग व्यवस्था।

सही कथन / कथनों की पहचान कीजिए।

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift III

(a) A और B दोनों
(b) केवल A
(c) न तो A और न ही B
(d) केवल B

Ans (a) A और B दोनों

❐ आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा (Money) के अंतर्गत सभी करेंसी नोट सिक्के तथा बैंक जमाएँ आती है।
❐ ₹2 से अधिक मूल्य के नोट RBI द्वारा जारी किए जाते है जबकि सभी सिक्के तथा ₹1 का नोट भारत सरकार जारी करती है। जनता द्वारा वाणिज्यिक बैंक में माँग जमा तथा समय जमा भी मुद्रा के अंतर्गत आती हैं। माँग जमा को खाता धारक द्वारा मांगे जाने पर बैंक द्वारा देना आवश्यक है। जबकि समय जमा समयावधि पूरी होने के बाद ही खाताधारक निकाल सकता है। अन्यथा उस पर पेनल्टी देनी होती है।

206. भारतीय वित्त वर्ष (Financial Year) किस तारीख से शुरू होता है?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

(a) 1 मार्च (b) 31 मार्च
(c) 1 अप्रैल (d) 1 जनवरी

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans (c) 1 अप्रैल

❒ भारत सरकार का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है।

❒ वर्तमान में RBI का वित्तीय वर्ष भी 1 अप्रैल से 31 मार्च तक है। (सन् 2020 से पहले RBI का वित्तीय वर्ष 1 जुलाई से 30 जून होता था।)

207. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में श्रम (Labour) का सबसे अधिक अवशोषण करने वाला क्षेत्र है?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift III

(a) उद्योग (b) बैंकिंग
(c) कृषि (d) सेवा

Ans (c) कृषि

❒ कृषि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में सर्वाधिक श्रम का अवशोषण करता है। जोत का आकार छोटा होने के कारण कृषि क्षेत्र का सीमित मशीनीकरण हुआ है। कृषि क्षेत्र श्रमगहन (Labour Intensified) क्षेत्र है। प्रच्छन्न बेरोजगारी से सर्वाधिक ग्रसित क्षेत्र भी कृषि क्षेत्र है।

208. भारत में पंचवर्षीय योजना के दौरान रोलिंग योजना (rolling plan) की समय अवधि क्या थी?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift III

(a) 1971-73 (b) 1978-80
(c) 1968-70 (d) 1975-78

Ans (b) 1978-80

❒ रोलिंग योजना सिद्धांत का प्रतिपादन सर्वप्रथम गुन्नार मिर्डल ने किया था।

❒ मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी की सरकार ने वर्ष 1978 अनवरत् योजना की शुरूआत की हालांकि वर्ष 1980 में सरकार बदल जाने के कारण अनवरत योजना भी समाप्त हो गई।

❒ इस योजना के दौरान उच्च मूल्यों की मुद्रा का विमुद्रीकरण, जनवितरण प्रणाली का विस्तार आदि कार्य किये गये।

209. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य कितनी वृद्धि दर का था?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift IV

(a) 3.1 प्रतिशत (b) 4.1 प्रतिशत
(c) 2.1 प्रतिशत (d) 1.1 प्रतिशत

Ans (c) 2.1%

❒ प्रथम पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य विकास दर 2.1% था तथा वास्तविक विकास दर 3.6% थी।

210. तीव्र औद्योगीकरण भारत की निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य था?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift II

(a) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(b) दूसरी पंचवर्षीय योजना
(c) चौथी पंचवर्षीय योजना
(d) पहली पंचवर्षीय योजना

Ans (b) दूसरी पंचवर्षीय योजना

❒ द्वितीय पंचवर्षीय योजना महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी।

❒ तीव्र औद्योगिकरण, आत्मनिर्भरता और भारी पूँजीगत वस्तुओं के उत्पादन पर बल

❒ दुर्गापुर, भिलाई और राउरकेला में इस्पात संयंत्र स्थापित किये।

❒ यातायात एवं संचार के साधनों का विकास करना अन्य प्रमुख लक्ष्य था।

❒ आय व संपत्ति की असमानता को कम करना।

211. 1770 में भारत में स्थापित होने वाला पहला बैंक कौन-सा था?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift I

(a) बैंक ऑफ हिंदुस्तान
(b) अवध कमर्शियल बैंक
(c) पंजाब नेशनल बैंक
(d) भारतीय स्टेट बैंक

Ans (a) बैंक ऑफ हिंदुस्तान

❒ बैंक ऑफ हिंदुस्तान भारत में स्थापित होने वाला प्रथम बैंक था।

❒ उसके बाद तीन प्रेसीडेंसी बैंकों की स्थापना हुई।

बैंक ऑफ बंगाल (1806)

बैंक ऑफ बॉम्बे (1840)

बैंक ऑफ मद्रास (1843)

❒ इलाहाबाद बैंक की स्थापना वर्ष 1865 में हुई वर्ष 2020 में इसका इंडियन बैंक में विलय कर दिया गया।

❒ पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना वर्ष 1894 में हुई लाला लाजपत राय इसके संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

❒ 1921 में तीनों प्रेसीडेंसी (बैंक ऑफ बंगाल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और बैंक ऑफ बॉम्बे) बैंकों को मिलाकर इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की गई जिसे आगे चलकर वर्ष 1955 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बना दिया गया।

❒ 19 जुलाई, 1969 को 14 व्यावसायिक बैंको का राष्ट्रीयकरण किया गया।

❒ 15 अप्रैल, 1980 को 6 बैंको का राष्ट्रीयकरण किया गया।

212. .... बजट से, भारत में बजट घाटा दिखाने की प्रथा बंद कर दी गई है।

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift I

(a) 1996-97 (b) 1995-96
(c) 1997-98 (d) 1992-93

Ans (c) 1997-98

❒ बजट का अर्थ है सरकार की कुल अनुमानित प्राप्तियों और व्ययों का विवरण।

❒ जब कुल व्यय, कुल प्राप्तियों से अधिक हो तो उसे बजट घाटा कहते हैं।

❒ सरकार ने बजट घाटे पर नियंत्रण तथा राजकोषीय प्रबंधन में सुधार के लिए राजकोषीय जवाब देहिता एवं बजट प्रबंधन अधिनियम (FRBM), 2003 पारित किया।

213. निम्नलिखित में से छठी पंचवर्षीय योजना की समयावधि कौन-सी है?

SSC GD 05 Mar. 2024 Shift I

(a) 1980-1985 (b) 1974-1979
(c) 1992-1997 (d) 1985-1990

Ans (a) 1980-1985

छठी पंचवर्षीय योजना (1980-85 ई.)

❒ इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, रोजगार में वृद्धि करना तथा राष्ट्रीय आय में वृद्धि करना था।

❒ नाबार्ड (1982) तथा एक्ज़िम (1982) बैंक की स्थापना भी इसी पंचवर्षीय योजना के दौरान हुई।

214. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

A. 1 जुलाई, 2017 से लागू किया गया, वस्तु एवं सेवा कर (GST), निर्माता/सेवा प्रदायकों से उपभोक्ताओं को सीधे ही वस्तुओं एवं सेवाओं की पूर्ति करने पर लगाया गया एकल व्यापक अप्रत्यक्ष कर (Single Comprehensive Indirect Tax) है।

B. यह गंतव्य आधारित उपभोग कर (Destination Based Consumption tax) है जिसमें पूर्ति श्रृंखला में आगत कर जमा (Input Tax Credit) की सुविधा है।

सही कथन / कथनों को पहचानिए।

(a) केवल B
(b) केवल A
(c) A और B दोनों
(d) न तो A और न ही B

Ans (c) A और B दोनों

❒ संविधान में GST का प्रावधान 101वाँ भारतीय संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से किया गया।

❒ GST ने केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा लगाये जाने वाले अनेक करों को प्रतिस्थापित कर दिया है। GST से पहले केन्द्र सरकार द्वारा लगाये जाने वाले कर-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर, केन्द्रीय बिक्री कर आदि। राज्य सरकार द्वारा लगाये जाने वाले कर वैट, प्रवेश कर, विलासित कर, चुंगी, मनोरंजन कर आदि ये सभी कर अब GST में समाहित हो चुके हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- GST एक अप्रत्यक्ष कर है। GST को 1 जुलाई, 2017 से लागू किया गया।
- GST के माध्यम से कर के दोहरे प्रभाव (Cascading Effect) को समाप्त कर दिया गया।

215. व्यापार और उद्योग के संबंध में, 'DPIIT' का पूर्ण रूप क्या है?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

(a) डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड
(b) डेवलपमेंट एंड प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनेशनल ट्रेड
(c) डेवलपमेंट एड प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड
(d) डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एड इंटरनेशनल ट्रेड

Ans (a) डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड

- भारत सरकार द्वारा शुरू की गई औद्योगिक नीति का निर्माण एवं क्रियान्वयन
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए नीतियां बनाना, बढ़ावा देना और सुविधा प्रदान करना
- बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित नीतियां बनाना
- DPIIT को 2019 से पहले Department of Industrial Policy and Promotion (DIPP) के नाम से जाना जाता था।

216. हरित क्रांति के पहले चरण में, HYV बीजों के उपयोग से मुख्य रूप से किन राज्यों को लाभ हुआ?

SSC GD 06 Mar. 2024 Shift IV

(a) पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार
(b) तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक
(c) पंजाब, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु
(d) राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र

Ans (c) पंजाब, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु

- हरित क्रांति वर्ष 1960 के दशक में नॉर्मन बोरलॉग द्वारा शुरू किया गया कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने का एक प्रयास था इन्हें विश्व में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है।
- वर्ष 1970 में नॉर्मन बोरलॉग को उच्च उपज देने वाली किस्मों (HYV) को विकसित करने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- भारत में हरित क्रांति का नेतृत्व मुख्य रूप में एम.एस. स्वामीनाथन ने किया।

217. किसी देश की अर्थव्यवस्था में सरकारी बजट का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या है?

SSC GD 01 Mar. 2024 Shift III

(a) संसाधनों का कुशलतापूर्वक आवंटन करना
(b) मुद्रास्फीति दर ज्ञात करना
(c) सकल घरेलू उत्पाद ज्ञात करना
(d) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देना

Ans (a) संसाधनों का कुशलतापूर्वक आवंटन करना

- बजट किसी अर्थव्यवस्था की एक वित्तीय वर्ष की अनुमानित प्राप्तियों तथा व्ययों का विवरण होता है। अगर भारत के संदर्भ में देखे तो भारत सरकार का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है भारतीय संविधान के अनुच्छेद-112 के अंतर्गत बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण कहा गया है।

बजट के घटक
- राजस्व बजट
  - राजस्व प्राप्ति
  - राजस्व व्यय
- पूँजीगत बजट
  - पूँजीगत प्राप्ति
  - पूँजीगत व्यय

218. .... एक ऐसी संपत्ति है, जिसका मालिक कर्जदार है (जैसे भूमि, भवन, वाहन, पशुधन, बैंकों में जमा राशि) और इसका इस्तेमाल वह ऋणदाता को गारंटी देने के रूप में करता है, जब तक की ऋण का भुगतान नहीं हो जाता।

SSC GD 01 Mar. 2024 Shift II

(a) समर्थक ऋणाधार
(b) देनदारियां
(c) ऋण
(d) स्थायी परिसंपत्तियां

Ans (a) समर्थक ऋणाधार

- जब कर्जदार किसी से ऋण लेते हैं तो ऋणदाता के पास उसे कुछ गिरवी (Collateral) रखना होता है गिरवी (Collateral) एक गारंटी की तरह होती है यदि कर्जदार ऋण को लौटाने मे असमर्थ होता है तो ऐसे में ऋणदाता गिरवी रखी वस्तु को नीलाम कर सकता है या दूसरे शब्दों में कहें तो गिरवी रखी वस्तु से ऋण की पूर्ति कर सकता है।

219. अर्थव्यवस्था का कौन-सा क्षेत्र बौद्धिक गतिविधियों और नवाचार पर केंद्रित है?

SSC GD 01 Mar. 2024 Shift III

(a) चतुर्धातुक क्षेत्र (b) असंगठित क्षेत्र
(c) प्राथमिक क्षेत्र (d) द्वितीयक क्षेत्र

Ans (a) चतुर्धातुक क्षेत्र

- सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था की आर्थिक गतिविधियों का लेखांकन करने के लिए इसे तीन क्षेत्रकों में विभाजित किया जाता है।

अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक
- प्राथमिक क्षेत्रक — कृषि एवं कृषि संबद्ध
  - कृषि
  - वानिकी
  - मत्स्य
  - खनन
  - पशुपालन
- द्वितीयक क्षेत्रक — औद्योगिक क्षेत्र
  - निर्माण
  - विनिर्माण
  - विद्युत, गैस एवं जलापूर्ति
- तृतीयक क्षेत्रक — सेवा क्षेत्र
  - परिवहन
  - संचार
  - बैंकिंग
  - बीमा
  - व्यापार

अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रक -

- चतुर्थक क्षेत्रक - इस क्षेत्रक में बौद्धिक गतिविधियों को शामिल किया जाता है। जैसे- सरकार, संस्कृति, अनुसंधान, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी आदि।
- पंचम क्षेत्रक - समाज या अर्थव्यवस्था में उच्च-स्तरीय निर्णय लेने वाले संस्थानों जैसे- विश्वविद्यालय, मीडिया, गैर लाभकारी संस्थान आदि को शामिल किया जाता है।

220. भारत में, हरित क्रांति (Green Revolution) की अगुवाई मुख्य रूप से .... ने की थी।

SSC GD 29 Mar. 2024 Shift IV

(a) एम. एस. स्वामीनाथन
(b) राधाकृष्णन
(c) एम. डी. स्वामी
(d) जॉन नॉर्मन

Ans (a) एम. एस. स्वामीनाथन

- भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में एम. एस. स्वामीनाथन को जाना जाता है।
- हरित क्रांति शब्द पहली बार 'विलियम गॉड' नामक व्यक्ति ने गढ़ा था।
- दुनिया में हरित क्रांति के जनक के रूप में डॉ. नार्मन ई. बोरलॉग (अमेरिकन) को जाना जाता है।
- साल 1966 में पहली बार 5 फसलों के लिए उच्च उपज वाले बीजों का प्रयोग किया गया ये 5 फसलें थी। गेहूँ, चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा।
- नए बीजों के प्रयोग से गेहूँ एवं चावल के उत्पादन में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली इसे हरित क्रांति का नाम दिया गया।

221. केंद्र में तेजी से बदलती राजनीतिक स्थिति के कारण 1990 में भारत की .... पंचवर्षीय योजना शुरू नहीं हो सकी।

SSC GD 01 Mar. 2024 Shift I

(a) नौवीं (b) आठवीं
(c) छठी (d) सातवीं

Ans (b) आठवीं

222. दसवीं पंचवर्षीय योजना की समयावधि निम्नलिखित में से कौन-सी है?

SSC GD 29 Mar. 2024 Shift IV

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) 1997-2002 (b) 2012-2017
(c) 2002-2007 (d) 2007-2012

Ans (c) 2002-2007

दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002 - 2007)

❒ **प्रमुख लक्ष्य,**

इसका प्रमुख उद्देश्य गरीबी व बेरोजगारी को समाप्त करना तथा अगले 10 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करना प्रस्तावित था।

जीडीपी में प्रतिवर्ष 8% की वृद्धि करना साक्षरता दर को 75% तक बढ़ाना वनों तथा वृक्षों के अंतर्गत क्षेत्रफल को वर्ष 2007 तक 25% करना

223. एक वर्ष के दौरान एक फर्म की .... ≡ वर्ष के दौरान फर्म का उत्पादन – वर्ष के दौरान फर्म की बिक्री।

SSC GD 29 Mar. 2024 Shift IV

(a) अंतिम स्टॉक
(b) माल-सूची में परिवर्तन
(c) माल-सूची और कार्यशील पूँजी में परिवर्तन
(d) प्रारंभिक स्टॉक

Ans (b) माल-सूची में परिवर्तन

224. प्रथम सात पंचवर्षीय योजना में, भारत में, व्यापार की विशेषता को आमतौर पर एक .... रणनीति कहा जाता है।

SSC GD 29 Mar. 2024 Shift III

(a) बाह्यमुखी व्यापार
(b) अंतर्मुखी व्यापार
(c) ग्रंथन व्यापार
(d) अंतर्मुखी और बाह्यमुखी व्यापार

Ans (b) अंतर्मुखी व्यापार

❒ प्रथम सात पंचवर्षीय योजनाओं में भारत ने विदेशों के साथ सीमित मात्रा में व्यापार किया इसका उद्देश्य आत्म निर्भरता पर जोर देना, स्वदेशी उद्योगों को प्रतिस्पर्द्धा से बचाना था।

225. 1993-94 तक भारत में गरीबी रेखा का आकलन यूआरपी (URP) डेटा पर आधारित था। यूआरपी (URP) का पूर्ण रूप क्या है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift III

(a) यूजुअल रिफ्रेन्स पीरियड
(b) यूनिफॉर्म रिसर्च पीरियड
(c) यूनिफॉर्म रिफ्रेन्स पीरियड
(d) यूजुअल रिसर्च पीरियड

Ans (c) यूनिफॉर्म रिफ्रेन्स पीरियड

226. निम्नलिखित में से किस कार्य के मूल्य को, राष्ट्रीय आय की गणना में शामिल नहीं किया जाता है?

SSC GD 16 Dec. 2021 Shift I

(a) एक फर्म में कार्य करना
(b) एक नए घर का निर्माण
(c) बाजार में मछली बेचना
(d) गृहिणी का कार्य

Ans. (d) गृहिणी का कार्य

❒ किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था द्वारा पूरे वर्ष में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के शुद्ध मूल्य के योग को राष्ट्रीय आय कहा जाता है। विकल्पानुसार गृहिणी के कार्य को राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता है।

227. संयुक्त राष्ट्र ने .... को अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म ऋण वर्ष (International Year of Micro Credit) के रूप में नामित किया है।

SSC GD 29 Mar. 2024 Shift II

(a) 2001 (b) 2003
(c) 2005 (d) 2007

Ans (c) 2005

228. आयात को घरेलू उत्पादन से बदलने या प्रतिस्थापित करने की नीति को क्या कहते हैं?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
(b) आयात उदारीकरण
(c) निर्यात आधारित विकास
(d) आयात प्रतिस्थापन

Ans (d) आयात प्रतिस्थापन

❒ आयात प्रतिस्थापन एक ऐसी आर्थिक नीति है जिसके अंतर्गत विदेशी उत्पाद को घरेलू उत्पाद से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है।

❒ इसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन पर बल देना ताकि अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके तथा स्वदेशी उद्योगो की रक्षा करना है।

229. प्रथम पंचवर्षीय योजना की समयावधि निम्नलिखित में से कौन-सी है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift II

(a) 1956-1961 (b) 1966-1969
(c) 1951-1956 (d) 1961-1966

Ans (c) 1951-1956

230. भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) का गठन .... में किया गया था।

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) 1920 (b) 1927
(c) 1923 (d) 1917

Ans (b) 1927

❒ FICCI की स्थापना 1927 में महात्मा गाँधी के निर्देशन में भारतीय उद्योगपतियों के एक समूह के द्वारा हुई।

❒ उद्योगपतियों के हितों की रक्षा तथा उद्योगों की वृद्धि एवं विकास करना इसका लक्ष्य है।

231. परिवहन और भंडारण, आर्थिक गतिविधि के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) प्राथमिक क्षेत्रक
(b) द्वितीयक क्षेत्रक
(c) सेवा क्षेत्रक
(d) तृतीयक क्षेत्रक

Ans (d) तृतीयक क्षेत्रक

❒ तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत सेवा क्षेत्र आता है जैसे- परिवहन, संचार, बैंकिंग, बीमा व्यापार आदि।

232. कृषि उपज का वह अंश जो किसानों द्वारा बाजार में बेचा जाता है, ... कहलाता है।

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) उत्पादित अधिशेष
(b) विपणित अधिशेष
(c) उत्पादित घाटा
(d) विपणित घाटा

Ans (b) विपणित अधिशेष

❒ विपणित अधिशेष = किसान द्वारा किया गया कुल उत्पादन - स्वउपभोग के लिए रखा उत्पादन का हिस्सा

233. निम्नलिखित में से किसे आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक माना जाता है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift II

(a) काल मार्क्स (b) डैनियल कन्नमन
(c) एडम स्मिथ (d) अल्फ्रेड मार्शल

Ans (c) एडम स्मिथ

❒ एडम स्मिथ को आधुनिक अर्थव्यवस्था का जनक कहा जाता है। इन्होंने 'वेल्थ ऑफ नेशन' (1776) नामक पुस्तक लिखी।

234. भारत की अंतिम पंचवर्षीय योजना निम्नलिखित में से कौन-सी है?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift IV

(a) बारहवीं (b) दसवीं
(c) नौवीं (d) ग्यारहवीं

Ans (a) बारहवीं

❒ बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17)

❒ **उद्देश्यः** तीव्र धारणीय एवं अधिक समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना

❒ योजना के लक्ष्य - 4% की दर से कृषि संवृद्धि

❒ गरीबी में 10% की कमी करना

❒ GDP में 8% की वृद्धि करना

235. भारत सरकार ने .... में एक नई आर्थिक नीति पेश की।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift IV

(a) 1947 (b) 1991
(c) 1995 (d) 1980

Ans (b) 1991

❒ वर्ष 1980 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था को भुगतान संतुलन की आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ा।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❒ सरकार के पास आयातों के लिए भी विदेशी मुद्रा भण्डार नहीं बचा केवल दो सप्ताह के आयातों के लिए ही रिजर्व बचा। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को IMF और विश्व बैंक से लोन लेना पड़ा। इन संस्थाओं ने लोन के ऐवज में सरकार से उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण की शर्तों को मनवाया। औद्योगिक लाइसेंस प्राप्ति के नियमों को उदार बनाना, कर व्यवस्था में सुधार करना उदारीकरण कहलाया। सार्वजनिक स्वामित्व वाली कंपनियों को निजी स्वामित्व वाली कंपनियों में परिवर्तन तथा अनेक उद्योगों में निजी उद्यमियों को प्रवेश की अनुमति मिली यही निजीकरण कहलाया। तो वहीं विश्व को एकीकृत करना तथा परस्पर निर्भर बनाना वैश्वीकरण कहलाया।

❒ वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के समय नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे तथा मनमोहन सिंह वित्त मंत्री थे।

236. जब कोई व्यक्ति काम करता हुआ प्रतीत होता है, लेकिन उसका काम उत्पादन (output) में योगदान नहीं दे रहा है, तो इसे .... के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift III

(a) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(b) घर्षण बेरोजगारी
(c) चक्रीय बेरोजगारी
(d) मौसमी बेरोजगारी

Ans (a) प्रच्छन्न बेरोजगारी

❒ **प्रच्छन्न बेरोजगारी** – प्रच्छन्न बेरोजगारी में सीमांत उत्पादकता शून्य होती है यह बेरोजगारी अधिकतर कृषि क्षेत्र में देखने को मिलती है जैसे माना 3 व्यक्तियो के द्वारा 100 ईकाई का उत्पादन होता है और यदि 1 व्यक्ति को हटा दिया जाये तो भी 100 इकाई का उत्पादन होता है ये एक व्यक्ति प्रच्छन्न बेरोजगारी से ग्रसित है।

बेरोजगारी के अन्य प्रकार

❒ **चक्रीय बेरोजगारी**- आर्थिक दशाओं के कारण उत्पन्न बेरोजगारी को चक्रीय बेरोजगारी कहते हैं। जैसे-जब अर्थव्यवस्था उछाल की स्थिति में है तो ऐसे मे बेरोजगारी दर कम होगी तथा जब मंदी की स्थिति होगी तो बेरोजगारी दर अधिक होगी। चक्रिय बेरोजगारी व्यापार चक्र से संबंधित है।

❒ **मौसमी बेरोजगारी**- कुछ क्षेत्रों में लोगों को किसी विशेष मौसम में ही रोजगार मिलता है बाकी समय वे बेरोजगार रहते हैं।
जैसे- कृषि क्षेत्र, में कार्य मौसमी होता है और बाकी समय लोग बेरोजगार रहते हैं।

237. पूँजीगत व्यय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift III

I. पूँजीगत व्यय के परिणामस्वरूप भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों का सृजन होता है या वित्तीय देनदारियों में कमी आती है।
II. गैर-योजनागत पूँजीगत व्यय में सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सामान्य, सामाजिक और आर्थिक सेवाएं शामिल होती है।

(a) केवल I
(b) केवल II
(c) न तो I और न ही II
(d) I और II दोनों

Ans (d) I और II दोनों

❒ पूँजीगत व्यय, पूँजीगत बजट का हिस्सा है पूँजीगत व्यय से परिसंपत्ति एवं देयताओं में परिवर्तन देखने को मिलता है। अर्थात या तो परिसंपत्ति बढ़ जाती है या देयता मे कमी हो सकती है। जैसे- भूमि, भवन या किसी कंपनी के शेयरों में निवेश से परिसंपत्ति में वृद्धि होगी जबकि ऋण को चुकाने से देयता में कमी होगी।

238. हरित क्रांति (Green Revolution) वर्ष 1965 में शुरू हुई और भारत की .... पंचवर्षीय योजना वर्ष 1961-66 के बीच थी।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift II

(a) चौथी (b) तीसरी
(c) पहली (d) दूसरी

Ans (b) तीसरी

239. एटीएम बूथ (ATM booths), आर्थिक गतिविधि के निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक के अंतर्गत आते हैं?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift II

(a) तृतीयक क्षेत्रक
(b) द्वितीयक क्षेत्रक
(c) प्राथमिक क्षेत्रक
(d) चतुर्धातुक क्षेत्रक

Ans (a) तृतीयक क्षेत्रक

❒ तृतीयक क्षेत्रक के अंतर्गत सेवा क्षेत्र को शामिल किया जाता है। तृतीयक क्षेत्र को सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है। तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत बैंकिंग, परिवहन, पर्यटन, संचार आदि आते है।

240. भारत में हरित क्रांति के प्रभाव के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift I

A. भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हो गया और केंद्रीय पूल में भी पर्याप्त भंडार था, यहां तक कि एक समय पर, भारत खाद्यान्न निर्यात करने की स्थिति में भी था।
B- प्रति व्यक्ति खाद्यान्न की निवल उपलब्धता में भी वृद्धि हुई है।

सही कथन/कथनों की पहचान कीजिए।

(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A और B दोनों
(d) न तो A और न ही B

Ans (c) A और B दोनों

241. निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय ऋण- ग्रहण को छोड़कर, सरकार के कुल व्यय और कुल प्राप्तियों के बीच अंतर को दर्शाता है?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift I

(a) सकल राजकोषीय घाटा
(b) प्राथमिक घाटा
(c) राजकोषीय घाटा
(d) राजस्व घाटा

Ans (c) राजकोषीय घाटा

❒ राजकोषीय घाटा = कुल व्यय – कुल प्राप्ति (ऋण ग्रहण को छोड़कर) इससे सरकार की उधार आवश्यकताओं का पता लगता है।)
❒ बजट में घाटों के कुछ अन्य प्रकार
❒ प्राथमिक घाटा = राजकोषीय व्यय – ब्याज भुगतान
❒ राजस्व घाटा = राजस्व व्यय – राजस्व आय/प्राप्ति
❒ प्रभावी राजस्व घाटा = राजस्व घाटा – पूँजीगत संपत्ति के लिए अनुदान

242. भारतीय बैंकिंग के संदर्भ में पद "CRR" का पूर्ण रूप क्या है?

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift IV

(a) कैश रिजर्व रेशियो
(b) क्रेडिट रेटिंग रेग्युलेशन
(c) कंस्यूमर राइट्स एंड रिस्पॉन्सिबिलिटिज
(d) कैपिटल रिकवरी रेट

Ans (a) कैश रिजर्व रेशियो

❒ वाणिज्यिक बैंकों को अपने पास कुल जमा (माँग जमा + समय जमा) का कुछ प्रतिशत हिस्सा नकद रूप में RBI के पास रिजर्व करना होता है इसे ही CRR कहते हैं। इस पर बैंक को कोई ब्याज नहीं मिलता। CRR, RBI की मौद्रिक नीति का मात्रात्मक उपकरण है।
❒ CRR को घटा बढ़ाकर RBI मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करता हैं

243. वर्ष .... में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में योजना आयोग की स्थापना की गई थी।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift IV

(a) 1970 (b) 1850
(c) 1950 (d) 1890

Ans (c) 1950

❒ योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू थे तथा उपाध्यक्ष गुलजारी लाल नंदा थे। योजना आयोग एक संविधानेत्तर निकाय है। 1 जनवरी 2015 को योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना की।

244. राजस्व प्राप्तियों से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. राजस्व प्राप्तियाँ वे प्राप्तियाँ हैं जिनका दावा सरकार से नहीं किया जा सकता।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

B. राजस्व प्राप्तियों को कर और गैर-कर राजस्व में विभाजित किया गया है।

सही कथन/कथनों को पहचानिए।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift I

(a) केवल B
(b) न तो A और न ही B
(c) A और B दोनों
(d) केवल A

Ans. (c) A और B दोनों

❐ राजस्व प्राप्तियाँ वे प्राप्तियाँ होती है जो न तो कोई देनदारी पैदा करती हैं और न ही सरकार की संपत्ति में कमी लाती है।
❐ राजस्व प्राप्तियाँ सरकार की नियमित प्राप्तियों का मुख्य स्रोत है इसे प्रत्यक्ष कर एवं अप्रत्यक्ष करों में वर्गीकृत किया गया है।

245. वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) क्या है?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift IV

(a) यह वह ब्याज दर है जिस पर बैंक केंद्रीय बैंक से ऋण लेते हैं।
(b) यह किसी बैंक की पूँजी और उसकी कुल परिसंपत्तियों का अनुपात है।
(c) यह सरकारी बांड और किसी बैंक द्वारा धारित कुल परिसंपत्तियों का अनुपात है।
(d) यह जमाओं का वह प्रतिशत है जो किसी बैंक में अल्पकाल में तरल रूप में रखना होता है।

Ans. (d) यह जमाओं का वह प्रतिशत है जो किसी बैंक में अल्पकाल में तरल रूप में रखना होता है।

246. भारत की निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना ने अपना लक्षित विकास हासिल किया?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift IV

(a) ग्यारहवीं योजना (b) दसवीं योजना
(c) आठवीं योजना (d) नौवीं योजना

Ans. (c) आठवीं योजना

आठवीं योजना का कार्यकाल - (1992-97)
❐ योजना का मुख्य उद्देश्य - मानव संसाधन का विकास
❐ आठवीं पंचवर्षीय योजना राव-मनमोहन के उदारीकरण मॉडल पर आधारित थी।
❐ इसी योजना के समय भारत 1 जनवरी 1995 को (WTO) का सदस्य बना था।

247. बैंक दर में कमी, मुद्रा पूर्ति में .... कर सकती है।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift IV

(a) कमी (b) वृद्धि
(c) बराबरी (d) कोई प्रभाव नहीं

Ans. (b) वृद्धि

❐ रिज़र्व बैंक मुद्रा की पूर्ति को नियंत्रित करता है।
❐ बैंक दर में कमी से वाणिज्यिक बैंक द्वारा लिया गया ऋण सस्ता हो जाता है।
❐ बैंक दर में वृद्धि से मुद्रा आपूर्ति कम हो सकती है।

248. किस प्रकार का व्यय उन व्ययों को संदर्भित करता है जिनसे भौतिक या वित्तीय संपत्तियों का सृजन नहीं होता है?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift III

(a) पूँजीगत व्यय
(b) राजकोषीय व्यय
(c) विकास संबंधी व्यय
(d) राजस्व व्यय

Ans. (d) राजस्व व्यय

❐ राजस्व व्यय अल्पकालिक व्यय हैं जिसे राजस्व व्यय और परिचालन व्यय (ओपेक्स) के रूप में भी जाना जाता है।
❐ राजस्व व्यय दो प्रकार का होता है -
1. प्रत्यक्ष व्यय
2. अप्रत्यक्ष व्यय
❐ पूंजीगत व्यय ऐसे खर्च हैं, जो प्रॉपर्टी, प्लांट और उपकरण आदि जैसे दीर्घकालिक संपत्तियों को प्राप्त करने या बेहतर बनाने के लिए किया जाता है।

249. भारत में वर्षों तक, ... हरित क्रांति का मुख्य आधार बना रहा/रहीं।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift III

(a) पत्तेदार सब्जियां (b) कपास
(c) गेंहूँ (d) दालें

Ans. (c) गेंहूँ

❐ भारत में हरित क्रांति का सर्वाधिक प्रभाव गेंहूँ और चावल के उत्पादन पर पड़ा।
❐ भारत में हरित क्रांति लाने का श्रेय 'डॉ. स्वामीनाथन' को है।
❐ सर्वप्रथम हरित क्रांति का प्रारंभ मेक्सिको में 'डॉ. नॉर्मन बोरलॉग' ने किया था। इन्हें हरित क्रांति का जनक या पिता कहा जाता है।

250. हरित क्रांति ने फसल की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि की और भारतीय कृषि को बदल दिया। इसकी उल्लेखनीय कमियों में से एक क्या थी?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift III

(a) सरकारी निवेश में कमी
(b) रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग
(c) पर्यावरणीय अवनयन
(d) खाद्य उत्पादन में कमी

Ans. (c) पर्यावरणीय अवनयन

हरित क्रांति की कमियाँ इस प्रकार हैं-
(i) जैव विविधता का अभाव
(ii) स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव
(iii) कीटों के हमले का खतरा
(iv) मोनोक्रॉपिंग को बढ़ावा

251. भारत में कौन-सा नियामक निकाय, नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोफाइनेस संस्थानों (MFI) की देखरेख और पर्यवेक्षण करता है।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift II

(a) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)
(b) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)
(c) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)
(d) बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDA)

Ans. (a) भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)

❐ हिल्टन यंग कमीशन की अनुशंसाओं के आधार पर RBI की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी।
❐ बैंकिंग विनियमन ऐक्ट वर्ष 1949 के आधार पर RBI भारत में मौजूद सभी बैंकों का विनियमन करता है।

252. राजस्व व्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. राजस्व व्यय केन्द्र सरकार की भौतिक या वित्तीय संपत्तियों के निर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया व्यय है।

B. यह सरकारी विभागों और विभिन्न सेवाओं के सामान्य कामकाज, सरकार द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज भुगतान और राज्य सरकारों और अन्य पार्टियों को दिए गए अनुदानों के लिए किए गए खर्चों से संबंधित है (हालांकि कुछ अनुदान परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए हो सकते हैं)।

गलत कथन/कथनों की पहचान कीजिए।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift II

(a) A और B दोनों
(b) केवल B
(c) न तो A और न ही B
(d) केवल A

Ans. (c) न तो A और न ही B

253. आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, भारत 1 जनवरी .... को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बन गया।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift I

(a) 1995 (b) 1978
(c) 1948 (d) 1998

Ans. (a) 1995

❐ WTO विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय जेनेवा स्विट्जरलैंड में है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❒ भारत 1 जनवरी, 1995 को विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सदस्य बना था।
❒ WTO विश्व का सबसे बड़ा आर्थिक संगठन है।

254. हरित क्रांति से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
A. हरित क्रांति, 1960 के दशक में नॉर्मन बोरलॉग द्वारा प्रारंभ किया गया एक प्रयत्न था।
B. उन्हें विश्व में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में जाना जाता है।
सही कथन/कथनों को पहचानिए।

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift I

(a) केवल B
(b) न तो A और न ही B
(c) केवल A
(d) A और B दोनों

Ans. (d) A और B दोनों

❒ भारत में प्रथम हरित क्रांति वर्ष 1966-67 में प्रारंभ हुई तथा दूसरी हरित क्रांति वर्ष 1983-84 में मानी जाती है।
❒ द्वितीय हरित क्रांति का उद्देश्य 2015 तक कृषि उत्पादन को दोगुना करने का था।

255. हरित क्रांति के संबंध में, 'HYV' का पूर्ण रूप क्या है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift IV

(a) हैवी यंग वैरायटीस
(b) हैवी यूथ वैरायटीस
(c) हाई यील्डिंग वैरायटीस
(d) हाई यंग वैरायटीस

Ans. (c) हाई यील्डिंग वैरायटीस

❒ हरित क्रांति में बीजों की उच्च उपज वाली किस्में (HYV) का उत्पादन शामिल था।
हरित क्रांति के मुख्य उद्देश्य-
(i) उच्च उपज वाली किस्में (HYV)
(ii) कृषि का मशीनीकरण
(iii) सिंचाई
(iv) रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग

256. भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift III

(a) हैरोड-डोमर मॉडल
(b) पूँजीवादी मॉडल
(c) महालनोबिस योजना
(d) गाडगिल फार्मूला

Ans. (a) हैरोड-डोमर मॉडल

❒ भारत में पहली पंचवर्षीय योजना 1 अप्रैल, 1951 को प्रारंभ हुई।
❒ इस योजना में कृषि को प्राथमिकता दी गई।
❒ इस योजना के समय कई बड़ी सिंचाई परियोजनाएं शुरू की गयी जैसे- भाखड़ा नांगल, दामोदर घाटी आदि।

257. गन्ने से चीनी बनाने की गतिविधि किस क्षेत्रक की आर्थिक गतिविधि के अंतर्गत आती है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift IV

(a) चतुर्धातुक क्षेत्रक
(b) द्वितीयक क्षेत्रक
(c) तृतीयक क्षेत्रक
(d) प्राथमिक क्षेत्रक

Ans. (b) द्वितीयक क्षेत्रक

❒ द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत कपड़ा निर्माण, खाद्य विनिर्माण, चीनी उद्योग, गैस, जल आदि आर्थिक गतिविधि आती हैं।

258. निम्नलिखित में से किसे भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift IV

(a) एम.एस. स्वामीनाथन
(b) दुर्गेश पटेल
(c) सैम पित्रोदा
(d) वर्गीस कुरियन

Ans. (a) एम.एस. स्वामीनाथन

❒ एम.एस. स्वामीनाथन का अधिक उपज वाले गेंहूँ और चावल विशेष रूप से अर्ध-वामन गेंहूँ की किस्मों को विकसित करने में विशेष योगदान रहा।

259. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005, भारत के उन सभी ग्रामीण परिवारों को .... दिनों की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार का वादा करता है जो अकुशल शारीरिक काम करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift IV

(a) 365
(b) 180
(c) 100
(d) 90

Ans. (c) 100

❒ राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम वर्ष 2005 में शुरू किया गया बाद में इसका नाम बदलकर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) रख दिया गया। इसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 100 दिन का रोजगार देने का प्रावधान है।

260. भारत की निम्नलिखित में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना पूर्णतः विफल रही?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift IV

(a) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(b) पहली पंचवर्षीय योजना
(c) सातवीं पंचवर्षीय योजना
(d) छठी पंचवर्षीय योजना

Ans. (a) तीसरी पंचवर्षीय योजना

261. 'हरित क्रांति' शब्द 1950 और 1960 के दशक के दौरान मेक्सिको में अंतर्राष्ट्रीय मक्का और गेहूँ सुधार केन्द्र और .... में अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में कृषि विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा विकसित की गई नई कृषि तकनीक को कहा जाता है।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift III

(a) फिलिपींस
(b) मेक्सिको
(c) भारत
(d) न्यूयॉर्क

Ans. (a) फिलिपींस

❒ फिलिपींस में चावल एक प्रमुख नकदी फसल है, हरित क्रांति के मध्य में वहां आई आर आर आई की स्थापना की गई। हरित क्रांति से फिलिपींस का चावल का वार्षिक उत्पादन 3.7 मिलियन टन से बढ़कर 7.7 मिलियन टन हो गया।

262. घाटे में कटौती के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
A. करों में वृद्धि अथवा व्यय में कटौती से सरकारी घाटे में कमी की जा सकती है।
B. भारत में सरकार कर राजस्व में वृद्धि करने के लिए प्रत्यक्ष करों पर अधिक भरोसा करती है। (अप्रत्यक्ष कर प्रकृति में प्रतिगामी होते हैं- यह सभी आय समूहों को समान रूप से प्रभावित करते हैं)।
सही कथन/कथनों की पहचान कीजिए।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift III

(a) A और B दोनों
(b) न तो A और न ही B
(c) केवल A
(d) केवल B

Ans. (a) A और B दोनों

❒ घाटे में कटौती के लिए दो मुख्य विधियां अपनायी जा सकती है-
(i) करों में वृद्धि - इसका प्रभाव सभी आय वर्ग के लोगों पर पड़ता है।
(ii) व्यय में कमी - सरकार ने घाटे में कटौती के लिए सरकारी व्यय को कम करने पर बल दिया है।

263. भारत की निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य भारत को 'आत्मनिर्भर' और 'स्व-उत्पादक' अर्थव्यवस्था बनाना था?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift III

(a) तृतीय पंचवर्षीय योजना
(b) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना
(c) द्वितीय पंचवर्षीय योजना
(d) प्रथम पंचवर्षीय योजना

Ans. (a) तृतीय पंचवर्षीय योजना

❒ तृतीय पंचवर्षीय योजना भारत-चीन युद्ध तथा भारत-पाकिस्तान युद्ध के कारण अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकी।
❒ इस योजना में बोकारो (झारखण्ड) इस्पात संयंत्र की स्थापना हुई।
❒ इस योजना में कृषि व उद्योग दोनों क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गयी।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

264. सरकार के व्यय के वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

I. राजस्व व्यय केन्द्र सरकार की भौतिक या वित्तीय संपत्तियों के निर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया व्यय है।

II. पूँजीगत व्यय के परिणामस्वरूप भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों का निर्माण होता है या वित्तीय देनदारियों में कमी आती है।

सही कथन/कथनों की पहचान कीजिए।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift II

(a) केवल II
(b) I और II दोनों
(c) न तो I और न ही II
(d) केवल I

Ans. (b) I और II दोनों

265. बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिए विकास दर लक्ष्य .... था।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift II

(a) 7% (b) 6%
(c) 5% (d) 8%

Ans. (d) 8%

- बारहवीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल (2012-2017) था।
- इस योजना का उद्देश्य तीव्र संपोषणीय और अधिक समावेशी विकास रखा गया।

नोट:- इस योजना के बाद कोई अन्य पंचवर्षीय योजना नहीं बनी।

266. तीव्र आर्थिक विकास के कारण निम्नलिखित में से किस वर्ष से भारत की अत्यधिक गरीबी में कमी आने लगी?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift II

(a) 1991 (b) 1993
(c) 1994 (d) 1992

Ans. (a) 1991

- वर्ष 1991 में भारत ने एक नई आर्थिक नीति शुरू की जो एलपीजी या उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण मॉडल पर आधारित थी।

267. मुद्रा के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. मुद्रा खाते की एक सुविधाजनक इकाई के रूप में भी कार्य करती है।

B. सभी वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य मौद्रिक इकाइयों में व्यक्त किया जा सकता है।

सही कथन/कथनों को पहचानिए।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift II

(a) केवल A
(b) केवल B
(c) न तो A और न ही B
(d) A और B दोनों

Ans. (d) A और B दोनों

- मुद्रा के प्रमुख कार्य:-

(i) विनिमय का माध्यम
(ii) मूल्य का मापन
(iii) मूल्य का हस्तांतरण
(iv) मूल्य का संचय
(v) पूँजी या धन को सामान्य रूप प्रदान करना

268. भारत में वित्तीय वर्ष .... लिया जाता है।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift I

(a) 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक
(b) 1 जुलाई से 30 जून तक
(c) 1 अक्टूबर से 30 सितंबर तक
(d) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक

Ans. (d) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक

- वित्त वर्ष वह वर्ष होता है जो वित्तीय मामलों में हिसाब के लिए आधार होता है। वित्त वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होकर 31 मार्च तक होता है।

269. भारत में गरीबी हटाओ और आत्मनिर्भरता की प्राप्ति करना .... का मुख्य उद्देश्य था।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift IV

(a) पहली पंचवर्षीय योजना
(b) पांचवीं पंचवर्षीय योजना
(c) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(d) सातवीं पंचवर्षीय योजना

Ans. (b) पांचवीं पंचवर्षीय योजना

मुख्य उद्देश्य - गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता

नोट:- 'गरीबी हटाओ' का नारा इन्दिरा गाँधी ने इस योजना में दिया था।

- जनता पार्टी की सरकार द्वारा इस योजना को 1978 में तय वर्ष से एक वर्ष पहले ही समाप्त कर दिया था।
- न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम भी इसी योजना में प्रारंभ हुआ था।

270. निम्नलिखित में से मुद्रा आपूर्ति का कौन-सा माप सबसे अधिक तरल है?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift IV

(a) M2 (b) M4
(c) M1 (d) M3

Ans. (c) M1

- M1 में सभी प्रकार की संपत्तियां शामिल है, जिन्हें वस्तुओं और सेवाओं के भुगतान के रूप में आसानी से विनिमय किया जा सकता है।

271. अंतर्मुखी व्यापार रणनीति में घरेलू उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए उपयोग की जाने वाली सुरक्षा के दो मुख्य रूप क्या हैं?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift I

(a) प्रशुल्क और मूल्य नियंत्रण
(b) प्रशुल्क और सब्सिडी
(c) प्रशुल्क और कोटा
(d) कोटा और सब्सिडी

Ans. (c) प्रशुल्क और कोटा

- प्रशुल्क या टैरिफ - आयात या निर्यात पर लगाया जाने वाला टैक्स अर्थात् कर है।
- सब्सिडी - एक वित्तीय लाभ या सहायता है जो आमतौर पर सरकार द्वारा संस्थाओं या व्यक्तियों को दी जाती है।

272. भारत में पंचवर्षीय योजना के संबंध में से कौन-सा सही है?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift II

I. दसवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक बनकर उभरा था।

II. दसवीं पंचवर्षीय योजना ने विकास के कुछ प्रमुख संकेतकों के लिए 'निगरानी योग्य लक्ष्य निर्धारित किए थे।

(a) I और II दोनों
(b) न तो I और न ही II
(c) केवल II
(d) केवल I

Ans. (a) I और II दोनों

दसवीं पंचवर्षीय योजना की समयावधि - (2002-2007)

मुख्य लक्ष्य - प्रति व्यक्ति आय 10 वर्ष में दुगनी करना

(i) साक्षरता दर 2007 तक 75% तक पहुँचाना
(ii) वनों के विस्तार को 2007 तक 25% तथा 2012 तक 33% स्तर तक लाना

273. अमंदी और महामंदी के दौरान होने वाली बेरोजगारी को .... कहा जाता है।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift II

(a) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(b) चक्रीय बेरोजगारी
(c) घर्षनात्मक बेरोजगारी
(d) मौसमी बेरोजगारी

Ans. (b) चक्रीय बेरोजगारी

- 'चक्रीय बेरोजगारी' उस बेरोजगारी को कहते हैं, जो व्यापार चक्रों में परिवर्तन या आर्थिक उतार-चढ़ाव के कारण होती है।
- आर्थिक मंदी के दौरान चक्रीय बेरोजगारी सबसे अधिक तथा आर्थिक विस्तार के दौरान सबसे कम होती है।

274. भारत में हरित क्रांति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift II

I. हरित क्रांति के दौरान, पारंपरिक कृषि से एकल कृषि की ओर बढ़ने से छोटे किसानों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

II. हरित क्रांति के प्रभावों में से एक कृषि में अत्यधिक पूँजीकरण है।
(a) न तो I और न ही II
(b) I और II दोनों
(c) केवल I
(d) केवल II

Ans. (b) I और II दोनों

❒ हरित क्रांति के नकारात्मक प्रभाव –
(i) मिट्टी की उर्वरता में गिरावट
(ii) उच्च उत्पादन लागत
(iii) भूजल संसाधनों की कमी

275. गरीबी रेखा से नीचे की जनसंख्या के अनुपात को गरीबी अनुपात या .... कहा जाता है।
SSC GD 22 Feb. 2024 Shift I
(a) सामाजिक आर्थिक लब्धि
(b) व्यक्ति गणना अनुपात
(c) आय असमानता
(d) गिनी सूचकांक

Ans. (b) व्यक्ति गणना अनुपात

❒ 'व्यक्ति गणना अनुपात' से अभिप्राय गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली जनसंख्या के प्रतिशत से है।
❒ 'गिनी सूचकांक' एक आबादी के बीच आय के वितरण के माप का सूचक है।

276. निम्नलिखित में से कौन एक कृषि वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने भारत में हरित क्रांति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है?
SSC GD 22 Feb. 2024 Shift I
(a) मोनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन
(b) सी. सुब्रमण्यम
(c) वर्गीज़ कुरियन
(d) विक्रम साराभाई

Ans. (a) मोनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन

❒ स्वामीनाथन को भारत की हरित क्रांति का जनक माना जाता है।
❒ M.S. स्वामीनाथन ने वर्ष 1966 में मैक्सिको के बीजों की पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेंहूँ के संकर बीज विकसित किए।
❒ M.S. स्वामीनाथन को वर्ष 2024 में भारतरत्न देने की घोषणा की गई है।

277. संरचनात्मक समायोजन नीतियों की शुरूआत के बाद आठवीं पंचवर्षीय योजना अंततः .... में शुरू की गई थी।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift IV
(a) 1989 (b) 1992
(c) 1991 (d) 1990

Ans. (b) 1992

278. .... एक ऐसी अवस्था या स्थिति है जिसमें किसी व्यक्ति या समुदाय के पास न्यूनतम जीवन स्तर के लिए वित्तीय संसाधनों और आवश्यक वस्तुओं का आभाव होगा।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift IV
(a) निर्धनता (b) अनैतिक
(c) निरक्षरता (d) बेरोजगारी

Ans. (a) निर्धनता

❒ भारत में गरीबी का अनुमान 'नीति आयोग की टास्क फोर्स' द्वारा किया जाता है।
❒ दादा भाई नौरोजी ने अपनी पुस्तक 'पॉवर्टी एण्ड द अनब्रिटिश रूल इन इंडिया' में गरीबी का सर्वप्रथम आकलन किया है।

279. पूँजीवादी समाज में उत्पादित वस्तुओं को लोगों के बीच .... वितरित किया जाता है।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift IV
(a) लोगों की आवश्यकता के आधार पर और क्रय शक्ति के आधार पर
(b) क्रय शक्ति के आधार पर नहीं
(c) लोगों को क्या चाहिए केवल इस आधार पर
(d) लोगों को क्या चाहिए इसके आधार पर नहीं बल्कि क्रय शक्ति के आधार पर

Ans. (d) लोगों को क्या चाहिए इसके आधार पर नहीं बल्कि क्रय शक्ति के आधार पर

280. भारत में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए 'सदाबहार क्रांति (Evergreen Revolution)' शब्द किसने गढ़ा?
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift IV
(a) एम.एस. स्वामीनाथन
(b) महात्मा गाँधी
(c) राम मनोहर लोहिया
(d) आर.वी.राव

Ans. (a) एम.एस. स्वामीनाथन

❒ हरित क्रांति की शुरूआत 1960 के दशक में हुई। इसमें कई अवगुण भी थे। इसी के कारण वर्ष 1990 में एक सदाबहार क्रांति की शुरूआत की गई।

281. भारत की व्यावसायिक बैंकों के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
A. व्यावसायिक बैंक दूसरे प्रकार के संस्थान है जो द्रव्य निर्माण अर्थव्यवस्था का एक भाग है।
B. वे जनता से जमा स्वीकार करते हैं और इस रकम का एक भाग उन लोगों को उधार देते हैं जो उधार लेना चाहते हैं।
गलत कथन/कथनों की पहचान कीजिए।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift IV
(a) केवल B
(b) केवल A
(c) न तो A और न ही B
(d) A और B दोनों

Ans. (c) न तो A और न ही B

❒ **व्यावसायिक बैंक या वाणिज्य बैंक:-** उन बैंकों को कहते हैं जो धन जमा करने, व्यवसाय आदि के लिए ऋण देने जैसी सेवाएँ प्रदान करते हैं।

282. इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में भारत की कौन-सी पंचवर्षीय योजना शुरू की गई थी।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift III
(a) तीसरी (b) चौथी
(c) पहली (d) दूसरी

Ans. (b) चौथी

❒ चौथी पंचवर्षीय योजना को गाडगिल योजना के नाम से भी जाना जाता है।
❒ यह योजना असफल रही क्योंकि 1971 में भारत-पाकिस्तान के मध्य युद्ध से आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था।
❒ यह योजना अशोक रुद्र तथा एलन एस. मान्ने द्वारा तैयार ओपन कंसिस्टेंसी मॉडल पर आधारित थी।

283. किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों, अर्थात .... से प्राप्त होगा।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift III
(a) वाणिज्यिक और व्यापारिक क्षेत्रों
(b) कृषि क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र और सेवा क्षेत्र
(c) ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों
(d) केवल कृषि क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र

Ans. (b) कृषि क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र और सेवा क्षेत्र

❒ सकल घरेलू उत्पाद (GDP):- किसी देश में एक वर्ष की अवधि में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के कुल मौद्रिक मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहा जाता है।

284. .... की पहली और सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका यह है कि यह विनिमय के माध्यम के रूप में कार्य करती है/करता है।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift II
(a) मुद्रा (b) उत्पाद
(c) बजट (d) योजना

Ans. (a) मुद्रा

❒ **बजट:-** बजट एक प्रकार वित्तीय विवरण है, जिसमें आमतौर पर एक वर्ष की अवधि के लिए अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का पूर्वानुमान होता है।

285. दूसरी पंचवर्षीय योजना में तेजी से औद्योगीकरण और सार्वजनिक क्षेत्रक पर जोर दिया गया। इसका प्रारूप और योजना .... के नेतृत्व में बनाई गई थी।
SSC GD 21 Feb. 2024 Shift II
(a) सुब्रमण्यम स्वामी
(b) के.वी. सुंदरम
(c) पी.सी. महालनोबिस
(d) सी. राजगोपालाचारी

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (c) पी.सी. महालनोबिस

❒ दूसरी पंचवर्षीय योजना में खोले गए इस्पात कारखाने

कारखाने का नाम	सहायक देश
भिलाई (छत्तीसगढ़)	रूस
दुर्गापुर (पं. बंगाल)	ब्रिटेन
राउरकेला (ओडिशा)	जर्मनी

286. भारत में किसानों पर हरित क्रांति के प्रभाव के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. हरित क्रांति की शुरूआत से किसानों को अपनी आय का स्तर बढ़ाने में मदद मिली।

B. कृषि उत्पादकता में सुधार हेतु किसानों द्वारा अपनी अधिशेष आय का पुन: निवेश किया गया।

गलत कथन/कथनों को पहचानिए

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift I

(a) A और B दोनों
(b) न तो A और न ही B
(c) केवल A
(d) केवल B

Ans. (b) न तो A और न ही B

287. हरित क्रांति की शुरूआत वर्ष 1965 में हुई और ...... पंचवर्षीय योजना 1961-1966 के बीच थी।

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift IV

(a) पांचवी (b) तृतीय
(c) द्वितीय (d) प्रथम

Ans. (b) तृतीय

❒ तृतीय पंचवर्षीय योजना में बोकारो इस्पात संयंत्र बिहार में स्थापित किया गया। वर्तमान में यह संयंत्र झारखंड में है।

❒ इस योजना के समय भारतीय खाद्य निगम (FCI) की भी स्थापना की गई।

288. तीसरी योजना की विफलता यानी रुपए के अवमूल्यन (निर्यात को बढ़ावा देने के लिए) के साथ-साथ मुद्रास्फीति की मंदी के कारण चौथी FYP को स्थापित कर दिया गया और इसलिए इसके स्थान पर .... वार्षिक योजनाएँ पेश की गई।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift IV

(a) दो (b) चार
(c) तीन (d) एक

Ans. (c) तीन

❒ तीसरी पंचवर्षीय योजना के विफल होने के पश्चात तीन वार्षिक योजनाएं चलाई गयी जो 1966 से 1969 तक चली।

❒ 1 अप्रैल, 1966 से 31 मार्च, 1969 तक के समय को 'प्लान हॉलिडे' कहा जाता था।

❒ इसी दौरान वर्ष 1966-67 में डॉ. स्वामीनाथन ने हरित क्रांति की शुरूआत की थी।

289. .... सरकार द्वारा निगर्मित बंधपत्र (bonds) की खरीद और बिक्री कहलाती है।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift III

(a) नैतिक दबाव
(b) बंद बाजार की क्रियाएँ
(c) खुले बाजार की क्रियाएँ
(d) सीमांत आवश्यकता

Ans. (c) खुले बाजार की क्रियाएँ

❒ केन्द्रीय बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने-बेचने के कार्य को ही खुले बाजार की क्रियाएँ कहते हैं।

❒ इन क्रियाओं द्वारा केन्द्रीय बैंक साख का नियमन करता है।

290. द्वितीयक क्षेत्रक में सामान्यत: किस प्रकार की गतिविधियां की जाती हैं?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift III

(a) कच्चे माल से परिष्कृत उत्पाद तैयार करना
(b) उद्योगों को सहायता सेवाएं प्रदान करना
(c) प्राकृतिक संसाधनों का निष्कर्षण
(d) फसलें उगाना और पशुधन पालना

Ans. (a) कच्चे माल से परिष्कृत उत्पाद तैयार करना

❒ द्वितीयक क्षेत्र की गतिविधियाँ – मिट्टी के बर्तन, हस्तशिल्प निर्माण, कपड़ा मिलें, स्टील, रसायन, प्लास्टिक आदि।

291. भारत में हरित क्रांति के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. यह क्रांति दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत के भूखमरी संकट को दूर करने के लिए शुरू की गई थी।

B. इसके दीर्घकालिक उद्देश्यों में ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास, अवसंरचना, कच्चे माल आदि पर आधारित समग्र कृषि आधुनिकीकरण शामिल था।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift II

(a) केवल A
(b) न तो A और न ही B
(c) केवल B
(d) A और B दोनों

Ans. (d) A और B दोनों

292. भारत में गरीबी रेखा आमतौर पर कैसे निर्धारित की जाती है?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift II

(a) धार्मिक विचारधारा
(b) आय और उपभोग का स्तर
(c) स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच
(d) शिक्षा की गुणवत्ता

Ans. (b) आय और उपभोग का स्तर

❒ भारत में गरीबी रेखा का अनुमान प्रत्येक पाँच साल में सामान्य रूप से 'राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन' करता है।

❒ राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन की स्थापना वर्ष 1950 में की गई।

293. भारत में हरित क्रांति के दौरान शुरू किए गए गहन कृषि जिला कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift I

(a) विशिष्ट जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाना
(b) भूमि सुधार लागू करना
(c) व्यापारिक फसलों की कृषि को बढ़ावा देना
(d) जैविक कृषि को बढ़ावा देना

Ans. (a) विशिष्ट जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाना

❒ गहन कृषि एक आधुनिक कृषि प्रणाली है। इसे औद्योगिक कृषि भी कहा जाता है।

❒ गहन कृषि के तहत धान एवं गेंहूँ सहित अन्य खाद्यान्नों की खेती की जाती है।

294. निम्नलिखित में से किस भारतीय पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य 'भोजन, कार्य और उत्पादकता' पर ध्यान केंद्रित करते हुए खाद्यान उत्पादन में तेजी लाना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और उत्पादकता बढ़ाना था?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift II

(a) छठी पंचवर्षीय योजना
(b) आठवीं पंचवर्षीय योजना
(c) नौवीं पंचवर्षीय योजना
(d) सातवीं पंचवर्षीय योजना

Ans. (d) सातवीं पंचवर्षीय योजना

❒ सातवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि (1985-90)

❒ सातवीं पंचवर्षीय योजना में शुरू हुए मुख्य कार्यक्रम - स्पीड पोस्ट व्यवस्था (1986); सेबी की स्थापना (1988) जवाहर रोजगार योजना (1989)

295. निम्नलिखित में से कौन-सा व्हाइट गुड्स का उदाहरण है

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift I

(a) कृषि उपकरण
(b) एयर कंडीशनर और एलईडी लाइटें
(c) आयातित वस्तुएँ
(d) फार्मेसी उत्पाद

Ans. (b) एयर कंडीशनर और एलईडी लाइटें

❒ 'व्हाइट गुड्स' बड़े घरेलू उपकरणों को कहते हैं जैसे- रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर आदि।

❒ एक विस्तृत शृंखला में विभिन्न रंगों में खरीदने के उपरांत भी इन्हें व्हाइट गुड्स ही कहा जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

296. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, बेरोजगारी का कारण है?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift I

(a) किसी विशेष क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रवासन
(b) तीव्र आर्थिक विकास
(c) अच्छी शिक्षा व्यवस्था
(d) धीमी जनसंख्या वृद्धि

Ans. (a) किसी विशेष क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रवासन

- भारत में बेरोजगारी के अन्य प्रमुख कारण: तीव्र जनसंख्या वृद्धि, नियोजन की विफलता, दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली, निम्न कौशल स्तर आदि।
- 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में 31 करोड़ प्रवासी थे। 2011 में इनकी संख्या बढ़कर 45.3 करोड़ हो गयी। भारत में कुल प्रवास का 99% घरेलू प्रवास है।

297. निवल राष्ट्रीय उत्पाद की गणना करते समय, सकल राष्ट्रीय उत्पाद में क्या घटाया जाता है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift IV

(a) वैयक्तिक आय (b) अप्रत्यक्ष कर
(c) सहायिकी (d) ह्रास

Ans. (d) ह्रास

- NNP या शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद:- किसी देश में नागरिकों द्वारा विदेश और घरेलू स्तर पर प्रदान की गई तैयार वस्तुओं और सेवाओं का वित्तीय मूल्य है।
- NNP = GNP – मूल्य ह्रास
- 'GNP सकल राष्ट्रीय उत्पाद' देश के नागरिकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले श्रम और सम्पत्ति द्वारा एक वर्ष में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का बाजार मूल्य है।

  GNP = GDP + विदेश में नागरिकों द्वारा अर्जित आय – विदेशी नागरिकों द्वारा अर्जित आय

298. निम्नलिखित में से किस वर्ष में, NABARD ने MYRADA को एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी दी थी?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift I

(a) 1985 (b) 1981
(c) 1987 (d) 1983

Ans. (c) 1987

- राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना 12 जुलाई, 1982 को हुई।
- नाबार्ड की स्थापना शिवरमन समिति की सिफारिश पर की गई।
- शिवरमन समिति की स्थापना 30 मार्च, 1979 को की गई थी।
- नाबार्ड का मुख्यालय मुम्बई में है।
- नाबार्ड का मुख्य कार्य क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ऋण प्रदान करना है।

299. सरकारी .... सरकार की अपेक्षित प्राप्तियों और अपेक्षित व्यय (आगामी वित्तीय वर्ष के लिए) का एक विवरण है, जो विकास और स्थिरता के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार की बजटीय नीति को प्रकट करता है।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift III

(a) नीति (b) राजस्व
(c) बजट (d) योजना

Ans. (c) बजट

- सरकारी बजट एक दस्तावेज है जो एक वित्त वर्ष के लिए सरकार के प्रस्तावित राजस्व प्राप्तियों और व्यय को प्रस्तुत करता है। देश के वित्त मंत्री आम तौर पर बजट पेश करते हैं।

300. 1964 में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना निम्नलिखित में से किस उद्देश्य की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift IV

(a) कृषि सहकारी समितियों का समर्थन करना
(b) लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करना
(c) आवास ऋण उपलब्ध करना
(d) भारी उद्योगों को बढ़ावा देना

Ans. (d) भारी उद्योगों को बढ़ावा देना

- भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आई.डी.बी.आई.) की स्थापना 1 जुलाई 1964 को RBI की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी के रूप में की गई।
- 1976 में आई.डी.बी.आई. का स्वामित्व केन्द्र सरकार को हस्तांतरित कर दिया गया।

301. भारत की पहली पंचवर्षीय योजना .... पर आधारित थी।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift III

(a) महालनोबिस योजना
(b) गाडगिल योजना
(c) नेहरू मॉडल
(d) हैरोड-डोमर मॉडल

Ans. (d) हैरोड-डोमर मॉडल

- पहली पंचवर्षीय योजना 1 अप्रैल 1951 को प्रारंभ हुई।
- इस योजना में कृषि को प्राथमिकता दी गई।
- जोसेफ स्टालिन पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सोवियत संघ में वर्ष 1928 में पंचवर्षीय योजना को लागू किया।
- 2015 में योजना आयोग का नाम बदलकर नीति आयोग रख दिया गया।

302. 1969 के एमआरटीपी अधिनियम का उद्देश्य क्या है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift III

(a) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना
(b) प्रमुख उद्योगों में एकाधिकार को बढ़ावा देना
(c) एकाधिकारवादी और प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं को विनियमित और नियंत्रित करना
(d) मुक्त व्यापार समझौतों को बढ़ावा देना

Ans. (c) एकाधिकारवादी और प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं को विनियमित और नियंत्रित करना

- एम.आर.टी.पी. Act 1969 में लागू किया गया।
- यह कानून यह निश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया था कि आर्थिक शक्ति कुछ लोगों के हाथ में केन्द्रित न हो जाए।
- अब भारत में इसे निरस्त कर दिया गया है। इसे 2002 के प्रति स्पर्धा अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है जो 1 सितम्बर 2009 से प्रभावी हुआ।

303. मुद्रा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

I. मुद्रा की पूर्ति एक स्टॉक परिवर्तन है।
II. एक निहित समय में लोगों में संचरण करने वाली कुल मुद्रा को मुद्रा की पूर्ति कहा जाता है।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift II

(a) I और II दोनों
(b) न तो I और न ही II
(c) केवल I
(d) केवल II

Ans. (a) I और II दोनों

304. एक बजट दस्तावेज, जो किसी विशेष वित्तीय वर्ष के लिए सरकार की राजस्व प्राप्तियों और राजस्व व्यय से संबंधित होता है, ... कहलाता है।

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift I

(a) राजस्व बजट (b) दीर्घकालिक बजट
(c) पूँजीगत बजट (d) शून्य बजट

Ans (a) राजस्व बजट

- 'राजस्व बजट' में सरकार की राजस्व प्राप्तियाँ (कर राजस्व और अन्य राजस्व) और इन से होने वाला व्यय शामिल है।
- 'पूँजीगत बजट' में पूँजी प्राप्तियाँ (जैसे-उधार, विनिवेश) और लंबी अवधि के पूँजीगत व्यय (जैसे- संपत्ति, निवेश का सृजन) शामिल होते हैं।
- 'शून्य आधारित बजट' एक ऐसा बजट है जिसके निर्माण में आधार शून्य माना जाता है अर्थात जब इस बजट का निर्माण होता है तो प्रत्येक वर्ष को नए वर्ष के रूप में माना जाता है
- 'दीर्घकालीन बजट' वह बजट होता है जो एक लंबी अवधि के लिए तैयार किया जाता है यह अवधि 5 से 10 वर्ष तक होती है।

305. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन भारत में निर्धनता रेखा का आकलन करने के लिए प्रतिदर्श सर्वेक्षण करता है?

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift II

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) एन.एस.एस.ओ. (b) वित्त मंत्रालय
(c) आर.बी.आई. (d) सी.एस.ओ.

Ans (a) एन.एस.एस.ओ.

❒ राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन [NSSO] भारत में निर्धनता का आकलन करने के लिए प्रत्येक पाँच वर्ष में एक सर्वेक्षण आयोजित करता है।
❒ NSSO की स्थापना 1950 में की गयी थी।

306. कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस को स्थानांतरित करने के लिए अब परिवहन के किस साधन का उपयोग किया जा रहा है?
SSC GD 11 Jan. 2023 Shift II
(a) केबल (b) हवाई मार्ग
(c) बस (d) पाइप लाइन

Ans (d) पाइप लाइन

❒ कच्चे तेल को आमतौर पर तेल क्षेत्रों से पाइपलाइनों के माध्यम से रिफाइनरियों तक पहुँचाया जाता है।

307. भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रमुख केंद्र निम्न में से किसे माना जाता है?
SSC GD 11 Jan. 2023 Shift III
(a) कश्मीर (b) भोपाल
(c) सूरत (d) बेंगलुरू

Ans (d) बेंगलुरू

❒ बेंगलुरू को 'भारत की सिलिकॉन वैली' कहा जाता है।
❒ बेंगलुरू में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि IT उद्योगों का प्रमुख केन्द्र है।

308. .... के पास भारत में बैंक नोट जारी करने का एकमात्र अधिकार है।
SSC GD 11 Jan. 2023 Shift IV
(a) प्रतिभूति बैंक
(b) विश्व बैंक
(c) भारतीय रिजर्व बैंक
(d) भारतीय स्टेट बैंक

Ans (c) भारतीय रिजर्व बैंक

❒ RBI भारत की सर्वोच्च मौद्रिक अथॉरिटी है, यह मुद्रा की आपूर्ति को सुनिश्चित करता है।
मुद्रा को निर्गमन/जारी करने के आधार पर तीन भागों में बांटा जा सकता है।

- सभी सिक्कें → भारत सरकार का वित्त मंत्रालय जारी करता है।
- ₹ 1 का नोट → भारत सरकार का वित्त मंत्रालय जारी करता है इस पर वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते है
- ₹ 2 या उससे अधिक मूल्य के नोट → RBI जारी करता है → RBI गवर्नर के हस्ताक्षर होते है।

309. सरकार का हस्तक्षेप चाहे माँग का विस्तार करने के लिए हो या इसे कम करने के लिए, ... कार्य कहलाता है।
SSC GD 12 Jan. 2023 Shift I
(a) स्थिरीकरण (b) कस्टमाइज़ेशन
(c) आरंभ (d) निर्माण

Ans (a) स्थिरीकरण

❒ माँग का विस्तार करना या इसे कम करना हो इसके लिए अर्थव्यवस्था में सरकार के हस्तक्षेप को 'स्थिरीकरण' नीति कहा जाता है।

310. व्यापार की गई वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को व्यापार का/की .... माना जाता है।
SSC GD 12 Jan. 2023 Shift II
(a) दिशा (b) संयोजन
(c) आयतन (d) प्रदर्शनी

Ans (c) आयतन

❒ **आयतन:-** यह व्यापार की गई वस्तुओं और सेवाओं की कुल मात्रा या राशि को संदर्भित करता है।
❒ आयतन व्यापार के परिणाम या आकार का प्रतिनिधित्व करता है एवं सामान्यत: बैरल, टन या डॉलर जैसी इकाइयों के संदर्भ में मापा जाता है।

311. नकद आरक्षित अनुपात के अलावा, बैंकों को अल्पावधि में नकद रूप में कुछ रिजर्व रखने की भी आवश्यकता होती है, जिसे .... कहा जाता है।
SSC GD 12 Jan. 2023 Shift III
(a) राज्य तरलता अनुपात
(b) वैधानिक लाइसेंस अनुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात
(d) वैधानिक तरलता रेपो

Ans (c) वैधानिक तरलता अनुपात

❒ वैधानिक तरलता अनुपात या एस एल आर जमा का न्यूनतम प्रतिशत है, जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को तरल नकदी सोना या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में बनाए रखना होता है।

312. वैयक्तिक प्रयोज्य आय के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
SSC GD 12 Jan. 2023 Shift IV
(a) वैयक्तिक प्रयोज्य आय = वैयक्तिक आय + वैयक्तिक कर अदायगी–गैरकर अदायगी
(b) वैयक्तिक प्रयोज्य आय = वैयक्तिक आय + वैयक्तिक कर अदायगी + गैरकर अदायगी
(c) वैयक्तिक प्रयोज्य आय = वैयक्तिक आय – वैयक्तिक कर अदायगी – गैरकर अदायगी
(d) वैयक्तिक प्रयोज्य आय = वैयक्तिक आय – वैयक्तिक कर अदायगी + गैरकर अदायगी

Ans. (c) वैयक्तिक प्रयोज्य आय = वैयक्तिक आय – वैयक्तिक कर अदायगी – गैरकर अदायगी

❒ वैयक्तिक प्रयोजन आय वह धन राशि है जो किसी व्यक्ति या परिवार को आयकर में कटौती के बाद खर्च या बचत करनी होती है।

313. किसी देश की प्रति व्यक्ति आय की गणना, देश की राष्ट्रीय आय को उसके/उसकी .... से भाग देकर की जाती है।
SSC GD 13 Jan. 2023 Shift I
(a) ऋण (b) जनसंख्या
(c) देयता (d) परिसंपत्ति

Ans. (b) जनसंख्या

❒ प्रति व्यक्ति आय, की गणना जी.डी.पी. या राष्ट्रीय आय को जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है।
❒ सूत्र - प्रति व्यक्ति आय $= \dfrac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$

314. निम्नलिखित में से कौन अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र से संबंधित नहीं है?
SSC GD 12 Jan. 2023 Shift I
(a) बैंक सेवाएँ (b) डेयरी
(c) वानिकी (d) मत्स्यन

Ans. (a) बैंक सेवाएँ

❒ बैंक सेवाएँ अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं।
❒ प्राथमिक क्षेत्र अर्थव्यवस्था का वह क्षेत्र है जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का सीधा उपयोग किया जाता है जैसे- मछली पकड़ना, कृषि, वानिकी, खनन आदि।

315. किस कारण से आयातित सामान अधिक महँगा होता है?
SSC GD 12 Jan. 2023 Shift I
(a) प्रकृति में दुर्लभता
(b) प्रशुल्कों
(c) पसंदानुसार निर्मित माल
(d) उच्चतर गुणवत्ता

Ans. (b) प्रशुल्कों

❒ प्रशुल्क या टैरिफ आयात या निर्यात पर लगाया जाने वाला कर है। यह आमतौर पर 5% तक होता है। किसी भी देश द्वारा इसे घटाया और बढ़ाया जा सकता है।
❒ जब भी कोई देश अपने आयातों पर प्रशुल्क लगाता है इस के कारण संबंधित देश को राजस्व की प्राप्ति होती है।

316. भारत में, किसी लघु उद्योग को .... के संदर्भ में परिभाषित किया जाता है।
SSC GD 13 Jan. 2023 Shift III
(a) भागीदारों की अधिकतम संख्या
(b) किसी इकाई की परिसंपत्ति पर अधिकतम निवेश की अनुमति

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(c) कर्मचारियों की अधिकतम संख्या
(d) निदेशकों की अधिकतम संख्या

Ans. (b) किसी इकाई की परिसंपत्ति पर अधिकतम निवेश की अनुमति

- सूक्ष्म उद्योग- वार्षिक कारोबार 5 करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए।
- लघु उद्योग- वार्षिक कारोबार 50 करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए।
- मध्यम उद्योग- वार्षिक कारोबार 250 करोड़ से अधिक नहीं होनी चाहिए।

317. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र में वस्तुओं के निर्माण के लिए आरक्षित है?

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift IV

(a) परमाणु ऊर्जा (b) शिक्षा
(c) चिकित्सा (d) बीमा

Ans. (a) परमाणु ऊर्जा

- सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा आरक्षित उद्योग हथियार, परमाणु ऊर्जा और रेल परिवहन है।

318. निवल राष्ट्रीय उत्पाद के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift I

(a) एन.एन.पी. = जी.एन.पी – मूल्यह्रास
(b) एन. एन. पी. = जी. एन. पी. + मूल्यह्रास
(c) एन. एन. पी. = जी. एन. पी. ÷ मूल्यह्रास
(d) एन. एन. पी. = जी. एन. पी. × मूल्यह्रास

Ans. (a) एन.एन.पी. = जी.एन.पी – मूल्यह्रास

319. उन लोगों के लिए क्या शब्द प्रयोग किया जाता है जो नियमित रूप से निर्धनता रेखा के अंदर और उससे बाहर होते रहते हैं?

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift IV

(a) सामान्यत: निर्धन
(b) चक्रीय निर्धन
(c) अनियमित निर्धन
(d) चिरकालिक निर्धन

Ans. (b) चक्रीय निर्धन

- जो लोग गरीबी रेखा के अंदर बाहर आते जाते रहते है इस प्रकार की गरीबी को चक्रीय गरीबी कहते है।
- निर्धनता दो प्रकार की होती है- 1. निरपेक्ष निर्धनता 2. सापेक्ष निर्धनता

320. राष्ट्रीय आय लेखा, एक निश्चित समय अवधि में देश की .... गतिविधि के स्तर को मापने के लिए एक बहीखाता प्रणाली है।

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift I

(a) चिकित्सकीय (b) लोकतांत्रिक
(c) आर्थिक (d) रासायनिक

Ans. (c) आर्थिक

- आर्थिक गतिविधि में देश की सीमाओं के भीतर वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, उपभोग और वितरण से जुड़े सभी प्रकार के लेन-देनों को शामिल किया जाता है।

321. कृषि उपज का वह हिस्सा जो किसानों द्वारा बाजार में बेचा जाता है, ... अधिशेष कहलाता है।

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III

(a) संशोधित (b) संतुलित
(c) आयातित (d) बाजार

Ans. (d) बाजार

- 'बाजार अधिशेष' तब होता है जब किसी वस्तु की आपूर्ति की मात्रा मांग की मात्रा से अधिक होती है।
- 'बजट अधिशेष' तब होता है जब किसी इकाई की आय उसके खर्च से अधिक होती है।

322. किसी संस्था के स्वामित्व वाली वस्तुएँ .... कहलाती हैं।

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III

(a) डिबेंचर (b) देयताएँ
(c) ऋण (d) परिसंपत्तियाँ

Ans. (d) परिसंपत्तियाँ

- डिबेंचर- यह एक निश्चित दर एवं समयावधि वाला ऋण पत्र है, जो सरकार या कंपनी द्वारा धन जुटाने के लिए जारी किया जाता है।

323. व्यापार और वाणिज्य का विस्तार करने और विदेशी मुद्रा लाने में क्या मदद करता है?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III

(a) निर्मित वस्तुओं का आयात
(b) मशीनों का आयात
(c) कच्चे माल का आयात
(d) निर्मित वस्तुओं का निर्यात

Ans. (d) निर्मित वस्तुओं का निर्यात

- व्यापार और वाणिज्य के विस्तार में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार वस्तुओं, सेवाओं और पूँजी के आदान-प्रदान को शामिल किया जाता है।

324. शहरी जल संतुलन योजना में चिन्हित परियोजनाओं के आधार पर, ... (CWAP) तैयार किया जाएगा।

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift II

(a) सिटी वाटर एक्शन पीरियड
(b) कंजर्व वाटर एक्शन प्लान
(c) सिटी वाटर एरिया प्लान
(d) सिटी वाटर एक्शन प्लान

Ans. (d) सिटी वाटर एक्शन प्लान

325. एक वर्ष में उत्पादित .... वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य, राष्ट्रीय आय को निरूपित करता है।

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift III

(a) अपूर्ण (b) व्यावसायिक
(c) अंतिम (d) मध्यस्थ

Ans. (c) अंतिम

- 'अंतिम वस्तुएँ' उन वस्तुओं को संदर्भित करती हैं जो अंतिम उपभोग के लिए होती हैं न कि पुनर्विक्रय या आगे की प्रक्रिया के लिए होती है

326. जब 'निर्यात' आयात से अधिक होता है, तो इसे .... की स्थिति के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift III

(a) व्यापार घाटा (b) व्यापार अधिशेष
(c) राजकोषीय घाटा (d) राजस्व अधिशेष

Ans. (b) व्यापार अधिशेष

- व्यापार अधिशेष-यदि कोई राष्ट्र अपने आयात की तुलना में अधिक मूल्य का निर्यात करता है, तो उसके पास व्यापार अधिशेष या सकारात्मक व्यापार संतुलन होता है।
- 'व्यापार घाटा' तब होता है जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है।

327. राष्ट्रीय आय की गणना की .... विधि में, हम उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल वार्षिक मूल्य की गणना करते हैं। (यदि एक वर्ष समय की इकाई है)।

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift I

(a) खरीद (b) ऋण
(c) उत्पाद (d) कर

Ans. (c) उत्पाद

- 'राष्ट्रीय आय' की गणना की प्रमुख तीन विधियाँ है-
  1. उत्पादन विधि या मूल्य वर्धित विधि
  2. आय विधि
  3. व्यय विधि

  'उत्पादन विधि' में राष्ट्रीय आय की गणना वस्तु और सेवाओं के प्रवाह के रूप में की जाती है।

328. .... देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा धारित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ हैं।

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift II

(a) स्थानीय विनिमय
(b) दर विनिमय
(c) साख नियंत्रण
(d) विदेशी मुद्रा रिजर्व

Ans. (d) विदेशी मुद्रा रिजर्व

- 'विदेशी मुद्रा भंडार' का आशय केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा में आरक्षित संपत्ति से होता है इसमें ट्रेजरी बिल, बॉण्ड तथा अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल की जाती हैं।
- भारत में विदेशी मुद्रा भंडार में निम्न को शामिल किया जाता है।
  (i) विदेशी मुद्रा (ii) स्वर्ण भंडार

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(iii) विशेष आहरण अधिकार (SDR)
(iv) IMF के पास रिजर्व ट्रेंच

329. बजट प्रत्येक .... हेतु सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण है।

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift III

(a) पूँजीगत वर्ष (b) वित्तीय वर्ष
(c) कैलेंडर वर्ष (d) पिछले वर्ष

Ans. (b) वित्तीय वर्ष

❒ एक वित्त वर्ष 12 माह की एक अवधि है यह एक कैलेंडर वर्ष से भिन्न है।
❒ भारत का वित्त वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होता है तथा 31 मार्च को समाप्त होता है।

330. आर.बी.आई. के निम्नलिखित मौद्रिक लिखतों में से कौन-सा प्रकृति में गुणात्मक है?

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift IV

(a) आरक्षित नकद अनुपात
(b) मोरल सुएशन
(c) खुला बाजार कार्रवाई
(d) बैंक दर

Ans. (b) मोरल सुएशन

❒ मोरल सुएशन या नैतिक अनुनय एक गुणात्मक मौद्रिक साधन है। RBI इस का प्रयोग बैंकों को बाध्य किए बिना एक निश्चित तरीके से कार्य करने के लिए राजी करने के लिए करता है।
❒ नकद आरक्षित अनुपात जमा का वह प्रतिशत है जिसे बैंकों को RBI के पास रिजर्व के रूप में रखना आवश्यक है।
❒ बैंक दर पर RBI अन्य बैंकों को ऋण देता है।

331. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) पूर्ण रूप से .... के स्वामित्व में है।

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift I

(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) भारतीय रिजर्व बैंक
(c) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(d) भारत सरकार

Ans. (d) भारत सरकार

❒ SEBI की स्थापना 1988 में हुई तथा इसका मुख्यालय मुम्बई में है।
❒ सेबी भारत में प्रतिभूतियाँ बाजार का नियामक है। SEBI Act 1992 में लाया गया।
❒ सेबी के वर्तमान अध्यक्ष 'माधबी पुरी बुच' हैं।

332. जनता के/की .... को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती है।

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift IV

(a) कल्याण (b) पसंद
(c) घनत्व (d) प्रकृति

Ans. (a) कल्याण

❒ 'सब्सिडी' किसी आर्थिक या सामाजिक नीति को बढ़ाने के लिए दी गई वित्तीय सहायता है। आमतौर पर सरकार द्वारा कंपनी, संस्था और व्यक्तियों को कर छूट देकर, बिना ब्याज के ऋण देकर, सीधे पैसा देकर आदि माध्यमों द्वारा दी जाती है।

333. निवल निर्यात = कुल निर्यात – ....

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift I

(a) कुल आय (b) कुल आयात
(c) कुल ब्याज (d) कुल राजस्व

Ans. (b) कुल आयात

❒ 'कुल आय' किसी व्यवसाय या व्यक्ति द्वारा अर्जित कमाई की कुल राशि है।
❒ किसी देश की कुल निर्यात वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य घटाकर उसके द्वारा आयात की जाने वाली वस्तु एवं सेवाओं का मूल्य उसके शुद्ध निर्यात के बराबर होता है।

334. ऋण के लिए सुरक्षा के रूप में ऋणदाता के पास उधारकर्ता द्वारा गिरवी रखी गई संपत्ति, ... कहलाती है।

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift IV

(a) द्विपक्षीय (b) बहुपक्षीय
(c) एकपक्षीय (d) संपार्श्विक

Ans. (d) संपार्श्विक

❒ 'संपार्श्विक' एक संपत्ति है जो एक उधारकर्त्ता ऋण के लिए सुरक्षा गारंटी के रूप में एक ऋण दाता को प्रदान करता है।

335. .... का उपयोग पैसे की माँग और आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift I

(a) क्रेडिट नियंत्रण (b) शेयर नियंत्रण
(c) इक्विटी नियंत्रण (d) डेबिट नियंत्रण

Ans. (a) क्रेडिट नियंत्रण

❒ क्रेडिट नियंत्रण का उपयोग धन की मांग और आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
❒ मूल्य स्थिरता बनाएं रखने व मुद्रा स्फीति को रोकने के लिए ऋण नियंत्रण महत्त्वपूर्ण है।

336. भारत में, औद्योगिक नीति संकल्प पहली बार वर्ष .... में पारित किया गया था।

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift II

(a) 1946 (b) 1947
(c) 1948 (d) 1949

Ans. (c) 1948

❒ पहली औद्योगिक नीति संकल्प की घोषणा 1948 में की गयी।
❒ इसमें कहा गया है कि भारत एक मिश्रित आर्थिक मॉडल बनाने जा रहा है।
❒ उद्योग (विकास और विनिमय) अधिनियम 1951 में पारित किया गया था।

337. माइक्रोफाइनेंस संस्था .... को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती है।

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift I

(a) उच्च आय वाले व्यक्तियों
(b) पूर्व सैनिकों
(c) कम आय वाले व्यक्तियों
(d) अवैध-आय वाले व्यक्तियों

Ans. (c) कम आय वाले व्यक्तियों

❒ भारत में 'सूक्ष्म वित्त' एक गैर लाभकारी संगठन है जो कम आय वाले लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
❒ सूक्ष्म वित्त ऐसे व्यक्तियों को छोटे ऋण देता है जिनकी पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच नहीं है।

338. ...., खुदरा विक्रेताओं के लिए गोदाम में स्टॉक रखते हैं ताकि खुदरा विक्रेताओं को जब भी उनकी आवश्यकता हो, उन्हें सामान उपलब्ध कराया जा सके।

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift I

(a) थोक विक्रेता (b) खरीददार
(c) ग्राहक (d) विक्रेता

Ans. (a) थोक विक्रेता

❒ थोक विक्रेता ऐसे व्यक्ति होते है जो सीधे निर्माताओं से उत्पाद खरीदते हैं तथा भंडारण करते हैं, फिर उन्हे ग्राहकों को बेचते हैं।

339. विनिर्मित वस्तुओं का निर्यात, व्यापार और वाणिज्य को .... हैं।

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift II

(a) फैलाता (b) संकुचित करता
(c) कम करता (d) कमजोर करता

Ans. (a) फैलाता

❒ विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात से व्यापार और वाणिज्य में वृद्धि हो सकती है।
❒ केवल दृश्यमान वस्तुएं ही व्यापार संतुलन (BOT) द्वारा रिकार्ड की जाती है।

340. भारत में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम किस वर्ष में लागू किया गया था?

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift I

(a) 1948 (b) 1951
(c) 1950 (d) 1949

Ans. (a) 1948

❒ इस एक्ट का उद्देश्य मजदूरों के लिए उचित एवं न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करना था।
❒ संगठित व असंगठित औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों का शोषण होने से रोकना इसके अन्य उद्देश्य थे।

341. .... में, भुगतान संतुलन में संकट के

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

कारण भारत में आर्थिक सुधारों की शुरूआत हुई।

SSC GD 2 Feb. 2023 Shift IV

(a) 1997 (b) 2001
(c) 1981 (d) 1991

Ans. (d) 1991

❒ 1980 के दशक में व्यापार घाटा- विदेशी मुद्रा भंडार के समाप्त होने के कारण जो समस्या उत्पन्न हुई उसे भुगतान संतुलन संकट के नाम से जाना जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए तत्कालीन सरकार ने LPG (उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण) सुधार किये।

❒ 1991 के आर्थिक सुधारों के समय नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे तथा वित्त मंत्री मनमोहन सिंह थे।

342. कौन-सा भारतीय संगठन देश में गरीबी पर डेटा एकत्र करने के लिए जिम्मेदार है?

SSC GD 1 Feb. 2023 Shift IV

(a) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (NSSO)
(b) नीति (NITI) आयोग
(c) राष्ट्रीय सामाजिक अधिकारिता संगठन
(d) भारतीय रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय

Ans. (a) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (NSSO)

❒ वर्ष 2019 में सरकार ने NSSO का केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) में विलय करके NSO नामक कार्यालय बनाया वर्तमान में गरीबी के आंकड़ो का संग्रह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा किया जाता है।

❒ NSO सांख्यिकी और प्रोग्राम क्रियान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के अंतर्गत आता है। निर्धनता रिपोर्ट नीति आयोग द्वारा तैयार की जाती है।

343. निम्नलिखित में से कौन-सा अप्रत्यक्ष कर का उदाहरण है?

SSC GD 1 Feb. 2023 Shift IV

(a) फर्मों के लिए निगम कर
(b) उपहार कर
(c) जी. एस. टी.
(d) संपत्ति कर

Ans. (c) जी. एस. टी.

❒ प्रत्यक्ष कर के कुछ उदाहरण- आयकर, निगमकर, संपत्ति कर, लाभांश वितरण कर, पूँजीगत लाभ कर, उपहार कर आदि।

❒ अप्रत्यक्ष कर के कुछ उदाहरण- कस्टम ड्यूटी, जी.एस.टी., स्टाम्प ड्यूटी, वैट, उत्पाद शुल्क आदि।

344. एक लेखा वर्ष के दौरान घरेलू क्षेत्र के .... उत्पादित अंतिम माल और सेवाओं का कुल मूल्य, घरेलू आय कहलाती है।

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift I

(a) बाहर (b) दूर
(c) भीतर (d) के अलावा अन्य

Ans. (c) भीतर

❒ एक वित्तीय वर्ष में एक देश की सीमा के अंदर उत्पादित समस्त अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के कुल मौद्रिक मूल्य को GDP कहते है। इसे ही आम तौर पर घरेलू आय कहते है।

345. भारत में, कौन सा कार्यक्रम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रियायती मूल्यों पर खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान करता है?

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift III

(a) भूदान
(b) सार्वजनिक वितरण प्रणाली
(c) सुरक्षित भंडार
(d) ग्रामदान

Ans. (b) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

❒ PDS के तहत सरकार देश के वंचित वर्ग/जरूरतमंदो को कम कीमत पर राशन अधिकृत दुकान से उपलब्ध कराती है।

346. ऋण एक .... का निर्माण करते हैं, क्योंकि उन्हें एक निश्चित अवधि में ऋणदाता को वापस करना पड़ता है।

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift III

(a) वृद्धि (b) हिस्सेदारी
(c) परिसंपत्ति (d) दायित्व

Ans. (d) दायित्व

ऋणदाता	ऋण प्राप्तकर्ता
ऋणदाता ने जो ऋण दिया है वो उसके लिए परिसंपत्ति है क्योंकि वो उससे कुछ आय सृजित कर रहा है।	ऋण प्राप्तकर्ता के लिए ऋण एक देयता है क्योंकि निश्चित समयावधि के पश्चात् उसे वापस करना है।

347. अर्थशास्त्रियों के अनुसार, एक गरीब राष्ट्र केवल तभी प्रगति कर सकता है, जब उसके पास अच्छा .... हो।

SSC GD 07 Feb. 2023 Shift IV

(a) निजी क्षेत्र (b) सेवा क्षेत्र
(c) औद्योगिक क्षेत्र (d) कृषि क्षेत्र

Ans. (c) औद्योगिक क्षेत्र

❒ औद्योगिक क्षेत्र देश में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करता है और देश के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है।

❒ औद्योगिक क्षेत्र तकनीक, नवाचार, अवसंरचनात्मक ढांचा के विकास को भी बढ़ावा देता है।

348. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) का उद्देश्य .... उद्योगों के प्रचार और विकास के लिए ऋण और अन्य सुविधाएँ प्रदान करना है।

SSC GD 07 Feb. 2023 Shift IV

(a) शहरी (b) बड़े
(c) आलीशान (d) ग्रामीण

Ans. (d) ग्रामीण

नाबार्ड की स्थापना सन् 1982 में शिवरमन समिति की अनुसंशाओं के आधार पर की गई नाबार्ड का मुख्यालय मुम्बई में है।

नाबाड़ के प्रमुख कार्य:-

1. ग्रामीण बैंकों का संचालन करना।
2. कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना।

349. .... देश के विदेशी मुद्रा भंडार का संरक्षक है और उनके निवेश के प्रबंधन की जिम्मेदारी निहित है।

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift IV

(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(c) वित्त मंत्रालय
(d) भारतीय रिजर्व बैंक

Ans. (d) भारतीय रिजर्व बैंक

❒ RBI भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार का संरक्षक है। विदेशी मुद्रा को दूसरे देशों के साथ व्यापार में भुगतान के लिए प्रयोग किया जाता है।

❒ इसके माध्यम से RBI रुपये की दूसरी मुद्रा के साथ विनिमय दर को नियंत्रित करता है। अर्थात रूपये के बाह्य मूल्य को नियंत्रित करता है।

350. भारतीय खाद्य निगम सरकार द्वारा घोषित .... में किसानों से खाद्यान्न खरीदता है।

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift I

(a) रियायती मूल्य
(b) न्यूनतम समर्थन मूल्य
(c) प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य
(d) अधिकतम खुदरा मूल्य

Ans. (b) न्यूनतम समर्थन मूल्य

❒ भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) कृषि मूल्यों में तीव्र गिरावट के विरूद्ध सुरक्षित उपाय के रूप में कृषि उत्पादकों को प्रदान किया जाता है।

❒ MSP = 1 क्विंटल की लागत + 50% मार्जिन

❒ न्यूनतम समर्थन मूल्य की संस्तुति कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) द्वारा की जाती है। भारत सरकार के आर्थिक मामलों को मंत्रिमंडलीय समिति इस पर अपनी मंजूरी देती है।

❒ वर्तमान में 24 फसलों के लिए MSP जारी की जाती है। जबकि एक फसल (गन्ने) के लिए FRP (Fair and Remunerative Price) जारी किये जाते है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

351. .... एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय है, जो विभिन्न देशों की सरकार को पूँजी उधार देता है।

SSC GD 09 Feb. 2023 Shift IV

(a) भारतीय रिजर्व बैंक
(b) विश्व बैंक
(c) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(d) भारतीय स्टेट बैंक

Ans. (b) विश्व बैंक

❒ किसी देश में संकट के समय विश्व बैंक उसकी आर्थिक मदद करता है।
❒ विश्व बैंक का मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. में है। वर्तमान में 189 देश विश्व बैंक के सदस्य है।

352. .... एक व्यापार नीति है, जो आयात या निर्यात को प्रतिबंधित नहीं करती है।

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift II

(a) स्थानीय व्यापार (b) स्विस व्यापार
(c) मुक्त व्यापार (d) निष्पक्ष व्यापार

Ans. (c) मुक्त व्यापार

❒ मुक्त व्यापार नीति एक ऐसी नीति है जो देशों के मध्य बिना किसी बाधा के वस्तुओं एवं सेवाओं के विनिमय को बढ़ावा देती है।
❒ मुक्त व्यापार नीति को दो देशों के मध्य मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के आधार पर लागू किया जाता है। इसके माध्यम से व्यापार में बाधा जैसे टैरिफ, कोटा आदि शुल्कों को समाप्त कर दिया जाता है।

353. IPR-1956 ने .... पँचवर्षीय योजना की नींव रखी।

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift III

(a) चौथी (b) दूसरी
(c) छठवीं (d) दसवीं

Ans. (b) दूसरी

❒ औद्योगिक नीति संकल्प (IPR) -1956 ने द्वितीय पंचवर्षीय योजना की नींव रखी।
❒ IPR - 1956 भारत के औद्योगिक विकास का पहला विस्तृत विवरण था।
❒ इसे 'भारत का आर्थिक संविधान' कहा जाता है। इसके माध्यम से सरकार ने पहली औद्योगिक नीति (1948 की औद्योगिक नीति) को संशोधित किया।

354. अर्थव्यवस्था में गंभीर तनाव के समय इनमें से कौन-सा अनुच्छेद, सरकार को अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से 0.5% प्वाइंट तक विचलन की अनुमति देता है?

SSC GD 01 Dec. 2021 Shift I

(a) FAR अनुच्छेद
(b) गारंटी अनुच्छेद
(c) राहतकारी अनुच्छेद
(d) DEAR अनुच्छेद

Ans. (c) राहतकारी अनुच्छेद

❒ राहतकारी अनुच्छेद सरकार को अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से 0.5% तक विचलन की अनुमति देता है।

355. जब सरकार करों को कम करती है और सरकारी व्यय को बढ़ाती है, तो इस प्रकार की राजकोषीय नीति क्या कहलाती है?

SSC GD 01 Dec. 2021 Shift I

(a) विस्तारवादी राजकोषीय नीति
(b) संविदात्मक राजकोषीय नीति
(c) तटस्थ राजकोषीय नीति
(d) संविदात्मक और विस्तारवादी राजकोषीय नीति, दोनों

Ans. (a) विस्तारवादी राजकोषीय नीति

❒ वह नीति जिसमें सरकार करों को न्यूनतम करती है और सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करती है, विस्तारवादी राजकोषीय नीति कहलाती है। राजकोषीय नीति मुख्य रूप से जॉन मेनार्ड कीन्स के विचारों पर आधारित है, जिन्होंने तर्क दिया कि सरकार व्यवसाय चक्र को स्थिर बना सकती है और आर्थिक उत्पादन को नियंत्रित कर सकती है।

356. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के विशेष आहरण अधिकार (SDR) का मूल्य कितनी मुद्राओं वाली बास्केट ऑफ करेंसी (Basket of currencies) द्वारा निर्धारित किया जाता है?

SSC GD 06 Dec. 2021 Shift III

(a) पाँच (b) छह
(c) सात (d) आठ

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift III

Ans. (a) पाँच

❒ SDR को IMF द्वारा 1969 में अपने सदस्य देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आरक्षित संपत्ति के रूप में बनाया गया था।
❒ आरंभ में SDR को 0.8886 ग्राम स्वर्ण मूल्य के बराबर आंका गया था, जो उस दौरान एक डॉलर के समतुल्य था, लेकिन ब्रेटन वुड्स प्रणाली के पतन के बाद SDR को मुद्राओं की एक बास्केट के रूप में परिभाषित किया गया था।
❒ इस बॉस्केट में पांच देशों की मुद्राएँ शामिल हैं-अमेरिकी डॉलर, यूरो, रॅन्मिन्बी, येन तथा पाउंड।

357. भारत का केंद्रीय बजट तैयार करने वाला बजट प्रभाग, वित्त मंत्रालय के अधीन........... विभाग का एक हिस्सा है।

SSC GD 07 Dec. 2021 Shift II

(a) वित्तीय सेवाएं
(b) आर्थिक मामले
(c) निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन
(d) राजस्व

Ans. (b) आर्थिक मामले

358. निम्नलिखित में से कौन-सा पारिभाषिक शब्द उन प्रजातियों के लिए प्रयुक्त है जो स्थानीय आवास के प्राकृतिक आवासी नहीं हैं, लेकिन इस तंत्र में शामिल होते हैं?

SSC GD 07 Dec. 2021 Shift III

(a) स्थानिक (b) विजातीय
(c) जीवोम (d) अजैव

Ans. (b) विजातीय

❒ विजातीय शब्द उन प्रजातियों के लिए प्रयुक्त है जो स्थानीय आवास के प्राकृतिक आवासी नहीं हैं लेकिन इस तंत्र में शामिल हैं।

359. FPI में प्रतिभूति और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां शामिल होती है, जो विदेशी निवेशक द्वारा निष्क्रिय रूप से रखी जाती है। FPI का पूर्ण रूप क्या है?

SSC GD 08 Dec. 2021 Shift III

(a) फॉरेन पेमेंट इनवेस्टमेंट
(b) फॉरेन पोर्टफोलियो इनवेस्टमेंट
(c) फाइनल पोर्टफोलियो इनवेस्टमेंट
(d) फाइनल पेमेंट इनवेस्टमेंट

Ans. (b) फॉरेन पोर्टफोलियो इनवेस्टमेंट

❒ FPI का आशय किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा किसी दूसरे देश की कंपनी में निवेशित राशि से है, जिससे वह उस कंपनी के शेयर या बॉण्ड खरीदता है अथवा उसे ऋण राशि उपलब्ध कराता है।
❒ ऋण पर मिलने वाली राशि को ब्याज लाभ के रूप में अभिकलित किया जाता है।
❒ FPI का विनिमय 'भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Security and Exchange Board of India-SEBI) द्वारा किया जाता है।

360. जनता द्वारा मुद्रा के रूप में अपने पास रखे गए धन और उसके द्वारा बैंक जमा धन के अनुपात को क्या कहते है?

(a) मुद्रा जमा अनुपात
(b) आरक्षित जमा अनुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात
(c) नकद आरक्षित अनुपात

Ans. (a) मुद्रा जमा अनुपात

❒ जनता द्वारा मुद्रा के रूप में अपने पास रखे गए धन और उसके द्वारा बैंक जमा धन के अनुपात को मुद्रा जमा अनुपात कहते हैं।

361. भारतीय जीवन बीमा निगम अधिनियम, संसद द्वारा........ में पारित किया गया था।

SSC GD 08 Dec. 2021 Shift II

(a) 1965 (b) 1971
(c) 1948 (d) 1956

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (d) 1956

❒ विशेष तौर पर बीमा दो तरह के होते हैं-जीवन बीमा और साधारण बीमा। जीवन बीमा से तात्पर्य ये है कि पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रित (Nominee) को बीमा कंपनी की तरफ से अनुदान राशि मिलती है।
❒ वही साधारण बीमा में गाड़ियाँ, घर, पशु, फसल व स्वास्थ्य बीमा जैसी चीजें शामिल हैं।
❒ 1 सितंबर, 1956 को भारतीय जीवन बीमा निगम को भारतीयों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया गया।
❒ वर्ष 1972 में जनरल इंश्योरेंस बिजनेस अधिनियम पारित किया गया।

362. भारत का प्रथम डिजिटल केंद्रीय बजट वर्ष .... में प्रस्तुत किया गया।
SSC GD 09 Dec. 2021 Shift II
(a) 2021 (b) 2019
(c) 2020 (d) 2018

Ans. (a) 2021

❒ भारत का प्रथम डिजिटल केंद्रीय बजट 1 फरवरी 2021 को केंद्रीय मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण ने संसद में परंपरागत किताब में छपे बजट के बजाय टैबलेट से बजट भाषण पढ़ा। यह देश का पहला बजट था, जिसमें बजट भाषण को वित्तमंत्री ने टैबलेट से पढ़ा। बजट 'अनुच्छेद-112' के अंतर्गत वार्षिक वित्तिय विवरण के नाम से उल्लिखित है।

363. स्थानांतरित कृषि को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है?
SSC GD 10 Dec. 2021 Shift III
(a) स्लैश और बर्न (b) रम्बल और टम्बल
(c) शिफ्ट और बर्न (d) सलष और बर्न

Ans. (a) स्लैश और बर्न

❒ 'झूम कृषि' के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में वनों को साफ करके दो/तीन वर्ष तक खेती की जाती है तथा दो या तीन वर्ष बाद इसको त्यागकर दूसरे स्थान पर खेती की जाती है। इस प्रकार की कृषि को स्थानांतरित कृषि या झूम कृषि कहते है।

स्थानांतरित कृषि के स्थानीय नाम	**स्थान या क्षेत्र**
कुरुवा	झारखण्ड
झूम खेती या झूमिंग कृषि	पूर्वोत्तर राज्य (मिजोरम, मेघालय, असम तथा नागालैण्ड)
पामलू	अंडमान निकोबार द्वीप समूह तथा छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में
खिल	हिमालय क्षेत्र
बेबर या दहिया	मध्य प्रदेश
पामाडाबी, कोमान या बरीगाँ	ओड़िशा

364. टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (TISCO) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
SSC GD 14 Dec. 2021 Shift III
(a) 1907 (b) 1913
(c) 1932 (d) 1927

Ans. (a) 1907

❒ TISCO (टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी) की स्थापना 26 अगस्त 1907 को जमशेदपुर में हुई थी। यह निजी क्षेत्र द्वारा स्थापित लौह इस्पात संयंत्र है।

365. निम्न में किसे 'तरल आस्तियों' तथा 'मांग एवं आवधिक देयताओं' के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है?
SSC GD 14 Dec. 2021 Shift II
(a) सांविधिक चलनिधि अनुपात
(b) नकदी कर्ज अनुपात
(c) आरक्षित नकदी निधि अनुपात
(d) आस्ति देयता अनुपात

Ans. (c) आरक्षित नकदी निधि अनुपात

❒ सांविधिक चलनिधि अनुपात नेट टाइम और डिमाण्ड लायबिलिटीज का एक अनुपात है। इसके अंतर्गत सोना, नकदी, सरकारी प्रतिभूतियों या आरबीआई द्वारा अनुमोदित किसी अन्य प्रतिभूतियों और बांड के रूप में बनाए रखा जाना अनिवार्य होता है।
❒ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये सांविधिक चलनिधि अनुपात प्रतिशत बढ़ाकर देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सकता है।।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

5

सामान्य विज्ञान

भौतिक विज्ञान

1. क्रमश: 2 kg और 3 kg द्रव्यमान वाली दो वस्तुओं A और B को अलग-अलग ऊँचाई से गिराया जाता है। धरातल को स्पर्श करने में A को 5 सेकंड और B को 3 सेकंड लगते हैं। उनकी उस गतिज ऊर्जा का अनुपात कितना है जिससे वे धरातल से टकराते हैं?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III

(a) 2/3 (b) 10/9
(c) 50/27 (d) 5/3

Ans. (c) 50/27

हमें ज्ञात है-

✦ गतिज ऊर्जा (KE) = ½ mv^2

✦ चूंकि दोनों वस्तुएँ मुक्त रूप से गिर रही हैं इसलिए उनके अंतिम वेग का निर्धारण निम्न सूत्र से किया जाएगा-

✦ v = u + gt, जहाँ, v = अंतिम वेग, g = गुरुत्वीय त्वरण, t = समय

वस्तु A के लिए

u_A = 0, g =10, t = 5
$v_A = u_A + gt$
$v_A = 0 + 10 \times 5$
v_A = 50 m/s

वस्तु B के लिए

u_B = 0, g = 10, t = 3
$v_B = u_B + gt$
$v_B = 0 + 10 \times 3$
v_B = 30 m/s

वस्तु A के लिए गतिज ऊर्जा

$KE_A = 1/2mv^2$
$= 1/2 \times 2 \times 50 \times 50$
KE_A = 2500 m/s

वस्तु B के लिए गतिज ऊर्जा

$KE_B = 1/2mv^2$
$= 1/2 \times 3 \times 30 \times 30$
= 1350 m/s

वस्तु A और वस्तु B की गतिज ऊर्जा का अनुपात

KE_A/KE_B = 2500/1350
KE_A/KE_B = 50/27

2. हंस क्रिश्चियन ओर्स्टेड (Hans Christian Oersted) ने किसी तार में विद्युत धारा के प्रवाह द्वारा निकट स्थित चुंबकीय दिक्सूचक सुई को विक्षेपित करने की परिघटना की खोज कब की थी?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-II

(a) 1830 (b) 1810
(c) 1850 (d) 1820

Ans. (d) 1820

भौतिक शास्त्री व उनका योगदान/खोज

भौतिक शास्त्री	खोज/योगदान
आर्किमिडीज	उत्प्लावन का सिद्धान्त
हाइगेन्स	प्रकाश का तरंग सिद्धान्त
माइकल फैराडे	चुम्बकीय प्रेरण के नियम
रॉन्टजन	एक्स किरणें
रदरफोर्ड	परमाणु का नाभिकीय मॉडल
सर आइजैक न्यूटन	गुरुत्वाकर्षण का नियम, गति के नियम, परिवर्तित दूरदर्शी
आइन्सटीन	प्रकाश विद्युत प्रभाव का सिद्धान्त

3. कौन-सा नियम कहता है कि किसी ग्रह की, सूर्य के चारों ओर परिक्रमा की अवधि, उसकी कक्षा की त्रिज्या के साथ चरघातांकी रूप से बढ़ती है?

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-III

(a) केप्लर का तृतीय नियम
(b) कोपरनिकस का गति का नियम
(c) हबल का नियम
(d) ड्रेक नियम

Ans. (a) केप्लर का तृतीय नियम

✦ जोहान्स केप्लर ने ग्रहों की गति से संबंधित तीन महत्त्वपूर्ण नियम दिए, जो न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण नियमों के आधार बने। ये नियम निम्नलिखित हैं-

1. **कक्षीय नियम-** सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्ताकार (Elliptical) कक्षा में घूमते हैं और सूर्य उस दीर्घवृत्त (Ellipse) के केंद्र (Focus) पर स्थित होता है।
2. **क्षेत्रफल का नियम-** ग्रह और सूर्य को मिलाने वाली रेखा समान समयांतराल में समान क्षेत्रफल तय करती है।
3. **आवर्त काल का नियम-** किसी ग्रह की सूर्य के चारों ओर घूर्णन की अवधि (Time Period) का वर्ग उसके कक्षा के अर्द्ध-दीर्घ अक्ष (Semi-major axis) के घन के अनुपात के बराबर होता है, अर्थात्

$T^2 \propto r^3$

4. किसी वस्तु को ऊपर की ओर फेंका जाता है। इसके प्रक्षेप पथ (Trajectory) के उच्चतम बिंदु पर इसकी............।

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-I

(a) स्थितिज ऊर्जा अधिकतम होगी
(b) गतिज और स्थितिज ऊर्जा, दोनों शून्य होंगी
(c) गतिज ऊर्जा अधिकतम होगी
(d) गतिज और स्थितिज ऊर्जा, दोनों अधिकतम होंगी

Ans. (a) स्थितिज ऊर्जा अधिकतम होगी

✦ जब वस्तु को ऊपर की ओर फेंका जाता है, तो गुरुत्वाकर्षण के कारण उसका ऊर्ध्वाधर वेग घटता है और उच्चतम बिंदु पर यह शून्य हो जाता है।

✦ गतिज ऊर्जा को निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है- $KE = 1/2mv^2$

✦ स्थितिज ऊर्जा को निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है- U = mgh

5. एक चिकनी क्षैतिज मेज पर d दूरी तय करने वाली m द्रव्यमान की एक पुस्तक के लिए, गुरुत्वाकर्षण बल के द्वारा किया गया कार्य ज्ञात कीजिए।

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-III

(a) md cosθ (b) md
(c) 0 (d) mgd

Ans. (c) 0

✦ कार्य को निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

$W = F.s \cos\theta$

✦ पुस्तक क्षैतिज मेज पर चल रही है, इसलिए विस्थापन (d) क्षैतिज दिशा में है।

✦ गुरुत्वाकर्षण बल (mg) ऊर्ध्वाधर (नीचे की ओर) कार्य कर रहा है।

✦ बल (mg) और विस्थापन (d) के बीच का कोण 90° है।

$W = mg.s \cos 90°$ [$\because F = mg$]

✦ चूंकि Cos90° = 0 इसलिए गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा किया गया कार्य शून्य होगा।

6. लौह मिश्र धातु की समान गोल आकार की दो ठोस गेंदें एक दूसरे को स्पर्श कर रही हैं। यदि गेंद की सामग्री का घनत्व $(3/2\pi) \times 10^5 (kg/m^3)$ और त्रिज्या 1m है, तो उनके बीच गुरुत्वीय आकर्षण बल क्या होगा? ($G = 6.67 \times 10^{-11} Nm^2/kg^2$)

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-II

(a) 66.7 N (b) 6.67 N
(c) 0.667 N (d) 0.0667 N

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (c) 0.667 N

- गुरुत्वीय आकर्षण बल को निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है–

$$F = G\, m_1.m_2/r^2$$

- जहाँ,

$$G = 6.67 \times 10^{-11}\ Nm^2/kg^2$$

(गुरुत्वीय नियतांक)

- m_1 और m_2 दोनों गेंदों के द्रव्यमान हैं।
- r दोनों गेंदों के केंद्रों के बीच की दूरी है।
- गेंद का द्रव्यमान (m) = घनत्व × आयतन...(i)
- दिया है,

$$\text{घनत्व} = \left(\frac{3}{2\pi}\right) \times 10^5 (kg/m^3)$$

त्रिज्या (r) = 1m

- गेंद का आयतन निम्न सूत्र से ज्ञात किया जाता है–

$$\text{आयतन (V)} = \frac{4}{3}\pi r^3$$

$$= 4/3\pi \times (1)^3$$

$$V = 4/3\pi$$

- घनत्व और आयतन के मान समीकरण (i) में रखने पर
- गेंद का द्रव्यमान

$$(m) = \left(\frac{3}{2\pi}\right) \times 10^5 \times \frac{4}{3}\pi$$

$$= 2 \times 10^5$$

- चूंकि दोनों गेंदों के द्रव्यमान समान है, इसलिए

$$m_1 = 2 \times 10^5,\ m_2 = 2 \times 10^5$$

- दोनों गेंदें एक-दूसरे को स्पर्श कर रही हैं, इसलिए उनके केंद्रों के बीच की दूरी होगी–

$$r = 2 \times 1 = 2m$$

$$F = G\, m_1.m_2/r^2$$

$$F = 6.67 \times 10^{-11} \times 2 \times 10^5 \times 2 \times 10^5/(2)^2$$

$$F = (6.67 \times 10^{-11}) \times 4 \times 10^{10}/4$$

$$F = 6.67 \times 10^{-1}$$

$$F = 0.667N$$

7. 1887 में, हेनरिक रूडोल्फ हर्ट्ज (Heinrich Rudolf Hertz) ने किसके काम को अपने प्रयोगों की एक श्रृंखला को करने के लिए लागू किया, जिससे उन्होंने रेडियो तरंगें उत्पन्न की?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III

(a) क्रिस्टियान ह्यूजेन्स
(b) थॉमस यंग
(c) जेम्स क्लर्क मैक्सवेल
(d) क्रिश्चियन डॉलर

Ans. (c) जेम्स क्लर्क मैक्सवेल

- **महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक और उनके आविष्कार/खोज**

वैज्ञानिक	आविष्कार/खोज
मैक्सवेल	प्रकाश का विद्युत चुम्बकीय सिद्धान्त
थॉमस यंग	प्रकाश का व्यतिकरण
हेनरी बैकुरल	रेडियोसक्रियता की खोज
सी.वी.रमन	रमन प्रभाव
चैडविक	न्यूट्रॉन

8. किसी पिंड को शून्य प्रारंभिक संवेग के साथ 20 मीटर की ऊँचाई से गिराया जाता है; यदि यह 40 kg. m/s संवेग के साथ भू-तल से टकराता है, तो इसके द्रव्यमान का परिकलन कीजिए। (मान लीजिए गुरुत्वीय त्वरण 'g' = 10 m/s²)

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-II

(a) 20 kg (b) 1 kg
(c) 2 kg (d) 4 kg

Ans. (c) 2 kg

- दिया गया है–

$$h = 20m$$

$$P = 40\ Kg.m/s$$

- गिरने के अंतिम वेग (v) को ज्ञात करने के लिए गति के दूसरे समीकरण का उपयोग करेंगे

$$v^2 = u^2 + 2gh$$

$$= 0 + 2 \times 10 \times 20 = 400$$

$$v = \sqrt{400}$$

$$v = 20m/s$$

- द्रव्यमान को संवेग के सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाएगा

$$P = mv$$

$$40 = m \times 20$$

$$m = 40/20$$

$$m = 2\ kg$$

9. ग्रीक अक्षर v(nu) भौतिकी में क्या दर्शाता है?

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-I

(a) तरंग की आवृत्ति
(b) किसी पदार्थ का घनत्व
(c) कणों का वेग
(d) घर्षण गुणांक

Ans. (a) तरंग की आवृत्ति

- **आवृत्ति के आधार पर ध्वनि तरंगों के प्रकार–**

अवश्रव्य तरंगें	श्रव्य तरंगें	पराश्रव्य तरंगें
इनकी आवृत्ति 20 Hz से कम होती है।	इनकी आवृत्ति 20-20,000 Hz के मध्य होती है।	इनकी आवृत्ति 20,000Hz से अधिक होती है।
इन्हें मनुष्य द्वारा नहीं सुना जा सकता है।	इन्हें, मनुष्य द्वारा सुना जा सकता है।	इन्हें मनुष्य द्वारा नहीं सुना जा सकता है।
		इन तरंगों को गाल्टन की सीटी द्वारा उत्पन्न किया जा सकता है।
		कुछ जानवरों द्वारा इन्हें सुना जा सकता है, **जैसे**–कुत्ता,बिल्ली, डॉल्फिन, चमगादड़ आदि।

10. जॉर्ज साइमन ओम 1827 में एक सूत्र (Formula) प्रकाशित करने के लिए प्रसिद्ध थे। यह किसका वर्णन करता है?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-II

(a) धारा प्रवाह विभवांतर के अनुक्रमानुपाती और प्रतिरोध के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
(b) एक संवृत पृष्ठ में कुल विद्युत अभिवाह, संलग्न आवेश के अनुक्रमानुपाती होता है।
(c) कुंडली में प्रेरित ईएमएफ का परिमाण उस कुंडली से जुड़े चुंबकीय अभिवाह के परिवर्तन की दर के अनुक्रमानुपाती होता है।
(d) संधि में प्रवेश करने वाली सभी धाराओं का योग, संधि से निकलने वाली सभी धाराओं के योग के बराबर होना चाहिए।

Ans. (a) धारा प्रवाह विभवांतर के अनुक्रमानुपाती और प्रतिरोध के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

- जर्मन वैज्ञानिक डॉ. जॉर्ज साइमन ओम ने विद्युत विभवांतर और उसमें बहने वाली धारा के संबंध में एक नियम प्रतिपादित किया जिसे ओम का नियम कहते हैं।
- इस नियमानुसार यदि किसी चालक की भौतिक अवस्था (ताप) नियत है, तो उसमें बहने वाली धारा और उसके सिरों पर लगाये गये विभवांतर का अनुपात नियत होगा, अर्थात्

V/I = R, यहाँ, V = विभवांतर, I = धारा, R = नियंतांक

नोटः– विद्युत धारा अदिश राशि है। इसका मात्रक एम्पीयर होता है।

11. जब कोई वस्तु एक सीधी रेखा में नियत चाल से गतिशील हो, तो उसका त्वरण.......... ।

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II

(a) धनात्मक होता है
(b) ऋणात्मक होता है
(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
(d) शून्य होता है

Ans. (d) शून्य होता है

- किसी वस्तु के वेग में परिवर्तन की दर को 'त्वरण' कहते हैं। यह एक सदिश राशि है। इसका SI मात्रक m/s² है।
- **धनात्मक त्वरण**– अगर किसी वस्तु का वेग

Search On TG: @apna.pdf

Join Telegram: @apna_library

समय के साथ बढ़ता है, तो त्वरण का मान धनात्मक होगा।

✦ **ऋणात्मक त्वरण-** अगर किसी वस्तु का वेग समय के साथ घटता है, तो त्वरण का मान ऋणात्मक होगा।

12. प्रति सेकण्ड दोलनों की संख्या को दोलन का/की .... कहा जाता है।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift I

(a) आवृत्ति (b) आयाम
(c) हर्ट्ज (d) तारत्व

Ans. (a) आवृत्ति

❒ यदि आवृत्ति (n) तथा आवर्त काल (T) हो तो

$$\text{आवृत्ति (n)} = \frac{1}{\text{आवर्त काल (T)}}$$

❒ आवृत्ति का SI मात्रक = हर्ट्ज (Hz)

❒ आवृत्ति की विमा $[T^{-1}]$ or $[M^0 L^0 T^{-1}]$

❒ **आवर्त काल (Time Period):** एक दोलन को पूरा करने में लगे समय को आवर्त काल कहते हैं। इसका SI मात्रक सेकण्ड होता है।

13. चुंबकीय क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift III

(a) चुंबकीय क्षेत्र एक ऐसी मात्रा है जिसकी कोई दिशा और परिणाम नहीं होता है।
(b) दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ एक-दूसरे को काटती पाई जाती है।
(c) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ खुले वक्र है।
(d) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ बंद वक्र होती है।

Ans. (d) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ बंद वक्र होती है।

❒ चुंबकीय क्षेत्र का SI मात्रक- टेस्ला

❒ चुंबकीय क्षेत्र का CGS मात्रक- गॉस

❒ 1 गॉस = 10^{-4} टेस्ला

❒ चुंबकीय फ्लक्स का SI मात्रक - वेबर (Wb)

14. समय की मूल इकाई क्या है?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift II

(a) घंटा (b) मिनट/सेकण्ड
(c) सेकण्ड (d) मिनट

Ans. (c) सेकण्ड

भौतिक राशि		(SI मात्रक)
❒ लम्बाई	-	मीटर (m)
❒ द्रव्यमान	-	किलोग्राम (kg)
❒ ताप	-	केल्विन (K)
❒ विद्युत धारा	-	ऐम्पियर (A)
❒ ज्योति तीव्रता	-	कैंडेला (cd)
❒ पदार्थ की मात्रा	-	मोल (mol)

15. निम्नलिखित में से वेग का SI मात्रक क्या है?

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift I

(a) kg/m (b) m/s
(c) kg/s (d) s/m

Ans. (b) m/s

भौतिक राशि		मात्रक
❒ चाल	-	मीटर/सेकण्ड (m/s)
❒ त्वरण	-	मीटर/सेकण्ड² (m/s^2)
❒ आवेग	-	न्यूटन-सेकण्ड (N-s)
❒ पृष्ठ तनाव	-	न्यूटन/मीटर (N/m)

16. वाट (Watt) ________ की इकाई है?

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift IV

(a) शक्ति (b) ऊर्जा
(c) प्रतिरोध (d) संवेग

Ans. (a) शक्ति

भौतिक राशि		इकाई
❒ कार्य या ऊर्जा	-	जूल
❒ प्रतिरोध	-	ओम
❒ संवेग	-	न्यूटन-सेकण्ड
❒ विद्युत चालकता	-	सीमेन्स

17. विद्युत आवेशों की गति से धारा उत्पन्न होती है और जिससे विद्युत चुंबकीय बल उत्पन्न होता है जिसके परिणामस्वरूप .... उत्पन्न होता/होती है।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift IV

(a) बिजली (b) गुरुत्वाकर्षण
(c) चुंबकत्व (d) प्रकाशिकी

Ans. (c) चुंबकत्व

❒ विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभाव की खोज हैंस क्रिश्चियन ओर्स्टेड ने की थी।

❒ किसी विद्युत क्षेत्र में किसी बिंदु पर रखे परीक्षण आवेश पर लगने वाले बल तथा परीक्षण आवेश के अनुपात को उस बिंदु पर 'विद्युत क्षेत्र की तीव्रता' कहते हैं। इसका SI मात्रक न्यूटन/कूलॉम होता है।

18. जब कोई वस्तु एक वृत्ताकार पथ में त्वरित होती है तो .... के कारण वस्तु उस वृत्ताकार पथ में गतिशील रहती है।

SSC GD 6 Mar. 2024 Shift II

(a) प्रत्यास्थ बल (b) वेग
(c) अभिकेन्द्र बल (d) घर्षण

Ans. (c) अभिकेन्द्र बल

❒ घर्षण एक प्रकार का बल है, जो हमेशा गति की विपरीत दिशा में लगता है।

❒ **वेग (Velocity):** एकांक समय में तय किए गए विस्थापन को वेग कहते हैं। यह एक सदिश राशि है तथा इसका SI मात्रक m/s है।

❒ $$\text{वेग} = \frac{\text{विस्थापन}}{\text{समयांतराल}}$$

19. सापेक्षता के सिद्धांत के साथ .... ने भौतिकी के परिदृश्य को बदल दिया, इस सिद्धांत ने क्वाण्टम यांत्रिकी के सिद्धांत को डिजाइन करने में प्रमुख योगदान दिया।

SSC GD 21 Feb. 2024 Shift I

(a) आइजैक न्यूटन (b) गैलीलियो गैलीली
(c) पॉल जी हेविट (d) अल्बर्ट आइंस्टीन

Ans. (d) अल्बर्ट आइंस्टीन

❒ अल्बर्ट आइंस्टीन ने प्रकाश विद्युत प्रभाव की भी व्याख्या की थी।

❒ प्रकाश के फोटॉन सिद्धांत के अनुसार, प्रकाश ऊर्जा के छोटे-छोटे बंडलों के रूप में गति करता है जिन्हें 'फोटॉन' कहते हैं।

20. न्यूटन के किस नियम के अनुसार प्रकृति में प्रत्येक क्रिया (बल) के लिए एक समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है।

SSC GD 28 Feb. 2024 Shift I

(a) पहले (b) चौथे
(c) दूसरे (d) तीसरे

Ans. (d) तीसरे

(i) न्यूटन का प्रथम नियम: यदि कोई वस्तु विराम अवस्था में है तो विराम अवस्था में ही रहेगी और यदि वह एक समान चाल से सीधी रेखा में चल रही है तो उस दिशा में गतिमान रहेगी जब तक कोई बाह्य बल ना लगे। गति के प्रथम नियम को जड़त्व का नियम भी कहते है।

(ii) न्यूटन का द्वितीय नियम: किसी वस्तु पर आरोपित बल उस वस्तु में उत्पन्न संवेग में परिवर्तन की दर के समानुपाती होता है।

21. निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग वाहन द्वारा तय की गई दूरी को मापने के लिए किया जाता है?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift IV

(a) टैकोमीटर (b) फ्यूल गेज
(c) स्पीडोमीटर (d) ओडोमीटर

Ans. (d) ओडोमीटर

यंत्र	मापन उपयोग
ओडोमीटर	वाहन द्वारा तय की गई दूरी
स्पीडोमीटर	मोटरवाहन की गति
टैकोमीटर	वायुयान की गति

22. ध्वनि प्रदूषण को किस इकाई में मापा जाता है?

SSC GD 20 Feb. 2024 Shift III

(a) डेसीबल (b) संटीमीटर
(c) ओम (d) हर्ट्ज

Ans. (a) डेसीबल

भौतिक राशि	मात्रक	प्रतीक
ध्वनि	डेसीबल	dB
आवृत्ति	हर्ट्ज	Hz
दाब/प्रतिबल	पास्कल	Pa
विद्युत आवेश	कूलॉम	C
कार्य/ऊर्जा	जूल	J

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

ज्योति फ्लक्स	ल्यूमेन	lm
तापमान	केल्विन	K
ज्योति तीव्रता	कैंडेला	cd
विद्युत धारा	ऐम्पियर	A

23. एक उपकरण, जो परिपथ में धारा की उपस्थिति का पता लगा सकता है, उसे .... के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 1 Feb. 2023 Shift IV

(a) ओडोमीटर (b) स्पीडोमीटर
(c) अमीटर (d) हाइग्रोमीटर

Ans. (c) अमीटर

❒ अमीटर – विद्युत धारा मापने में
❒ हाइग्रोमीटर – वायुमंडलीय आर्द्रता मापने में

24. ध्वनि तरंगें जिनकी आवृत्ति .... हर्ट्ज से कम होती है, उन्हें अवश्रव्य तरंगें कहा जाता है।

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III

(a) 5 (b) 15
(c) 10 (d) 20

Ans. (d) 20

तरंगों के प्रकार	आवृत्ति
अवश्रव्य	20 Hz से कम
श्रव्य	20 Hz से 20,000 Hz के बीच
पराश्रव्य	20,000 Hz से अधिक

25. निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग हवा या गैस की आर्द्रता को मापने के लिए किया जाता है?

SSC GD 6 Feb. 2023 Shift I

(a) वायुवेगमापी (b) हाइड्रोमीटर
(c) तेजमापी (d) आर्द्रतामापी

Ans. (d) आर्द्रतामापी

यंत्र	मापन उपयोग
हाइड्रोमीटर	द्रवों का आपेक्षिक घनत्व
बैरोमीटर	वायुमंडलीय दाब

26. परिपथ में विद्युत धारा को .... द्वारा मापा जाता है।

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift III

(a) ओडोमीटर (b) अमीटर
(c) विभवमापी (d) वोल्टमीटर

Ans. (b) अमीटर

यंत्र	मापन उपयोग
वोल्टमीटर	दो बिंदुओं के मध्य आवेश भिन्नता को मापने में
फैदोमीटर	समुद्र की गहराई मापने में
अल्टीमीटर	विमानों की ऊँचाई मापने में

27. विद्युत विभवांतर का SI मात्रक क्या है?

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift IV

(a) वाट (b) ऐम्पियर
(c) वोल्ट (d) जूल

Ans. (c) वोल्ट

भौतिक राशि	मात्रक
शक्ति	जूल/सेकण्ड या वाट
वेग	मीटर/सेकण्ड
चालकता	ओम$^{-1}$ या म्हो
प्लांक नियतांक	जूल-सेकण्ड

28. भूकंप के दौरान कंपन को मापने के लिए किस यंत्र का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift II

(a) रिक्टर मापक्रम (b) मरकैली मापक
(c) सिस्मोग्राफ (d) हाइग्रोमीटर

Ans. (c) सिस्मोग्राफ

यंत्र	मापन उपयोग
सिस्मोग्राफ	भूकंप तीव्रता मापने में
मैनोमीटर	गैसों का दाब मापने में
एनिमोमीटर	वायु की गति मापने में
लैक्टोमीटर	दूध की शुद्धता मापने में

29. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्जनित बलों का एक उदाहरण है?

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift IV

(a) समुद्र की लहरें
(b) हिमनद
(c) पर्वतों का निर्माण
(d) पवन

Ans. (c) पर्वतों का निर्माण

❒ अंतर्जनित बल वह बल होता है जो पृथ्वी के आंतरिक भाग में घटित होता है, **जैसे-** पर्वतों के निर्माण में, ज्वालामुखी आदि।

30. निम्नलिखित में से कौन-सा भौतिक मात्रा और माप की इकाई की गलत जोड़ी है?

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift IV

(a) ऊर्जा - जूल (b) आवृत्ति - हर्ट्ज
(c) दाब - न्यूटन (d) शक्ति - वाट

Ans. (c) दाब - न्यूटन

भौतिक राशि	इकाई
ऊर्जा	जूल (J)
आवृत्ति	हर्ट्ज (Hz)
शक्ति	वाट (W)
आयतन	मीटर^3 (m^3)

31. निम्नलिखित में से किस नियम के अनुसार, विद्युत धारा द्वारा उत्पन्न ऊष्मा चालक के प्रतिरोध, धारा के वर्ग और इसके प्रवाहित होने के समय के समानुपाती होती है?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift IV

(a) जूल का नियम (b) हुक का नियम
(c) फैराडे का नियम (d) कूलॉम का नियम

Ans. (a) जूल का नियम

❒ **जूल के नियम का गणितीय सूत्र:**
$H = I^2 Rt$
H = उत्पन्न ऊष्मा
I = चालक में बहने वाली धारा
R = विद्युत प्रतिरोध
t = समय

❒ **हुक का नियम:** प्रत्यास्थता की सीमा के अंतर्गत किसी वस्तु में उत्पन्न विकृति उस पर आरोपित प्रतिबल के अनुक्रमानुपाती होती है।

$$E = \frac{\text{प्रतिबल}}{\text{विकृति}}$$

E = प्रत्यास्थता गुणांक
SI मात्रक = न्यूटन/मीटर^2 (पास्कल)

32. गति का कौन-सा नियम कहता है कि जब एक पदार्थ दूसरे पदार्थ पर जोर लगाता है तो दूसरा पदार्थ तुरंत पहले पर वापस बल लगाता है?

SSC GD 4 Mar. 2019 Shift II

(a) न्यूटन का गति का दूसरा नियम
(b) स्टीफन का नियम
(c) कूलॉम का नियम
(d) न्यूटन की गति का तीसरा नियम

Ans. (d) न्यूटन की गति का तीसरा नियम

न्यूटन की गति के तीसरे नियम के उदाहरण:
1. बंदूक से गोली छोड़ते समय पीछे की ओर झटका लगना।
2. नाव खेने के लिए बाँस से पानी को पीछे की ओर धकेलना।
3. कुएँ से पानी खींचते समय रस्सी टूट जाने पर व्यक्ति का पीछे की ओर गिर जाना।

❒ **स्टीफन का नियम:** किसी वस्तु के एकांक क्षेत्रफल से उत्सर्जित विकिरण ऊर्जा की दर (E) वस्तु के परमताप (T) के चतुर्थ घात के समानुपाती होती है।
$E \propto T^4$
$E = \sigma \times T^4$
E = कृष्णिका की उत्सर्जक शक्ति
T = परमताप
σ = स्टीफन का नियतांक

33. निम्नलिखित में से कौन-सा, ध्वनि तरंगों का एक अभिलक्षण नहीं है?

SSC GD 05 Dec. 2021

(a) प्रगामी (b) यांत्रिक
(c) विद्युत चुंबकीय (d) अनुदैर्ध्य

Ans. (c) विद्युत चुंबकीय

❒ ध्वनि तरंगों के मुख्य गुण प्रगामी, यांत्रिक तथा अनुदैर्ध्य होते हैं।

34. निम्नलिखित में से किस तरल का पृष्ठ तनाव सबसे अधिक होता है?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III

(a) एथेन (b) मेथेनॉल
(c) एथेनॉल (d) जल

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (d) जल

❒ **पृष्ठ तनाव (Surface Tension):** किसी द्रव का स्वतंत्र पृष्ठ सदैव तनाव की स्थिति में रहता है एवं इसमें न्यूनतम क्षेत्रफल या आकार प्राप्त करने की प्रवृत्ति होती है।
❒ पृष्ठ तनाव = बल/लम्बाई
❒ इसका SI मात्रक न्यूटन/मीटर होता है।

35. सी-सॉ (Sea-Saw) भौतिकी के किस सिद्धांत का एक उदाहरण है?
SSC GD 1 Mar. 2019 Shift II
(a) बल (b) विद्युत
(c) विद्युत धारा (d) समय

Ans. (a) बल

❒ यदि कोई वस्तु एक केंद्र बिंदु पर संतुलित होती है, तो प्रत्येक तरफ मोड़ने वाला बल दूसरी तरफ के बल के बराबर होता है।

36. औद्योगिक संस्थाओं में भार उठाने के लिए जिस हाइड्रोलिक जैक का उपयोग किया जाता है, वह भौतिकी के किस नियम पर आधारित है?
SSC GD 2 Mar. 2019 Shift I
(a) आर्किमिडीज सिद्धांत
(b) खेल सिद्धांत
(c) पास्कल का नियम
(d) न्यूटन का नियम

Ans. (c) पास्कल का नियम

❒ **आर्किमिडीज सिद्धांत:** जब कोई वस्तु किसी द्रव में पूरी अथवा आंशिक रूप से डुबोई जाती है तो उसके भार में कमी का आभास होता है। भार में यह आभासी कमी वस्तु द्वारा हटाए गए द्रव के भार के बराबर होती है।

37. पारंपरिक तापदीप्त बल्ब में फिलामेंट किस धातु का बना होता है?
SSC GD 2 Mar. 2019 Shift I
(a) लोहा (b) ताँबा
(c) टंगस्टन (d) प्लेटिनम

Ans. (c) टंगस्टन

❒ पारंपरिक तापदीप्त बल्ब में फिलामेंट टंगस्टन (W) धातु का बना होता है। इसका गलनांक बहुत उच्च होता है, इसलिए टंगस्टन का इस्तेमाल किया जाता है ताकि ज्यादा गर्म होने पर फिलामेंट पिघल न जाए।

38. उस उपकरण का नाम बताइए जो चालक में संभावित अंतर बनाए रखने में मदद करता है।
SSC GD 4 Mar. 2019 Shift II
(a) शक्ति नापने का यंत्र
(b) यूडियोमीटर
(c) कैलीपर्स
(d) बैटरी

Ans. (d) बैटरी

❒ कैलीपर्स का उपयोग वस्तु की मोटाई मापने में किया जाता है।
❒ यूडियोमीटर भौतिक या रासायनिक परिवर्तन के बाद गैसों के मिश्रण की मात्रा को मापता है।

39. वेबर किसकी इकाई है?
SSC GD 3 Mar. 2019 Shift I
(a) चुंबकीय प्रवाह घनत्व
(b) विद्युत चालकत्व
(c) धारिता
(d) चुंबकीय प्रवाह

Ans. (d) चुंबकीय प्रवाह

❒ वेबर, चुंबकीय प्रवाह की इकाई है।
❒ 1 वेबर = न्यूटन मीटर/ऐम्पियर
❒ चुंबकीय क्षेत्र/चुंबकीय फ्लक्स घनत्व का मात्रक वेबर/मीटर^2 है।
❒ 1 टेस्ला = 1 वेबर/मीटर^2

40. निम्न में से कौन-सा गति का एक सही समीकरण है?
SSC GD 3 Mar. 2019 Shift I
(a) $2s = (V - U)t$
(b) $2s = 2ut + at^2$
(c) $U = V + at^2$
(d) $V^2 + u^2 = 2as$

Ans. (b) $2s = 2ut + at^2$

❒ **गति की निम्नलिखित तीन समीकरण होती हैं–**
1. $v = u + at$
2. $s = ut + \frac{1}{2}at^2$
या
$\Rightarrow 2s = 2ut + at^2$
3. $v^2 = u^2 + 2as$
जहाँ, u = प्रारंभिक वेग
v = अंतिम वेग
s = विस्थापन अथवा दूरी
t = लगा समय
a = एकसमान त्वरण

41. M द्रव्यमान और R त्रिज्या वाले एक ठोस गोले का इसके केंद्र से गुजरने वाले अक्ष पर जड़त्वाघूर्ण कितना होगा?
SSC GD 3 Mar. 2019 Shift II
(a) $2MR/5$ (b) $2MR^2/5$
(c) $5MR^2/2$ (d) $5MR/2$

Ans. (b) $2MR^2/5$

❒ M द्रव्यमान और R त्रिज्या वाले ठोस गोले का इसके केंद्र से गुजरने वाले अक्ष पर जड़त्वाघूर्ण **$2MR^2/5$** होगा।

42. टेस्ला किसकी इकाई है?
SSC GD 3 Mar. 2019 Shift III
(a) विद्युत
(b) चुंबकीय
(c) चुंबकीय प्रवाह घनत्व
(d) धारिता

Ans. (c) चुंबकीय प्रवाह घनत्व

❒ चुंबकीय प्रवाह की SI इकाई वेबर है।
❒ चुंबकीय क्षेत्र/चुंबकीय फ्लक्स घनत्व का मात्रक वेबर/मीटर^2 है।

43. उस इकाई का नाम बताइए जिसमें ईंधन का ऊष्मीय (कैलारिफिक) मान व्यक्त किया जाता है।
SSC GD 3 Mar. 2019 Shift III
(a) किलोजूल/किग्रा (b) कैंडेला
(c) किलोग्राम (d) केल्विन

Ans. (a) किलोजूल/किग्रा

❒ किसी ईंधन के एक किलोग्राम के पूर्ण दहन से प्राप्त ऊष्मा की मात्रा उस ईंधन का ऊष्मीय मान कहलाती है। इसको किलोजूल/किलोग्राम में व्यक्त करते हैं।

44. सीमेंस किसकी इकाई है?
SSC GD 5 Mar. 2019 Shift I
(a) चुंबकीय प्रवाह घनत्व
(b) विद्युत चालकत्व
(c) चुंबकीय प्रवाह
(d) धारिता

Ans. (b) विद्युत चालकत्व

राशि	मात्रक	प्रतीक
प्रेरकत्व	हेनरी	H
विद्युत प्रतिरोध	ओम	Ω
विद्युत आवेश	कूलॉम	C

45. सूरज की रोशनी के स्पेक्ट्रम को प्राप्त करने के लिए प्रिज्म का उपयोग करने वाला पहला व्यक्ति कौन था?
SSC GD 6 Mar. 2019 Shift II
(a) जेम्स क्लर्क मैक्सवेल
(b) आइजैक न्यूटन
(c) हैन्स क्रिश्चियन ओस्टेंड
(d) अल्बर्ट आइंस्टीन

Ans. (b) आइजैक न्यूटन

❒ जब सूर्य का प्रकाश प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो वह अपने मार्ग से विचलित होकर प्रिज्म के आधार की ओर झुकने पर विभिन्न रंगों की किरणों में विभाजित हो जाता है। इस प्रकार से उत्पन्न विभिन्न रंगों के समूह को स्पेक्ट्रम कहते हैं।



46. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ खींचने के लिए किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है?

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 7 Mar. 2019 Shift III

(a) अमीटर (b) विद्युतमापी
(c) वोल्टमीटर (d) कंपास

Ans. (d) कंपास

❒ चुंबक में दो ध्रुव उत्तरी ध्रुव (N) और दक्षिणी ध्रुव (S) होते हैं। समान ध्रुव (N–N) और (S–S) एक-दूसरे को प्रतिकर्षित तथा विपरीत ध्रुव (N–S) एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं।

47. निम्न में से कौन-सा प्रकाश के प्रकीर्णन का उदाहरण नहीं है?

SSC GD 8 Mar. 2019 Shift I

(a) आकाश का नीला रंग
(b) सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य का लाल होना
(c) गहरे समुद्र में जल का रंग
(d) तारों का टिमटिमाना

Ans. (d) तारों का टिमटिमाना

❒ **प्रकाश के प्रकीर्णन के उदाहरण:**
1. आकाश का रंग नीला दिखाई देना। **2.** सूर्य का रंग उगते एवं डूबते समय लाल दिखाई देना। **3.** समुद्र का पानी नीला दिखाई देना।
नोट:- बैंगनी रंग के प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे अधिक तथा लाल रंग के प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे कम होता है।

❒ **प्रकाश के अपवर्तन के उदाहरण:**
1. तारों का टिमटिमाना। **2.** जल से भरे किसी बर्तन की तली में पड़े सिक्के का ऊपर उठा प्रतीत होना। **3.** द्रव में आंशिक रूप से डूबी सीधी छड़ का टेढ़ा दिखाई देना।

48. सौर सेल किस प्रकार कार्य करता है?

SSC GD 8 Mar. 2019 Shift III

(a) यह रासायनिक ऊर्जा को ऊष्मीय ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
(b) यह विद्युत ऊर्जा को प्रकाश ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
(c) यह सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
(d) यह रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

Ans. (c) यह सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

प्रमुख उपकरण	ऊर्जा परिवर्तन
डायनेमो	यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में
विद्युत मोटर	विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में
विद्युत सेल	रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

49. हम विद्युत चालक में विद्युत धारा की तुलना .... से कर सकते हैं।

SSC GD 9 Mar. 2019 Shift II

(a) इंटर-सिटी रेल यात्रा
(b) नदी में जल धाराओं
(c) एक शहर में बस यात्रा
(d) सड़क पर चल रहे लोगों

Ans. (b) नदी में जल धाराओं

❒ विद्युत आवेश के प्रवाह की दर को 'विद्युत धारा' कहते हैं। यह एक अदिश राशि है।

$$\text{धारा (i)} = \frac{\text{आवेश (q)}}{\text{समय (t)}}$$

50. एक यंत्र जिसका उपयोग परिपथ में विद्युत धारा को मापने के लिए किया जाता है .... कहलाता है।

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift I

(a) जाइरोस्कोप (b) ओममीटर
(c) थर्मामीटर (d) अमीटर

Ans. (d) अमीटर

यंत्र	मापन/उपयोग
हाइड्रोफोन	पानी के अंदर ध्वनि तरंगों की गणना करने में
डायनेमोमीटर	इंजन द्वारा उत्पन्न की गई शक्ति को मापने में
रेनगेज	वर्षा की मात्रा मापने में
विस्कोमीटर	द्रवों की श्यानता मापने में

51. विद्युत परिपथ में विभवान्तर मापने के लिए प्रयुक्त मापक कहलाता है।

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift II

(a) जाइरोस्कोप (b) थर्मामीटर
(c) ओममीटर (d) वोल्टमीटर

Ans. (d) वोल्टमीटर

❒ विद्युत परिपथ में विभवान्तर मापने के लिए प्रयुक्त मापक वोल्टमीटर कहलाता है।

❒ थर्मामीटर द्वारा मानव शरीर का तापमान तथा ओममीटर द्वारा विद्युत प्रतिरोध को मापते हैं।

52. गुरुत्वाकर्षण बल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift II

(a) यह वस्तुओं के बीच की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
(b) यह वस्तुओं के द्रव्यमान के उत्पाद के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
(c) यह एक-दूसरे के प्रति ब्रह्मांड की प्रत्येक वस्तु के आकर्षण के लिए जिम्मेदार बल है।
(d) न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण बल पर अपने शोध में केप्लर के सिद्धांतों पर भरोसा किया।

Ans. (b) यह वस्तुओं के द्रव्यमान के उत्पाद के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

❒ न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण के नियम के अनुसार, किन्हीं दो कणों के बीच लगने वाला आकर्षण बल, उन कणों के द्रव्यमानों के गुणनफल के समानुपाती तथा उनके बीच की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है, **अर्थात** $F = G\frac{m_1 m_2}{r^2}$

53. आम TV रिमोट कंट्रोल द्वारा निम्न में से किस तरंग का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 13 Feb. 2019 Shift II

(a) अल्ट्रासोनिक तरंगें (b) इंफ्रारेड तरंगें
(c) लेजर (d) रेडियो तरंगें

Ans. (b) इंफ्रारेड तरंगें

❒ आजकल के रिमोट कंट्रोल प्राय: अवरक्त तरंगों का उपयोग करके दूर से ही निर्देश देने का कार्य करते हैं।

54. इनमें से हवा की नमी को किससे मापा जाता है?

SSC GD 14 Feb. 2019 Shift I

(a) हाइड्रोमीटर (b) थर्मोमीटर
(c) माइक्रोमीटर (d) हाइग्रोमीटर

Ans. (d) हाइग्रोमीटर

यंत्र	मापन/उपयोग
हाइग्रोमीटर	वायुमंडल की आर्द्रता की माप
हाइड्रोमीटर	द्रवों के आपेक्षिक घनत्व की माप

55. प्रकाश वर्ष निम्नलिखित में से किस से संबंधित है?

SSC GD 14 Feb. 2019 Shift III

(a) मौसम (b) दूरी
(c) ध्वनि (d) गति

Ans. (b) दूरी

❒ एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जो प्रकाश अपने निर्वात में एक वर्ष में पूरा कर लेता है।

प्रकाश की चाल:
निर्वात – 2.99×10^8 मीटर/सेकण्ड
$\approx 3 \times 10^8$ मीटर/सेकण्ड
पानी $\approx 2.25 \times 10^8$ मीटर/सेकण्ड
काँच $\approx 2.00 \times 10^8$ मीटर/सेकण्ड

56. जब बल दो सतहों के बीच सापेक्ष गति का विरोध करता है, तो इसे .... कहा जाता है।

SSC GD 19 Feb. 2019 Shift I

(a) प्रतिरोध (b) प्रेरण
(c) संवहन (d) घर्षण

Ans. (d) घर्षण

❒ वह बल जो वस्तुओं के संपर्क तल पर कार्य करता है तथा सापेक्ष गति का विरोध करता है 'घर्षण बल' कहलाता है।

❒ घर्षण बल किसी वस्तु के विपरीत दिशा में लगता है। घर्षण बल निम्नलिखित प्रकार के होते हैं-
1. स्थैतिक घर्षण **2.** सर्पी घर्षण बल
3. लोटनिक घर्षण बल

57. निम्नलिखित में से किस मात्रा के लिए इकाई

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

m/s^2 का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 19 Feb. 2019 Shift II

(a) वेग (b) दूरी
(c) संवेग (d) त्वरण

Ans. (d) त्वरण

❒ **त्वरण:** यदि किसी वस्तु का वेग समय के साथ परिवर्तित होता है तो उस वस्तु के वेग परिवर्तन की दर को 'त्वरण' कहा जाता है। यह एक सदिश राशि है तथा इसका SI मात्रक m/s^2 होता है।

त्वरण = वेग में परिवर्तन/समयांतराल

❒ **वेग:** एकांक समय में किसी वस्तु द्वारा तय किया गया विस्थापन उस वस्तु का 'वेग' कहलाता है। यह एक सदिश राशि है तथा इसका SI मात्रक m/s होता है।

वेग = विस्थापन/समयांतराल

❒ **संवेग:** किसी वस्तु के द्रव्यमान और वेग के गुणनफल को उस वस्तु का 'संवेग' कहते हैं। यह एक सदिश राशि है तथा इसका मात्रक kg. m/s होता है।

संवेग = द्रव्यमान × वेग

58. LED शब्द का पूर्ण रूप क्या है जिसके आविष्कार के लिए आविष्कारकों को 2014 में नोबेल पुरस्कार मिला?

SSC GD 22 Feb. 2019 Shift I

(a) Light Extension Device
(b) Luminous Extension Device
(c) Light Emitting Diode
(d) Luminate Emission Device

Ans. (c) Light Emitting Diode

❒ LED का पूर्ण रूप Light Emitting Diode है। यह प्रकाशरूपी उपकरणों में इस्तेमाल होता है।

59. कोई वस्तु अपनी विरामावस्था या गतिमान अवस्था में होने वाले परिवर्तन का विरोध करती है, उनकी यह स्वाभाविक प्रवृत्ति .... कहलाती है।

SSC GD 31 Nov. 2021

(a) जड़त्व (b) बल
(c) गति (d) त्वरण

Ans. (a) जड़त्व

❒ किसी वस्तु का वह गुण जो इसकी गति की अवस्था में किसी भी प्रकार का विरोध करता है, 'जड़त्व' कहलाता है अर्थात् कोई वस्तु अपनी विरामावस्था या गतिमान अवस्था में होने वाले परिवर्तन का विरोध करती है, उनकी यह स्वाभाविक प्रवृत्ति 'जड़त्व' कहलाती है।

❒ **बल:** बल वह बाह्य कारक है; जो किसी वस्तु की अवस्था, स्थिति, आकार या आकृति में परिवर्तन करता है या परिवर्तन करने का प्रयास करता है। यह एक सदिश राशि है तथा इसका मात्रक न्यूटन होता है।

60. ....दो-टर्मिनल वाला एक निष्क्रिय वैद्युत घटक है, जो परिपथ में विद्युत प्रतिरोध उत्पन्न करता है।

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) प्रतिरोध (b) डायोड
(c) संधारित्र (d) ट्रांजिस्टर

Ans. (a) प्रतिरोध

❒ **विद्युत प्रतिरोध:** यह किसी पदार्थ का वह गुण है जिसके कारण पदार्थ विद्युत धारा के प्रवाह की दिशा में बाधा उत्पन्न करता है।

❒ **संधारित्र:** यह एक ऐसी विधि है जिसके अंतर्गत किसी चालक के आकार में बिना परिवर्तन किए उसका विद्युत विभव बढ़ाया जा सकता है।

61. जेट इंजन किस सिद्धांत पर कार्य करता है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) त्वरण के संरक्षण
(b) रैखिक संवेग के संरक्षण
(c) वेग के संरक्षण
(d) कोणीय संवेग के संरक्षण

Ans. (b) रैखिक संवेग के संरक्षण

❒ रैखिक संवेग के संरक्षण के नियमानुसार, यदि किसी निकाय पर कोई बाह्य बल नहीं लग रहा हो तो निकाय का कुल संवेग नियत रहता है।

62. निम्न में से कौन-सा नियम यह कहता है कि, 'दो वस्तुओं के बीच लगने वाला बल उनके द्रव्यमानों के गुणनफल के समानुपाती होता है?'

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) जड़त्व का नियम
(b) गुरुत्वाकर्षण का नियम
(c) संवेग परिवर्तन का नियम
(d) गति का नियम

Ans. (b) गुरुत्वाकर्षण का नियम

❒ **गुरुत्वाकर्षण का गणितीय रूप:**

$$F = G\frac{m_1m_2}{r^2}$$

G = सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियतांक

G का मान $6.67 \times 10^{-11} \frac{Nm^2}{kg^2}$

❒ द्रव्यमान और वेग के गुणनफल को 'संवेग' कहते हैं।

संवेग (P) = द्रव्यमान (m) × वेग (v)

63. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म ऊर्जा की इकाई दर्शाता है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) इलेक्ट्रॉन वोल्ट और प्रकाश वर्ष
(b) जूल और पास्कल
(c) वेबर और ऐम्पियर
(d) कैलोरी और जूल

Ans. (d) कैलोरी और जूल

❒ कैलोरी और जूल मुख्य रूप से ऊर्जा की इकाई हैं।

64. निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु केवल परावर्तित प्रकाश के कारण दिखाई देती है?

SSC GD 04 Dec. 2021

(a) जलती हुई मोमबत्ती
(b) जलती हुई मशाल
(c) चाँद
(d) तारे

Ans. (c) चाँद

❒ चन्द्रमा अपना प्रकाश उत्पन्न नहीं करता है। यह सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करता है।

❒ तारों का टिमटिमाना वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण होता है।

65. लेंस की क्षमता (Power) के SI मात्रक को निम्न में से किस अक्षर के द्वारा निरूपित किया जाता है? **SSC GD 04 Dec. 2021**

(a) S (b) D
(c) M (d) A

Ans. (b) D

❒ **लेंस की क्षमता:** किसी लेंस की फोकस दूरी के व्युत्क्रम को 'लेंस की क्षमता' कहते है।

❒ फोकस दूरी (f) के लेंस की क्षमता

$P = \frac{1}{f}$ (यदि फोकस दूरी मीटर में है।)

❒ लेंस की क्षमता का SI मात्रक डॉयोप्टर (D) होता है।

66. निम्नलिखित में से किसने इंडक्शन मोटर का आविष्कार किया था?

SSC GD 05 Dec. 2021

(a) थॉमस सेवरी (b) फ्रैंक शुमन
(c) जॉन एल. बेयर्ड (d) निकोला टेस्ला

Ans. (d) निकोला टेस्ला

प्रमुख उपकरण	आविष्कारक
रेडियो	मारकोनी
बल्ब	एडिसन
ए.सी. मोटर	निकोला टेस्ला
डायनेमो	माइकल फैराडे
ट्रांजिस्टर	जॉन बरडीन, वाल्टर बेटन तथा विलियम शाकले

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

6 रसायन विज्ञान

1. हेनरी मोसले (Henry Moseley) ने किस वर्ष तत्वों की तरंगदैर्ध्य को मापने के लिए एक्स-रे का उपयोग किया और इन मापों को उनके परमाणु क्रमांक के साथ सहसंबंधित किया?

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-III

(a) 1931 (b) 1902
(c) 1925 (d) 1913

Ans. (d) 1913

- वर्ष 1913 में अंग्रेज वैज्ञानिक हेनरी मोसले ने एक्स-रे नलिका का प्रयोग करके यह सिद्ध किया कि परमाणु द्रव्यमान की अपेक्षा तत्वों का मूलभूत गुणधर्म परमाणु क्रमांक होता है। इस आधार पर उन्होंने आधुनिक आवर्त नियम दिया जिसमें तत्वों के गुणधर्म उनके परमाणु क्रमांक के आवर्ती फलन होते हैं।

2. डब्नियम (Dubnium), एक कृत्रिम रूप से उत्पादित रेडियोधर्मी ट्रांसयूरेनियम तत्व (Transuranium Element), जिसका परमाणु क्रमांक 105 है, आवर्त सारणी के किस समूह में उपस्थित होता है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-II

(a) समूह 5 (b) समूह 11
(c) समूह 3 (d) समूह 7

Ans. (a) समूह 5

- डब्नियम का रासायनिक संकेत Db है।
- इसका परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान संख्या क्रमशः 105 और 268 है।
- यह आवर्त सारणी में **आवर्त-7** और **समूह-5** में स्थित है।

3. वह तापमान जिस पर तेल जलने लगता है, जिससे इसमें तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थों में जले हुए स्वाद का आभास होता है,.......... कहलाता है।

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II

(a) क्रांतिक तापमान (b) धूमांक
(c) क्वथनांक (d) प्रज्वलन तापमान

Ans. (b) धूमांक

- धूमांक वह तापमान होता है जिस पर तेल धुआँ छोड़ना शुरू कर देता है। जैसे-जैसे तेल का तापमान बढ़ता है, यह मुक्त फैटी एसिड में टूटना शुरू हो जाता है। जब ये फैटी एसिड टूटते हैं, तो वे धुआँ पैदा करते हैं और **एक्रोलिन** नामक पदार्थ छोड़ते हैं, जो भोजन को कड़वा, झुलसा हुआ स्वाद देता है।

4. किसी दिए गए विलयन के 'द्रव्यमान-आयतन प्रतिशत (Mass by Volume Percentage)' और 'आयतन-आयतन प्रतिशत (Volume by Volume Percentage)' के अनुपात से ... . प्राप्त होता/ती है।

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-I

(a) विलायक का घनत्व
(b) विलेय का घनत्व
(c) अर्थहीन मात्रा
(d) विलयन का घनत्व

Ans. (b) विलेय का घनत्व

- विलायक में घुले हुए विलेय पदार्थ की मात्रा को विलयन की सांद्रता कहते हैं।
- विलयन की सांद्रता को दर्शाने की बहुत सी विधियाँ हैं, लेकिन हम यहाँ सिर्फ तीन विधियों के बारे में चर्चा करेंगे।

(i) द्रव्यमान/विलयन के द्रव्यमान प्रतिशत

$$\frac{\text{विलेय पदार्थ का द्रव्यमान}}{\text{विलयन का द्रव्यमान}} \times 100$$

(ii) द्रव्यमान/विलयन के आयतन प्रतिशत

$$\frac{\text{विलेय पदार्थ का द्रव्यमान}}{\text{विलयन का आयतन}} \times 100$$

(iii) विलयन के आयतन/आयतन प्रतिशत

$$\frac{\text{विलेय का आयतन}}{\text{विलयन का आयतन}} \times 100$$

5. 1828 में, फ्रेडरिक वोहलर (Friedrich Wohler) ने पात्रे में संपन्न किस अम्ल और अमोनियम के संयोजन से यूरिया निर्माण के वर्णन को एक पेपर में प्रकाशित किया था?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-II

(a) वैलेरिक अम्ल
(b) परक्लोरिक अम्ल
(c) हाइड्रोआयोडिक अम्ल
(d) सायनिक अम्ल

Ans. (d) सायनिक अम्ल

- वर्ष 1828 में जर्मन रसायनज्ञ फ्रेडरिक वोहलर ने अमोनियम साइनेट और साइनिक अम्ल के संयोजन से यूरिया बनाने का वर्णन किया था। इस प्रतिक्रिया को 'वोहलर संश्लेषण' कहते हैं।
- यूरिया का रासायनिक सूत्र CH_4N_2O होता है। इसमें नाइट्रोजन की मात्रा लगभग 46% होती है। इसका उपयोग उर्वरक के रूप में किया जाता है।

नोटः- यूरिया पहला कार्बनिक पदार्थ है जिसे प्रयोगशाला में तैयार किया गया था।

6. मैरी क्यूरी ने 1898 में यूरेनियम को हटाने के बाद पिचब्लेंड (Pitchblende) के शेष रेडियोधर्मी घटकों का निष्कर्षण करके किस तत्व को अलग किया था?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-I

(a) सीजियम (b) पोलोनियम
(c) स्ट्रॉन्शियम (d) थोरियम

Ans. (b) पोलोनियम

- फ्रांसीसी वैज्ञानिक हेनरी बेक्वेरल ने वर्ष 1896 में यूरेनियम और यूरेनियम लवणों में रेडियोसक्रियता की खोज की।
- मैरी क्यूरी और पियरे क्यूरी ने पिचब्लेंड अयस्क से पोलोनियम और रेडियम की खोज की।
- रेडियोधर्मिता पर शोध के लिए वर्ष 1903 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार हेनरी बेक्वेरल, पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को संयुक्त रूप से दिया गया था।

7. पायरोमीटर .... मापने वाला एक उपकरण है, जिसका उपयोग आमतौर पर जलवायु अनुसंधान या मौसम प्रदर्शन की निगरानी के लिए किया जाता है।

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III

(a) सौर किरणता (b) वायुमंडलीय दाब
(c) पवन चाल (d) मेघ छाद

Ans. (a) सौर किरणता

कुछ उपकरण और उनके उपयोग

उपकरण/यंत्र	उपयोग
वेन्चुरीमीटर	द्रवों के प्रवाह की गति मापने में
वोल्टमीटर	विभावांतर मापने में
स्टेथोस्कोप	हृदय की ध्वनि सुनने में
स्फिग्मोमैनोमीटर	रक्तदाब मापने में
पेरिस्कोप	पनडुब्बियों में बैठे व्यक्तियों द्वारा जल की सतह पर देखने के लिए
कैलीपर्स	बेलनाकार वस्तुओं का व्यास मापने में

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

डायनेमो	यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए
फैदोमीटर	समुद्र की गहराई मापने में
गैल्वेनोमीटर	विद्युत धारा की प्रबलता मापने में
अमीटर	विद्युत धारा मापने में

8. निम्नलिखित में से किसे अपकेंद्रण की प्रक्रिया द्वारा मिश्रण से अलग किया जा सकता है, लेकिन निस्यंदन की प्रक्रिया द्वारा अलग नहीं किया जा सकता है?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-III

(a) विलयन
(b) केवल निलंबन
(c) कोलॉइड और निलंबन दोनों
(d) केवल कोलॉइड

Ans. (d) केवल कोलॉइड

- कोलॉइड एक विषमांगी विलयन है।
- दूध एक कोलॉइड विलयन है।
- ये विलयन टिण्डल प्रभाव दर्शाते हैं।

प्रकार	परिक्षेपण माध्यम	परिक्षिप्त प्रावस्था	उदाहरण
एरोसॉल	गैस	द्रव	बादल, कुहासा, कोहरा
फोम	द्रव	गैस	साबुन के झाग
इमल्शन	द्रव	द्रव	दूध, चेहरे की क्रीम
जैल	ठोस	द्रव	जैली, पनीर, मक्खन
सोल	द्रव	ठोस	मैग्नेशिया-मिल्क, कीचड़
ठोस सोल	ठोस	ठोस	रंगीन रत्न पत्थर, दूधिया काँच

9. कमरे के ताप और दाब पर, कणों की गतिज ऊर्जा .... के मामले में न्यूनतम होती है।

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I

(a) लोहे (b) मीथेन
(c) केरोसीन (d) जल

Ans. (a) **लोहे**

- लोहे का रासायनिक प्रतीक Fe को लैटिन भाषा 'फेरम' से लिया गया है।
- इसका परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान संख्या क्रमशः 26 और 55.8 है।
- यह एक संक्रमण धातु है जो आवर्त सारणी में **वर्ग-8** और **आवर्त-4** में स्थित है।
- लोहे को जंग (Fe_2O_3) से बचाने के लिए इस पर जस्ते की परत चढ़ा देते हैं इस क्रिया को **'यशदलेपन'** कहते हैं।

10. कपड़ा उद्योग में कपड़ों के श्वेतन (या रंग हटाने) के लिए किस रसायन का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II

(a) कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
(b) कैल्शियम क्लोराइड
(c) सोडियम कार्बोनेट
(d) सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट

Ans. (a) कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड

- कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड ($CaOCl_2$) को विरंजक चूर्ण के नाम से भी जाना जाता है।

$$Ca(OH)_2 + Cl_2 \rightarrow CaOCl_2 + H_2O$$

कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड क्लोरीन कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड

कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड के उपयोग–

(i) वस्त्र उद्योग में सूती एवं लिनेन के विरंजन के लिए कागज की फैक्ट्री में लकड़ी के मज्जा एवं लाउंड्री में साफ कपड़ों के विरंजन के लिए।
(ii) कई रासायनिक उद्योगों में एक उपचायक के रूप में।
(iii) पीने वाले जल को जीवाणुओं से मुक्त करने के लिए।

11. किस प्रकार्यात्मक समूह में कार्बोनिल कार्बन, हाइड्रोजन परमाणु के साथ-साथ कार्बन से भी जुड़ा होता है?

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-II

(a) एमाइड्स
(b) एल्डिहाइड
(c) कार्बोक्जिलिक अम्ल
(d) कीटोन

Ans. (b) एल्डिहाइड

यौगिक	अनुलग्न/पूर्वलग्न	प्रकार्यात्मक समूह का सूत्र
हैलो ऐल्केन	क्लोरो/ब्रोमो	–Cl, –Br
ऐल्कोहॉल	ऑल (ol)	–OH
कीटोन	नोन (one)	$-\underset{\underset{O}{\|\|}}{C}-$
एल्डिहाइड	नैल (al)	$-\underset{\underset{H}{\|}}{C}=O$
कार्बोक्सिलिक अम्ल	ऑइक अम्ल (oic acid)	$-\underset{\underset{O}{\|\|}}{C}-OH$

12. 'क्षार परमाणुओं की तनु गैसों में बोस-आइंस्टीन संघनन (Bose-Einstein Condensation) की उपलब्धि के लिए एरिक ए. कॉर्नेल, उल्फगैंग केटरले और कार्ल ई. वेमैन को संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार किस वर्ष प्रदान किया गया था?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-III

(a) 1999 (b) 2001
(c) 2004 (d) 2008

Ans. (b) 2001

- **बोस-आइंस्टाइन कंडनसेट (BEC)**–वर्ष 1920 में भारतीय भौतिक वैज्ञानिक सत्येंद्रनाथ बोस ने पदार्थ की पाँचवीं अवस्था के लिए कुछ गणनाएँ की थीं। उन गणनाओं के आधार पर अल्बर्ट आइंस्टाइन ने पदार्थ की एक नई अवस्था की भविष्यवाणी की, जिसे बोस-आइंस्टाइन संघनन (BEC) कहा गया। वर्ष 2001 में अमेरिका के एरिक ए. कॉर्नेल, उल्फगैंग केटरले और कार्ल ई. वेमैन को **"बोस-आइंस्टाइन कंडनसेशन"** की अवस्था प्राप्त करने के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। सामान्य वायु के घनत्व के एक लाखवें भाग जितने कम घनत्व वाली गैस को बहुत ही कम तापमान पर ठंडा करने से बोस-आइंस्टाइन संघनन तैयार होता है।

13. लॉरेंशियम, एक रासायनिक तत्व जिसे एक्टिनाइड्स के अंतिम सदस्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है, का परमाणु क्रमांक कितना है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-II

(a) 108 (b) 103
(c) 101 (d) 99

Ans. (b) 103

- लॉरेंशियम का रासायनिक प्रतीक (Lr) है इसका परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान संख्या क्रमशः 103 और 262 है।

f-ब्लॉक तत्व (f-Block Elements)

- इस ब्लॉक के तत्व आंतरिक संक्रमण तत्व भी कहलाते हैं।
- f-ब्लॉक के तत्वों को दो श्रेणियों लैंथेनॉइड और एक्टिनॉइड में विभाजित किया जाता है।
- एक्टिनाइडों का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास अनियमित होता है।
- परमाणु क्रमांक 57 से 71 तक के तत्वों को लैंथेनाइड कहा जाता है।
- 89 से 103 तक परमाणु क्रमांक वाले तत्वों को एक्टिनाइड कहा जाता है। ये तत्व रेडियोधर्मी प्रकृति के होते हैं।

14. ऑक्सीजन रहित (Anoxygenic) प्रकाश संश्लेषण करने वाले बैक्टीरिया इलेक्ट्रॉन दाता के रूप में निम्नलिखित में से किस यौगिक का उपयोग करते हैं?

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-I

(a) ग्लूकोज
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) हाइड्रोजन सल्फाइड
(d) जल

Ans. (c) हाइड्रोजन सल्फाइड

- प्रकाश संश्लेषी बैक्टीरिया जो H_2S का उपयोग करते हैं, उन्हें बैंगनी सल्फर बैक्टीरिया और हरे सल्फर बैक्टीरिया कहा जाता है, जो

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

एनोक्सीजेनिक प्रकाश संश्लेषण (Anoxygenic Photosynthesis) करते हैं, अर्थात् वे ऑक्सीजन के बजाय सल्फर का उत्पादन करते हैं।

15. माइकल फैराडे ने विद्युत ट्रांसफार्मर और जनरेटर के पीछे के सिद्धांत, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की खोज कब की थी?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-I

(a) 1875 (b) 1853
(c) 1820 (d) 1831

Ans. (d) 1831

- **विद्युत चुंबकीय प्रेरण-** वह प्रक्रम जिसके द्वारा किसी चालक के चुंबकीय क्षेत्र के कारण अन्य चालक में विद्युत धारा प्रेरित होती है विद्युत चुंबकीय प्रेरण कहलाता है।
- **विद्युत ट्रांसफार्मर-** ट्रांसफार्मर अन्योन्य प्रेरण या फैराडे के विद्युत् चुंबकीय प्रेरण के सिद्धांत पर काम करता है।

16. कौन-सा प्रकार्यात्मक समूह (Functional Group) ध्रुवीय है, जिसमें ऑक्सीजन और हाइड्रोजन परमाणुओं के बीच आवेश का एक असममित वितरण होता है?

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II

(a) कार्बोक्जलिक अम्ल
(b) ऐल्कोहॉल
(c) एस्टर
(d) ईथर

Ans. (b) ऐल्कोहॉल

- ऐल्कोहॉल में प्रकार्यात्मक समूह (–OH) होता है। इसे सामान्यत: एथेनॉल (C_2H_5OH) के रूप में जाना जाता है।

एथेनॉल के गुणधर्म-

- एथेनॉल कमरे के ताप पर द्रव अवस्था में पाया जाता है।
- इसके गलनांक और क्वथनांक क्रमश: 156K और 351K होते है।
- इसका उपयोग टिंचर आयोडीन के निर्माण में किया जाता है।

नोट:- टिंचर आयोडीन आमतौर पर 2-3% आयोडीन का घोल होता है, जिसमें आयोडीन को एथेनॉल (ऐल्कोहॉल) और पानी के मिश्रण में घोला जाता है।

17. लवण के एकल इकाई के एक सूत्र में मौजूद जल के अणुओं की नियत संख्या (Constant Number) को किस रूप में जाना जाता है?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-I

(a) क्रिस्टलीकृत जल
(b) क्रिस्टलन जल
(c) स्थिर जल
(d) अचल जल

Ans. (b) क्रिस्टलन जल

- **क्रिस्टलन जल-** वह जल जो क्रिस्टल के अंदर मौजूद होता है। यह जल, क्रिस्टल के निर्माण में शामिल होता है। क्रिस्टलन जल, रसायन की क्रिस्टल संरचना का अभिन्न अंग बन जाता है।

क्रिस्टलन जल वाले कुछ यौगिक

यौगिक	सूत्र
धावन सोडा (सोडियम कार्बोनेट डेकाहाइड्रेट)	$Na_2CO_3.10H_2O$
सुहागा (बोरेक्स)	$Na_2B_4O_7.10H_2O$
ग्लॉबर साल्ट (सोडियम सल्फेट)	$Na_2SO_4.10H_2O$
हाइपो (सोडियम थायोसल्फेट)	$Na_2S_2O_3.5H_2O$
फिटकरी (पोटैशियम एल्युमीनियम सल्फेट)	$K_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$
जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट)	$CaSO_4.2H_2O$
हरा कसीस (फेरस सल्फेट)	$FeSO_4.7H_2O$
सफेद कसीस (जिंक सल्फेट)	$ZnSO_4.7H_2O$
नीला कसीस (कॉपर सल्फेट)	$CuSO_4.5H_2O$
बॉक्साइट (हाइड्रेट्स एल्युमिना)	$Al_2O_3.2H_2O$

18. विलेब्रोर्ड स्नेल (Willebrord Snell) के कौन- से नियम का विज्ञान में सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-II

(a) गति का नियम
(b) अपवर्तन का नियम
(c) श्यानता का नियम
(d) विद्युत अपघट्य का नियम

Ans. (b) अपवर्तन का नियम

- जब कोई प्रकाश किरण एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में प्रवेश करती है, तो उसकी चाल में परिवर्तन के कारण उसकी दिशा भी परिवर्तित हो जाती है, इसे 'प्रकाश का अपवर्तन' कहते हैं।

इसके दो नियम हैं-

(i) आपतित किरण, अपवर्तित किरण और आपतन बिन्दु पर अभिलम्ब तीनों एक ही तल में स्थित होते हैं।

(ii) प्रकाश के किसी निश्चित रंग और दो निश्चित माध्यमों के लिए आपतन कोण की ज्या और अपवर्तन कोण की ज्या एक नियतांक होता है। इसे 'विलेब्रोर्ड स्नेल का नियम' भी कहते हैं, अर्थात्

- sini/sinr = नियतांक (यह कोण 0°<i<90° के लिए सत्य है)

19. 1856 में कार्बन डाइसल्फाइड की वाष्प को रक्त तप्त ताँबे (Red Hot Copper) और हाइड्रोजन सल्फाइड के संपर्क में लाकर मेथेन का निर्माण किसने किया था?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III

(a) हेनिग ब्रांड (b) मार्सेलिन बर्थेलॉट
(c) एंटोनी लवॉजिएर (d) जॉन डाल्टन

Ans. (b) मार्सेलिन बर्थेलॉट

- मेथेन का रासायनिक सूत्र (CH_4) है। इसे 'मार्श गैस' के नाम से भी जानते हैं।
- यह दलदली इलाकों, धान के खेतों, पशुपालन आदि से उत्सर्जित होती है।
- यह प्राकृतिक गैस (लगभग 85%) और बायोगैस (लगभग 75%) का मुख्य घटक है।

20. मानक वर्षामापी एक मौसम संबंधी उपकरण है जिसमें किस आकृति का एक संग्राहक (Collector) होता है जो एक मापने वाली नली से जुड़ा होता है जिसका उपयोग किसी निश्चित समय में प्रति इकाई क्षेत्रफल में होने वाली वर्षा को मापने के लिए किया जाता है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-I

(a) प्रिज्म-आकृति (b) फनल-आकृति
(c) डिस्क-आकृति (d) J-आकृति

Ans. (b) फनल-आकृति

- **वर्षामापी (Rain Gauge)-** यह एक मौसम संबंधी उपकरण है जिसका उपयोग वर्षा की मात्रा को मापने के लिए किया जाता है।

21. जल में निलम्बित ठोस पदार्थों की बढ़ी हुई सांद्रता तथा उनका तली पर जमा होना, जहाँ वे अवांछनीय होते हैं, किस प्रकार का जल प्रदूषण उत्पन्न करता है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-II

(a) पोषक तत्व प्रदूषण
(b) गादन
(c) सूक्ष्मजीवीय प्रदूषण
(d) तापीय प्रदूषण

Ans. (b) गादन

- विश्व के अनेक भागों में तालाब, झील, नदी, महासागर इत्यादि के जल प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। जलाशयों की स्वच्छता को कायम रखने के महत्त्व को समझते हुए भारत सरकार ने वर्ष 1974 में जल प्रदूषण निरोध एवं नियंत्रण अधिनियम पारित किया ताकि हमारे जल संसाधनों को प्रदूषित होने से बचाया जा सके, जल प्रदूषण के निम्न कारक हैं-

निलंबित ठोस- बालु, गाद, चिकनी मिट्टी आदि।

कोलॉइडी पदार्थ- मल, जीवाणु, कागज और वस्त्र के रेशे आदि।

विलेय पादर्थ- नाइट्रेट, अमोनिया, फॉस्फेट, सोडियम, कैल्शियम आदि।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

नोट- जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (BOD) यह जल में कार्बनिक पदार्थों को अपघटित करने के लिए जीवाणुओं द्वारा आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को मापता है। BOD का स्तर जितना अधिक होगा, जल प्रदूषण उतना ही अधिक होगा।

22. रासायनिक सूत्र $CH_3C≡CH$ वाला कौन-सा ऐल्काइन (Alkyne), मीठी गंध वाली रंगहीन द्रवीकृत गैस के रूप में दिखाई देता है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-I

(a) 1-प्रोपाइन (b) 1-ब्यूटाइन
(c) 1-हेक्साइन (d) एथाइन

Ans. (a) 1-प्रोपाइन

✦ रासायनिक सूत्र $CH_3C≡CH$ वाले ऐल्काइन को प्रोपाइन (Propyne) या मिथाइल एसेटिलीन (Methylacetylene) कहा जाता है।

✦ यह एक रंगहीन गैस होती है, जिसे द्रवीभूत किया जा सकता है और इसमें हल्की मीठी गंध होती है। प्रोपाइन का उपयोग वेल्डिंग और काटने के कार्यों में मिश्रित ईंधन गैस (MAPP गैस) के रूप में किया जाता है।

23. तत्व, यौगिक और समांगी मिश्रण के क्रमानुसार एक के बाद एक रखते हुए पदार्थों के सही क्रम का चयन कीजिए।

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-I

(a) पारा, लौह और तनुकृत अम्ल
(b) लवण, लौह और समुद्री जल
(c) लौह, मेथेन और समुद्री जल
(d) पारा, लवण और दूध

Ans. (c) लौह, मेथेन और समुद्री जल

✦ **तत्व (Element)-** तत्व उन शुद्ध पदार्थों को कहते हैं जो केवल एक ही प्रकार के परमाणुओं से मिलकर बने होते हैं और उन्हें रासायनिक विधियों से सरल पदार्थों में विभाजित नहीं किया जा सकता है, **जैसे-** हाइड्रोजन (H_2), ऑक्सीजन (O_2), सोना (Au), ताँबा (Cu) आदि।

✦ **यौगिक (Compound)-** यौगिक वे शुद्ध पदार्थ होते हैं जो दो या दो से अधिक तत्वों के निश्चित अनुपात में रासायनिक रूप से संयोजन से बनते हैं। यौगिक के गुण उसके अवयव तत्वों से भिन्न होते हैं, **जैसे-** जल (H_2O), कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2), सोडियम क्लोराइड (NaCl) आदि।

✦ **मिश्रण (Mixture)**-मिश्रण वे पदार्थ होते हैं जो दो या दो से अधिक तत्वों या यौगिकों के भौतिक रूप से मिश्रण से बनते हैं, लेकिन इनमें रासायनिक बंध नहीं बनते। मिश्रण के घटकों को भौतिक विधियों से अलग किया जा सकता है, **जैसे-** हवा (नाइट्रोजन, ऑक्सीजन आदि का मिश्रण), समुद्री जल (जल और लवणों का मिश्रण), दूध, पेट्रोल आदि।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा 4 कार्बन परमाणुओं से बना एक सीधी शृंखला वाला एल्केन है जिसे आमतौर पर ईंधन और एयरोसोल प्रणोदक (Aerosol Propellant) के रूप में उपयोग किया जाता है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-III

(a) आइसोब्यूटेन
(b) 2, 3-डाइमेथिलब्यूटेन
(c) ब्यूटेन
(d) 2-मेथिलब्यूटेन

Ans. (c) ब्यूटेन

✦ चार कार्बन परमाणुओं से बना एक सीधीशृंखला वाला एल्केन ब्यूटेन (C_4H_{10}) होता है।

ब्यूटेन की विशेषताएँ-

✦ ब्यूटेन एक रंगहीन, ज्वलनशील गैस है।

✦ यह दो समावयवी (Isomers) रूपों में पाया जाता है: n-ब्यूटेन (n-Butane) और आइसो-ब्यूटेन (Iso-Butane)।

✦ इसका उपयोग एलपीजी (LPG) गैस में प्रोपेन के साथ किया जाता है।

✦ यह एयरोसोल प्रणोदक (Aerosol Propellant) के रूप में भी उपयोग किया जाता है, जैसे स्प्रे डिब्बों में।

✦ ब्यूटेन का उपयोग लाइटर गैस, ईंधन और शीतलक (Refrigerant) के रूप में भी किया जाता है।

25. जोहान वोल्फगैंग डोबेराइनर (Johann Wolfgang Dobereiner) ने पाया कि तरल ब्रोमीन (Bromine) के .... गैस और ठोस आयोडीन के गुणों के बीच में आते हैं।

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-II

(a) क्लोरीन (b) फ्लोरीन
(c) आर्गन (d) हीलियम

Ans. (a) क्लोरीन

✦ जर्मन रासायनिक वैज्ञानिक ''जोहॉन वुल्फगैंग डोबेराइनर'' ने वर्ष 1817 में समान गुणों वाले तत्वों को त्रिक-समूह में व्यवस्थित किया था।

✦ डॉबेराइनर का त्रिक नियम-एक त्रिक में पहले और तीसरे तत्व के परमाणु द्रव्यमान का औसत मान दूसरे तत्व के लगभग बराबर होता है।

✦ डोबेराइनर द्वारा चार ज्ञात त्रिक प्रस्तावित किए गए थे-

(i) क्लोरीन(Cl), ब्रोमीन(Br), आयोडीन(I)

(ii) कैल्शियम(Ca), स्ट्रोंशियम(Sr), बेरियम(Ba)

(iii) सल्फर(S), सेलेनियम(Se), टेल्यूरियम(Te)

(iv) लिथियम(Li), सोडियम(Na), पोटैशियम(K)

26. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही संतुलित रासायनिक समीकरण है?

SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-I

(a) $2C_4H_{10}(l) + 12O_2(g) \rightarrow 8CO_2(g) + 10H_2O$
(b) $2C_4H_{10}(l) + 13O_2(g) \rightarrow 8CO_2(g) + 10H_2O$
(c) $2C_4H_{10}(I) + 10O_2(g) \rightarrow 8CO_2(g) + 10H_2O$
(d) $C_4H_{10}(l) + 13O_2(g) \rightarrow 4CO_2(g) + 10H_2O$

Ans. (b) $2C_4H_{10}(l) + 13O_2(g) \rightarrow 8CO_2(g) + 10H_2O$

✦ **संतुलित रासायनिक समीकरण-** वह समीकरण जिसमें अभिक्रिया के दोनों पक्षों (अभिकारक और उत्पाद) में प्रत्येक तत्व के परमाणुओं की संख्या समान हो, संतुलित रासायनिक समीकरण कहलाती है। यह द्रव्यमान संरक्षण के नियम (Law of Conservation of Mass) का पालन करती है, जो कहता है कि किसी भी रासायनिक प्रतिक्रिया में कुल द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व यूरिया में मौजूद होता है?

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-II

(a) केवल हाइड्रोजन और नाइट्रोजन
(b) केवल कार्बन और नाइट्रोजन
(c) केवल कार्बन, हाइड्रोजन और नाइट्रोजन
(d) कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और नाइट्रोजन

Ans. (d) कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और नाइट्रोजन

✦ यूरिया में नाइट्रोजन (46%) तत्व मौजूद होता है। इसका रासायनिक सूत्र $CO(NH_2)_2$ है, जिसमें कार्बन (C), ऑक्सीजन (O), हाइड्रोजन (H) और नाइट्रोजन (N) तत्व शामिल होते हैं। इसे कार्बामाइड (Carbamide) भी कहा जाता है।

✦ वर्ष 1828 में फ्रेडरिक वोहलर (Friedrich Wohler) ने अमोनियम साइनाइट से यूरिया का कृत्रिम संश्लेषण किया था। यह पहला कार्बनिक यौगिक था जिसे प्रयोगशाला में तैयार किया गया था। इसका उपयोग उर्वरक के रूप में किया जाता है।

28. किस रूसी रसायनज्ञ की आवर्त सारणी 1872 में एक जर्मन पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III

(a) लोथर मेयर
(b) हेनरी मोसले
(c) दिमित्री मेंडलीव
(d) जोहान वोल्फगैंग डोबेरिनर

Ans. (c) दिमित्री मेंडलीव

✦ रूसी रसायनज्ञ दिमित्री इवानोविच मेंडलीफ ने आवर्त सारणी के प्रारंभिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

✦ मेंडलीफ की आवर्त सारणी में 7 आवर्त और 8 समूह/वर्ग थे। इस आवर्त सारणी में ऊर्ध्वाधर स्तंभों को समूह तथा क्षैतिज पंक्तियों को आवर्त नाम दिया गया।

✦ मेंडलीफ द्वारा जब यह आवर्त सारणी बनाई गई थी तो उस समय तक केवल 63 तत्व ज्ञात थे।

✦ **मेंडलीफ के अनुसार-** तत्वों के गुण उनके परमाणु द्रव्यमान के आवर्ती फलन होते हैं इसलिए उन्होंने तत्वों को आवर्त सारणी में उनके द्रव्यमान के अनुसार रखा था।

29. ऊष्मागतिकी का कौन-सा नियम कहता है कि ऊर्जा को न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है, इसे केवल स्थानांतरित या परिवर्तित किया जा सकता है?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-II

(a) शून्यवाँ नियम (b) द्वितीय नियम
(c) तृतीय नियम (d) प्रथम नियम

Ans. (d) प्रथम नियम

✦ **ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम-** इस नियमानुसार, किसी क्रिया के दौरान ऊष्मागतिकी प्रणाली द्वारा अवशोषित ऊष्मा (ΔQ), परिवेश के विरुद्ध प्रणाली के द्वारा किये कार्य (ΔW) और उसकी आन्तरिक ऊर्जा (ΔU) में वृद्धि के योग के समान होती है।

$$\Delta Q = \Delta U + \Delta W$$

✦ इसे 'ऊर्जा संरक्षण' का नियम भी कहा जाता है।

30. खट्टे फलों के छिलकों में पाया जाने वाला कौन-सा रसायन, पेय पदार्थों और च्युइंग गम में स्वाद बढ़ाने वाले कारक के रूप में उपयोग किया जाता है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-II

(a) पुथिलवेनिलिन (b) ल्यूटीडीन
(c) मेन्थोन (d) लिमोनीन

Ans. (d) लिमोनीन

✦ लिमोनीन एक प्रकार का तेल है, जो मुख्य रूप से संतरा, नींबू, मौसंबी और अन्य खट्टे फलों के छिलकों में पाया जाता है।

✦ इसका उपयोग खाद्य उद्योग में स्वाद और खुशबू बढ़ाने के लिए किया जाता है।

✦ इसे विशेष रूप से संतरे या नींबू के स्वाद वाले पेय पदार्थों, च्युइंग गम, कैंडी और बेकरी उत्पादों में मिलाया जाता है।

✦ यह खुशबूदार तेलों (Essential Oils) और परफ्यूम में भी प्रयोग किया जाता है।

31. अर्नेस्ट रदरफोर्ड को 1911 में किस प्रयोग को करने के लिए जाना जाता है?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-I

(a) डबल-स्लिट प्रयोग
(b) प्लम पुडिंग प्रयोग
(c) गोल्ड फॉइल प्रयोग
(d) ऑइल ड्रॉप प्रयोग

Ans. (c) गोल्ड फॉइल प्रयोग

✦ वर्ष 1911 में अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने सोने की पन्नी (क्योंकि यह अत्यन्त पतली है) पर अल्फा (α) कणों की बौछार की और निम्न परिणाम निकाले-

1. अधिकांश अल्फा कण बिना विक्षेपित हुए सीधे निकल गए जिससे यह निष्कर्ष निकला की परमाणु का अधिकांश भाग खाली है।
2. बहुत कम अल्फा कण अपने मार्ग से विक्षेपित हुए जिससे यह निष्कर्ष निकला कि परमाणु में धनावेशित भाग बहुत कम है।
3. बहुत कम अल्फा कण 180° पर विक्षेपित हुए, जिससे यह निष्कर्ष निकला की परमाणु का सम्पूर्ण धनावेश परमाणु के केन्द्र में निहित है।

✦ इन निष्कर्षों के आधार पर रदरफोर्ड ने परमाणु का नाभिकीय मॉडल प्रस्तुत किया, जो निम्न प्रकार है-

(i) परमाणु का केन्द्र धनावेशित होता है जिसे नाभिक कहते हैं।

(ii) नाभिक का आकार परमाणु के आकार की अपेक्षा में बहुत कम होता है।

(iii) इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर वर्तुलाकार पथ पर चक्कर लगाते हैं।

32. समूह 17 के किस तत्व को उसका नाम घुटन भरी गंध वाली पीली-हरी सघन गैस होने के कारण मिला है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-III

(a) ऑर्गन (b) क्रिप्टॉन
(c) हीलियम (d) क्लोरीन

Ans. (d) क्लोरीन

✦ क्लोरीन (Cl) आवर्त सारणी में आवर्त-3 में स्थित है। इसका परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान संख्या क्रमशः 17 और 35.45 है।

✦ इसकी खोज सी. डब्ल्यू शीले ने की थी।

✦ जल और क्लोरीन की अभिक्रिया से निर्मित हाइपोक्लोरस (HClO) विघटित होकर नवजात ऑक्सीजन का निर्माण करता है।

✦ क्लोरीन का उपयोग विरंजक चूर्ण ($CaOCl_2$), क्लोरोफॉर्म ($CHCl_3$), अश्रुगैस (CCl_3NO_2) आदि के निर्माण में किया जाता है।

नोटः- नवजात ऑक्सीजन (Nascent Oxygen) ऑक्सीजन की वह अवस्था है जिसमें ऑक्सीजन परमाणु अत्यधिक सक्रिय (Reactive) होता है। इसे [O] के रूप में दर्शाया जाता है। यह सामान्य द्विपरमाणुक ऑक्सीजन (O_2) से अधिक क्रियाशील होती है।

33. निम्नलिखित में से किस रासायनिक अभिक्रिया को द्विविस्थापन अभिक्रिया (Double Displacement Reaction) के रूप में सर्वोत्तम रूप से वर्णित किया गया है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-I

(a) $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$
(b) $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$
(c) $2HNO_3 + Ca(OH)_2 \rightarrow Ca(NO_3)_2 + 2H_2O$
(d) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

Ans. (d) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

✦ **द्वि-विस्थापन/उभय-अपघटन अभिक्रिया (Double Displacement Reaction)-**ऐसी रासायनिक अभिक्रियाएँ जिनमें अभिकारकों के मध्य आयनों अथवा मूलकों का परस्पर विनिमय होता है, उभय-अपघटन या द्वि-विस्थापन अभिक्रिया कहलाती है।

34. क्वथन और वाष्पीकरण क्रमशः..........और........परिघटनाएँ हैं।

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-I

(a) सतही, स्थूल (b) स्थूल, सतही
(c) स्थूल, स्थूल (d) सतही, सतही

Ans. (b) स्थूल, सतही

✦ **क्वथन-** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो द्रव के एक निश्चित तापमान, जिसे क्वथनांक (Boiling Point) कहा जाता है, पर होती है। इस प्रक्रिया में द्रव पूरे आयतन में उबलने लगता है और बुलबुले बनकर गैस में परिवर्तित हो जाता है। क्वथन के लिए ऊष्मा की निरंतर आपूर्ति आवश्यक होती है। यह एक तेज प्रक्रिया होती है और पूरे द्रव में एक साथ होती है, **जैसे-** पानी का 100°C पर उबलकर भाप में बदलना।

✦ **वाष्पीकरण-** यह किसी भी तापमान पर हो सकता है, विशेष रूप से जब द्रव की सतह पर मौजूद कण पर्याप्त ऊर्जा प्राप्त कर लेते हैं। यह केवल द्रव की सतह पर होता है और आमतौर पर धीमी प्रक्रिया होती है। इसके लिए बाहरी ऊष्मा स्रोत की आवश्यकता नहीं होती; यह वातावरण से ही ऊर्जा अवशोषित कर सकता है, **जैसे-** तालाब या गीले कपड़ों से पानी का धीरे-धीरे सूखना वाष्पीकरण का उदाहरण है।

35. मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड, प्रतिअम्ल और रेचक (Laxatives) का एक सामान्य घटक है जिसे लोकप्रिय रूप से किस नाम से जाना जाता है?

SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-I

(a) मैग्नीशिया अल्बा
(b) फ्यूज्ड मैग्नीशिया
(c) कास्टिक कैल्सीनयुक्त मैग्नीशिया
(d) मिल्क ऑफ मैग्नीशिया

Ans. (d) मिल्क ऑफ मैग्नीशिया

✦ इसका रासायनिक सूत्र $Mg(OH)_2$ है। यह पानी में कम घुलनशील होता है और निलंबन

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(Suspension) के रूप में दिया जाता है।

- इसकी प्रकृति क्षारकीय होती है।
- इसका उपयोग पेट की अम्लीयता को दूर करने में किया जाता है।
- जब इसे अम्ल (जैसे HCl) के साथ मिलाया जाता है, तो यह $MgCl_2$ (मैग्नीशियम क्लोराइड) और H_2O(पानी) बनाता है। इसका pH मान 10 होता है।

36. निम्नलिखित का मिलान करें:

यौगिक निर्माण	अभिक्रिया
A. विरंजक चूर्ण	1. बेकिंग सोडा को गर्म करना और फिर परिणामी उत्पाद का पुन: क्रिस्टलीकरण
B. बेकिंग पाउडर	2. जिप्सम को गर्म करना
C. वाशिंग पाउडर	3. क्लोरीन गैस और शुष्क बुझा चूना
D. प्लास्टर ऑफ पेरिस	4. अम्ल-क्षार अभिक्रिया

SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-III

(a) A-4, B-3, C-1, D-2
(b) A-2, B-4, C-1, D-3
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-1, B-2, C-3, D-4

Ans. (c) A-3, B-4, C-1, D-2

(i) $Ca(OH)_2 + Cl_2 \rightarrow CaOCl_2 + H_2O$
शुष्क बुझा चूना, क्लोरीन, विरंजक चूर्ण

(ii)
$NaCl + H_2O + NH_3 + CO_2 \rightarrow NaHCO_3 + NH_4Cl$
सोडियम क्लोराइड, अमोनिया, बेकिंग सोडा, अमोनियम क्लोराइड

(iii)
$2NaHCO_3 \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} Na_2CO_3 + CO_2 + H_2O$
बेकिंग सोडा, धावन सोडा/वाशिंग पाउडर

$Na_2CO_3 + 10H_2O \rightarrow Na_2CO_3.10H_2O$
सोडियम कार्बोनेट डेका हाइड्रेट

(iv)
$CaSO_4.2H_2O \xrightarrow{373K} CaSO_4.1/2H_2O + 3/2H_2O$
जिप्सम, प्लास्टर ऑफ पेरिस

37. तीव्र, तीखी सुगंध और स्वाद वाले एक क्रिस्टल जैसे, सफेद यौगिक का नाम बताइए, जिसे ऊर्ध्वपातन की प्रक्रिया द्वारा शुद्ध किया जाता है।

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-III

(a) सोडा ऐश (b) कास्टिक पोटाश
(c) कपूर (d) लाइ

Ans. (c) कपूर

- **ऊर्ध्वपातन (Sublimation)** - वह प्रक्रिया जिसमें कोई ठोस पदार्थ सीधे गैस में परिवर्तित हो जाता है, बिना पहले द्रव में बदले, उसे ऊर्ध्वपातन कहते हैं। इसके उदारण हैं- नैफ्थलीन, आयोडीन, कपूर, अमोनियम क्लोराइड एन्थ्रासीन, शुष्क बर्फ आदि।

38. मानव शरीर में दाँतों के इनेमल (Enamel) का निर्माण करने वाले पदार्थ का रासायनिक नाम क्या है?

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-II

(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(b) कैल्शियम हाइड्रॉक्सीएपेटाइट
(c) सोडियम
(d) कैल्शियम

Ans. (b) कैल्शियम हाइड्रॉक्सीएपेटाइट

- कैल्शियम हाइड्रॉक्सीएपेटाइट का रासायनिक सूत्र $Ca_5(PO_4)_3(OH)$ है।
- दाँतों का इनेमल मुख्य रूप से कैल्शियम फॉस्फेट (Calcium Phosphate) का एक क्रिस्टलीय रूप है।
- यह शरीर का सबसे कठोर ऊतक (Hardest Tissue) होता है।
- अम्लीय भोजन और बैक्टीरिया के कारण इनेमल क्षय (Tooth Decay) हो सकता है।

39. स्विमिंग पूल (तरणताल) में पानी को स्वच्छ करने के लिए किसका उपयोग किया जा सकता है?

SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-I

(a) विरंजक चूर्ण (b) कास्टिक सोडा
(c) डेटॉल (d) धावन सोडा

Ans. (a) विरंजक चूर्ण

- विरंजक चूर्ण का रासायनिक नाम कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड है और इसका रासायनिक सूत्र $CaOCl_2$ है।
- इसे सूखी स्लैक्ड लाइम $[Ca(OH)_2]$ और क्लोरीन गैस (Cl_2) की अभिक्रिया से प्राप्त किया जाता है।
- विरंजक चूर्ण के उपयोग कीटाणुनाशक, वस्त्र और कागज का विरंजन में,जल उपचार आदि में किया जाता है।

40. बेकिंग उद्योग में ब्रेड, पेस्ट्री और केक बनाने के लिए किस कार्बनिक लेवनर (Leavener) का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-III

(a) मोल्ड (b) स्मट
(c) रस्ट (d) खमीर

Ans. (d) खमीर

- बेकिंग उद्योग में ब्रेड, पेस्ट्री और केक बनाने के लिए खमीर (Yeast) और बेकिंग सोडा (Baking Soda) या बेकिंग पाउडर (Baking Powder) जैसे कार्बनिक लेवनर्स (Leaveners) का उपयोग किया जाता है।

41. निम्नलिखित का मिलान करें-

(a)	सिट्रिक अम्ल	1.	क्षारीय
(b)	बिना बुझा चूना	2.	NaCl
(c)	नमक	3.	नींबू,मौसमी और संतरे में पाया जाता है
(d)	विरंजक चूर्ण	4.	$CaOCl_2$

SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-I

(a) A-3, B-1, C-4, D-2
(b) A-3, B-1, C-2, D-4
(c) A-1, B-3, C-2, D-4
(d) A-2, B-4, C-3, D-1

Ans. (b) A-3, B-1, C-2, D-4

पदार्थ और उनमें पाये जाने वाले अम्ल

प्राकृतिक स्रोत	अम्ल
सिरका	एसीटिक अम्ल
खट्टा दूध, (दही)	लैक्टिक अम्ल
संतरा, नींबू	सिट्रिक अम्ल
इमली	टार्टरिक अम्ल
चींटी का डंक, नेटल का डंक	मेथेनॉइक अम्ल
टमाटर, पालक	ऑक्सैलिक अम्ल

42. जलीय प्राणियों को पानी के अंदर सांस लेने के लिए निम्नलिखित में से किसकी आवश्यकता होती है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift II

(a) घुलित H_2S
(b) घुलित नाइट्रोजन
(c) घुलित ऑक्सीजन
(d) घुलित CO_2

Ans. (c) घुलित ऑक्सीजन

- घुलित ऑक्सीजन को **विंकलर विधि** द्वारा मापा जाता है। न्यूनतम घुलित ऑक्सीजन दर 4 mg/*l* है।
- इस परीक्षण को करने के लिए मुख्य यौगिक एज़ाइड, आयोडाइड, स्टार्च घोल और सोडियम थायोसल्फेट हैं।

43. परमशून्य ताप (Absolute Zero K या –273.15°C) पर पदार्थ के कण ....।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift III

(a) विखंडित होते हैं।
(b) प्रकाश की चाल से गति करते हैं।
(c) निश्चित स्थितियों में कंपन्न करते हैं।
(d) गति करना बंद कर देते हैं।

Ans. (d) गति करना बंद कर देते हैं।

- **0K या –273.15°C** को परम शून्य तापमान

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

कहते है। इस तापमान पर गैस का आयतन शून्य अर्थात् गैस ठोस का रूप ले लेती है।

❒ **0.01° C या 273.16K** को जल का **त्रिक बिन्दु** कहते है। जिस पर जल की तीनों अवस्थाएँ ठोस द्रव और गैस अपनी अवस्था परिवर्तित नहीं करती हैं। जिससे पदार्थ के कण गति करना बंद कर देते हैं।

44. बेरियम हाइड्रॉक्साइड का रासायनिक सूत्र क्या है?

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift I

(a) $Ba(OH)_2$ (b) $Ba_2(OH)$
(c) $Ba(OH)_3$ (d) BaOH

Ans. (a) $Ba(OH)_2$

व्यापारिक नाम	रासायनिक सूत्र
धावन सोडा	$Na_2CO_3.10H_2O$
विरंजक चूर्ण	$CaOCl_2$
बेकिंग सोडा	$NaHCO_3$
सुहागा	$Na_2B_4O_7.10H_2O$
ग्लॉबर लवण	$Na_2SO_4.10H_2O$

45. H_2 निम्नलिखित में से किस तत्व का आणविक सूत्र है?

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift IV

(a) सीसा (b) हाइड्रोजन
(c) सल्फर (d) प्लेटिना

Ans. (b) हाइड्रोजन

तत्व	रासायनिक प्रतीक
हाइड्रोजन	H
सीसा	Pb
सल्फर	S
मरकरी	Hg
लोहा	Fe
एण्टीमनी	Sb
सोना (गोल्ड)	Au
सिल्वर	Ag
कैडमियम	Cd

46. ठोस कार्बन डाईऑक्साइड का दूसरा नाम है।

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift II

(a) शुष्क बर्फ
(b) जमी हुई बर्फ
(c) सामान्य ताप पर बर्फ
(d) सफेद बर्फ

Ans. (a) शुष्क बर्फ

❒ शुष्क बर्फ को गर्म करने पर यह ठोस रूप से सीधे गैसीय रूप में परिवर्तित हो जाती है।

रासायनिक यौगिक	सामान्य नाम	रासायनिक सूत्र
ठोस कार्बन डाइ ऑक्साइड	शुष्क बर्फ	CO_2

सोडियम क्लोराइड	साधारण नमक	NaCl
कैल्शियम कार्बोनेट	चॉक	$CaCO_3$
अमोनियम क्लोराइड	नौसादर	NH_4Cl
नाइट्रस ऑक्साइड	लाफिंग गैस	N_2O
मीथेन	मार्श गैस	CH_4

47. धुलाई के लिए (विशेष रूप से वस्त्र) उपयोग किया जाने वाला वाशिंग सोडा, सोडियम कार्बोनेट डेकाहाइड्रेट, एफ्लोरेसेंट क्रिस्टल .... का एक यौगिक है।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift IV

(a) ऑक्सीजन (b) हाइड्रोजन
(c) कार्बन (d) सोडियम

Ans. (d) सोडियम

❒ सोडियम (Na) आवर्त सारणी के प्रथम समूह आवर्त-3, s-ब्लॉक में स्थित है।
❒ इसका द्रव्यमान संख्या 23 तथा परमाणु क्रमांक 11 है।

48. आधुनिक आवर्त सारणी में कितनी क्षैतिज पंक्तियाँ होती हैं?

SSC GD 24 Feb. 2024 Shift III
SSC GD 1 Mar. 2024 Shift II
SSC GD 30 Mar. 2024 Shift I

(a) 5 (b) 11
(c) 9 (d) 7

Ans. (d) 7

❒ आधुनिक आवर्त सारणी का आविष्कार हेनरी मोसले ने किया था।
❒ आधुनिक आवर्त नियम के अनुसार 'तत्वों के गुणधर्म उनकी परमाणु संख्या के आवर्ती-फलन होते हैं।
❒ आवर्त सारणी में 18 उर्ध्व स्तंभ (समूह) होते है।

49. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift II

(A) आवर्त सारणी के s-ब्लॉक में कैल्शियम मौजूद होता है।
(B) सभी ज्ञात तत्वों में से 78% से अधिक तत्व धातु है और ये आवर्त सारणी के बाईं ओर दिखाई देती है।
(C) d– ब्लॉक के तत्वों को आंतरिक-संक्रमण इलेक्ट्रॉनों के रूप में भी जाना जाता है।

(a) A और B दोनों सत्य हैं।
(b) A और C दोनों सत्य हैं।
(c) A, B और C तीनों सत्य हैं।
(d) केवल B और C सत्य हैं।

Ans. (a) A और B दोनों सत्य हैं।

s- ब्लॉक के I- समूह में स्थित तत्व:- हाइड्रोजन (H), लिथियम (Li), सोडियम (Na), पोटैशियम (K), रूबिडियम (Rb), सीज़ियम (Cs), फ्रैन्शियम (Fr)

s- ब्लॉक के II- समूह में स्थित तत्व:- बेरीलियम (Be), मैग्नीशियम (Mg), कैल्शियम (Ca), स्ट्रोंटियम (Sr), बेरियम (Ba), और रेडियम (Ra)
❒ ज्ञात तत्वों में से 78% से अधिक तत्व धातु हैं और ये आवर्त सारणी के बायीं ओर दिखाई देते है।
❒ d – ब्लॉक तत्व समूह (3-12) के बीच आवर्त सारणी में पाए जाते हैं।
❒ d– ब्लॉक के तत्वों को संक्रमण तत्व भी कहा जाता है।

50. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व एक s–ब्लॉक का तत्व है?

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift III

(a) स्कैंडियम (b) रूबीडियम
(c) वैनेडियम (d) टाइटेनियम

Ans. (b) रूबीडियम

❒ s-ब्लॉक का सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास ns^1 और ns^2 होता है।
❒ इसमें वर्ग की संख्या 2 होती है।
❒ **वर्ग I** – क्षारीय धातुएँ (Li, Na, K, Rb, Cs, Fr)
❒ **वर्ग II** – क्षारीय मृदा धातुएँ (Be, Mg, Ca, Sr, Ba, Ra)

51. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व आवर्त सारणी p-ब्लॉक का हिस्सा है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift IV

(a) ऑक्सीजन (b) रेडियम
(c) हाइड्रोजन (d) सिल्वर

Ans. (a) ऑक्सीजन

❒ p-ब्लॉक तत्व समूह (13–18) में होते हैं।
❒ यह अकेला ब्लॉक है जिसमें धातु, अधातु तथा उपधातु मौजूद हैं।
❒ **रेडियम (Ra)** → आवर्त सारणी के समूह 2 का छठा तत्व है। इसका परमाणु क्रमांक 88 तथा परमाणु भार 226 है।
❒ **सिल्वर चाँदी (Ag)** → इसका परमाणु क्रमांक 47 व परमाणु द्रव्यमान 107.9 या 108 है।

52. मेंडलीफ के आवर्त सारणी में परिवर्तन किया गया तथा .... को आधुनिक आवर्त सारणी के आधार के रूप में स्वीकार किया गया।

SSC GD 26 Feb. 2024 Shift I

(a) समान गुणधर्म (b) परमाणु द्रव्यमान
(c) मोलर द्रव्यमान (d) परमाणु संख्या

Ans. (d) परमाणु संख्या

❒ **आधुनिक आवर्त सारणी के नियमानुसार:** तत्वों के भौतिक और रासायनिक गुण उनके परमाणु संख्या के आवर्ती-फलन होते हैं।
❒ पदार्थ के एक मोल में मौजूद अणुओं के द्रव्यमान को **मोलर द्रव्यमान** कहा जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

53. आधुनिक आवर्त सारणी के अनुसार हीलियम का परमाणु क्रमांक क्या है?

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift II

(a) 2 (b) 5
(c) 4 (d) 6

Ans. (a) 2

❒ हीलियम (He) का परमाणु द्रव्यमान 4 होता है
❒ परमाणु संख्या/क्रमांक (Z) – किसी परमाणु के नाभिक में उपस्थित प्रोटॉनों की संख्या के बराबर होता है।
❒ परमाणु द्रव्यमान (A) – परमाणु के नाभिक में उपस्थित प्रोटॉन और न्यूटॉनों की संख्या का योग होता है।

54. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ठंडी और संपीडित होने पर, गैस के अतिक्रांतिक तरल अवस्था में बदल सकती है।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift I

(a) भाप
(b) ऑक्सीजन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड
(d) हाइड्रोजन

Ans. (c) कार्बन डाइऑक्साइड

❒ हाइड्रोजन (H) आवर्त सारणी में प्रथम स्थान पर मौजूद है। इसका परमाणु क्रमांक 1 है।
❒ इसके के तीन समस्थानिक हैं–
1. प्रोटियम 2. ड्यूटीरियम 3. ट्राइटियम
❒ ऑक्सीजन (O) को आवर्त सारणी के आवर्त–2 एवं वर्ग–16 में स्थान दिया गया है।

55. गैस का द्रव में परिवर्तित हुए बिना सीधे ठोस में परिवर्तित होना .... कहलाता है।

SSC GD 22 Feb. 2024 Shift I

(a) ऊर्ध्वपातन (b) वाष्पीकरण
(c) निक्षेपण (d) वाष्पन

Ans. (c) निक्षेपण

❒ निक्षेपण एक ऊष्मागतिकी प्रक्रिया है जिसमें कोई गैस सीधे ठोस बन जाती है, **निक्षेपण** कहलाती है।
❒ **ऊर्ध्वपातन:** किसी ठोस पदार्थ को गर्म करने पर बिना द्रवित हुए सीधे वाष्पीकृत हो जाना ऊर्ध्वपातन कहलाता है, **जैसे-** कपूर, नेफ्थलीन, अमोनियम क्लोराइड आदि।
❒ **वाष्पीकरण:** द्रव से वाष्प में परिवर्तन होने की क्रिया।
❒ यह दो प्रकार का होता है–
(i) वाष्पन– कम तापमान पर द्रव का वाष्प में बदलना।
(ii) क्वथनांक– नियत ताप पर द्रव का वाष्प में बदलना।

56. किस भौतिक नियम के अनुसार, यदि किसी गैस के अणुओं की मात्रा और संख्या स्थिर रहे, तो गैस का दाब और ताप व्युत्क्रमानुपाती होते है?

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift IV

SSC GD 28 Mar. 2024 Shift IV

(a) चार्ल्स का नियम
(b) बॉयल का नियम
(c) आवोगाद्रो का नियम
(d) गै-लुसाक का नियम

Ans. (b) बॉयल का नियम

❒ **गै-लुसाक का नियम:** स्थिर आयतन पर किसी निश्चित मात्रा वाली गैस का दाब उसके परमताप के समानुपाती होता है।

57. न्यूलैंड्स का अष्टक का सिंद्धात (Law of Octaves) केवल किस तत्व तक लागू होता है?

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift II

(a) Ca (b) Mg
(c) K (d) Na

Ans. (a) Ca

❒ न्यूलैंड्स का अष्टक नियम 1865-66 ई. में दिया गया।
❒ इसमें तत्वों को उनके बढ़ते हुए परमाणु द्रव्यमान के आधार पर व्यवस्थित किया गया है।
❒ इस नियमानुसार हर 8वां तत्व पहले तत्व के समान ही गुण रखता है। जैसे (Li) लीथियम से आठवें तत्व सोडियम (Na) के गुण लीथियम के समान होते हैं।
❒ कैल्शियम (Ca) आवर्त सारणी के द्वितीय समूह का तत्व है। इसका परमाणु क्रमांक 20 तथा परमाणु द्रव्यमान 40 है।

58. आवर्त सारणी के प्रथम आवर्त में कितने तत्व मौजूद है।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift I

(a) तीन (b) चार
(c) दो (d) पाँच

Ans. (c) दो

❒ प्रथम आवर्त में 2 तत्व हैं। हाइड्रोजन (H) और हीलियम (He)
❒ हीलियम उत्कृष्ट गैसों के समूह का प्रथम तत्व है।

59. आवर्त सारणी में किस वर्ग को उत्कृष्ट गैसों के रूप में जाने वाले तत्व शामिल होते है।

SSC GD 7 Mar. 2024 Shift I

(a) वर्ग 17 (b) वर्ग 18
(c) वर्ग 1 (d) वर्ग 7

Ans. (b) वर्ग 18

❒ उत्कृष्ट गैसों के परमाणु का बाह्य कोश पूर्ण होता है। इसलिए इनमें अत्यंत निम्न अभिक्रियाशीलता पायी जाती है। इसलिए इन्हें **अक्रिय गैस** भी कहते हैं; **जैसे-** हीलियम (He), निऑन (Ne), आर्गन (Ar), क्रिप्टॉन (Kr), जीनॉन (Xe), रेडॉन (Rn)

60. निम्नलिखित में से कौन-सा आवर्त सारणी के p-ब्लॉक का एक तत्व नहीं है?

SSC GD 5 Mar. 2024 Shift I

(a) आयोडीन (b) सिलिकॉन
(c) फॉस्फोरस (d) मैग्नीशियम

Ans. (d) मैग्नीशियम

❒ आवर्त सारणी के p-ब्लॉक में वर्ग 13,14,15,16,17 और 18 के तत्वों को रखा गया है।
❒ इनका सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास- $ns^2\ np^{1-6}$

61. जब मेंडलीफ ने अपना कार्य आरंभ किया, उस समय कितने तत्व ज्ञात थे?

SSC GD 20 Feb 2024 Shift I

(a) 36 (b) 29
(c) 63 (d) 47

Ans. (c) 63

❒ मेंडलीफ की समय ज्ञात तत्वों की संख्या 63 थी।
❒ मेंडलीफ द्वारा बनाई गई आवर्त सारणी में 8 वर्ग और सात आवर्त थे।

62. निश्चित आकार, स्पष्ट सीमाएँ पदार्थ की किस अवस्था की विशेषताएँ है?

SSC GD 23 Mar. 2024 Shift II

(a) अर्ध ठोस (b) गैस
(c) द्रव (d) ठोस

Ans. (d) ठोस

❒ **गैस (Gas):** इसका आयतन तथा आकार दोनों परिवर्तनशील होते हैं, **जैसे-** मार्श गैस कोल गैस, गैसीय अवस्था में कणों की गति अनियमित और अत्यधिक तीव्र होती है।
❒ **द्रव (Liquid):** इसका आयतन निश्चित लेकिन आकार परिवर्तनशील होता है, **जैसे-** पानी, दूध, तेल इत्यादि

63. द्रव बहते है और आकृति बदलते हैं वे दृढ़ होते है इसलिए उन्हें .... भी कहा जाता है।

SSC GD 23 Feb. 2024 Shift II

(a) तरलीकरण (b) तरल
(c) मिश्रण (d) विलयन

Ans. (b) तरल

❒ तरल एक ऐसा पदार्थ है जिसमें बहने का गुण होता है, **जैसे-** द्रव और गैस
❒ **समांगी मिश्रण:** जिस मिश्रण के प्रत्येक भाग के सभी गुण एकसमान होते है, **जैसे-** चीनी का जल में विलयन
❒ **विषमांग मिश्रण:** जिस मिश्रण के प्रत्येक भाग के गुण एकसमान नही होते है, **जैसे-** रेत तथा जल का मिश्रण

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❑ **विलयन:** दो या दो से अधिक पदार्थो के समांगी मिश्रण को विलयन कहते हैं।

64. चार्ल्स के नियम में ....।

SSC GD 27 Feb. 2024 Shift IV

(A) दाब स्थिर रखा जाता है।
(B) गैस के मोल की संख्या स्थिर है।
(C) आयतन, तापमान के अनुक्रमानुपाती होता है।

(a) केवल B और C सत्य हैं।
(b) A और C दोनों सत्य हैं।
(c) A, B, C तीनों सत्य हैं।
(d) A और B दोनों सत्य हैं।

Ans. (c) A, B, C तीनों सत्य हैं।

❑ चार्ल्स का नियम (ताप-आयतन संबंध) स्थिर दाब पर गैस की निश्चित मात्रा का आयतन उसके परमताप के अनुक्रमानुपाती होता है।
$V \propto T$
$V/T = K$

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

(A) वह गैस जो बॉयल के नियम, चार्ल्स के और आवोगाद्रो नियम का पालन करती है।, आदर्श गैस कहलाती है।

(B) गै-लुसाक के नियम (Gay Lussac's law) के अनुसार, स्थित आयतन पर किसी निश्चित मात्रा वाली गैस का दाब, उसके ताप के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

(C) सिलिकॉन आवर्त सारणी के वर्ग 14 और आवर्त 3 में मौजूद होता है।

SSC GD 1 Mar. 2024 Shift III

(a) A, B, C तीनों सत्य हैं।
(b) A और B दोनों सत्य हैं।
(c) A और C दोनों सत्य हैं।
(d) केवल B और C सत्य हैं।

Ans. (a) A, B, C तीनों सत्य हैं।

❑ **आवोगाद्रो के नियमानुसार-** समान ताप एवं दाब पर सभी गैसों के समान आयतन में अणुओं की समान संख्या होती है।

$$V \propto N$$

❑ **बॉयल का नियम-** स्थिर ताप पर किसी गैस की निश्चित मात्रा का दाब उसके आयतन के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

$P \propto \frac{1}{V}$ $P = K \cdot \frac{1}{V}$

$$\boxed{PV = K}$$

66. अधातुएँ विद्युत ऋणात्मक होती हैं। वे .... आबंध बनाती हैं।

SSC GD 29 Feb. 2024 Shift I

(a) दो इलेक्ट्रॉन को घटाकर
(b) इलेक्ट्रॉनों को ग्रहण करके
(c) इलेक्ट्रॉनों को त्याग कर
(d) इलेक्ट्रॉनों को प्रतिस्थापित करके

Ans. (b) इलेक्ट्रॉनों को ग्रहण करके

❑ अधातुएँ प्रकृति में विद्युत ऋणात्मक होती हैं।
❑ अधातुएँ उष्मा एवं विद्युत की कुचालक होती हैं इनका क्वथनांक और गलनांक कम होता है।

67. .... आवर्त सारणी में 17वें समूह में स्थित है?

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift IV

(a) अक्रिय गैस (b) बोरॉन
(c) काल्कोजन (d) हैलोजन

Ans. (d) हैलोजन

❑ आवर्त सारणी के 17वें समूह के तत्व को हैलोजन के रूप में जाना जाता है जिसमें फ्लोरीन (F), क्लोरीन (Cl), ब्रोमीन (Br), आयोडीन (I), एस्टेटीन (At) आदि तत्वों को शामिल किया जाता है।
❑ अक्रिय गैसों में हीलियम, निऑन, आर्गन, जीनॉन और रेडॉन सम्मिलित हैं।

68. वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें .... का जोड़ या .... का निष्कासन हो अपचयन कहा जाता है।

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift II

(a) कार्बन डाइऑक्साइड, हाइड्रोजन
(b) ऑक्सीजन, हाइड्रोजन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड, ऑक्सीजन
(d) हाइड्रोजन, ऑक्सीजन

Ans. (d) हाइड्रोजन, ऑक्सीजन

❑ **अपचयन (Reduction):** किसी पदार्थ द्वारा ऑक्सीकरण या अन्य वैद्युत ऋणात्मक तत्व त्याग करने अथवा हाइड्रोजन या अन्य वैद्युत धनात्मक तत्व ग्रहण करने की प्रक्रिया 'अपचयन' कहलाती है।
❑ **ऑक्सीकरण (Oxidation):** किसी पदार्थ द्वारा ऑक्सीजन या अन्य वैद्युत ऋणात्मक तत्व ग्रहण करने अथवा हाइड्रोजन या अन्य वैद्युत धनात्मक तत्व त्यागने की प्रक्रिया ऑक्सीकरण कहलाती हैं।

69. तेल का वनस्पति में रूपांतरण क्या कहलाता है?

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift I

(a) हाइड्रोजनीकरण (b) पाश्चुरीकरण
(c) संक्षरण (d) समांगीकरण

Ans. (a) हाइड्रोजनीकरण

❑ हाइड्रोजनीकरण वह अभिक्रिया है जिसमें असंतृप्त यौगिक हाइड्रोजन के साथ संयोग करके संतृप्त यौगिक बनाते हैं।

70. ठोस कार्बन डाइऑक्साइड को सामान्यत: ...... कहा जाता है।

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift I

(a) भारी जल (b) शुष्क बर्फ
(c) टेबल शुगर (d) एस्पिरिन

Ans. (b) शुष्क बर्फ

❑ जब तापमान –110°F या –78.5°C तक गिर जाता है तो कार्बन डाइऑक्साइड शुष्क बर्फ में बदल जाती है।
❑ भारी जल को ड्यूटेरियम ऑक्साइड (D_2O) के नाम से भी जाना जाता है।

71. ऐसे तत्व की पहचान करें, जो तीसरे आवर्त से संबंधित नहीं है?

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift IV

(a) ब्रोमीन (b) फॉस्फोरस
(c) सिलिकॉन (d) आर्गन

Ans. (a) ब्रोमीन

❑ ब्रोमीन (Br) एक हैलोजन तत्व है और चौथे आवर्त तथा समूह 17 में स्थित है।
❑ तीसरे आवर्त के तत्व- सोडियम, मैग्नीशियम, एल्युमीनियम, सिलिकॉन, फॉस्फोरस, सल्फर क्लोरीन और आर्गन।
❑ पहले आवर्त में 2 तत्व होते हैं- (हाइड्रोजन, हीलियम)

72. ह्यूमस, एक गहरे रंग का अक्रिस्टलीय पदार्थ है। यह किस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप बनता है?

SSC GD 9 Feb. 2023 Shift III

(a) निक्षालन (b) विखंडन
(c) खनिजन (d) ह्यूमसीभवन

Ans. (d) ह्यूमसीभवन

❑ ह्यूमसीभवन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा मृत कार्बनिक पदार्थ, जैसे- पत्तियाँ, टहनियाँ और अन्य जानवरों के अवशेष, सूक्ष्मजीवों द्वारा टूट जाते है और ह्यूमस में परिवर्तित हो जाते हैं ह्यूमसीभवन कहलाता है।

73. प्रोपाइन का रासायनिक सूत्र क्या है?

SSC GD 09 Feb. 2023 Shift I

(a) C_3H_4 (b) C_4H_5
(c) C_3H_5 (d) C_4H_4

Ans. (a) C_3H_4

मिथेन	-	CH_4
एथेन	-	C_2H_6
प्रोपेन	-	C_3H_8
ब्यूटेन	-	C_4H_{10}

74. लैंथेनाइड्स कितने तत्वों की एक श्रृंखला है?

SSC GD 08 Feb. 2023 Shift IV

(a) 10 (b) 18
(c) 15 (d) 12

Ans. (c) 15

SearchOnTG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❒ लैंथेनाइड्स F ब्लॉक तत्व है इन तत्वों को दुर्लभ मृदा धातुएँ भी कहा जाता है और इन्हें Ln द्वारा दर्शाया जाता है लैन्थेनम के बाद चौदह तत्वों की ($_{58}$Ce से $_{71}$Lu) श्रेणी को लैंथेनाइड्स कहा जाता है।

❒ लैंथेनाइड्स तत्व - सीरियम (Ce), प्रेसोयोडाइमियम (Pr), नियोडाइमियम (Nd), प्रोमेथियम (Pm), समेरियम (Sm), यूरोपियम (Eu), गेडोलिनियम (Gd), टर्बियम (Tb), डिसप्रोसियम (Dy), होल्मियम (Ho), एर्बियम (Er), थूलियम (Tm), इटर्बियम (Yb), ल्यूटीशियम (Lu)

75. .... सिलिकॉन डाइऑक्साइड का सामान्य नाम है।

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift II

(a) आशमीत चुना (b) सफेद विट्रियल
(c) क्वार्ट्ज (d) प्लास्टर ऑफ पेरिस

Ans. (c) क्वार्ट्ज

❒ सिलिकॉन डाइऑक्साइड सिलिकॉन और ऑक्सीजन से बना एक रासायनिक यौगिक है। इसका रासायनिक सूत्र SiO_2 है।

❒ प्लास्ट ऑफ पेरिस का रासायनिक सूत्र $CaSO_4.1/2\ H_2O$ है।

❒ सफेद विट्रियल का रासायनिक नाम जिंक सल्फेट है।

76. किसी कोश में भरे जा सकने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या .... द्वारा निरूपित की जाती है, जहाँ n कोशों की संख्या है।

SSC GD 8 Feb. 2023 Shift II

(a) $2n^2$ (b) $2n^3$
(c) $3n^2$ (d) $3n^3$

Ans. (a) $2n^2$

❒ कक्षा संख्या या प्रमुख क्वांटम संख्या (n) एक परमाणु में एक इलेक्ट्रॉन के ऊर्जा स्तर का प्रतिनिधित्व करती है। n का मान जितना अधिक होगा, इलेक्ट्रॉन का ऊर्जा स्तर उतना ही अधिक होगा।

❒ बोहर ने सन् 1913 में परमाणु का एक मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें दर्शाया कि इलेक्ट्रॉनों को क्रमिक कक्षाओं में कैसे व्यवस्थित किया जा सकता है।

77. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु ऊष्मा की सबसे अच्छी चालक है?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift IV

(a) सोडियम (b) गोल्ड
(c) आयरन (d) सिल्वर

Ans. (d) सिल्वर

❒ सिल्वर/चाँदी (Ag) एक रासायनिक तत्व है जिसका परमाणु क्रमांक 47 तथा परमाणु द्रव्यमान 108 है।

❒ धातुओं में चाँदी सबसे अधिक विद्युत चालकता और तापीय चालकता को दर्शाती है।

❒ सोना (Au) का परमाणु क्रमांक 79 है। यह निम्न क्रियाशील धातु होने के कारण प्राय: मुक्त अवस्था में पायी जाती है। इसके प्रमुख अयस्क कैल्वेराइड व सिल्वेनाइट है।

78. कॉपर क्लोराइड के साथ लेड की अभिक्रिया से कौन से उत्पाद निर्मित होते हैं?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift III

(a) लेड क्लोराइड और कॉपर
(b) लेड ऑक्साइड और कॉपर
(c) लेड ऑक्साइड और कॉपर हाइड्रॉक्साइड
(d) कॉपर ऑक्साइड और लेड क्लोराइड

Ans. (a) लेड क्लोराइड और कॉपर

❒ जब लेड धातु कॉपर क्लोराइड के विलयन से अभिक्रिया करती है, तो लेड क्लोराइड बनता है।

$Pb + CuCl_2 \longrightarrow PbCl_2 + Cu$ (कॉपर)
(लेड) कॉपर क्लोराइड लेड क्लोराइड

79. निम्न में से एक ऐसे तत्व की पहचान करें, जो अर्द्ध-धातु नहीं है?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift II

(a) आर्सेनिक (b) सीज़ियम
(c) सिलिकॉन (d) जर्मेनियम

Ans. (b) सीज़ियम

❒ सीज़ियम एक नरम क्षार धातु है।

❒ **अर्द्ध-धातु:** जिसमें धातु और अधातु दोनों के गुण होते हैं, अर्ध-धातु कहलाती है, **जैसे-** बोरॉन, सिलिकॉन, जर्मेनियम, आर्सेनिक, एंटीमनी, टेल्यूरियम, पोलोनियम और टेनेसीन आदि।

80. अनबुझा चुना कैसे निर्मित होता है?

SSC GD 7 Feb. 2023 Shift I

(a) कैल्शियम ऑक्साइड और जल के दोहरे अपघटन द्वारा।
(b) कैल्शियम ऑक्साइड और कैल्शियम कार्बोनेट के विस्थापन द्वारा।
(c) कैल्शियम कार्बोनेट और कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड के अपघटन द्वारा।
(d) तापन पर कैल्शियम कार्बोनेट के कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड में अपघटन द्वारा।

Ans. (d) तापन पर कैल्शियम कार्बोनेट के कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड में अपघटन द्वारा।

$CaCO_3 \xrightarrow{\text{तापन}} CaO + CO_2$
कैल्शियम कार्बोनेट → कैल्शियम ऑक्साइड + कार्बन डाइऑक्साइड

❒ कैल्शियम ऑक्साइड को आमतौर पर अनबुझा चुने के रूप में जाना जाता है। जिसको निस्तापन प्रक्रिया द्वारा तैयार किया जाता है।

81. दिए गए कथनों में से कौन-सा सही है?

I. अम्ल लाल लिटमस को नीला कर देता है।
II. अम्ल स्वाद में कड़वे होते हैं।

SSC GD 07 Feb. 2023 Shift I

(a) न तो I न ही II
(b) केवल I
(c) केवल II
(d) I तथा II दोनों

Ans. (a) न तो I न ही II

❒ अम्ल वह पदार्थ है जो जल में घुलकर **हाइड्रोजन आयन (H^+)** देता है।

❒ अम्ल स्वाद में खट्टे होते हैं।

❒ अम्ल का pH मान 7 से कम होता है।

❒ अम्ल नीले लिटमस को लाल कर देता है।

82. संगमरमर का रासायनिक सूत्र .... है।

SSC GD 06 Feb. 2023 Shift IV

(a) $Ca(OH)_2$ (b) $CaCO_3$
(c) CO_2 (d) CaO

Ans. (b) $CaCO_3$

❒ संगमरमर का रासायनिक सूत्र कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) है।

❒ कैल्शियम कार्बोनेट एक गैर-विषाक्त, गंधहीन रासायनिक यौगिक है।

❒ CaO – कैल्शियम ऑक्साइड

❒ CO_2 – कार्बन डाइऑक्साइड

83. प्राकृतिक गैस के ज्वलन पर कौन-सी गैस मुक्त होती है?

SSC GD 06 Feb. 2023 Shift III

(a) कार्बन डाइऑक्साइड
(b) ओजोन
(c) हाइड्रोजन
(d) हाइड्रोजन सल्फाइड

Ans. (a) कार्बन डाइऑक्साइड

❒ कार्बन डाइऑक्साइड एक ग्रीनहाउस गैस है और इसका उत्सर्जन ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन में वृद्धि करता है।

❒ हाइड्रोजन (H) की खोज 1766 में हेनरी केवेण्डिस ने की थी।

84. सफेद सिल्वर क्लोराइड सूर्य के प्रकाश में ग्रे क्यों हो जाता है?

SSC GD 02 Feb. 2023 Shift IV

(a) ऑक्सीजन की उपस्थिति में सिल्वर में जंग लगने के कारण
(b) रेडॉक्स अभिक्रिया के कारण
(c) सिल्वर क्लोराइड का प्रकाश द्वारा सिल्वर और क्लोरीन में अपघटन के कारण
(d) सिल्वर क्लोराइड के सिल्वर ऑक्साइड में विस्थापन के कारण

Ans. (c) सिल्वर क्लोराइड का प्रकाश द्वारा सिल्वर

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

और क्लोरीन में अपघटन के कारण

$$2AgCl(s) \xrightarrow{\text{सूर्य का प्रकाश}} 2Ag(s) + Cl_2(g)$$

सिल्वर क्लोराइड → सिल्वर → क्लोरीन

❒ **अपघटन प्रक्रिया**- जिसमें एक एकल यौगिक दो या दो से अधिक तत्वों या नए यौगिकों में टूट जाते है अपघटन प्रक्रिया कहलाती है।

85. प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक नाम क्या है?

SSC GD 02 Feb. 2023 Shift II

(a) कैल्शियम हाइपोक्लोराइड
(b) कैल्शियम कार्बोनेट
(c) कैल्शियम ऑक्साइड
(d) कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट

Ans. (d) कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट

❒ प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग आमतौर पर टूटी हड्डियों को जोड़ने के लिए प्लास्टर के रूप में और खिलौना बनाने में किया जाता है।

❒ इसका रासायनिक सूत्र - $CaSO_4 \cdot 1/2\ H_2O$

86. वाशिंग सोडा का रासायनिक सूत्र .... है।

SSC GD 02 Feb. 2023 Shift I

(a) Na_2SO_4
(b) $Ca(OH)_2$
(c) $Na_2CO_3.10H_2O$
(d) $NaHCO_3$

Ans. (c) $Na_2CO_3.10H_2O$

व्यापारिक नाम	रासायनिक नाम	रासायनिक सूत्र
नौसादर	अमोनियम क्लोराइड	NH_4Cl
जिप्सम	कैल्शियम सल्फेट डाइहाइड्रेट	$CaSO_4.2H_2O$
सोडा ऐश	सोडियम कार्बोनेट	Na_2CO_3
लाफिंग गैस	नाइट्रस ऑक्साइड	N_2O

87. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व अपने गुणों में क्षार धातुओं के साथ-साथ हैलोजन की तरह व्यवहार करता है?

SSC GD 01 Feb. 2023 Shift III

(a) हीलियम (b) लिथियम
(c) नियॉन (d) हाइड्रोजन

Ans. (d) हाइड्रोजन

❒ हाइड्रोजन भी हैलोजन की तरह व्यवहार करता है क्योंकि यह सहसंयोजक बंध बनाने के लिए अपने इलेक्ट्रॉनों को अन्य तत्वों के साथ साझा कर सकता है। इसलिए आवर्त सारणी में इसे क्षार धातुओं और हैलोजन से ऊपर रखा गया है।

88. नाइट्रोजन का परमाणु द्रव्यमान कितना है?

SSC GD 01 Feb. 2023 Shift II

(a) 18 (b) 14
(c) 12 (d) 16

Ans. (b) 14

तत्व	परमाणु संख्या	परमाणु द्रव्यमान
हाइड्रोजन (H)	1	1.007
हीलियम (He)	2	4
लिथियम (Li)	3	7
बेरेलियम (Be)	4	9
बोरॉन (B)	5	11
कार्बन (C)	6	12
नाइट्रोजन (N)	7	14
ऑक्सीजन (O)	8	16

89. क्षारक लाल लिटमस पत्र को .... कर देता है।

SSC GD 01 Feb. 2023 Shift I

(a) बैंगनी (b) गुलाबी
(c) नीला (d) पीला

Ans. (c) नीला

❒ **क्षारक:** जो जल में घुलकर **हाइड्रॉक्साइड आयन (OH^-)** देते हैं, वे क्षार कहलाते हैं। क्षारों में प्रोटॉन ग्रहण करने की क्षमता होती है।

❒ क्षार का pH मान 7 से अधिक होता है। क्षार लाल लिटमस पेपर को नीला कर देता है।

90. चुना-पत्थर, खड़िया एवं संगमरमर .... के विविध रूप हैं।

SSC GD 01 Feb. 2023 Shift I

(a) कैल्शियम फॉस्फेट
(b) कैल्शियम ऑक्साइड
(c) कैल्शियम हाइड्रोऑक्साइड
(d) कैल्शियम कार्बोनेट

Ans. (d) कैल्शियम कार्बोनेट

❒ कैल्शियम कार्बोनेट का रासायनिक सूत्र $CaCO_3$ है।

❒ कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) को बिना बुझा हुआ चुना, या दग्ध चुना भी कहा जाता है।

❒ कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड $Ca(OH)_2$ अकार्बनिक यौगिक है जो ठोस अवस्था में सफेद पाउडर जैसा दिखता है। इसे शामित चुना या बुझा चुना कहते हैं।

91. जब सोडियम सल्फेट बेरियम क्लोराइड के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन-सा उप-उत्पाद बनता है?

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III

(a) सोडियम क्लोराइड
(b) बेरियम हाइड्रॉक्साइड
(c) बेरियम ऑक्साइड
(d) सोडियम ऑक्साइड

Ans. (a) सोडियम क्लोराइड

$$BaCl_2 + Na_2SO_4 \longrightarrow BaSO_4 + 2NaCl$$

बेरियम क्लोराइड → सोडियम सल्फेट → बेरियम सल्फेट → सोडियम क्लोराइड

❒ जब बेरियम क्लोराइड अपने जलीय घोल के रूप में सोडियम सल्फेट के साथ मिलता है तो बेरियम सल्फेट का सफेद अवक्षेप बनाता है जो पानी में अघुलनशील होता है।

92. दूध और फेस क्रीम .... के उदाहरण हैं।

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift IV

(a) ऐरोसोल (b) इमल्शन
(c) सोल (d) फोम

Ans. (b) इमल्शन

❒ **इमल्शन**- दो अमिश्रणीय तरल पदार्थो का मिश्रण है जहां एक तरल छोटी बूंदो के रूप में दूसरे में बिखरा हुआ होता है, अर्थात् कौन सा तरल रूप दूसरे में फैला हुआ है, **उदाहरण**- तेल और पानी का मिश्रण एक साथ मिलाने पर इमल्शन बनता है।

93. .... का उपयोग उर्वरक, सिंथेटिक फाइबर, प्लास्टिक, चिपकने वाले पदार्थ, पेंट और डाई बनाने के लिए किया जाता है।

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift III

(a) सल्फ्यूरिक एसिड
(b) क्षार
(c) सोडा ऐश
(d) नाइट्रिक एसिड

Ans. (a) सल्फ्यूरिक एसिड

❒ **नाइट्रिक एसिड (HNO_3)**- इसका उपयोग उर्वरकों, विस्फोटकों और रंगो के उत्पादन में किया जाता है।

❒ सोडा ऐश, सोडियम कार्बोनेट (Na_2CO_3) का सामान्य रूप है। इसका उपयोग काँच, साबुन और डिटर्जेंट के निर्माण में किया जाता है।

94. निम्नलिखित में से अयस्क-धातु की कौन-सी जोड़ी गलत है?

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift II

(a) गैलिना - सीसा
(b) बोर्नाइट - कॉपर
(c) सिनेबार - निकेल
(d) मैग्नेटाइट - लोहा

Ans. (c) सिनेबार - निकेल

धातु	अयस्क	अयस्क/यौगिक संगठन
मर्करी (Hg)	सिनेबार	HgS
टिन (Sn)	कैसिटेराइट	SnO_2
एल्युमीनियम (Al)	बॉक्साइट	$Al_2O_3.2H_2O$

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

जिंक (Zn)	जिंक ब्लैंड	ZnS
क्रोमियम (Cr)	आयरन क्रोमाइट	$FeCr_2O_4$

95. जिन खाद्य पदार्थों में स्टार्च होता है, वे .... के संपर्क में आने पर नीले-काले रंग के हो जाते हैं।

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift III

(a) लवण (b) लाल लिटमस
(c) आयोडीन (d) नीले लिटमस

Ans. (c) आयोडीन

❒ आयोडीन (I) एक रासायनिक तत्व है जिसका उपयोग भोजन में स्टार्च की उपस्थिति का परीक्षण करने के लिए किया जाता है। आयोडीन स्टार्च के संपर्क में आने पर नीला-काला कॉम्प्लेक्स बनाता है।

96. लेड नाइट्रेट को गर्म करने पर कौन-सी दो गैसें मिलती हैं?

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift III

(a) कार्बन मोनोऑक्साइड और ऑक्सीजन
(b) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन
(c) ऑक्सीजन और नाइट्रोजन ऑक्साइड
(d) हाइड्रोजन और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

Ans. (b) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन

❒ नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO_2) एक लाल भूरे रंग की जहरीली गैस है।

❒ लेड नाइट्रेट [$Pb(NO_3)_2$] एक सफेद क्रिस्टलीय ठोस है जो पानी में घुलनशील है और इसका उपयोग विस्फोटक, माचिस और अन्य रसायनों के निर्माण में किया जाता है।

97. $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$

यह .... अभिक्रिया का एक उदाहरण है।

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift II

(a) अपचयन (b) निष्प्रभावीकरण
(c) विस्थापन (d) प्रतिवर्ती

Ans. (c) विस्थापन

❒ ऐसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें किसी यौगिक के एक तत्व या समूह को कोई अन्य तत्व या समूह प्रतिस्थापित कर दे, विस्थापन अभिक्रिया कहलाती है।

$Fe + CuSO_4 \longrightarrow FeSO_4 + Cu$

Fe ↓ आयरन; $CuSO_4$ ↓ कॉपर सल्फेट; $FeSO_4$ ↓ आयरन सल्फेट; Cu ↓ कॉपर

98. C_2H_5OH .... का रासायनिक सूत्र है।

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift II

(a) इथेनॉल (b) मीथेन
(c) ब्यूटेन (d) प्रोपीन

Ans. (a) इथेनॉल

❒ **इथेनॉल (C_2H_5OH)** – ईंधन विलायक, मादक पेय पदार्थ उत्पादन में।

❒ **मीथेन (CH_4)** – ईंधन के रूप में।

❒ **ब्यूटेन (C_4H_{10})**– रबर प्लास्टिक और फार्मास्यूटिकल्स उत्पादन में।

99. जिप्सम को .... पर गर्म करने पर यह जल के अणुओं का त्याग कर कैल्शियम सल्फेट अर्द्धहाइड्रेट बनता है।

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift I

(a) 173 K (b) 215 K
(c) 115 K (d) 373 K

Ans. (d) 373 K

❒ जिप्सम को 373K (अर्थात् 100°C) पर गर्म करने पर यह जल के अणुओं को त्याग कर कैल्शियम सल्फेट अर्धहाइड्रेट ($CaSO_4.1/2H_2O$) बनाता है। इसे प्लास्टर ऑफ पेरिस कहते हैं।

100. आवोग्रादो की संख्या 6.022 × .... है।

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift II

(a) 10^{25} (b) 10^{23}
(c) 10^{22} (d) 10^{24}

Ans. (b) 10^{23}

❒ एक मोल गैस में अणुओं की संख्या 6.022×10^{23} निर्धारित की गई है जिसे आवोगाद्रो स्थिरांक कहते है।

101. हैलोजन के बाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या कितनी होती है?

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift IV

(a) पाँच (b) एक
(c) दो (d) सात

Ans. (d) सात

❒ हैलोजन के सबसे बाहरी कोश में 7 इलेक्ट्रॉन होते हैं। इनका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास s^2p^5 होता है।

❒ हैलोजन तत्व- फ्लोरीन (F), क्लोरीन (Cl), आयोडीन (I), ब्रोमीन (Br) और एस्टेटिन (At)

102. आधुनिक आवर्त सारणी में कितने तत्व हैं?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift III

(a) 118 (b) 106
(c) 102 (d) 124

Ans. (a) 118

❒ वर्तमान में अब तक 118 तत्व ज्ञात हैं, जिनमें से 98 तत्व प्रकृति में पाये जाते हैं, जबकि शेष तत्व मानव निर्मित हैं।

❒ सन् 1913 में हेनरी मोसले ने आधुनिक आवर्त सारणी का प्रतिपादन किया।

❒ आधुनिक आवर्त सारणी में 7 क्षैतिज पंक्तियाँ, जिन्हें आवर्त कहा जाता है तथा 18 उर्ध्व स्तंभ हैं जिन्हें समूह कहा जाता है।

103. किसी विलगित परमाणु के नाभिक के केंद्र और बाह्यतम कोश के बीच की दूरी को क्या कहा जाता है?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift II

(a) समस्थानिक (b) परमाणु का आकार
(c) इलेक्ट्रॉन (d) परमाणु द्रव्यमान

Ans. (b) परमाणु का आकार

❒ जॉन डाल्टन ने परमाणु सिद्धांत प्रतिपादित किया। परमाणु कई प्रकार के अति सूक्ष्म कणों से मिलकर बना होता है। जिनमें इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन होते हैं।

❒ **समस्थानिक:** एक ही तत्व के वे परमाणु जिनकी परमाणु संख्याएँ समान किंतु द्रव्यमान संख्याएँ भिन्न-भिन्न होती है।

जैसे- प्रोटियम ($_1H^1$), ड्यूटेरियम ($_1H^2$), ट्राइटियम ($_1H^3$)

❒ **समभारिक:** भिन्न-भिन्न तत्वों के ऐसे परमाणु, जिनकी द्रव्यमान संख्याएँ समान किंतु परमाणु संख्याएँ अलग-अलग होती हैं।

जैसे- नाइट्रोजन ($_7N^{14}$), कार्बन ($_6C^{14}$)

104. निम्नलिखित में से किस तत्व की परमाणु संख्या 12 है?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift I

(a) O (b) He
(c) Mg (d) Ca

Ans. (c) Mg

❒ Mg (मैग्नीशियम) का परमाणु द्रव्यमान 24 है।

❒ मैग्नीशियम का उपयोग कार की सीटे, सामान, लैपटॉप कैमरा और बिजली उपकरण के निर्माण में किया जाता है।

105. .... एथेनॉइक एसिड का रासायनिक सूत्र है।

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift III

(a) CH_2COOH (b) CH_3COOH
(c) CH_3OH (d) CH_2OH

Ans. (b) CH_3COOH

❒ एथेनॉइक एसिड का सामान्य नाम एसीटिक अम्ल है।

❒ एथेनाइक एसिड एक कार्बोक्सिलिक (–COOH) प्रकार्यात्मक समूह का यौगिक है।

106. उस तत्व की पहचान कीजिए जो उपधातु नहीं है।

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift I

(a) टेल्यूरियम (b) जर्मेनियम
(c) पोलोनियम (d) जेनॉन

Ans. (d) जेनॉन

❒ आधुनिक आवर्त सारणी में 7 उपधातु है।

❒ ऐसे विशिष्ट तत्व, जिनमें धातुओं तथा अधातुओं दोनों के गुणधर्म पाए जाते हैं उन्हें उपधातुएँ कहते हैं

❒ बोरॉन (B), सिलिकॉन (Si), जर्मेनियम (Ge),

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

आर्सेनिक (As), एन्टिमनी (Sb) और टेल्यूरियम (Te), पॉलोनियम (Po)

❒ जेनॉन एक अक्रिय गैस है।

107. उस अम्ल की पहचान कीजिए जो जिंक को जिंक सल्फेट में परिवर्तित करता है।

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift IV

(a) सल्फ्यूरिक अम्ल
(b) एसीटिक अम्ल
(c) नाइट्रिक अम्ल
(d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

Ans. (a) सल्फ्यूरिक अम्ल

$Zn + H_2SO_4 \rightarrow ZnSO_4 + H_2$

(जिंक + सल्फ्यूरिक अम्ल → जिंक सल्फेट + हाइड्रोजन गैस)

❒ जिंक (Zn) हाइड्रोजन की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील है इसलिए यह तनु सल्फ्यूरिक अम्ल से हाइड्रोजन को विस्थापित कर देता है।

108. एल्कीन्स के सामान्य सूत्र को पहचानिए।

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift III

(a) C_nH_{4n} (b) C_nH_{3n}
(c) C_nH_{2n} (d) C_nH_{6n}

Ans. (c) C_nH_{2n}

❒ संतृप्त हाइड्रोकार्बन को एल्केन कहते हैं ऐसे असंतृप्त हाइड्रोकार्बन जिनमें एक या अधिक दोहरे आबंध होते हैं एल्कीन कहलाते हैं। वहीं एक या अधिक त्रि-आबंध वाले असंतृप्त हाइड्रोकार्बन एल्काइन कहलाते हैं।

❒ एल्केन का सामान्य सूत्र - C_nH_{2n+2}

❒ एल्कीन्स का सामान्य सूत्र - C_nH_{2n}

❒ एल्काइन का सामान्य सूत्र - C_nH_{2n-2}

109. बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम क्या है?

SSC GD 02 Feb. 2023 Shift III

(a) कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट
(b) सोडियम कार्बोनेट
(c) कैल्शियम सल्फेट
(d) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट

Ans. (d) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट

❒ बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र $NaHCO_3$ है।

❒ इसे खाने वाला सोडा के नाम से भी जाना जाता है।

110. नीला थोथा का रासायनिक नाम क्या है?

SSC GD 09 Feb. 2023 Shift II

(a) सल्फ्यूरिक एसिड
(b) कॉपर सल्फेट
(c) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(d) जिंक सल्फेट

Ans. (b) कॉपर सल्फेट

❒ कॉपर सल्फेट का रासायनिक सूत्र $CuSO_4$ है।

❒ इसे क्युप्रिक सल्फेट भी कहते हैं।

❒ जलयोजित कॉपर सल्फेट (नीला थोथा) का रासायनिक सूत्र $CuSO_4 . 5H_2O$ है।

111. नाभिकीय विखंडन के संदर्भ में सही कथन की पहचान करें।

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift IV

(a) एक निम्न-ऊर्जा परमाणु के नाभिक पर, जब उच्च ऊर्जा न्यूट्रॉनों की बौछार की जाती है, तो उसे भारी नाभिकों में विभाजित किया जा सकता है।
(b) उच्च-ऊर्जा इलेक्ट्रॉनों और निम्न ऊर्जा न्यूट्रानों का एक साथ आना नाभिकीय विखंडन कहलाता है।
(c) एक भारी परमाणु के नाभिक पर, जब निम्न ऊर्जा न्यूट्रानों की बौछार की जाती है, तो उसे हल्के नाभिकों में विभाजित किया जा सकता है।
(d) एक निम्न ऊर्जा परमाणु के नाभिक पर जब उच्च ऊर्जा न्यूट्रॉनों की बौछार की जाती है, तो उसे हल्के नाभिकों में विभाजित किया जा सकता है।

Ans. (c) एक भारी परमाणु के नाभिक पर, जब निम्न ऊर्जा न्यूट्रानों की बौछार की जाती है, तो उसे हल्के नाभिकों में विभाजित किया जा सकता है।

❒ जब कोई भारी नाभिक दो या दो से अधिक छोटे भागों में विखंडित हो जाता है तो इस क्रिया में अत्यधिक ऊर्जा का उत्सर्जन होता है यह अभिक्रिया नाभिकीय विखण्डन कहलाती है।
उदाहरण- जब यूरेनियम $_{92}U^{235}$ को न्यूट्रॉन के प्रहार द्वारा बेरियम $_{56}Ba^{144}$ तथा क्रिप्टॉन $_{36}Kr^{89}$ के परमाणु बनते है।

112. कार्बन की परमाणु संख्या क्या है?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift I

(a) 7 (b) 9
(c) 8 (d) 6

Ans. (d) 6

❒ परमाणु संख्या (Z) एक परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन की संख्या है।

तत्व	परमाणु संख्या
फ्लोरीन (F)	9
नाइट्रोजन (N)	7
ऑक्सीजन (O)	8
लिथियम (Li)	3
क्लोरीन (Cl)	17
आर्गन (Ar)	18
पोटैशियम (K)	19
कैल्शियम (Ca)	20
मैग्नीशियम (Mg)	12

113. इथेनॉल उत्पादन किस प्रक्रिया द्वारा किया जाता है?

SSC GD 02 Mar. 2019 Shift I

(a) लवणीकरण (b) अनुमापन
(c) किण्वन (d) संयोजन

Ans. (c) किण्वन

❒ किण्वन एक जैव रासायनिक क्रिया है इसमें जटिल कार्बनिक यौगिक सूक्ष्म जीवों की सहायता से सरल कार्बोनिक यौगिक में विघटित होते हैं। इस क्रिया में ऑक्सीजन की आवश्यकता नहीं होती है। **जैसे-** एल्कोहॉल या शराब का निर्माण।

114. निम्न में से कौन-सा एक ताँबे का अयस्क खनिज है?

SSC GD 03 Mar. 2019 Shift I

(a) गैलेना (b) सिनेबार
(c) चाल्कोसाइट (d) केसिटराइट

Ans. (c) चाल्कोसाइट

❒ चाल्कोसाइट ताँबे का अयस्क होता है।

❒ **कॉपर (Cu) के मुख्य अयस्क:**
क्यूप्राइट (Cu_2O), कैल्कोपाइराइट ($CuFeS_2$) कैल्कोसाइट (Cu_2S) आदि।

❒ गैलेना लेड का अयस्क है।

❒ सिनेबार पारा का अयस्क है।

❒ कैसिटेराइट टिन का अयस्क है।

115. आवर्त सारणी के छठे आवर्त और समूह IVA में कौन-सा तत्व रखा गया है?

SSC GD 03 Mar. 2019 Shift II

(a) लेड (क्रमांक 82 पर)
(b) बेरियम (क्रमांक 58 पर)
(c) टेलोरियम (क्रमांक 52 पर)
(d) स्ट्रोन्शियम (क्रमांक 38 पर)

Ans. (a) लेड (क्रमांक 82 पर)

❒ लेड छठे आवर्त और p-ब्लॉक का तत्व है।

❒ इसका परमाणु क्रमांक 82 है।

❒ इसका उपयोग लैड चेम्बर, बुलेट तथा मिश्रधातु इत्यादि के निर्माण में किया जाता है।

❒ बेरियम कैल्शियम समूह का तत्व है।

116. क्लोरोफॉर्म का सूत्र क्या है?

SSC GD 05 Mar. 2019 Shift I

(a) CCl_4 (b) $CHCl_3$
(c) CH_3Cl (d) CF_2Cl_2

Ans. (b) $CHCl_3$

सूत्र	रासायनिक नाम
CCl_4	कार्बन टेट्राक्लोराइड
CH_3OH	मिथाइल एल्कोहॉल
C_2H_5OH	एथिल एल्कोहॉल
CHI_3	ट्राइआयोडोमिथेन

117. सौर सेल का निर्माण करने के लिए किस तत्व

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 05 Mar. 2019 Shift II

(a) सिलिकॉन (b) सोडियम
(c) सिल्वर (d) सल्फर

Ans. (a) सिलिकॉन

❒ सौर सेल का निर्माण करने के लिए सिलिकॉन नामक तत्व का उपयोग किया जाता है।
❒ सल्फर (S) का परमाणु क्रमांक 16 है यह प्रचूर, बहुसंयोजी और अधात्विक तत्व है।

118. गैल्वनीकरण की प्रक्रिया में लोहे पर क्या जमा किया जाता है?

SSC GD 06 Mar. 2019 Shift II

(a) जस्ता (b) ताँबा
(c) टिन (d) एल्युमीनियम

Ans. (a) जस्ता

❒ गैल्वनीकरण की प्रक्रिया में लोहे पर जस्ता का लेप लगाया जाता है।
❒ गैल्वनीकरण या यशदलेपन एक धातुकार्मिक प्रक्रम है, जिसमें इस्पात या लोहे के ऊपर जस्ते की परत चढ़ा दी जाती है। जिससे जंग लगना रूक जाता है।

119. ताँबे के बर्तन पर हवा के संपर्क में आने पर हरे रंग का लेप किसका मिश्रण है?

SSC GD 17 Mar. 2019 Shift II

(a) कॉपर कार्बोनेट और कॉपर हाइड्रॉक्साइड
(b) कॉपर सल्फेट और कॉपर कार्बोनेट
(c) कॉपर नाइट्रेट और कॉपर हाइड्रॉक्साइड
(d) कॉपर नाइट्रेट

Ans. (a) कॉपर कार्बोनेट और कॉपर हाइड्रॉक्साइड

❒ कॉपर ऑक्साइड कार्बन डाइऑक्साइड के साथ मिलकर कॉपर कार्बोनेट बनाता है, ये तांबे के बर्तन को हरा रंग देता है
❒ ताँबे के बर्तनों पर नीले-हरे रंग के पदार्थ का निक्षेपण $CuCO_3$ के बनने के कारण होता है।

120. जब अम्ल जल के साथ अभिक्रिया करता है, तो उत्पन्न होती है?

SSC GD 8 Mar. 2019 Shift I

(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन
(c) हीलियम (d) हाइड्रोजन

Ans. (d) हाइड्रोजन

❒ धातु + अम्ल → लवण + हाइड्रोजन (गैस) सोडियम की हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करने पर सोडियम क्लोराइड और हाइड्रोजन गैस निकलती है

$$2Na + 2HCl \rightarrow 2NaCl + H_2$$

121. वायु की अपर्याप्त मात्रा में जीवाश्म ईंधनों के दहन के फलस्वरूप कौन-सी गैस निर्मित होती है?

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift II

(a) ब्यूटेन
(b) मीथेन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड

Ans. (d) कार्बन मोनोऑक्साइड

❒ ब्यूटेन (C_4H_{10}) तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के रूप में भी पायी जाती है।

122. अम्लीय एवं क्षारीय तत्वों के निर्धारण के लिए हम लिटमस पत्र अथवा .... का उपयोग कर सकते हैं।

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift II

(a) लवण (b) शर्करा
(c) सोडा (d) हल्दी

Ans. (d) हल्दी

❒ हल्दी प्राकृतिक रूप में पाए जाने वाले पीले रंग का यौगिक होता है। यह एक अम्ल-क्षार सूचक है।
❒ हल्दी का अम्ल और उदासीन पदार्थ के साथ पीला रंग हो जाता जबकि क्षार के साथ चमकदार लाल रंग हो जाता है।

123. स्वाद में खट्टे पदार्थ की प्रकृति .... होती है।

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift I

(a) क्षारकीय (b) क्षारीय
(c) उदासीन (d) अम्लीय

Ans. (d) अम्लीय

प्रकृति में पाए जाने वाले प्रमुख अम्ल:
❒ एसीटिक अम्ल- सिरका में
❒ फॉर्मिक अम्ल- चीटी के डंक में
❒ साइट्रिक अम्ल- नीबू कुल के फलों में
❒ ऑक्सैलिक अम्ल- पालक, टमाटर में
❒ लैक्टिक अम्ल- दही में

124. कैटेनेशन का गुण किसमें सबसे अधिक आसानी से प्रबल होता है?

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift I

(a) सिलिकॉन (b) गंधक
(c) कार्बन (d) नाइट्रोजन

Ans. (c) कार्बन

❒ परमाणुओं की एक-दूसरे के साथ जुड़कर लंबी श्रृंखला का निर्माण करने की क्षमता को कैटेनेशन कहते हैं।
❒ सिलिकॉन पृथ्वी पर ऑक्सीजन के बाद सबसे अधिक पाया जाने वाला तत्व है।
❒ गंधक हल्के पीले रंग का स्वादहीन और गंधरहित ठोस पदार्थ है।

125. स्वाद में कड़वे खाद्य पदार्थों की प्रकृति .... होती है।

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift I

(a) क्षारीय (b) क्षारकीय
(c) अम्लीय (d) उदासीन

Ans. (b) क्षारकीय

❒ क्षारक वे पदार्थ है जो जल में घुलकर **हाइड्रॉक्सिल आयन (OH^-)** देते है।
❒ **जैसे-** $NaOH + \text{जल} \rightleftharpoons Na^+ + OH^-$

126. किसी सफेद कपड़े में लगा करी का दाग साबुन लगाने पर लाल-भूरे रंग में बदल जाता है, क्योंकि साबुन की प्रकृति होती है:

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift III

(a) धात्विक (b) अम्लीय
(c) क्षारकीय (d) उदासीन

Ans. (c) क्षारकीय

❒ किसी सफेद कपड़े में लगा करी का दाग साबुन लगाने पर लाल-भूरे रंग में बदल जाता है क्योंकि साबुन की प्रकृति क्षारकीय होती है।

127. निम्नलिखित में से कौन ओजोन परत को नष्ट करता है?

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift II

(a) कार्बन (b) क्लोरीन
(c) गंधक (d) सिलिकॉन

Ans. (b) क्लोरीन

❒ ओजोन परत का अवक्षेपण मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) के कारण होता है।
❒ क्लोरीन ओजोन परत को नष्ट करती है।

128. नमक का रासायनिक नाम क्या है?

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift I

(a) सोडियम कार्बोनेट
(b) हाइड्रोजन क्लोराइड
(c) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
(d) सोडियम क्लोराइड

Ans. (d) सोडियम क्लोराइड

❒ नमक का रासायनिक नाम 'सोडियम क्लोराइड' (NaCl) है, जिसे साधारण नमक भी कहते हैं।
❒ यह एक उदासीन लवण है, जो सोडियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के विलयन की अभिक्रिया से प्राप्त होता है।

$$NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H_2O$$

❒ सोडियम कार्बोनेट का रासायनिक सूत्र Na_2CO_3 है, इसे वाशिंग सोडा या **सोडा ऐश** भी कहते हैं।
❒ सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को सोडियम बाई कार्बोनेट भी कहा जाता है, जिसका अणुसूत्र $NaHCO_3$ है।
❒ इसे 'खाने का सोडा' (बेकिंग सोडा) भी कहते हैं।

129. सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग .... के लिए नहीं किया जाता है?

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift III

(a) धातुओं की चिकनाई हटाने
(b) अचार परिरक्षित करने
(c) अखबार बनाने
(d) साबुन बनाने

Ans. (b) अचार परिरक्षित करने

❒ सोडियम हाइड्रॉक्साइड एक उच्च कोटि का क्षार

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

है जिसका रासायनिक सूत्र - NaOH है।
- इसे दाहक सोडा (कास्टिक सोडा) भी कहते हैं।
- इसका उपयोग अनेक प्रकार के उद्योगों; जैसे-लुगदी और कागज, वस्त्र, पेय जल, साबुन और डिटर्जेंट के निर्माण में तथा नालियों की सफाई के लिए किया जाता है।

130. निम्न में से कौन पानी के साथ प्रतिक्रिया करता है?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) चाँदी (b) कैल्शियम
(c) सीसा (d) ताँबा

Ans. (b) कैल्शियम

- कैल्शियम (Ca) एक रासायनिक तत्व है जिसका परमाणु क्रमांक 20 है। जो अपने शुद्ध रूप में चमकीले रंग का होता है।
- यह मुख्यत: अपने कार्बोनेट, सल्फेट, सिलिकेट, फॉस्फेट आदि यौगिक के रूप में पाया जाता है। यह ऊष्मा व विद्युत का सुचालक होता है।
- सीसा (Lead) का परमाणु क्रमांक 82 है।
- ताँबा (Copper) का परमाणु क्रमांक 29 है। यह ऊष्मा तथा विद्युत का सुचालक होता है। यह साधारण ताप पर शुष्क हवा से कोई प्रतिक्रिया नहीं करता।

131. स्वर्ण का आणविक सूत्र क्या है?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) Ag (b) Al
(c) Au (d) Cl

Ans. (c) Au

- स्वर्ण (Au) छठें आवर्त का एक संक्रमण तत्व है जिसका परमाणु क्रमांक 79 है। यह ऊष्मा व विद्युत का सुचालक होता है।
- सोने का उपयोग आभूषण बनाने में विद्युत लेपन करने में और फोटोग्राफी इत्यादि में किया जाता है।
- एल्युमीनियम (Al) का परमाणु क्रमांक 13 है। यह बोरॉन परिवार का तत्व है। इसके प्रमुख अयस्क बॉक्साइट, कोरंडम, डायस्पोर आदि हैं।

132. निम्न में से कौन-सी मिश्रित धातु नहीं है?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) पीतल (b) टाँका
(c) काँसा (d) चाँदी

Ans. (d) चाँदी

- **टाँका** - टिन + सीसा की मिश्र धातु है।
- **काँसा** - ताँबा + टिन की मिश्र धातु है।
- **पीतल** - ताँबा + जस्ता की मिश्र धातु है।
- **चाँदी** - एक मिश्र धातु नहीं है।

133. .... का व्यापक रूप से ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है और वह दबे हुए (कम्प्रेस्ड) प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख घटक है।

SSC GD 14 Feb. 2019 Shift I

(a) ब्यूटेन (b) प्रोपेन
(c) मीथेन (d) ओक्टेन

Ans. (c) मीथेन

- मीथेन एक रंगहीन तथा गंधहीन गैस है। यह जल में अविलेय है। यह वायु से हल्की होती है। यह ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करती है।
- यह संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG) में मुख्य ईंधन के रूप में उपयोग की जाती है।
- द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) को रसोई गैस के रूप में अधिक जाना जाता है जिसमें मुख्यत: प्रोपेन और ब्यूटेन गैसें होती हैं।

134. कुछ दिनों के बाद, पीतल और काँस्य की मूर्तियाँ हरी हो जाती हैं, उसका कारण क्या है?

(a) संक्षरण (b) अपक्षरण
(c) अपघटन (d) ऑक्सीकरण

Ans. (a) संक्षरण

- जब धातु पानी और ऑक्सीजन के संपर्क में आती है तो धातुएँ धीरे-धीरे अवांछित पदार्थों **जैसे-** ऑक्साइड, हाइड्रोक्साइड कार्बोनेट आदि में परिवर्तित होने लगती है, अर्थात् धातु धीरे-धीरे नष्ट होना शुरू हो जाती है। धातुओं का अवांछित यौगिकों में परिवर्तन होने की प्रक्रिया को ही संक्षरण कहते हैं, **जैसे-** लोहे में जंग लगना, चाँदी का काला होना, कॉपर पर हरे रंग का लेप होना इत्यादि।

135. pH स्केल की रेंज कितनी होती है?

SSC GD 15 Feb. 2019 Shift II

(a) 0-14 (b) 1-7
(c) 0-10 (d) 1-10

Ans. (a) 0-14

- pH किसी विलयन की अम्लता या क्षारकता की एक माप होती है।
- यदि pH का मान 7 से कम है तो विलयन की प्रकृति अम्लीय होती है और यदि pH का मान 7 से अधिक है तो विलयन की प्रकृति क्षारकीय होती है।

136. जब आप 1 ग्राम ताँबा (कॉपर) पाउडर वाले चाइना डिश को गर्म करते हैं, तो पाउडर की सतह पर एक काला पदार्थ बनता है, इसका कारण क्या है?

SSC GD 18 Feb. 2019 Shift II

(a) समुद्र जल से नमक को दूर करना
(b) उपचयन (ऑक्सीकरण)
(c) स्वचालितिकरण (ऑटोमाइजेशन)
(d) कार्बनीकरण (जलकर कोयला हो जाना)

Ans. (b) उपचयन (ऑक्सीकरण)

- रासायनिक अभिक्रिया में जब किसी पदार्थ में ऑक्सीजन की वृद्धि होती है तो उसका ऑक्सीकरण होता है तथा जब अभिक्रिया में किसी पदार्थ में ऑक्सीजन का ह्रास होता है, तो उसका अपचयन होता है।

$$CuO + H_2 \xrightarrow{\text{तापन}} Cu + H_2O$$

(ऑक्सीकरण: $H_2 \rightarrow H_2O$; अपचयन: $CuO \rightarrow Cu$)

137. जलमिश्रित एसीटिक अम्ल आमतौर पर किस नाम से जाना जाता है?

SSC GD 19 Feb. 2019 Shift I

(a) नीला विट्रियल (b) फिटकरी
(c) सिरका (d) ओलियम

Ans. (c) सिरका

- फिटकरी - पोटैशियम एल्युमीनियम सल्फेट (ऐलम) ($K_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$)
- ओलियम - ($H_2S_2O_7$)
- नीला विट्रियल - नीला थोथा, तूतिया या कॉपर सल्फेट ($Cu_2SO_4.5H_2O$)

138. कौन-सी गैस सूर्य की पराबैंगनी विकिरणों से पृथ्वी की सतह की रक्षा करती है?

SSC GD 6 Mar. 2019 Shift II

(a) नाइट्रोजन
(b) ओजोन (O_3)
(c) कार्बन डाइऑक्साइड
(d) ऑक्सीजन

Ans. (b) ओजोन (O_3)

- ओजोन गैस सूर्य की पराबैंगनी विकिरणों से पृथ्वी की सतह की रक्षा करती है।
- कार्बन डाइऑक्साइड एक ग्रीन हाउस गैस है। पृथ्वी पर गैसों का प्रतिशत - 78% नाइट्रोजन, 21% ऑक्सीजन और 1% अन्य गैसे पायी जाती हैं।

139. निम्नलिखित में से किस रासायनिक तत्व का परमाणु क्रमांक 10 है?

SSC GD 31 Nov. 2021

(a) हीलियम (b) नियॉन
(c) कार्बन (d) लीथियम

Ans. (b) नियॉन

तत्व	प्रतीक	परमाणु क्रमांक
हीलियम	He	2
लीथियम	Li	3
कार्बन	C	6
नियॉन	Ne	10

140. यदि n, परमाणु का ऊर्जा स्तर सूचकांक है, तो M कक्षक के लिए, n.......... के बराबर है।

SSC GD 31 Nov. 2021

(a) 4 (b) 3
(c) 1 (d) 2

Ans. (b) 3

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

❒ एक परमाणु की विभिन्न कक्षाओं में इलेक्ट्रॉनों के विवरण का सुझाव बोर-बरी ने दिया था कक्षाओं या कोशों को K, L, M, N, -------- या संख्याओं n = 1, 2, 3, 4......... अक्षरों के द्वारा दर्शाया जाता है।

❒ n का मान अधिक होने का अर्थ है इलेक्ट्रॉन की स्थितिज ऊर्जा अधिक है।

कोश	n	$2(n^2)$	कोश में अधिकतम इलेक्ट्रॉन संख्या
K	1	$= 2(1)^2$	2
L	2	$= 2(2)^2$	8
M	3	$= 2(3)^2$	18
N	4	$= 2(4)^2$	32

141. निम्नलिखित में से सर्वाधिक अभिक्रियाशील धातु कौन सी है?

SSC GD 31 Nov. 2021

(a) पोटैशियम (b) एल्युमीनियम
(c) सिल्वर (d) आयरन

Ans. (a) पोटैशियम

❒ पोटैशियम अधिक क्रियाशील धातु है।

❒ **घटते क्रम में तत्वों की अभिक्रियाशील:** पोटैशियम (K), सोडियम (Na), कैल्शियम (Ca), मैग्नीशियम (Mg), एल्युमीनियम (Al), जिंक (Zn), आयरन (Fe), सिल्वर (Ag) आदि हैं।

142. निम्न में से कौन-सी अधातु बहु-परमाण्विक (Poly-Atomic) है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) ऑक्सीजन (b) हीलियम
(c) सल्फर (d) आर्गन

Ans. (c) सल्फर

❒ यहाँ सल्फर बहु-परमाण्विक है, क्योंकि प्रत्येक सल्फर अणु में 8 सल्फर परमाणु होते हैं और इसे S8 के रूप में दर्शाया जाता है।

143. α कण .... के द्विआवेशित (Doubly Charged) आयन होते हैं।

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) बेरीलियम (b) हाइड्रोजन
(c) हीलियम (d) लीथियम

Ans. (c) हीलियम

❒ α कणों में धनात्मक आवेश होता है और वे हीलियम नाभिक के समान होते हैं।

❒ इनकी (α) संरचना में दो प्रोटॉनों व दो न्यूट्रॉनों होते हैं।

❒ अल्फा (α) कण में कोई इलेक्ट्रॉन नहीं होता है।

144. निम्नलिखित में से कौन-सा मोती का प्राथमिक घटक है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) मैग्नीशियम परॉक्साइड
(b) सोडियम बाईकार्बोनेट
(c) कैल्शियम कार्बोनेट
(d) कैल्शियम सल्फेट

Ans. (c) कैल्शियम कार्बोनेट

❒ कैल्शियम कार्बोनेट एक रासायनिक यौगिक है जिसका सूत्र $CaCO_3$ है। विशेष रूप से चुना पत्थर, अण्डे के छिलके, घोंघे के गोले और मोती का मुख्य घटक है। दूसरे नाम-चुना पत्थर, चॉक, संगमरमर, सीप आदि।

145. पानी में क्लोरीन की गोलियाँ या.......... मिलाकर क्लोरीनीकरण किया जाता है।

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) साधारण नमक (b) ब्लीचिंग पाउडर
(c) बेकिंग सोडा (d) हल्दी पाउडर

Ans. (b) ब्लीचिंग पाउडर

❒ जीवाणु युक्त जल में क्लोरीन का उपयोग कर उसे जीवाणुमुक्त करने की प्रक्रिया को क्लोरीनीकरण कहते है।

146. म्यूरिएटिक अम्ल (Muriatic Acid) का रासायनिक सूत्र क्या है?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) HNO_3 (b) H_2SO_4
(c) AsH_3 (d) HCl

Ans. (d) HCl

❒ हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl) का एक अन्य नाम म्यूरिएटिक अम्ल है जो एक अकार्बनिक यौगिक है।

147. निम्नलिखित में से किस यौगिक को 'नॉर्वेजियन सॉल्टपीटर' भी कहा जाता है?

SSC GD 02 Dec. 2021

(a) पोटैशियम नाइट्रेट
(b) नाइट्रस ऑक्साइड
(c) कैल्शियम नाइट्रेट
(d) सोडियम नाइट्रेट

Ans. (c) कैल्शियम नाइट्रेट

❒ कैल्शियम नाइट्रेट को नॉर्वेजियन सॉल्टपीटर भी कहा जाता है। इसका रासायनिक सूत्र $Ca(NO_3)_2$ है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

7 जीव विज्ञान

1. प्रोकैरियोटिक और यूकैरियोटिक दोनों कोशिकाओं में उपस्थित, किसी कोशिकांग से रहित, कोशिका द्रव्य का तरल भाग ....है।

SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-II

(a) हायलोप्लाज्म (b) न्यूक्लियोप्लाज्म
(c) प्रोटोप्लाज्म (d) लाइसोसोम

Ans. (a) हायलोप्लाज्म

प्रोकैरियोटिक और यूकैरियोटिक कोशिकाओं में पाए जाने वाले कोशिकांग-

कोशिकांग	प्रोकैरियोटिक कोशिका	यूकैरियोटिक कोशिका
न्यूक्लियस	अनुपस्थित (न्यूक्लियॉइड क्षेत्र होता है)	उपस्थित (झिल्ली से घिरा)
प्लाज्मा झिल्ली	उपस्थित	उपस्थित
कोशिका भित्ति	उपस्थित (पेप्टिडोग्लाइकन युक्त)	पौधों व कवकों की कोशिका भित्ति क्रमश: सेल्यूलोज व काइटिन से बनी होती है।
साइटोप्लाज्म	उपस्थित	उपस्थित
राइबोसोम	उपस्थित (70s प्रकार का)	उपस्थित (80s प्रकार का)
माइटोकॉन्ड्रिया	अनुपस्थित	उपस्थित
गॉल्जी उपकरण	अनुपस्थित	उपस्थित
लाइसोसोम	अनुपस्थित	उपस्थित

2. सामान्यत: स्टोनवॉर्ट (Stonewort) के नाम से जानी जाने वाली हरे शैवाल की कौन-सी प्रजाति को प्राय: पौधा समझ लिया जाता है?

SSC GD 05 Feb. 2025, Shift-I

(a) केल्प (b) कारा
(c) सार्गेसम (d) ग्रेसिलेरिया

Ans. (b) कारा

- शैवाल क्लोरोफिलयुक्त स्वपोषी होते हैं जो लवणीय और अलवणीय जल में पाए जाते हैं।
- **कारा**- कारा एक हरे शैवाल (Green Algae) की प्रजाति है, जो मुख्यत: मीठे पानी (Fresh water) में पाई जाती है। इसे "स्टोनवॉर्ट" (Stonewort) भी कहा जाता है क्योंकि इसकी सतह पर कैल्शियम कार्बोनेट की परत जम जाती है। इसकी बनावट जलीय पौधों से मिलती-जुलती होती है, इसलिए इसे गलती से पौधा समझ लिया जाता है।
- **केल्प**- केल्प एक प्रकार का भूरा शैवाल (Brown Algae) होता है, जो समुद्री पर्यावरण में पाया जाता है।
- केल्प की ऊँचाई 100 मीटर तक हो सकती है।
- **सार्गेसम**- सार्गेसम भी एक प्रकार का भूरा शैवाल (Brown Algae) होता है।
- **ग्रेसिलेरिया**- ग्रेसिलेरिया एक लाल शैवाल (Red Algae) की प्रजाति है। इससे एगार प्राप्त होता है जिसका उपयोग आइसक्रीम में किया जाता है।

3. आधारीकाय (Basal Bodies) और तारक केंद्र (Centrioles) लगभग एक जैसी सूक्ष्म संरचना को दर्शाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उन्हें एक दूसरे से अलग करता है?

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-III

(a) तारक केंद्र में झिल्ली होती है लेकिन आधारीकाय में झिल्ली नहीं होती हैं।
(b) आधारीकाय प्रोटीन संरचनाएँ हैं जबकि तारक केंद्र बिल्कुल भी प्रोटीनयुक्त नहीं है।
(c) तारक केंद्र प्रोटीन संश्लेषण में भाग लेते हैं जबकि आधारीकाय इसमें शामिल नहीं होते हैं।
(d) तारक केंद्र में दूरस्थ उपांग होते हैं लेकिन आधारीकाय में ऐसे उपांग नहीं होते हैं।

Ans. (d) तारक केंद्र में दूरस्थ उपांग होते हैं लेकिन आधारीकाय में ऐसे उपांग नहीं होते हैं।

- सेंट्रीओल्स और बेसल बॉडीज दोनों बेलनाकार सूक्ष्मनलिका संरचनाएं हैं, लेकिन सेंट्रीओल्स कोशिका विभाजन के दौरान सूक्ष्मनलिकाओं को व्यवस्थित करते हैं और बेसल बॉडीज, जो कि संशोधित सेंट्रीओल्स हैं, सिलिया और फ्लैजिला को आधार बनाते हैं।

4. मच्छरों द्वारा फैलने वाले उस वायरस का नाम बताइए जो मस्तिष्क में शोथ (Inflammation) उत्पन्न करता है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-III

(a) लिम्फैटिक फाइलेरियासिस
(b) पीत ज्वर वायरस
(c) फ्रांसिसेला टुलारेंसिस
(d) जापानीज इंसेफेलाइटिस

Ans. (d) जापानीज इंसेफेलाइटिस

- मच्छरों द्वारा फैलने वाला वह वायरस जो मस्तिष्क में शोथ (Inflammation) उत्पन्न करता है, जापानी इंसे फेलाइटिस वायरस है।
- यह वायरस मुख्य रूप से क्यूलैक्स (Culex) प्रजाति के मच्छरों द्वारा फैलता है और गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं पैदा कर सकता है, जिनमें तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी, भ्रम, दौरे और कोमा शामिल हैं।

5. जंतु कोशिकाएँ दो भ्रूणीय परत और एक अविभेदित परत में व्यवस्थित होती हैं जिसे .... कहा जाता है।

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-II

(a) एंडोडर्म (b) एक्टोडर्म
(c) प्रोटोडर्म (d) मेसोग्लिया

Ans. (d) मेसोग्लिया

- जंतुओं में, दो भ्रूणीय परतों (बाहरी परत-एक्टोडर्म और आंतरिक परत-एंडोडर्म) के बीच एक अविभेदित परत होती है, जिसे 'मेसोग्लिया' कहा जाता है।

1. **एक्टोडर्म (Ectoderm)**- यह बाहरी परत होती है और इससे तंत्रिका तंत्र (मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी, तंत्रिकाएँ), त्वचा, बाल, नाखून और संवेदी अंग विकसित होते हैं।
2. **मेसोडर्म (Mesoderm)**- यह मध्य परत होती है और इससे मांसपेशियाँ, हड्डियाँ, रक्त संचार प्रणाली (हृदय, रक्तवाहिनियाँ), मूत्रजनन तंत्र और संयोजी ऊतक विकसित होते हैं।
3. **एंडोडर्म (Endoderm)**- यह आंतरिक परत होती है और इससे पाचन तंत्र (आमाशय, आंतें, यकृत, अग्न्याशय), श्वसन तंत्र (फेफड़े) और कुछ ग्रंथियाँ (थायरॉयड, पैराथायरॉयड) विकसित होती हैं।

6. मनुष्यों में टाइफाइड ज्वर (Typhoid Fever) के बारे में सही विकल्प का चयन कीजिए।

SSC GD 20 Feb. 2025, Shift-III

कथन A: स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिया (Streptococcus Pneumonia) एक रोगजनक जीवाणु है जो टाइफाइड का कारण बनता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

कथन B: टाइफाइड ज्वर की पुष्टि विडाल परीक्षण (Widal Test) द्वारा की जा सकती है।

कथन C: टाइफाइड आँतों में छिद्रण (Intestinal Perforation) का कारण बनता है।

(a) केवल कथन B सही है
(b) सभी कथन A, B और C सही हैं
(c) कथन B और C सही हैं
(d) कथन A और B सही हैं

Ans. (c) कथन B और C सही हैं

रोग	कारक	परीक्षण
टाइफाइड	साल्मोनेला टाइफी	विडाल परीक्षण
क्षय रोग/ तपेदिक	माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस	मैन्टू/ मंटौक्स परीक्षण
काली खाँसी	बोर्डीटेला पर्टूसिस	PCR (Polymerase Chain Reaction) परीक्षण
हेपेटाइटिस	हेपेटाइटिस वायरस	ELISA (Enzyme-linked Immunosorbent Assay)
AIDS (Acquired immuno deficiency syndrome)	HIV (Human immuno deficiency viruses)	ELISA

7. वे जंतु जिनमें अंडों का निषेचन तथा भ्रूण अवस्था तक शिशु का विकास मादा के शरीर के अंदर होता है, उन्हें .... के रूप में जाना जाता है।
SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-II

(a) अकशेरूकी (b) कशेरुकी
(c) अंडप्रजक (d) जरायुज

Ans. (d) जरायुज

(i) अकशेरूकी (Invertebrates)- वे जंतु जिनके शरीर में रीढ़ की हड्डी (कशेरुकदंड) नहीं होती है, **उदाहरण-** कीड़े-मकोड़े (जैसे तितली, मकड़ी, झींगा, केंचुआ)।

इन जंतुओं में अंडों का निषेचन और भ्रूण विकास आमतौर पर बाह्य रूप से होता है।

(ii) कशेरुकी (Vertebrates)- वे जंतु जिनके शरीर में रीढ़ की हड्डी (कशेरुकदंड) होती है, **उदाहरण-** मछली, सरीसृप, उभयचर, पक्षी, स्तनधारी आदि।

इनमें आंतरिक निषेचन (internal fertilization) और बाह्य/आंतरिक भ्रूण विकास हो सकता है।

(iii) अंडप्रजक (Oviparous)- वे जंतु जो अंडे देते हैं और उनके भ्रूण का विकास अंडे के अंदर होता है, **उदाहरण-** मेंढक, सांप, पक्षी, मछली आदि।

इन जंतुओं में निषेचन आंतरिक या बाह्य हो सकता है, लेकिन भ्रूण का विकास अंडे के अंदर और शरीर के बाहर होता है।

(iv) जरायुज (Viviparous)- वे जंतु जिनमें अंडों का निषेचन और भ्रूण का विकास मादा के शरीर के अंदर ही होता है। ये जंतु शिशु को जन्म देते हैं, अंडे नहीं देते है, **उदाहरण-** मानव, गाय, बकरी, कुत्ता, शेर आदि।

8. निम्न HDL कोलेस्ट्रॉल या उच्च LDL कोलेस्ट्रॉल के स्तर वाले किस प्रकार के वसा के उच्च स्तर का संयोजन दिल के दौरे और स्ट्रोक (Stroke) के जोखिम को बढ़ा सकता है?
SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-I

(a) ट्राइग्लिसराइड्स (b) मोनोग्लिसराइड्स
(c) डाइग्लिसराइड्स (d) नॉनग्लिसराइड्स

Ans. (a) ट्राइग्लिसराइड्स

✦ संतृप्त वसा (Saturated Fats) और ट्रांस वसा (Trans Fats) का उच्च स्तर निम्न HDL (अच्छा कोलेस्ट्रॉल) या उच्च LDL (खराब कोलेस्ट्रॉल) के स्तर से जुड़ा होता है और दिल के दौरे (Heart Attack) और स्ट्रोक (Stroke) के जोखिम को बढ़ा सकता है।

1. **संतृप्त वसा (Saturated Fats)-** ये वसा आमतौर पर पशु उत्पादों और कुछ वनस्पति स्रोतों में पाए जाते हैं। मुख्य स्रोत: लाल मांस, मक्खन, पनीर, तले हुए खाद्य पदार्थ, नारियल तेल और पाम ऑयल आदि।

✦ **प्रभाव:** संतृप्त वसा LDL कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है।

2. **ट्रांस वसा (Trans Fats)-** ये कृत्रिम रूप से हाइड्रोजनीकरण (Hydrogenation) की प्रक्रिया से बनाए जाते हैं और सबसे खतरनाक वसा माने जाते हैं।

मुख्य स्रोत: प्रोसेस्ड फूड, फास्ट फूड, पैकेज्ड स्नैक्स, बेकरी आइटम (जैसे केक, कुकीज, पेस्ट्री), हाइड्रोजनेटेड तेल (मार्जरीन)।

✦ **प्रभाव:** ट्रांस वसा HDL (अच्छे कोलेस्ट्रॉल) को कम करता है और LDL (खराब कोलेस्ट्रॉल) को बढ़ाता है, जिससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता हैं।

9. पोरिफेरा संघ (Phylum Porifera) का कौन-सा सदस्य हमारे ग्रह पर अभी भी विद्यमान सबसे पुराना मेटाजोअन समूह (Metazoan Group) है?
SSC GD 10 Feb. 2025, Shift-III

(a) साइकॉन (b) एनीमोन
(c) हाइड्रा (d) स्पॉन्ज

Ans. (d) स्पॉन्ज

✦ पोरिफेरा का अर्थ छिद्रयुक्त जीव होता है। इस संघ के जीवों को सामान्यत: स्पंज कहते हैं।

✦ इन जीवों में जल छोटे छिद्र ऑस्टिया से प्रवेश करता है और बड़े छिद्र ओस्कुलम से बाहर निकलता है।

10. कॉफी और चाय में कौन-सा यौगिक व्यापक रूप से पाया जाता है जिसमें एंटीऑक्सीडेंट (Antioxidant) और एंटी-इंफ्लेमेटरी (Anti-Inflammatory) सक्रियता होती है?
SSC GD 21 Feb. 2025, Shift-III

(a) कर्क्यूमिन (b) एंथोसायनिन
(c) क्लोरोजेनिक एसिड (d) लाइकोपीन

Ans. (c) क्लोरोजेनिक एसिड

पेय पदार्थ	पाये जाने वाला पदार्थ
चाय	टैनिन, कैफीन, थियोफिलिन, फ्लेवोनोइड
कॉफी	कैफीन, क्लोरोजेनिक एसिड, टैनिन
फलों का रस	जल, फ्रक्टोज, विटामिन, साइट्रिक एसिड
कोल्ड ड्रिंक	कार्बोनेटेड जल, चीनी, फॉस्फोरिक एसिड
शराब	एथेनॉल, जल

11. निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन करें।
SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-III

(a) विटामिन A, E और C प्रतिऑक्सीकारक के रूप में कार्य करते हैं।
(b) कोलैजन संश्लेषण में विटामिन C महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
(c) विटामिन C शरीर में आयरन के अवशोषण और उपयोग को सुगम बनाता है।
(d) व्यायाम और प्रतिस्पर्धा के दौरान वसा को ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत माना जाता है।

Ans. (d) व्यायाम और प्रतिस्पर्धा के दौरान वसा को ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत माना जाता है।

✦ व्यायाम और प्रतिस्पर्धा के दौरान मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट (ग्लूकोज और ग्लाइकोजन) ऊर्जा का प्रमुख स्रोत होते हैं, न कि वसा। वसा ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत है, लेकिन यह धीमी गति से ऑक्सीकृत होता है और लघु अवधि के तीव्र व्यायाम के दौरान प्राथमिक स्रोत नहीं होता है।

12. निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा टेरिडोफाइट है

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

जो सामान्यत: नम, छायादार स्थानों या बगीचों और पहाड़ियों पर पाया जाता है जहाँ तापमान कम होता है?

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-III

(a) पॉरफाइरा (b) फर्न
(c) रिक्सिया (d) स्फैगनम

Ans. (b) फर्न

- फर्न एक प्रकार का अपुष्पीय पादप है, जो बीजों के बजाय बीजाणुओं (Spores) द्वारा प्रजनन करता है। यह टेरिडोफाइटा (Pteridophyta) समूह से संबंधित है और मुख्य रूप से छायादार एवं नम वातावरण में पाया जाता है।
- टेरिडोफाइट का सर्वाधिक उपयोग सजावट के लिए किया जाता है। विकास की दृष्टि में ये पहले पौधे हैं जिनमें संवहन ऊतक जाइलम और फ्लोएम पाये जाते हैं। जीवाश्मी रिकॉर्ड के आधार पर टेरिडोफाइट 350 मिलियन वर्ष पूर्व प्रभावी वनस्पति थे। हॉर्सटेल और फर्न टेरिडोफाइट के अन्तर्गत आते हैं।

13. कोशिका झिल्ली का लचीलापन, किस प्रकार सजीवों के लिए सहायक है?

SSC GD 18 Feb. 2025, Shift-II

(a) भोजन को अवशोषित करता है
(b) संरचना को निर्धारित करता है
(c) प्रदूषण से बचाता है
(d) लंबा जीवन प्रदान करता है

Ans. (a) भोजन को अवशोषित करता है

- झिल्ली का लचीलापन एंडोसाइटोसिस जैसी प्रक्रियाओं में मदद करता है, जिससे कोशिका बाहरी पोषक तत्वों को ग्रहण कर सकती है। यह झिल्ली अर्द्ध-पारगम्य होती है, जिससे आवश्यक पदार्थों का चयनित रूप से प्रवाह संभव होता है।

14. समसूत्री विभाजन (Mitosis) के बारे में निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए।

SSC GD 06 Feb. 2025, Shift-I

(a) यह जीवों में ऊतकों की वृद्धि और मरम्मत में सहायता करता है।
(b) संतति कोशिकाओं में गुणसूत्रों की संख्या मातृ कोशिका की तुलना में आधी होती है।
(c) कोशिकाएँ वृद्धि के लिए विभाजित होती हैं।
(d) प्रत्येक कोशिका, जिसे मातृ कोशिका कहा जाता है, विभाजित होकर दो समान संतति कोशिकाएँ बनाती है।

Ans. (b) संतति कोशिकाओं में गुणसूत्रों की संख्या मातृ कोशिका की तुलना में आधी होती है।

- 1855 ई. में सर्वप्रथम 'विरचाउ' ने कोशिका विभाजन को देखा। कोशिका विभाजन दो प्रकार का होता है-

1. **समसूत्री विभाजन (Mitosis)**- यह जीवों में वृद्धि और ऊतकों की मरम्मत में सहायता करता है।
2. **अर्द्धसूत्री विभाजन (Meiosis)**- प्रजनन अंगों की कोशिकाओं में होता है।

समसूत्री विभाजन (Mitosis)	अर्द्धसूत्री विभाजन (Meiosis)
यह कायिक कोशिकाओं में होता है।	यह जनन कोशिकाओं में होता है।
गुणसूत्र विनिमय नहीं पाया जाता है।	गुणसूत्र विनिमय पाया जाता है।
इसमें गुणसूत्रों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं होता है।	इसमें संतति कोशिकाओं में गुणसूत्रों की संख्या जनकों से आधी रह जाती है।

नोट:- समसूत्री विभाजन की खोज वाल्थर फ्लेमिंग ने की थी।

15. वह शारीरिक स्थिति जो भूख को कम करती है और परिपूर्णता (Fullness) की भावना का संकेत देती है .... के रूप में जानी जाती है।

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-II

(a) संतृप्ति (b) अपमलन
(c) काइम (d) अन्तर्ग्रहण

Ans. (a) संतृप्ति

1. **संतृप्ति** - यह वह शारीरिक स्थिति है जिसमें व्यक्ति को तृप्ति (Fullness) महसूस होती है और भूख कम हो जाती है। यह भोजन के सेवन के दौरान या तुरंत बाद उत्पन्न होती है और व्यक्ति को अधिक खाने से रोकती है।
2. **अपमलन** - वह प्रक्रिया है जिसमें शरीर अवांछित ठोस या अर्द्ध-ठोस अपशिष्ट पदार्थ (मल) को गुदा (Anus) के माध्यम से बाहर निकालता है।
3. **काइम** - यह अर्द्ध-तरल पदार्थ होता है जो भोजन और पाचक रसों के मिश्रण से बनता है। यह पेट से छोटी आँत में प्रवेश करता है।
4. **अन्तर्ग्रहण** - यह भोजन ग्रहण करने की प्रक्रिया को दर्शाता है।

16. यकृत में आयरन की अधिक मात्रा जमा होने से ...... नामक स्थिति उत्पन्न होती है।

SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-II

(a) क्वाशियोरकर (b) हेमोसाइडेरोसिस
(c) एनीमिया (d) ऑस्टियोमलेशिया

Ans. (b) हेमोसाइडेरोसिस

- यकृत में आयरन की अधिक मात्रा जमा होने से 'हेमोसाइडेरोसिस' (Hemochromatosis) नामक स्थिति उत्पन्न होती है। यह एक आनुवंशिक विकार है, जिसमें शरीर आयरन को अत्यधिक मात्रा में अवशोषित कर लेता है, जिससे यकृत, हृदय, अग्न्याशय और अन्य अंगों में आयरन जमा हो जाता है। इससे यकृत की क्षति, मधुमेह, हृदय रोग और त्वचा का रंग गहरा होना जैसी समस्याएँ हो सकती हैं।

17. यदि कोई मछली झींगा (Shrimp) खाती है, तो ऊर्जा...........स्थानांतरित हो जाती है।

SSC GD 11 Feb. 2025, Shift-I

(a) उत्पादक से अपघटक में
(b) प्राथमिक उपभोक्ता से द्वितीयक उपभोक्ता में
(c) द्वितीयक उपभोक्ता से तृतीयक उपभोक्ता में
(d) द्वितीयक उपभोक्ता से प्राथमिक उपभोक्ता में

Ans. (b) प्राथमिक उपभोक्ता से द्वितीयक उपभोक्ता में

- पारितंत्र (Ecosystem) की वह प्रक्रिया है जिसमें एक जीव दूसरे जीव को भोजन के रूप में खाता है और ऊर्जा का संचरण एक जीव से दूसरे जीव तक होता है।
- **यह मुख्य रूप से इस क्रम में होती है:**

1. **उत्पादक (Producers)** - जैसे: पौधे, जो सूर्य के प्रकाश से भोजन बनाते हैं।
2. **प्राथमिक उपभोक्ता (Primary Consumers)** - जैसे: शाकाहारी जानवर (घास खाने वाले जैसे हिरण)।
3. **माध्यमिक उपभोक्ता (Secondary Consumers)**- जैसे: मांसाहारी जानवर (जो शाकाहारी जानवरों को खाते हैं, जैसे भेड़िया)।
4. **उच्च उपभोक्ता (Tertiary Consumers)**- जैसे: शेर, जो माध्यमिक उपभोक्ताओं को खाते हैं।
5. **अपघटक (Decomposers)**- जैसे: बैक्टीरिया और कवक, जो मृत जीवों को विघटित करके पोषक तत्वों को मिट्टी में लौटाते हैं।

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कॉलम-A का कॉलम-B के साथ सही मिलान है?

SSC GD 12 Feb. 2025, Shift-I

कॉलम -A (रोग के नाम)	कॉलम -B (प्रभावित अंग)
i ट्यूबरक्लोसिस	a लार ग्रंथि
ii हेपेटाइटिस	b प्रजनन पथ
iii गोनोरिया	c फेफड़े
iv मम्प्स	d यकृत

(a) i-c, ii-a, iii-b, iv-d
(b) i-d, ii-c, iii-b, iv-a
(c) i-c, ii-d, iii-a, iv-b
(d) i-c, ii-d, iii-b, iv-a

Ans. (d) i-c, ii-d, iii-b, iv-a

रोग	प्रभावित अंग
निमोनिया	फेफड़े
हेपेटाइटिस	यकृत

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

अल्सर	आमाशय/आंत
अस्थमा	श्वसन तंत्र
अर्थराइटिस	शरीर के जोड

19. निम्नलिखित में से किसके कारण मनुष्य में मोटापे की संभावना सबसे कम होती है?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-III
(a) आनुवंशिक लक्षण
(b) गतिहीन जीवनशैली
(c) वसा के अधिक सेवन
(d) हरी सब्जियों के अधिक सेवन

Ans. (d) हरी सब्जियों के अधिक सेवन

✦ हरी सब्जियों के अधिक सेवन से मोटापे की संभावना सबसे कम होती है क्योंकि इनमें फाइबर अधिक और कैलोरी कम होती है, जिससे पाचन बेहतर होता है और वजन नियंत्रण में रहता है।

20. नीचे टीकाकरण (Vaccination) के बारे में कुछ कथन दिए गए हैं। सही कथन/कथनों का चयन कीजिए।
SSC GD 25 Feb. 2025, Shift-II

कथन A: टीकाकरण में, रोगजनकों या निष्क्रियित/दुर्बलीकृत रोगजनकों (टीका) के प्रतिजनी प्रोटीन के विरचन को शरीर में प्रवेश कराया जाता है।

कथन B: टीके, मेमोरी-बी (Memory-B) और टी-कोशिकाएँ (T-cells) बनाते हैं जो रोगजनकों को तुरंत पहचान लेते हैं।
(a) केवल कथन A सही है
(b) कथन A और B दोनों सही हैं
(c) कथन A और B दोनों गलत हैं
(d) केवल कथन B सही है

Ans. (b) कथन A और B दोनों सही हैं

✦ टीकाकरण एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें किसी विशेष संक्रामक रोग से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए निष्क्रिय,दुर्बलीकृत रोगजनकों या उनके प्रतिजनों (Antigens) को शरीर में प्रविष्ट कराया जाता है। यह शरीर में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है, जिससे भविष्य में उसी रोगजनक के संक्रमण से सुरक्षा मिलती है।

21. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?
SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-III

केंद्रक	आनुवंशिक सूचना का भंडारण
राइबोसोम	प्रोटीन संश्लेषण
लाइसोसोम	आत्मघाती थैली
सूत्रकणिका	लिपिड चयापचय

(a) केंद्रक-आनुवंशिक सूचना का भंडारण
(b) लाइसोसोम-आत्मघाती थैली
(c) राइबोसोम-प्रोटीन संश्लेषण
(d) सूत्रकणिका-लिपिड चयापचय

Ans. (d) सूत्रकणिका-लिपिड चयापचय

कोशिकांग और उनके कार्य

कोशिकांग	कार्य
केंद्रक	आनुवंशिक पदार्थ (DNA) का भंडारण और नियंत्रण केंद्र
राइबोसोम	प्रोटीन संश्लेषण
लाइसोसोम	अपशिष्ट पदार्थों का अपघटन
माइटोकॉन्ड्रिया/सूत्रकणिका	ATP के रूप में ऊर्जा उत्पन्न करना
गॉल्जी उपकरण	प्रोटीन और लिपिड को संसाधित, पैकेज और परिवहन करने में मदद करता है।

22. खाना बनाना सीखते समय राजेश ने देखा कि जब वह एक दर्जन मूंगफली को ग्राइंडर में पीसता है, तो उसमें से तेल निकलने लगता है, जबकि एक कटोरी जीरा पीसने पर उसमें से तेल नहीं निकलता है। इस अंतर के पीछे क्या कारण हो सकता है?
SSC GD 07 Feb. 2025, Shift-II
(a) मूंगफली में मौजूद वसा के कारण तेल निकलता है।
(b) मूंगफली में मौजूद प्रोटीन के कारण तेल निकलता है।
(c) मूंगफली को सुखाया नहीं गया था।
(d) जीरा घटिया गुणवत्ता का था।

Ans. (a) मूंगफली में मौजूद वसा के कारण तेल निकलता है।

पोषक पदार्थ	स्रोत
कार्बोहाइडेट	चावल, गेहूं, मक्का, जौ आदि।
प्रोटीन	सोयाबीन, दाल आदि।
वसा	घी, मक्खन आदि।
विटामिन और खनिज	फल और सब्जियाँ
जल	सादा पानी, फल और सब्जियाँ

23. जीव जब नई परिस्थितियों और परिवेश का सामना करते हैं, तो वे उस पर्यावरण के मुताबिक अनुकूल (Fit) होने के लिए नए लक्षणों को अपनाने लगते हैं। इसे .... कहा जाता है।
SSC GD 13 Feb. 2025, Shift-I
(a) जाति उद्भवन (b) व्यवहारात्मक अनुकूलन
(c) अनुहरण (d) पृथक्करण

Ans. (b) व्यवहारात्मक अनुकूलन

✦ अनुकूलन वह प्रक्रिया है जिसमें जीव अपने पर्यावरण के अनुसार नए लक्षण विकसित करते हैं, जिससे वे अपने परिवेश में जीवित रहने और प्रजनन करने में सक्षम होते हैं। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे पीढ़ियों के माध्यम से विकसित होती है और प्राकृतिक वरण (Natural Selection) के कारण होती है।

24. लार जंतुओं में भोजन के पाचन में सहायता करती है। यह क्या करती है?
SSC GD 17 Feb. 2025, Shift-III
(a) मंड (स्टार्च) को शर्करा में विघटित करती है
(b) एलर्जी की संभावना को कम करती है
(c) भोजन का स्वाद महसूस करने में सहायता करती है
(d) भोजन को श्वास नली में जाने से रोकती है

Ans. (a) मंड (स्टार्च) को शर्करा में विघटित करती है

एन्जाइम और उनके कार्य

एंजाइम	कार्य
एमाइलेज	स्टार्च को माल्टोज में परिवर्तित करना (मुख और अग्नाशय में पाया जाता है)
पेप्सिन	प्रोटीन को पेप्टाइड में परिवर्तित करना (आमाशय में कार्य करता है)
ट्रिप्सिन	प्रोटीन को अमीनो अम्ल में विघटित करना (छोटी आँत में सक्रिय)
लाइपेज	वसा का पाचन

25. जेरोफथाल्मिया (Xerophthalmia) विटामिन A की कमी से संबंधित किस संवेदी अंग के संकेत और लक्षण को संदर्भित करता है?
SSC GD 19 Feb. 2025, Shift-II
(a) आँख (b) नाक
(c) कान (d) जीभ

Ans. (a) आँख

विटामिन और उनकी कमी से होने वाले रोग

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

विटामिन का नाम	रासायनिक नाम	कमी से उत्पन्न होने वाले रोग	स्रोत
विटामिन - A	रेटिनॉल	रतौंधी, जीरोप्थैलमिया	गाजर, हरी सब्जियाँ, दूध, मक्खन, अंडा, यकृत, मछली का तेल।
विटामिन - B1	थायमीन	बेरी-बेरी	साबुत अनाज, अंकुरित गेहूँ, खमीर, फली (सेम), मछली, समुद्री भोजन।
विटामिन - B2	राइबोफ्लेविन	कीलोसिस (ओष्ठ विदरक त्वचा, जीभ का फटना, आँखो का लाल होना)	दूध, पनीर, माँस, अण्डे, अंकुरित गेहूँ, मशरूम, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, यीस्ट, जिगर।
विटामिन - B3	नियासिन या निकोटिनिक अम्ल	पेलाग्रा	साबुत अनाज, फली, यीस्ट, यकृत, मछली, माँस, मटर, मेवा।
विटामिन - B5	पेन्टोथैनिक अम्ल	चर्म रोग, अनिद्र, वनज कम होना बाल सफेद	यीस्ट, दूध, मूँगफली, टमाटर, यकृत, गेहूँ, चना, शहद, गन्ना।
विटामिन - B6	पाइरीडॉक्सिन	रक्तक्षीणता, चर्म रोग, पेशीय ऐंठन	साबुत अनाज, दालें, मटर, केला, सोयाबीन माँस, सब्जियाँ, यीस्ट
विटामिन - B7	बायोटिन	चर्म रोग, बालों का झड़ना	दूध, काष्ठफल, शहद, यकृत, माँस, मछली।
विटामिन - B9	फोलिक अम्ल	रक्तक्षीणता, कुठित वृद्धि	हरी सब्जियाँ, फलियाँ, यीस्ट, माँस, अंडे, सोयाबीन।
विटामिन - B12	सायनोकोबालामिन	घातक रक्तक्षीणता, तंत्रिका तंत्र की गड़बड़िया	मांस, मछली, अंडा, दूध
विटामिन - C	ऐस्कॉर्बिक अम्ल	स्कर्वी रोग	आंवला, नीबू, टमाटर, हरे पत्ते वाली सब्जियाँ, अमरूद
विटामिन - D	कैल्सीफेरॉल	सूखा रोग (रिकेट्स आम तौर पर बच्चे प्रभावित होते है) ऑस्टियोमलेशिया (वयस्कों में)	सूर्य का प्रकाश, मक्खन, मछली का तेल
विटामिन - E	टोकोफेरॉल	जनन क्षमता में कमी, जननांग तथा पेशीयाँ कमजोर	अंडे की जर्दी, गेहूँ अंकुरण सब्जियों का तेल, सूर्यमुखी का तेल
विटामिन - K	नेफ्थोक्विनोन	रक्त थक्का जमने में विकार	पत्तेदार सब्जियाँ, गेहूँ अंकुरण बड़ी आंत में उपस्थित बैक्टीरिया द्वारा विटामिन K का संश्लेषण किया जाता है।

26. निम्नलिखित में से किस पौधे को विशेष सहारे का उपयोग करके दीवारों पर चढ़ाया जा सकता है?

SSC GD 04 Feb. 2025, Shift-I

(a) कद्दू के पौधे (b) सूरजमुखी के पौधे
(c) गुलाब के पौधे (d) नींबू के पौधे

Ans. (a) कद्दू के पौधे

✦ कद्दू का पौधा एक लता (Creeper) होता है, जो बेल (Vine) के रूप में बढ़ता है और इसे विशेष सहारे (जैसे ट्रेली या जाली) की सहायता से दीवारों या ऊँचाई पर चढ़ाया जा सकता है। इसमें कुंडलित (Tendril) संरचनाएँ होती हैं जो इसे सहारे से चिपकने में मदद करती हैं।

27. निम्नलिखित में से क्या केंद्रक में मौजूद नहीं होता है?

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift II

(a) रिक्तिका
(b) डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल
(c) केंद्रिका
(d) जीन

Ans. (a) रिक्तिका

❒ **डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल (DNA)**- प्रोटीन के साथ मिलकर गुणसूत्र की संरचना बनाता है।
❒ वाटसन एवं क्रिक ने वर्ष 1953 में DNA की द्विकुंडलित संरचना प्रस्तुत की जिसके लिए उन्हें वर्ष 1962 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।
❒ **केंद्रिका**- राइबोसोमल RNA के संश्लेषण के कारण इसे 'RNA' भंडारघर कहते हैं।
❒ **जीन**- जीन आनुवंशिकता की मूलभूत इकाई होता है।

28. कोशिका, किसी जीव का .... जीवित भाग होता है।

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift III

(a) सबसे बारीक (b) सबसे छोटा
(c) सबसे पतला (d) सबसे लंबा

Ans. (b) सबसे छोटा

❒ कोशिका की खोज रॉबर्ट हुक ने वर्ष 1665 में की थी।
❒ सर्वप्रथम जीवित एवं स्वतंत्र कोशिकाओं की खोज ल्यूवेनहॉक ने की।
❒ विश्व की सबसे छोटी कोशिका 'माइकोप्लाज्मा गैलिसेप्टिकम' जीवाणु तथा सबसे बड़ी कोशिका शुतुरमुर्ग के अण्डे की होती है।
❒ कोशिका दो प्रकार की होती है- यूकैरियोटिक और प्रोकैरियोटिक।

29. नारियल के रेशेयुक्त छिलके .... ऊतक के बने होते हैं।

SSC GD 13 Feb. 2023 Shift II

(a) जाइलम (b) पैरेन्काइमा
(c) स्क्लेरेन्काइमा (d) कॉलेन्काइमा

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

Ans. (c) स्क्लेरेन्काइमा

- **स्क्लेरेन्काइमा (दृढ़ ऊतक)**- यह रेशेदार पौधों में रक्षात्मक ऊतक के रूप में कार्य करता है।
- **पैरेन्काइमा (मृदु ऊतक)**- यह पौधों में संरक्षण, भोजन निर्माण तथा उत्सर्जित पदार्थों को संचित करता है।
- **जाइलम**- यह जल तथा खनिज लवणों को पौधों के अन्य भागों में पहुँचाता है।
- **फ्लोएम**- भोजन को पत्तियों से पौधे के अन्य भाग तक पहुँचाना।

30. उपभोक्ता पोषक तत्वों के .... के साथ बेहतर गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की अपेक्षा करते हैं।

SSC GD 07 Feb. 2023 Shift II

(a) मिलावट (b) संदूषण
(c) प्रतिधारण (d) बहिष्करण

Ans. (c) प्रतिधारण

- प्रतिधारण, पोषक तत्वों का रख-रखाव, संगठन तथा सरंक्षित करने की विधि होती है।

31. प्लाज्मा झिल्ली के अंदर .... एक तरल पदार्थ है।

SSC GD 06 Feb. 2023 Shift IV

(a) क्रोमैटिन (b) कोशिका द्रव्य
(c) केंद्रक (d) माइटोकॉड्रियन

Ans. (b) कोशिका द्रव्य

- कोशिका द्रव्य तथा केन्द्रक मिलकर जीवद्रव्य कहलाता है।
- **माइटोकॉण्ड्रिया**- इसमें भोजन के विखंडन से ऊर्जा मुक्त होती है जिसके कारण माइटोकॉण्ड्रिया को 'कोशिका का पॉवरहाउस' कहा जाता है।
- **क्रोमैटिन जालिका**- यह डी.एन.ए. एवं प्रोटीन से बनी रचना होती है।

32. कोशिकीय ऊर्जा हस्तांतरण प्रणालियों का प्रमुख घटक क्या है?

SSC GD 02 Feb. 2023 Shift IV

(a) फास्फोरस (b) मेथेन
(c) कार्बन (d) ऑक्सीजन

Ans. (a) फास्फोरस

- फास्फोरस ATP का प्रमुख घटक है।
- ATP - Adenosine Triphosphate
- मानव शरीर में 18.5% कार्बन होता है।
- मानव द्वारा साँस लेते वक्त ऑक्सीजन की मात्रा 20.9% होती है।

33. कोशिकाद्रव्य में राइबोसोम, माइटोकॉन्ड्रिया और गाल्जीकॉय जैसे .... होते हैं।

SSC GD 02 Feb. 2023 Shift I

(a) अंग (b) कोश
(c) कोशिकांग (d) ऊतक

Ans. (c) कोशिकांग

- **राइबोसोम**- ये RNA व प्रोटीन की बनी संरचनाएँ हैं जिन्हें पैलेड कण भी कहते है।
- राइबोसोम प्रोटीन संश्लेषण में सहायक होते हैं जिसके कारण इसे 'प्रोटीन की फैक्ट्री' भी कहते हैं।
- **गॉल्जीकॉय**- इसका प्रमुख कार्य प्रोटीन, लिपिड, कार्बोहाइड्रेट्स आदि का संग्रहण, पैकेजिंग तथा स्रवण करना है।
- गॉल्जीकाय की खोज वर्ष 1898 में कैमिलो गॉल्जी ने की थी।

34. पौधों में स्वतंत्र रूप से संगठित संवाहक नलियों के रूप में कितने पथ निर्मित होते हैं?

SSC GD 01 Feb. 2023 Shift IV

(a) चार (b) पाँच
(c) एक (d) दो

Ans. (d) दो

- **जाइलम**- इसे जल संवहन ऊतक भी कहते हैं।
- **फ्लोएम**- यह वृक्ष की छाल की आँतरिक परत है जिसके द्वारा पत्तियों से भोजन को अन्य भाग तक पहुँचाया जाता है।
- जाइलम एवं फ्लोएम को संवहन ऊतक भी कहते हैं।

35. निम्नलिखित में से कौन-सा जीवाणु संक्रमण का एक लक्षण है?

SSC GD 01 Feb. 2023 Shift II

(a) हृदय रोध (b) फ्रैक्चर
(c) बुखार (d) दिल का दौरा

Ans. (c) बुखार

- **जीवाणु जनित रोग**- प्लेग, निमोनिया, हैजा, टिटनेस, काली खाँसी, टायफाइड, कोढ तथा क्षय रोग आदि।
- **विषाणु जनित रोग**- खसरा, पोलियो, एड्स, इबोला, डेंगू, रेबीज, चेचक तथा चिकनगुनिया आदि।
- **प्रोटोजोआ जनित रोग**- कालाजार, पायरिया, मलेरिया तथा पेचिस आदि।

36. किशोरावस्था में शारीरिक छवि विकृति से जुड़े विकार का नाम बताएँ।

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III

(a) सीजोफ्रेनिया (b) डिप्रेशन
(c) अल्जाइमर रोग (d) एनोरेक्सिया नर्वोसा

Ans. (d) एनोरेक्सिया नर्वोसा

- एनोरेक्सिया नर्वोसा एक भोजन संबंधी रोग है जिसमें अधिक खाने पर नियंत्रण किया जाता है ताकि वजन और मोटापा न बढ़े।
- अल्जाइमर रोग एक मस्तिष्क विकार है जो स्मृति क्षमता को नष्ट कर देता है।
- सिज़ोफ्रेनिया मस्तिष्क विकार है।

37. पादप कोशिका में, ... प्राथमिक रूप से अंगक हैं जिसमें स्टार्च, तेल तथा प्रोटीन जैसे पदार्थ संचित होते हैं।

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III

(a) क्रोमोप्लास्ट (b) रसधानियाँ
(c) ल्यूकोप्लास्ट (d) माइटोकॉन्ड्रिया

Ans. (c) ल्यूकोप्लास्ट

- **ल्यूकोप्लास्ट:** पौधे के अधिकांश गैर-प्रकाश संश्लेषण भागों जैसे जड़ों में पाये जाते हैं।
- **क्रोमोप्लास्ट (वर्णीलवक):** पौधों में हरे रंग को छोड़कर अन्य रंगों के लिए उत्तरदायी है।
- **क्लोरोप्लास्ट (हरित लवक):** यह प्रकाश संश्लेषण क्रिया का केंद्र है।

38. जब रॉबर्ट हुक ने एक साधारण आवर्धक उपकरण के नीचे कॉर्क के टुकड़ों को देखा तो उन्होंने कौन-सा शब्द गढ़ा था?

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III

(a) स्टाल (b) जेल
(c) कोशिका (d) ईंट

Ans. (c) कोशिका

- कोशिका की खोज का वर्णन रॉबर्ट हुक ने अपनी पुस्तक **'माइक्रोग्राफिया'** में किया था।

39. सायकस और पाइनस किस प्रकार के पौधे हैं?

SSC GD 31 Jan. 2023 Shift III

(a) जिम्नोस्पर्म (b) एंजियोस्पर्म
(c) टेरिडोफाइटा (d) थैलोफाइटा

Ans. (a) जिम्नोस्पर्म

- **जिम्नोस्पर्म:** ये पौधे नग्नबीजी, सदाबहार तथा काष्ठीय होते है।
- **टेरिडोफाइटा:** जड़, पत्ती तथा तना उपस्थित होता है, **जैसे**- फर्न तथा मार्सीलिया।
- **एंजियोस्पर्म:** दो प्रकार के होते हैं- 1. एकबीजपत्री 2. द्विबीजपत्री।
- **थैलोफाइटा:** इस वर्ग के पौधों को शैवाल कहा जाता है, **जैसे**- स्पाइरोगाइरा।

40. .... कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा के पूर्ण पाचन का स्थल है।

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift III

(a) क्षुद्रांत्र (b) यकृत
(c) ग्रसिका (d) बृहदात्र

Ans. (a) क्षुद्रांत्र

- छोटी आँत में भोजन के पूर्ण पाचन के उपरांत, भोजन का अवशोषण भी छोटी आँत में विली द्वारा होता है।
- छोटी आँत के तीन भाग- ग्रहणी, अग्रक्षुद्रांतत्र तथा क्षुद्रांत्र
- भोजन के छोटी आँत में आते ही तीन पाचक रस मिल जाते हैं-
  1. यकृत से पित्त रस
  2. अग्न्याशय रस
  3. आंत्र रस

41. माइटोकॉन्ड्रिया .... झिल्ली की बनी होती

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

है।

SSC GD 30 Jan. 2023 Shift I

(a) 5 (b) 4
(c) 3 (d) 2

Ans. (d) 2

❒ माइटोकॉन्ड्रिया यूकैरियोटिक कोशिका में पाई जाती है।
❒ इसे कोशिका का पावर हाऊस भी कहा जाता है।

42. निम्नलिखित उदाहरणों में, प्राथमिक मांसाहारी कौन है?
घास-टिड्डा-मेंढक-साँप-बाज

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift II

(a) बाज (b) टिड्डा
(c) घास (d) मेंढक

Ans. (d) मेंढक

❒ प्रथम स्तर के मांसाहारी प्राथमिक उपभोक्ताओं को खाते हैं।
❒ दूसरे स्तर के मांसाहारी द्वितीयक उपभोक्ता को खाते हैं।

43. .... कोशिका का अपशिष्ट निपटाने वाला तंत्र है।

SSC GD 27 Jan. 2023 Shift I

(a) माइटोकॉन्ड्रिया (b) लाइसोसोम
(c) रसधानियाँ (d) राइबोसोम

Ans. (b) लाइसोसोम

❒ लाइसोसोम अंत: कोशिकीय पाचन के मुख्य स्थान होते हैं।
❒ अपनी ही कोशिका का पाचन कर नष्ट करने के कारण लाइसोसोम को 'आत्महत्या की थैली' कहते हैं।
❒ **रसधानी:** कोशिका द्रव में जल, रस तथा उत्सर्जित पदार्थों को रोके रहने वाली एक संरचना होती है।

44. पत्तियों की कोशिकाओं में आप लवक कहाँ पाएँगे?

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift II

(a) कोशिका भित्ति (b) कोशिका द्रव्य
(c) कोशिका झिल्ली (d) केंद्रक

Ans. (b) कोशिका द्रव्य

❒ **लवक (प्लास्टिड):** शिम्पर के अनुसार तीन प्रकार के हैं-
1. हरित लवक
2. वर्णीलवक,
3. अवर्णी लवक
❒ कोशिका द्रव्य (साइटोप्लाज्म) कोशिका के अन्दर एक तरल पदार्थ जो जैव उत्प्रेरक तथा रासायनिक प्रतिक्रियाओं में सहायता करता है।

45. निम्नलिखित चार में से तीन स्तनपायी के उदाहरण हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन इस समूह से संबंधित नहीं है?

SSC GD 25 Jan. 2023 Shift IV

(a) पेंगुइन (b) प्लैटिपस
(c) फ्लाइंग फॉक्स (d) कंगारू

Ans. (a) पेंगुइन

❒ पेंगुइन उडान रहित पक्षी है, जो अन्टार्कटिका, दक्षिण गोलार्द्ध में पाये जाते हैं।
❒ कंगारू आस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।
❒ प्लैटिपस अण्डे देने वाला स्तनधारी है।

46. केंद्रक झिल्ली द्वारा केंद्रक को .... से अलग किया जाता है।

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift IV

(a) जीन (b) कोशिका
(c) कोशिका द्रव्य (d) रिक्तिका

Ans. (c) कोशिका द्रव्य

❒ कोशिका द्रव्य जैली जैसा पदार्थ है।
❒ केंद्रक के अध्ययन को कैरियोलॉजी कहते हैं।
❒ कोशिका के अध्ययन को साइटोलॉजी कहते हैं।

47. एक से अधिक कोशिकाओं से बने जीवों को आप क्या कहते हैं?

SSC GD 24 Jan. 2023 Shift IV

(a) परिकोशिकीय (b) बहुकोशिकीय
(c) उपकोशिकीय (d) एककोशिकीय

Ans. (b) बहुकोशिकीय

❒ **एककोशिकीय जीव-** शैवाल, प्रोटोजोआ आदि।
❒ **बहुकोशिकीय जीव-** यीस्ट, मशरूम, मनुष्य, हाथी तथा आम का वृक्ष।

48. आयरन की कमी से क्या होता है?

SSC GD 23 Jan. 2023 Shift I

(a) थाइरॉइड (b) हाइपोकैल्सीमिया
(c) एनीमिया (d) क्वाशियोरकोर

Ans. (c) एनीमिया

रोग	कमी/कारण
थाइरॉइड	आयोडीन की कमी से
क्वाशियोरकोर	प्रोटीन की कमी से
रिकेट्स	विटामिन डी की कमी से

49. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा सुझाए गए पाँच मूलभूत खाद्य समूहों में से एक नहीं है।

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift IV

(a) दूध और माँस उत्पादन
(b) दालें और फलियाँ
(c) कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन
(d) वसा और शर्करा

Ans. (c) कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन

❒ **कार्बोहाइड्रेट के स्रोत-** अनाज, दूध, फल, सब्जियाँ।
❒ **प्रोटीन के स्रोत-** माँस, मछली, सोयाबीन, दूध तथा अंडा।
❒ सोयाबीन में सबसे ज्यादा प्रतिशत प्रोटीन होता है।
❒ भारतीय चिकित्सा परिषद की स्थापना 1911 में इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन के नाम से की गई थी।

50. निम्नलिखित में से कौन मोलस्का के अंतर्गत आता है?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift III

(a) स्टिंग-रे (b) ऑक्टोपस
(c) टर्टल (d) मस्का

Ans. (b) ऑक्टोपस

❒ मोलस्का: आर्थोपोड़ा के बाद जन्तु जगत का सबसे बड़ा संघ मोलस्का है। घोंघा, ऑक्टोपस तथा सीपिया इसके उदाहरण हैं।
❒ मोलस्क संघ के जन्तुओं में श्वसन क्लोम (गलफड़े) तथा फुफ्फुस द्वारा होता है।

51. स्तरीकरण में प्रजातियों का वितरण कैसे किया जाता है?

SSC GD 17 Jan. 2023 Shift I

(a) विकर्णत: (b) क्षैतिज
(c) केंद्रीकृत (d) ऊर्ध्वत:

Ans. (d) ऊर्ध्वत:

❒ ऊर्ध्वाधर रूप से विभिन्न प्रजातियों को उनकी पारिस्थितिक विशेषताओं के आधार पर परतों या भागों में व्यवस्थित किया जाता है।

52. प्लास्टिड्स जिनमें .... रंजक क्लोरोफिल होता है, क्लोरोप्लास्ट कहलाते हैं।

SSC GD 16 Jan. 2023 Shift I

(a) रंगहीन (b) पीले
(c) भूरे (d) हरे

Ans. (d) हरे

❒ क्लोरोप्लास्ट (हरित लवक) पर्णहरित की उपस्थिति के कारण हरे रंग का होता है।
❒ हरित लवकों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया क्लोरोफिल के कारण होती है।

53. कोशिका की आत्मघाती थैलियाँ किसे कहा जाता है?

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift IV

(a) लाइसोसोम (b) पेरॉक्सीसोम
(c) ग्लाइऑक्सीसोम (d) तारककेंद्र

Ans. (a) लाइसोसोम

❒ लाइसोसोम का निर्माण गॉल्जीकाय में होता है।
❒ अपनी ही कोशिकाओं का पाचन कर कोशिकाओं को नष्ट करने के कारण लाइसोसोम को 'आत्महत्या की थैली' कहते हैं।

54. फास्ट फूड प्राय: वसा और .... से भरपूर होते हैं।

SSC GD 13 Jan. 2023 Shift III

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) पोषक तत्वों (b) कैल्शियम
(c) आयरन (d) अपूरित कैलोरी

Ans. (d) अपूरित कैलोरी

- फास्ट फूड में फाइबर एवं पोषक तत्वों की कमी होती है।
- सबसे अधिक कैलोरी वसा में होती है।
- ऐसे खाद्य पदार्थ जिनमें कैलोरी तो अधिक होती है किन्तु पोषक तत्व कम होते है, रिक्त कैलोरी से सम्बन्धित है।

55. किस विटामिन को थायमिन के नाम से भी जाना जाता है?

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift I

(a) विटामिन B_3 (b) विटामिन B_1
(c) विटामिन B_2 (d) विटामिन B_{12}

Ans. (b) विटामिन B_1

- विटामिन B_2 – राइबोफ्लेविन
- विटामिन B_3 – नियासिन
- विटामिन B_5 – पैंटोथीनिक अम्ल
- विटामिन B_6 – पायरीडॉक्सिन
- विटामिन B_{12} – सायनोकोबालमिन

56. विटामिन C एक .... है।

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift III

(a) एंटीवायरस (b) एंटीऑक्सीडेंट
(c) एंटीजन (d) एंटीबायोटिक

Ans. (b) एंटीऑक्सीडेंट

- प्रतिऑक्सीकारक पदार्थ मुक्त मूलकों को नष्ट करके इन हानिकारक पदार्थों से शरीर की कोशिकाओं की सुरक्षा करते हैं।
- एंटीऑक्सीडेंट वे यौगिक हैं जो ऑक्सीकरण अभिक्रिया को मंद करते हैं।

57. कोशिका-आकार का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है?
I. लाल रक्त कोशिकाएँ – गोलाकार
II. पेशी कोशिका – तर्कुरूपी

SSC GD 11 Jan. 2023 Shift IV

(a) केवल I
(b) I तथा II दोनों
(c) न तो I और न ही II
(d) केवल II

Ans. (b) I तथा II दोनों

- **लाल रक्त कोशिका:** गोलाकार तथा द्विअवतल, जीवनकाल – 120 दिन
- **सफेद रक्त कोशिका:** गोलाकार या अनियमित, जीवनकाल – 2 से 4 दिन
- **रक्त प्लेटलेट्स:** गोल, जीवनकाल – 7 से 10 दिन

58. कोशिका का ऊर्जाग्रह किसे कहा जाता है?

SSC GD 09 Feb. 2023 Shift IV

(a) न्यूक्लियस (b) माइटोकॉण्ड्रिया
(c) राइबोसोम (d) लाइसोसोम

Ans. (b) माइटोकॉण्ड्रिया

- माइटोकॉण्ड्रिया में ऑक्सीजन की मौजूदगी में भोजन के विखंडन से ऊर्जा मुक्त होती है और यह ऊर्जा एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (ATP) के रूप में संचित होती है।

59. मछली में मौजूद राइबोफ्लेविन को .... के रूप में जाना जाता है।

SSC GD 01 Mar. 2019 Shift I

(a) विटामिन K (b) विटामिन C
(c) विटामिन B_2 (d) विटामिन B_{12}

Ans. (c) विटामिन B_2

- विटामिन B_2 के स्रोत – अंडे, पनीर, माँस तथा हरी सब्जियाँ।
- वसा में घुलनशील विटामिन – A, D, E तथा K
- जल में घुलनशील विटामिन – B, C

60. भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले 'एजाडिरेक्टा इंडिका' किस सदाबहार पेड़ का वानस्पतिक नाम है?

SSC GD 01 Mar. 2019 Shift I

(a) गुड़हल (b) नीम
(c) करी का पेड़ (d) देवदार का पेड़

Ans. (b) नीम

पेड़	वानस्पतिक नाम
गुड़हल	हिबिस्कस
देवदार	सेड्रस
करी का पेड़	मुर्रेया कोएनिगी

61. दिए गए विकल्पों में कौन-सी बीमारी सुअर से फैलती है?

SSC GD 01 Mar. 2019 Shift I

(a) जीवक (b) प्लेग
(c) हैजा (d) स्वाइन फ्लू

Ans. (d) स्वाइन फ्लू

- स्वाइन फ्लू के विषाणु का नाम इन्फ्लूएन्जा H1N1 है। यह एक संक्रामक रोग है।
- प्लेग चूहों द्वारा फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी है।
- प्लेग का कारण यर्सिनिया पेस्टिस जीवाणु है।

62. मछली के समूह को क्या कहते हैं?

SSC GD 01 Mar. 2019 Shift II

(a) स्टैन्डर्ड (b) सेना
(c) बस (d) शॉल

Ans. (d) शॉल

- मछली के समूह को झुडों में रहने के कारण शॉल या 'स्कूल' कहा जाता है।
- व्हेल बच्चों को जन्म देने वाली सबसे बड़ी मछली है।

63. अंडे की जर्दी (पीला भाग) में कौन-सा विटामिन 90% से अधिक होता है?

SSC GD 01 Mar. 2019 Shift I

(a) विटामिन B_{12} (b) विटामिन K
(c) विटामिन C (d) विटामिन A

Ans. (a) विटामिन B_{12}

- विटामिन B_{12} (सायनोकोबालमिन) शरीर की तंत्रिका और रक्त कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करता है।
- विटामिन K (फिलोक्विनोन) – रक्त का थक्का बनाने में सहायक।
- विटामिन A (रेटिनॉल) – आँखों के लिए आवश्यक होता है।
- विटामिन C (ऐस्कॉर्बिक अम्ल) – रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।

64. निम्न में कौन-सी छूत की बीमारी है?

SSC GD 01 Mar. 2019 Shift II

(a) क्षय (b) दमा
(c) स्ट्रोक (d) मधुमेह

Ans. (a) क्षय

- **प्रमुख संक्रामक रोग-** क्षय रोग, काली खाँसी, फ्लू, खसरा आदि।
- क्षय या तपेदिक रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है।

65. हमारी आँतों में पाया जाने वाला बैक्टीरिया कौन-सा है जो हमें खाना पचाने में मदद करता है?

SSC GD 02 Mar. 2019 Shift I

(a) स्टेफिलोकोकस ऑरियस
(b) कैंपड लोबैक्टर जेजनी
(c) क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम
(d) लैक्टोबसिलस एसिडोफिलस

Ans. (d) लैक्टोबसिलस एसिडोफिलस

- मानव आँत में पाये जाने वाले बैक्टीरिया द्वारा विटामिन K का संश्लेषण भी होता है।
- मानव आँत में पाये जाने वाले अन्य बैक्टीरिया: इशरीकिया कोलाई, बैक्टेरॉइड्स तथा एंटरोकोकस आदि।

66. .... के कारण खसरा की बीमारी होती है।

SSC GD 02 Mar. 2019 Shift I

(a) वायरस (b) कवक
(c) बैक्टीरिया (d) अमीबा

Ans. (a) वायरस

- **विषाणु जनित रोग-** रेबीज, चेचक, खसरा, पोलियो, हेपेटाइटिस, इबोला, एड्स, चिकनगुनिया तथा डेंगू आदि।
- **कवक जनित रोग-** दाद, खाज, एथलीट फुट तथा गंजापन आदि।
- **प्रोटोजोआ जनित रोग-** पायरिया, कालाजार, मलेरिया तथा पेचिस।

67. निम्न में से कौन धानी प्राणी का उदाहरण है?

SSC GD 04 Mar. 2019 Shift II

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) कंगारू (b) कछुआ
(c) जेब्रा (d) सियार

Ans. (a) कंगारू

- कंगारू, मेटाथेरिया वर्ग में आता है अर्थात मार्सुपियल मैमल्स।
- जेब्रा और सियार दोनों यूथेरिया वर्ग (प्लेसेंटल मैमल्स) में आते हैं।
- कछुआ सरीसृप वर्ग का प्राणी है।

68. ओरल पोलियो वैक्सीन का आविष्कार किसने किया था?

SSC GD 04 Mar. 2019 Shift II

(a) जोहान सॉल्क (b) जॉन नैश
(c) लुई पाश्चर (d) अल्बर्ट साबिन

Ans. (d) अल्बर्ट साबिन

- लुइ पाश्चर– रेबीज का टीका
- जोनास सॉल्क ने पहली बार पोलियो के लिए टीके का अविष्कार किया।

69. जबड़ा किसका भाग है?

SSC GD 03 Mar. 2019 Shift I

(a) बाँह (b) खोपड़ी
(c) हाथ (d) श्रोणिचक्र

Ans. (b) खोपड़ी

- वयस्क मनुष्य में हड्डियों की संख्या– 206
- मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि– फीमर (जाँघ में)
- मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि– स्टेपीज (कान की)
- अस्थि से अस्थि के जोड़ को 'लिगामेंट्स' तथा अस्थि से माँसपेशी के जोड़ को 'टेंडन' कहते हैं।

70. कौन-सी मांसपेशी कनपटी की हड्डी को जबड़े से जोड़ती है?

SSC GD 03 Mar. 2019 Shift II

(a) मेसेटर (b) डेल्टॉयड
(c) सोलियस (d) पेक्टोरेलिस मेजर

Ans. (a) मेसेटर

- डेल्टॉयड– एक त्रिकोणीय आकार की कंधे की माँसपेशी है।
- स्टेपेडियस– मानव शरीर की सबसे छोटी कंकाल माँसपेशी है।
- सार्टोरियस– मानव शरीर की सबसे लम्बी माँसपेशी है।
- ग्लूटस मैक्सिमस– मानव शरीर की सबसे बड़ी और भारी माँसपेशी है।

71. कौन-सी ग्रंथि अन्य अंत:स्रावी ग्रंथियों के कार्य को प्रभावित करती है?

SSC GD 03 Mar. 2019 Shift III

(a) अधिवृक्क
(b) पीनियल
(c) पीयूष ग्रंथि (पिट्यूटरी)
(d) गलग्रंथि (थायरॉयड)

Ans. (c) पीयूष ग्रंथि (पिट्यूटरी)

- **पीयूष ग्रंथि:–** मानव शरीर की सबसे छोटी अंत:स्रावी ग्रंथि है।
- **अधिवृक्क:–** ये ग्रंथियाँ दोनों किडनियों के ऊपरी सिरे पर स्थित होती है।
- **पीनियल ग्रंथि:–** यह अग्र मस्तिष्क के ऊपरी भाग में स्थित होती है तथा इससे मेलाटोनिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन्स का स्रावण होता है।
- **थायराइड/अवटु ग्रंथि:–** थाइरॉक्सिन हार्मोन्स का स्रावण करने वाली शरीर की सबसे बड़ी अंत:स्रावी ग्रंथि है।

72. टिबिया किसका भाग है?

SSC GD 05 Mar. 2019 Shift I

(a) हाथ (b) खोपड़ी
(c) बाँह (d) पैर

Ans. (d) पैर

- टिबिया, फिबुला, मैटाटार्सल तथा टार्सल पैर की अस्थियाँ हैं।
- ह्यूमरस, रेडियस, अल्ना, कार्पल्स तथा मेटाकार्पल्स हाथ की अस्थियाँ हैं।

73. हमारे पाचन तंत्र के किस भाग में वसा का पाचन होता है?

SSC GD 07 Mar. 2019 Shift II

(a) अग्नाशय (b) छोटी आँत
(c) पेट (d) बड़ी आँत

Ans. (b) छोटी आँत

- भोजन का पूर्ण पाचन और अवशोषण भी छोटी आँत में होता है।
- यकृत से स्रावित रस द्वारा आँत में वसा का पाचन होता है।
- अग्न्याशय रस से स्रावित एंजाइम्स (एमाइलेज, ट्रिप्सिन, लाइपेज) के द्वारा कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन तथा वसा का पाचन होता है।
- आँत्र रस– आँत्र की ग्रंथियों द्वारा स्रावित पीले रंग का क्षारीय द्रव होता है।

74. रक्त का कौन-सा घटक रक्त के थक्के बनने में मदद करता है?

SSC GD 07 Mar. 2019 Shift III

(a) धमनियाँ (b) लसीका
(c) प्लेटलेट्स (d) शिराएँ

Ans. (c) प्लेटलेट्स

- **प्लेटलेट्स–** ये रंगहीन तथा केंद्रक रहित होती है।
- इनका निर्माण अस्थि मज्जा में तथा जीवनकाल 8 से 10 दिन होता है।
- लसिका– लसीका में RBC नहीं पाई जाती है। इसमें CO_2 तथा अपशिष्ट की मात्रा अधिक होती है।
- लिम्फोसाइट्स का निर्माण थाइमस और अस्थि मज्जा में होता है।

75. निम्न में कौन-से वनस्पति जगत के उभयचर कहलाते हैं?

SSC GD 07 Mar. 2019 Shift III

(a) आवृतबीजी (b) थैलोफाइटा
(c) जिम्नोस्पर्म (d) ब्रायोफाइटा

Ans. (d) ब्रायोफाइटा

- ब्रायोफाइटा तना और पत्तों जैसी संरचना में बटा हुआ है, उदाहरण– मॉस और मार्केशिया।
- **जिम्नोस्पर्म–** ये पौधे नग्नबीजी, सदाबहार तथा बहुवर्षीय होते हैं, **जैसे–** साइकस, पाइनस
- **अन्य पादप वर्ग–** थैलोफाइटा, एंजियोस्पर्म तथा टेरिडोफाइटा।

76. निम्न में से किसमें चार कक्षीय हृदय पाया जाता है?

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift I

(a) मेंढक (b) मगरमच्छ
(c) मछली (d) गिरगिट

Ans. (b) मगरमच्छ

- **सरीसृप वर्ग के प्राणी–** एलीगेटर, मगरमच्छ, छिपकली, गिरगिट, कछुआ, कोबरा
- ये जीव असमतापी तथा अंडे देने वाले होते हैं
- पक्षी तथा सरीसृप वर्ग के बीच की कड़ी – ऑर्कियोप्टेरिक्स
- **मेढ़क–** उभयचर वर्ग का प्राणी है।

77. डेंगू के समय रक्तस्राव प्लेटलेट्स की संख्या किसकी कमी के कारण कम होती है?

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift II

(a) लाल रुधिर कणिकाओं
(b) प्लेटलेट्स
(c) श्वेत रुधिर कणिकाओं
(d) प्लाज्मा

Ans. (d) प्लाज्मा

- **प्लाज्मा:** मानव रक्त का लगभग 55% होता है।
- यह रंगहीन तरल तथा इसमें 90 से 92% जल होता है।
- कुछ प्लाज्मा प्रोटीन – एल्ब्यूमिन एवं फाइब्रिनोजन

78. गॉयटर (गण्डमाला) की बीमारी है?

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift III

(a) थायराइड ग्रंथि (b) अधिवृक्क ग्रंथि
(c) अग्न्याशय (d) जिगर

Ans. (a) थायराइड ग्रंथि

- **गॉयटर रोग (घेंघा)–** यह रोग भोजन में 'आयोडीन' की कमी से होता है।
- **हाशिमोटो रोग–** यह रोग आयोडीन की अत्यधिक मात्रा के कारण होता है।
- **क्रिटिनिज्म–** बच्चों में थाइरॉक्सिन के अल्पस्राव से यह रोग होता है।

79. जठर अम्ल .... द्वारा पेट में स्रावित होते हैं।

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift II

(a) पार्श्विक कोशिकाओं

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(b) अम्लीय कोशिकाओं
(c) गैस्ट्रिन स्रावी ग्रंथियाँ
(d) पेप्टिक कोशिकाओं

Ans. (c) गैस्ट्रिन स्रावी ग्रंथियाँ

❒ आमाशय की आँतरिक दीवारों से 'जठर ग्रंथियाँ' जठर रस का स्राव करती हैं।
❒ जठर रस बहुत अधिक अम्लीय होता है।
❒ जठर रस का pH मान (1.5 से 3.5) होता है।
❒ **जठर रस में उपस्थित एंजाइम्स-** पेप्सिन, रेनिन तथा हाइड्रोक्लोरिक अम्ल।

80. मनुष्य में आमतौर पर गुणसूत्रों के जोड़ों की संख्या होती है–

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift III

(a) 20 (b) 23
(c) 10 (d) 21

Ans. (b) 23

❒ **गुणसूत्र (क्रोमोसोम):** गुणसूत्र DNA एवं हिस्टोन प्रोटीन का बना होता है।
❒ मनुष्य में 22 जोड़े गुणसूत्र स्त्री तथा पुरुष में समान होते हैं लेकिन 23वां जोड़ा स्त्री में XX तथा पुरुष में XY होता है और इसे ही लिंग गुणसूत्र कहते हैं।
❒ कुत्ता- 39 जोड़ी गुणसूत्र
❒ बिल्ली- 19 जोड़ी गुणसूत्र
❒ मेढ़क- 13 जोड़ी गुणसूत्र

81. सभी सजीव जीवों को व्हिटेकर (1969) द्वारा प्रस्तावित प्रणाली के तहत .... समूहों में वर्गीकृत किया जाता है।

SSC GD 08 Mar. 2019 Shift III

(a) तीन (b) सात
(c) एक (d) पाँच

Ans. (d) पाँच

❒ व्हिटेकर ने जीव जगत को पाँच वर्गों में बाँटा–
(i) मोनेरा (ii) प्रोटिस्टा (iii) कवक (iv) पादप (v) जंतु
❒ कैरोलस लीनियस- लीनियस ने जीव जगत को दो वर्गों, जंतु जगत तथा पादप जगत में बाँटा था।
❒ कैरोलस लीनियस को वर्गिकी का पिता कहा जाता है।
❒ लीनियस ने 1753 में जीवों के नामकरण की द्विनाम पद्धति को प्रचलित किया।

82. स्थलीय पारिस्थितिकीय तंत्र में हरे पेड़ पौधे सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का लगभग ग्रहण करते हैं?

SSC GD 09 Mar. 2019 Shift II

(a) 4% (b) 2%
(c) 3% (d) 1%

Ans. (d) 1%

❒ स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र में हरे पौधे पत्तियों पर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का लगभग 1% ग्रहण कर इसे 'खाद्य ऊर्जा' में बदल देते हैं।
❒ 'ऊर्जा परिवहन का 10% नियम' लिण्डमैन ने दिया था।

83. मानव लिंग गुणसूत्र बच्चे का लिंग निर्धारण करते हैं, जहाँ XX परिणाम है–

SSC GD 11 Mar. 2019 Shift II

(a) लड़का
(b) लड़की
(c) ट्रांसजेंडर
(d) लड़की या लड़का हो सकता है।

Ans. (b) लड़की

❒ मनुष्य के पास 23वां जोड़ा लिंग निर्धारण करता है, क्योंकि 22 जोड़े समान होते हैं।
❒ महिला द्वारा XX में से X गुणसूत्र तथा पुरुष द्वारा XY में से X या Y का योगदान होने से (XX मिलने से लड़की तथा XY मिलने से लड़का) लिंग निर्धारण होता है।

84. पत्तियों में मौजूद हरा रंग किस नाम से जाना जाता है?

SSC GD 11 Feb. 2019 Shift I

(a) क्लोरोफिल (b) टिस्यू
(c) जाइलम (d) फ्लोएम

Ans. (a) क्लोरोफिल

❒ क्लोरोफिल- पर्णहरित
❒ टिस्यू- ऊतक
❒ **जाइलम ऊतक-** इसे जल संवहन ऊतक भी कहते है, यह- पौधों के विभिन्न भागों तक जल की आपूर्ति करता है।
❒ फ्लोएम का कार्य भोजन को पौधे के अन्य भागों तक पहुँचाना।
❒ फ्लोएम ऊतक के नष्ट हो जाने से पौधे सूख जाते हैं।

85. निम्न में से कौन-सा अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा नहीं है?

SSC GD 11 Feb. 2019 Shift I

(a) लार ग्रंथि (b) एड्रीनल ग्रंथि
(c) थाइमस ग्रंथि (d) पीनियल ग्रंथि

Ans. (a) लार ग्रंथि

❒ **लार ग्रंथि:-** लार ग्रंथियाँ लार का उत्पादन कर पाचन में भाग लेती है।
❒ **लार में उपस्थित एंजाइम-** टायलिन व लाइसोजाइम
❒ लार में 99% जल व 1% एंजाइम होता है।
❒ मनुष्य में तीन जोड़ी लार ग्रंथियाँ पाई जाती हैं।

86. DNA का पूर्ण रूप क्या है?

SSC GD 11 Feb. 2019 Shift I

(a) डीऑक्सीन्यूक्लिक एसिड
(b) डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड
(c) डीऑक्सीराइबोन्यूट्रल एसिड
(d) डेल्टान्यूक्लिक एसिड

Ans. (b) डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड

❒ **DNA-** यह प्रोटीन के साथ मिलकर गुणसूत्र की संरचना बनाता है।
❒ DNA तीन पदार्थों का बना है- नाइट्रोजन क्षार, शुगर तथा फास्फोरिक अम्ल।
❒ यह आनुवंशिक गुणों को अगली पीढ़ी में पहुँचाने का कार्य करता है।

87. निम्न में से कौन परिसंचरण प्रणाली का हिस्सा नहीं है?

SSC GD 11 Feb. 2019 Shift III

(a) धमनियाँ (b) विल्ली
(c) शिराएँ (d) कोशिकाएँ

Ans. (b) विल्ली

❒ **विल्ली (रसांकुर)-** यह छोटी आँत की आँतरिक दीवारों पर उगुली जैसी संरचना होती है जिसका कार्य पचे हुए भोजन का अवशोषण करना है।
❒ **धमनियाँ-** फुफ्फुसीय धमनी को छोड़कर सभी में शुद्ध रक्त हृदय से शरीर को प्रवाहित होता है।
❒ **शिराएँ-** फुफ्फुसीय शिराओं के अतिरिक्त सभी में शरीर के अंगों से हृदय की तरफ रक्त प्रवाहित होता है।

88. .... मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी है।

SSC GD 11 Feb. 2019 Shift III

(a) कुहनी की हड्डी
(b) कान की हड्डी (स्टेपीज)
(c) प्रकोष्ठिका
(d) कलाई की हड्डी

Ans. (b) कान की हड्डी (स्टेपीज)

❒ **कान की हड्डियाँ:-** मैलियस, इनकस तथा स्टेपीज
❒ मानव के एक कान में 3 हड्डियाँ होती हैं।
❒ **कलाई की हड्डी:-** कार्पल्स और मेटाकार्पल्स

89. जब किडनी सही तरीके से काम करना बंद कर देती है, अपशिष्ट उत्पादों और खून से अतिरिक्त द्रव को निकालने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) निस्पंदन (b) शुद्धिकरण
(c) डायलिसिस (d) परिसंचरण

Ans. (c) डायलिसिस

❒ डायलिसिस की प्रक्रिया द्वारा रक्त से अपशिष्ट तथा अतिरिक्त तरल पदार्थों का निष्कासन किया जाता है।
❒ किसी ठोस मिश्रण में से विशेष अवयवों को फिल्टर द्वारा अलग करने को निस्पंदन कहते हैं।

90. विषाणुओं के अध्ययन को क्या कहा जाता है?

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) वाइरोलॉजी (b) पेइडोलॉजी
(c) बायोलॉजी (d) पैथोलॉजी

Ans. (a) वाइरोलॉजी

- पैथोलॉजी- रोगों का अध्ययन
- पेडोलॉजी- मिट्टी के सभी पहलुओं का अध्ययन
- एंटोमोलॉजी- कीटों का अध्ययन
- माइकोलॉजी- कवकों का अध्ययन

91. पत्ती की निचली सतह पर स्थित छोटे छिद्रों को क्या कहते हैं?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) रोम (b) सिलिया
(c) रंध्र (d) प्रस्फुटन

Ans. (c) रंध्र

- **रंध्र-** पत्ती की निचली सतह पर छोटे-छोटे छिद्र जिन्हें 'स्टोमेटा' के नाम से जाना जाता है।
- रंध्र रक्षक कोशिकाओं से घिरे रहते हैं।
- रंध्र गैसों के आदान-प्रदान तथा वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से पानी की स्पीड को नियंत्रित करते हैं।

92. उस प्रक्रिया को क्या कहा जाता है जिसके द्वारा अनुवांशिक रूप से समान व्यक्ति उत्पादित किए जा सकते हैं?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) प्रजनन (b) प्रकाश संश्लेषण
(c) स्कैनिंग (d) क्लोनिंग

Ans. (d) क्लोनिंग

- **प्रजनन:-** किसी जीव द्वारा अपने ही समान एक नए जीव की उत्पत्ति
- **प्रकाश संश्लेषण:-** सूर्य के प्रकाश में पर्णहरित की उपस्थित की सहायता से CO_2 व जल के संयोग से कार्बोहाइड्रेट्स एवं ग्लूकोज के निर्माण की प्रक्रिया को प्रकाश संश्लेषण कहते हैं।
- क्लोन से पैदा हुई पहली (जीव) 'डॉली' भेड़ थी।

93. कौन-सा मूत्र प्रणाली का हिस्सा नहीं है?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) मूत्र मार्ग (b) मूत्राशय
(c) मूत्रवाहिनी (d) ब्रांकाई

Ans. (d) ब्रांकाई

- ब्रांकाई या ब्रोंकी श्वसन तंत्र का हिस्सा है।
- ब्रांकी श्वासनली से फेफड़ों तक वायु ले जाने वाली नलिकाएँ होती हैं।
- मूत्राशय, मूत्रमार्ग तथा मूत्रवाहिनी उत्सर्जन तंत्र का हिस्सा हैं।

94. मनुष्य, वनस्पति और जीव-जंतु, मत्स्य, पशुधन आदि जीवमंडल से प्राप्त संसाधन, जिनमें जीवन होता है, वे क्या कहलाते हैं?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift I

(a) जैव संसाधन
(b) नवीकरणीय संसाधन
(c) अजैविक संसाधन
(d) संभावित संसाधन

Ans. (a) जैव संसाधन

- **अजैविक संसाधन:-** मिट्टी, जल, हवा, धूप तथा खनिज।
- **नवीकरणीय संसाधन:-** जल, वन, वायु, ज्वारीय, ऊर्जा तथा सौर ऊर्जा।

95. .... मनुष्यों में ऑक्सीजन परिवहन के लिए उत्तरदायी है?

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift III

(a) लसीका (b) हीमोग्लोबिन
(c) बलगम (d) मेलेनिन

Ans. (b) हीमोग्लोबिन

- रक्त का लाल रंग 'हीमोग्लोबिन' के कारण होता है।
- CO (कार्बन मोनोऑक्साइड) गैस के प्रति हीमोग्लोबिन का आकर्षण अधिक होता है।
- ऑक्सीहीमोग्लोबिन युक्त शुद्ध रक्त 'चमकीला लाल' होता है तथा अशुद्ध रक्त 'बैंगनी' होता है।

96. मस्तिष्क .... तंत्र का एक हिस्सा है।

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift III

(a) तंत्रिका (b) पाचक
(c) परिसंचरण (d) अंत:स्रावी

Ans. (a) तंत्रिका

- मस्तिष्क के भाग:- अग्र मस्तिष्क, मध्य मस्तिष्क तथा पश्च मस्तिष्क

अग्र मस्तिष्क	सेरीब्रम
	डाइएनसिफलॉन
मध्य मस्तिष्क	सेरीब्रल
	कॉर्पोरा कवार्डीजेमिना
पश्च मस्तिष्क	सेरीबेलम
	मेड्यूला ऑब्लागेटा

97. .... को 'कोशिका का पॉवर हाउस' कहा जाता है।

SSC GD 12 Feb. 2019 Shift III

(a) नाभिक (b) कोशिका झिल्ली
(c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) गॉल्जी निकाय

Ans. (c) माइटोकॉन्ड्रिया

- माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का शक्ति गृह कहतें है, क्योंकि इसके अंदर कोशिकीय श्वसन (Cellular Respiration) से ए.टी.पी. ऊर्जा का निर्माण होता है।
- जीवद्रव्य एवं केन्द्रक (नाभिक) के बीच कोशिका द्रव्य में उपस्थित होता है।

98. निम्नलिखित में से कौन-सी गैर आवश्यक जीव प्रक्रिया है?

SSC GD 13 Feb. 2019 Shift II

(a) पोषण (b) संचरण
(c) उत्सर्जन (d) प्रजनन

Ans. (b) संचरण

- संचरण की प्रक्रिया जीवों में स्थान परिवर्तन को कहते है।
- **उत्सर्जन-** शरीर से अपशिष्ट बाहर निकालने की प्रक्रिया।
- **मनुष्य के उत्सर्जी अंग-** वृक्क, फेफड़े, बड़ी आँत, त्वचा तथा यकृत।

99. मानव शरीर की त्वचा की बाह्य परत के लिए निम्नलिखित में से किस शब्द का उपयोग किया जाता है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) लैरिंक्स (b) क्वाडरिसेप्स
(c) एपिडर्मिस (d) किरेटिन

Ans. (c) एपिडर्मिस

- एपिडर्मिस (अधिचर्म) मानव त्वचा की सबसे बाहरी परत, जिसका कार्य शरीर को क्षति तथा निर्जलीकरण से बचाना है।
- **लैरिंक्स:** यह श्वसन तंत्र का भाग है।
- मानव के बाल और नाखून किरेटिन नामक प्रोटीन के बने होते हैं।

100. निम्न में से कौन-सी एक जल जनित बीमारी है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) न्यूमोनिया (b) सामान्य जुकाम
(c) हैजा (d) कण्ठमाला (मम्प्स)

Ans. (c) हैजा

रोग	कारण
हैजा	विब्रिओ कॉलेरी जीवाणु
सामान्य जुकाम	वायरस
टाइफाइड	साल्मोनेला टाइफी जीवाणु

101. राइबोफ्लोविन का दूसरा नाम क्या है?

SSC GD 03 Dec. 2021

(a) विटामिन C (b) विटामिन A
(c) विटामिन D (d) विटामिन B_2

Ans. (d) विटामिन B_2

विटामिन	रासायनिक नाम	स्रोत
विटामिन A	रेटिनॉल	दूध, मक्खन, यकृत, दही तथा गाजर
विटामिन B_2	राइबोफ्लेविन	पनीर, अंडा, हरी सब्जियाँ तथा माँस आदि।
विटामिन C	एस्कॉर्बिक अम्ल	खट्टे फल, पालक, पपीता तथा टमाटर
विटामिन D	कैल्सीफेरोल	मछली, अंडा तथा सूर्य का प्रकाश

102. निम्नलिखित में से कौन-सा बैक्टीरिया (जीवाणु), वायुमंडलीय नाइट्रोजन को फिक्स करने में सहायता करता है?

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 06 Dec. 2021

(a) अजोसपिरिलम (b) राइजोबियम
(c) क्लोस्ट्रीडियम (d) एजोटोबैक्टर

Ans. (b) राइजोबियम

❒ राइजोबियम जीवाणु मटर और फलीदार पौधों की जड़ की गांठों में पाया जाता है।
❒ यह नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर पौधों को नाइट्रोजन उपलब्ध कराता है।
❒ एज़ोटोबैक्टर जीवाणु, वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में परिवर्तित करने में सक्षम है।

103. वसा ऊतक, मानव शरीर में पाया जाने वाला किस प्रकार का ऊतक है?

SSC GD 06 Dec. 2021

(a) उपकला (b) पेशीय
(c) तंत्रिका (d) संयोजी

Ans. (d) संयोजी

❒ **संयोजी ऊतक:-** इन ऊतकों की उत्पत्ति भ्रूण के मीसोडर्म से होती है।
❒ ये ऊतक तीन प्रकार के होते हैं-
1. क्नेक्टिव संयोजी ऊतक 2. कंकाल ऊतक 3. तरल ऊतक
❒ रक्त एक संयोजी ऊतक है।
❒ टेंडन एक मजबूत तंतुमय ऊतक है, जो माँसपेशियों को हड्डी से जोड़ता है।
❒ **पेशीय ऊतक-** मानव शरीर में प्रचालन एवं गति के लिए होते हैं।

104. .... का वंश नाम (Genus Name) कुकुरबिटा (Cucurbita) है।

SSC GD 09 Dec. 2021

(a) कद्दू (b) आलू
(c) बैंगन (d) टमाटर

Ans. (a) कद्दू

❒ बैंगन- सोलनम मेलोंजेना एल
❒ आलू- सोलनम ट्यूबरोसम
❒ टमाटर- लाइको पर्सिकान एस्कुलेंटम

105. ट्राइग्लिसराइड्स, एक प्रकार के .... होते हैं।

SSC GD 08 Dec. 2021

(a) विटामिन (b) वसा
(c) कार्बोहाइड्रेट (d) प्रोटीन

Ans. (b) वसा

❒ **वसा-** यह शरीर को ऊर्जा प्रदान करने वाला प्रमुख पदार्थ है। वसा त्वचा के नीचे जमा होकर शरीर के ताप को बाहर निकलने से रोकती है।
❒ **विटामिन-** शरीर की रक्षा के लिए आवश्यक तथा इनकी खोज 'फंक' ने की थी।
❒ **कार्बोहाइड्रेट-** शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं, **उदाहरण-** गेहूँ, गन्ना, शकरकंद, चावल
❒ **प्रोटीन-** शरीर की संरचना के लिए आवश्यक

106. निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर, बिल में नहीं रहता है?

SSC GD 08 Dec. 2021

(a) कछुआ (b) वुडचक
(c) खरगोश (d) धानीमूश

Ans. (a) कछुआ

❒ कछुआ जल एवं स्थल दोनों पर रहता है।
❒ कछुआ असमतापी तथा अंडे देने वाला सरीसृप है।

107. विकासवाद का सिद्धांत (Theory of Evolution) निम्नलिखित में से किसने दिया था?

SSC GD 08 Dec. 2021

(a) ग्रेगर जॉन मेंडल (b) चार्ल्स रॉबर्ट डार्विन
(c) अल्बर्ट आइंस्टीन (d) मेरी क्यूरी

Ans. (b) चार्ल्स रॉबर्ट डार्विन

❒ प्राकृतिक चयन द्वारा विकास के सिद्धांत - चार्ल्स डार्विन
❒ आनुवंशिकता के जनक - ग्रेगर जॉन मेंडल
❒ सापेक्षता का सिद्धांत - अल्बर्ट आइंस्टीन
❒ रेडियोधर्मिता की खोज - मैरी क्यूरी
❒ मैरी क्यूरी ने पोलोनियम और रेडियम की खोज की तथा 1903 में मैरी क्यूरी को रेडियोएक्टिविटी की खोज के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला।

108. हृदय के एक चक्र (एक कार्डियक सायकल) में मछली के हृदय से रक्त कितनी बार गुजरता है?

SSC GD 08 Dec. 2021

(a) एक बार (b) चार बार
(c) तीन बार (d) दो बार

Ans. (a) एक बार

❒ मछली के हृदय में केवल दो कक्ष होते हैं।
❒ मछली के हृदय में रक्त एक बार ही जाता है क्योंकि पहले ऑक्सीजन रहित रक्त आलिंद में जाता है और फिर गलफड़ों और निलय की तरफ पंप हो जाता है।

109. पौधों के विभिन्न पहलुओं के वैज्ञानिक अध्ययन को .... कहा जाता है।

SSC GD 09 Dec. 2021

(a) ब्रायोफाइटा विज्ञान
(b) जंतु विज्ञान
(c) वनस्पति विज्ञान
(d) जैव प्रौद्योगिकी

Ans. (c) वनस्पति विज्ञान

❒ जंतु विज्ञान के पिता- अरस्तु
❒ वनस्पति विज्ञान का जनक- थियोफ्रेस्टस
❒ जैव प्रौद्योगिकी के जनक कार्ल एरेकी को माना जाता है।
❒ ब्रयोलॉजी - गैर-संवहनी पौधों का अध्ययन।

110. निम्नलिखित में से किस गैस को ग्रीनहाउस गैस के रूप में नहीं जाना जाता है?

SSC GD 09 Dec. 2021

(a) कार्बन डाईऑक्साइड
(b) मेथेन
(c) ऑक्सीजन
(d) जल वाष्प

Ans. (c) ऑक्सीजन

❒ O_2 की खोज - जोसेफ प्रिस्टले
❒ वायुमंडल में O_2 की मात्रा - लगभग 21%
❒ वायुमंडल में CO_2 की मात्रा - 0.03%
❒ मीथेन एक ग्रीनहाउस गैस है तथा यह प्राकृतिक गैस का प्राथमिक घटक है।

111. किसी भी खाद्य शृंखला में, शीर्ष स्तर पर कौन कब्जा कर लेता है?

SSC GD 13 Feb. 2019 Shift II
SSC GD 01 Dec. 2021

(a) चील (b) मनुष्य
(c) सर्प (d) शेर

Ans. (b) मनुष्य

❒ उत्पादकों द्वारा बनाए कार्बनिक पदार्थों में जीवधारियों के लिए उपयोगी ऊर्जा होती है। इन पदार्थों को खाद्य कहते हैं। इस खाद्य का उपयोग प्रथम स्तर के उपभोक्ता करते हैं। इन उपभोक्ताओं को अगले स्तर के उपभोक्ता खाद्य पदार्थ के रूप में खाते हैं और फिर अगले स्तर के उपभोक्ता के लिए स्वयं खाद्य पदार्थ बन जाते हैं। इन अनुक्रम को खाद्य शृंखला (Food chain) कहते हैं। सामान्यत: खाद्य शृंखला निम्न प्रकार से प्रदर्शित की जाती है।
उत्पादक → शाकाहारी → मांसाहारी → अपघटक

112. पत्ते का वह भाग जो इसे तने से जोड़ता है, वह कहलाता है-

SSC GD 13 Feb. 2019 Shift II

(a) नस (b) पत्रदल
(c) डंठल (d) अनुपर्ण

Ans. (c) डंठल

❒ पत्ती का वह भाग जिसके द्वारा वह तने से जुड़ी होती है, पर्णवृंत (डंठल) कहलाती है।
❒ यह पर्णफलक को सूर्य का प्रकाश ग्रहण करने के लिए अग्रसर करता है, यदि पादपों में पत्तियों के पर्णवृंत (डंठल) उपस्थित हो तो उसे संवृन्त पत्ती और यदि उपस्थित नहीं हो तो अवृन्त पत्ती कहते हैं।

113. निम्नलिखित में से कौन प्रोटीन का एक प्रमुख स्रोत नहीं है?

SSC GD 13 Feb. 2019 Shift II

(a) सोयाबीन (b) गेहूँ
(c) मछली (d) चना

Ans. (b) गेहूँ

❒ दुनिया भर में आहार प्रोटीन और खाद्य आपूर्ति का

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

अधिकांश गेहूं द्वारा पूरा किया जाता है, लेकिन गेहूं में पाए जाने वाले एक प्रोटीन 'ग्लूटेन' के कारण विश्व का 100 से 200 लोगों में से एक व्यक्ति पेट के रोगों से ग्रस्त है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का इस प्रोटीन के प्रति हुई प्रतिक्रिया का परिणाम है।

❒ सोयाबीन, मछली और चना प्रोटीन के प्रमुख स्रोत हैं।

114. निम्न में किस जलीय जीव में गलफड़े (गिल्स) नहीं होते?

SSC GD 13 Feb. 2019 Shift III

(a) ऑक्टोपस (b) क्लाउनफिश
(c) स्क्विड (d) व्हेल

Ans. (d) व्हेल

❒ व्हेल समुद्र में रहने वाला एक स्तनधारी प्राणी है, जो सभी स्तनधारियों की तरह सांस केवल वायु में ले सकते हैं। व्हेलों के सिरों पर सांस लेने का एक छिद्र है जिसके द्वारा वह पानी की सतह पर समय-समय पर आकर सांस लेता है।

115. 'म्यूटेशन' (उत्परिवर्तन) शब्द का अर्थ क्या है?

SSC GD 14 Feb. 2019 Shift I

(a) आनुवंशिक गलती
(b) आनुवंशिक सुधार
(c) आनुवंशिक स्थानांतरण
(d) आनुवंशिक रेखा

Ans. (a) आनुवंशिक गलती

❒ जब किसी जीन के DNA में कोई स्थाई परिवर्तन होता है तो उसे उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) कहते हैं। यह कोशिकाओं के विभाजन के समय आनुवंशिक गलती या किसी दोष के कारण पैदा हो सकता है या फिर पराबैंगनी विकिरण की वजह से या रासायनिक तत्व या वायरस से भी हो सकता है।

116. किस IUCN दस्तावेज में वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों की सूची दी जाती है?

SSC GD 14 Feb. 2019 Shift I

(a) लाल सूची (b) हरी सूची
(c) काली सूची (d) नीली सूची

Ans. (a) लाल सूची

❒ IUCN द्वारा संकटाग्रस्त जातियों की 'रेड डाटा सूची' या 'लाल सूची' को जारी किया जाता है, सन् 1963 में गठित विश्वभर में पौधों और पशुओं की जातियों की संरक्षण स्थिति की सबसे व्यापक तालिका है।

117. मलेरिया और कालाजार किससे होता है?

SSC GD 14 Feb. 2019 Shift III

(a) जीवाणु (बैक्टीरिया)
(b) विषाणु (वाइरस)
(c) प्रजीवगण (प्रोटोजोआ)
(d) कवक

Ans. (c) प्रजीवगण (प्रोटोजोआ)

❒ मलेरिया - इसका कारण प्लाज्मोडियम नामक प्रोटोजोआ है जिसका वाहक मादा एनाफिलीज मच्छर होती है। ये प्रोटोजोआ मानव शरीर में लीवर और प्लीहा को संक्रमित कर देते हैं। इस रोग में लाल रुधिर कोशिकाएं तेजी से नष्ट होने लगती हैं।

❒ कालाजार - यह धीरे-धीरे विकसित होने वाला एक देशी रोग है जो लीशमैनिया डोनोवानी परजीवी से होता है।

❒ भारत में कालाजार फैलाने वाली एकमात्र रोगवाहक मक्खी है- जिसे बालू मक्खी (Sand Fly) भी कहते हैं।

118. एक यूकैरियोटिक कोशिका में एक नाभिक सहित झिल्ली (मेंब्रेन) से बंधे अंग होते हैं, जो कोशिकीय प्रक्रियाओं को .... में कार्य करने में सहायक है।

SSC GD 18 Feb. 2019 Shift II

(a) अलगाव (b) विभाजन
(c) समावेशन (d) दविभाजन

Ans. (a) अलगाव

❒ यूकैरियोटिक में पूर्ण विकसित केंद्रक पाया जाता है।

❒ इसमें केंद्रक झिल्ली और केंद्रिका उपस्थित होते हैं।

❒ कोशिका द्रव्य में झिल्ली युक्त कुछ कोशिकांग उपस्थित होते हैं।

❒ विषाणु एवं जीवाणु को छोड़कर ये कोशिकाएँ भी पौधे तथा जंतु में पाई जाती है।

❒ **केंद्रक झिल्ली-** दोहरी परत की एक झिल्ली है जो केंद्रक को चारों ओर से घेरे रहती है। इसके द्वारा केंद्रक कोशिका द्रव्य से पृथक (अलग) रहता है।

119. पैरामीशियम .... के द्वारा प्रजनन करता है।

SSC GD 19 Feb. 2019 Shift II

(a) बडिंग (b) बीजाणु निर्माण
(c) कायिक प्रजनन (d) द्विविखंडन

Ans. (d) द्विविखंडन

❒ पैरामीशियम एक कोशिकीय प्रोटोजोआ संघ का प्राणी है। इसमें केंद्रक का अभाव होता है। यह सिलिया की सहायता से गति करता है। यह साइटोपाईज नामक अंग से अपशिष्ट पदार्थों को त्याग करता है। यह द्विविखंडन के द्वारा प्रजनन करता है।

120. निम्न में से किस पोषक तत्व की कमी से 'रिकेट्स' नामक बीमारी होती है?

SSC GD 19 Feb. 2019 Shift II

(a) विटामिन F (b) विटामिन D
(c) विटामिन A (d) लोहा

Ans. (b) विटामिन D

❒ विटामिन A - रतौंधी रोग

❒ विटामिन B - बेरी-बेरी रोग

❒ विटामिन D - बच्चों में 'रिकेट्स' (सूखा रोग)

❒ लोहा (आयरन) की कमी से - हीमोग्लोबिन की कमी से रुधिर क्षीणता

121. जीका वायरस रोग (Zika virus disease) मुख्यत: मच्छरों की .... प्रजाति द्वारा संचारित विषाणु के कारण होता है।

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) क्यूलेक्स (Cluex)
(b) एडीज (Aedes)
(c) हीमागोगस (Haemagogus)
(d) एनाफिलीज (Anopheles

Ans. (b) एडीज (Aedes)

मच्छरों की प्रजाति	रोग
एडीज (Aedes)	जीका वायरस रोग, चिकनगुनिया
क्यूलेक्स (Cluex)	फाइलेरिया रोग
हीमोगोगस (Heamagogus)	येलो बुखार
एनाफिलीज (Anopheles)	डेंगू

122. किसी फूल के अंडाशय के अंदर छोटे मनके जैसी संरचनाओं को क्या कहा जाता है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) दल (b) बीजाण्ड
(c) बाह्य दल (d) पुष्प-केसर

Ans. (b) बीजाण्ड

❒ **बीजाण्ड:** किसी भी बीज उत्पन्न करने वाले पादप में बीजाण्ड वह संरचनाएँ होती हैं, जहाँ मादा प्रजननात्मक कोशिका का निर्माण होता है।

❒ किसी भी प्रारूपिक पुष्प में उपांगों के चार वक्र उपस्थित होते हैं। बाह्य दलपुंज, दलपुंज, पुमंग, जायांग।

123. जब रक्त प्रवाह में कैल्शियम की मात्रा अधिक हो जाती है, तो मनुष्यों में निम्नलिखित में से किस ग्रंथि द्वारा कैल्सीटोनिन हॉर्मोन का स्राव होता है?

SSC GD 01 Dec. 2021

(a) थायरॉइड (Thyroid)
(b) पीनियल (Pineal)
(c) पीयूष (Pituitary)
(d) अधिवृक्क (Adrenal)

Ans. (a) थायरॉइड (thyroid)

ग्रंथि	हार्मोन
❒ पीनियल	मेलाटोनिन
❒ पीयूष	ऑक्सीटोसिन

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- ❒ अधिवृक्क एल्डोस्टीरॉन
- ❒ थायरॉइड थाइरॉक्सिन

124. निम्नलिखित में से कौन एक संधिपाद (Arthropod) है-
SSC GD 01 Dec. 2021
(a) जोंक (Leech)
(b) सहस्त्रपाद (Milipede)
(c) यकृत् पर्णाभ (Liver fluke)
(d) घोंघा (Snail)

Ans. (b) सहस्त्रपाद (Milipede)

- ❒ यकृत वर्णाभ (Phylum platyhelminthes)
- ❒ जोक कीट (Phylum annelida)
- ❒ घोंघा (Phylum mollusca)
- ❒ सहस्त्रपाद संधिपाद (Arthropod)

125. निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा का एक पारंपरिक स्रोत है?
SSC GD 02 Dec. 2021 Shift III
(a) पवन ऊर्जा (b) सौर ऊर्जा
(c) लकड़ी (d) बायोगैस

Ans. (a) पवन ऊर्जा

पारंपरिक ऊर्जा के स्रोत:
- ❒ जीवाश्म ईंधन (Fossil fuels)
- ❒ जल विद्युत ऊर्जा (Hydropower plant)
- ❒ बायोमास (Biomass)
- ❒ पवन ऊर्जा (Wind energy)
- ❒ उष्मीय शक्ति ऊर्जा (Thermal power plant)

126. निम्न में से किस वैज्ञानिक ने कोशिका में पाए जाने वाले द्रव पदार्थ के लिए 'प्रोटोप्लाज्म (protoplasm)' शब्द का उपयोग किया?
SSC GD 02 Dec. 2021
(a) श्वान (Schwann)
(b) विरचो (Virchow)
(c) ल्यूवेनहॉक (Leeuwenhoek)
(d) पुर्किन्जे (Purkinje)

Ans. (d) पुर्किन्जे

- ❒ पुर्किन्जे ने 1839 में प्रोटोप्लाज्म शब्द दिया था जिसका उपयोग जीवित कोशिका के लिए किया गया।
- ❒ ल्यूवेन हॉक ने सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोपी) की खोज की।

127. एककोशिकीय मीठे पानी के जीवों और अधिकांश पौधों की कोशिकाओं द्वारा जल ग्रहण करने के लिए निम्न में से किस प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है?
SSC GD 02 Dec. 2021
(a) अनुवर्तन (Tropism)
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) को क्रियान्वयन करने वाली संस्था का नाम राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (National Health Authority NHA) है।

  नोट: 17 दिसंबर, 2024 तक इस योजना ने 3628 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी करके महत्त्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य कवरेज मिला है। लिंग-वार उपयोग से पता चलता है कि जारी किए गए आयुष्मान कार्डों में से 49% और अस्पताल में भर्ती होने वाले कुल लोगों में से लगभग 50% महिलाएं हैं। इसके अलावा, 22 दिसंबर 2024 तक, 7181 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (ABHA) नंबर तैयार किए गए हैं और 4653 करोड़ स्वास्थ्य रिकॉर्ड ABHA से जोड़े गए हैं।

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना

- **आरंभ तिथि:** 12 सितंबर, 2019

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- वृद्धावस्था संरक्षण और लघु एवं सीमांत किसानों को पेंशन के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करना।
- इसके अन्तर्गत पात्र किसानों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ₹3000 की निश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जाती है।
- इस पेंशन फंड का प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम करता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- **आरंभ तिथि:** 24 फरवरी, 2019
- **मंत्रालय :** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से शुरू की गई।
- इस योजना के तहत किसानों को ₹6000 प्रति वर्ष ₹2000 की तीन किस्तों में प्रदान किए जाते हैं।
- भारत सरकार द्वारा देश में छोटे और सीमांत किसानों को प्रत्यक्षता आय संबंधी सहायता देना।

महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार गांरटी (MGNREGA)

- **शुरुआत-** 2 फरवरी, 2006
- **मंत्रालय :** ग्रामीण विकास मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- ग्रामीण क्षेत्रों में अकुशल श्रम के इच्छुक व्यक्तियों को वर्ष में 100 दिनों का गारंटीयुक्त रोजगार उपलब्ध कराना।
- प्रारंभ में इस योजना का नाम नरेगा था लेकिन 2 अक्टूबर, 2009 में इसका नाम बदलकर मनरेगा कर दिया गया।
- इस योजना को 7 सितंबर, 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत अधिनियमित किया गया था।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन

- **आरंभ तिथि:** 21 फरवरी, 2016
- **मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करते हुए सुव्यवस्थित क्लस्टरों का सृजन करना।
- इस योजना के क्रियान्वयन से पूर्व 'PURA' योजना को लागू किया गया था, जिसकी घोषणा वर्ष 2003 में की गई थी।
- इस योजना में दो प्रकार के क्लस्टर होते हैं- (1) गैर-जनजातीय क्लस्टर (2) जनजातीय क्लस्टर

प्रधानमंत्री कुसुम योजना

- **आरंभ तिथि:** मार्च, 2019
- **मंत्रालय :** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- किसानों के लिये सौलर पंप और नवीनीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिये।
- इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई, 2024 तक 51,097 किसानों को लाभ प्रदान किया गया है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना

- **आरंभ तिथि:** अप्रैल, 2016

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- सरकार द्वारा गरीबों के लिये शुरू की गई एक अन्न वितरण योजना।
- **नोट:-** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना वर्ष 2020 में शुरू की गई थी।

जल जीवन मिशन

- **आरंभ तिथि:** 15 अगस्त, 2019
- **मंत्रालय :** जल शक्ति मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- ग्रामीण भारत के सभी घरों में 2024 तक व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेय जल पहुँचाना।

फिट इंडिया मूवमेंट

- **आरंभ तिथि:** 29 अगस्त, 2019
- **मंत्रालय :** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- आसान जीवन शैली से लेकर दिन-प्रतिदिन के जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय तरीके से व्यवहार में परिवर्तन।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना

- **आरंभ तिथि:** 10 अक्टूबर, 2019
- **मंत्रालय :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- मातृत्व मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना।

अटल भू-जल योजना

- **आरंभ तिथि:** 25 दिसंबर, 2019
- **मंत्रालय/विभाग :** जल-संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- देश के उन जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में भू-जल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार करना है।

स्वरोजगार के लिए ग्रामीण युवाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम (TRYSEM)

- **आरंभ तिथि:** : 15 अगस्त, 1979

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए कौशल प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना।
- इसके अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं एवं महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

- **आरंभ तिथि:** 29 फरवरी, 2024
- **मंत्रालय:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- इस योजना का उद्देश्य रूफटॉप सोलर पैनल बिजली इकाइयाँ स्थापित करने वाले 1 करोड़ परिवारों को मुफ्त विद्युत ऊर्जा उपलब्ध कराना है।
- केंद्र सरकार द्वारा 1 करोड़ परिवारों को लाभांवित करने के लिए ₹75000 करोड़ की मंजूरी प्रदान की गई थी।

स्वामित्व योजना

- **आरंभ तिथि:** 24 अप्रैल, 2020
- **मंत्रालय :** पंचायती राज मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देना।

आत्मनिर्भर भारत योजना

- **आरंभ तिथि:** 12 मई, 2020

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- देश और उसके नागरिकों को हर तरह से स्वतन्त्र और आत्मनिर्भर बनाना।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना

- **आरंभ तिथि:** 10 सितंबर, 2020
- **मंत्रालय:** मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- **उद्देश्य:** मछली उत्पादकता गुणवत्ता, प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन में महत्त्वपूर्ण अंतराल को दूर करना एवं मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना।
- ₹20,050 करोड़ के निवेश के साथ पाँच वर्षों (2020-21 से 2024-25) की अवधि के लिए शुरू।
- इस योजना के तहत एक उप-योजना प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना शुरू की गई। इसका उद्देश्य चार वर्षों (वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27) की अवधि के लिए ₹6000 करोड़ से अधिक के निवेश के साथ मत्स्यपालन सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का समर्थन करना है।
- घरेलू मछली की खपत को प्रतिव्यक्ति 5 किलोग्राम से बढ़ाकर 12 किलोग्राम करना।

ऑपरेशन ग्रीन योजना

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- **आरंभ तिथि:** नवंबर, 2018
- **मंत्रालय :** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- टमाटर, प्याज और आलू (टीओपी) मूल्य शृंखला को एकीकृत विकास तथा टीओपी किसानों की मूल्य प्राप्ति में वृद्धि करना, फसल उपरांत नुकसान में कमी लाना, उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरीकरण और खाद्य प्रसंस्करण क्षमताओं और मूल्य संवर्धन में वृद्धि करना आदि।
- खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देना तथा किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य देना।

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना

- **आरंभ तिथि:** 1 अक्टूबर, 2020
- **मंत्रालय:** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- यह योजना कोरोना संकट में रोजगार बढ़ाने की दिशा में शुरू हुई। इसके तहत नई नौकरियों का सृजन और रोजगार अवसर बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

- **आरंभ तिथि:** 9 मई, 2015
- **मंत्रालय :** वित्त मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक बीमा योजना है। यह योजना एक वर्ष की कवर टर्म जीवन बीमा योजना हैं जिसे हर साल रिन्यू किया जा सकता है।
- कमजोर और गरीब वर्ग के लोगों को कम प्रीमियम वाले बीमा योजना की सुविधा देना।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0

- **आरंभ तिथि:** 15 जनवरी, 2021
- **मंत्रालय :** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- ऐसे लोगों को रोजगार मुहैया कराना है जो कम पढ़े-लिखे हैं या बीच में स्कूल छोड़ देते हैं।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

- **आरंभ तिथि:** वित्त वर्ष 2008-09
- **मंत्रालय:** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- इस योजना का उद्देश्य गैर-कृषि क्षेत्रों में नई सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना हेतु उद्यमियों की सहायता तथा पारंपरिक/ग्रामीण व शहरी बेरोजगारी युवाओं के लिए स्वरोजगार की व्यवस्था करना।

पीएम विश्वकर्मा योजना

- **आरंभ तिथि:** 17 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इस योजना की शुरुआत की गई।
- **मंत्रालय:** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- इस योजना का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था व वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एकीकृत करना है।
- इस योजना को 2023-24 से 2027-28 तक पाँच वित्तीय वर्षों के लिए ₹13000 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।

जल शक्ति अभियान : कैच द रेन

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- **आरंभ तिथि:** 22 मार्च, 2021
- **मंत्रालय :** जल शक्ति मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- जल संचयन और वर्षाजल का संचय करना।
- टैग लाइन– 'बारिश के पानी का संरक्षण, जहां भी संभव हो, जैसे भी संभव हो'।

प्रधानमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान योजना (PMYUVA)

- **आरंभ तिथि:** 2016
- **मंत्रालय :** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- उन सभी नवोदित लेखकों को बढ़ावा देना जिन्होंने देश की स्वतन्त्रता के लिये किये गये बलिदानों का वर्णन किया।

'सुरक्षित हम सुरक्षित तुम' अभियान

- **आरंभ तिथि:** 8 जून, 2021
- **विभाग/संस्था:** नीति आयोग और पिरामल

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- कोविड में प्रभावित व्यक्ति के विकास में समग्र सुधार करना।

'जान है तो जहान है' अभियान

- **आरंभ तिथि:** 21 जून, 2021
- **मंत्रालय:** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- कोविड टीकाकरण को बढ़ावा देना।

NIPUN भारत कार्यक्रम

- **आरंभ तिथि:** 5 जुलाई, 2021
- **मंत्रालय/विभाग:** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- देशभर में बच्चों के शिक्षा-स्तर को बढ़ावा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना तथा छात्रों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को छात्रों के अन्तर्गत विकसित करना।

पीएम मित्र योजना

- **आरंभ तिथि:** 6 अक्टूबर, 2021
- **मंत्रालय:** वस्त्र मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- भारतीय टैक्सटाइल का स्तर बढ़ाना और इससे जुड़े लोगों की स्थिति को मजबूत करना।

स्वनिधि से समृद्धि योजना

- **आरंभ तिथि:** 1 जून, 2020

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- स्ट्रीट वेंडर्स को कम ब्याज दर और आसान शर्तों पर काम करने के लिये ऋण उपलब्ध कराना।
- शुरुआत में ₹10,000 तक के कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान की गई।
- इस योजना के तहत ऋण बिना किसी गारंटी (कोलेट्रल के बिना) के प्रदान किया जाता है।
- प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी के माध्यम से नियमित पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित किया जाता है।

अग्निपथ योजना

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- **आरंभ तिथि:** 14 जून, 2022

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- देश के युवाओं को 4 वर्ष के लिये सेना में भर्ती करना है।
- इस योजना के अन्तर्गत, 17.5 वर्ष से 21 वर्ष तक की आयु वाले युवा उम्मीदवार आवेदन के पात्र होंगे।
- इस योजना के तहत चयनित युवाओं को 'अग्निवीर' के नाम से जाना जाएगा।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

- **आरंभ तिथि:** 1 जनवरी, 2017
- **मंत्रालय:** महिला और बाल विकास मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- **लाभार्थी:** गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के बैंक खाते में 5000 रुपये नगद प्रोत्साहन राशि।
- इसके अन्तर्गत आवेदन करने की न्यूनतम आयु 19 वर्ष है।

किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना

- **आरंभ तिथि:** अगस्त, 1998
- **लाभार्थी:** छोटे किसान, सीमांत किसान, बंटाईदार तथा पट्टेदार।

प्रधानमंत्री JIVAN (Jaiv Indhan Vatavaran Anukool Fasal Awashesh Nivaran Yojana)

- **आरंभ तिथि:** 7 मार्च, 2019
- **मंत्रालय:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- सरकार का लक्ष्य 2022 के अंत तक पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण करने का लक्ष्य रखा गया है। देश में एथेनॉल का उपयोग 10% तक करना है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

- **आरंभ तिथि:** 25 दिसंबर, 2000
- **मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- संपर्करहित बस्तियों को बारहमासी सड़क के माध्यम से जोड़ना।
- इस योजना के अन्तर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कें भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के प्रावधानों के अनुरूप होगी। (नोट- आईआरसी देश में राजमार्ग इंजीनियरों का शीर्ष निकाय है, जिसकी स्थापना वर्ष 1934 में हुई थी।)
- केंद्र सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV (PMGSY-IV) के कार्यान्वयन को मंजूरी प्रदान की गई तथा इस योजना के तहत ₹70,125 करोड़ कुल परिव्यय के साथ (केंद्र का हिस्सा ₹49,08750 करोड़ तथा राज्यांश ₹21,03750 करोड़) पात्र 25000 संपर्करहित बस्तियों को नए संपर्क मार्ग प्रदान करने के लिए 62,500 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- इस योजना में जनगणना 2011 के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में 500 + आबादी वाली, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 250 +, विशेष श्रेणी के क्षेत्रों और उग्रवाद प्रभावित जिलों में 100 + आबादी वाली 25000 संपर्करहित बस्तियों को कवर किया जाएगा।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना

- **आरंभ तिथि:** 19 फरवरी, 2015
- **मंत्रालय:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- इस योजना में मृदा परीक्षण की जाँच रिपोर्ट है, जिसे किसान के प्रत्येक खेतों हेतु दिया जाता है। इसके अन्तर्गत 12 पैरामीटर पर जाँच के उपरान्त किसानों को नि:शुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाता है।

स्मार्ट सिटी एंड एकेडेमिया टुवर्ड्स एक्शन एंड रिसर्च (SAAR) योजना

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- **आरंभ तिथि:** 25 जून, 2015
- **मंत्रालय:** 'आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय'

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- शहरी ज्ञान आधार का विस्तार करना।
- इस योजना में 15 प्रमुख योजना संस्थान और 47 स्मार्ट शहर शामिल हैं।

सक्षम आँगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना

- **मंत्रालय:** महिला बाल विकास मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- इन योजनाओं को मंजूरी 15वें वित्त आयोग (2021-22 से 2025-26) की अवधि के दौरान दी गई।
- इसका उद्देश्य पोषण सामग्री और वितरण में रणनीतिक बदलाव और स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के माध्यम से बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करना है।

राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन (NBHM)

- **आरंभ तिथि:** 2020
- **मंत्रालय:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
- **कार्यान्वयन विभाग:** राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- इस योजना का उद्देश्य मीठी क्रांति मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर शहद उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करना है।
- इस मिशन की घोषणा आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत की गई थी।

स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY)

- **आरंभ तिथि:** 1999
- **मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- केन्द्र और राज्य के बीच निधि सहभाजक 75 : 25 के अनुपात में है।

स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS)

- **आरंभ तिथि:** 19 अप्रैल, 2021
- **मंत्रालय:** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS) को 2021-22 से शुरू होने वाली 4 साल की अवधि के लिए 945 करोड़ रुपये के कोष के साथ मंजूरी दी गई है।

गरीब कल्याण योजना

- **आरंभ तिथि:** 2020
- **मंत्रालय:** जनजातीय कार्य मंत्रालय

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- मंत्रालय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

प्रथम राष्ट्रीय युवा नीति

- **शुरुआत:** वर्ष 1988
- **कार्यान्वयन विभाग:** युवा मामले और खेल विभाग

प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना

शुरुआत: वर्ष 2016

मंत्रालय: श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
शुरुआत: अक्टूबर, 2024 **मंत्रालय:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान
शुरुआत: अक्टूबर 2021 **नेतृत्व:** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य/केंद्रशासित प्रदेश	प्रमुख योजनाएँ
उत्तर प्रदेश	मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, आत्मनिर्भर कृषक समन्वय विकास योजना, मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना
मध्य प्रदेश	लाडली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, गाँव की बेटी योजना, भावांतर भुगतान योजना
राजस्थान	इन्दिरा गाँधी मातृत्व पोषण योजना, उष्ट्र संरक्षण योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
छत्तीसगढ़	राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, सौर सुजला योजना
हरियाणा	भावांतर भरपाई योजना, राजीव गाँधी परिवार बीमा योजना
कर्नाटक	कृषि भाग्य योजना
महाराष्ट्र	साइबर सुरक्षित महिला अभियान, श्रावणबाल सेवा राज्य निवृत्ती वेतन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा निवृत्ती वेतन योजना, संजय गांधी निराधार अनुदान योजना
ओडिशा	ड्रिंक फ्रॉम टैप मिशन, ओडिशा लिवेबल हैबिटेट मिशन या जगा मिशन, आजीविका और आय वृद्धि के लिए कृषक सहायता (कालिया) योजना, जल साथी
सिक्किम	एक परिवार एक नौकरी योजना
तेलंगाना	मिशन काकतीय, मिशन भगीरथ, रयथू बंधु योजना
पश्चिम बंगाल	कन्याश्री प्रकल्प, पश्चिम बंगाल प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना
असम	ओरुनोदोई योजना, स्वनिर्भर नारी योजना
उत्तराखंड	गौरा देवी कन्या धन योजना, नंदा गौरा योजना, मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना
हिमाचल प्रदेश	सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, हिम केयर योजना, जनमंच कार्यक्रम, प्राकृतिक खेती-खुशहाल किसान योजना
पंजाब	बेबे नानकी लाडली बेटी कल्याण योजना, माई भागो विद्या योजना
दिल्ली	महिला सम्मान योजना, संजीवनी योजना
गुजरात	वहली डिकरी योजना, जुपाडा विजादिकरण योजना
बिहार	गंगा उद्वह योजना, बिहार मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना
केरल	सुभिक्षा केरलम, उद्यमी सहायक योजना
तमिलनाडु	ईमेगल योजना, मॉडल स्कूल योजना, नींगल नालमा योजना, थोलकुडी थिट्टम योजना
झारखंड	बिरसा हरित ग्राम योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, झारखंड राज्य फसल राहत योजना

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

प्रश्नोत्तर

1. गुजरात के कच्छ में रण उत्सव किस माह में शुरू होता है?
SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II
(a) नवंबर (b) अप्रैल
(c) फरवरी (d) मई

Ans. (a)

- गुजरात सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा हर साल नवंबर के अंत से शुरू होकर नए साल के फरवरी माह तक रण उत्सव मनाया जाता है।
- इस त्योहार को सफेद रेगिस्तान महोत्सव भी कहा जाता है।
- यह उत्सव तीन महीने तक मनाया जाता है।

2. .... के किन्नौरी लोग, किन्नौरी नृत्य लोसर शोना चुक्सम करते हैं।
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-I
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) हिमाचल प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

Ans. (c)

- लोसर शोना चुक्सम हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले का एक प्रसिद्ध लोक नृत्य है।
- इस नृत्य शैली का बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है। इसे तिब्बती नववर्ष के दौरान किया जाता हैं, जो आमतौर पर अप्रैल और मई में पड़ता है।
- चुक्सम को हिमाचल प्रदेश के किन्नौरी लोग गांव और ग्रामीण जीवन के महत्व के लिए करते हैं।

3. ओडिशा का धनु यात्रा उत्सव, जो दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर (open-air theatre) भी है, ... पर आधारित है।
SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I
(a) दशहरा (b) भगवान शिव
(c) कृष्ण लीला (d) राम लीला

Ans. (c)

- ओडिशा के बरगढ़ में धनु यात्रा उत्सव मनाया जाता है।
- यह ओडिशा में मनाया जाने वाला एक वार्षिक नाटक आधारित ओपन-एयर नाट्य प्रदर्शन है।
- इसे दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर माना जाता है।
- इसमें 11 दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण की कथाओं का मंचन किया जाता है।

4. धरांग मेला (Dhrang Fair), ... में दो दिवसीय उत्सव है जो संत मेकरन दादा के सम्मान में श्रद्धा अर्पित करने एवं धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए मनाया जाता है।
SSC GD 13 Feb. 2025 Shift II
(a) पंजाब (b) गुजरात
(c) राजस्थान (d) हरियाणा

Ans. (b)

- धरांग मेला गुजरात में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर उतरी कच्छ के रण में मनाया जाता है।
- **गुजरात के अन्य मेले-** तरनेतर मेला, माधवपुर मेला,डांग दरबार मेला,दत्तात्रेय मेला,साधारा मेला आदि।

5. असम का सबसे आकर्षक और अनोखा त्योहार कौन-सा है, जहाँ प्रतिदान प्रणाली जीवंत हो उठती है?
SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I
(a) चिखलकालो (b) मढाई
(c) जूनबील मेला (d) शिग्मो

Ans. (c)

- जूनबील मेला, असम के मोरीगांव जिले में लगने वाला एक वार्षिक मेला है।
- यह मेला तिवा जनजाति के लोगों द्वारा मनाया जाता हैं।
- यह मेला वस्तु विनिमय प्रणाली के लिए जाना जाता है।
- **असम राज्य में लगने वाले अन्य मेले एवं त्योहार-** अंबुबाची मेला, बिहू, रंगकेर, बैशाग बाथो पूजा, सगंक्रान आदि।

6. उझावर थिरूनल किस राज्य में मनाया जाने वाला किसानों का त्योहार है?
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II
(a) केरल (b) तमिलनाडु
(c) आंध्र प्रदेश (d) तेलंगाना

Ans. (b)

- उझावर थिरुनल (Uzhavar Thirunal) तमिलनाडु राज्य में मनाया जाने वाला किसानों का त्योहार है।
- यह त्योहार पोंगल उत्सव के दौरान किसानों की फसल की समाप्ति का प्रतीक है।
- **तमिलनाडु के अन्य फसल उत्सव**–जल्लीकट्टू, पुथंडु, थाईपुसम आदि।

7. अरुणाचल प्रदेश में कौन-सा उत्सव मोनपा (Monpas) द्वारा मनाया जाता है?
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-II
(a) लोसूंग उत्सव
(b) मकरविलक्क उत्सव
(c) गणगौर उत्सव
(d) लोस उत्सव

Ans. (d)

- लोसर त्योहार अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, लद्दाख आदि राज्यों में मनाया जाता है।
- लोसर त्योहार तिब्बती नववर्ष के रूप में मनाया जाता है।
- अरुणाचल प्रदेश के अन्य प्रमुख उत्सव सोलूंग, ड्री उत्सव, मोपिन, न्योकुम, चालो-लोकू।

8. निम्नलिखित में से किस स्थान पर रेह (Reh) और बूरी बूट (Boori Boot) मुख्य रूप से मनाया जाता है?
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II
(a) असम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) हिमाचल प्रदेश (d) गुजरात

Ans. (b)

- रेह और बूरी बूट मुख्य रूप से अरुणाचल प्रदेश में मनाए जाने वाले त्योहार हैं।
- यह त्योहार अरुणाचल प्रदेश की न्यीशी जनजाति द्वारा ऊपरी सुबनसिरी और निचली सुबनसिरी जिले में मनाया जाता है।
- यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन और अच्छी फसल के लिए फरवरी माह में मनाया जाता है।

9. 01 जनवरी, 2024 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत में कितने राष्ट्रीय त्योहार मनाए जाते हैं?
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III
(a) 2 (b) 3
(c) 5 (d) 4

Ans. (b)

भारत में तीन राष्ट्रीय त्योहार मनाए जाते हैं–
- 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस
- 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस
- 2 अक्टूबर, गांधी जयंती

10. रज उत्सव के दौरान नारीत्व का जश्न मनाया जाता है। यह त्योहार भारत के किस राज्य में अत्यधिक लोकप्रिय है?
SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

(a) पश्चिम बंगाल (b) महाराष्ट्र
(c) ओडिशा (d) केरल

Ans. (c)

- ओडिशा में मनाया जाने वाला तीन दिवसीय रज उत्सव धरती माता को समर्पित है।
- **ओडिशा में मनाए जाने वाले अन्य प्रमुख त्योहार एवं उत्सव** –
- नव कलेवर, डोला पुर्णिमा, हिंगोला यात्रा, पुरी बीच महोत्सव तथा धनु यात्रा आदि।

11. निम्नलिखित में से किस राज्य में 'थाईपुसम (Thaipusam)' उत्सव मनाया जाता है?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II
(a) त्रिपुरा (b) सिक्किम
(c) तमिलनाडु (d) तेलंगाना

Ans. (c)

- थाईपुसम भगवान मुरुगन(कार्तिकेय) की बुराई पर जीत के उत्सव के रूप में मनाया जाता है।
- यह त्योहार तमिल कैलेंडर के थाई माह की पूर्णिमा को तमिलनाडु में मनाया जाता है।

12. बुशु, यमशे और तोखू एमोंग किस राज्य के जनजातीय लोगों द्वारा मनाए जाने वाले कुछ साँस्कृतिक त्योहार हैं?
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III
(a) सिक्किम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) नगालैंड (d) झारखंड

Ans. (c)

- बुशु, यमशे और तोखू एमोंग नागालैंड राज्य के जनजातीय लोगों द्वारा मनाए जाने वाले कुछ सांस्कृतिक त्योहार हैं।
- बुशु दिमासा कचारी जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला एक फसल त्योहार है।
- यमशे पोचुरी नागा जनजाति द्वारा मनाया जाता है।
- तोखू एमोंग लोथा नागा जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला 9 दिवसीय त्योहार है।

13. बूंदी उत्सव ...... में एक लोकप्रिय त्योहार है।
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-II
(a) पंजाब (b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान (d) मिजोरम

Ans. (c)

- बूंदी उत्सव राजस्थान में कार्तिक महीने की पूर्णिमा के 3 दिन बाद से शुरू होता है।
- इस त्योहार में मिट्टी के दीप जलाकर नवल सागर झील में दीपदान किया जाता है।
- **राजस्थान में मनाए जाने वाले अन्य प्रमुख उत्सव त्योहार एवं मेले**
  मरू महोत्सव, मारवाड़ उत्सव, कोलायत मेला, गणगौर महोत्सव कजली तीज, पुष्कर मेला, रणकपुर उत्सव आदि।

14. असमिया कैलेंडर के अनुसार, नए वर्ष का प्रारंभ फसल कटाई ऋतु की शुरुआत के साथ होता है. जिसे ...... बिहू के नाम से भी जाना जाता है।
SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I
(a) कटि (b) माघ
(c) बोहाग (d) चैत्र

Ans. (c)

- असमिया कैलेंडर का नया साल आमतौर पर 15 अप्रैल को आता है। नया साल बोहाग महीने से शुरू होता है।
- 'रोंगाली बिहू' को बोहाग बिहू भी कहा जाता है।
- रोंगाली बिहू असम का बसंत ऋतु का त्योहार है।
- **असम के अन्य प्रमुख त्योहार** – सॉन्गक्रेन, मी डैम मी फी, कार्बी युवा महोत्सव, बरपेटा असम चाय महोत्सव,जुड़ीमा महोत्सव आदि।

15. भारत में स्थानीय परंपराओं के अनुसार चिंगम (अगस्त/सितंबर) महीने में निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार दस दिनों तक मनाया जाता है?
SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III
(a) ओणम (b) मकर संक्रांति
(c) बिहू (d) पोंगल

Ans. (a)

- ओणम का त्योहार चिंगम (अगस्त/सितंबर) महीने में 10 दिनों तक मनाया जाने वाला केरल राज्य का एक प्रसिद्ध त्योहार है।
- ओणम त्योहार के दौरान वल्लमकल्ली (नाव दौड़) का आयोजन किया जाता है।
- बिहू –असम
- पोंगल–तमिलनाडु

16. वसंत त्योहार, अली-ऐ-लिगांग, भारतीय राज्य ...... में फागुन महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता है।
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-III
(a) असम (b) गोवा
(c) केरल (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (a)

- अली-ऐ-लिगांग असम के मिशिंग समुदाय का मुख्य त्योहार है, जिसमें वे पारंपरिक अनुष्ठान और नृत्य करते हैं।
- यह त्योहार फागुन माह के पहले बुधवार को मनाया जाता है, जो फरवरी के मध्य से शुरू होता है।
- अली-ऐ-लिगांग का शाब्दिक अर्थ जड़ों और फलों की पहली बुवाई है, जिसमें **'अली'** का अर्थ बीज, **'ऐ'** का अर्थ फल और **'लिगांग'** का अर्थ बुवाई है।

17. 'कलिंग महोत्सव' किस राज्य में मनाया जाता है?
SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-II
(a) कर्नाटक (b) महाराष्ट्र
(c) ओडिशा (d) असम

Ans. (c)

- कलिंग महोत्सव ओड़िशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर के पास में मनाया जाता है।
- यह एक सामाजिक नृत्य त्योहार है, जिसे युद्ध पर शांति की बड़ी जीत के रूप में मनाया जाता है।

18. गोम्बे हब्बा (Gombe Habba), नवरात्रि के दौरान कर्नाटक राज्य में मनाया जाने वाला ...... का एक त्योहार है।
SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I
(a) गुड़ियों (b) नदियों
(c) पहाड़ों (d) पतंगों

Ans. (a)

- कर्नाटक राज्य में नवरात्रि के दौरान मनाया जाने वाला गोम्बे हब्बा गुड़ियों का त्योहार है।
- **कर्नाटक के अन्य प्रमुख त्योहार एवं उत्सव**– उगादि, कम्बाला महोत्सव, हंपी महोत्सव, करगा महोत्सव एवं वैरामुंडी महोत्सव आदि।

19. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में जीवंत मंदिर उत्सव त्रिशूर पूरम मनाया जाता है?
SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III
(a) महाराष्ट्र (b) आंध्र प्रदेश
(c) केरल (d) तमिलनाडु

Ans. (c)

- त्रिशूर पूरम को त्योहारों का त्योहार के नाम से भी जाना जाता है, यह केरल की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भावना का एक भव्य उत्सव है।
- यह त्योहार अप्रैल-मई के महीनों में त्रिशूर शहर में वडक्कुमनाथन मंदिर से सटे थेक्किनाडु मैदान में मनाया जाता है।

20. हाल्दा महोत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I
(a) मध्यप्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) उत्तरप्रदेश (d) अरुणाचल प्रदेश

Ans. (b)

- हाल्दा महोत्सव हिमाचल प्रदेश की लाहौल स्पीति घाटी में मनाया जाता है।
- यह त्योहार जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह में मनाया जाता है।
- **हिमाचल प्रदेश के अन्य त्योहार**– कुल्लू दशहरा, चेत या डोलरू, मणिमहेश यात्रा, हलोग, लावी मेला, सिपी मेला आदि।

21. ...... त्योहार, जिसमें नाग देवी मनसा की पूजा की जाती है, भारत में बंगाल, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है।
SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III
(a) अंबुबासी (b) मतस्य
(c) बिहुला (d) कुंभ

Ans. (c)

- बिहुला त्योहार नागों की देवी मनसा की पूजा के लिए जाना जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- यह त्योहार प्रत्येक वर्ष अगस्त माह में बिहार के भागलपुर में मनाया जाता है।
- **बिहार, बंगाल और झारखंड में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्व**–सरहुल, करम, छठ पूजा, सोहराई आदि।

22. शिग्मो उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-I

(a) गोवा (b) हिमाचल प्रदेश
(c) हरियाणा (d) गुजरात

Ans. (a)

- शिगमोत्सव, गोवा के विभिन्न समूहों द्वारा मनाया जाने वाला वसंत उत्सव है।
- गोवा और कोंकण क्षेत्र में इस उत्सव को शिग्मो के नाम से जाना जाता है।
- यह पारंपरिक वेशभूषा के साथ लोक नृत्यों का पर्व शिग्मो फाल्गुन (फरवरी-मार्च) में मनाया जाने वाला त्योहार है।
- **गोवा के अन्य प्रमुख उत्सव**- गोवा कार्निवल, साओजोआओ, चिकलकालो।

23. बोहाग बिहू, जिसे —– बिहू भी कहा जाता है, उल्लास एवं समृद्धि के प्रतीक के रूप में असमिया नव वर्ष और वसंत के आगमन का उत्सव है।

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III

(a) रोंगाली (Rongali)
(b) गोरु (Goru)
(c) मनुह (Manuh)
(d) कटि (Kati)

Ans. (a)

- बोहाग बिहू को रोगाली बिहू भी कहा जाता है।
- बिहू तीन रूपों में मनाया जाता है–
- **रोंगाली बिहू,** यह नई साल के आगमन तथा अप्रैल माह में मनाया जाता है।
- **भोगाली बिहू(माघ बिहू),** यह त्योहार जनवरी माह में मनाया जाता है।
- **कोगाली(काटी बिहू),** यह त्योहार अक्टूबर माह में मनाया जाता है।

24. हिमाचल प्रदेश राज्य में मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव का स्थानीय नाम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III

(a) बस्तर दशहरा (b) मदिकेरी दशहरा
(c) कुल्लू दशहरा (d) कोठा दशहरां

Ans. (c)

- कुल्लू दशहरा हिमाचल प्रदेश के कुल्लू शहर में मनाया जाता है।
- कुल्लू दशहरा के दौरान हिमाचल प्रदेश में लालडी नृत्य किया जाता है।
- यहां इस त्योहार को दशमी कहते हैं तथा आश्विन महीने की दसवीं तारीख को इसकी शुरुआत होती है।
- बस्तर दशहरा– छत्तीसगढ़
- कोटा दशहरा – राजस्थान
- मदिकेरी दशहरा– कर्नाटक

25. चापचर कुट महोत्सव, जो सुनहरी फसल की प्रत्याशा में मनाया जाता है, मुख्य रूप से...... का त्योहार है।

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तराखंड
(c) केरल (d) मिजोरम

Ans. (d)

- चापचर कुट का त्योहार उस अवधि के दौरान मनाया जाता है जब काटे गए बांस और पेड़ों को झूमिंग कृषि के लिए जलाने के लिए सूखने का इंतजार किया जाता है।
- **मिजोरम राज्य के अन्य प्रमुख उत्सव**- मीम कुट, थलफवांग कुट तथा पावल कुट।

26. 'चेइराओबा (Cheiraoba)' उत्सव, ... राज्य में मनाया जाने वाला नववर्ष उत्सव है।

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-II

(a) गोवा (b) उत्तराखंड
(c) मणिपुर (d) कर्नाटक

Ans. (c)

- चेइराओबा, जिसे साजिबू नोंगमपनबा भी कहा जाता है, मणिपुर के मैतेई समुदाय का नववर्ष है।
- यह हर साल साजिबू महीने के पहले दिन मनाया जाता है।
- यह हर साल साजिबू महीने के पहले दिन मनाया जाता है, जो मैतेई चंद्र कैलेंडर का पहला महीना है, जो अप्रैल में पड़ता है।

27. सरहुल उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III

(a) हिमाचल प्रदेश (b) झारखंड
(c) उत्तर प्रदेश (d) उत्तराखंड

Ans. (b)

- सरहुल उत्सव झारखंड की आदिवासी जनजातियाँ संथाल, मुंडा तथा हो के द्वारा नव वर्ष के आगमन पर मनाया जाता है।
- सरहुल त्योहार प्रकृति की पूजा का त्योहार है।
- **झारखंड राज्य में मनाए जाने वाले अन्य प्रमुख त्योहार**- भक्ता परब, सोहराई, रोहिणी, करमा तथा छठ पूजा।

28. निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार मराठी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) उगादि (b) गुड़ी पड़वा
(c) मकर संक्रांति (d) पोंगल

Ans. (b)

- गुड़ी पड़वा चैत्र मास के शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है।
- यह महाराष्ट्र का प्रमुख त्योहार है, जो मराठी नववर्ष के तौर पर मनाया जाता है।
- उगादि को नववर्ष के रूप में कर्नाटक राज्य में मनाया जाता है।

29. पश्चिम बंगाल के किस त्योहार को यूनेस्को (UNESCO) की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में जगह मिली है?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-I

(a) पोइला बैशाख (b) दुर्गा पूजा
(c) जमाई षष्ठी (d) पौष संक्रांति

Ans. (b)

- पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध त्योहार दुर्गा पूजा को वर्ष 2021 में यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया है।
- भारत में यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त 15 अमूर्त सांस्कृतिक विरासतें हैं।
- वर्ष 2023 में गुजरात के नृत्य गरबा को भी इसमें शामिल किया गया है।

30. नागालैंड का कौन-सा उत्सव हर साल 1 दिसंबर को शुरू होता है?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I

(a) वांगला उत्सव (b) लोसूंग उत्सव
(c) बिहू उत्सव (d) हॉर्नबिल उत्सव

Ans. (d)

- हॉर्नबिल उत्सव, नागालैंड की संस्कृति, परंपरा और कला को प्रदर्शित करने वाला एक दस दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव है, जो प्रत्येक वर्ष 1 से 10 दिसंबर तक मनाया जाता है।
- इस महोत्सव की शुरूआत वर्ष 2000 में हुई थी।
- वांग्ला उत्सव – मेघालय
- बिहू उत्सव – असम
- लोसूग उत्सव – सिक्किम

31. भारत के तमिलनाडु राज्य में सूर्य देव को समर्पित फसल उत्सव के रूप में कौन-सा त्यौहार मनाया जाता है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-III

(a) बैसाखी (b) माघ बिहू
(c) पोंगल (d) मकर संक्रांति

Ans. (c)

- पोंगल या फसल उत्सव सूर्य, प्रकृति और मवेशियों को श्रद्धांजलि देने के तरीके से मनाया जाता है, क्योंकि वे अच्छी फसल के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।
- **भोगी पोंगल:** यह उत्सव का पहला दिन है, जिसमें लोग अपने घरों से पुराने सामान को हटाते हैं और अलाव जलाते हैं।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- **थाई पोंगल:** यह दूसरा दिन है, जो सूर्य देवता को समर्पित है, इस दिन लोग दूध और गुड़ चढ़ाते हैं और पोंगल पकवान बनाते हैं।
- **माटू (मट्टू) पोंगल:** यह तीसरा दिन है, जो मवेशियों को समर्पित है, लोग अपने मवेशियों को सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं।
- **कानुम पोंगल:** यह पोंगल का आखिरी दिन होता है।

32. कोणार्क उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I

(a) केरल (b) आंध्र प्रदेश
(c) ओडिशा (d) मणिपुर

Ans. (c)

- ओडिशा में प्रत्येक वर्ष 1 से 5 दिसंबर तक कोणार्क के ओपन एयर ऑडिटोरियम में विशाल सूर्य मंदिर की पृष्ठभूमि में आकर्षक कोणार्क महोत्सव का आयोजन किया जाता है।
- प्रथम बार वर्ष 1989 में पर्यटन विभाग और ओडिसी रिसर्च सेंटर द्वारा इसका आयोजन किया गया था।
- **ओडिशा के अन्य प्रमुख उत्सव-** डोला पुर्णिमा, सरस्वती पूजा, दुर्गा पूजा, चंदन यात्रा आदि।

33. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का राष्ट्रीय पर्व नहीं है?

SSC GD 14 Feb. 2025 Shift-I

(a) स्वतंत्रता दिवस (b) राष्ट्रीय एकता दिवस
(c) गांधी जयंती (d) गणतंत्र दिवस

Ans. (b)

- **भारत के तीन राष्ट्रीय पर्व है:**
- स्वतंत्रता दिवस – 15 अगस्त
- गांधी जयंती – 2 अक्टूबर
- गणतंत्र दिवस – 26 जनवरी
- राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के दिन 31 अक्टूबर को मनाया जाता है।

34. निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य रूप से ईसाई समुदाय द्वारा मनाया जाता है?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-II

(a) मुहर्रम (b) मिलाद-उन-नबी
(c) महावीर जयंती (d) गुड फ्राइडे

Ans. (d)

- गुड फ्राइडे ईसाई समुदाय द्वारा मनाए जाने वाला पर्व है, जिसे प्रभु यीशु के बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- ईसाई समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले त्योहार एवं उत्सव

  गुड फ्राइडे – (ईसा मसीह का जन्म उत्सव)
  क्रिसमस – (ईसा मसीह का पुनरुत्थान उत्सव)
  ईस्टर – (ईसा मसीह का सूली पर चढ़ने की याद में)

35. हॉर्नबिल महोत्सव (Hornbill Festival) राज्य में मनाया जाता है।

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II

(a) हरियाणा (b) सिक्किम
(c) पंजाब (d) नगालैंड

Ans. (d)

- हॉर्नबिल महोत्सव नागालैंड राज्य में 1 से 10 दिसंबर तक प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।
- यह नागा हेरिटेज विलेज **किसामा** में मनाया जाता है।
- **नागालैंड के अन्य महोत्सव** – सेक्रेनी, तुलुनी, हेगा, चेगा गादी, अहुना

36. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन गलत है/हैं?

i. 'एसजीएसवाई (SGSY)' योजना 2009 में लागू की गई थी।

ii. 'एसजीएसवाई (SGSY)' योजना का प्राथमिक उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देना और प्राप्त करना था।

iii- आंध्र प्रदेश में 'एसजीएसवाई (SGSY)' योजना ने अच्छा प्रदर्शन किया।

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I

(a) केवल iii (b) केवल i
(c) केवल ii (d) केवल ii और iii

Ans. (b)

- ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा **स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)** वर्ष 1999–2000 में ग्रामीण क्षेत्रों शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत, गरीबों को स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर, उन्हें प्रशिक्षण, ऋण, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा और विपणन में मदद की जाती है।
- यह योजना केंद्र और राज्य सरकार के बीच 75:25 की लागत के आधार पर लागू की जाती है।

37. भारत सरकार ने भारत के युवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय युवा नीति (National Youth Policy - NYP) किस वर्ष आरंभ की?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I

(a) 2014 (b) 2015
(c) 2018 (d) 2016

Ans. (a)

- भारत की प्रथम युवा नीति वर्ष 1988 में बनाई गई थी, जिसे बाद में वर्ष 2003 द्वारा परिवर्तित कर दिया गया।
- इसके बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय युवा नीति वर्ष 2003 के स्थान पर राष्ट्रीय युवा नीति 2014 लागू की थी।
- सरकार ने राष्ट्रीय युवा नीति (एनवाईपी) 2014 की समीक्षा की और उसे अद्यतन किया है और नईएनवाईपी 2024 के लिए मसौदा जारी किया है।
- यह मसौदा सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है और युवाओं के विकास के लिए 10 वर्ष का मसौदा तय करता है।

38. ......दिनों का काम (रोजगार) देने के लिए भारत सरकार द्वारा गरीब कल्याण रोजगार योजना 2020 शुरू की गई थी।

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-III

(a) 120 (b) 115
(c) 130 (d) 125

Ans. (d)

- गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) 20 जून, 2020 को 125 दिनों की अवधि के लिए शुरू किया गया था।
- इस अभियान में 50,000 करोड़ रुपये के रोजगार संसाधन शामिल थे, ताकि गांवों में लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों और ग्रामीण क्षेत्र में इसी तरह से प्रभावित नागरिकों के लिए रोजगार और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा दिया जा सके।

39. पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना कब शुरू की गई थी?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II

(a) नवंबर 2024 (b) अक्टूबर 2024
(c) फरवरी 2024 (d) मार्च 2024

Ans. (c)

- भारत सरकार ने सोलर रूफटॉप एबिलिटी की एलसीडी ग्रोथ और आवासीय घरों को अपनी बिजली उत्पादन के लिए 13 फरवरी, 2024 को सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना शुरू की।
- इस योजना में परिव्यय 75,021 करोड़ रुपये है और यह वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू है।
- इस योजना को कार्यान्वित राष्ट्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम एजेंसी (एनपीआईए) एवं राज्य स्तर पर राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआइआईए) द्वारा किया जाएगा।

40. पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान किस वर्ष शुरू किया गया था?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I

(a) 2023 (b) 2020
(c) 2021 (d) 2022

Ans. (c)

- माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 अक्टूबर, 2021 को विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टीमॉडल

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान लॉन्च किया।
- ❒ आर्थिक मामलों की सरकारी समिति ने 21 अक्टूबर, 2021 को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के कार्यान्वयन को मंजूरी दी थी।

41. भारत सरकार द्वारा गरीब कल्याण रोजगार अभियान कितने राज्यों में शुरू किया गया?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I

(a) सात (b) छह
(c) पाँच (d) चार

Ans. (b)

- ❒ गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) 20 जून, 2020 को 125 दिनों की अवधि के लिए शुरू किया गया था।
- ❒ इसकी शुरुआत भारत के 6 राज्यों बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 116 चयनित जिलों में 25 कार्यों (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यों सहित) पर ध्यान केंद्रित करके दीर्घकालिक आजीविका के अवसरों में वृद्धि करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई गई।

42. भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना किस वर्ष शुरू की गई थी?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I

(a) 2019 (b) 2017
(c) 2018 (d) 2020

Ans. (d)

- ❒ आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (ABRY) 1 अक्टूबर,2020 को शुरू की गई थी।
- ❒ इस योजना का मुख्य उद्देश्य महामारी के दौरान हुए आर्थिक नुकसान से उबरने और रोजगार के अवसर पैदा करना है।
- ❒ इस योजना के तहत, नए कर्मचारियों को उनके वेतन का 12% कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) योगदान सरकार द्वारा दिया जाता है।

43. आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना किस तिथि को आरंभ की गई थी?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III

(a) 1 नवंबर, 2023
(b) 1 अक्टूबर, 2015
(c) 31 अक्टूबर, 2021
(d) 1 अक्टूबर, 2020

Ans. (d)

- ❒ आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (ABRY) 1 अक्टूबर,2020 को शुरू की गई थी।

44. भारत के प्रधानमंत्री ने 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (Dharti Aaba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan)' कब लॉन्च किया?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III

(a) जुलाई 2024 (b) दिसंबर 2024
(c) नवम्बर 2024 (d) अक्टूबर 2024

Ans. (d)

- ❒ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना को 18 सितंबर, 2024 को कैबिनेट की मंजूरी मिली तथा 2 अक्टूबर,2024 को इसकी शुरुआत हुई।
- ❒ यह अभियान भारत के 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी ब्लॉकों में विस्तृत 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए लगभग 63,843 गांवों को कवर करेगा।
- ❒ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य भारत सरकार के 17 मंत्रालयों द्वारा परिपूर्णता और आउटरीच द्वारा कार्यान्वित 25 कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना है।

45. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।

योजना का नाम	वर्ष
i. जवाहर रोजगार योजना	1.1988
ii. रोजगार आश्वासन योजना	2.1989
iii. मिलियन वेल्स योजना	3.1995
iv. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम	4.1993

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-III

(a) i-3, ii-4, iii-2, iv-1
(b) i-2, ii-3, iii-4, iv-1
(c) i-4, ii-1, iii-2, iv-3
(d) i-2, ii-4, iii-1, iv-3

Ans. (d)

❒ योजना का नाम	वर्ष
1. जवाहर रोजगार योजना (Jawahar Rozgar Yojana)	1989
2. रोजगार आश्वासन योजना (The Employment Assurance Scheme)	1993
3. मिलियन वेल्स योजना (The Million Wells Scheme)	1988
4. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (National Social Assistance Programme)	1995

46. प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना ______ से क्रियान्वित की जा रही है।

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-I

(a) 2017 (b) 2016
(c) 2015 (d) 2014

Ans. (b)

- ❒ प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (PMRPY) वर्ष 2016 में श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
- ❒ इस योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करना था।
- ❒ इस योजना का कार्यान्वयन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय करता है।

47. भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम किस वर्ष आरंभ किया गया था?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II

(a) 2007 (b) 2009
(c) 2006 (d) 2008

Ans. (d)

- ❒ अगस्त 2008 में शुरू किया गया प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एक प्रमुख ऋण-लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के द्वारा स्वरोजगार के अवसरों का निर्माण करना है।
- ❒ इस योजना को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नोडल एजेंसी के रूप में कार्यान्वित किया जाता है।
- ❒ राज्य स्तर पर, इस योजना को राज्य केवीआईसी निदेशालयों, राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्डों (केवीआईबी), जिला उद्योग केंद्रों (डीआईसी) एवं बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

48. 'पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' में कौन-सा लाभ शामिल नहीं है?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) सरकार के लिए बिजली की कीमतों में कमी
(b) नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना
(c) निजी क्षेत्र के लिए बिजली की कीमतों में कमी
(d) घरों के लिए मुफ्त बिजली

Ans. (c)

प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना में शामिल होने वाले लाभ:
- ❒ घरों के लिए मुफ्त बिजली
- ❒ सरकार के लिए बिजली की लागत में कमी
- ❒ नवीकरणीय ऊर्जा का बढ़ता उपयोग
- ❒ कार्बन उत्सर्जन में कमी
- ❒ यह योजना घरों को 40% तक सब्सिडी प्रदान करती है।
- ❒ 13 फरवरी, 2024 को सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई थी।

49. 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' में शिशु श्रेणी के लिए ऋण सीमा (loan cover) तक है।

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I

(a) ₹10,00,000 (b) ₹5,00,000
(c) ₹7,00,000 (d) ₹50,000

Ans. (d)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 8 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई, जिसका उद्देश्य लघु उद्यमियों को ऋण प्रदान करना था।
- वित्त मंत्रालय ने बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप इस योजना के तहत मुद्रा ऋण की मौजूदा सीमा को ₹10 लाख से बढ़ाकर ₹20 लाख कर दिया गया है।
- मुद्रा ऋण अब चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएँगे– **शिशु, किशोर, तरुण** तथा **तरुण प्लस**
- **शिशु:** 50,000/- रुपये तक के ऋण मिलते हैं।
- **किशोर:** 50,000/- रुपये से 5 लाख रुपये तक के ऋण मिलते है।
- **तरुण:** 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का ऋण शामिल है।
- **तरुण प्लस:** 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक के ऋण मिलते हैं।

50. भारत सरकार के 2023-24 के केंद्रीय बजट में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को लाभ पहुंचाने के लिए कौन-सी स्कीम या पैकेज प्रोग्राम पेश किया गया था?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-II

(a) पीएम श्री (PM SHREE)
(b) पीएम विजेत (PM VIJET)
(c) पीएम विकास (PM VIKAS)
(d) पीएम विश्वास (PM VISHWAS)

Ans. (c)

- प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास) अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की एक प्रमुख योजना है, जो पांच पूर्ववर्ती योजनाओं अर्थात 'सीखो और कमाओ', 'नई मंजिल', 'नई रोशनी', 'हमारी धरोहर' और 'उस्ताद' को एकीकृत करती है।

51. प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) 2.0 के तहत 'ईडब्ल्यूएस परिवारों (EWS households)' के लिए वार्षिक आय का पात्रता मानदंड कितना है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-III

(a) ₹6 लाख से ₹9 लाख तक
(b) ₹6 लाख तक
(c) ₹7 लाख से ₹9 लाख तक
(d) ₹3 लाख तक

Ans. (d)

- प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) भारत सरकार का एक प्रमुख मिशन है,जिसकी शुरूआत 25 जून 2015 को की गई।
- इस मिशन का क्रियान्वयन आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा किया जा रहा है।
- इस मिशन (PMAY-U 2.0) के तहत झुग्गी-झोपड़ी वासियों के साथ-साथ 3.0 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले ईडब्ल्यूएस परिवार के लिए न्यूनतम 30 वर्ग मीटर और अधिकतम 45 वर्ग मीटर तक आवास की कमी को पूरा किया जाएगा।

52. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय 'काम का अधिकार' की गारंटी देता है?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-I

(a) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
(b) कर्मचारी भलिष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम
(c) भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम
(d) नागरिकता अधिनियम

Ans. (a)

- **राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005**, एक भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय है, जिसका उद्देश्य 'कार्य करने का अधिकार' है।
- बाद में इसे "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम"(मनरेगा) के नाम से बदल दिया गया।
- इसे मनरेगा के तहत एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

53. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना किसने लॉन्च की?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-III

(a) नरेंद्र मोदी
(b) निर्मला सीतारमण
(c) अमित शाह
(d) राजनाथ सिंह

Ans. (a)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 अप्रैल, 2015 को मुद्रा योजना का शुभारंभ किया।
- MUDRA: Micro Units Development & Refinance Agency Ltd.

54. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में नामांकित व्यक्तियों को कितने दिनों का कार्य (रोजगार) मिलता है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-III

(a) 100 दिन (b) 130 दिन
(c) 125 दिन (d) 150 दिन

Ans. (a)

- मनरेगा के तहत एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान किया जाता है।
- इस योजना के तहत, आवेदक के घर से 5 किलोमीटर के दायरे में रोजगार प्रदान किया जाता है।
- अगर आवेदन करने के 15 दिनों के अंदर काम नहीं मिलता, तो आवेदक बेरोजगारी भत्ता पाने का हकदार होता है।

55. गरीब कल्याण रोजगार अभियान 2020 में किसके द्वारा शुरू किया गया था?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III

(a) RBI के गवर्नर
(b) भारत के गृहमंत्री
(c) भारत के वित्त मंत्री
(d) भारत के प्रधान मंत्री

Ans. (d)

- गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) 20 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 125 दिनों की अवधि के लिए शुरू किया गया था।

56. स्वच्छ भारत अभियान किस भारतीय राष्ट्रीय पर्व पर मनाया जाता है?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-II

(a) स्वतंत्रता दिवस (b) गणतंत्र दिवस
(c) नववर्ष (d) गांधी जयंती

Ans. (d)

- स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्टूबर, 2014 को गांधी जयंती पर शुरू किया गया।
- **मंत्रालय:** पेयजल और स्वच्छता विभाग (जल शक्ति मंत्रालय)
- **उद्देश्य:** सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करना तथा सफाई के प्रति लोगों में जागरुकता लाकर और स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा के माध्यम से स्थायी स्वच्छता के लिए प्रक्रियाएँ अपनाना।
- इस योजना के द्वितीय चरण की शुरूआत फरवरी 2020 से की गई।

57. अक्टूबर 2024 में, बिभब कुमार तालुकदार को उनके संरक्षण नेतृत्व के लिए ...... द्वारा हैरी मेसेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-II

(a) बायोडायवर्सिटी ऑब्जरवेशन कमीशन (Biodiversity Observation Commission)
(b) एनिमल सर्वाइवल कमीशन (Animal Survival Commission)
(c) स्पीशीज ऑब्जर्वेशनल कमीशन (Species Observational Commission)
(d) स्पीशीज सर्वाइवल कमीशन (Species Survival Commission)

Ans. (d)

- असम के संरक्षण वैज्ञानिक बिभब कुमार तालुकदार को अबू धाबी में अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के प्रजाति अस्तित्व आयोग (SSC) द्वारा संरक्षण नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित हैरी मेसेल

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- पुरस्कार प्रदान किया गया।
- संरक्षण नेतृत्व के लिए हैरी मेसेल पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2004 में की गई।

58. सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफर के लिए नंदी पुरस्कार हर वर्ष किस राज्य में प्रदान किया जाता है?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-I

(a) आंध्र प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

Ans. (a)

- नंदी पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1964 में आंध्र प्रदेश सरकार ने की थी।
- नंदी पुरस्कार आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा तेलुगु सिनेमा, रंगमंच तथा टेलीविजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को प्रतिवर्ष दिया जाता है।

59. पद्म श्री मुकुंद नायक को निम्नलिखित में से किस श्रेणी के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2017 से सम्मानित किया गया था?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II

(a) कव्वाली
(b) कर्नाटक संगीत
(c) लोक संगीत
(d) हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत

Ans. (c)

- झारखंड के मुकुंद नायक लोक संगीत से जुड़े कलाकार हैं।
- मुकुंद नायक को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार लोक संगीत श्रेणी में दिया गया।
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों की स्थापना वर्ष 1952 – 53 में हुई थी।

60. मार्च 2023 में किस उम्मट-हट (Ummathat) लोक नृत्य कलाकार को पद्म श्री से सम्मानित किया गया?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-III

(a) रानी मछैया (Rani Machaiah)
(b) सुभद्रा देवी (Subhadra Devi)
(c) वाणी जयराम (Vani Jairam)
(d) सुमन कल्याणपुर (Suman Kalyanpur)

Ans. (a)

- कर्नाटक की उम्माथत नृत्य कलाकार रानी मछैया को वर्ष 2023 में पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- वाणी जयराम – पार्श्व गायिका
- सुमन कल्याणपुर – गायिका
- सुभद्रा देवी – पेपर मेसी कलाकार

61. कर्णम मल्लेश्वरी ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कब जीता था?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II

(a) 1992-93 में (b) 1993-94 में
(c) 1991-92 में (d) 1994-95 में

Ans. (d)

- वर्ष 2000 के सिडनी ओलंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी ने भारोत्तोलन में कुल 240 किलोग्राम में उन्होंने स्नैच श्रेणी में 110 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 130 किलोग्राम भार उठाया और ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनीं थी।
- **कर्णम मल्लेश्वरी को भारत सरकार द्वारा प्राप्त पुरस्कार:**
- अर्जुन पुरस्कार - वर्ष 1994
- राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार(मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार) - वर्ष 1999
- पद्म श्री - वर्ष 1999

62. 2020 के संगीत कला विभूषण पुरस्कार से निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व को सम्मानित किया गया था?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-II

(a) यामिनी कृष्णमूर्ति और सरोजा वैद्यनाथन
(b) प्रियदर्शिनी गोविंद और राजकुमार भारती
(c) वन्नदिल पुडीयावीट्टिल धनंजयन और शांता धनंजयन
(d) उमा शर्मा और जतिन गोस्वामी

Ans. (c)

- तमिलनाडु के वन्नाडिल पुडियावीटिल धनंजयन और शांता धनंजयन, जिन्हें धनंजयन के नाम से भी जाना जाता है,वे भारत के एक नृत्य युगल के रूप में प्रसिद्ध हैं।
- **पुरस्कार:**
- पद्म भूषण – वर्ष 2009
- श्री षणमुख आनंद राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार – वर्ष 2020
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार – वर्ष 1994

63. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को किस क्षेत्र में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया गया?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III

(a) कैंसर अनुसंधान (Cancer research)
(b) मधुमेह देखभाल और अनुसंधान (Diabetes care and research)
(c) बाल देखभाल और अनुसधान (Child care and research)
(d) त्वचाविज्ञान अनुसंधान (Dermatology research)

Ans. (b)

- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को मधुमेह विज्ञान, मधुमेह देखभाल और मधुमेह अनुसंधान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- जितेन्द्र सिंह को प्राप्त अन्य पुरस्कार
- जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (JIPMER), पुडुचेरी से 'वक्तव्य के लिए स्वर्ण पदक'।
- पत्रकारिता के लिए प्रतिष्ठित 'जमना देवी ज्ञान देवी पुरस्कार'
- उत्कृष्ट व्यक्तित्व पुरस्कार वर्ष 2009

64. किस राज्य सरकार ने 1995 में शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में 'शांतला नाट्य श्री पुरस्कार' शुरू किया?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I

(a) असम (b) आंध्र प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु

Ans. (c)

- कर्नाटक राज्य सरकार ने वर्ष 1995 में शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में 'शांतला नाट्य श्री पुरस्कार' शुरू किया था।
- यह पुरस्कार नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।
- इस पुरस्कार के साथ ₹5 लाख का नगद ईनाम भी दिया जाता है।
- प्रथम बार यह पुरस्कार डॉक्टर वेंकट लक्ष्मम्मा को वर्ष 1995 में दिया गया।

65. इशिरा और मौलिक शाह को संयुक्त रूप से किस नृत्य शैली में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए वर्ष 2018 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-II

(a) कथक (b) कुचिपुड़ी
(c) ओडिसी (d) भरतनाट्यम

Ans. (a)

- श्री मौलिक शाह और श्रीमती इशिरा परिख को गुजरात सरकार द्वारा गौरव पुरस्कार और सुर सिंगार तथा संसद द्वारा श्रृंगारमणि सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।
- कथक नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए श्री मौलिक शाह और श्रीमती इशिरा परिख को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।
- इन्होंने उभरती प्रतिभाओं के लिए अहमदाबाद में एनार्ट फाउंडेशन की स्थापना की थी।

66. भूपिंदर सिंह को निम्नलिखित में से किस संगीत प्रथा के लिए 2015 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I

(a) कर्नाटक संगीत (b) गजल
(c) सुगम संगीत (d) पॉप संगीत

Ans. (c)

- भूपेंद्र सिंह को सुगम संगीत के लिए वर्ष 2015 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- भूपेंद्र सिंह एक प्रसिद्ध गजल गायक थे।

67. 2011 में आयोजित संगीत नाटक अकादमी के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में नृत्य के क्षेत्र में कितने अकादमी पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-I

(a) 6 (b) 13
(c) 9 (d) 11

Ans. (c)

- संगीत नाटक अकादमी की कार्यकारी बोर्ड द्वारा 18 जनवरी, 2011 को आयोजित बैठक में पुरस्कारों की संख्या 8 से बढ़ाकर 9 कर दी गई।
- इसके बाद 19 अप्रैल, 2016 को आयोजित बैठक में पुरस्कारों की संख्या 9 से बढ़ाकर 11 कर दी गई।
- श्रेणी 6 के अंतर्गत सुगम संगीत की एक उप-श्रेणी भी शुरू की गई।
- वर्तमान में प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों की संख्या 41 है।

68. संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार में अंगवस्त्रम और ताम्रपत्र के अलावा ...... की नकद धनराशि प्रदान की जाती है।

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II

(a) ₹3,00,000 (b) ₹2,50,000
(c) ₹5,00,000 (d) ₹1,00,000

Ans. (d)

- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार में अंग वस्त्र और ताम्रपत्र के अलावा एक लाख रुपए की नगद धनराशि प्रदान की जाती है।
- संगीत नाटक अकादमी की स्थापना मई 1952 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी।
- अकादमी का आधिकारिक उद्घाटन जनवरी 1953 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया था।

69. उज्जैन के कथक नर्तक और गुरु, पुरु दाधीच को कला प्रदर्शन में उनके समग्र योगदान के लिए किस वर्ष संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-III

(a) 2004 (b) 2018
(c) 2015 (d) 2000

Ans. (b)

मध्य प्रदेश के कथक नृत्य और गुरु पुरू दाधीच को प्राप्त पुरस्कार-

- पदम श्री पुरस्कार - वर्ष 2020
- अखिल भारतीय गंधर्व महाविद्यालय, मुंबई द्वारा महामहोपाध्याय (डी.लिट्. की मानद उपाधि)
- मधुबन, भोपाल द्वारा श्रेष्ठ कला आचार्य
- ध्रुपद कला केंद्र द्वारा ध्रुपद भूषण
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शिखर सम्मान
- उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

70. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित कलामंडलम गोपी को विश्व स्तर पर किस नृत्य शैली के प्रतिनिधि के रूप में पहचाना जाता है?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III

(a) ओडिसी (b) मोहिनीअट्टम
(c) कुचिपुड़ी (d) कथकली

21/02/2025 Shift-3

Ans. (d)

- कलामंडलम गोपी को कथकली नृत्य में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

कलामंडलम गोपी को प्राप्त अन्य पुरस्कार

- केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार(1987)
- केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
- केरल कलामंडलम पुरस्कार

71. डोमार सिंह कुँवर (Domar Singh Kunwar) को नाट्य नृत्य में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रतिष्ठित पद्मश्री-2023 से सम्मानित किया गया. वे किस राज्य से हैं?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-I

(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखंड
(c) असम (d) मणिपुर

Ans. (a)

- छत्तीसगढ़ी नाट्य नाचा कलाकार डोमार सिंह कुंवर को कला (नृत्य) के क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।

72. रानी मछैया ...... की एक उम्माथत (Ummathat) लोक नर्तकी हैं, जिन्हें कला (लोक नृत्य) के क्षेत्र में पद्म श्री 2023 प्राप्त हुआ।

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-II

(a) केरल (b) तेलंगाना
(c) कर्नाटक (d) गोवा

Ans. (c)

- कर्नाटक की रहने वाली रानी मछैया को पद्म श्री पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।
- कोडागु के उमाथत लोक नृत्य की प्रतिपादक, पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित रानी मछैया को एक समाचार और पर्यटन पोर्टल द्वारा 2023 का कूर्ग पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया।

73. 2024 के पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित महावीर सिंह गुड्डू किस भारतीय राज्य के लोक नृत्य कलाकार (folk dancer) हैं?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I

(a) राजस्थान (b) गुजरात
(c) उत्तर प्रदेश (d) हरियाणा

Ans. (d)

- महावीर सिंह गुड्डू हरियाणा के एक लोक कलाकार हैं जो पिछले पचास वर्षों से हरियाणवी लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए काम कर रहे हैं।
- ये शिव गायन **'बम लेहरी'** के लिए प्रसिद्ध हैं।
- इन्हें वर्ष 2024 में पद्म श्री पुरस्कार तथा वर्ष 2021 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।

74. अनुभवी अभिनेत्री और भरतनाट्यम नृत्यांगना वैजयंतीमाला बाली को किस वर्ष पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I

(a) 2024 (b) 2022
(c) 2019 (d) 2015

Ans. (a)

- वैजयंतीमाला बाली मुख्य रूप से शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम से जुड़ी है।
- वैजयंतीमाला एक पूर्व भारतीय अभिनेत्री, नर्तकी और सांसद हैं।
- इन्हें वर्ष 1968 में पद्म श्री पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- इन्हें वर्ष 1982 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

75. 1968 में मैक्सिकन सरकार द्वारा किसे उनकी कोरियोग्राफी के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-III

(a) मृणालिनी साराभाई
(b) शोवना नारायण
(c) रुक्मिणी अरुंडेल
(d) रेखा

Ans. (a)

- भारतीय नृत्यांगना और कोरियोग्राफर मृणालिनी साराभाई को मेक्सिको के **बैले फोकलोरिको** के लिए उनकी कोरियोग्राफी के लिए मैक्सिकन सरकार ने उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।
- **मृणालिनी साराभाई को प्राप्त पुरस्कार**
- पदम श्री पुरस्कार (1965)
- पद्म भूषण पुरस्कार (1992)
- संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप पुरस्कार (1994)

76. 37वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट का पुरस्कार किसने जीता?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III

(a) अरोकिया राजीव (b) शिवपाल सिंह
(c) साजन प्रकाश (d) श्रीहरि नटराज

Ans. (d)

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

- 37वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट का पुरस्कार तैराक श्रीहरि नटराज ने जीता।
- उन्होंने गोवा में आयोजित 37वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीते थे।
- 37वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर – **मोगा** (बायसन वन भैंसा)
- 38वें राष्ट्रीय खेल वर्ष 2025 में उत्तराखंड में हुए।

77. विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (World Athletics Championship) में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय कौन थे/थी?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-I

(a) अंजू बॉबी जॉर्ज (b) मिल्खा सिंह
(c) नीरज चोपड़ा (d) पी.टी. उषा

Ans. (c)

- भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित **'विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023'** में स्वर्ण पदक जीत कर एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने।

नीरज चोपड़ा के ओलंपिक पदक
- टोक्यो ओलंपिक 2020 – स्वर्ण पदक
- पेरिस ओलंपिक 2024 – रजत पदक

78. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित शोवना नारायण किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली से संबंधित हैं?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-II

(a) मणिपुरी (b) कथक
(c) भरतनाट्यम (d) ओडिसी

Ans. (b)

- शोवना नारायण एक प्रसिद्ध भारतीय कथक कलाकार है।
- शोवना नारायण को वर्ष 1992 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार दिया गया।

79. भारत में द्रोणाचार्य पुरस्कार कब शुरू किया गया था?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I

(a) 1981 में (b) 1987 में
(c) 1985 में (d) 1983 में

Ans. (c)

द्रोणाचार्य पुरस्कार
- द्रोणाचार्य पुरस्कार, खेल और खेलों में उत्कृष्ट योगदान के लिए खेल प्रशिक्षकों को दिया जाता है।
- इस पुरस्कार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाता है।

स्थापना: वर्ष 1985
प्रथम अलंकरण: 1985 (भारत सरकार द्वारा)
पुरस्कार: 15 लाख (लाईफटाइम श्रेणी); 10 लाख (नियमित श्रेणी)

80. निम्नलिखित में से किस गायिका को 2021 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III

(a) कृष्णन नायर शांताकुमारी चित्रा
(b) कविता कृष्णमूर्ति
(c) श्रेया घोषाल
(d) अलका याज्ञिक

Ans. (a)

- कृष्णन नायर शांताकुमारी चित्रा एक पार्श्व गायिका है।
- इन्हें वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा पदम् भूषण पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
- ये कई बार पार्श्व गायिका के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी है।

81. भारतीय नृत्यांगना सोनल मानसिंह को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म विभूषण से किस वर्ष सम्मानित किया गया?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I

(a) 2000 (b) 2016
(c) 1996 (d) 2003

Ans. (d)

- सोनल मानसिंह एक प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना हैं, जो भरतनाट्यम और ओडिसी नृत्य में माहिर हैं।

सोनल मानसिंह को प्राप्त पुरस्कार
- पद्म विभूषण (वर्ष 2003)
- पद्म भूषण (वर्ष 1992)
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1987)

82. पद्म भूषण पुरस्कार विजेता लालगुडी गोपाल जयरामन (Lalgudi Gopala Jayaraman) निम्नलिखित में से किस संगीत शैली से सम्बद्ध थे?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II

(a) लोक संगीत (b) कर्नाटक संगीत
(c) गजल (d) नृत्य संगीत

Ans. (b)

- वायलिन वादक लालगुडी गोपाल जयरामन कर्नाटक संगीत से जुड़े हुए थे।
- वर्ष 1972 में इन्हें भारत सरकार द्वारा अपने नागरिक सम्मान 'पद्म श्री' तथा वर्ष 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।
- इन्हें वर्ष 1979 में तमिलनाडु सरकार और संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'स्टेट विद्वान' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 1994 में इन्हें मैरीलैंड (अमेरिका) की मानद नागरिकता भी प्रदान की गयी।

83. अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रह्मण्यम को 2024 में निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I

(a) पद्म श्री
(b) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
(c) पद्म विभूषण
(d) पद्म भूषण

Ans. (c)

- पद्मा सुब्रमण्यम एक प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना है।

पद्मा सुब्रमण्यम को प्राप्त पुरस्कार
- पद्म विभूषण पुरस्कार (वर्ष 2024)
- पद्म भूषण पुरस्कार (वर्ष 2003)
- पदम श्री पुरस्कार (वर्ष 1981)
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1983)
- जापान से फुकुओका एशियाई संस्कृतिक पुरस्कार प्राप्त करने वाली एकमात्र भारतीय नर्तक है।

84. 'मानसखंड' विषय पर आधारित...... की झांकी को 2023 में 17 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में से सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार दिया गया।

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II

(a) उत्तर प्रदेश (b) उत्तराखंड
(c) बिहार (d) गुजरात

Ans. (b)

- जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस परेड 2023 में शामिल राज्यों की झांकियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की, जिसमें उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को देश में प्रथम स्थान मिला।
- दूसरा स्थान: सोढे तीन शक्तिपीठ या नारी शक्ति (महाराष्ट्र)
- तीसरा स्थान: अयोध्या दीपोत्सव (उत्तर प्रदेश)
- साल 2023 के गणतंत्र दिवस की थीम 'जनभागीदारी' और 'नारी शक्ति' थी।
- 74वें गणतंत्र दिवस 2023 के मुख्य अतिथि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी थे।
- 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुवियन्टो थे।

85. निम्नलिखित में से किस नर्तक/नर्तकी को 2018 में छऊ नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I

(a) राधा श्रीधर
(b) तपन कुमार पट्टनायक
(c) सुरूपा सेन
(d) पशुमूर्ति रामलिंगा शास्त्री

Ans. (b)

- तपन कुमार पटनायक ने छऊ नृत्य के लिए 2018 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता।
- छऊ महोत्सव क्षेत्रीय स्तर पर विशेष रूप से हर साल वसंत के दौरान मनाया जाता है। छऊ एक अर्ध शास्त्रीय भारतीय नृत्य है,जो शास्त्रीय हिंदू नृत्यों और प्राचीन क्षेत्रीय जनजातियों की परंपराओं के सम्मिश्रण से उभरा है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

86. संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' निम्नलिखित में से किस श्रेणी में प्रदान नहीं किया जाता है?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-I

(a) रंगमंच (Theatre)
(b) नृत्य (Dance)
(c) संगीत (Music)
(d) साहित्य (Literature)

Ans. (d)

- संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2006 से "उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार" की शुरुआत की, जो 40 वर्ष से कम आयु के उत्कृष्ट कलाकार को दिया जाता है।
- उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्रतिवर्ष दिए जाते है, जिनकी कुल संख्या 33 से अधिक नहीं होगी।
- युवा पुरस्कार निम्नलिखित पाँच कार्य क्षेत्रों में दिए जा सकते हैं:
- संगीत
- नृत्य
- थिएटर
- अन्य पारंपरिक/लोक/आदिवासी/संगीत/नृत्य/रंगमंच और कठपुतली
- प्रदर्शन कला में योगदान

87. वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी (Vasanthalakshmi Narasimhachari), जिन्होंने नृत्य कलानिधि पुरस्कार 2023 सम्मान प्राप्त किया, किन दो नृत्य शैलियों में उत्कृष्ट हैं?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II

(a) सत्रिया और मोहिनीअट्टम
(b) भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी
(c) कथक और ओडिसी
(d) मणिपुरी और छऊ

Ans. (b)

- वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी एक भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी शास्त्रीय नृत्यांगना और कोरियोग्राफर हैं।
- इन्हें 4 जनवरी, 2024 को चेन्नई में आयोजित संगीत अकादमी के 17वें नृत्य महोत्सव में 'नृत्य कलानिधि' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी ने कलासमर्पण फाउंडेशन की स्थापना की।

88. निम्नलिखित गायकों में से कौन पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण तीनों पुरस्कारों का प्राप्तकर्ता है?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

(a) एस.पी. बालासुब्रमण्यम
(b) ए.आर. रहमान
(c) एम.एम. कीरावनी
(d) हरिहरन

Ans. (a)

- एस. पी. बालसुब्रमण्यम एक भारतीय पार्श्वगायक, संगीत निर्देशक, डबिंग आर्टिस्ट, फिल्म निर्माता और अभिनेता थे।
- इन्हें भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 में पद्म भूषण, वर्ष 2021 में पद्म विभूषण तथा वर्ष 2001 में पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया।

89. भारत की पहली ट्रांसजेंडर भरतनाट्यम नृत्यांगना और 2019 में पद्म श्री पाने वाली पहली ट्रांसजेंडर महिला निम्नलिखित में से कौन हैं, जिन्हें भरतनाट्यम के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी मिली थी?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II

(a) नर्तकी नटराज
(b) इवांका दास
(c) लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी
(d) खुशी शेख

Ans. (a)

- तमिलनाडु की प्रसिद्ध ट्रांसजेंडर नर्तकी नटराज एक भरतनाट्यम नृत्यांगना है।
- इन्हें भारत सरकार ने वर्ष 2019 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया।
- वर्ष 2011 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित।

90. 2002 में पद्म श्री और 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित सरोजा वैद्यनाथन किस शास्त्रीय नृत्य शैली की नृत्यांगना हैं?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I

(a) कथक (b) मणिपुरी
(c) भरतनाट्यम (d) ओडिसी

Ans. (c)

- सरोजा वैद्यनाथन एक भारतीय कोरियोग्राफर, गुरु और भरतनाट्यम नृत्यांगना थीं।
- उन्हें भारत सरकार द्वारा वर्ष 2002 में पद्म श्री और वर्ष 2013 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- इन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2009-10 में कालिदास सम्मान प्रदान किया गया।
- भरतनाट्यम तमिलनाडु का शास्त्रीय नृत्य है।

91. निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने 2022 में बैडमिंटन में अर्जुन पुरस्कार जीता?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I

(a) सुशीला देवी (b) निकहत जरीन
(c) लक्ष्य सेन (d) दीप ग्रेस एक्का

Ans. (c)

- अल्मोड़ा के रहने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **अन्य प्रमुख भारतीय शटलर:** प्रकाश पादुकोण, श्रीकांत किदांबी, साइना नेहवाल,ज्वाला गुट्टा, पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन , एचएस प्रणय, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी।

92. अक्टूबर 2024 में, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I

(a) मिथुन चक्रवर्ती (b) रजनीकांत
(c) अमिताभ बच्चन (d) शाहरुख खान

Ans. (a)

- इस पुरस्कार का प्रारम्भ दादा साहेब फाल्के के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 से हुआ।
- यह पुरस्कार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उस व्यक्ति को दिया जाता है, जिसने भारतीय सिनेमा के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो।
- **पुरस्कार:** 10 लाख रुपये, एक स्वर्ण कमल पदक व एक शॉल प्रदान की जाती है।
- वर्ष 2023 – वहीदा रहमान (53वाँ संस्करण)
- वर्ष 2024 – मिथुन चक्रवर्ती (54वाँ संस्करण)

93. पद्म श्री से सम्मानित और मोहिनीअट्टम की कलाकार कलामंडलम क्षेमवती पवित्रन का संबंध भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से है?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) केरल (b) तेलंगाना
(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु

Ans. (a)

- केरल की कलामंडलम क्षेमवती पवित्रन को मोहिनीअट्टम में उनके योगदान के लिए वर्ष 2011 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- इन्हें केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार एवं केरल संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप भी प्राप्त हुआ।
- मोहिनीअट्टम केरल का एक शास्त्रीय नृत्य है।

94. 2022 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित, कथक नृत्य शैली के शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली बहनों की जोड़ी कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना किस राज्य से संबंधित हैं?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II

(a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
(c) राजस्थान। (d) हरियाणा

Ans. (b)

- वर्ष 2022 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना उत्तर प्रदेश के आगरा की रहने वाली हैं।
- ये कथक की बनारस घराना शैली में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं।
- कत्थक राधा कृष्ण की कथाओं पर आधारित नृत्य है, जो उत्तर भारत में किया जाता है।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

95. तितास साधु (Titas Sadhu) किस खेल से संबंधित हैं?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-II

(a) शतरंज (b) टेबल टेनिस
(c) बैडमिंटन (d) क्रिकेट

Ans. (d)

- ❑ पं बंगाल की तितास साधु भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज है।
- ❑ ये एशियन गेम्स 2023 का फाइनल जितनी वाली टी20 टीम की सदस्य रही।
- ❑ **भारत की प्रमुख महिला क्रिकेट खिलाड़ी** – स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर, शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी, मिताली राज आदि।

96. .... में 1993 में आयोजित किए गए सार्क गोल्ड कप फुटबॉल (SAARC Gold Cup Football) का उद्घाटन संस्करण भारत ने जीता।

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

(a) कोलंबो, श्रीलंका (b) लाहौर, पाकिस्तान
(c) पटियाला, भारत (d) ढाका, बांग्लादेश

Ans. (b)

- ❑ वर्ष 1993 में पाकिस्तान के लाहौर में आयोजित सार्क गोल्ड कप फुटबॉल के उद्घाटन संस्करण में, भारत ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर जीत हासिल की थी।
- ❑ भारत का सबसे पुराना और पहला फुटबॉल क्लब मोहन बागान एथलेटिक क्लब कोलकाता है, जिसकी स्थापना वर्ष 1889 को कोलकाता में हुई थी।

97. योनेक्स-सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023........., बिहार में 27 जून से 2 जुलाई, 2023 तक आयोजित किया गया था।

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-II

(a) गया (b) पटना
(c) राजगिर (d) भागलपुर

Ans. (a)

- ❑ योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 गया, बिहार में 27 जून से 2 जुलाई 2023 तक आयोजित किया गया था।
- ❑ योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 का आयोजन पंचकुला हरियाणा में किया जाएगा।

98. भारतीय पैरा एथलीट पारुल परमार किस खेल से संबंध रखती हैं?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-II

(a) निशानेबाजी (b) बैडमिंटन
(c) तैराकी (d) एथलेटिक्स

Ans. (b)

- ❑ पैरा एथलीट पारुल परमार गुजरात से संबंध रखने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी है।
- ❑ **अन्य भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी:** प्रमोद भगत, सुहास यथिराज, कृष्णा नागर, सुकांत कदम, मनीषा रामदास, मानसी जोशी और नितेश कुमार।

99. 2023 में महिला एशियाई होकी चैंपियंस ट्रॉफी का शुभंकर जिसका नाम 'जूही' है, किस जानवर से प्रेरित है?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-I

(a) मोर (b) शेर
(c) हाथी (d) स्वैम्प डियर

Ans. (c)

- ❑ 2023 में महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का शुभंकर, जिसका नाम 'जूही' है, हाथी से प्रेरित है।
- ❑ यह प्रतियोगिता झारखंड के रांची शहर में आयोजित की गई थी।
- ❑ इस चैंपियनशिप में भारत ने जापान को हराकर ट्रॉफी दूसरी बार अपने नाम की तथा इससे पहले भारत ने पहली बार वर्ष 2016 में यह ट्रॉफी चीन को हराकर जीती थी।

100. अल्टीमेट खो-खो लीग सीजन 2 का फाइनल मैच कहाँ खेला गया?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II

(a) संबलपुर (b) भुवनेश्वर
(c) कटक (d) राउरकेला

Ans. (c)

- ❑ अल्टीमेट खो-खो लीग सीजन 2 का फाइनल मैच कटक के जवाहर लाला नेहरू स्टेडियम में खेला गया।
- ❑ गुजरात जायंट्स, फाइनल में चेन्नई क्विक गन्स पर 31-26 की जीत के साथ अल्टीमेट खो-खो सीजन 2 की चैंपियन बन गई।
- ❑ अल्टीमेट खो-खो सीजन वन (2022) की चैंपियन टीम उड़ीसा जुगरनोट्स रही थी।

101. 2023 में आयोजित एशियाई खेलों (Asian Games) में भारत के लिए सबसे कम उम्र की पदक विजेता कौन थी?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III

(a) संजना बथुला (b) अनाहत सिंह
(c) पारुल चौधरी (d) अन्नू रानी

Ans. (a)

- ❑ संजना बथुला 15 साल की उम्र में एशियाई खेलों में पदक जितने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला बनी।
- ❑ उन्होंने 15 साल, 3 महीने और 11 दिन की उम्र में महिला स्पीड स्केटिंग में 3000 मीटर रिले में कांस्य पदक जीता।
- ❑ अनु रानी – भाला फेंक
- ❑ पारूल चौधरी – एथलीट
- ❑ अनाहत सिंह – स्क्वैश

102. निम्नलिखित आयोजनों में से, कौन-सा आयोजन प्रतिस्पर्धी योगासन खेलों (Competitive Yogasana Sports) का हिस्सा नहीं है?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III

(a) कलात्मक योगासन (युगल)
(b) पारंपरिक योगासन (एकल)
(c) लयबद्ध योगासन (एकल)
(d) कलात्मक योगासन (एकल)

Ans. (c)

- ❑ पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों में योगासन प्रतियोगिताओं के प्रकार:
- ❑ पारंपरिक योगासन, कलात्मक योगासन (एकल), कलात्मक योगासन (युगल), लयबद्ध योगासन (युगल), मुक्त प्रवाह/समूह योगासन, व्यक्तिगत ऑल राउंड-चैम्पियनशिप और टीम चैम्पियनशिप शामिल हैं।

103. 2023 में पैरा एशियन गेम्स स्पर्धा में भारत किस स्थान पर रहा?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I

(a) चौथे (b) छठे
(c) पांचवें (d) नौवें

Ans. (c)

- ❑ भारत एशियन पैरा गेम्स 2023 में मेजबान चीन, ईरान, जापान और रिपब्लिक ऑफ कोरिया के बाद पांचवें स्थान पर रहा।
- ❑ भारत ने एशियाई पैरा खेलों में ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसमें 29 स्वर्ण पदकों सहित 111 पदकों के साथ पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।
- ❑ भारत के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि एथलेटिक्स में रही, जिसमें भारतीय दल ने 18 स्वर्ण पदकों सहित 55 पदक प्राप्त किए।

104. टेबल टेनिस में, एक सर्विस के दौरान अनुमत क्रमागत लेट्स (lets) की अधिकतम संख्या कितनी होती है?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-III

(a) कोई सीमा नहीं (b) दो
(c) एक (d) तीन

Ans. (a)

- ❑ टेबल टेनिस, रैकेट से खेला जाता है।
- ❑ रैकेट की लं. व चौं. = 17cm × 15cm
- ❑ टेबल की लं. = 9 फीट, चौ. = 5 फीट
- ❑ टेबल की ऊं. = 76 cm
- ❑ नेट की ऊँचाई 6 इंच (15.25 cm)
- ❑ मुख्यालय – लुसाने
- ❑ टेबल टेनिस चीन का राष्ट्रीय खेल है।
- ❑ टेबल टेनिस को 1988 के सियोल ओलम्पिक में शामिल किया गया।

Search on TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

105. 2023 में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स प्रतियोगिता में पंजाब यूनिवर्सिटी ने कितने पदक जीते?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-I

(a) 69 (b) 51
(c) 57 (d) 65

Ans. (a)

❑ वर्ष 2020 में आयोजित पहले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की चैंपियन पंजाब यूनिवर्सिटी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम 2023 की पदक तालिका में 26 स्वर्ण, 17 रजत और 26 कांस्य पदक (कुल - 69 पदक) के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।
❑ दूसरे स्थान पर अमृतसर की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 24 स्वर्ण, 27 रजत और 17 कांस्य (कुल - 68 पदक) रही।
❑ तीसरे स्थान पर पिछले संस्करण की चैंपियन जैन यूनिवर्सिटी 16 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक (कुल - 32) रही।
❑ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के इस संस्करण का शुभांकर जीतू, यूपी के राजकीय पशु बारहसिंघा को बनाया गया है।

106. टी-20 ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप (T20 Blind Cricket World Cup) 2022 का फाइनल मैच कहाँ आयोजित किया गया था?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-III

(a) एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु
(b) नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद
(c) वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई
(d) होल्कर स्टेडियम, इंदौर

Ans. (a)

❑ 17 दिसंबर, 2022 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये तीसरे नेत्रहीन टी20 विश्वकप के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को हराकर तीसरी बार T20 ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप अपने नाम किया।
❑ इससे पहले भारत ने 2012 और 2017 में भी ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप जीता था।

107. निम्नलिखित में से कौन-सा खेल, 11वें एशियाई खेल बीजिंग 1990 में एक विधा (discipline) के रूप में शामिल किया गया था?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-I

(a) वॉलीबॉल (b) स्क्वाश
(c) कबड्डी (d) कुश्ती

Ans. (c)

❑ एशियाई खेलों की शुरूआत 4 मार्च, 1951 को नई दिल्ली में हुई थी।
❑ वर्ष 1982 में पुनः इन खेलों की मेजबानी भारत ने की थी।
❑ भारतीय पुरुष टीम ने साल 1990 के बाद से एशियाई खेलों में नौ में से आठ स्वर्ण पदक जीते हैं, जबकि भारतीय महिला टीम ने साल 2010 के बाद से चार में से तीन स्वर्ण पदक जीते हैं।

108. निम्नलिखित में से कौन बैडमिंटन से संबंध रखते हैं?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I

(a) प्रमोद भगत (b) अमित कुमार सरोहा
(c) देवेन्द्र झाझड़िया (d) सुमित अंतिल

Ans. (a)

❑ भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 2020 के टोक्यो पैरालंपिक में बैडमिंटन पुरुष एकल SL3 वर्ग के फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।
❑ पेरिस ओलंपिक 2024 में नीतीश कुमार ने पैरा बैडमिंटन SL3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।
❑ पैरा बैडमिंटन ओलंपिक में पदक जीतने वाले अन्य खिलाड़ी – सुहास यथिराज (रजत, पेरिस पैरालंपिक 2024), निथ्या श्री सिवान (कांस्य, पेरिस पैरालंपिक 2024), थुलासीमाथी मुरुगेसन:

109. तमिलनाडु ने 71वीं सीनियर नेशनल बास्केबॉल चैंपियनशिप (Senior National Basketball Championship) 2022 के फाइनल में किस टीम को हराकर पुरुषों का खिताब (men's title) जीता?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-I

(a) पश्चिम बंगाल (b) पंजाब
(c) गुजरात। (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (b)

❑ तमिलनाडु की टीम ने फाइनल में गत चैंपियन पंजाब को 87-69 से हराकर अप्रैल 2022 में 71वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चौंपियनशिप में पुरुषों का खिताब जीता।
❑ **बास्केटबॉल की प्रमुख ट्रॉफियाँ** – FIBA बास्केटबॉल विश्व कप, यूरोबास्केट और NBA चौम्पियनशिप ट्रॉफी।
❑ बास्केटबॉल में खिलाड़ियों की संख्या – 5
❑ बास्केटबॉल कोर्ट की लंबाई 24 मीटर और चौड़ाई 15 मीटर होती है।

110. भारत में भारतीय खो-खो लीग टूर्नामेंट/इवेंट का नाम क्या है?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-III

(a) अनलिमिटेड खो-खो
(b) अल्टीमेट खो-खो
(c) प्रोफेशनल खो-खो लीग
(d) प्रो खो-खो लीग

Ans. (b)

❑ अल्टीमेट खो-खो लीग की शुरुआत वर्ष 2022 में हुई थी।
❑ अल्टीमेट खो-खो के पहले सीजन का चैंपियन: **ओडिशा जुगर्नौट्स**
❑ अल्टेमेट खो-खो सीजन 2 का चैंपियन: **गुजरात जायंट्स**
❑ खो-खो विश्व कप का पहला संस्करण 13 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली में शुरू हुआ, जिसमें भारत ने नेपाल को हराकर प्रथम खिताब अपने नाम किया।

111. युवा कार्य और खेल मंत्रालय (MYAS) ने आगामी एशियाई पैरा खेलों में भाग लेने के लिए 17 खेल विधाओं में कुल......... खिलाड़ियों को मंजूरी दी है।

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-II

(a) 200 (b) 350
(c) 303 (d) 158

Ans. (c)

❑ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने वर्ष 2022 एशियाई पैरा खेलों के लिए 303 एथलीटों और 143 प्रशिक्षकों एवं सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी थी, जिनमें 191 पुरुष और 112 महिला एथलीट शामिल थे।
❑ चौथे पैरा एशियन गेम्स 2022 में भारत 111 पदकों के साथ पदक तालिका में 5वें स्थान पर रहा।

112. 2014 में एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में भारत ने कितने वर्षों बाद स्वर्ण पदक जीता था?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) 16 वर्ष (b) 14 वर्ष
(c) 20 वर्ष (d) 11 वर्ष

Ans. (a)

❑ भारतीय हॉकी टीम ने 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में हुए एशियन गेम्स 1998 के 16 वर्ष बाद स्वर्ण पदक जीत था।
❑ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के एशियाई खेलों में पदक इस प्रकार है:
❑ स्वर्ण पदक: 1966, 1998, 2014 और 2023
❑ रजत पदक: 1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002
❑ कांस्य पदक: 1986, 2010, 2018

113. भारत में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का तीसरा संस्करण कब आयोजित किया गया था?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-II

(a) जनवरी 2023 (b) जनवरी 2024
(c) फरवरी 2023 (d) फरवरी 2022

Ans. (c)

❑ वर्ष 2023 में खेलो इंडिया विंटर गेम्स का तीसरा संस्करण गुलमर्ग में संपन्न हुआ।
❑ खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई थी।
❑ खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का पांचवां

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

संस्करण दो भागों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण 23-27 जनवरी तक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में तथा 9-12 मार्च के बीच दूसरे भाग की मेजबानी जम्मू-कश्मीर ने की थी।

114. पैरा ओलिंपिक के इतिहास में स्वीडन में खेले गए प्रथम शीतकालीन खेल (winter games) वर्ष .... में हुए थे।

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-II

(a) 1960 (b) 1964
(c) 1976 (d) 1972

Ans. (c)

- प्रथम शीतकालीन पैरालंपिक खेल वर्ष 1976 में स्वीडन में आयोजित किए गए थे।
- वर्ष 1976 में 16 देशों के 53 एथलीटों ने भाग लिया।
- ये हर 4 साल के बाद आयोजित किए जाते हैं।
- 2022 के शीतकालीन पैरालंपिक खेल चीन के बीजिंग में आयोजित किए गए।

115. बास्केटबॉल के खेल में, प्रत्येक बास्केट में 18'' लंबाई के सफेद कॉर्ड नेट (white cord net) के साथ ....- आंतरिक व्यास वाली एक दाब-मोचन NBA-अनुमोदित (pressure-release NBA-approved) धातु सुरक्षा रिंग होगी।

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-III

(a) 20'' (b) 19''
(c) 18'' (d) 17''

Ans. (c)

बॉस्केटबॉल
- खिलाड़ियों की संख्या - 05
- बॉस्केटबॉल कोर्ट की लंम्बाई चौड़ाई 28 × 15 मी.
- बॉस्केटबॉल के रिम की ऊंचाई 3.05 मी.
- बॉस्केटबॉल, कोर्ट पर खेला जाता है।
- बॉस्केटबॉल रिम का व्यास 46 सेमी.
- फेडरेशन इंटरनेशनल डि बास्केटबॉल एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1932 में हुई।
- मुख्यालय - मीस, स्विटजरलैण्ड

116. मानक शर्तों (standard conditions) के लिए एक नई क्रिकेट गेंद का भार न तो 155.9 g से कम होगा और न ही ------- 8 से अधिक होगा।

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-II

(a) 161 (b) 164
(c) 163 (d) 162

Ans. (c)

- **क्रिकेट**
- बॉल का वजन –155.9gm से 163gm के बीच
- बॉल की परिधि– 8.81-9 इंच के बीच
- पिच की लम्बाई व चौड़ाई –22 गज (लगभग 20.12 मीटर), 3.05 मीटर,
- बैट की लम्बाई– 38 इंच (96.52 cm)
- बल्ले की चौड़ाई– 4.25 इंच (अधिकतम) या 10.8 cm
- Stump तीन होते हैं, Stump की लम्बाई लगभग 28 इंच (71.1 cm) तथा चौड़ाई - 9 इंच होती है।

117. प्रथम पैरालंपिक खेल.........में आयोजित हुए थे।

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-III

(a) रियो डी जनेरियो (b) पेरिस
(c) रोम (d) लंदन

Ans. (c)

- पहला पैरालंपिक खेल 1960 में रोम, इटली में आयोजित किया गया था।
- पैरालंपिक खेलों में भारत वर्ष 1968 में शामिल हुआ था।
- देवेन्द्र झाझरिया ने पैरा-ओलंपिक में कुल 3 पदक (2004 स्वर्ण पदक, 2016 - स्वर्ण तथा 2020 रजत) जैवलिन थ्रो में जीते हैं।
- मरियप्पन थंगावेलु ने पैरा ओलंपिक में कुल 3 पदक (वर्ष 2016 में स्वर्ण पदक, वर्ष 2020 में रजत पदक और वर्ष 2024 में कांस्य पदक) मेन्स हाई जंप में जीते हैं।
- दीपा मलिक पैरा ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। (रियो 2016 में शॉटपुट इवेंट में रजत पदक जीता)

118. बैडमिंटन का बर्डी (शटलकॉक) 16 पंखों से बना होता है, यह 62-70 mm लंबा होता है और इसका वजन ....के बीच होता है।

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-III

(a) 2.74 और 5.0 g (b) 4.74 और 5.5 g
(c) 2.74 और 3.5 g (d) 4.22 और 5.5 g

Ans. (b)

- **बैडमिंटन**
- बैडमिंटन के कोर्ट की लंबाई– 13.41 मी. (सिंगल और डबल)
- बैडमिंटन के कोर्ट की चौड़ाई – 5.18 मी. (सिंगल) तथा 6.1 मी.(डबल)
- Net की ऊंचाई – 5.1 फीट (1.55 मी.)
- Shuttlecock (चिड़ियाँ) का वजन 4.7 से 5.5 ग्राम होता है (16 पंखो से बनी होती है)
- नेट से सर्विस शॉट दूरी 1.98 मी (6.5 फीट)
- इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन की स्थापना वर्ष 1934 में हुई।

119. भक्ति प्रदीप कुलकर्णी एक प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I

(a) बैडमिंटन (b) जूडो
(c) शतरंज (d) क्रिकेट

Ans. (c)

- भक्ति प्रदीप कुलकर्णी गोवा की रहने वाली एक भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी है।
- इन्हें वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **भारत की प्रमुख महिला शतरंज खिलाड़ी–** कोनेरू हंपी, आर वैशाली,हरिका द्रोणावल्ली, तानिया सचदेव, एस. विजयलक्ष्मी आदि।

120. राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किस ओलंपिक में निशानेबाजी में रजत पदक जीता था?

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-III

(a) 2000, सिडनी (b) 1996, अटलांटा
(c) 2008, बीजिंग (d) 2004, एथेंस

Ans. (d)

- 2004 के एथेंस ओलंपिक खेलों में पुरुषों की डबल-ट्रैप स्पर्धा में राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने रजत पदक जीता था।
- वर्ष 2002 तथा वर्ष 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने स्वर्ण पदक जीते थे।
- इन्हें वर्ष 2005 में भारत सरकार द्वारा पदम श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

121. हिमाचल प्रदेश के बीर गाँव (Bir village) ने 2015 में पहली बार किस खेल स्पर्धा की मेजबानी की थी?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III

(a) एचएसबीसी (HSBC) वर्ल्ड रग्बी सेवन्स सीरीज
(b) पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप
(c) वर्ल्ड रोइंग चैंपियनशिप
(d) जेठ स्की वर्ल्ड कप

Ans. (b)

- पैराग्लाइडिंग विश्व कप का पहला संस्करण वर्ष 2015 में हिमाचल प्रदेश के बीर गांव में आयोजित हुआ।
- पैराग्लाइडिंग विश्व कप का दूसरा संस्करण भी नवंबर 2024 में यही हुआ था, जिसमें अमेरिका के ऑस्टिन कोकस प्रथम तथा भारत के रणजीत सिंह दूसरे नंबर पर रहे।

122. भारत में आयोजित एफआईएच (FIH) पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का शुभंकर (mascot) क्या था?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-II

(a) ऑली (Olly) (b) झम्पा (Jhampa)
(c) सिंफू (Simphu) (d) सिखठा (Sikhta)

Ans. (a)

- पुरुषों की (FIH) पुरुष हॉकी विश्व कप 2020 का शुभंकर **ओली**, ओलिव रिडले समुद्री कछुआ था।
- भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने गत चैम्पियन बेल्जियम को शूटआउट में 5-4 से हराकर पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का खिताब जीता था।
- भारत ने पुरुष हॉकी विश्व कप सिर्फ एक बार वर्ष 1975 में जीता था।

123. ओलंपिक बैडमिंटन में कितनी स्पर्धाएँ खेली जाती हैं?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-II

(a) 3 (b) 6
(c) 7 (d) 5

Ans. (d)

ओलंपिक बैडमिंटन में पांच स्पर्धाएँ खेली जाती है–
- पुरुष एकल
- महिला एकल
- पुरुष डबल्स
- महिला डबल्स
- मिश्रित डबल

124. फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 11 से 30 अक्टूबर, 2022 तक भारत में .... स्थानों पर आयोजित किया गया था।

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-III

(a) सात (b) तीन
(c) पाँच (d) दो

Ans. (b)

- फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप टूर्नामेंट का 7वां संस्करण वर्ष 2022 में भारत में हुआ, जिसमें भारत सहित 16 टीमों ने भाग लिया।
- एआईएफएफ ने प्रतियोगिता मैचों को 3 स्थानों पर आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है; (1) भुवनेश्वर (2) नवी मुंबई (3) गोवा।
- इस टूर्नामेंट के फाइनल में स्पेन ने कोलंबिया को 1 - 0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया।
- यह टूर्नामेंट वर्ष 2008 में शुरू किया गया था।

125. 2018 में किस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय भाला फेंक (javelin thrower) खिलाड़ी बने?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I

(a) एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप
(b) एशियाई खेल
(c) ओलंपिक खेल
(d) विश्व चैंपियनशिप

Ans. (b)

- भाला फेक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक, 2020 में 87.58 मीटर के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने।
- नीरज चोपड़ा वर्ष 2018 जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने थे।
- इन्हें वर्ष 2024 के पेरिस ओलंपिक में रजत पदक प्राप्त हुआ।

126. 2023 तक किस टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सबसे अधिक बार जीती है?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-III

(a) पंजाब (b) झारखंड
(c) विदर्भ (d) तमिलनाडु

Ans. (d)

- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भारत में घरेलू ट्वेंटी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप है।
- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की विजेता टीमों में तमिलनाडु तीन खिताबों के साथ शीर्ष पर है जबकि बड़ौदा, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मुंबई ने दो-दो खिताब जीते हैं।
- 2023 की विजेता – पंजाब
- वर्ष 2024–25 की विजेता टीम मुंबई है।

127. भारतीय खिलाड़ी आर. वैशाली (R Vaishali) का संबंध किस खेल से है?

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-II

(a) बैडमिंटन (b) मुक्केबाजी
(c) तीरंदाजी (d) शतरंज

Ans. (d)

- भारत की शतरंज खिलाड़ी आर. वैशाली ने 2024 फिडे विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता है।
- कोनेरू हम्पी ने वर्ष 2024 विश्व रैपिड चैंपियनशिप का महिला वर्ग का गोल्ड मेडल जीता था।

128. 2010 में हुए 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का उद्घाटन समारोह किस स्टेडियम में आयोजित किया गया था?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-III

(a) अरुण जेटली स्टेडियम
(b) तालकटोरा इंडोर स्टेडियम
(c) जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम
(d) मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम

Ans. (c)

- 2010 के राष्ट्रमंडल खेल,3 से 14 अक्टूबर 2010 को, दिल्ली (भारत) में आयोजित किए गए, जिसका उद्घाटन समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया।
- खेलों का आधिकारिक शुभंकर शेरा और खेलों का आधिकारिक गीत, ''जियो उठो बढ़ो जीतो'' था।
- प्रथम राष्ट्रमंडल खेल (तब ब्रिटिश एम्पायर गेम्स) 1930 में हैमिल्टन, कनाडा में आयोजित किए गए थे।
- वर्ष 2022 में राष्ट्रमंडल खेल इंग्लैंड में हुए थे।

129. 2023 में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का कौन-सा संस्करण उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया था?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I

(a) तीसरा (b) दूसरा
(c) पहला (d) चौथा

Ans. (a)

- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण का आयोजन 25 मई से 3 जून 2023 तक उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर और गौतम बुद्ध नगर शहरों में किया गया।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण का शुभांकर जीतू, उत्तर प्रदेश के राजकीय पशु बारहसिंघा को बनाया गया है।
- पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स फरवरी 2020 में, ओडिशा के भुवनेश्वर शहर में आयोजित हुए।

130. अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में मैदान की मानक चौड़ाई कितनी होती है?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II

(a) 45 m (b) 60 m
(c) 50 m (d) 55 m

Ans. (d)

- हॉकी के फील्ड की लम्बाई –91 मी.
- हॉकी के फील्ड की चौड़ाई– 55 मी.
- Hockey Goal Post की चौड़ाई –3.66 मी.
- Hockey Goal Post की ऊंचाई –2.14 मी.
- बॉल का वजन - 155-163 ग्राम लगभग क्रिकेट की गेंद जितना वजन (5.5 औंस 5.7 औंस)
- हॉकी स्टिक की लम्बाई– 105 सेमी.
- हॉकी स्टिक का वजन –737 ग्राम
- हॉकी, फील्ड पर खेली जाती है।

131. बी.सी.सी.आई. (BCCI) के पहले अध्यक्ष कौन थे?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-I

(a) आर.ई. ग्रांट गोवन
(b) पी.एम. रुंगटा
(c) ए.एन. घोष
(d) सिकंदर हयात खान

Ans. (a)

- बीसीसीआई के प्रथम अध्यक्ष – आर.ई. ग्रांट गोवन
- बीसीसीआई के वर्तमान अध्यक्ष – रोजर बिन्नी
- इसकी स्थापना वर्ष 1928 में हुई थी।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) भारत में क्रिकेट के खेल का प्रमुख राष्ट्रीय शासी निकाय है
- इसका मुख्यालय मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में स्थित है।

132. ''टाईम्ड आउट (Timed Out'') नियम किस खेल में लागू होता है?

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-II

(a) बैडमिंटन (b) कुश्ती
(c) जूडो (d) क्रिकेट

Ans. (d)

- ICC के नियम 40.1.1 के अनुसार, विकेट गिरने के बाद 3 मिनट के भीतर बल्लेबाज को अगली गेंद खेलने के लिए आना होता है अन्यथा खिलाड़ी को आउट दे दिया जाता है।
- श्रीलंका क्रिकेट टीम के बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में "टाइम आउट" होने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर है।

133. पूर्व क्रिकेटर रोजर बिन्नी किस देश के लिए क्रिकेट खेलते थे?

SSC GD 05 Feb. 2025 Shift-III

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) इंग्लैंड
(c) न्यूजीलैंड (d) भारत

Ans. (d)

- रोजर बिन्नी एक पूर्व भारतीय क्रिकेटर हैं, जिन्हें अक्टूबर 2022 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का 36वां अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- रोजर बिन्नी कपिल देव की कप्तानी में 1983 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।
- रोजर बिन्नी ने भारत के लिए 27 टेस्ट और 72 वनडे मैच खेले थे।

134. 2023 में एआईएफएफ-फीफा (AIFF-FIFA) फुटबॉल अकादमी भारत के किस शहर में शुरू की गई?

SSC GD 25 Feb. 2025 Shift-II

(a) भुवनेश्वर (b) दिल्ली
(c) सोलन (d) कोलकाता

Ans. (a)

- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) द्वारा 21 नवंबर, 2023 को ओडिशा के भुवनेश्वर में एआईएफएफ-फीफा टैलेंट अकादमी स्थापित की गई।
- अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ की स्थापना वर्ष 1937 में हुई थी।
- वर्तमान में अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे है।

135. एक सर्व को नेट से 1.98 m (6.5 ft) दूर स्थित शॉर्ट सर्विस लाइन से गुजरना चाहिए। 'शॉर्ट सर्विस लाइन' (Short Service Line) ----- में एक लाइन है।

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III

(a) टेबल टेनिस (b) टेनिस
(c) बैडमिंटन (d) स्क्वैश

Ans. (c)

- बैडमिंटन में शॉर्ट सर्विस लाइन नेट से 6.5 फीट की दूरी पर एक रेखा होती है, जिस तक सर्विस को वैध होने के लिए पहुंचना जरूरी होता है।
- यह रेखा खेल के मैदान के नॉन-वॉली जोन या फोर-कोर्ट को चिह्नित करती है।

136. हैंडस्टैंड, कास्ट, स्प्लिट्स, हैंडस्प्रिंग ऑन वॉल्ट, बैक हैंडस्प्रिंग, स्प्लिट लीप और टैप स्विंग ऑन बार्स .... में प्रयुक्त होने वाले शब्द हैं।

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-III

(a) तीरंदाजी (b) जिम्नास्टिक
(c) तलवारबाजी (d) स्केटबोर्डिंग

Ans. (b)

- हैंडस्टैंड, कास्ट, स्प्लिट्स, हैंडस्प्रिंग ऑन वॉल्ट, बैक हैंडस्प्रिंग, स्प्लिट लीप और टैप स्विंग ऑन बार्स" ये सभी शब्द **जिमनास्टिक** से संबंधित हैं।
- फ्रेडरिक लुडविग जॉन को जिमनास्टिक्स का जनक माना जाता है।
- पद्म श्री और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेता दीपा करमाकर एक प्रसिद्ध भारतीय जिमनास्ट है।

137. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से टेबल टेनिस का/के अन्य ऐतिहासिक नाम है/हैं?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-III

A गोसीमा (Gossima)
B व्हिफ-व्हाफ (Whiff-whaff)
C पिंग पोंग (Ping-pong)
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) केवल A और C
(d) सभी A, B और C

Ans. (d)

- टेबल टेनिस खेल की उत्पत्ति इंग्लैंड में हुई।
- टेबल टेनिस को पिंग-पोंग, गोसीमा, व्हिफ-व्हाफ भी कहा जाता है।
- पिंग-पोंग एसोसिएशन का गठन वर्ष 1921 में हुआ था तथा वर्ष 1926 में इसका नाम बदलकर इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन रखा गया।
- **भारत के प्रमुख टेबल टेनिस खिलाड़ी-** अचंता शरथ कमल, मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, हरमीत देसाई और जी. साथियान

138. एशियाई खेल 2023 के उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक कौन थे?

SSC GD 17 Feb. 2025 Shift-I

(a) बजरंग पुनिया और पीवी सिंधु
(b) हरमनप्रीत सिंह और अबू रानी
(c) नीरज चोपड़ा और लवलीना बोरगोहेन
(d) हरमनप्रीत सिंह और लवलीना बोरगोहेन

Ans. (d)

- एशियाई खेल 2023 के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन तथा समापन समारोह में हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश भारत के ध्वजवाहक रहे।
- एशियाई खेल 2023 का आयोजन हांगझोऊ, चीन में हुआ था।

139. टेनिस में, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ के अनुसार युगल मैच के लिए कोर्ट चौड़ा होना चाहिए।

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I

(a) 38 ft (b) 36 ft
(c) 35 ft (d) 37 ft

Ans. (b)

- लॉन टेनिस कोर्ट की ल-× चौ.– 78 × 27 फीट (जब खिलाड़ी अकेला खेलता हो)
- डबल्स में ल.× चौ. – 78 × 36 फीट
- नेट 3 फीट ऊंचा होता है।
- टेनिस का विकास इंग्लैंड में हुआ था।
- टेनिस की सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन है, जिसका मुख्यालय लंदन (इंग्लैंड) में है।

140. भारतीय बैडमिंटन टीम ने......की टीम पर शानदार जीत दर्ज करके 2022 में पहली बार थॉमस कप खिताब जीता।

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-I

(a) मलेशिया (b) डेनमार्क
(c) इंडोनेशिया (d) जापान

Ans. (c)

- वर्ष 2022 में भारतीय बैडमिंटन टीम ने लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी और किदांबी श्रीकांत के दम पर लगातार तीन मैच जीतते हुए इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर पहली बार थॉमस कप जीता।
- पहला थॉमस कप 1948-49 में आयोजित किया गया, जिसमें मलेशिया ने फाइनल में डेनमार्क को हराकर इसे जीता था।
- वर्ष 2024 थॉमस कप का विजेता चीन रहा हैं।

141. के.डी. जाधव ने निम्नलिखित में से किस खेल में ओलंपिक पदक जीता है?

SSC GD 12 Feb. 2025 Shift-II

(a) भारोत्तोलन (b) कुश्ती
(c) मुक्केबाजी (d) निशानेबाजी

Ans. (b)

- के. डी. जाधव ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में कुश्ती (wrestling) में कांस्य पदक जीता था।
- साक्षी मलिक रियो ओलंपिक में पदक (रियो ओलंपिक 2016 कांस्य पदक) जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान है।
- सुशील कुमार ने बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य तथा लंदन ओलंपिक 2012 में रजत पदक जीते थे।

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

142. अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ के मानदंडों के अनुसार खेल जीतने के लिए एक खिलाड़ी/टीम को ......'के तुरंत बाद लगातार दो अंक' जीतने होते हैं।

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-I

(a) सेठ (set)
(b) ड्यूस (deuce)
(c) लव (love)
(d) एडवांटेज (advantage)

Ans. (b)

- ड्यूस: यदि किसी गेम में दोनों तरफ के खिलाड़ी का स्कोर 40-40 हो जाता है, तो इस परिस्तिथि को 'ड्यूस' कहा जाता है। इस स्थिति में जीतने के लिए किसी खिलाड़ी को लगातार 2 पॉइंट बनाने होते हैं।
- टेनिस में जीरो प्वॉइंट **'लव'** कहलाता है।
- ड्यूस के बाद एक अंक जीतने वाले खिलाड़ी को **एडवांटेज** कहा जाता है।

143. बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) ने अगले.... वर्षों के लिए इंडिया ओपन को सुपर 500 लेवल से अपग्रेड करके सुपर 750 लेवल कर दिया है।

SSC GD 11 Feb. 2025 Shift-I

(a) नौ (b) सात
(c) पाँच (d) तीन

Ans. (c)

- इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन का मुख्यालय कुआलालंपुर मलेशिया में स्थित है।
- इंडिया ओपन सुपर 750 इवेंट बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक प्रमुख प्रतियोगिता है।
- **बैडमिंटन से जुड़ी प्रमुख ट्रॉफियाँ:** थॉमस कप (पुरुषों के लिए), उबेर कप (महिलाओं के लिए) और सुधीरमन कप (मिश्रित टीम) आदि।

144. भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब किस राज्य से संबंधित हैं?

SSC GD 13 Feb. 2025 Shift-III

(a) राजस्थान (b) हरियाणा
(c) महाराष्ट्र (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (b)

- हरियाणा की रहने वाली अनमोल खरब ने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में महिला एकल का खिताब जीता।
- अनमोल खरब ने वर्ष 2024 में बेल्जियम अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता।

145. भारत ने आखिरी बार एशियाई खेलों की मेजबानी कब की थी?

SSC GD 18 Feb. 2025 Shift-III

(a) 1983 में (b) 1990 में
(c) 1988 में (d) 1982 में

Ans. (d)

- भारत ने एशियाई खेलों की मेजबानी वर्ष 1951 तथा वर्ष 1982 में की थी।
- वर्ष 2023 में एशियाई खेल चीन के हांगझू में हुये, जिन्हें वर्ष 2022 में खेला जाना था।
- वर्ष 2026 में एशियाई खेल ऐची प्रांत और नगोया (जापान) में होंगे।
- वर्ष 2030 में एशियाई खेल कतर की राजधानी दोहा में होंगे।
- वर्ष 2034 में एशियाई खेल सऊदी अरब की राजधानी रियाद में होंगे।

146. कबड्डी में लोना (Lona) के लिए कितने अंक मिलते हैं?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-I

(a) तीन (b) पाँच
(c) चार (d) दो

Ans. (d)

- कबड्डी में, अगर पूरी विरोधी टीम आउट घोषित हो जाती है, तो टीम को दो अंकों का बोनस मिलता है, जिसे **''लोना''** कहा जाता है।
- कबड्डी मैच का समय 40 मिनट होता है।
- कबड्डी मैच में प्रत्येक टीम में 7-7 खिलाड़ी होते हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी संघ की स्थापना 2004 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय जयपुर में है।

147. भारत ने पहली बार एशियाई खेलों की मेजबानी कब की थी?

SSC GD 19 Feb. 2025 Shift-I

(a) 1982 में (b) 1981 में
(c) 1952 में (d) 1951 में

Ans. (d)

- भारत ने पहले एशियाई खेलों की मेजबानी 4 मार्च, 1951 को नई दिल्ली में की थी।
- प्रथम एशियाई गेम्स में भारत ने कुल 51 पदक जीते थे, जिसमें 15 स्वर्ण, 16 रजत और 20 कांस्य पदक शामिल थे।
- चमकता हुआ सूरज एशियाई खेलों का प्रतीक चिन्ह है।

148. दिए गए रंगों में से कौन - सा जूडो ग्रेड (judo grades) से संबंधित नहीं है?

SSC GD 04 Feb. 2025 Shift-II

(a) लाल (b) सफेद
(c) गुलाबी (d) नीला

Ans. (c)

- जूडो में शुरुआती ग्रेड के लिए, बेल्ट का रंग सफेद, पीला, नारंगी, हरा, नीला और भूरा होता है।
- जूडो एक जापानी मार्शल आर्ट है, जो शारीरिक दक्षता और आत्म-रक्षा के लिए जाना जाता है।
- जूडो की खोज वर्ष 1882 में जापान में जिगोरो कानो ने की थी।

149. ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023, ODI टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज कौन थे?

SSC GD 06 Feb. 2025 Shift-II

(a) मोहम्मद शमी (b) मोहम्मद सिराज
(c) जसप्रीत बुमराह (d) कुलदीप यादव

Ans. (a)

- तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में सात मैचों में 24 विकेट के साथ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।
- सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 57 रन देकर 7 विकेट था।
- ICC वन डे विश्व कप के एक संस्करण में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क हैं, जिन्होंने 2019 विश्व कप में 27 विकेट लिए थे।

150. तीरंदाजी में आंतरिक गोल्ड वलय (gold ring) को एक ही तीर से मारने पर उच्चतम कितना स्कोर मिलता है?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-II

(a) 10 (b) 9
(c) 5 (d) 8

Ans. (a)

- तीरंदाजी में सोने की आंतरिक रिंग के लिए 10 अंक और अगली सोने की रिंग के लिए नौ अंक मिलते हैं।
- लाल रिंग को 8 और 7 अंक मिलते हैं।
- निली रिंग को 6 और 5 अंक मिलते हैं।
- रिकर्व तीरंदाजों को 70 मीटर की दूरी से और कंपाउंड तीरंदाजों को 50 मीटर की दूरी से लक्ष्य पर निशाना लगाना होता है।

151. आईपीएल IPL 2023 में किस खिलाड़ी को पर्पल कैप मिली?

SSC GD 10 Feb. 2025 Shift-III

(a) राशिद खान (b) मोहित शर्मा
(c) मोहम्मद शमी (d) पीयूष चावला

Ans. (c)

- IPL-2023 **अवॉर्ड्स:**
- **विजेता** - चेन्नई सुपर किंग्स
- **उपविजेता** - गुजरात टाइटंस
- **पर्पल कैप** - मोहम्मद शमी ने (17 मैचों में 28 विकेट)
- **ऑरेंज कैप** - शुभमन गिल (17 मैचों में 890

Search On TG: @apna_pdf

Join Telegram: @apna_library

रन)
- IPL-2024 **अवॉर्ड्स:**
- **विजेता** - कोलकाता नाइट राइडर्स
- **उपविजेता** - सनराइजर्स हैदराबाद
- **पर्पल कैप** - हर्षल पटेल
- **ऑरेंज कैप** - विराट कोहली

152. निम्नलिखित में से किस देश ने महिला वर्ग में चौथी एशियाई खो-खो चैम्पियनशिप 2023 प्रतियोगिता जीती?

SSC GD 20 Feb. 2025 Shift-I

(a) ईरान (b) इंडोनेशिया
(c) भारत (d) दक्षिण कोरिया

Ans. (c)

- उत्तर-मध्य असम के तामुलपुर में आयोजित चौथी एशियाई खो-खो चैंपियनशिप 2023 में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने खिताब अपने नाम किए।
- भारतीय महिला टीम ने नेपाल को 33 पॉइंट और एक इनिंग के अंतर से हराया।
- पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 1996 में कोलकाता में आयोजित की गई थी, जिसमे भारत ने बांग्लादेश को हराकर खिताब जीता था।

153. .... खेलने के लिए मुख्य रूप से तीन उपकरणों, एक बाउल (bowl), एक जैक (jack) और एक चटाई (mat) की आवश्यकता होती है।

SSC GD 07 Feb. 2025 Shift-III

(a) मुक्केबाजी (Boxing)
(b) तलवारबाजी (Fencing)
(c) लॉन बाउल्स (Lawn Bowls)
(d) टेबल टेनिस (Table Tennis)

Ans. (c)

- लोन बॉलिंग में, टीम को 'बाउल' (गेंद) को लक्ष्य के सबसे करीब पहुंचाना होता है, जिसे 'जैक' के नाम से जाना जाता है।
- बॉल्स को अक्सर 'टेन-पिन बॉलिंग' और शीतकालीन खेल 'कर्लिंग' का मिश्रण माना जाता है।
- 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की महिला टीम ने पहली बार लोन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था।

154. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 की पदक तालिका में कौन-सा राज्य शीर्ष पर रहा?

SSC GD 21 Feb. 2025 Shift-II

